प्रथमावृत्ति वीर नि० सं० २४८८ प्रतियाँ ११००
द्वितीयावृत्ति वीर नि० सं० २५०० प्रतियाँ ११००
तृतीयावृत्ति वीर नि० सं० २५०५ प्रतियाँ ११००

इस पुस्तकका मूल्य कम करनेके लिये निम्नोक्त महानुभावोंकी ओरसे आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है, उनका यह संस्था आभार मानती है।

५००१ श्री जम्बुप्रसाद अभिनन्दनप्रसाद, सहारनपुर
५०१ श्री दिगम्बर जैनसमाज, भीलवाडा
५०० श्रीबाई रामुबाई सागरमल
हा. श्री नूरमल सायलावाला
३०१ श्री सुरेन्द्रकुमार जैन, तिनसुकिया

: मूल्य :
८=००

: मुद्रक :
मगनलाल जैन
अजित मुद्रणालय
सोनगढ (सौराष्ट्र)

ॐ

* नमः श्रीसद्गुरुदेवाय *

प्रस्तावना

मंगलं भगवान् वीरो मंगलं गौतमो गणी ।
मंगलं कुन्दकुन्दार्यो जैनधर्मोऽस्तु मंगलम् ॥

आजसे २४७३ वर्ष पहले इस भरतक्षेत्रकी पुण्यभूमिमें जगत्पूज्य परम भट्टारक भगवान श्री महावीरस्वामी मोक्षमार्गका प्रकाश करनेके लिए समस्त पदार्थोंका स्वरूप अपनी सातिशय दिव्यध्वनि द्वारा प्रगट कर रहे थे। उनके निर्वाणके पश्चात् कालदोषसे क्रम क्रमसे अपार ज्ञानसिंधुके बहुतसे भागका तो विच्छेद हो गया। तथा थोडेसे बचे हुये बीजभूत ज्ञानका प्रवाह आचार्योंकी परम्परासे उत्तरोत्तर प्रवाहित होता रहा, जिसमेंसे जिनशासनके स्तम्भ समान कितने ही आचार्य भगवन्तोंने शास्त्रोंको गूँथा। उन आचार्योंमें एक भगवान कुन्दकुन्दाचार्यदेव थे, जिन्होंने सर्वज्ञ भगवान महावीरसे चला आता हुआ ज्ञान गुरुपरम्परासे प्राप्त करके, उसमेंसे पंचास्तिकाय, प्रवचनसार, समयसार नियमसार, अष्टपाहुड़ आदि शास्त्र गूँथे और समारनाशक श्रुतज्ञानको चिरंजीव किया।

सर्वोत्कृष्ट आगम श्री समयसारके कर्ता भगवान कुन्दकुन्दाचार्यदेव विक्रम संवत्‌की शरुआतमें हुये हैं। दिगम्बर जैन परम्परामें भगवान कुन्दकुन्दाचार्यदेवका स्थान सर्वोत्कृष्ट है। सर्वज्ञ भगवान श्री महावीरस्वामी और गणधर भगवान श्री गौतमस्वामीके बाद तुरन्त ही भगवान कुन्दकुन्दाचार्यका स्थान आता है। दिगम्बर जैन साधु, अपनेको कुन्दकुन्दाचार्यकी परम्पराका कहलानेमें गौरव मानते हैं। भगवान कुन्दकुन्दाचार्यदेवके शास्त्र साक्षात् गणधरदेवके वचनों जितने ही प्रमाणभूत माने जाते हैं। उनके

रचे हुए अनेक शास्त्र हैं, जिनमेंसे कुछ एक हालमें विद्यमान हैं। त्रिलोकनाथ सर्वज्ञदेवके मुखसे वही हुई श्रुतामृतकी सरितामेंसे भर लिए गए वे अमृतभाजन अब भी अनेक आत्मार्थियोंको आत्मजीवन अर्पित करते हैं। उनके सर्व शास्त्रोंमें श्री समयसार महा अलौकिक शास्त्र है। आचार्यभगवानने इस जगतके जीवोंपर परम करुणा करके यह शास्त्र रचा है। इसमें मोक्षमार्गका यथार्थ स्वरूप जैसेका तैसा कहनेमें आया है। अनन्तकालसे परिभ्रमण करते जीवोंको कुछ समझनेको बाकी रह गया है वह इस परमागममें समझाया है। परम कृपालु आचार्यभगवान समयसार शास्त्र शुरू करते हुए स्वयं ही कहते हैं:—'कामभोगबंधनकी कथा बहुतोंने सुनी है, परिचय किया है, अनुभवी है, परन्तु परसे जुदे एकत्वकी प्राप्ति ही केवल दुर्लभ है। वह एकत्वकी—परसे भिन्न आत्माकी—बात मैं इस शास्त्रमे समस्त निज वैभवसे (आगम, युक्ति, परम्परा और अनुभवसे) कहूगा।' ऐसी प्रतिज्ञा पूर्वक आचार्यदेवने श्री समयसारमे आत्माका एकत्व—परद्रव्यसे और परभावोंसे भिन्नपना—समझाया है। यथार्थ आत्म-स्वरूपकी पहिचान कराना वह श्री समयसारका मुख्य उद्देश्य है। उस उद्देश्य तक पहुँचनेके निमित्त आचार्यभगवानने उसमें अनेक विषयोंका निरूपण किया है। उसमें यह कर्ताकर्म अधिकार अलौकिक है क्योंकि—"इस जगतमें मोही (अज्ञानी) जीवोंका 'परद्रव्यको मैं करता हूँ' ऐसे परद्रव्यके कर्तृत्वका महा अहङ्काररूप अज्ञानांधकार—कि जो अत्यन्त दुर्निवार है वह—अनादि संसारसे चला आता है" उसे जड़मेंसे उच्छेद करनेके लिए अमोघ शस्त्र इस अधिकारकी यथार्थ समझ है।

वर्तमानमे जानकार जगतके बहुभागमें ऐसी भ्रामक मान्यताएँ प्रचलित हैं कि—कर्ता बिना यह जगत बन नहीं सकता, एक आत्मा दूसरेका जीवन-मरण, सुख-दुःख, उपकार-अपकार कर सकता है, आत्माकी प्रेरणासे शरीर हलन-चलनादि होता है, कर्म आत्माको हैरान करते हैं, किसीके आशीर्वादसे दूसरेका कल्याण होना है तथा शापसे अकल्याण होता है, देव-गुरुकी कृपासे मोक्षकी प्राप्ति होती है, हम बराबर सम्भाल

रक्खें तो शरीर स्वस्थ रह सकता है और न रक्खें तो शरीर बिगड़ जाता है, कुम्हार घड़ा बना सकता है, सुनार गहने गढ़ सकता है आदि । एवं 'अन्य जीवका हिताहित मैं ही करता हूँ ऐसा जो मानता है वह अपनेको अन्य जीवरूप मानता है, उसीप्रकार पौद्गलिक पदार्थोंकी क्रियाको मैं ही करता हूँ ऐसा जो मानता है व स्वयंको पुद्गल-द्रव्यरूप मानता है,' इस प्रकारकी भ्रामक मान्यताओंको तोड़कर यह कर्ताकर्म अधिकार कहता है कि-"कर्ता एक द्रव्य होता है और उसका कर्म दूसरे द्रव्यकी पर्याय होती है" ऐसा कभी भी बन नहीं सकता, क्योंकि-" जो परिणमे वह कर्ता, परिणाम वह कर्म और परिणति वह क्रिया—ये तीनों ही एक ही द्रव्यकी अभिन्न अवस्थाएँ हैं।" फिर "एक द्रव्यका कर्ता अन्य द्रव्य हो तो दोनों द्रव्य एक हो जाँय क्योंकि—कर्ताकर्मपना अथवा परिणाम-परिणामीपना एक द्रव्यमे ही हो सकता है। जो एक द्रव्य दूसरे द्रव्यरूप हो जाय तो उस द्रव्यका ही नाश हो जाय ऐसा बड़ा दोष आवे, इसलिये एक द्रव्यको अन्य द्रव्यका कर्ता कहना उचित नहीं।" फिर "वस्तुकी शक्तियाँ परकी अपेक्षा नहीं रखती ।" वस्तुकी उस उस समयकी जो जो अवस्था (अव = निश्चय+स्था = स्थिति अर्थात् निश्चयसे अपनी अपनेमे स्थिति) वही उसकी व्यवस्था है । इसलिये उसकी व्यवस्था करनेके लिए किसी भी परपदार्थकी जरूरत नहीं पड़ती । ऐसी जिनकी मान्यता हो जाती है वे हरएक वस्तुको स्वतंत्र तथा परिपूर्ण स्वीकारते हैं । परद्रव्यके परिणमनमे मेरा हाथ नहीं है न मेरे परिणमनमे किसी अन्य द्रव्यका हाथ है । ऐसा माननेमे परके कर्तापनेका अभिमान सहज ही टल जाता है इससे अज्ञानभावसे जो अनन्तवीर्य परमे रुकता था वह स्वमे लगा वही अनन्त पुरुषार्थ है एवं उसीमे अनन्ती शांति है—यह दृष्टि वही द्रव्यदृष्टि हुई एवं वही सम्यग्दृष्टि बनी ।

प्रत्येक द्रव्य अपने द्रव्य क्षेत्र-काल-भावसे अस्तिरूप और परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावसे नास्तिरूप है। एक द्रव्यका दूसरे द्रव्यमें अभाव है इसलिये जो अभावरूप है वह क्या लाभ-हानि कर सकता है? यह बात

यथार्थरूपसे समझमे आ जाय तो परको इष्ट-अनिष्ट मानकर जो राग द्वेष होता है उसका अभाव हो जाय।

"दोनों द्रव्योंकी क्रिया भिन्न ही है। जड़की क्रिया चेतन नहीं करता, चेतनकी क्रिया जड़ नहीं करता। जो पुरुष एक द्रव्यको दो क्रियाओंका कर्ता मानता है वह मिथ्यादृष्टि है, कारण कि-दो द्रव्यकी क्रिया एक द्रव्य करता है ऐसा मानना वह जिनदेवका मत नहीं है।" क्योंकि— "इस जगतमे वस्तु है वह अपना स्वभावमात्र ही है।" हरएक वस्तु द्रव्यसे-गुणसे-पर्यायसे परिपूर्ण स्वतंत्र है। ऐसी घोषणा यह कर्ताकर्म अधिकार करता है। अत: आत्मा ज्ञानस्वरूप है इसलिये वह स्वभावदशामे ज्ञानका ही कर्ता है व विभावदशामें अज्ञान, राग-द्वेषका कर्ता है परन्तु परका कर्ता तो कभी भी नहीं होता। परभाव (विकार) भी कोई अन्य द्रव्य नहीं कराता, क्योंकि एक द्रव्यकी दूसरे द्रव्यमे नास्ति है, फिर भी पर्यायमें विकार तो होता है वह पुरुषार्थकी विपरीतता अथवा कमजोरीसे होता है परन्तु स्वभावमे वह नहीं है ऐसा ज्ञान होने पर विकारका नाश होता है।

यह तो कर्ताकर्म अधिकारका मात्र संक्षिप्त सार हुआ। वर्तमानमे अन्य किसी भी शास्त्रमे ऐसा स्पष्ट कर्ताकर्म अधिकार कहीं भी देखनेमें नहीं आता। इसकी एक-एक गाथा महा मूल मंत्र हैं, संसार-विषको शीघ्रतासे उतारनेवाली हैं। बांसुरीके नादसे जिसप्रकार सर्प डोल उठता है उसीप्रकार इन गाथाओंके सुनने और यथार्थरूपसे समझनेपर अज्ञान-दशामे सुप्त आत्मा जागृत होकर 'मैं परिपूर्ण हूँ' ऐसी प्रतीति करके डोल उठता है। इसके मूल कर्ता भगवान श्री कुन्दकुन्दाचार्यदेव तथा टीकाकार भगवान् श्री अमृतचन्द्राचार्यदेवका जगतके जीवोंपर परम उपकार वर्त रहा है। इसलिये उन्हें अत्यन्त भक्ति भावसे वन्दन करता हूं।

जिस प्रकार श्री समयसार शास्त्रके मूल कर्ता और टीकाकार अत्यन्त आत्मस्थित आचार्यभगवन्त थे उसीप्रकार उनके प्रवचनकार भी स्वरूपानु-भवी, वीतरागके परम भक्त, अनेक शास्त्रोंके पारगामी और आश्चर्यकारी

प्रभावना-उदयके धारक युगप्रधान महापुरुष हैं। उनके इस समयसार-प्रवचन पढ़ते ही पढनेवालेको उनके आत्मअनुभव, गाढ अध्यात्मप्रेम, स्वरूपकी तरफ ढली हुई परिणति, वीतराग भक्तिके रङ्गमें रंगा हुआ चित्त, अगाध श्रुतज्ञान और परम कल्याणकारी वचनयोगका ख्याल आये बिना नहीं रहता। अत्यन्त आश्चर्यजनक प्रभावना-उदय गुरुदेवके वर्तता होनेसे, उन गुरुश्रीने गत १५ वर्षोंमे समयसार, प्रवचनसार, नियमसार, पंचास्तिकाय, अष्टपाहुड़, कषायपाहुड़, षट्खंडागम, पद्मनन्दिपंचविंशति, तत्त्वार्थसार, इष्टोपदेश, पुरुषार्थसिद्ध्युपाय, कार्तिकेयानुप्रेक्षा, पंचाध्यायी, मोक्षमार्ग-प्रकाशक, अनुभवप्रकाश, आत्मसिद्धिशास्त्र, आत्मानुशासन आदि शास्त्रोंपर आगमरहस्यप्रकाशक स्वानुभवमुद्रित अपूर्व प्रवचन करके सौराष्ट्रमें (गुजरात और उत्तर भारतमे) आत्मविद्याका अतिप्रबल आन्दोलन फैलाया है। मात्र सौराष्ट्रमें ही नहीं, परन्तु अभी तो उनका पवित्र उपदेश पुस्तकों द्वारा और 'आत्मधर्म' नामक मासिकपत्र द्वारा प्रकाशित होते रहनेसे सारे भारतवर्षमे अध्यात्मविद्याका आन्दोलन वेगपूर्वक फैलता जा रहा है। इस प्रकार स्वभावसे सुगम होनेपर भी गुरुगमकी लुप्तप्रायताके कारण एवं अनादि अज्ञानके कारण अतिशय दुर्गम हो जानेवाले जिनागमके गम्भीर आशयोंको यथार्थरूपसे और अतिशय स्पष्टरूपसे प्रगट करके, गुरुदेवने वीतराग विज्ञानकी बुझती हुई ज्योतिको सतेज की है। परम पवित्र जिनागमोंमें तो बहुत कुछ भरा हुआ है—परम निधान भरे पड़े हैं; परन्तु इन निधानोंको देख सकनेवाली दृष्टि, परम कृपालु गुरुदेवके समागम बिना और उनके परम करुणापूर्वक किये हुये प्रवचन अंजन विना हम अल्प-बुद्धियोंको कैसे प्राप्त होता? पंचमकालमे चतुर्थकालकी सुवास फैलानेवाले, परम शासनप्रभावक गुरुदेव श्री कानजीस्वामीने आगमरहस्य खोलकर मेरे समान हजारों जीवों पर जो अपार करुणाकी वर्षा की है उसका वर्णन करनेमे वाणी अपनेको असमर्थ पाती है।

जिसप्रकार परमोपकारी गुरुदेवका प्रत्यक्ष समागम अनेक जीवों पर उपकार कर रहा है। उसीप्रकार उनके ये पवित्र प्रवचन भी इस कालके एवं भावी कालके हजारों जीवोंको यथार्थ मोक्षमार्ग दर्शाकर

अत्यन्त उपकारी होंगे। इस दुःषमकालमें जीव प्रायः बन्धमार्गको ही मोक्षमार्ग मानकर प्रवर्त रहे हैं। जिस स्वावलम्बी पुरुषार्थ विना—निश्चयनयके आश्रय विना—मोक्षमार्गका प्रारम्भ भी नहीं होता, उस पुरुषार्थकी गन्ध तक प्राप्त नहीं होती, और परावलम्बी भावोंको ही—व्यवहाराभासके आश्रयको ही मोक्षमार्ग मान उसीका सेवन कर रहे हैं। स्वावलम्बी पुरुषार्थका उपदेश करनेवाले ज्ञानी पुरुषोंकी दुर्लभता वर्तती है और उसका निरूपण करनेवाले श्री समयसार-परमागमका अभ्यास अतिन्यून हो गया है। कदाचित् कोई जीव उसका अभ्यास करता है तो भी उसे गुरुगमके विना मात्र उसके अक्षरोंका ज्ञान होने जितना ही होता है। श्री समयसारके पुरुषार्थमूलक गहन सत्य मिथ्यात्वमूढ़ हीन वीर्य जीवोंको अनादि-अपरिचित होनेसे, ज्ञानीपुरुषके प्रत्यक्ष समागम विना अथवा उनके किये हुये विस्तृत विवेचन बिना जीवोंको उन सत्योंका परमार्थ समझना अत्यन्त अत्यन्त कठिन पड़ता है। श्री समयसारकी प्राथमिक भूमिकाकी बातोंको भी हीनसत्त्व जीव बहुत ऊँची भूमिकाकी कल्पना कर बैठते हैं, चतुर्थ गुणस्थानके भावोंको तेरहवें गुणस्थानका मान लेते हैं और निरालम्बन (स्वावलम्बी) पुरुषार्थ तो कोई अनावश्यक कथनमात्र ही वस्तु हो ऐसे उनकी उपेक्षा करके सालम्बन (परावलम्बी) भावोंके प्रति आग्रह छोड़ते नहीं। ऐसी करुणा-जनक स्थितिमें—जब कि सम्यक् उपदेष्टाओंकी अतिशय न्यूनताके कारण मोक्षमार्ग आवरणस्थितिमे पड़ा है तब—शासनोद्धारक युगप्रधान सत्पुरुष श्री कानजीस्वामीने श्री समयसारके विस्तृत विवेचनरूप इन प्रवचनों द्वारा जिनागमोंके मर्मको खोलकर, मोक्षमार्गको अनावृत करके, वीतरागदर्शनका पुनरुद्धार किया है, मोक्षके महामन्त्र समान समयसारकी प्रत्येक गाथाको सर्व ओरसे छानकर इन संक्षिप्त सूत्रोंके विराट अर्थोंको गुरुदेवने इन प्रवचनोंमें प्रगट किया है। सबको अनुभवमे आये हों ऐसे परिचित प्रसंगोंके अनेक उदाहरणों द्वारा, अतिशय मार्मिक तथा सुगम ऐसे अनेक न्यायों द्वारा और अनेक यथोचित दृष्टान्तों द्वारा कुन्दकुन्दभगवानके परमभक्त श्री कानजीस्वामीने समयसारके अर्थगम्भीर सूक्ष्म सिद्धान्तोंको

अतिशय स्पष्ट और सरल बनाया है। श्री समयसारके मोक्षदायक भावोंको, तुरन्त समझ सके ऐसी प्रभावशील भाषामें एवं अतिशय मधुर, नित्य-नवीन विविधतापूर्ण शैलीसे अत्यन्त स्पष्टरूपसे समझाकर गुरुदेवने जगतपर असीम उपकार किया है। समयसारमें भरे हुए अनमोल तत्त्व-रत्नोंके मूल्य ज्ञानियोंके हृदयमें गुप्त थे उन्हें गुरुदेवने जगत-विदित किया है।

किसी परम मंगल योगमें दिव्यध्वनिके नवनीतस्वरूप श्री समयसार-परमागमकी रचना हुई; और उसके एक हजार वर्ष बाद जगतके महा-भाग्योदयसे श्री समयसारके गहन तत्त्वोंको विकसित करनेवाली श्री अमृतचन्द्राचार्य द्वारा भगवती आत्मख्यातिकी रचना हुई, तत्पश्चात् हजार वर्ष बाद फिर महापुण्यका ज्वार आने पर, मन्दबुद्धियोंको भी समयसारके मोक्षदायक तत्त्व सुग्राह्य करानेवाले परम कल्याणकारी समयसार-प्रवचन हुये। जीवोंकी बुद्धि मंदताको प्राप्त होती जाने पर भी पंचमकालके अन्ततक स्वानुभूतिका मार्ग अविच्छिन्न रहना है इसीलिये स्वानुभूतिके उत्कृष्ट निमित्तभूत श्री समयसारजीके गम्भीर आशय विशेष-विशेष स्पष्ट होनेके परम पवित्र योग बनते रहे हैं। अन्तर्बाह्य परम पवित्र योगोंमें प्रगट हुये, जगतके तीन महा दीपक श्री समयसार, श्री आत्मख्याति और श्री समयसार प्रवचन सदा जयवंत रहो और स्वानुभूतिके पंथको प्रकाशित करते रहो!

ये परम पुनीत प्रवचन स्वानुभूतिके पंथको अत्यन्त स्पष्टरूपसे प्रकाशित करते हैं इतना ही नहीं, किन्तु साथ ही साथ मुमुक्षु जीवोंके हृदयमें स्वानुभवकी रुचि और पुरुषार्थ जागृत करके कुछ एक अंशोंमें सत्पुरुषके प्रत्यक्ष उपदेश जितना चमत्कारिक कार्य करते हैं। प्रवचनोंकी वाणी इतनी सहज, भावार्द्र, चैतन्यवान और जोरदार है कि—चैतन्यमूर्ति गुरुदेवके चैतन्यभाव ही मानों मूर्तिमान होकर वाणी-प्रवाहरूपमें बह रहे हों। ऐसी अत्यन्त भाववाहिनी-अन्तर्वेदनको अति उग्ररूपसे व्यक्त करती, शुद्धात्माके प्रति अनहद प्रेमसे विकसित होती हुई, हृदयस्पर्शी जोरदार

वाणी सुपात्र जिज्ञासुके हृदयको झकझोर डालती है और उसकी विपरीत रुचिको क्षीण कर शुद्धात्मरुचिको जागृत करती है। प्रवचनके पन्ने-पन्ने पर शुद्धात्ममहिमाका अत्यन्त भक्तिमय वातावरण गूँज रहा है एवं इसके प्रत्येक शब्दमेसे मधुर अनुभवरस टपक रहा है। इस शुद्धात्म भक्तिरससे और अनुभवरससे मुमुक्षुका हृदय भीग उठता है, उसे शुद्धात्माकी लौ लग जाती है, शुद्धात्माके अतिरिक्त सर्व भाव उसे तुच्छ भासित होते हैं और पुरुषार्थ मानों हृदयमे उछालें मारता है। ऐसी अपूर्व चमत्कारिक शक्ति पुस्तकारूढ़ वाणीमे क्वचित् ही देखनेमे आती है।

इस भागके प्रवचनोंको दो महा पवित्र आत्माओंने—परम पूज्य भगवती बहिन श्री चम्पाबेनने तथा परम पूज्य बहिन श्री शांताबेनने मनन कर अनुभवमे लिया है। परम पूज्य बहिनोंने प्रवचनके प्रति भक्तिसे प्रेरित हो, इन गम्भीर प्रवचनोंकी सावधानी पूर्वक नोंध लेकर उनमेंसे अतिशय परिश्रम पूर्वक पक्की कापी लिखकर तैयार करके मुमुक्षुओं पर महा उपकार किया है। इन प्रवचनोंकी नोंधमें कोई न्यायविरुद्ध भाव न आ जाये उसका पूर्ण ध्यान रखा गया है।

इस प्रकार दिव्य तत्त्वज्ञानके गहन रहस्योंको अमृतझरती वाणीमें समझाकर और साथ ही साथ शुद्धात्मरुचिको जागृत करके, पुरुषार्थको उग्र करके, प्रत्यक्ष सत्समागमकी झांकी करानेवाले ये प्रवचन जैन-साहित्यमें अजोड़ हैं। प्रत्यक्ष सत्पुरुषके वियोगमें वर्तते हुए मुमुक्षुओंको अथवा उनका निरन्तर संग दुष्प्राप्य हो ऐसे मुमुक्षुओंको यह प्रवचन अनन्य आधारभूत हैं। निरालम्बन पुरुषार्थ समझाना व उसकी ओर प्रेरित करना यही इस शास्त्रका प्रधान उद्देश्य होनेके कारण उनका सर्वांग स्पष्टीकरण करनेमे इन प्रवचनोंमें समस्त शास्त्रोंका—समस्त प्रयोजनभूत तत्त्वोंका स्पष्टीकरण आ गया है, श्रुतामृतका परम आह्लादजनक महासागर जैसे इन प्रवचनोंमे हिलोरें ले रहा है। यह प्रवचनग्रन्थ हजारों प्रश्नोंके प्रगट करनेका महाकोष है। शुद्धात्माकी रुचि उत्पन्न करके परके प्रति रुचि नष्ट करनेकी परम औषधि है। स्वानुभूतिका सुगम पंथ है। भिन्न-भिन्न कोटिके

सर्व आत्मार्थियोंको अत्यन्त उपकारक है। परम पूज्य गुरुदेवने इन अमृतसागर समान प्रवचनोंकी भेंट कर भारतवर्षके मुमुक्षुओंको निहाल कर दिया है।

स्वरूपसुधाको प्राप्त करनेके इच्छुक जीवोंको इन परम पवित्र प्रवचनोंका वारम्वार मनन करना योग्य है। संसारविषवृक्षको छेदनेका यह अमोघ शस्त्र है। डाल पत्तियों पर न जाकर वह मूल पर ही प्रहार करता है। इस अल्पायुषी मनुष्यभवमे जीवका प्रथममे प्रथम कर्तव्य क्या है तो वह शुद्धात्माका वहुमान, प्रतीति एवं अनुभव है। वह बहुमानादि करानेमें ये प्रवचन परम निमित्तभूत हैं। मुमुक्षुगण अतिशय उल्लासपूर्वक उसका अभ्यास कर, उग्र पुरुपार्थसे उनमें कहे हुये भावोंको सम्पूर्णरीत्या हृदयमे उतारकर, शुद्धात्माकी रुचि, प्रतीति तथा अनुभव करके, शाश्वत परमानन्दको प्राप्त होओ!

वैशाख वदी ८
वि० सं० २००३

रामजी माणेकचन्द दोशी
प्रमुख
श्री दि० जैन स्वाध्यायमन्दिर ट्रस्ट
सोनगढ (सौराष्ट्र)

* विषयानुक्रमणिका *

विषय	गाथा
यह अज्ञानी जीव क्रोधादिकमें जहाँ तक वर्तता है वहाँ तक कर्मका बन्ध करता है	६९
आस्रव व आत्माका भेदज्ञान होनेपर बन्ध नहीं होता	७१
आस्रवोंसे निवृत्त होनेका विधान	७३
ज्ञान होनेका और आस्रवोंकी निवृत्तिका समकाल किस रीतिसे है उसका वर्णन	७४
ज्ञानस्वरूप हुए आत्माकी पहिचान	७५
आस्रव व आत्माका भेदज्ञान होनेपर आत्मा ज्ञानी होता है तब कर्तृकर्मभाव भी नहीं होता	७६
जीव-पुद्गलकर्मको परस्पर निमित्त नैमित्तिक भाव है तथापि कर्तृकर्मभाव नहीं कहा जाता	८०
निश्चयनयके मतसे आत्मा और कर्मको कर्तृकर्मभाव व भोक्तृभोग्यभाव नहीं हैं, स्वयंमे ही कर्तृकर्मभाव और भोक्तृभोग्यभाव है	८३
व्यवहारनय आत्मा व पुद्गलकर्मको कर्तृकर्मभाव और भोक्तृभोग्यभाव कहता है	८४
आत्माको पुद्गलकर्मका कर्ता और भोक्ता मानें तो महान दोष—स्वपरके अभिन्नपनेका प्रसंग—आता है; वह मिथ्यापना होनेसे जिनदेव-सम्मत नहीं है	८५
मिथ्यात्वादि आस्रव जीव-अजीवके भेदसे दो प्रकार है ऐसा कथन व उसका हेतु	८७
आत्माके मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति—ये तीन परिणाम अनादि हैं, उनका कर्तापना व उनके निमित्तसे पुद्गलका कर्मरूप होना	८९
आत्मा मिथ्यात्वादिभावरूप नहीं परिणमे तब कर्मका कर्ता नहीं है	९३

विषय	गाथा
अज्ञानसे कर्म किस प्रकार होते हैं? ऐसा शिष्यका प्रश्न व उसका उत्तर	९४
कर्मके कर्तापनेका मूल अज्ञान ही है	९६
ज्ञान होता है तब कर्तापना नहीं है	९७
व्यवहारी जीव आत्माको पुद्गलकर्मका कर्ता कहते हैं वह अज्ञान है	९८
आत्मा पुद्गलकर्मका कर्ता निमित्त-नैमित्तिकभावसे भी नहीं	१००
ज्ञानी ज्ञानका ही कर्ता है	१०१
अज्ञानी भी अपने अज्ञानभावका ही कर्ता है, पुद्गलकर्मका कर्ता तो ज्ञानी या अज्ञानी कोई नहीं क्योंकि परद्रव्योंको परस्पर कर्तृकर्मभाव नहीं है	१०२
जीव निमित्तभूत बनते कर्मका परिणाम होते देखकर उपचार-मात्रसे कहनेमे आता है कि यह कर्म जीवने किया	१०५
मिथ्यात्वादि सामन्य आस्रव व गुणस्थानरूपी उनके विशेष बन्धके कर्ता हैं, निश्चयसे जीव उनका कर्ताभोक्ता नहीं है	१०९
जीव व आस्रवका भेद दिखाया है, अभेद कहनेमे दूषण दिया है	११३
सांख्यमती, पुरुष व प्रकृतिको अपरिणामी कहते हैं, उनका निपेध करके पुरुष एवं पुद्गलको परिणामी कहा है	११६
ज्ञानसे ज्ञानभाव व अज्ञानसे अज्ञानभाव ही उत्पन्न होता है	१२६
कर्मबन्धनमे आत्माका राग-द्वेप निमित्तमात्र है	१३२
पुद्गलके परिणाम जीवसे भिन्न हैं और जीवके पुद्गलसे-	१३७
कर्म जीवसे बद्धस्पृष्ट है या अबद्धस्पृष्ट, ऐसे शिष्यके प्रश्नका उत्तर निश्चय-व्यवहार दोनों नयोंसे	१४१
जो नयोंके पक्षसे रहित है वह कर्तृकर्मभावसे रहित समयसार शुद्ध आत्मा है ऐसा कहकर अधिकार पूर्ण	१४२

* गाथा–कलश अनुक्रमणिका *

		पृष्ठ सं०
कलश	४६	४
गाथा	६९–७०	८
,,	७१	१८
,,	७२	२६
कलश	४७	४४
गाथा	७३	४६
,,	७४	५८
कलश	४८	७२
गाथा	७५	७४
कलश	४९	९५
गाथा	७६	१०२
,,	७७	१०९
,,	७८	११५
,,	७९	१२१
कलश	५०	१२७
गाथा	८० से ८२	१३१
,,	८३	१३७
,,	८४	१४६
,,	८५	१५२
,,	८६	१५८
कलश	५१	१६०
,,	५२	१६४
,,	५३	१६६
,,	५४	१७०
,,	५५	१७२

		पृष्ठ सं०
कलश	५६	१७५
गाथा	८७	१७७
,,	८८	१८९
,,	८९	१९०
,,	९०	१९४
,,	९१	२०६
,,	९२	२१२
,,	९३	२२३
,,	९४	२२९
,,	९५	२३९
,,	९६	२४९
,,	९७	२६३
कलश	५७	२७२
,,	५८	२७५
,,	५९	२७८
,,	६०	२७९
,,	६१	२८२
,,	६२	२८२
गाथा	९८	२८३
,,	९९	२८७
,,	१००	२९०
,,	१०१	३०५
,,	१०२	३१५
,,	१०३	३२१
,,	१०४	३२५

		पृष्ठ नं०
गाथा	१०५	३२९
,,	१०६	३३१
,,	१०७	३३४
,,	१०८	३३८
कलश	६३	३४३
गाथा	१०९ से ११२	३४४
,,	११३ से ११५	३५६
,,	११६ से १२०	३६८
कलश	६४	३७६
गाथा	१२१ से १२५	३७६
कलश	६५	३८४
गाथा	१२६	३८५
,,	१२७	३९०
कलश	६६	३९५
गाथा	१२८–१२९	३९६
कलश	६७	४०२
गाथा	१३०–१३१	४०४
कलश	६८	४१२
गाथा	१३२ से १३६	४१३
,,	१३७–१३८	४२८
,,	१३९–१४०	४३४
,,	१४१	४३९
,,	१४२	४४३
कलश	६९	४५५
,,	७०	४५६
,,	७१	४६०
,,	७२	४६२
,,	७३	४६३

		पृष्ठ नं०
कलश	७४	४६४
,,	७५	४६५
,,	७६	४६६
,,	७७	४६७
,,	७८	४६८
,,	७९	४७१
,,	८०	४७१
,,	८१	४७३
,,	८२	४७४
,,	८३	४७५
,,	८४	४७६
,,	८५	४७७
,,	८६	४७८
,,	८७	४७९
,,	८८	४८०
,,	८९	४८०
,,	९०	४८६
,,	९१	४८८
गाथा	१४३	४९०
कलश	९२	५०३
गाथा	१४४	५०५
कलश	९३	५२१
,,	९४	५२४
,,	९५	५२८
,,	९६	५३०
,,	९७	५३१
,,	९८	५३८
,,	९९	५४१

प्रवचन-भक्ति

सर्वाङ्गी 'सन्मति' श्रुतधारा, गुरु गौतमने मुख धारी;
थी करुणा हों भावमरण विन, तृषित तप्त भवि संसारी।
हृदय शुद्ध मुनि कुन्दकुन्दने वह संजीवन दया विचार,
घट 'प्रवचन', पंचास्ति, ममयसें ली लख शोषित अमृत धार॥
कुन्दरचित पद सार्थक कर मुनि अमृतने अमृत सींचा,
ग्रन्थराज त्रय तुमने अद्‌भुत मृदुरस ब्रह्म-भाव खींचा॥

वीर वाक्य यह अहो नितारें साम्य सुधारस,
भर हृदयाञ्जुलि पिवें मुमुक्षु वमे विषय विष,
गहरी-मूर्छा प्रबल-मोह दुस्तर-मल उतरे,
तज विभाव हो स्वमुख परणती ले निज लहरे।

यह हैं निश्चय ग्रन्थ भंग संयोगी भेदे,
अरु हैं प्रज्ञा-शस्त्र उदय-मति संधी छेदे,
साधक साथी जगत सूर्य संदेश-वीर का,
क्लान्त जगत विश्राम स्थान सतपथ सुधीरका।

सुनें, समझलें, रुचे, जगत रुचिसे अलसावे,
पड़े वन्धरस शिथिल हृदय ज्ञानीका पावे,
कुन्दन-पत्र वना लिखे, अक्षर रत्न तथापि,
कुन्दसूत्रके मूल्यका अंकन हो न कदापि।

—"युगल" (कोटा)

ॐ नमः सिद्धेभ्यः

परम पूज्य श्री कानजी स्वामीके

श्री समयसार शास्त्र पर प्रवचन

(चौथा भाग)

कर्ता-कर्म अधिकार

मंगलं भगवान् वीरो मंगलं गौतमो गणी ।
मंगलं कुन्दकुन्दार्यो जैनधर्मोऽस्तु मंगलम् ॥
अज्ञानतिमिरान्धानां ज्ञानाञ्जनशलाकया ।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥

अब यह कर्ता-कर्म अधिकार प्रारम्भ होता है, यह अधिकार ७६ गाथाओंमे है। समस्त भरतक्षेत्रमे इस काल–वर्तमानमे इस समयसारके अतिरिक्त ऐसा कर्ताकर्मका अधिकार अन्यत्र कहीं भी नहीं है। इस समय सनातन जैनदर्शनके हजारो शास्त्र हैं, किन्तु इतने विस्तारसहित यह कर्ताकर्मका अधिकार समयसारके अतिरिक्त अन्य कहीं पर नहीं है।

यह समयसार इस समय इस भरतक्षेत्रका भगवान है। ऐसी गाथाएँ और ऐसी टीका अन्यत्र कहीं नहीं है। दैवी गाथा, दैवी टीका और दैवी शब्द हैं। जो जागृत होकर समझे उसकी समझमें आ सकता है। यह समयसार तीर्थङ्करोंकी साक्षात् वाणी है और दिव्यध्वनिमेंसे प्रगट हुई है। श्री कुन्दकुन्दाचार्यदेवने भगवानके निकटसे सुनकर इसकी रचना की है।

पहले अधिकारमें कुन्दकुन्दाचार्यदेवने जीवद्रव्यकी और अजीवद्रव्यकी बात की; जीव और अजीव-दोनों द्रव्योंको त्रिकालवर्ति स्वतंत्र-भिन्न पदार्थ बतलाया, एवं अन्य भी बहुत-सी बातें उस सम्बन्धमें कही हैं।

अब, इस अधिकारमें यह बतलाते हैं कि—जीव और अजीव दोनों पदार्थोंकी पर्यायमे कहाँ भूल होती है। पर्यायमे भूल है इसलिये संसार है और संसार है तो उसके अभावरूप मोक्ष भी है।

कर्ताका अर्थ है स्वतंत्र करनेवाला, परिणमनेवाला, कार्यरूप होनेवाला, और कर्मका अर्थ है कर्तासे होनेवाला कार्य जो कर्ताने किया वह। द्रव्य कर्ता है और पर्याय कर्म है। जो स्वतंत्ररूपसे और तन्मय-व्यापक होकर करे वह कर्ता; कर्ताका इष्ट सो कर्म; इष्ट अर्थात् प्रिय। अज्ञानीको कौनसा कर्तव्य प्रिय है, और ज्ञानीको कौनसा? ज्ञानीका इष्ट है ज्ञान और अज्ञानीका इष्ट है राग-द्वेष-अज्ञान।

✓ प्रत्येक वस्तु पराश्रयके बिना, अन्यकी सहायताके बिना, स्वतः अपनी पर्यायको करती है; परमाणुकी अवस्थाका कर्ता परमाणु है और आत्माकी अवस्थाका कर्ता आत्मा है। कोई कहे कि दहीका कर्ता कौन? जामन डालनेवाला या दूध?

उत्तर.—दहीका कर्ता दूध है, जामन डालनेवाला उसका कर्ता नहीं है। दूध स्वतः होनेवाला है—कर्ता है और दहीकी अवस्था हो वह कर्म है। दूध स्वतः दहीकी अवस्थारूप होता है। दूधमें जब दही बननेकी योग्यता हो, तब उसे जामनका निमित्त मिलता है; यदि

जामन डालनेवाला दहीका कर्ता हो तो वस्तु पराधीन हो जाये । जलमें जामन डालनेसे दही बनना चाहिये! परन्तु ऐसा नहीं है ।

प्रथम पण्डित जयचन्द्रजी कर्ताकर्मके विषयमे माङ्गलिक पद कहते हैं —

"कर्ताकर्मविभावको, मेट ज्ञानमय होय,
कर्म नाशि शिवमें वसे, नमूं तेह, मद खोय ।"

आत्माने अज्ञान भावसे विकारभाव किये, अर्थात् स्वत: विकार-भावरूप हुआ उस विभावके कर्तृत्वको जो ज्ञानभावसे छोड़ता है वह रागद्वेषका कर्ता मिटकर ज्ञाता होता है । वह ज्ञायक आत्मा ज्ञाताभावसे रहकर कर्मका नाश करके शिवपुरमें वास करता है अर्थात् कल्याणपदको प्राप्त करता है, वैसे परम पवित्र आत्माको मैं मद खोकर अर्थात् निरभिमान होकर, अपवित्रताका नाश करके, पवित्र भावसे नमस्कार करता हूँ।

प्रथम नाटकके मंच पर जीव और अजीव एक ही वेशमें प्रवेश करते हैं अर्थात् मिथ्यादृष्टि जीव ऐसा मानते हैं कि जैसे जीव और अजीवमें कर्ताकर्मरूपसे सम्बन्ध हो । जैसे दो पुरुष ज्योंका त्यों कोई एक स्वांग धारण करके नाटकके मंच पर प्रवेश करें उसीप्रकार जीव और अजीव–दोनों भिन्न-भिन्न वस्तु हैं तथापि दोनों एक ही कर्ताकर्मका वेष धारण कर प्रवेश करते हैं अर्थात् जीव कर्ता और जड उसका कर्म हो–वैसा अज्ञानीको भासित होता है । मैं अबन्ध हूँ—ऐसी वृत्ति उठे तो अज्ञानी उसका कर्ता होता है, शुभाशुभ दोनों भावोंका कर्ता अज्ञानी होता है, किन्तु ज्ञानी उनका कर्ता नहीं होता ।

अब प्रथम, ज्ञान उस स्वांगको यथार्थ जान लेता है, उस ज्ञानीकी महिमाका श्लोक कहते हैं:—

(मन्दक्रान्ता)

एकः कर्ता चिदहमिह मे कर्म कोपादयोऽमी ।
इत्यज्ञानां शमयदभितः कर्तृकर्मप्रवृत्तिम् ॥

ज्ञानज्योतिः स्फुरति परमोदात्तमत्यंतधीरं ।
साक्षात्कुर्वन्निरुपधिपृथग्द्रव्यनिर्भासि विश्वम् ॥ ४६ ॥

अर्थः—'इस लोकमें मैं चैतन्यस्वरूप आत्मा तो एक कर्ता हूँ, और क्रोधादि भाव मेरे कर्म हैं'—ऐसी जो अज्ञानियोंके कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति है उसका सब ओरसे दमन करती हुई ज्ञानज्योति प्रस्फुटित होती है। कैसी है वह ज्ञानज्योति? जो परम उदात्त है अर्थात् किसीके आधीन नहीं है, जो अत्यन्त धीर है अर्थात् किसी भी प्रकारसे आकुलतारूप नहीं है और पराश्रयके विना भिन्न-भिन्न द्रव्योंको प्रकाशित करनेका स्वभाव होनेसे जो समस्त लोकालोकको साक्षात् करती है—प्रत्यक्ष जानती है।

अज्ञानी ऐसा मानता है कि मैं क्रोधादिका कर्ता हूँ और क्रोधादि मेरे कर्म हैं। यहाँ पर प्रथम क्रोधको क्यों लिया है? इसका कारण यह है कि—आत्मा निरा ज्ञायक है—उस स्वभावका न रुचना, न जमना—उसका नाम क्रोध है। स्वभाव न जमे सो अनन्तानुबन्धी क्रोध है, जो परसे भिन्न अकेला अखण्ड चैतन्यस्वभाव है सो मैं नहीं हूँ, इसप्रकार स्वभावकी अरुचि—क्रोध है; ज्ञायक वस्तु अपने अनन्तगुणोंका अखण्ड पिंड है, विषमताके समस्त भङ्ग-भेद अजीवके सम्बन्धसे दिखाई देते हैं,—उस अखण्ड स्वभावकी पुष्टि दृष्टिमे न होना, ज्ञातापनकी अरुचि सो क्रोध है, परपदार्थके प्रति अहंबुद्धि सो अनन्तानुबन्धी मान है. वस्तुके स्वभावको यथावत् न मानकर अन्य प्रकारसे स्वीकार करना सो अनन्तानुबन्धी माया है, स्वभावकी भावनासे च्युत होकर संयोग—विकारकी, पुण्यकी इच्छा करना सो अनन्तानुबन्धी लोभ है।

इस जगतके सम्बन्धमें मैं चैतन्यस्वरूप आत्मा कर्ता हूँ और क्रोधादि भाव मेरे कर्म हैं—ऐसा अज्ञानी मानते हैं। जड़के विकारी भावोंका कर्ता मैं हूँ, अन्तरङ्गमें जो पुण्य-पापकी वृत्तियाँ होती हैं वह मेरा कर्तव्य है, मेरे करनेसे वह होता है—ऐसी जो कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति

अज्ञानीके होती थी उसे सब ओरसे शान्त करती हुई ज्ञानज्योति प्रगट हुई है।

मैं निर्दोष, पवित्र आत्मा हूँ—ऐसा जिसे भान नहीं है और क्रोध, मान, माया, लोभ मेरा कर्तव्य है, मेरी कर्मण्यता है, मेरी क्रिया है, मैं इसका कर्ता हूँ—ऐसी कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिको सब ओरसे शमन करती ज्ञानज्योति प्रगट हुई।

अकेला ज्ञातापन नहीं चाहिये, क्रोधादि करनेसे लाभ है, मैं अवगुणका कर्ता हूँ और अवगुण मेरा कार्य है—ऐसा अज्ञानी मानता है। और नित्य ज्ञातापना ही मेरा स्वभाव है, शरीर, मन, वाणी तो मेरे नहीं हैं किन्तु अवगुणका कार्य भी मेरा नहीं है—इसप्रकार ज्ञानी अपनेको अवगुणसे भिन्न करना चाहता है। मैं अवगुणका अकारक हूँ, नाशक हूँ किन्तु कर्ता नहीं—ऐसी ज्ञानज्योति सम्यग्ज्ञान होनेसे सर्व प्रकारसे कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिको शमन करती हुई प्रगट होती है।

✓ जिस भावसे सर्वार्थसिद्धिका पद मिले, तीर्थंकर पद प्राप्त हो-वह भाव भी मेरा कार्य नहीं है—मेरी कर्मण्यता नहीं है। अमुक शुभविकल्प अच्छा और अशुभ विकल्प बुरा-ऐसा कुछ भी स्वभावदृष्टिमे नहीं है। चक्रवर्ती पद, वासुदेवपद, इन्द्रादिपद यह सब धूलके समान हैं, परमाणुकी अवस्था है—इसप्रकार सर्व ओरसे कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिका शमन करती हुई ज्ञानज्योति प्रगट होती है।

ज्ञानज्योति परभावोंमें कर्ताकर्मरूप अज्ञानके सर्व विकल्पभावका अन्त करती हुई प्रस्फुटित होती है। कैसी है ज्ञानज्योति? पराधीन नहीं है, स्वतंत्र है; अपने आधीन है। अज्ञानी कर्माधीन होकर-विकारी भावोंको अपना मानकर वहाँ रुक जाता है, किन्तु उसे भान नहीं है कि मेरा स्वभाव उस विकारका नाशक है।

कोई ऐसा कहे कि विकारी भाव मेरा है या नहीं? परकी सहायता करना मेरा कर्तव्य है या नहीं?

उत्तरः—सभी पदार्थ स्वतंत्र हैं। परका कुछ कर भी नहीं सकता, वहाँ कर्तव्य कैसा? यदि विकारी भाव अपना हो तो वह अपना स्वभाव हो जाये, दूर करनेसे दूर नहीं हो। जो अपना स्वभाव हो वह दुःखस्वरूप होता ही नहीं, किन्तु विकार प्रत्यक्ष दुःखरूप है इसलिये वह जीवका स्वभाव नहीं है।

प्रश्नः—धर्म ऐसा अनमेल कैसा है?

उत्तरः—धर्म अनमेल है, रागद्वेषके मेलमें न मिले ऐसा अनमेल है। अनमेल अर्थात् परसे भिन्न है, स्वाधीन है, मेल रहित अखण्ड है, इसलिये अनमेल है। आत्मा स्वाधीन है, क्षणमे मोक्ष प्राप्त कर ले-ऐसा स्वतंत्र द्रव्य है।

अपने स्थानमे स्वतः अवगुण करता है, किन्तु ज्ञानसे कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति छूटने पर अल्पकालमें मुक्त हो-ऐसा इसका स्वरूप है।

पुनश्च, वह ज्ञानज्योति कैसी है? अत्यन्त धीर है, किसी प्रकारकी आकुलतारूप नहीं है। बच्चोंको ऐसा बना दूँ, कुटुम्बका भला कर दूँ—ऐसा करना-धरना ज्ञानज्योतिमें नहीं है।

जीवोंको कर्तावुद्धिसे अनेक प्रकारकी आकुलता होती है; परके कार्य करनेके लिए इतनी आकुलता करते हैं जैसे स्वतः परके सभी कार्य कर ही सकते हों। किन्तु अरे भाई! एक रजकणको भी परिवर्तित करनेकी शक्ति तुझमें नहीं है। तेरी ज्ञानज्योति अनाकुलस्वरूप है।

ज्ञानज्योति अत्यन्त धीर है। बाह्य प्रतिकूलताएँ चाहे जितनी हों परन्तु वे ज्ञानज्योतिको कुछ भी असर नहीं कर सकतीं। कितने ही कहते हैं कि हमारे सिर पर इतना बोझ है, हमे कोई सहायता नहीं देता, इतनी भारी प्रतिकूलताओंमे मैं कैसे निभ सकूँगा। परन्तु यह सब धीर ज्ञानज्योतिको कुछ भी असर नहीं कर सकता। ज्ञान-ज्योति शांत होकर जानती है कि मैं परका कुछ नहीं कर सकती, पर

मेरा कुछ नहीं कर सकता, परपदार्थकी इच्छारूप आकुलता करना मेरा स्वभाव नहीं है, चाहे जैसे संयोगोंको शांत रहकर जानना मेरा स्वभाव है।

परकी सहायताके विना भिन्न-भिन्न पदार्थोंको जाननेका जिसका स्वभाव होनेसे जो समस्त लोकालोकको साक्षात् करती है—प्रत्यक्ष जानती है, सभीको जाननेका चैतन्यका स्वभाव है, किन्तु किसीका कुछ करनेका स्वभाव नहीं है। (भिन्न-भिन्न द्रव्य कहकर यह बतलाते हैं कि समस्त द्रव्य स्वतंत्र भिन्न हैं, कोई द्रव्य किसीके आधीन नहीं है।) समस्त द्रव्य कैसे स्थित हैं और उनकी अवस्था कैसे हो रही है—यह जाननेका जिसका स्वभाव है—ऐसी मेरी ज्ञानज्योति प्रगट हुई है। प्रत्यक्ष—साक्षात् जाननेका जिसका स्वभाव है ऐसी ज्ञानज्योति प्रस्फुटित होती है।

ऐसा भगवान ज्ञानस्वरूप आत्मा परवस्तुको अपना माननेके विपरीत अभिप्रायको दूर करके, अर्थात् असत्को सत् माननेका भाव दूर करके प्रगट होता है।

आचार्यदेव कहते हैं कि परवस्तुका कार्य करनेका मेरा स्वभाव नहीं है, किसी व्यवहारसे भी वह मेरा कार्य नहीं है; अरे! राग-द्वेष-मोहरूप अवगुणकी अवस्था करना भी मेरा कार्य नहीं है, मैं तो अपनी ज्ञानपर्यायका कर्ता हूँ और वह मेरा कार्य है।

अब, जहाँ तक यह जीव आस्रवके और आत्माके विशेषको (अन्तरको) नहीं जाने वहाँ तक आस्रवोंका कर्ता बनकर वह अज्ञानी रहकर, स्वतः आस्रवोंमे लीन होकर कर्मोंका बन्ध करता है।

आस्रवके दो भेद हैं; एक द्रव्य-आस्रव और दूसरा भाव-आस्रव। कर्मके रजकणोंका आना सो द्रव्य-आस्रव और चैतन्यके विकारी-शुभाशुभ परिणाम सो भाव-आस्रव है। जहाँ तक अज्ञान और राग-द्वेषरूप भाव-आस्रवको करता है वहाँ तक नवीन कर्मबन्ध होता

ही रहता है और आत्मा और आस्रवका अन्तर अर्थात् दोनोंको भिन्न नहीं जानता।

आत्मा तो निर्दोष ज्ञातास्वभाव है और आस्रव सदोष बन्ध स्वरूप है—इसप्रकार दोनोंकी भिन्नताको न जाने तवतक वह आत्माके गुणोंसे अनभिज्ञ रहता हुआ—यही मेरा कार्य है और यही कर्तव्य है—ऐसा जानता हुआ स्वतंत्रताके भावसे च्युत होकर परतंत्रताके भावको करता है। यह अब गाथामें कहते हैं:—

जाव ण वेदि विसेसंतरं तु आदासवाण दोह्णं पि।
अण्णाणी ताव दु सो कोहादिसु वट्टदे जीवो ॥ ६९ ॥
कोहादिसु वट्टंतस्स तस्स कम्मस्स संचओ होदी।
जीवस्सेवं बंधो भणिदो खलु सव्वदरिसीहिं ॥ ७० ॥

यावन्न वेत्ति विशेषांतरं त्वात्मास्रवयोर्द्वयोरपि।
अज्ञानी तावत्स क्रोधादिषु वर्तते जीवः ॥ ६९ ॥
क्रोधादिषु वर्तमानस्य तस्य कर्मणः संचयो भवति।
जीवस्यैवं बंधो भणितः खलु सर्वदर्शिभिः ॥ ७० ॥

अर्थ:—जहाँ तक यह जीव, आत्मा और आस्रव—इन दोनोंके अन्तरको नहीं जानता वहाँ तक वह अज्ञानी रहता हुआ क्रोधादिक आस्रवोंमें प्रवर्तमान रहता है; क्रोधादिकमें प्रवर्तन करते हुए उसे कर्मोंका संचय होता है। वास्तवमें इसप्रकार जीवको कर्मोंका बन्ध सर्वज्ञ देवोंने कहा है।

आत्मा जहाँ तक अपना और आस्रवका भेद नहीं जानता वहाँ तक उसे अज्ञानके कारण कर्मबन्ध होता है। जैसे अन्धा मनुष्य दानेको और कंकड़को भिन्न नहीं करता उसीप्रकार वह आत्मा और आस्रवको भिन्न नहीं करता; उसने क्षणिक उपाधिभावको भिन्न नहीं जाना इससे उसने परम सत्यको स्वीकार नहीं किया।

आचार्यदेवने प्रथम जीव कहा है और फिर आत्मा; अर्थात् उन्हें कहीं जीव और आत्माको भिन्न नहीं कहना है, परन्तु जीव और आत्मा दोनों एक ही वस्तु है—ऐसा आचार्यदेव कहते हैं।

नित्यस्थायी स्वभाव क्या? और अस्थायी क्या? इस प्रकार दोनोंको भिन्न न समझे तो अनित्य विकारसे भिन्न प्रवर्तन कैसे करेगा? जैसे बाल-बच्चेरूप प्रजाको अपनी मानता है उसीप्रकार आत्मामें पुण्य-पापकी वृत्तिरूप प्रजा होती है उसे अपना माने, वह मेरे उत्तरदायित्वको संभालेंगे—ऐसा मानेगा वहाँ तक वह जीव कार्य करता ही रहेगा, और उनसे भिन्न प्रवर्तन नहीं करेगा।

मैं आत्मा ज्ञान हूँ, शांत हूँ, निर्मल हूँ—ऐसे अपने स्वभावको भूल कर जो पुण्य-पापके विकारी भाव आत्मामें होते हैं उन्हें अपना इष्ट मानता है, वह अपने मूलधनको खोता है, उन विकारी भावोंको अपना माने वही आस्रव है; अज्ञानी, विकारी पर्यायको अपना मानकर प्रवर्तन करता है, इससे उसे कर्मोंका संचय होता है। वास्तवमें इसीप्रकार त्रिलोकीनाथ तीर्थंकरदेव सर्वदर्शीने बन्धनका स्वरूप कहा है।

जैसे यह आत्मा, जिनका तादात्म्यसिद्ध सम्बन्ध है अर्थात् स्वरूपसिद्ध सम्बन्ध है; त्रिकालस्वरूपका सम्बन्ध है—ऐसे आत्मा और ज्ञानमें विशेष (अन्तर, भिन्नलक्षण) न होनेसे उनका भेद (भिन्नत्व) न देखकर सम्यक्ज्ञानी जीव निःशंक रीतिसे ज्ञानमें अपने रूपसे प्रवर्तन करता है।

ज्ञान, गुण है और आत्मा द्रव्य है। उन दोनोंका त्रिकाल तादात्म्यसिद्ध सम्बन्ध है, उसे अपना—स्वतःका स्वरूप जानता हुआ निःशंकतासे ज्ञानमें अपनेरूपसे प्रवर्तन करता है और जिस ज्ञानमें प्रवर्तन करता है वह ज्ञानक्रिया स्वभावभूत होनेके कारण उसका निषेध नहीं किया गया है। शरीरादिकी और रागादिकी जो क्रिया होती है उसे जान लेना सो वह ज्ञानकी परिणति-ज्ञानकी क्रिया है। शरीर और रागकी अवस्था मैं नहीं हूँ, मैं तो भिन्न ज्ञाता हूँ-ज्ञाताभावसे

रहकर उसे जान लेना सो ज्ञानकी क्रिया है। ज्ञान, ज्ञानमे एकाग्र हुआ वह ज्ञानकी क्रिया है।

आत्मा ज्ञाता-दृष्टा है। ज्ञानी जानते हैं कि मुझसे विरुद्ध यह रागादि हैं उसका मै कर्ता नहीं हूँ किन्तु उसका ज्ञाता रहना मेरा कार्य है, वह मेरे ज्ञानकी क्रिया है। इस क्रियाको सर्वज्ञ-भगवानने निषेध नहीं किया है, क्योंकि ज्ञानक्रियामें पुरुषार्थ है, ज्ञानक्रिया अपना स्वभाव है, और वह सद्भूत व्यवहार है।

चारित्रकी कमजोरीके कारण राग-द्वेषकी शुभाशुभ वृत्तियाँ होती हैं—वह चैतन्यकी अरूपी विकारी क्रिया है वह आत्माकी अपनी अवस्था है। अज्ञान अवस्थामे विकारी क्रियाका कर्ता होता था और भान होने पर ज्ञानका कर्ता हुआ तथा ज्ञान इसकी क्रिया हुई। देखो, इसमें क्रिया आई, किन्तु चैतन्यकी क्रिया आई। जड़की क्रिया मेरी नहीं है, विकारी क्रिया मेरी नहीं है, किन्तु ज्ञानकी जो क्रिया है वह मेरी क्रिया है। इस क्रियासे बन्धनभाव दूर होकर स्वाधीन भाव होते हैं, इसलिये इसका निषेध नहीं किया है।

ज्ञानी अपने ज्ञानमे स्व-परको जानता है किन्तु परका कर्ता नहीं होता पहले विकाररूप परिणमित होता था उससे हटकर अब ज्ञातारूप परिणमन करता है। यह मोक्षमार्गकी—साधककी क्रिया है।

शरीरकी और रागादिकी क्रियाको अपनी मानता था, उस विपरीत अवस्थाको नित्य ज्ञाता स्वभावके आश्रय द्वारा बदलकर ऐसा मानने लगा कि ज्ञानकी क्रिया मेरी स्वभावभूत क्रिया है, वह क्रिया स्वभावभूत होनेके कारण उसका निषेध नहीं किया है।

इसीप्रकार यह आत्मा जब तक जिनका संयोगसिद्ध सम्बन्ध है—ऐसे आत्मा और क्रोधादि आस्रवोंमे भी अपने अज्ञानभावके कारण, विशेष न जानता हुआ उनका भेद नहीं देखता तब तक क्रोधादिमें निःशंक रूपसे स्वतः प्रवर्तन करता है।

ज्ञान और आत्माका तो तादात्म्यरूप सम्बन्ध है, अर्थात् एक

स्वरूप है और आत्माकी पर्यायमें होने वाले विकारी आस्रव भावोंका इस आत्माके साथ संयोगसिद्ध सम्बन्ध है।

गुड और मिठासका तादात्म्य सम्बन्ध है किन्तु मटकी और गुडका संयोगसिद्ध सम्बन्ध है; इसीप्रकार आत्माका और राग-द्वेषका संयोग-सिद्ध सम्बन्ध है। जो विकारी भाव होते हैं वे परसंयोगसे होते हैं, इसलिये उनके साथ आत्माका संयोगसिद्ध सम्बन्ध है। संयोग अर्थात् साथमें रहे हुए, और तादात्म्य अर्थात् तत्स्वरूप सम्बन्ध। विकारी भावोंका आत्माके साथ क्षणिक सम्बन्ध है इसलिये वे संयोगी भाव हैं।

आचार्यदेवने इस गाथामें प्रथम क्रोधकी बात क्यों ली है? आत्मा ज्ञायकस्वभावी है, उस स्वभावकी यथार्थ श्रद्धा न होना सो क्रोध है, स्वभावकी अरुचि होना सो अनन्तानुबन्धी क्रोध है। जगतको यह स्वभाव नहीं बैठता इससे आचार्यदेवने पहले क्रोधकी बात ली है।

मैं कर्ता हूँ और क्रोधादि मेरे कर्म हैं—ऐसा माननेसे क्रोधादिमें पुण्य-पापके दोनों भाव आ जाते हैं।

कर्ताकर्मका अर्थ क्या है? कर्तासे उसका कर्तव्य भिन्न नहीं होता, शरीरादि, राग इत्यादि आत्मासे पृथक् हो जाते हैं इसलिये वह ज्ञाताका कर्तव्य नहीं है।

शास्त्रमें तीन प्रकारके सम्बन्ध आते हैं। एक–तादात्म्यसिद्ध सम्बन्ध, दूसरा–संयोगसिद्ध सम्बन्ध और तीसरा–परस्पर अवगाहलक्षणसिद्ध सम्बन्ध।

ज्ञान और आत्माका तादात्म्यसिद्ध सम्बन्ध इस प्रकार है जैसे अग्नि और उष्णताका सम्बन्ध है। ज्ञान और आत्माका तादात्म्यसिद्ध सम्बन्ध होनेसे ज्ञानक्रियाका निषेध नहीं किया है, क्योंकि ज्ञानियोंके साधक दशामें ज्ञानक्रिया आये विना नहीं रहती। क्रोध, मान, माया, लोभ इत्यादि जो शुभाशुभ परिणाम होते हैं, उनका आत्माके साथ संयोगसिद्ध सम्बन्ध है जिनका वियोग होता है उनका संयोगसिद्ध सम्बन्ध कहलाता है। जिनका संयोग होता है उनका वियोग भी होता

है। क्रोधादि एक समयमें नष्ट हो जाते हैं और दूसरे समय नवीन उत्पन्न होते है। आत्माका भान होने पर मिथ्यात्वरूप क्रोधादि समूल नष्ट हो जाते हैं, इसलिये क्रोधादि आत्माके साथ उत्पाद-व्यय सम्बन्धसे है किन्तु ध्रुव सम्बन्धसे नहीं हैं। ध्रुव सम्बन्ध नहीं है इसलिये संयोगसम्बन्ध है, किन्तु स्वभावसम्बन्ध नहीं है।

पंच महाव्रतके शुभपरिणाम भी आत्माके साथ संयोग सम्बन्धसे हैं। संयोगसे है इससे केवलज्ञान प्राप्त होने पर उन परिणामोंका वियोग होता है जिनका उत्पाद हो उनका व्यय होता है।

कोई यह प्रश्न करे कि—ज्ञानकी अवस्था बदलती है न? उसका उत्पाद-व्यय होता है या नहीं? उसका उत्तर इसप्रकार है—ज्ञानकी पर्याय बदलती अवश्य है, उत्पाद-व्यय भी होता है, किन्तु जैसा चैतन्यका निर्मल स्वभाव है, उसीप्रकारका उत्पाद-व्यय होता है। पर्यायकी जाति वैसीकी वैसी रहकर बदलती है, इसलिये ज्ञानकी पर्यायका आत्माके साथ तादात्म्य सम्बन्ध है। क्रोधादि विकारी परिणाम आत्माके स्वभावसे विरुद्ध स्वभाववाले है। क्रोधादिकी पर्याय प्रति समय भिन्न-भिन्न प्रकारसे बदलती है। रुचि, अरुचि, हर्ष, शोक इत्यादि भाव आत्माके शांत स्वभावरूप नहीं है किन्तु विपरीत स्वभाव वाले हैं. इससे आत्माका उन विकारी परिणामोंके साथ संयोगसिद्ध सम्बन्ध है किन्तु तादात्म्यसिद्ध सम्बन्ध नहीं है।

जो विकारी और अविकारी भावोंके अन्तरको नहीं जानता वह अज्ञानी, अज्ञानके कारण विकारका कर्ता होकर प्रवर्तन करता है। अज्ञानी स्वभाव और विभावके भेदको न जानता हुआ, यह क्रोधादिकी वृत्तियाँ जैसे मुझमें ही होती हों—ऐसा निःशंकरूपसे उन्हे अपना मानकर प्रवर्तन करता है। क्रोध, मान, माया, लोभको मैं उत्पन्न करता हूँ और वह मेरा कार्य है—इसप्रकार क्रोधादिका कर्ता होता है। अज्ञानी क्रोध, मान मायामें अपने रूपसे प्रवर्तन करता है, उसे क्रोधादिकी क्रिया कहा गया है, किन्तु वह क्रिया परभावभूत होनेके

कारण उसका निषेध किया है, तो भी अज्ञानीको ऐसा अभ्यास हो गया है कि—क्रोध, मान, माया, लोभ मेरे स्वभावसे उत्पन्न होनेवाले भाव हैं। जैसे विष्टाके कीड़ेको पुन पुन उसमे जानेकी आदत पड़ जाती है वैसे ही अज्ञानीको पुन. पुन क्रोधरूप, मोहरूप परिणमन करनेकी आदत पड गई है इससे वह नि शंकरूपसे उनमे परिणमन करता है। अज्ञानी अपने अज्ञानभावके कारण, ज्ञानभवनमात्र जो सहज उदासीन (ज्ञाताद्रष्टा मात्र) अवस्था है उसका त्याग करके अज्ञानभावनव्यापाररूप अर्थात् क्रोधादि व्यापाररूप प्रवर्तन करता हुआ प्रतिभासित होता है वह कर्ता है।

ज्ञानीके राग-द्वेष होते हैं—'हो जाते है', किन्तु उसको ऐसी बुद्धि नहीं होती कि मै राग-द्वेषको उत्पन्न करता हूॅ, उसका कर्ता हूॅ।

अपना स्वभाव निर्दोष ज्ञानमूर्ति है, जो राग-द्वेष होते है उन्हें जाननेका और स्वत को जाननेका स्व-पर प्रकाशक स्वभाव है,—ऐसी अपनी सहज वैराग्यरूप ज्ञाता—द्रष्टा अवस्थाको भूलकर अज्ञानी क्रोधादि परकी वृत्तियोंमे रुक जाता है इससे चैतन्यकी जागृति रुक जाती है, वह विकसित नहीं हो पाती। ज्ञान प्रतिभासित होनेके बदले मात्र क्रोधादि ही प्रतिभासित होते हैं। मै इसीका कर्ता हूॅ और यही मेरा कर्म है—ऐसा मिथ्या प्रतिभास उसे होता है। इसप्रकार नि शंकतासे परिणमित होता हुआ प्रवर्तन करता है। आचार्यदेवकी प्रत्येक गाथामे अपूर्व रहस्य विद्यमान है।

जो अज्ञानभवन व्यापाररूप अर्थात् क्रोधादि व्यापाररूप प्रवर्तन करता हुआ प्रतिभासित होता है वह कर्ता है और ज्ञानभवनव्यापार-रूप प्रवर्तनसे भिन्न जो क्रियमाणरूपसे अन्तरङ्गमे उत्पन्न होते हुए प्रतिभासित होते हैं—ऐसे क्रोधादिक कर्म हैं।

निर्दोष ज्ञानके होनेवाले प्रवर्तनसे भिन्न, क्रियमाणरूपसे इन क्रोधादिका मैं कर्ता हूॅ, यह मेरा कर्म है—इसप्रकार अपनेसे किये जा रहे प्रतिभासित होते हैं यही मेरा कार्य है ऐसा मानता है किन्तु इससे भिन्न मेरा कार्य है—उसे नहीं जानता।

जीवको परका माहात्म्य आया है किन्तु स्वका माहात्म्य नहीं आया, जब तक स्वका माहात्म्य न आये तब तक दिशा कैसे बदल सकती है ?

जो ज्ञानव्यापारसे भिन्न लक्षणवाले क्षणिक विकार होते हैं, वे मेरे स्वभावभवनमेंसे ही होते हैं, पुण्य-पापकी सम्पत्ति मेरे स्वभावमेंसे ही निकलती है, विकार करना मेरा स्वभाव ही है, पराश्रय, शुभराग करना चाहिये, रागादि, शरीरकी क्रिया, क्रोधादि मेरा कार्य है और यही मेरा कर्तव्य है—ऐसा अज्ञानी मानता है, किन्तु मैं इनसे भिन्न हूँ—ज्ञाता ही हूँ ऐसा उसे भासित नहीं होता अर्थात् नहीं जानता।

मैं अपने स्वभावका और इन क्रोधादिका ज्ञान करने वाला हूँ, अपनेको जानते हुए अपनी ज्ञानदशामें ज्ञाता रहकर अपने और परके भिन्नत्वका भास होना चाहिये—ऐसे स्व-पर प्रकाशक स्वभावको भूलकर, मैं क्रोधादि जितना ही हूँ, क्रोधादि मेरा स्वरूप है, पराश्रय-व्यवहार मेरा कर्तव्य है—इसप्रकार अज्ञानी परको अपने रूपसे ही जानता है।

अपने भिन्न स्वभावका भान नहीं है इससे अज्ञानरूपसे ऐसा भासित होता है कि—पुण्य-पापकी जो विकारी अरूपी क्रिया है उसका मैं कर्ता हूँ, वह सब अपनी स्वभावप्रवृत्तिरूप प्रतिभासित है—यही संसारका कारण है।

अज्ञानी अज्ञान अवस्थाके कारण विकारी भावोंका कर्ता होता है, परन्तु जड़का कर्ता तो कोई व्यवहारसे भी हो ही नहीं सकता, अज्ञानी मानता है कि मैं जड़का कर्ता होता हूँ—अपने भावोंमें ऐसी मिथ्यात्व पूर्वक रागादिककी न्यूनाधिकता किया करता है, परन्तु जड़का कुछ कर ही नहीं सकता। इसप्रकार अनादिकालसे अज्ञान द्वारा हुई यह कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति है।

आत्मा परका अकर्ता है, आत्माका स्वरूप परसे भिन्न है, ऐसा

स्वरूप समझने पर ही निवृत्ति है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई रीति नहीं है। देखो न! क्षणमात्रमे देह छोडकर चला जाता है, आज इस भवमे और कल अन्य किसी गतिमे! स्वरूपको समझे विना कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति ज्योंकी त्यो वनी ही रही है। इसलिये इस स्वरूपको समझनेसे ही भवका अन्त हो सकता है।

इस प्रकार अपने अज्ञानके कारण कर्ताकर्मभाव द्वारा क्रोधादिमे प्रवर्तमान इस आत्माको क्रोधादिकी प्रवृत्तिरूप परिणामको निमित्तमात्र करके स्वत. अपने भावसे ही परिणमित पुद्गलकर्म एकत्रित होते है।

देखो, कर्मने अज्ञान नहीं कराया! आचार्यदेव कहते हैं कि अपने अज्ञान द्वारा क्रोध, मान, माया और लोभमे प्रवर्तमान आत्माको वन्ध होता है।

जीव अज्ञानको लेकर क्रोधमे उलझा, मानमे फंसा, किन्तु आचार्यदेव कहते है कि—अरे भाई, धैर्य रख! स्वतंत्र ज्ञातास्वभावके तीव्र विरोधके फलमे तू एकेन्द्रिय निगोदमे चला गया था, वहाँ मानादि कषाय व्यक्त करनेकी ताकात नहीं थी, मूलीके साथ तू मुफ्त विक रहा था, अव इस मानव भवमे तो चेत! तू तो तीनलोकका नाथ है, तू परसे और अनित्य क्रोधादिसे भिन्न ज्ञानस्वरूप है प्रथम उसका भान कर! लोभ और आकुलताको छोड दे।

आत्मा अज्ञान अवस्थामे क्रोधादिका कर्ता होता है, उन परिणामोंका निमित्त पाकर नवीन रजकणोका वन्धन होता है, वह प्रारब्ध जड़ रजकणोंके सामर्थ्यसे वंधता है। रजकणमे भी परिवर्तित—परिणमित होनेकी स्वतंत्र सामर्थ्य है।

रजकण अपने स्वतंत्र परिणमनसे एकत्रित होते है, जव आत्मा अज्ञान अवस्थामे शुभाशुभ भावरूप परिणमित हो तव वे परिणाम कर्मवन्ध होनेमे वाह्य निमित्त होते है, कर्मरूप रजकण अपनी स्वतंत्र योग्यतासे वंधते हैं किन्तु शुभाशुभ परिणाम उन्हे निमित्तरूप

होते हैं—ऐसा निमित्त-नैमित्तिकपनाका स्वतन्त्र सम्बन्ध है, कर्मके रजकण अपने आप ही स्वतन्त्र परिणमित होते हैं। जैसे चावल, दाल आदि खाद्य पदार्थ पेटमे जाते हैं, वे अपने आप रक्तरूप, वातरूप, पित्तरूप आदि अवस्थारूपसे परिणमित हो जाते हैं, कोई उन्हें परिणमित नहीं करता, इसीप्रकार जड़शक्तिवान पुद्गल स्वत परिणमित हो जाते हैं।

इसीप्रकार जीव और पुद्गलका, परस्पर एकक्षेत्रमे अवगाह जिसका लक्षण है—ऐसा सम्बन्धरूप वन्ध सिद्ध होता है। अनेकात्मक होने पर भी (अनादि) एक प्रवाहरूप होनेसे जिसमेसे इतरेतराश्रय दोष दूर हुआ है—ऐसा वह वन्ध कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिका निमित्त जो अज्ञान है—उसका निमित्त है।

जीवके परिणामोंका निमित्त पाकर पुद्गल स्वत. कर्मरूपसे परिणमित हो जाते हैं, एक दूसरेकी अवस्थाकी योग्यता ऐसी होती है कि दोनों एकक्षेत्रावगाहरूपमें एक स्थान पर व्याप्त होकर रहते हैं, उनका परस्पर अवगाहलक्षणसम्वन्ध कहलाता है। जीवके परिणामोंका वाह्य निमित्त पाकर कर्मके पुद्गल एक ही स्थान पर अवगाहित होकर रहते है तो भी भावसे भिन्न हैं। जो एक स्थान पर रहते हैं, उन्हें अवगाह जिसका लक्षण है—ऐसा सम्वन्धरूप वन्ध कहा जाता है।

गुण-गुणी एक-दूसरेसे भिन्न नहीं होते, तदाकार हैं इसलिये उनका तादात्म्यसिद्ध सम्वन्ध कहा जाता है।

रागादि विकारके सयोगका वियोग होता है इसलिये उसे सयोगसिद्ध सम्वन्ध कहा जाता है। यहाँ पर तीन प्रकारका सम्वन्ध लिया है, किन्तु चौथा सम्वन्ध नहीं लिया। स्त्री और वच्चोंका सम्वन्ध नहीं लिया है, जो सम्वन्ध ही नहीं है वह कैसे लिया जायगा? वे तो अपनेसे विल्कुल भिन्न हैं, दूरवर्ती क्षेत्रमे रह रहे हैं, उनके साथ किंचित् भी सम्वन्ध नहीं हैं। उनके प्रति राग है उस रागका सम्वन्ध आत्माके साथ है, किन्तु स्त्री-वच्चोंका सम्वन्ध तो आत्माके साथ किंचित् भी नहीं

है। किन्तु उनके प्रति राग है इससे उपचारसे अर्थात् मात्र आरोपसे कहा जाता है कि सम्बन्ध है, किन्तु वास्तवमें तो कोई सम्बन्ध नहीं है।

जीव और पुद्गलका जो बन्ध होता है उसमें इतरेतराश्रय दोष नहीं है। जीवके वहींके वही परिणामोंमें बन्ध हो और उसीके उसी बन्धसे पुनश्च वहींका वही राग हो तो इतरेतराश्रय दोष लगे, किन्तु वस्तुस्वरूप वैसा नहीं है, जैसे रुईकी एक पौनीके पश्चात् दूसरी पौनी पृथक् होती है तो भी सूत बनता जाता है, वैसे ही अमुक स्थिति तक कर्म आत्मामें रहते हैं, पुराने दूर होते जाते हैं और नवीन बँधते जाते हैं किन्तु प्रवाह नहीं टूटता। जिस परिणामसे कर्मका बन्ध हुआ वह बन्ध उसीके उसी परिणामका निमित्त नहीं होता किन्तु नवीन परिणामोंका निमित्त होता है, और जो नवीन विकारी परिणाम हुए वे पुराने बन्धके निमित्त नहीं होते किन्तु नवीन बन्धके निमित्त होते हैं इसलिये इतरेतराश्रय दोष नहीं लगता।

पहले आत्मा शुद्ध था और पश्चात् अशुद्ध हो गया, पहले कर्म नहीं थे और फिर बँध गये—ऐसा नहीं है, अर्थात् आत्माके परिणामोंसे कर्म हुए और कर्मोंसे आत्माके परिणाम हुए—ऐसा नहीं है, एक दूसरेके आधारसे दोनों सिद्ध हुए—वैसा नहीं है परन्तु अनादिकालसे स्वत सिद्ध है अनादिसे कर्म कर्मरूप और आत्माके परिणाम विकाररूप स्वतंत्र परिणमित होते आते हैं, दोनों द्रव्योंके परिणमन-चक्र अनादिकालसे स्वतंत्ररूपसे परिणमित होते चले आ रहे हैं, किसीके आधारसे सिद्ध नहीं होता, इसलिये इतरेतराश्रय दोष नहीं लगता।

अनादिकालसे जो ऐसा बन्ध है वह कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिका जो अज्ञान है उस अज्ञानका निमित्त है।

अज्ञान आत्माका मूल स्वभाव नहीं है, इससे जो पूर्वका बन्ध है वह अज्ञानका निमित्त है। अज्ञान-पर्याय उपादान है और उसका निमित्तकारण बन्ध है। जो बन्ध होता जाता है वह नवीन अज्ञानका निमित्त होता है। अज्ञानपर्याय अपने विपरीत पुरुषार्थके कारण बढ़ती है। इससे तो ऐसा ज्ञात होता है कि यह कर्मरूपने अन्य कोई वस्तु है,

कर्म कहीं राग-द्वेष या अज्ञान नहीं करा देते, किन्तु जो नवीन कर्म बँधते हैं वे भविष्यमें तब तक निमित्त होते हैं तब तक जीव स्वत: राग-द्वेष और अज्ञान करता रहता है।

आत्मा जब तक अपने निर्दोष ज्ञानस्वभावमें और क्रोधादिमें भेद नहीं जानता तब तक उसके कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति है।

कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिका निमित्त अज्ञानपर्याय है और अज्ञानपर्यायका निमित्त पूर्वका बन्ध है, इससे जिसके अज्ञानपर्याय दूर हो गई उसके बन्ध भी हट गया, और उसकी कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति भी दूर हो गई इसप्रकार ज्ञान होनेसे ही अबन्ध हो गया।

जिसके अज्ञानपर्याय है उसके बन्ध भी है और कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति भी है ॥ ६९–७० ॥

अब शिष्य प्रश्न करता है कि—प्रभो! इस कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिका अभाव कब होता है? देखो, शिष्यको तीव्राकांक्षा हुई है कि अहो! ऐसा चैतन्यस्वभाव हमे कब प्राप्त होगा? अनन्तकालसे ऐसेका ऐसा परिभ्रमण चला आ रहा है वह कब रुक जायेगा? राग-द्वेष और आत्म-स्वभावके भिन्नत्वकी जिसे खबर नहीं है—ऐसा अजान शिष्य समझनेके लिये आतुरतासे पूछता है।

शिष्यने जिज्ञासा पूर्वक प्रश्न किया कि इस कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिका अन्त कब आयेगा? उसका उत्तर गाथारूपमें कहते हैं:—

जइया इमेण जीवेण अप्पणो आसवाण य तहेव।
णादं होदि विसेसंतरं तु तइया ण बंधो से ॥ ७१ ॥

यदानेन जीवेनात्मनः आस्रवाणां च तथैव ।
ज्ञातं विशेषांतरं तु तदा न बंधस्तस्य ॥ ७१ ॥

अर्थ—जब यह जीव आत्मा और आस्रवोंके अन्तर और भेदको जान लेता है तब उसे बन्ध नहीं होता। "जइया" अर्थात् जब सच्चे भेदज्ञानका पुरुपार्थ करता है तब अपना हित होता है ऐसा

कहा है, किन्तु कोई कर्म, काल, निमित्तादिके कारण यह कार्य होता है ऐसा नहीं है।

✓ जीवको जब अपने निर्दोष स्वभावका और विकारी भावका भेदज्ञान हो जाता है तब वह अवन्ध हो जाता है। जहाँ तक विकारी भावोंको अपना मानता है तब तक उसे बन्ध होता है। अनन्तकालसे जीवने बहुत किया परन्तु विकारी भावोंसे पृथक् होनेका प्रयत्न नहीं किया, अविकारी अवन्धस्वरूप आत्माको समझने पर ही मोक्षका पंथ प्रगट होता है, मोक्षकी साधनरूप डोरी हाथमे आती है, सम्यग्ज्ञान होते ही आस्रवोंसे भेदज्ञान होता है।

इस जगतमे जो वस्तु है वह (अपने) स्वभावमात्र ही है, और 'स्वका' भवन सो स्व-भाव है, इसलिये निश्चयसे ज्ञानका होना—ज्ञानरूप परिणमित होना सो आत्मा है और क्रोधादिका होना—परिणमित होना सो क्रोधादि है।

देखो! वस्तुकी व्याख्या की है, जिसमे विकारभाव हो वह वस्तु नहीं किन्तु वस्तु अपना 'स्वभाव मात्र' ही है—ऐसा कहा है जितना स्वभाव है उतनी ही वस्तु है, जो विकार है वह वस्तु नहीं है। यह द्रव्यदृष्टिकी वात है। स्वभावमे परवस्तु तो नहीं है किन्तु क्रोधादिका होना—परिणमित होना भी वस्तु नहीं, वह भी वस्तु नहीं है।

आत्मा निर्दोप ज्ञानस्वरूप है, उसमे निरुपाधिकरूपसे स्वभावका होना—परिणमित होना सो वस्तुका स्वभाव है। वास्तवमे आत्माकी पर्यायमे जो करने-धरनेकी वृत्ति हो वह आत्माका होना—परिणमित होना नहीं है, पुण्य-पापकी जितनी वृत्तियाँ होती है वह आत्मा नहीं किन्तु क्रोधादिसे विलक्षण अपने ज्ञानस्वभावमे स्वत परिणमित होना सो वस्तु है, वह आत्मा है।

पुण्य-पापकी किसी भी प्रकारकी वृत्तिकी उपाधिसे रहित मात्र ज्ञाताभाव ही आत्मा है।

✓ क्रोध, मान, माया, लोभ, रति, अरति, हास्य, शोक इत्यादि सभी परसंयोगसे होनेवाले औपाधिक भावोंका होना-परिणमित होना सो क्रोधादि है, आत्मा नहीं। परवस्तुके प्रति अभिमान होना कि यह वस्तु मेरी है, यह परभाव मेरे हैं—वैसे मिथ्यात्वभावरूप अभिमानकी गिनती क्रोधादिकमे होती है, वह आत्मा नहीं है, वस्तुस्वरूप नहीं है। वस्तुस्वभावमेंसे जो कुछ भी नष्ट हो सकता है वह उसका स्वभाव नहीं है। क्रोधादि आत्माकी पर्यायमे होते हैं और उस पर्यायका नाश भी होता है, वे भाव आत्मामे निरन्तर एकरूपसे नहीं रहते इसलिये वे भाव आत्मा नहीं हैं, आत्माका स्वभाव नहीं है।

क्रोधादिका आत्माके साथ संयोगसिद्ध सम्बन्ध है, और निर्दोष ज्ञानस्वभाव सयोगी नहीं है किन्तु असयोगी स्वत' स्वभाव है। जिन भावोंसे सर्वार्थसिद्धिका भव मिले और तीर्थंकर नामकर्मका वन्ध हो वे भाव भी आत्मा नहीं है, पर है—ऐसा यहाँ आचार्यदेवका कहना है। दुनियाँ न माने इसलिये कहीं सत्को असत् और असत्को सत् नहीं कहा जा सकता। दुनियाँ तो अनादिसे विपरीत मार्ग पर है और वह विपरीत ही कहेगी, क्योंकि ससारमे परिभ्रमण करनेवाले जीवोंका और ससारसे विरक्त जीवोंका मार्ग भिन्न ही होता है, दोनोंके मार्ग एक-दूसरेसे विपरीत ही होते है। यदि विपरीत न हों तो ससार-मोक्ष होगा ही नहीं।

✓ जितना अपने ज्ञानमे युक्त हुआ उतना आत्मा, धर्म, स्वभाव और जिनशासन है राग द्वेषरूप होना, उसमे रुकना सो जिनशासन नहीं है, आत्मा नहीं है, आत्माका स्वभाव नहीं है और धर्म भी नहीं है।

पुनश्च, जो ज्ञानका होना-परिणमित होना है वह क्रोधादिका होना-परिणमित होना भी नहीं है, कारण कि ज्ञान होने (परिणमन)के समय जैसे ज्ञानका होना प्रतीत होता है उस प्रकार क्रोधादि होते मालूम नहीं पड़ते।

✓ निर्दोष ज्ञान, श्रद्धा तथा अन्तरचारित्रका होना सो आत्मा है, क्योंकि ज्ञान होनेके समय ऐसा होता है कि मैं ज्ञाता-दृष्टा हूँ,

उस समय मिथ्यात्वादि आस्रवोंसे निवृत्ति होती प्रतीत होती है, ज्ञाताकी ज्ञानक्रिया हो रही भासित होती है, किन्तु क्रोधादिक होते प्रतीत नहीं होते।

जब स्वतः साक्षी होता है तब, अर्थात् जाननेके समय ज्ञान करना ही प्रतीत होता है, मैं ज्ञान करनेमें बढ़ रहा हूँ—ऐसा प्रतीत होता है; किन्तु उस समय क्रोधादि विकारोंमें वृद्धि होती मालूम नहीं पड़ती। ज्ञानीके विकारी पर्यायका स्वामित्व नहीं है; विकार स्वभाव भवनमें नहीं है इससे उसमें दिखाई ही नहीं देता—ऐसा कहा है।

मैं ज्ञाता-दृष्टा हूँ। जब श्रद्धा, ज्ञान और आचरणमें एकाग्र होता है तब उसमें राग, द्वेष, क्रोधादि मिश्रित प्रतीत नहीं होते; मिश्रित हैं ही नहीं; भिन्न हैं इसलिये मालूम नहीं पड़ते।

✓ मैं तो शरीरादि और क्रोधादि विकार—सबका ज्ञाता हूँ, ऐसे भानमें ज्ञाता ही प्रतीत होता है, क्रोधादिक पर अपने स्वभावमें प्रतीत नहीं होते। मैं परसे निराला हूँ ऐसे भानके समय, मैं परका साक्षी हूँ—ऐसा भासित होता है, किन्तु यह भासित नहीं होता कि पर मुझमें है। जब साक्षीकी साक्षी रूप पर्याय होती है उस समय क्रोधादिका कर्तृत्व नहीं होता, और होता हुआ दिखाई भी नहीं देता। ज्ञाता होनेके समय क्रोधादिक नहीं होते, उन्हें भिन्न माना है इससे कर्ता नहीं होता इसलिये ज्ञाता ही है; इसप्रकार जो ज्ञानका होना—परिणमित होना है वह क्रोधादिका होना-परिणमित होना नहीं है।

क्रोधादिका जो होना-परिणमित होना है वह ज्ञानका भी होना-परिणमित होना नहीं है, कारण कि क्रोधादिके होने-परिणमित होनेके समय जैसे क्रोधादि होते प्रतीत होते हैं उसीप्रकार ज्ञान होता मालूम नहीं पड़ता। इसप्रकार क्रोधादि और आत्माके निश्चयसे एकवस्तुपना नहीं है।

क्रोध, राग-द्वेष आदि मैं हूँ—इसप्रकार जो कर्ता होकर रुक गया है उसे उसके साथ ही यह प्रतीत नहीं होता कि मैं ज्ञाता हूँ। यहाँ तो पहली ही चोटमें वस्तुस्वभावको पृथक् कर दिया है।

जब ऐसे भाव रहते हैं कि-मैं क्रोध हूँ, मान हूँ, माया हू, लोभ हूँ-तब ऐसा भान नहीं होता कि मैं ज्ञाता भिन्न हूँ। विकार अपना स्वभाव नहीं है और ज्ञानादि अपना स्वभाव है इससे दोनो वस्तुओंको बिल्कुल पृथक् कर दिया है।

जिस समय यह भासित होता है कि प्रथम कुछ व्यवहार-शुभराग करके धर्मका लाभ लूं, मैं रागी ही हूँ, मायाचारी ही हूँ,—उस समय यह प्रतिभासित नहीं होता कि मै असंयोगी ज्ञाता-पृथक् तत्त्व हूँ, यह समस्त विकार मुझ ज्ञाताके ज्ञेय हैं इसलिये क्रोध, मान अपने स्वभाव-गृहके नहीं किन्तु पुद्गलके घरके हैं, (ऐसा भान अज्ञानमे कहा?) अज्ञानी ऐसा मानता है कि मैं क्रोधादिका कर्ता हूँ और वे मेरे कर्म हैं, किन्तु उसे यह भासित नहीं होता कि मैं ज्ञाता हूँ। ज्ञानादि और क्रोधादि दोनों एक वस्तु नहीं किन्तु दोनों भिन्न हैं।

जब कर्ता हुआ तब ज्ञाता होनेका भान नहीं, इसलिये कर्ता ही है ज्ञाता होनेके समय क्रोधादिका कर्ता नहीं है, अपनेसे भिन्न माना है इसलिये उनका कर्ता नहीं किन्तु ज्ञाता ही है। ज्ञाताके समय कर्ता नहीं होता और कर्ताके समय ज्ञाता नहीं होता।

ज्ञानी विचार करता है कि मैं कर्ता भी अपने स्वभावका हूँ और कार्य भी अपने स्वभावका है, रागका जो विकारी कार्य है वह मेरा नहीं है और उसका कर्ता नहीं हूँ।

कोई कहेगा कि क्या केवलज्ञानी हो गया है? मात्र जाननेमे पुरुपार्थ क्या आया? अरे भाई! इसमे अनन्त पुरुपार्थ है, द्रव्यके ऊपर दृष्टि डाली उसमे अनन्त पुरुपार्थ आ गया। जब स्वभावकी ओरका अनन्त पुरुपार्थ विकसित हुआ तभी तो अनन्तानुबन्धी कपायका अभाव हो गया, साक्षीरूप-ज्ञायकरूप रहनेमे ही अनन्त पुरुपार्थ है। द्रव्यदृष्टिमे द्रव्य और पर्यायका भेद दिखाई नहीं देता, अपूर्ण और पूर्ण पर्यायके बीच भेद प्रतिभासित नहीं होता, ज्ञान अपूर्ण और पूर्ण पर्यायको जानता है, परन्तु दृष्टिमें उसका भेद नहीं है। द्रव्यदृष्टिसे पूर्ण है, परन्तु

पर्यायदृष्टिसे अभी केवलज्ञान पर्याय प्रगट नहीं हुई है इससे अपूर्ण है, किन्तु वस्तुस्वभावको जाननेके पश्चात् जो अल्प राग-द्वेष होता है वह दूर करनेके लिये है, रखनेके लिये नहीं, उसका कर्ता नहीं होता इससे वह ज्ञाताका ज्ञेय है।

साधकदशामें अल्प क्रोध होता है किन्तु यहाँ द्रव्यदृष्टिकी मुख्यतामें उसे नहीं गिना है। यहाँ तो पहली ही चोटमें वस्तुस्वभावको पृथक् किया है, इससे शुभपरिणाम छोड़कर अशुभपरिणाम करनेकी बात यहाँ नहीं है किन्तु रागद्वेष मेरे हैं, वह मेरा कार्य है—ऐसी मान्यता अज्ञानीकी है ज्ञानीकी नहीं—वैसा समझाते हैं।

मैं तो अपने स्वभावका कर्ता हूँ, परका कर्ता नहीं हूँ,—ऐसे ज्ञान-भावसे परका-क्रोधादिकका आभास नहीं होता। अरे! यदि ज्ञानमें जाने तो भी स्व-परप्रकाशक है किन्तु स्व-परका कर्ता नहीं है।

विकारकी अस्वीकृति और अपने ज्ञायकस्वभावकी स्वीकृति ही आस्रव रोकनेका उपाय है।

मुनिओंके दस धर्मोंमें क्षमाधर्म प्रथम है। आचार्यदेव स्वत मुनिपद पर हैं इससे यहाँ क्रोधको पहले लिया है, कारण कि दशवां धर्ममें प्रथम उत्तम क्षमा है। (१) कर्मबन्ध होगा इसलिये मैं क्षमा करूँ—वह भाव पुण्यबन्धमें जाता है, (२) शास्त्राज्ञा है इसलिये क्षमा करूँ उस भावसे भी पुण्यबन्ध होता है। (३) क्षमा नहीं करूँगा तो दुर्गतिमें जाऊँगा—ऐसा विचार करके यदि क्षमाभाव रखे तो उससे भी पुण्यबन्ध होता है (४) किन्तु मेरा ज्ञायकस्वभाव ही अकषाय है—उसके भानमें स्थिर रहना ही वास्तविक क्षमा है—वही यथार्थ धर्म है।

क्षमाके विपक्ष क्रोध है। व्रतसे, तपसे, पूजासे अथवा भक्तिसे धर्म होगा—ऐसा मानकर उसमें रुचि, और अपने स्वभावकी अरुचि सो अनन्तानुबन्धी क्रोध है। स्वत अनन्तगुणोंके पिंडरूप वस्तु है और ज्ञायक स्वभावाश्रित ज्ञाता रहना वह ज्ञानक्रिया धर्म है। उसमें अपनेपनको स्वीकार न करके पराश्रय करनेरूप शुभाशुभभाव और

शरीरादिमे अपनापन—अहंपना स्वीकार करना सो अनन्तानुवन्धी मान है। अपना सरल स्वभाव जैसा है उसप्रकार नहीं जानना और बाह्य क्रियाकाण्ड करूँ तो स्वभावका विकास हो ऐसे विपरीत परिणाम सो अनन्तानुवन्धी माया है। अपनी स्वभावपर्यायका विकास करूँ तभी यथार्थ संतोष है—ऐसा न मानकर शुभाशुभ परिणामोंमे संतोष मानना सो अनन्तानुवन्धी लोभ है।

✓ज्ञाता रहे तो उसमे क्रोधादि होते दिखाई नहीं देते और क्रोधादि हों तो उसमे ज्ञाताका ज्ञान होता प्रतीत नहीं होता। 'प्रतीत होता है' —ऐसा कहा, उसमे स्वतके प्रतीत होनेकी बात है अथवा परके? स्वत.के ही प्रतीत होनेकी वात है। स्वतः ही अपनेको नि.शंकतासे ज्ञानरूप भासित होता है, स्वतः ही अपनेको प्रतीत होता है—ऐसा ज्ञान हो तव स्वतः अपनेको क्रोधादिरूप होता प्रतिभासित नहीं होता किन्तु ज्ञानरूपसे नि शंकतापूर्वक भासित होता है, अन्यसे पूछने नहीं जाना पड़ता। यहाँपर केवलज्ञानीके अथवा परके प्रतीत होनेकी वात नहीं है किन्तु अपनी ही वात है।

छह मासके उपवास करनेसे आस्रव नहीं रुकता, मौन धारण करे तो भी आस्रव नहीं रुकता, किन्तु आत्माके स्वभावका ज्ञान करनेसे आस्रव रुकता है। ज्ञाताका ज्ञानभाव प्रतिभासित हो उस समय क्रोधादिका भास नहीं होता, और जव क्रोधादि प्रतिभासित हों तव ज्ञाताका भास नहीं होता।

यह वात सुनते ही क्रोध करता है, परन्तु भाई! सत्य वात तो यही है, यह समझे विना भवका अन्त नहीं आयेगा।

इसप्रकार जव आत्मा और आस्रवोंके विशेष (अन्तर)को देखकर यह भगवान आत्मा उनका भेद (भिन्नता) जानता है उससमय इस आत्माके अनादिसे होनेपर भी वे (परसे) अज्ञानसे उत्पन्न होनेवाली कर्ताकर्मकी प्रवृत्तियाँ निवृत्त हो जाती हैं।

कर्ताकर्मकी प्रवृत्तियाँ प्रवाहरूपसे-संतानरूपसे अनादि होने पर भी अज्ञानसे उत्पन्न हुई हैं, और अज्ञानसे उत्पन्न हुई हैं इसलिये वे दूर हो सकती हैं, वे आत्माके स्वभावसे उत्पन्न नहीं हुई हैं इसलिये उनकी निवृत्ति हो सकती है।

कर्ताकर्मकी निवृत्ति होनेसे पौद्‌गलिक कर्मका अर्थात् नवीन द्रव्यकर्मोंका बन्ध भी निवृत्त होता है—ऐसा होनेसे ज्ञानमात्रसे ही बन्धका निरोध सिद्ध होता है।

// आचार्यदेव कहते हैं कि क्रोधादिक और आत्मा—दोनों भिन्न वस्तुऍं हैं; जो क्रोधादिक विकारी भाव होते हैं वे चैतन्यकी पर्यायमें होते हैं, किन्तु वे अपने विपरीत पुरुषार्थ द्वारा परनिमित्तसे होनेवाले भाव हैं इसलिये पर हैं—ऐसा द्रव्यदृष्टिके बलसे कहते हैं।

ज्ञानमें क्रोध, मान नहीं है और क्रोध, मानमें भगवान आत्मा नहीं है—इसप्रकार दोनोंमें स्वभावभेद है, और स्वभावभेद है इसलिये वस्तुभेद है। इसप्रकार जब क्रोधका और आत्माका भेदज्ञान हो तब उनका एकत्वरूप अज्ञान दूर हो और ज्ञानपर्याय प्रगट हो, तथा कर्मबन्ध न हो। इसप्रकार ज्ञान होनेसे ही बन्धका निरोध होता है।

// आचार्यदेव कहते हैं कि—जो शुभाशुभ परिणाम हैं सो मैं हूँ, मैं परका कर सकता हूँ और पर मेरा कर सकता है—ऐसे मिथ्या-प्रलापके बिना एक दिन भी नहीं जाता? भाई! एक दिन तो ऐसे प्रलापको बन्द रख! ज्ञानी विचार करते हैं कि पर्यायका अर्थ है प्रजा, अल्प राग-द्वेषकी प्रजा हो उसमें रुकना मुझे रुचिकर नहीं है, मैं तो निर्दोष ज्ञानस्वभावी आत्मा हूँ। ज्ञानीको द्रव्यदृष्टिके बलसे अल्प विकारी पर्यायमें रुकना पसन्द नहीं है, वे उसे अलग करते हैं-समाधान करते हैं।

// भाई! द्रव्यदृष्टिके बलमें निःसन्देह-निःशंक हो जाओ। श्रद्धाके बलमें चारित्र और केवलज्ञानके सभी भाव विद्यमान हैं वे प्रगट होंगे। इस समयसार शास्त्रकी रचना ऐसे बलवान योगमें हुई है कि जो पात्र हो वह तुरन्त समझ जाता है।

अधिकांश व्यक्ति कहते हैं कि इसमे तो मात्र ज्ञान ही ज्ञान आता है, परन्तु यहाँ पर तो आचार्यदेवको ज्ञान कहकर सम्पूर्ण आत्माका वर्णन करना है। ज्ञानका अर्थ है आत्मा, ज्ञानकी प्रसिद्धिसे आत्माकी प्रसिद्धि है, मिठासके द्वारा गुड़की पहिचान होती है—उसीप्रकार ज्ञानमे सम्पूर्ण आत्माका कथन करना है किन्तु एक गुणका नहीं। ज्ञानमे श्रद्धा, चारित्र आदि अनन्त गुण आ जाते है। बालक-बालिकायें सभी ज्ञानसे समझ सकते है इसलिये आत्माको पहिचाननेके लिये ज्ञान ही मुख्य लक्षण कहा है, परन्तु वहाँ एक गुण न समझकर सम्पूर्ण आत्मा ही समझना चाहिये। ज्ञानस्वभावी आत्माका ज्ञान करना, उसकी प्रतीति और उसमें रमणता करना ही मोक्षमार्ग है।

जो विकारीभाव हैं सो मै हूँ और यह मेरा कार्य है—ऐसा मिथ्याभाव दूर करनेसे ज्ञानपर्याय प्रगट होती है और उससे बन्धका निरोध होता है ॥ ७१ ॥

अब शिष्य प्रश्न करता है कि—ऐसा क्यों कहा है कि ज्ञानमात्रसे ही बन्धका निरोध होता है? अरे भाई! ज्ञानमात्रका अर्थ है—बीचमे विकारका न होना, परके बन्धन और पुण्य-पाप वृत्तियोसे रहित अकेला ज्ञानमात्रभाव और उस ज्ञानमे दर्शन-ज्ञान-चारित्र सब कुछ आ जाता है। ज्ञानकी श्रद्धा, उसका ज्ञान और एकाग्रता—तीनों आ जाते हैं।

ज्ञानमात्रसे अबन्ध किस प्रकार है—उसके उत्तरस्वरूप गाथा कहते है—

णादूण आसवाणं असुचित्तं च विवरीयभावं च।
दुक्खस्स कारणं ति य तदो णियत्तिं कुणदि जीवो।७२।

ज्ञाता आस्रवाणामशुचित्वं च विपरीत भावं च।
दुःखस्य कारणानीति च ततो निवृत्तिं करोति जीव ॥ ७२ ॥

अर्थः—आस्रवोंकी अशुचिता और विपरीतता जानकर तथा वे दुःखके कारण हैं—ऐसा जानकर जीव उनसे निवृत्ति करता है।

आचार्यदेव कहते हैं कि आस्रव अशुचिमय है, शुभाशुभ–दोनों भाव आस्रव है, वे दोनो मलिन हैं और अशुचिमय हैं। अशुभभाव तो मलिन हैं ही, परन्तु शुभभावोंको मलिन कौन कहता है? जिसने ऐसा निर्णय किया हो कि—आत्मस्वभाव शुभाशुभभावोंसे रहित महा निर्मल एवं शुद्ध है। जिसने स्वभावका आस्वाद लिया हो वह पुरुष कहता है कि शुभभाव भी आस्रव है—मलिन है और मात्र शुभभावमे ही धर्म माननेवाले अज्ञानी जीव अकेले अशुभभावोको आस्रव कहते है, किन्तु शुभभावोको आस्रव न कहकर धर्म कहते है—यह उनकी अज्ञानता है–मूढता है।

ज्ञानी पुरुष यह जानकर कि—शुभाशुभभावरूप आस्रव दुःखरूप है—दुःखके कारण है, उनसे निवृत्ति करते है और ज्ञानमात्र आत्म-स्वभावसे प्रवृत्ति करते हैं। आचार्यदेवने इस गाथाको बहुत उच्च स्तर पर रखा है।

जलमे जो काई है वह मल है—मैल है। जलमे जो हरे रङ्गके लोथड़े जमे रहते हैं वे भिन्न है और स्वच्छ जल भिन्न है, उसी-प्रकार काईकी भाँति आस्रव मलिन हैं और आत्मा तो निर्मल पवित्र है, वह आस्रवोंसे पृथक् है। आस्रवोंका वेदन क्रोधादि-मलिनरूप होनेसे वे मैले है। जिन भावोंसे तीर्थङ्कर गोत्रका बन्ध होता है वे भाव भी अशुचिमय हैं, गन्दे है, मैले हैं, राग हैं। जिन भावोंसे इन्द्रपदकी प्राप्ति होती है वे भी आत्मामे काईकी भाँति है, मैले हैं, वह अपना स्वभाव नहीं है, इसलिये त्याग करने योग्य–हेय है। सम्यक्त्वी जीव उन भावोंको आदरणीय नहीं मानता किन्तु छोड़ने योग्य ही जानता है। अज्ञानी उन भावोंको आदरणीय मानता है, तथापि उसके इन्द्रपद, तीर्थङ्करपद इत्यादि उच्च पदवीके शुभभाव नहीं होते, इससे वैसा उच्चपुण्य भी उसके नहीं बँधता। ज्ञानी शुभपरिणामोंको हेय मानता

है तो भी उतनी उच्च पदवीके शुभपरिणाम उसके होते हैं, इससे तीर्थङ्करपद, इन्द्रपद आदिका पुण्यबन्ध भी उसके होता है।

आस्रवोंको अशुचिमय कहा है, तो क्या उनसे दुर्गन्ध आती होगी? हाँ! पुण्य-पापके परिणाम अशुचिमय हैं, अपवित्र हैं, दुर्गंधयुक्त हैं, और आत्माके स्वभावसे बिल्कुल विरुद्ध जातिके हैं।

भगवान आत्मा तो निरन्तर अत्यन्त निर्मल, चैतन्यमात्र स्वभाव-रूप अनुभवमे आता है इसलिये शुचि है—पवित्र है—उज्ज्वल है।

देखो! भगवान आत्माको अत्यन्त निर्मल कहा है, मात्र निर्मल नहीं कहा, किन्तु अति निर्मल कहा है। पदार्थ स्वतः निर्मल है, उसका गुण निर्मल है और उसकी कारणपर्याय भी निर्मल है—इस-प्रकार तीनोंकाल पदार्थ अति निर्मल है। जो त्रिकाल वीतरागविज्ञान स्वरूप हो उसे आत्मा कहते हैं। आत्मा तो अत्यन्त शुचि, पवित्र और उज्ज्वल है, एवं वैसे परमपवित्र भगवान आत्माका भान होने पर आत्मा यथावत् ज्ञात होता है, अनुभवमें आता है। भगवान आत्माका स्वाद तो मिष्ट-मधुर है, परम-पवित्र है, शुचिमय है. और शुभाशुभ परिणामरूप आस्रवोंका स्वाद मलिनरूप अनुभवमें आता है, शुभाशुभ दोनों परिणाम आकुलतामय हैं, दु.खरूप हैं, अपवित्र हैं, इसलिये अशुचि हैं।

नदी—सरोवरका जल तो निर्मल है किन्तु ऊपर जो काई है वह मैली है, इसीप्रकार आत्मा तो निर्मल है परन्तु वर्तमान पर्यायमे होनेवाले विकार मैले हैं।

पुण्य-पापकी वृत्तिरूप आस्रव स्वत अपनेको नहीं जानते किन्तु अन्य द्वारा ज्ञात होने योग्य हैं इसलिये जड़ हैं। पुण्यास्रवरूप शुभराग भी क्रोधादि है, क्रोधादिके विकारमें आत्माकी ज्ञाता शक्ति रुकती है, जाननेकी जागृति नहीं रहती, इससे वह आत्माका स्वभाव नहीं है किन्तु जड़ है, जडके निमित्तसे होनेवाला विकार सो जड़ है।

क्रोध, मान, माया इत्यादिको यह खबर नही है कि हम क्रोध, मान, माया है अर्थात् उनमे परिणमन करनेवाला ज्ञान उस समय अन्ध है, और उन क्रोधादि विकारोंसे भिन्न रहनेवाला ज्ञान उन्हें जान सकता है तथा अपने आत्माको भी जान सकता है। क्रोधादिमे परिणमित ज्ञान क्रोधादि-विकारको नहीं जान सकता और आत्माको भी नहीं जान सकता इससे वह अन्ध है।

आचार्यदेवने प्रत्येक गाथामे भगवान आत्माको ही स्थापित किया है, ऐसी अपूर्व बातको अस्वीकार मत करना, आँगनमे आकर लौटना मत।

भगवान आत्मा तो स्वत को निरन्तर विज्ञानघनस्वभावरूप होनेसे, स्वत. ही चेतक (ज्ञाता) है (स्वत. को और परको जानता है) इसलिये चैतन्यसे अनन्य स्वभाव वाला है (अर्थात् चैतन्यसे अन्य स्वभाववाला नही है)।

✓ विज्ञानघन कहनेमे परिपूर्ण निर्मल विज्ञानघन लिया है, विज्ञान-घन अर्थात् आत्मा ज्ञानका पिंड है, वह निविड है, कठिन है, निर्भेद्य है कि जिसमे किसी परका प्रवेश नही हो सकता, ऐसा ज्ञाता निर्भेद्य आत्मा स्वत चेतक है—ज्ञाता है, वह अपने द्रव्य, गुण, पर्यायको जानता है और अन्य समस्त पदार्थोंके द्रव्य, गुण, पर्यायको भी जानता है। परपदार्थके अनन्तभावोंको जानता है तथापि परका कोई अंश अपनेमे प्रवेश नहीं कर सकता—ऐसा ज्ञाता घनरूप है—निर्वन्धरूप है। ज्ञाता स्वभाव आत्माका अनन्य स्वभाव है, एकरूप है, पृथक्र स्वभाव नहीं है। व्यवहार रत्नत्रय पराश्रयरूप है, वे विकारी भाव अपनेको भी नहीं जानते और परको भी नहीं जानते। विज्ञानघन आत्मा स्वत अपनेको भी जानता है और परको भी जानता है।

ऐसे विज्ञानघन चैतन्यस्वभावको जाननेसे ही स्व-परका यथार्थ ज्ञान होता है और उसीसे बन्धन रुकता है, स्वभावको प्रगट करनेका और बन्धको रोकनेका यह एक ही उपाय है, अन्य कोई नहीं।

कोई कहे कि—यह जाननेमे प्रत्याख्यान तो नहीं आया, फिर वन्धन कैसे रुकेगा? अरे! चैतन्यतत्त्वका यथार्थ ज्ञान होने पर उसमे नि:शंकतासे स्थिर हुआ वही प्रत्याख्यान है। यथार्थ ज्ञानके विना अज्ञानी प्रत्याख्यानके स्वरूपको नहीं जान सकेगा वह शुभभावरूप प्रत्याख्यानको ही प्रत्याख्यान मानेगा, परन्तु शुभभावरूप प्रत्याख्यान वन्धनरूप है और स्वरूपकी रमणता-स्थिरतारूप प्रत्याख्यान ही अवन्धनरूप है, सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान होनेपर ही अनन्त ससारके कारणरूप वन्ध रुक जाता है। पश्चात् अल्पवन्ध रहता है उसे गिनतीमे नहीं लिया है, और वह भी स्वरूपस्थिरता होने पर अल्पकालमे नाश होना ही है इसलिये सम्यग्ज्ञान होने पर ही वन्धन रुक जाता है। ससारके नाश करनेका उपाय चैतन्यस्वरूप आत्माको पहिचानना ही है, अन्य कोई उपाय नहीं।

यह अधिकार कर्ता-कर्मका चल रहा है। कर्ता अर्थात् होनेवाला, वह यथार्थ रीतिसे तो अपने स्वभावका ही होनेवाला है और जो स्वभावरूप अवस्था होती है वही वास्तवमे कर्ताका कर्म है। विकार-भावरूप कार्यका कर्ता वह वास्तवमे नहीं है।

यहाँ टीकाके प्रथम वोलमे कहा है कि आस्रव मलिन हैं और आत्मा निर्मल है, फिर दूसरे वोलमे कहा है कि—आस्रव जड़ है इसलिये वे स्व-परको नहीं जानते और भगवान आत्मा विज्ञानघन स्वभाव होनेसे चेतक-ज्ञाता है, इससे स्व और परको जानता है। शुभाशुभ परिणामरूप आस्रव जड़के निमित्तसे होते हैं, इसलिये उन्हें जड़ कहा है, उन विकारभावोंको स्व-परका ज्ञान नहीं होता इससे उन्हें जड़ कहा है।

ज्ञानी विचार करता है कि मैं विज्ञानघन हूँ, विभाव विभावोंको नहीं जानते और मुझे भी नहीं जानते, मैं विभावोंको जानता हूँ और अपनेको भी जानता हूँ—ऐसा विज्ञानघन स्वभाव हूँ।

अनेक व्यक्ति कहते है कि यह वात तो धनवालोंको और सुशिक्षित पुरुषोंको रुचने योग्य है, कुछ करना नहीं है और मात्र वाते

बनाना अनुकूल पड़ता है इसलिये धनवान और विद्वान सभी एकत्रित होते हैं किन्तु अरे भाई! धर्मका तो महान चक्रवर्ती, वासुदेव और बलदेवोंने भी आदर किया है, वे संसारमें राजपाट आदि करते थे तथापि अन्तरङ्गमें तो उनसे विरक्त थे, राज्य और लक्ष्मी पर विद्यमान अपनेको ऐसा मानते थे जैसे मलके ढेर पर बैठे हों। लोग बाह्य योगोंको धर्म मानते हैं किन्तु आत्माका धर्म आत्मामें होगा अथवा जड़में? गृहस्थाश्रममें रहते हुए भी आत्माकी श्रद्धा और ज्ञान हो सकते हैं, आत्माका भाव होनेपर परके कारण राग नहीं मानता, परपदार्थोंके प्रति अनन्तगुना राग-द्वेष दूर हो जाता है, सम्यग्दर्शन प्राप्त होनेके पश्चात् पाँचवीं भूमिका आनेसे स्वरूपस्थिरतामें वृद्धि होने पर अणुव्रतके शुभपरिणाम आते हैं और विशेष वृद्धि होनेसे मुनित्व आता है। प्रथम यथार्थ प्रतीति होती है फिर यथार्थ व्रत होते हैं। यथार्थ प्रतीति-रुचिके बिना यथार्थ ज्ञान नहीं होता और व्यवहार-ज्ञान भी मिथ्यारूप-व्यवहाराभास होता है। अन्तरङ्गसे परपदार्थोंकी रुचि हटकर जब आत्माकी रुचि जागृत होती है उस समय अन्तरङ्गमें यह बात जमती है। जिन्हें आत्माकी रुचि जागृत हो, वे सभी (निर्धन अथवा धनवान) इस बातको सुलभतासे समझ सकते हैं। सत्यको सुनकर जो उसे समझनेका प्रयास करते हैं उन्हें यथार्थ प्रतीति होती है, सम्यग्दर्शन होता है और फिर सच्चे व्रत आते हैं। दुनिया दोरङ्गी है जिसे जैसा अनुकूल पड़ता है वैसा ही कहता है, परन्तु सत्य त्रिकाल सत् है।

क्रिया-कष्ट वालोंको ऐसा लगता है कि जिनमें कुछ करना-धरना नहीं है—ऐसी यह भेदज्ञानकी बातें अच्छी ढूँढ निकाली है! अहा, क्या कहना है' ऐसे भावोंका फल तो उस आत्माकी पर्यायमें आता रहता है।

आचार्यदेव कहते हैं कि अहो! ज्ञानघन आत्माकी श्रद्धा होनेसे अनन्त आस्रवके अभावरूप निर्जरा हो जाती है और उसमें स्थिरताकी वृद्धि होने पर केवलज्ञान होता है—ऐसी भेदज्ञानकी

महिमा है। भेदज्ञानका अस्वीकार करनेवाले अनन्तसंसारमे वृद्धि करनेवाले हैं।

अब तीसरे बोलमे कहते हैं कि आस्रव आकुलता प्रगट करनेवाले होनेसे दुःखके कारण हैं।

पुण्य-पापके दोनों भाव आकुलता प्रगट करनेवाले हैं, वे दोनों भाव वर्तमान समयमे भी दुःखरूप हैं और भविष्यमे भी दुःखके कारण हैं। कोई कहे कि जब विविध प्रकारके पक्वान्न-मिष्टान्न खाते हैं तब आकुलता कहाँ दिखाई देती है? अरे भाई! स्वत को भूलकर परमे युक्त होना, उसमें हर्ष मानना ही आकुलता है, परवस्तुकी इच्छा की और परका उपभोग करनेके भाव किये वही आकुलता है और दुःखमय भाव है।

पुण्य-पापके भाव आकुलता उत्पन्न करनेवाले और आत्माकी शांतिमें भङ्ग करनेवाले हैं, इसलिये वे दुःखके ही कारण हैं। जिन भावोंसे इन्द्रपद मिले, चक्रवर्तीका राज्य मिले-वे भाव भी आकुलतामय हैं, इसलिये दुःखके कारण हैं। चक्रवर्तीका राज्य भी विनाशीक है, वह आत्माको शरणभूत नहीं है इसलिये वे भाव भी दुःखरूप हैं।

शुभभावोंसे स्वर्गकी प्राप्ति होती है और अशुभभावोंसे नरकादि गतियोंमे परिभ्रमण करता है, किन्तु वे दोनों भाव बन्धनरूप ही हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि पुण्यभाव छोड़कर पापभाव करना चाहिये, ऐसी तो बात ही नहीं होती, किसी ज्ञानीके वचन ही ऐसे नहीं होते। परन्तु पुण्यभाव करते-करते धर्म होगा-ऐसा कभी हुआ ही नहीं, होता नहीं, और न होगा ही। पुण्य-पापके भाव तो कर्मके निमित्तका कार्य है इसलिये वे दुःखके कारण हैं।

पुनश्च, भगवान आत्मा तो निरन्तर निराकुलता-स्वभावके कारण किसीका कार्य और कारण न होनेसे दुःखका अकारण है, (अर्थात् दुःखका कारण नहीं है)।

भगवान आत्मा निरन्तर—सदाके लिये निराकुलस्वभावरूप है इसलिये आत्मा पुण्य-पापकी वृत्तियोंका कारण भी नहीं और उनका कार्य भी नहीं है।

चिदानन्द आत्मा तो स्वयंसिद्ध है, वह किसीसे उत्पन्न नहीं हुआ इसलिये वह किसीका कार्य भी नहीं है, और आत्माने किसीको उत्पन्न नहीं किया। अरे! पुण्य-पापके भावोंको भी आत्माने उत्पन्न नहीं किया इसलिये वह उसका कारण भी नहीं है। आत्मासे निर्मल श्रद्धा-ज्ञान-चारित्रका होना वह विकारका कार्य नहीं है और विकारको आत्माने नहीं किया है। अज्ञानदशामें अज्ञानी विकारभावोंका कर्ता है किन्तु वस्तुस्वभावदृष्टिसे आत्मा कर्ता नहीं है, इसलिये आस्रव दुःखके कारण है और आत्मा दुःखका कारण नहीं है अर्थात् दुःखका अकारण है।

इसप्रकार विशेष (अन्तर) देखकर जब यह आत्मा, आत्मा और आस्रवोंका भेद जाने उसी समय क्रोधादि आस्रवोंसे निवृत्त होता है।

जब यह आत्मा ऐसा जानता है कि यह जो शुभाशुभ वृत्तिओंकी मलिन अवस्था, क्षणिक अवस्था है, सो मैं नहीं हूँ, मैं तो ज्ञाता आत्मा त्रिकाल निर्मल-पवित्र हूँ,—इसप्रकार आत्मा और आस्रवोंके अन्तरको जाने उस समय परमें एकाग्र होना रुक जाता है और उसीसमय क्रोधादि-विकारी परिणामोंसे निवृत्त होता है। क्योंकि यदि उनसे निवृत्त न होता हो तो उसे आत्मा और आस्रवोंके पारमार्थिक (सच्चे) भेदज्ञानकी सिद्धि ही नहीं हुई है। इसलिये क्रोधादिक आस्रवोंकी निवृत्तिके साथ जो अविनाभावी है—ऐसे ज्ञानमात्रसे ही अज्ञानसे होनेवाले पौद्गलिक कर्मबन्धका निरोध होता है।

आत्मस्वभावकी पहिचान, प्रतीति करके जो क्रोधादिभावोंसे पृथक् नहीं होता, निवृत्त नहीं होता, भेद नहीं करता उसे भेदज्ञानकी सिद्धि ही नहीं होती। कोई कहे कि पहले क्रोधादिसे निवृत्त हो और

फिर भेदज्ञान हो जाये तो? यह बात बिल्कुल मिथ्या है। जिस समय सम्यग्ज्ञान प्रगट होता है उसी समय क्रोधादिकी निवृत्ति होती है दोनोंका समकाल है, प्रथम–पश्चात् है ही नहीं, अविनाभावीरूपसे एक साथ हैं। उपयोग परमे एकाकार है, उसमेंसे हटकर अपने स्वभावमे उपयोगकी रुचि और एकाग्रता होते ही क्रोधादि आस्रव निवृत्त होते हैं अर्थात् सम्यग्ज्ञान प्रगट होनेसे ही अज्ञानसे जो कर्मबन्ध होता था वह रुक जाता है।

यह केवलज्ञानीकी बात नहीं, किन्तु अव्रती सम्यग्दृष्टिकी बात है। यह जो कहा गया है सो ही मार्ग है, यही सत्य पंथ है। सत्य पंथ पर सत्य मिलता है किंतु असत्यके पंथपर सत्य नहीं मिलता। अनन्तकालसे विपरीत दृष्टि रखकर जीवोंने बहुत क्रिया–शास्त्रोंका अभ्यास किया, तप किये, व्रत किये, अरे! दिगम्बर मुनि भी अनन्तबार हुआ, वनमें फिरा, कठिनसे कठिन तप किये, एकान्तवास किया, किन्तु वह सब विपरीत दृष्टि रखकर किया और माना कि हमारा मोक्ष हो जायेगा किन्तु उससे कल्याणका एक अंश भी नहीं हुआ। मोक्षपर्याय प्रगट करनेकी जो रीति है और जो विधि है उस विधिके अनुसार प्रयत्न करे, माने और अन्तरङ्ग-वर्तन करे तो मोक्षमार्ग और मोक्षपर्याय प्रगट हो, तथा जो अपनेको अनुकूल हो वैसा मान लेनेसे मोक्षमार्ग अथवा मोक्षपर्याय प्रगट हो जाये—ऐसा तीन काल, तीन लोकमे नहीं हो सकता।

एक भी व्रत, प्रत्याख्यान न हो तथापि आत्मप्रतीति हो सकती है। वह प्रतीति ऐसी होती है कि जैसी केवलज्ञानी और सिद्ध भगवानको होती है, वैसी प्रतीति स्त्री-पुरुष सभीको हो सकती है, अरे! आठ वर्षकी बालिकाको भी हो सकती है। इस समय विदेहक्षेत्रमे आठ-आठ वर्षकी बालिकाएँ और बालक वैसी प्रतीति कर रहे हैं।

अज्ञानदशामे जैसे राग-द्वेष करता है, वैसेके वैसे ज्ञानदशा होने पर नहीं करता, उनमे अन्तर हो जाता है, अधिक आसक्ति कम हो जाती है। कोई कहे कि अपनेको ऐसी खबर कब होती है कि अब मुझे सम्यग्ज्ञान हो गया है? जैसे पैसा हो जाये तो खबर पड़ जाती है

उसीप्रकार यथार्थ–प्रतीति होने पर स्वतःको खबर पड़ जाती है। अपने यहाँ लक्ष्मी हो तो किसीसे पूछने नहीं जाना पड़ता, जब कि वह परवस्तु है और सम्यग्ज्ञान तो अपनी वस्तु है इसलिये वह स्वतःसे छिपी नहीं रहती।

जैसे दुर्जन और सज्जन–दोनों प्रतीतिमें होने पर सज्जनकी ओर उन्मुखता होती है और दुर्जनकी उपेक्षा होती है उसीप्रकार आत्मा और आस्रवोंका ज्ञान होनेसे आत्माकी ओर उन्मुखता बढ़ती है और आस्रवोंसे छूट जाता है। ज्ञान होने पर कर्म सर्वथा नहीं छूट जाते किन्तु प्रथम विपरीत–मान्यता सर्वथा छूटती है और पश्चात् क्रमशः रागादि सब छूट जाते हैं।

जैसे सर्पको सर्प समझकर पकड़े और सर्पको रस्सी समझकर पकड़े तो उसमें अन्तर है। सर्प पड़ा हो, किन्तु उसे रस्सी जानकर उठा ले तो उससे बचनेका उपाय वह नहीं कर सकेगा, बच्चेके झूलेकी ओर सर्प जा रहा हो, उस समय खबर पड़े कि अरे! यह तो सर्प जा रहा है, तो होशियारी रखकर झट मुँहकी ओरसे उसे पकड़कर बाहर फेंक देता है किन्तु बच्चेको नहीं काटने देता और ऐसी चालाकीसे पकड़ता है कि अपने हाथमें भी न काट ले। उसीप्रकार आत्मा और आस्रवोंके भेदको न जाने तो आस्रवोंसे बचनेका उपाय भी न रहे, किन्तु मैं आत्मा ज्ञाता–दृष्टा हूँ और यह क्रोधादिक मैं नहीं हूँ—ऐसा विवेक होनेके पश्चात् अल्प क्रोधादि होते अवश्य हैं किन्तु वे अपने आत्माको न काट लें—ऐसी होशियारी और जागृति तो उसके रहती ही है। अज्ञान अवस्थामें जो राग–द्वेष होते हैं वे उसके ज्ञान–श्रद्धानको काट खाते हैं अर्थात् उसके विवेककी जागृति नहीं रहती, किन्तु आत्मा और आस्रवोंका विवेक होनेके पश्चात्, भेद करनेके पश्चात् पहलेकी तरह क्रोधादिमें युक्त नहीं होता, अल्पभावसे युक्त होता है परन्तु उनमें भेद किये बिना नहीं रहता, और जो अल्प क्रोधादि होते हैं वे भी अल्प-कालमें छूटने वाले हैं।

शिष्य कहता है कि हे भगवन्! सम्यग्दर्शनका इतना अधिक

क्या माहात्म्य है? यथार्थ ज्ञानमात्रसे ही बन्ध दूर हो जाते हैं; सो किस प्रकार? उससे आचार्यदेव कहते हैं कि हे भाई! सुन, परसे भिन्नत्वका जो ज्ञान है वह अज्ञान है अथवा ज्ञान? यदि वह अज्ञान है, तो जो विकार है सो मै हूँ, विकार मेरे हैं—इसप्रकार विकार और आत्मा–दोनोंको अज्ञानतासे अभेद मानता था और ज्ञान होने पर भी वैसा ही हुआ, उससे विशेष कुछ नहीं हुआ।

परके साथ एकत्वकी जो बुद्धि है सो अज्ञान है और भेदत्वकी बुद्धि है सो ज्ञान है। यदि एकत्वकी बुद्धिसे प्रवर्तन करता हो तो ज्ञान होनेसे कोई विशेषता नहीं हुई।

पुनश्च, आत्मा और आस्रवोंका जो भेदज्ञान है, वह ज्ञान यदि हो तो वह विकारमे एकमेक होकर प्रवर्तन कर रहा है अथवा उसमेंसे कुछ निवृत्त हुआ है? यदि वह ज्योंका त्यों राग-द्वेषमें युक्त होता हो तो अविवेकी ज्ञानमे और इस नाममात्र भेदज्ञानमें कुछ भी अंतर नहीं हुआ।

यदि भगवान आत्मा ज्ञान होनेपर, पुण्य–पाप मेरे हैं और मैं इनका कर्ता हूँ—ऐसे भावोंसे मुक्त हुआ है, विकारोंसे पृथक् हो गया है, ज्ञान आस्रवोंसे निवृत्त हो गया है तो फिर ज्ञानसे ही बन्धका निरोध सिद्ध हुआ।

जो अल्प राग–द्वेष होता है उसे यहाँ नहीं गिना है, यथार्थ दृष्टिके बलमें अल्प राग–द्वेषकी गिनती नहीं है। ज्ञान होनेके पश्चात् अन्तरसे राग-द्वेष और विषय–वासनासे निवृत्त हुआ है, उदास हुआ है, परका मैं कर्ता नहीं हूँ और यह मेरा कार्य नहीं है, मैं तो अपने ज्ञानका कर्ता हूँ और यही मेरा कार्य है–ऐसा भान करके अंशत: स्वभावमें स्थित हुआ—इससे ज्ञानमात्रसे ही बन्धका निरोध सिद्ध होता है, जो अल्प राग–द्वेष रह गये हैं वे सम्यग्दर्शनके बलसे दूर हो ही जायेंगे, जो रह गया वह दूर होनेके लिये ही है, रहनेके लिये नही है, इसलिये ज्ञान-मात्रसे ही बन्धका निरोध सिद्ध होता है।

ऐसा सिद्ध होनेसे, पुण्यकी क्रियासे आत्माको दर्शन, ज्ञान, चारित्र होंगे—ऐसा विपरीत मानकर ज्ञानका निषेध करनेवाला अज्ञानका अंश जो क्रियानय है उसका खण्डन हुआ—क्रियाजड़का खण्डन हो गया।

और जो आत्मा एव आस्रवोंका भेदज्ञान है वह भी यदि आस्रवोंसे निवृत्त न हो तो वह ज्ञान ही नहीं है, सम्यग्ज्ञान होने पर राग-द्वेष यथावत् बने रहें, ऐसा नहीं होता, यह बाह्यक्रियाकी बात नहीं है किन्तु अन्तर-परिणतिकी बात है। पंचेन्द्रियके विषयोंमे ज्योंकी त्यों मिठासका वेदन करता हो, उनमेसे सुखका स्वाद आ रहा है ऐसा मानता हो, रुचिमे किंचित् परिवर्तन न हो, इन्द्रियविषयोंसे अंशमात्र विरक्ति न हो, राग-द्वेष बिल्कुल न घटे और कहे कि मुझे ज्ञान हुआ है—तो वह शुष्कज्ञानी है किन्तु सम्यग्ज्ञानी नही है। इस प्रकार एकान्त ज्ञान-नयका खण्डन हुआ।

सम्यग्ज्ञान अस्तिरूपसे है और राग-द्वेषका अभाव नास्तिरूप है। अस्ति-नास्ति दोनों स्वभावके पक्ष आना चाहिये, इसप्रकार यदि दोनों पक्ष आयें तो वह सम्यग्ज्ञान है।

दया, दान, पूजा, भक्ति, व्रत, प्रत्याख्यान आदि शुभभावोंसे आत्मा प्रगट नहीं होता, क्योंकि पुण्यादि भावोंकी आत्मामें नास्ति है, और नास्तिसे अस्ति प्रगट नहीं होती, असत्से सत्का विकास नहीं होता, इसप्रकार पुण्यादि भावोंसे आत्मा प्रगट नहीं होता; इससे अज्ञानका अंश जो क्रियानय है उसका खण्डन हो गया।

पुनश्च, जो आत्मा है वह प्रगट ज्ञानरूप है और विकाररूप नहीं है—इसप्रकार यदि पर्याय साथमे न आये, परसे निवृत्त हुई पर्याय साथमे न आये तो अस्तिका ज्ञान नहीं है, मात्र शुष्कज्ञान है, एकान्त ज्ञाननय है।

मात्र ज्ञान ही ज्ञान करता रहता है, किन्तु ज्ञानमे परकी-रागद्वेष की निवृत्ति नहीं होती—नास्ति नही होती। उसे अस्ति-नास्तिका अर्थात्

सम्पूर्ण आत्माका ज्ञान नहीं है इसलिये वह अकेला ज्ञान-ज्ञान करता है, वह अस्तिका ज्ञान भी मिथ्या है।

आत्मा ज्ञानरूप है और विकारभावरूप नहीं है। 'है' इसमें यदि क्षणिक विकारकी 'रहितता' न आये तो "त्रिकाल ज्ञानानन्दरूप सहितता" का सच्चा ज्ञान नहीं है, 'है'-'नहीं है' दोनों साथ नहीं आये, इसलिये सामान्य-विशेष दोनों एकत्रित नहीं हुए. सामान्य-विशेषका सम्पूर्ण ज्ञान नहीं हुआ, अनेकान्त नहीं हुआ, किन्तु एकान्त हुआ। निर्जरा अधिकारमे ज्ञान-वैराग्य दो शक्तियोंका वर्णन किया है। 'सम्यग्दृष्टेर्भवति नियतं ज्ञानवैराग्य शक्ति.' सम्यग्दृष्टिके नियमसे ज्ञान और वैराग्य शक्ति होती है, वहाँ भी अस्ति-नास्ति दो भाव लिये हैं। सत्ज्ञान प्रगट हो और उतने अंशमे विकारभावोंका अभाव न हो, विकारभाव दूर न हो तो यथार्थ ज्ञान नहीं है किन्तु शुष्कज्ञान है, एकान्त ज्ञाननय है।

ज्ञानीके अल्प राग-द्वेष होते है तो भी वह अन्तरसे उनके प्रति उदास होता है। जैसे बिल्ली उसी मुँहसे अपने बच्चोंको पकड़ती है और उसीसे चूहेको पकडती है, किन्तु 'पकड़-पकड़मे अन्तर है', उसी-प्रकार ज्ञानी गृहस्थाश्रममे हो, राजपाटमे स्थित हो, स्त्री-बच्चे हो, अल्प राग-द्वेष होता हो, तथापि अन्तरसे उदास होते हैं; वे राजपाट आदि सब संयोग उसे श्मशानमे रखे हुए पुष्पोंकी भाँति प्रतीत होते है। चक्रवर्ती राजा ९६ हजार स्त्रियोंके समूहमे खड़ा हो, किन्तु स्त्रियोंसे कहता है—अरे रानियो! तुम यह न समझना कि हम तुम्हारे लिये यहाँ पर रुके हुए हैं किन्तु हम अपने रागके कारण यहाँ पर रह रहे है, जब हम उस रागका त्याग कर देंगे उस समय एक क्षणमात्र भी नहीं रुकेंगे—ऐसा तुम निश्चय समझो। रानियाँ मनमे तो समझती ही है कि जब यह विरक्त होगा तब किसीके भी रोकनेसे नहीं रुकेगा, यह महावैराग्यकी मूर्ति है यह तो अल्प रागके कारण यहाँ रहा है। इस प्रकार सम्यग्दृष्टिका हृदय उदास होता है।

मिथ्यादृष्टिके राजपाट इत्यादि समस्त संयोग होते है, किन्तु

वह उनमें लिप्त रहता है, उनमें उसकी तन्मयबुद्धि होती है, सुखबुद्धि होती है। इसप्रकार ज्ञानी और अज्ञानीकी सयोगकी क्रिया एक-सी दिखाई देती है किन्तु भावोमे उदय-अस्तका अन्तर होता है, दोनोके हृदय बिल्कुल विपरीत होते है। बिल्लीकी पकडकी भाँति क्रिया तो एक तथापि भावोमें अन्तर होता है।

एक सास और वहू थी उनमे बिल्कुल बनती नहीं थी। सासके एक लडकी थी जिस पर उसका अपार प्रेम था, किन्तु बहूसे हमेशा झगडती ही रहती थी, कभी उसके साथ मेल नही होता था। एकवार उसके लडकेने कहा—माँ, अभी कमाई अच्छी हुई है, तुम कहो तो दो हजारका गहना बहिनको और दो हजारका तुम्हारी बहूको बनवा दूँ। तव माँ बोली—बेटा! बहिनके लिये इतने गहनेकी आवश्यकता नहीं है, उसे तो पाँच सौ का ही गहना बहुत हो जायेगा बहूको भले ही दो हजारका बनवा ले। तव लडकेको विचार आया कि ऐसा कैसे? प्रेम तो बहिनके पर अधिक है, बहूके साथ तो बनती ही नहीं परन्तु ठीक है! बहिन तो गहना लेकर दूसरेके घर चली जायेगी और बहूका गहना घरमे ही रहेगा, इससे माँ ऐसा कह रही है। देखो! जगतके जीव स्वार्थमे भी ऐसा विवेक करते हैं।

ज्ञानीको विवेक है कि मेरा स्वभाव तो मेरे घरमे ही रहेगा और विकार परनिमित्तसे होनेवाले भाव है, इससे परका है, इसलिये वह दूर हो जायेगा। अपने स्वभावकी प्रगट अवस्था घरमे रहेगी और विकारी अवस्था नष्ट होकर वदल जायेगी।

आस्रव अशुचिमय है, जड हैं, दुःखके कारण हैं और भगवान आत्मा तो पवित्र है, ज्ञाता है, सुखरूप है। इसप्रकार लक्षणभेदसे दोनोंको भिन्न जानकर आत्मा आस्रवोंसे निवृत्त होता है और कर्मोंका बन्ध नहीं होता। आत्मा और आस्रवोंका भेद जानने पर भी यदि आत्मा आस्रवोसे निवृत्त न हो तो वह ज्ञान ही नहीं है।

अज्ञानभावसे जैसी आसक्ति करता था यदि वैसी की वैसी आसक्तिका पोषण किया करे तो वह ज्ञान ही नहीं, अज्ञान है।

शिष्य प्रश्न करता है कि—अविरति सम्यग्दृष्टि ज्ञानीको मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीके अतिरिक्त अन्य कर्म-आवरण तो बँधते हैं तब फिर उसे ज्ञानी कहा जाये या अज्ञानी?

उत्तर—सम्यग्दृष्टि ज्ञानी ही है। सम्यग्ज्ञानी अभिप्राय पूर्वकके आस्रवोंसे निवृत्त है, परके स्वामित्वसे निवृत्त है, इससे उसे प्रकृतिओंका जो बन्ध होता है वह अभिप्रायपूर्वक नहीं होता।

जैसे किसीके शरीरमें रोग हो जाये तो क्या उस रोगके प्रति प्रेम होता है? नहीं होता। उसीप्रकार ज्ञानी भोगको रोग समान जानते हैं, उसे उपसर्ग समझते हैं, और उपसर्गका प्रेम किसीको नहीं होता। ज्ञानीको भोगका योग आये तब उन्हें ऐसा लगता है कि अरे! यह क्या! वे उसको उपसर्ग समझते हैं, कठिन रोगकी पीड़ा मानते हैं, दुःखरूप जानते हैं! वे समझते हैं कि अरे! यह मेरा स्वरूप नहीं है। ज्ञानी ससारमे स्त्री-कुटुम्बादिमे स्थित हों, तथापि वे उनके स्वामी नहीं होते, यह मेरे आश्रित हैं और मैं इनका रक्षक हूँ—ऐसा स्वामित्व वे स्वीकार नहीं करते। जैसे कोई पुरुष अपने मार्ग पर जा रहा हो और वहाँ कहींसे दुर्गन्ध आई, किन्तु वह गन्ध लेनेकी उसे रुचि नहीं है, वैसे ही ज्ञानीको आत्मारामरूपी उपवनकी प्रतीति होने पर, बीचमें पुरुषार्थकी अशक्तिके कारण वह भले ही स्त्री-कुटुम्बके रागमे स्थित हों किन्तु उसे वे विष्टाकी दुर्गन्ध मानते हैं, वह गन्ध लेनेकी रुचि ज्ञानीको नहीं है, अल्प राग-द्वेष हो जाते है किन्तु उनका राग ज्ञानीको नहीं है, विकारकी विष्टामें खड़े रहनेकी रुचि नहीं है—इससे उनके बन्ध नही होता।

ज्ञानी पापकी वृत्तियोंको तो उपसर्ग मानते ही हैं, किन्तु पुण्यकी वृत्तियोंको भी उपसर्ग समझते हैं, दुःखरूप जानते हैं। वे पुण्यपरिणामोंके भी स्वामी नहीं होते। जब तक अपूर्ण हैं तब तक अशुभ परिणामोंसे बचनेके लिये बीचमें पुण्य-परिणाम आते अवश्य हैं, किन्तु ज्ञानी उनके स्वामी नहीं होते, उन्हें हेय जानते हैं, उनसे निवृत्त होनेकी ही इच्छा रखते हैं इससे उनके बन्धन नहीं होता।

जहाँ ज्ञानस्वरूप आत्मासे स्वभावका ज्ञान हुआ कि, फिर ज्ञानी विकारभावोंका कर्ता नहीं होता और उसका वह कार्य भी नहीं है। ज्ञान होनेके पश्चात् कितने ही राग-द्वेष रहते हैं परन्तु वह मिथ्यात्व सम्बन्धी बन्ध नहीं है। मिथ्यात्व सम्बन्धी बन्ध जो कि अनन्त-संसारका कारण है, वह यहाँ पर प्रधानरूपसे विवक्षित (कहनेकी धारणा) है, अविरति आदिसे जो बन्ध होता है वह अल्पस्थिति-अनुभाग वाला है, दीर्घ ससारका कारण नहीं है, इससे वह प्रधान नहीं गिना है।

धर्मी राजकाजमे हो परन्तु उसे भान है कि मैं तो एक पृथक् शुद्ध पवित्र वस्तु हूँ-इसप्रकार शुद्धताका भान हुआ वहाँ स्व-शुद्धताके भानमे यदि अल्प अशुद्धता हो तो उस बन्धको यहाँ नहीं गिना है, अल्प है वह दूर करनेके लिये ही है; फिर वह भले ही चक्रवर्तीका राज्य हो, बाह्यके योग अघातिकर्मके उदयके कारण अधिक हो परन्तु अन्तरगमे परसे निराले चैतन्यस्वभावका भान है इससे उसे बन्ध नहीं है। सैन्यमे खड़ा हो, क्रोध करता हो, किन्तु वह उनका स्वामी नहीं साक्षी है। यह जो विभाव है सो मेरा स्वभाव नहीं है, विकारसे अंशतः निवृत्त हुआ है और पूर्णस्वरूपके आश्रय पूर्वक स्वभावमे अंशत स्थिर हुआ है अनन्तानुबन्धी दूर होकर स्वरूपाचरण चारित्र प्रगट हुआ है; परन्तु पाँचवीं भूमिका नहीं है, व्रतके परिणाम नहीं आये हैं, चारित्र ग्रहण करने योग्य अन्तर्‌आसक्ति दूर हुई है-इससे अल्पबन्ध होता है, परन्तु उसे यहाँ नहीं गिना है।

किसी ज्ञानीके अघातिकर्मके उदयसे बाह्य योग अधिकाधिक दिखाई दे और अज्ञानी नग्न-दिगम्बर मुनि होकर बैठा हो, तो भी वास्तवमें वह त्यागी नहीं है बाह्यके त्याग-अत्याग परसे अन्तरङ्गका माप नहीं है। अज्ञानी बाहरसे शात दिखाई देता हो, जीवित जला डाले तो भी क्रोध न करे, किन्तु परसे पृथक् स्वाश्रय आत्माका भान नहीं है इससे वह बन्धमे पड़ा है, मोक्षमार्गमे नहीं।

ज्ञानीके किंचित क्रोध आ जाये, अस्थिरता हो जाये, किन्तु मेरा क्षमावन्त वीतराग स्वभाव पृथक् है—उसका भान है, अस्थिरताको दूर करनेका और स्थिरतामे वृद्धि करनेका प्रयास है—इसमे वह वन्धमार्गमे नहीं किन्तु मोक्षमार्गमे प्रवर्तमान है ।

प्रथम नम्वरके अज्ञानी वाह्यवेपको देखकर परीक्षा करते हैं। दूसरे नंवरके अज्ञानी वाह्यक्रियाको देखकर परीक्षा करते हैं और तीसरे नम्वरके जीव तत्त्वदृष्टिसे परीक्षा करते हैं कि इसे परसे भिन्न आत्माकी प्रतीति है या नहीं ? पर-शरीरादि और अन्तरंगमें होनेवाली पुण्य-पापकी जो वृत्तियाँ हैं उनका मैं कर्ता नहीं हूँ और वह मेरा कार्य नहीं-ऐसी निरुपाधि श्रद्धा प्रगट हुई है या नहीं ? इसप्रकार परीक्षा करते हैं। ऐसी तीसरे नम्वरकी परीक्षा करनेवाला पात्रजीव है ।

श्री कुन्थुनाथ, श्री शांतिनाथ और श्री अरहनाथ-यह तीन तीर्थङ्कर भगवान चक्रवर्ती थे, तीर्थङ्कर पद पर आये थे और उसी भवमे मोक्ष जानेवाले थे। संसारमे थे तव छह खण्डकी साधना करते थे, अपने राज्यकी वृद्धिके लिये अन्य राजाओंसे युद्ध करने जाते थे । चक्रवर्तीके पास एक ऐसा खड्ग होता है कि जिसकी सेवा हजार देव मिलकर करते हैं; उनकी आयुधशालामे एक ऐसा चक्ररत्न होता है जिसकी हजार देव सेवा करते हैं; उनके यहाँ एक शिल्पकार, किसान आदि होते हैं उनकी सेवाको भी हजार देव रहते हैं-इत्यादि चक्रवर्तीकी ऋद्धि इतनी अधिक होती है कि साधारण जीवोंको - उसका विचार आना भी असम्भव है । चक्रवर्ती संसारमे थे परन्तु अन्तरङ्गसे उदास थे, युद्ध करने जाते परन्तु परसे भिन्न स्वाश्रय चैतन्य भगवानका भान था। परसे निराला मेरा आनन्दघन चैतन्यस्वभाव भिन्न है—उसका भान प्रवर्तमान रहता है, वाह्यसयोग और अन्तरमे उठनेवाली वृत्तियाँ भी मेरे आत्माको लाभ-हानि नहीं कर सकतीं. यह जो अपूर्ण पर्याय है सो मेरे पुरुषार्थकी अशक्तिके कारण है, मेरे गुण मुझमे विद्यमान हैं, मैं अपने पुरुषार्थकी मन्दतासे अपूर्ण हूँ-ऐसा वरावर जानता है, जो अल्प अस्थिरता होती है वह मेरे सम्यग्दर्शनको हानि नहीं पहुंचा सकती—

ऐसा श्रद्धाका वल ज्ञानीको होता है। वाह्यसे क्रियामे अधिकाश कषाय हो—ऐसा दिखाई दे, परन्तु अन्तरसे अल्प कषाय होती है।

भरत चक्रवर्ती और वाहुवली दोनों भाईयोंमें जब युद्ध हुआ, तब सर्वसाधारणको ऐसा लगा कि दोनों भाई सम्यग्ज्ञानी हैं, और इसी भवमे मोक्ष जानेवाले हैं, फिर यह क्या? परन्तु युद्धके समय भी भान है कि मै इस सबसे भिन्न हूँ। युद्धका ज्ञाता है, क्रोध होता है, उसका भी ज्ञाता है, अपने शुद्ध, पवित्र, आनन्दघन स्वभावका भान प्रवर्तमान है, परन्तु अल्प अस्थिरता होती है इससे युद्ध कर रहे हैं। दोनों भाईयोमे युद्ध हुआ उसमे भरत चक्रवर्ती जीत न सके, तब अंतमें उन्होंने वाहुवलीजी पर चक्र फेंका, परन्तु चक्र गोत्रवध नहीं करता और फिर वाहुवलीजी चरमशरीरी थे इससे भी चक्र काम नहीं करता था। उस समय वाहुवलीजीको वैराग्य आया कि धिक्कार है इस राज्यको। अरे! इस जीवनमे राज्यके लिये यह क्या? ज्ञानी पुण्यसे भी सन्तुष्ट नहीं और न पुण्यके फलसे ही। वाहुवलीजीको विचार आये कि मै चिदानन्द आत्मा परसे भिन्न हूँ, यह मुझे शोभा नहीं देता। इस प्रकार वैराग्य आने पर मुनित्व ग्रहण किया। विल्ली जिस मुँहसे अपने वच्चेको पकडती है उसी मुँहसे चूहेको भी पकड़ती है, किन्तु पकड़में अन्तर है, उसीप्रकार ज्ञानी और अज्ञानीकी क्रियाएँ एक सी दिखाई दें किन्तु भावोमे अन्तर होता है।

मिथ्यात्व सहित ज्ञानको अज्ञान कहा जाता है, और जब सम्यग्दर्शन प्रगट हो तब अज्ञान नहीं किन्तु ज्ञान ही है। चारित्र सम्बन्धी कमजोरीसे जो विकार है उसका स्वामी ज्ञानी नहीं होता, इससे ज्ञानीके वन्ध नहीं है, क्योंकि विकार है सो वन्धरूप है और वन्धका कारण है, वह तो वन्धकी पंक्तिमे है, ज्ञानीकी पंक्तिमें नहीं है। इसलिये ज्ञानीके वन्ध नहीं है।

यहाँ कलशरूप काव्य कहते हैं:—

(मालिनी)

परपरिणतिमुज्झत् खंडयद्भेदवादा-
निदमुदितमखण्डं ज्ञानमुच्चंडमुच्चैः ।
ननु कथमवकाशः कर्तृकर्मप्रवृत्ते-
रिह भवति कथं वा पौद्गलः कर्मबंधः ॥ ४७ ॥

अर्थः—पर परिणतिको छोड़ता हुआ, भेदके कथनोंको नष्ट करता हुआ, यह अखण्ड एवं अति प्रचण्ड ज्ञान प्रत्यक्ष उदयको प्राप्त हुआ है। अहो! ऐसे ज्ञानमें (परद्रव्यके) कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिका अवकाश कैसे हो सकता है? और पौद्गलिक कर्मबन्ध भी कैसे हो सकता है? (हो नहीं सकता।)

मैं आत्मा निर्मल हूँ, पवित्र हूँ, शुद्ध चिदानन्द मूर्ति हूँ, पुण्य-पापके भाव मेरे स्वरूपमें नहीं हैं—ऐसा भान होने पर परिणतिका त्याग करता हुआ, भेदके कथनोंको विदीर्ण करता हुआ, अत्यन्त प्रचंड अर्थात् तीक्ष्ण ज्ञान प्रत्यक्ष उदित हुआ है।

अहो! मेरे सच्चिदानन्द स्वरूपमें ऐसा कैसे हो सकता है कि मैं पर पदार्थोंका कर्ता हूँ, और पर-पदार्थ मेरे कार्य हैं? ऐसे ज्ञानमें कर्ताकर्मका अवकाश ही कैसे हो सकता है? नहीं हो सकता। इसलिये नवीन कर्मबन्ध भी कहाँसे होगा? नहीं ही होगा।

आत्मा परसे और रागादिसे निराला है—ऐसा भान हुआ, अर्थात् शेष राग भी नाशके खातेमें पहुँच गया, रखनेके लिये नहीं रहा, इससे ज्ञानीको नवीन बन्ध होता ही नहीं।

जो परसे निराली शुद्ध अवस्था परिणमित होती है, परिवर्तित होती है, उसमें कर्ताकर्मको और नवीन बन्धको स्थान ही कहाँ है? अवकाश ही कहाँ है?

अल्प विकासके कारण ज्ञेयके निमित्तसे ज्ञानमें जो खण्ड होते थे, खण्डरूप आकार प्रतिभासित होते थे उनके बदले अब अखण्ड ज्ञान उदित हुआ अर्थात् एक ज्ञानमात्र आत्मा अनुभवमें आया।

मैं अखण्ड ब्रह्ममूर्ति हूँ, उसमे राग–द्वेषकी अवस्थाके भेद नहीं हैं। इस विकारकी तो वात ही क्या है! किन्तु मति-श्रुतकी अवस्थाके भेद भी अखण्ड स्वरूपमें नहीं हैं, इसप्रकार भेदके कथनोंको खण्डित करता हुआ अखण्ड ज्ञान उदयको प्राप्त हुआ है। अहो! अखण्ड प्रचण्ड परसे पृथक् ज्ञानपिण्ड उदित हुआ है।

पर-परिणति अर्थात् विकारी भावोंको त्याग करता ज्ञान उदित हुआ है, अर्थात् पहले तो छोटे-छोटे कामोंमें, विकारी भावोंमे रुकता था; लड़का कुछ अच्छी तरहसे बुलाये तो फूल उठे, सुन्दर मकान देखे तो प्रसन्न हो जाये, घरमें गायके बछड़ा पैदा हो तो देखकर आनन्दकी मर्यादा न रहे, अरे! और तो और, कोई एक बीड़ी या पान लाकर दे तो लट्टू हो जाये—इसप्रकार तुच्छसे तुच्छ बातोंमें सन्तुष्ट होता था; परन्तु जहाँ श्रीगुरुके प्रतापसे भेदज्ञान प्रगट हुआ, प्रचण्ड-तीक्ष्ण ज्ञान उदित हुआ कि कहीं न रुककर अपने स्वभावमे ही स्थिर हो गया। अरे! मेरे स्थिर होनेका स्थान अन्यत्र नहीं है; राग–द्वेष, क्रोध, विषय वासना–यह मेरा स्वभाव नहीं है, मेरा गुण तो मेरे पास ही है, मेरे चैतन्यस्वभावके अतिरिक्त जगतमे कोई श्रेष्ठ नही है, मेरे स्वभावका मुझमें किसी भी दिन वियोग नहीं होगा, इसलिये मेरे रुकनेका स्थान तो मेरा स्वभाव ही है—ऐसा आत्माका अपूर्व भान होनेसे विकारको छोड़ता हुआ–परपरिणतिको नष्ट करता हुआ ज्ञान प्रगट हुआ, इससे जो ज्ञान परमें युक्त होता था वह स्वतःमे स्थिर होने लगा।

प्रचण्ड है अर्थात् ज्ञान बलवान है, तेजवान है, तीक्ष्ण है। जैसे तेज अग्नि सूखे ईंधनको तो जलाती ही है, किन्तु गीली लकड़ियोंको भी जला देती है, उसीप्रकार मै शुद्ध चैतन्यमूर्ति हूँ—ऐसी उग्रता ज्ञानमें हुई कि राग–द्वेषको जलाकर भस्म कर देता है और कर्मोके चाहे जैसे प्रबल विपाकके रसको जला डालता है। जैसे सूर्यका तेज सर्दीको हटा देता है उसीप्रकार चैतन्यसूर्य–ज्ञानसूर्यकी उग्रता होने पर नवीन बन्ध नही हो पाता।

ज्ञेयोंके निमित्तसे तथा क्षयोपशमके विशेषसे ज्ञानमें अनेक भेद खण्डरूप-रागरूप प्रतिभासित होते थे अर्थात् ज्ञान परोन्मुख होता था, ज्ञेयोंमें रुकता था-इससे खण्ड होते थे। जब वह ज्ञान अपने अभेद-स्वरूपकी ओर उन्मुख हुआ तब उसे अखण्ड विशेषण दिया। मतिज्ञानादि जो ज्ञानके भङ्ग—भेद है, उन भेदोंकी ओरसे ज्ञान अपने स्वभावकी ओर उन्मुख हुआ, वह भेदकी ओर नहीं किन्तु अभेद स्वभावकी ओर ढला, इसलिये भेदके कथनोंको विनष्ट करता हुआ-ऐसा कहा, और ज्ञान स्वोन्मुख हुआ अर्थात् पर-परिणतिको छोड़ता हुआ प्रगट हुआ-ऐसा कहा स्वोन्मुख हुआ इससे परपरिणति सहज ही छूट गई। स्वतःकी ओर उन्मुख हुआ इसलिये ज्ञान बलवान हुआ।

अब शिष्य प्रश्न करता है कि—प्रभो! किस प्रकार यह आत्मा पुण्य-पापके भावोंसे निवृत्त होता है? उसका उत्तर गाथारूपमे कहते हैं—

अहमिक्को खलु सुद्धो णिम्ममओ णाणदंसणसमग्गो।
तम्हि ठिदो तच्चित्तो सव्वे एदे खयं णेमि॥ ७३॥

अहमेकः खलु शुद्धः निर्ममतः ज्ञानदर्शनसमग्रः।
तस्मिन् स्थितस्तच्चित्तः सर्वानेतान क्षय नयामि॥ ७३॥

अर्थ—ज्ञानी विचार करता है कि मै निश्चयसे एक हूँ, शुद्ध हूँ, ममत्वरहित हूँ, ज्ञानदर्शनसे पूर्ण हूँ। उस स्वभावमे रहता हुआ उसमे (उस चैतन्य-अनुभवमे) लीन होता हुआ (मै) इन क्रोधादिक सर्व आस्रवोंको क्षयको प्राप्त कराता हूँ।

धर्मात्मा-धर्मी जीव ऐसा विचार करता है कि मेरा आत्मा वास्तवमे एक ही है, मेरा आत्मा मलिनता रहित बिल्कुल शुद्ध है, मैं आत्मा ममत्वरहित हूँ, ज्ञानदर्शनसे पूर्ण हूँ, अर्थात् जानने और देखनेसे ही मैं परिपूर्ण हूँ; ज्ञाता-द्रष्टा और उसमें स्थिरता करनेवाला मैं चैतन्यके अनुभवमे लीन होता हुआ इन क्रोधादि आस्रवोंको क्षयकी प्राप्ति कराता

हूँ। विपरीत दृष्टि, काम, क्रोध, स्नेह–राग, यह सब मेरा स्वरूप नहीं है अर्थात् मैं उन सबका नाशक ही हूँ।

कोई कहे कि आत्मा पूर्ण कब कहलाता है? उसका उत्तर यह है कि वस्तुत आत्मा त्रिकाल पूर्ण ही है, वर्तमानमे भी रागद्वेष होने पर भी वस्तुदृष्टिसे पूर्ण है, परन्तु पर्यायदृष्टिसे अपूर्ण है।

धर्मात्मा विचार करता है कि–मै आत्मा प्रत्यक्ष, अखण्ड, अनन्त, चिन्मात्रज्योति, अनादि-अनन्त, नित्य-उदयरूप विज्ञानघनस्वभावरूप होनेके कारण एक हूँ।

प्रश्न—स्वरूपकी दशाके साधक मुनिओंका शरीर तो सूख जाता है न?

उत्तर—प्रत्यक्ष चिन्मात्र आत्माका भान हो इसलिये बाह्यमे शरीर सूख जाये–ऐसा कोई नियम नहीं है। एक मुनिको देखकर किसी राजा ने यह विचार किया कि यह मुनि क्या खाते होंगे? क्या पीते होंगे? जिससे मुनिका शरीर इतना सुन्दर है। मैं इतना महान राजा, तथापि मेरा शरीर ऐसा क्यों नहीं? इस प्रकार मुनिको देखकर राजा आश्चर्यचकित हो गया। मुनिकी बाह्यऋद्धि देखकर राजाको अन्तरङ्ग आत्माका बहुमान आया और इससे उन्होंने धर्मका यथार्थ स्वरूप समझ लिया। शरीर और आत्मा बिल्कुल भिन्न हैं, दोनों पदार्थ पृथक् हैं—इत्यादि स्वरूप समझा। आत्माकी साधकदशाके साधनेवाले मुनिओंका शरीर सुन्दर–सुशोभित भी होता है, इससे यह सिद्ध होता है कि आत्माके स्वभावरूपी खाद्यपदार्थमे रमण करनेवाले मुनिओंका शरीर सूख ही जाता हो–ऐसा कोई नियम नहीं है, उसीप्रकार मोक्षपर्यायके साधक मुनियोंके शरीरमे रोग नही आता, और उनके आत्मामे अहिंसा प्रगट हुई है, इसलिये उस अहिंसाका प्रभाव बाह्यमे दूसरों पर भी पड़े–ऐसा भी कोई नियम नहीं है। मुनियोंके शरीरमे रोग भी आते हैं और उन्हें सिंह–बाघ भी खा जाते हैं, क्योंकि शरीर और आत्मा बिल्कुल भिन्न पदार्थ हैं। जहाँ आत्मस्वभावका भान

है वहाँ शान्तरसका प्रवाह होता है, शरीर और आत्माका वहाँ सम्बन्ध ही क्या है? शरीर सशक्त रहे तो भी क्या! और दुर्बल हो जाये तो भी क्या! वह कहीं आत्माका स्वरूप नहीं है। आत्माके शान्तरसमें क्रीड़ा करनेके लिये शरीरके साथ कोई सम्बन्ध नहीं है।

धर्मात्मा जीव विचार करता है कि मैं आत्मा प्रत्यक्ष, अखण्ड, अनन्त, चिन्मात्रज्योति हूँ, निश्चयसे मैं प्रत्यक्ष हूँ। यहाँ, प्रत्यक्ष है ऐसा कहा है: परोक्ष नहीं कहा, आत्मा तो प्रत्यक्ष ही है न? आत्मा परोक्ष हो सकता है? मति-श्रुतज्ञानी आत्माको यथार्थतया निःशंकरूपसे जान सकते हैं इसलिये वह प्रत्यक्ष है, और सम्पूर्णरूपसे केवलज्ञानी जान सकते हैं, इस अपेक्षासे परोक्ष है। परन्तु परमार्थसे-द्रव्यदृष्टिसे आत्मा प्रत्यक्ष है, क्योंकि मति-श्रुतज्ञानी आत्माको बराबर जान सकते हैं। पुनश्च, कैसा है? अखण्ड है-जिसमें कर्मके निमित्तसे भङ्ग या भेद नहीं होते।

और फिर अनन्त-अपार स्वभाववाला है। आत्माका आदि भी नहीं और अन्त भी नहीं। धर्मात्मा विचार करता है कि मैं अनादि-अनन्त हूँ, स्वतःसिद्ध हूँ।

✓ आत्मा कैसा है? नित्य-उदयरूप है। इस विशेषणमें बिल्कुल द्रव्यदृष्टिको लिया है, निमित्तकी अपेक्षाको निकाल दिया है। अपूर्ण और पूर्ण, मोक्ष और मोक्षमार्गकी पर्याय मुझमें नहीं है। द्रव्यसे, गुणसे, पर्यायसे-सर्व प्रकारसे मैं निर्मल हूँ। द्रव्य, गुण और द्रव्यकी कारणपर्याय-तीनों प्रगट हैं, आवरणरहित हैं; आत्मा प्रतिसमय-नित्य प्रगट है।

और ज्ञानी ऐसा समझते हैं कि विज्ञानघनस्वभावरूप होनेके कारण मैं एक हूँ, ज्ञानका घन हूँ अर्थात् निर्बन्ध हूँ, कर्मके निमित्तसे होनेवाले भाव मुझमें नहीं हैं, मैं तो उनसे रहित विज्ञानघन हूँ। द्रव्यसे, गुणसे और पर्यायसे-तीनोंसे स्थायी वस्तु हूँ, एक हूँ, जो अनेक विकारी भाव होते हैं वे मुझमें नहीं है।

कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान और अधिकरणस्वरूप सर्व कारकोंके समूहकी प्रक्रियासे पार उतरी हुई जो निर्मल अनुभूति है—उस अनुभूतिमात्रके कारण मै शुद्ध हूँ।

✓ मै राग-द्वेषका कर्ता[1] नहीं रहा, वे मेरे कार्य[2] नहीं रहे; मैं उनका साधन[3] नहीं हूँ, मैंने उन्हें रखा[4] नहीं है वे मुझमे[5] से हुए नहीं हैं और उनको मेरा आधार[6] नहीं है। ऐसा विचार कौन करता है? धर्मी-ज्ञानी जीव विचार करता है कि मेरे स्वभावमे यह छह प्रकार हैं ही नहीं यह राग-द्वेष मेरे आधारसे हुए हों—ऐसा त्रिकालमें है ही नहीं।

मैं अवगुणोंमे छह प्रकारसे कर्ता हूँ ही नहीं क्योंकि मेरे गुणोंमेसे कभी भेद पड़े ही नहीं, इससे मैं अवगुणोका कर्ता हुआ ही नहीं, इसलिये मैं कर्ताकर्मको प्रक्रियासे पार उतरा हुआ हूँ, उनके समूहसे पार हूँ।

बन्ध-मोक्षकी पर्याय मैं नहीं हूँ, राग-द्वेप भी मै नहीं हूँ, वह मेरा कार्य नहीं है-ऐसा भान होने पर जो अल्प राग-द्वेष रहा उसका मै स्वामी नही हूँ, मेरा स्वभाव तो निर्मल अनुभूति है, मैं निर्मल अनुभूतिस्वरूप हूँ इससे मै शुद्ध हूँ, मैं आत्मा कर्ता और निर्मल अनुभूति मेरा कार्य है उसके अतिरिक्त अन्य कुछ भी मेरा कार्य नहीं है।

ज्ञान-दर्शन पूर्ण हूँ-ऐसा कहकर पर्यायसे भी परिपूर्ण लिया है। टीकामे यह कहकर कि मैं प्रत्यक्ष हूँ, परका आश्रय नहीं है, परोक्ष नहीं हूँ-यह तात्पर्य लिया है। अनादि-अनन्त कहकर कालसे अनादि-अनन्तता कहना सो उपचारसे है किन्तु नित्य-उदयरूप कहकर वर्तमानमे ही अपने समस्त भावोंसे पूर्ण है। इस कर्ताकर्म अधिकारमे भेदज्ञानकी बात है अर्थात् पर्यायकी बात है, तथापि स्वत अपूर्ण—अधूरी पर्याय जितना नहीं है अर्थात् अपूर्ण पर्यायसे भिन्न किया। और पर्यायसे परिपूर्ण है-वैसा बतलाते है। नित्य-उदयरूप विज्ञानघन-स्वभावभाव कहकर यह बतलाते हैं कि नित्य द्रव्य-गुण-पर्यायसे परिपूर्ण है। पर्यायकी परिपूर्णतामे त्रिकाली ध्रुवरूप कारण पर्याय ली है।

यदि अवस्थादृष्टिका लक्ष छोड़ दे तो वस्तु, वस्तु ही है, एकरूप

ही है परन्तु लोगोंको अन्तरकी बात समझमे नहीं आती, इसलिये जहाँ पर बाह्यकी बात आती है वहाँ प्रसन्न हो जाते हैं, कोई बाह्यसे धर्म करना बता दे तो अनुकूल पडता है, यदि बच्चोंको मिठाई बाँट दे तो धर्म होना मान लेते है, दूसरे लोगोंसे कहते हैं देखा! हम कैसा धर्ममें पैसा लगाते है—इसप्रकार कर्तृत्वका अभिमान करते हैं, और यदि कुछ पैसा खर्च करते है तो इस प्रकार खर्च करेंगे जिससे चारों ओर नाम फैल जाये—ख्याति प्राप्त हो। ऐसे अभिमानके हेतुसे पैसा खर्च करनेमें कोई पुण्य नहीं होता, फिर धर्मकी तो बात ही क्या है?

अपनेको जाने बिना परके कर्तृत्वका अभिमान दूर नहीं होता। धर्मात्मा जीव राजकाजमे हो तथापि वह कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिसे निवृत्त ही होता है· कर्ताकर्मकी अवस्थासे पार हो गया है, अन्तरङ्गसे भ्रमका त्याग हो गया है; किन्तु ऐसा माननेवाला सारा घरबार छोड़कर त्यागी ही हो जाता है—ऐसा कुछ नहीं है, तथापि अन्तरसे भ्रान्ति दूर हो जाती है, यह बात यथार्थ है। भ्रान्तिका त्याग होनेसे ज्ञानी ऐसा मानते है कि परका अनुसरण करके होनेवाले जो भाव है वह मेरा कार्य नहीं है, मेरी कर्मण्यता नहीं है· किन्तु अपने चैतन्यका अनुसरण करके होनेवाले जो भाव है वह मेरा कार्य है। धर्मात्माको निर्मल अनुभूतिकी अवस्था प्रगट हुई है और स्वत भी त्रिकाल उसरूप है, धर्मी जीव स्वतः ही शुद्ध पर्यायमे वृद्धि करते-करते वीतराग होता है, दृष्टि और ज्ञान कारण है तथा चारित्र उसका कार्य है।

पुद्गलद्रव्य जिसका स्वामी है—ऐसी जो क्रोधादि भावोंकी विश्वव्यापकता है, उसके स्वामीरूपसे निरन्तर स्वतः परिणमित न होनेसे मैं ममत्वरहित हू।

धर्मात्मा जीव समझते हैं कि क्रोध, मान, राग-द्वेषादिका स्वामित्व जड़का है, मैं तो निर्दोष क्षमावन्त वीतरागस्वरूप हूँ और राग-द्वेषका ज्ञाता हूँ; राग-द्वेष चैतन्यकी पर्यायमें होते है, तथापि मैं उनका ज्ञाता हूँ। क्रोधादि भावोंकी जो विश्वव्यापकता अर्थात् अनेकता

है उसके स्वामीरूप मैं नहीं होता, वे जड़के निमित्तसे होनेके कारण जड है, मै विकारी भावोंका स्वामी नहीं होनेसे ममत्वरहित हूँ, अल्प राग-द्वेष होते हैं, तथापि मै स्वत उनके स्वामीरूपसे परिणमित नहीं होता इसलिये मै ममत्व रहित हूँ। इससे अनन्तपुरुषार्थ है, आत्माका भान होने पर अनन्तपुरुषार्थ प्रगट होता है और कर्तृत्व छूट जाता है, अनन्तपुरुषार्थ प्रगट होने पर ही कर्तृत्व छूटता है।

कितने ही लोग तो केवली भगवानको ईरिया वहीया क्रियाका कर्ता बतलाते है। अरे रे! विचारे जीव तत्त्वको नहीं समझते इसलिये कहाँसे कहाँ कर्तृत्वको लगा दिया। जो कर्तृत्व अज्ञानीके पहले गुणस्थानमें होता है, उसे तेरहवें गुणस्थानमे केवली भगवानको कह दिया है। देखो तो! कितनी मूढता है, कितनी अज्ञानता है! कर्तृत्व तो चौथे गुणस्थानमे ही सम्यग्दर्शन होने पर छूट जाता है, फिर केवली भगवानके तो वह होगा ही कहाँसे? केवली भगवान तो सम्पूर्ण वीतराग हुए हैं, उनके एक विकल्प मात्र भी नहीं है फिर कर्तृत्वकी तो बात ही क्या?

ज्ञानीके अल्प अस्थिरता होती अवश्य है, शुभाशुभभावरूप मलिन परिणाम भी होते है, परन्तु उन्हें ऐसी दृढ़ प्रतीति है कि मै उसरूप किसी दिन नहीं हुआ, धर्मी जीव विकारी अवस्थाके कर्ता नहीं होते, किन्तु अपने स्वभावकी ही अवस्थाके कर्ता होते हैं।

ज्ञानी ऐसा समझते हैं कि पहले मै अज्ञानतासे पर पदार्थको अपना माननेरूप अभिमान करता था, परकी खतौनी अपने खातेमे और अपनी परके खातेमें करता था, परपदार्थोंमेंसे सुख प्राप्त करनेकी लालसा थी, स्वभावकी अरुचि थी, परन्तु वे परभाव कभी भी मेरे रूपमे नहीं थे। मैं अज्ञानताके कारण भले ही उन भावोंको अपनेरूप मानता था, तथापि कभी भी वे भाव मुझरूप नहीं हुए। जो अपनेरूप हो गया हो वह कभी छूट नहीं सकता, परमार्थसे आत्मा यदि सदोषरूप हो गया हो तो कभी निर्दोषरूप नहीं हो सकता, इससे मै आत्मा त्रिकाल निर्दोष पवित्र

हूँ, ऐसे पवित्र स्वभावका भान होने पर ऐसा जानता है कि वे सदोष भाव कभी मुझमें थे ही नहीं; वे मेरा स्वरूप नहीं हैं, मै उनका स्वामी नहीं हूँ, वे भाव पर निमित्तसे होते हैं इसलिये उनका स्वामी जड़ है। शुभाशुभ वृत्तियाँ चैतन्यकी पर्यायमें होती हैं परन्तु द्रव्यदृष्टिके बलमे उन्हें जड़ कह दिया है।

✓ चैतन्यद्रव्यमें वे विकारीभाव थे नही, हैं नहीं और होंगे भी नही। देखो, यह सम्यग्दृष्टिकी अन्तर प्रतीति! ऐसे निराले चैतन्यस्वरूपको जाने विना, प्रतीतिमे लिये विना भवका अन्त कैसे होगा? सम्यग्दृष्टिकी अन्तरोन्मुखता अपने शुद्ध स्वभावकी ओर होती है, यही अन्तरङ्ग भावना और यही अन्तरका जाप है।

जो क्रोध, मान, राग इत्यादि विकारी भाव हैं उनके रूपमें परिणमित न होनेसे मैं ममत्वरहित हूँ, ममतारहित कहकर नास्तित्व बताया है। पहले यह कहकर आचार्यदेवने अस्तित्व बताया कि मैं एक हूँ, और शुद्ध हूँ। तत्पश्चात् यह कहकर कि विकारी भावोंका स्वामित्व मुझमें नहीं है, इससे मै ममतारहित हूँ; नास्तित्व बताया।

चिन्मात्रज्योतिका (आत्माका) वस्तुस्वभावसे ही, सामान्य और विशेष द्वारा परिपूर्णत्व (सम्पूर्णत्व) होनेसे, मैं ज्ञान-दर्शन द्वारा परिपूर्ण हूँ। (वस्तुका स्वभाव सामान्य-विशेषरूप है। आत्मा भी वस्तु होनेसे वह सामान्य-विशेपरूप है अर्थात् दर्शन-ज्ञानस्वरूप है)

जब सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान होता है तब मैं भगवान आत्मा सामान्य और विशेषसे अर्थात् ज्ञाता-दृष्टा स्वभावसे परिपूर्ण हूँ, मेरे स्वभावमे पुण्य-पाप हैं ही नहीं-ऐसी दृढ़ प्रतीति होती है। इसप्रकार प्रतीति और ज्ञान करके धर्मात्मा स्वरूपमें स्थिर होता है और स्थिरतामे वृद्धि करते-करते वीतराग होता है-उसका नाम चारित्र है।

प्रश्न—धर्मीकी क्रिया यह है?

उत्तरः—हाँ, यह धर्मीकी अनन्त क्रिया है, चैतन्यके धर्मकी क्रिया चैतन्यमें होती है, परमे नहीं होती।

दर्शनोपयोग सामान्य है और ज्ञानोपयोग विशेष है। सामान्य अर्थात् भेद किये बिना। ज्ञान होनेसे पूर्व, परविषयसे रहित जो सत्ता-मात्र आत्मव्यापार है सो दर्शनोपयोग है, और प्रत्येक वस्तुको भिन्न-भिन्नरूप, रागके विकल्पके विना जानना सो ज्ञानोपयोग है।

आत्मा कभी भी पुण्य-पापके विकारी भावरूप नही हुआ, और कभी दर्शन-ज्ञानसे पृथक् नहीं हुआ। आत्मा अनन्त गुणोंका पिण्ड अनादि-अनन्त, परसे निराला, अखण्ड है-ऐसी प्रतीति करके उसमें स्थिर होना सो प्रतिक्रमण है, इसका नाम प्रायश्चित है। इस प्रतिक्रमण और प्रायश्चितसे मोक्षकी प्राप्ति होती है। अब चैतन्यकी अन्य द्रव्योंके साथ तुलना करके उसे भिन्न बताते है।

इस गाथामे शिष्यने यह प्रश्न किया था कि आत्मा किस प्रकार आस्रवोंसे निवृत्त होता है? उसके उत्तरमे आचार्यदेवने कहा कि—मैं एक हूँ, शुद्ध हूँ, ममत्वरहित हूँ, ज्ञान-दर्शनसे पूर्ण हूँ—ऐसा भान होनेसे आत्मा आस्रवोंसे निवृत्त होता है, बन्धन खुल जाते हैं। ऐसा-मै आकाशादि द्रव्योंकी भाँति पारमार्थिक वस्तु-विशेष हूँ।

धर्मात्मा ऐसा समझते हैं कि—धर्मास्ति, अधर्मास्ति, आकाशास्ति, काल इत्यादिकी भाँति मै भी अरूपी वस्तु हूँ। आकाशद्रव्य, उसके अनन्त गुण और पर्याय-वे सभी अनादि-अनन्त, हैं आकाश अरूपी, उसके गुण अरूपी, उसकी पर्याय भी अरूपी है, वे तीनों एक होकर अखण्ड वस्तु है।

धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, काल और परमाणु इत्यादि वस्तु, वस्तुके गुण, और उसकी पर्याय अनादि-अनन्त निर्मल है। वे सब वस्तु है, वैसे ही मै भी एक वस्तु हूँ, इसलिये मैं भी द्रव्यसे, गुणसे और पर्यायसे अनादि-अनन्त निर्मल हूँ।

ऐसा-मै आकाशादि वस्तुओकी भाँति पारमार्थिक वस्तु-विशेष हूँ, सभी द्रव्य, द्रव्यसे, गुणसे और पर्यायसे त्रिकाल निर्मल है एक पृथक् परमाणु भी द्रव्य, गुण और पर्यायसे निर्मल है, तो फिर मुझमे

यह मलिनता कहाँसे आ गई? परके निमित्तसे होनेवाली सापेक्ष पर्यायमें मलिनता हुई है किन्तु मेरी निरपेक्ष पर्याय आकाशादि द्रव्योंकी भाँति अनादि-अनन्त निर्मल है।

धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, काल और परमाणु जैसे मुख्य वस्तु है, मुख्य-मुख्य पृथक् पदार्थ हैं, उसीप्रकार मैं भी 'मुख्य' भिन्न पदार्थ हूँ, उन सबके स्वभावकी अपेक्षा मेरे स्वभावमें अन्तर है। मैं एक, शुद्ध, ममत्वरहित हूँ, और ज्ञान-दर्शनसे पूर्ण हूँ; आकाशादि द्रव्य तो जड़स्वभावी हैं किन्तु मैं चैतन्यस्वभावी हूँ।

जैसे आकाशादि 'मुख्य' पदार्थ हैं वैसे ही मैं भी एक 'मुख्य' पदार्थ हूँ। आकाशादि द्रव्य मलिन नहीं होते, और मैं क्यों मलिन होता हूँ? इसलिये निरपेक्ष दृष्टिसे देखने पर मैं पर्यायसे भी मलिन नहीं हुआ। निरपेक्ष पर्यायमें मलिनता नहीं, किन्तु सापेक्ष पर्यायमें मलिनता है।

यदि कर्मकी अपेक्षाको छोड़ दें तो आत्मा त्रिकाल द्रव्यसे, गुणसे और पर्यायसे निर्मल है। जैसे आकाशादि पदार्थ भिन्न-भिन्न, अनादि-अनन्त द्रव्य, गुण और पर्यायसे निरपेक्ष पड़े हैं उसीप्रकार आत्मा भी त्रिकाल द्रव्य, गुण और पर्यायसे अखण्ड निरपेक्षरूप परसे पृथक् है। आत्मा एक वस्तु है-पदार्थ है तो, जैसी वस्तु हो वैसा ही उसका वर्तमान भी होता ही है। जिसप्रकार वस्तु अखण्ड त्रिकाल निर्मल, ध्रुव है उसीप्रकार उसका वर्तमान अंश भी ध्रुव है, निर्मल है, निरपेक्ष है।

जैसे आकाशादि द्रव्योंमें परकी अपेक्षा नहीं है वैसे ही आत्मामें से कर्मके निमित्तके सद्भाव-अभावकी अपेक्षाको निकाल दे तो वस्तु, उसके गुण और उसकी अंशरूप पर्याय परकी अपेक्षाके बिना त्रिकाल स्थायी हैं।

कर्मके निमित्तके अभावकी अपेक्षासे मुझमें मोक्षका उत्पाद और संसारका व्यय दिखाई देता है। ऐसे उत्पाद-व्यय परनिमित्तसे

दिखाई देते हैं किन्तु यदि वस्तुका यथार्थ स्वभाव लक्ष्यमें लिया जाये तो वस्तु अनादि-अनन्त, निरपेक्षरूपसे एकाकार-परिणामी है। मेरी वस्तुको किसी अन्यकी अपेक्षा नहीं है, मात्र निरपेक्ष वस्तु है, वह वस्तु द्रव्य, गुण, पर्यायसे त्रिकाल निर्मल है।

आकाशादि पदार्थोंकी भाँति मैं यथार्थ स्वभावसे पारमार्थिक वस्तु-विशेष हूँ, आकाशादि द्रव्योंमें परका कर्ताकर्मपना उनके स्वभावमें नहीं है, वैसे ही मैं राग-द्वेषका कर्ता और वह मेरा कर्म-ऐसा मेरे आत्मवस्तु स्वभावमें ही नहीं है। देखो! इस सम्यग्दर्शन स्वभावमेंसे कर्ताकर्म इसप्रकार निकाल दिये और मुक्त होनेका उपाय बतलाया।

मैं वस्तुविशेष हूँ, इससे मैं समस्त परद्रव्य-प्रवृत्तिसे निवृत्ति द्वारा इसी आत्मस्वभावमें निश्चल रहता हुआ, समस्त परद्रव्योंके निमित्तसे विशेषरूप चेतनमें होनेवाली जो चञ्चल कल्लोलें हैं उनके निरोध द्वारा इसीका (इस चैतन्यस्वरूपका ही) अनुभव करता हुआ, अपने अज्ञान द्वारा आत्मामें उत्पन्न होनेवाले जो यह क्रोधादिक भाव हैं उन सबका क्षय करता हूँ।

✓राग-द्वेष, क्रोध, मान, माया, हास्य, रति, अरति इत्यादि जो परद्रव्योंकी प्रवृत्तियाँ हैं उनसे निवृत्ति लेता हुआ मैं अपने चैतन्य-आत्माका अनुभव करता हूँ। शरीरादि तो जड़ हैं ही, परन्तु राग-द्वेषके परिणामोंको भी जड़ कहा है-पर कहा है।

✓समस्त परद्रव्योंके निमित्तसे चैतन्यमें संकल्प-विकल्पोंकी जो चञ्चल कल्लोलें उठती हैं उनका सम्यक्पुरुषार्थके द्वारा निरोध करके स्वभावका अनुभव करता हुआ सर्व कर्मोंको क्षय करता हूँ। राग-द्वेषको दूर करनेका पुरुषार्थ सो अवस्थाका पुरुषार्थ है, द्रव्यको प्रगट करनेका पुरुषार्थ होता ही नहीं, क्योंकि द्रव्य तो सदा प्रगट ही है, द्रव्यके ऊपर दृष्टि करना-वह दृष्टि भी अवस्था है, इसलिये पुरुषार्थ पर्याय प्रगट करनेका ही होता है। स्वभावमें तो विकार नहीं है, किन्तु परद्रव्यकी ओर ढलती हुई जो अवस्था है उसे स्वभावोन्मुख करता

हुआ, चैतन्यका ही अनुभव करता हुआ अर्थात् स्वभावकी स्थिति-रूप होता हुआ मैं समस्त क्रोधादि भावोंका क्षय करता हूँ।

पहले कहा था कि मैं पारमार्थिक वस्तुविशेष हूँ, ऐसा कहकर फिर यह कहा कि मेरा द्रव्य अन्य द्रव्योंसे भिन्न है, और यहाँ पर्यायकी विशेषता कहते हैं कि परद्रव्यके निमित्तसे विशेषरूप चैतन्यमें होनेवाली जो चञ्चल कल्लोलें हैं, उन्हें शांत करके मैं आत्माका ही अनुभवन करता हूँ। ज्ञानी कहते हैं कि मेरे अज्ञानभावसे पहले मुझमें राग-द्वेष होते थे, उन्हें अब मैं सम्यग्ज्ञानके द्वारा नष्ट करता हूँ। देखो! इसमें पुरुषार्थको लिया है। अपने पुरुषार्थकी शक्तिसे उनमें युक्त होता था, अब पुरुषार्थकी शक्तिसे आत्मानुभव द्वारा उन सबका क्षय करता हूँ।

प्रथम वस्तुदृष्टि कही और अब यहाँ पर्यायदृष्टि कही है। कोई ऐसा माने कि विकारी पर्याय मुझमें होती ही नहीं, उससे ऐसा कहते हैं कि विकार तेरी अवस्थामें होता है और तेरे ही पुरुषार्थ द्वारा दूर होता है–ऐसा कहकर पर्यायका ज्ञान भी साथ ही बताते हैं। आचार्यदेवने अपार करुणा करके अखण्ड स्वरूपको बताया है। यह समयसार भरतक्षेत्रका भगवान है, और इसमें मोक्षके बीज बोये गये हैं।

टीकामें कहा है कि 'क्षय करता हूँ' वह द्रव्यदृष्टिसे क्षय करना कहा है। दृष्टिमें सर्व कर्मोंकी स्वतः नास्ति है और सर्व कर्मोंको क्षय करनेका पुरुषार्थ है, इससे क्षय करता हूँ—वैसा कहा है। जो अल्प अस्थिरता रह जाती है उसे ज्ञानी अपना स्वभाव नहीं मानता और वह अल्पकालमें ही क्षय होनेवाली है, इससे क्षय करता हूँ कहा है।

कर्मोंका मैं क्षय ही करता हूँ—ऐसा निश्चय करके, अधिक समयसे पकड़ा हुआ जहाज जिसने छोड़ दिया है–ऐसे समुद्रके तूफानकी भाँति जिसने सर्व विकल्पोंका शीघ्र ही वमन कर दिया है ऐसे निर्विकल्प, अचलित, निर्मल आत्माका अवलम्बन लेता हुआ, विज्ञानघन होता हुआ, यह आत्मा आस्रवोंसे निवृत्त होता है।

जैसे समुद्रके झंझावातमे फँसा हुआ जहाज उसने छोड़ दिया है वैसे ही जिसने सर्व विकल्पोंको शीघ्र छोड़ दिया है, आत्मस्वभावका अवलम्बन लेता, निर्विकल्प होता हुआ जिसने सर्व विकल्पोंको शीघ्र छोड़ दिया है (जैसे हाथसे कोई वस्तु ले रखी हो और उसे छोड़ दे, वैसे ही विज्ञानघन होते हुए जिसने सर्व विकल्पोंका वमन कर दिया है) वह शीघ्र ही आस्रवोंसे निवृत्त होता है।

जैसे समुद्रका झंझावात अपने आप ही छूटता है, वैसा ही आत्मामे नही है। उस सिद्धान्तमे एकदेश दृष्टान्त लागू पड़ता है, क्योंकि राग-द्वेष विकल्प अपने आप नहीं छूटते किन्तु जब स्वत पुरुषार्थ करके विकल्पोंको छोड़ता है तब छूटते है।

राग-द्वेषकी आँधी मेरी नहीं है, मेरा तो निर्मल-पवित्र स्वभाव है, उसके भानमें विकल्पोंका वमन कर दिया है—ऐसा मैं, निर्विकल्प अर्थात् विकल्पोंसे रहित, अचलित अर्थात् निश्चल, निर्मल अर्थात् राग-द्वेषके मैलसे रहित—ऐसे आत्माका अवलम्बन करता हुआ, विज्ञानघन होता हुआ आस्रवोंसे निवृत्त होता हूँ।

एक ओरसे परसे विल्कुल पृथक् कहा, पुनश्च, दूसरी ओरसे पर्यायसे 'निवृत्त होता है' वैसा कहा है। आस्रवोंसे निवृत्त होता है वह वात पर्यायकी अपेक्षासे है, पर्यायमे जो वृत्तियाँ होती थीं अर्थात् ज्ञान डगमग होता था—अस्थिर होता था, वह ज्ञान द्रव्यके अवलम्बनसे स्थिर होता है, एकरूप होता है—इससे अवस्थाकी मलिनता दूर हो जाती है, अर्थात् आस्रवोंसे निवृत्त होता है।

ज्ञानीने शुद्धनयसे आत्माका ऐसा निश्चय किया है कि मैं एक हूँ, शुद्ध हूँ। शुद्धनय अर्थात् आत्माको देखनेवाली दृष्टिसे ऐसा निश्चय किया कि मैं एक हूँ, शुद्ध हूँ, राग-द्वेषादि विकारोंका कर्ता नहीं हूँ, राग-द्वेषका कर्ता, साधन आदि छह कारकोंके भेदोंसे मैं रहित हूँ, परद्रव्योंके प्रति ममत्वरहित हूँ, ज्ञान-दर्शनसे पूर्ण वस्तु हूँ। जब वह ज्ञानी-आत्मा, ऐसे अपने स्वरूपमे स्थिर होता हुआ उसीके अनुभवरूप

होता है तब क्रोधादिक आस्रव क्षयको प्राप्त होते हैं। जैसे समुद्रके झंझावातने बहुत समयसे जहाजको पकड़ रखा हो किन्तु जब वह शान्त होता है तब जहाजको छोड़ देता है, इसीप्रकार आत्मा विकल्पोंके तूफानका शमन करता हुआ आस्रवोंको छोड़ देता है. यहाँ पर तो क्षय करनेकी और वमन कर देनेकी ही बात है। यह राग-द्वेषके कार्य मेरे कार्य नहीं हैं, मेरा कार्य तो ज्ञानमात्र स्वभावका है—ऐसा निश्चय करके स्वभावका अवलम्बन लेता हुआ राग-द्वेषका वमन कर देता है।

अब शिष्य पूछता है कि ज्ञान होनेका और आस्रवोंकी निवृत्तिका समकाल किस प्रकार है? वह कहता है कि—अन्तरमें ज्ञान हो और ज्ञान होनेसे विकार दूर हो जाये, वह दोनों एक ही साथ हैं अथवा एकके बाद एक—क्रमशः ?

जीवणिबद्धा एदे अधुव अणिच्चा तहा असरणा य।
दुक्खा दुक्खफल त्ति य णादूण णिवत्तदे तेहिं ॥ ७४ ॥

जीवनिबद्धा एते अध्रुवा अनित्यास्तथा अशरणाश्च।
दुःखानि दुःखफला इति च ज्ञात्वा निवर्तते तेभ्यः ॥ ७४ ॥

अर्थः—यह आस्रव जीवके साथ निबद्ध हैं, अध्रुव हैं, अनित्य हैं और अशरण हैं, पुनश्च वे दुःखरूप हैं, दुःख ही जिसका फल है—ऐसे हैं—ऐसा जानकर ज्ञानी उनसे निवृत्ति करता है।

यह गाथा बहुत अच्छी है, इसमें बहुत न्याय आयेंगे। इसमें दुःखसे मुक्त होनेका वास्तविक उपाय कहा है।

आत्मामें नवीन बन्धन होनेके जो भाव हैं वे जीवके साथ निबद्ध हैं, पुण्य-पापके भाव आत्माके साथ बंधे हुए हैं किन्तु वह आत्माका स्वभाव नहीं है। जो विकारी भाव हैं वे अध्रुव हैं, एकरूप नहीं रहते, अनित्य अर्थात् क्षणिक हैं, शरणहीन हैं, अर्थात् पुण्य-पापके भावोंमें आत्माको कहीं भी शरण नहीं मिलती—विश्रांति नहीं मिलती; और फिर वे दुःखरूप हैं अर्थात् पुण्य-पापके भावोंमें कहीं भी सुख नहीं

मिलता—शांति नहीं मिलती, किन्तु मात्र आकुलताका ही वेदन होता है, और उन भावोंका भविष्यमे जो फल आता है वह भी दुःखरूप ही है और पुण्य—पापके भावोंसे पृथक् जो आत्मस्वभाव है वही सुखरूप है—शांतिरूप है—शरणरूप है—ऐसा जानकर धर्मात्मा उनसे निवृत्त होते हैं। निवृत्त होना ही सच्ची क्रिया है।

वृक्ष और लाखकी भाँति वध्य—घातकस्वभावपना होनेसे आस्रव जीवके साथ बंधे हुए हैं, परन्तु अविरुद्धस्वभावपनेका अभाव होनेसे वे जीव ही नहीं हैं। (लाखके निमित्तसे पीपल आदि वृक्ष नष्ट होते हैं। लाख घातक अर्थात् घात करनेवाली है और वृक्ष वध्य—घात होने योग्य है। इसप्रकार लाख और वृक्षका स्वभाव एक-दूसरेसे विरुद्ध है इसलिये लाख वृक्षसे बंधी हुई ही है, वह स्वतः वृक्ष नहीं है। उसीप्रकार आस्रव घातक हैं और आत्मा वध्य है। इसप्रकार विरुद्ध स्वभाव होनेसे आस्रव स्वतः जीव नहीं है।)

आत्मामे जो भी व्रत-अव्रतके, पूजा—भक्तिके, दया—हिंसादिके भाव होते हैं वे सब विकारीभाव हैं वे आत्माके साथ बंध हुए हैं, लाख और वृक्षकी भाँति उनका सम्बन्ध है। वृक्ष, वध्य अर्थात् हने जाने योग्य है और लाख हनने वाली अथवा घात करने वाली है। वध्य वृक्षको लागू होता है और घातक लाखको लागू पडता है। यह तो दृष्टान्त है किन्तु वैसा आत्मामें समझनेके लिये कहा है।

आत्मा घात होने योग्य है अर्थात् पुण्य—पाप और मिथ्या-अभिप्रायके जो परिणाम होते हैं उनसे आत्माके स्वभावका घात होता है और पुण्य—पापके परिणाम घातक है। आत्मामे जितनी पुण्य—पापकी वृत्तियाँ होती हैं उनसे भगवान आत्मा पृथक् है। वृक्षमेसे जब लाख निकलती है तब वृक्षका नाश होता है। जैसे पीपलके वृक्षमे लाख होती है वह पीपलका क्षय करनेवाली है, वैसा ही आत्मामे व्रत—अव्रतके जो शुभाशुभभाव उदित होते है वे आत्माका क्षय करनेवाले हैं। आत्माका क्षय करनेवाले हैं, यह उपचारसे कहा है, वास्तवमे आत्माकी निर्मल

अवस्थाका क्षय करनेवाले हैं, इससे पुण्यभाव छोड़कर पापभाव करनेकी बात नहीं कही है किन्तु पुण्य-पापभाव आत्माके स्वभावका घात करनेवाले हैं—ऐसा समझनेकी बात है।

जिन भावोंसे स्वर्गका भव मिले, अथवा जिनसे नरकका भव धारण करना पड़े वे सभी भाव जीवके साथ बँधे हुए हैं। जहाँ तक राग-द्वेष है वहाँ तक वे जीवको हानि करते हैं: चैतन्य ज्ञाता-दृष्टा है, और राग-द्वेषमें चैतन्यके स्वभावसदृश स्वभावका अभाव स्वसे च्युतिरूप है अर्थात् विरुद्धस्वभाव होनेसे पुण्य-पापके भाव जीव नहीं किन्तु जड़ हैं। विरुद्धस्वभाव होनेसे और जड़के निमित्तसे उत्पन्न होनेसे वे जड़ हैं।

जिस ताँबेका मेल सोनेको पन्द्र वान कहलाये वह ताँबा वास्तवमें सोना नहीं है किन्तु सोनेसे विरुद्ध जातिवाला ताँबा ही है। इसीप्रकार जड़कर्मोंके निमित्तसे शुभाशुभरूप विकारी भाव हों और उन भावोंके कारण आत्मा विकारी कहा जाये, वे विकारीभाव वास्तवमें आत्माका स्वभाव नहीं हैं। आत्मा चैतन्यरूप ज्ञान-दर्शन-आनन्दका रसकन्द है और शुभाशुभभाव वास्तवमें उससे विजातीय हैं, इसलिये वे उसका स्वभाव हैं ही नहीं।

लाख और वृक्षका स्वभाव एक-दूसरेसे विरुद्ध है, इसलिये लाख वृक्षके साथ मात्र बँधी हुई है किन्तु वह वृक्षका स्वभाव नहीं है और वह स्वतः वृक्ष भी नहीं है। इसीप्रकार आत्मामें जो शुभाशुभभाव होते हैं वे आत्मासे विरुद्ध हैं, वे कर्मके निमित्तसे मात्र अवस्थामें होते हैं, इससे आत्माका स्वभाव नहीं है; वैसे ही अवस्था स्वतः भी आत्मा नहीं है, परन्तु वह आत्माकी घातक है। पहले कहा था कि आत्माका कभी भी घात नहीं होता, और फिर यहाँ कहा है कि आत्माका घात होता है; तो उसका आशय ऐसा समझना चाहिये कि आत्माका घात नहीं होता किन्तु उसकी निर्मल पर्याय नष्ट होती है पर्याय नष्ट होनेसे आत्माका घात होता है वह उपचारसे कहा जाता है।

कितने ही लोग कहते हैं कि मोक्षमार्गके बीचमें शुभभाव आयें

उन्हें घातक कैसे कहते हो? वे शुभभाव विकार हैं इसलिये घातक ही हैं; यह साफ, दो और दो चार जैसी बात है। यह जीवनिबद्धका प्रथम बोल हुआ।

अब दूसरा बोल कहते हैं। आस्रव वायुवेगकी भाँति बढ़ते-घटते होनेसे अध्रुव हैं, चैतन्यमात्र जीव ही ध्रुव है।

जैसे कितने ही मनुष्योंको मूर्च्छाका रोग होता है, वह रोग क्षणभरमें बढ़ जाता है और क्षणमें कम हो जाता है। उसीप्रकार पुण्य-पापके भावरूप आस्रव क्षणमें बढ़ते हैं और क्षणमें घटते हैं। जैसे किसी मनुष्यके दान देनेके शुभभाव हो कि इस जगह इतने हजार रुपए दे दूँ, फिर वहाँ विचार बदले कि इतने अधिक रुपए देनेसे लोगोंको ऐसा लगेगा कि इसके पास बहुत पैसा है, और इससे चन्दा लेनेवाले भी आने लगेंगे, इसलिये यह प्रगट नहीं करना चाहिये कि हम पैसे-वाले हैं; इतना अधिक पैसा नहीं देना चाहिए। देखो! क्षण भर पूर्व कितना दान देनेके भाव थे और घड़ी भरमें ही वे कम हो गये, इसप्रकार आस्रव न्यूनाधिक होते हैं।

पुनश्च, किसीके हिंसाका भाव हो तब एकाएक जोशमें आकर खून कर देता है, और जब वह भाव मन्द होता है तब विचार करता है कि अरे रे! इस बेचारेको बिल्कुल न मारा होता तो अच्छा होता। फिर उससे कोई पूछे कि यह खून किसने किया? तो कहता है कि मैंने किया है, मैं अपराधी हूँ, मुझे बन्दी बना लो। देखो, क्षणभर पूर्व खून करनेके भाव थे और क्षणमें वे भाव बदल गये, इसप्रकार आस्रव बढ़ते-घटते हैं।

किसी-किसी समय ऐसा वैराग्य हो जाता है कि यह संसार असार है। संसारसे एकदम अरुचि हो जाती है, उसका राग मन्द पड़ जाता है, और जब फिरसे अनुकूलताएँ मिलती हैं तो सब भूल जाता है और राग पुनः बढ़ जाता है। इसप्रकार आस्रव न्यूनाधिक होते रहते हैं, क्योंकि वे अध्रुव हैं।

इससे ऐसा नहीं समझना चाहिये कि शुभभाव अपने आप ही होते हैं। जब स्वतः अशुभ भावोंको कम करके शुभभाव करता है तब होते हैं, वे शुभभाव आस्रव हैं—ऐसा कहकर वस्तुस्वभाव बतलाते हैं।

जब किसी समय कोई प्रतिकूलताका प्रसंग बन जाता है तब संसारसे उदास दिखाई देने लगता है, वैरागी-जैसा हो जाता है। और जब फिरसे मान एवं बड़प्पन मिलने लगता है तब सोचता है कि चलो मान मिला तो सब कुछ मिल गया—ऐसा राग बढ़ जाता है। इसप्रकार मूर्च्छाके वेगकी भाँति यह आस्रव घटते—बढ़ते रहते हैं। चैतन्य आत्मा ज्ञाता—दृष्टा स्वभावसे ध्रुव है, ऐसे ध्रुव—अध्रुव स्वरूपको जानकर ज्ञानी पुरुष आस्रवोंसे निवृत्त होते हैं।

प्रथम आचार्यदेवने ऐसा कहा कि—आस्रव आत्माके साथ वध्य—घातक स्वभावरूपसे हैं। आत्मा घात होने योग्य है और आस्रव उसका घात करनेवाले हैं। फिर दूसरे बोलमे कहा है कि आस्रव मूर्च्छाके वेगकी भाँति बढ़ते—घटते हैं, जैसे राग क्षणमे बढ़ जाता है और क्षणमे घट जाता है तथा आत्मा ध्रुव है। पुण्य—पापके भाव नाशवान हैं और मैं अविनाशी, ज्ञानवन्त ध्रुव हूँ—ऐसा भिन्न विवेक हुआ कि आस्रवोंसे निवृत्ति होती है।

शिष्यने प्रश्न किया था कि यथार्थ ज्ञान प्रगट होनेका और शुभाशुभ आस्रवभावोंके दूर होनेका एक ही काल किसप्रकार है? आचार्यदेव उसे उत्तर देते हैं कि आत्मा नाश होने योग्य है और आस्रव नाशक हैं; दोनों बिल्कुल विरुद्ध स्वभाववाले हैं, इसलिये पृथक् हैं। आत्माकी पर्यायमे विकार होनेकी योग्यता तभी तक है जबतक वह पराधीन होता है, तभीतक वह बात होने योग्य है—ऐसा समझना चाहिये। आस्रव अध्रुव हैं और आत्मा ध्रुव है, जहाँ इसप्रकार आत्मा और आस्रवोंका भिन्न विवेक हुआ कि उसी क्षण आस्रवोंका निरोध होता है। जो पुण्य—पापके भावरूप आस्रव हैं सो आत्मा नहीं है और आत्मा पुण्य—पापके भाव नहीं है—ऐसा पृथक् भान करके जितने अंशमें स्वरूपमें स्थिर हुआ उतने ही अंशमें उसी क्षण आस्रव दूर हो जाते हैं, इसप्रकार आस्रवोंके टलनेका और ज्ञान होनेका समकाल है।

आस्रव शीतदाहज्वरके आवेशकी भाँति अनुक्रमसे उत्पन्न होते हैं इसलिये अनित्य हैं। जिसका विज्ञानघन स्वभाव है—ऐसा जीव ही नित्य है।

अध्रुवमे न्यूनाधिकताके भाव थे और अनित्यमे शीतदाहज्वरकी भाँति–दोनोंमे एकदम अन्तर है, इतना अन्तर लिया है कि भाव बिल्कुल बदल जाता है। जब इकतरा बुखार आता है तब रजाइयाँ ओढ़कर सोता है, शरीर कँपने लगता है, और जब कँपकँपी मिट जाती है और बुखार बढ़ता है तब पानीमे भीगे हुए पोते सिर पर रखता है—इसप्रकार अनित्यके बोलमे बिल्कुल परिवर्तन लिया है।

उसीप्रकार पुण्य–पापके परिणाम ठण्डे–गरम बुखारके आवेशकी भाँति क्रमशः उत्पन्न होते हैं, इसलिये अनित्य हैं। जैसे एक–एक मासके उपवास करता है, दया-दान-भक्ति करता है, और ऐसे शुभ-परिणाम करता है कि नववें ग्रैवेयकमे जाता है, वहाँ शुक्ल–लेश्याके उज्ज्वल परिणाम होते हैं और फिर वहाँसे मरकर मनुष्य होता है तो बहुत कंजूस होता है, क्रोध, मान, माया और लोभके इतने तीव्र परिणाम करता है कि वहाँसे मरकर फिर नरकमे जाता है। देखो! इसप्रकार परिणामोंमें एकदम परिवर्तन हो जाता है। पूर्वभवमे मुनि हुआ था, उसके फलस्वरूप नववें ग्रैवेयकमे गया और इस भवमे पुन क्रोधादिक तीव्रता करके नरकमें गया–इसप्रकार ठण्डे-गरम बुखारकी भाँति परिणामोंमें एकदम अन्तर हो जाता है।

पुण्य–पापके परिणाम अनुक्रमसे उत्पन्न होते हैं, अर्थात् जब हिंसाके भाव होते हैं तब दयाके भाव नहीं होते, और जब दयाके भाव होते है तब हिंसाके भाव नहीं होते, तथापि अपनापन माननेमे दृष्टिका दोष तो दोनोंमें साथ है, विपरीत मान्यताकी शल्य तो दया—हिंसाके भावोंके समय साथ ही होती है। व्रत, तप, पूजा, दया, दान, हिंसा, झूठ इत्यादि परिणाम ठण्डे-गरम बुखारकी भाँति अनित्य हैं, परिवर्तित होनेवाले हैं, नाश होनेवाले हैं, और विज्ञानघन आत्मा अर्थात् निर्बन्ध ज्ञानका घन आत्मा नित्य चैतन्यस्वभाव ही है, ऐसे आत्माका विवेक

करे कि आस्रवोंसे उसी क्षण अंशतः निवृत्ति होती है। चैतन्यस्वरूप आत्माका विवेक होनेसे जो निर्मलपर्याय प्रगट हुई है वह नित्यस्वभावी द्रव्यके बलसे प्रगटी है इससे नित्यस्वभावमें उसका समावेश किया है।

पुनश्च, कहते हैं कि आस्रव अशरण हैं, अर्थात् पुण्य-पापके भाव अशरण हैं। आचार्यदेव कहते हैं कि जैसे काम-सेवनसे वीर्यपात होते ही दारुण कामका संस्कार नाशको प्राप्त होता है, किसीसे रोका नहीं जा सकता, उसीप्रकार कर्मोदयके छूटते ही आस्रव नष्ट हो जाते हैं; वे रोके नहीं जा सकते इसलिये अशरण हैं।

पुण्य-पापके परिणाम अशरण हैं। कर्मोदय छूट जानेके पश्चात् उन विकारी भावोंको आत्मा नहीं ला सकता, उसका अर्थ यह है कि अकेले आत्माका स्वभाव पुण्य-पाप करनेका नहीं है; शुभभाव आये और फिर छूट जाये, उस समय कोई कहे कि पुनः वैसेका वैसा शुभभाव लाऊँ किन्तु पुनः वैसेका वैसा भाव नहीं आता। शुभाशुभ भावोंको पकड़कर नहीं रखा जा सकता इसलिये आस्रव अशरण हैं। आस्रव अपना स्वभाव नहीं है, वे विपरीत पुरुषार्थसे होते हैं· अपनी चैतन्य-पर्यायमें भी वे परनिमित्तसे होनेवाले भाव हैं, अपना स्वभाव नहीं है, इससे उन्हें पकड़ा नहीं जा सकता, इसलिये पुण्य-पापके परिणाम आत्माको शरणरूप नहीं हैं। आस्रव अशरण हैं उनमें आत्माको शरण नहीं मिलती, किन्तु अपना चैतन्यस्वभाव ही शरणरूप है। अपने आप (स्वतः से ही) रक्षित, सहज चित्शक्तिरूप जीव ही शरण सहित है। जो पुण्य-पापके भाव किये वे रक्षा नहीं कर सकते परन्तु आत्मा स्वतः अपनेसे ही अपने आप रक्षित है, उसकी रक्षा नहीं करना पड़ती। रक्षित ही है इसलिये वह आत्मा ही सहज स्वभावसे शरण सहित है—ऐसे आत्मस्वभावका विवेक होते ही—उसी क्षण आस्रव निवृत्तिको प्राप्त होते हैं।

आस्रव निरन्तर आकुल स्वभाववाले होनेसे दुःखरूप हैं, सदैव निराकुल स्वभावयुक्त जीव ही अदुःखरूप अर्थात् सुखरूप है।

व्रत–अव्रत, पूजा-भक्ति, दया-हिंसा, झूठ–चोरी और विषयके परिणाम–यह सभी दुःखरूप हैं, चैतन्यका स्वभाव नहीं हैं चैतन्यका स्वभाव तो सुखरूप है। पुण्यके परिणाम भी दुःखरूप है—ऐसा कहा है, उससे यह तात्पर्य नहीं निकालना कि शुभपरिणाम छोड़कर अशुभ-परिणाम करना चाहिये। परन्तु शुभपरिणाम भी दुःखरूप है—ऐसी श्रद्धा करनेकी बात है।

चैतन्य पदार्थ अनादि-अनन्त पृथक् तत्त्व है। आस्रव आकुल स्वभाववाले होनेसे वर्तमानमें ही दुःखरूप है, जिससमय शुभाशुभ परिणाम होते हैं उसीसमय दुःखरूप हैं, आकुलतारूप हैं। जब वे परिणाम उत्पन्न होते हैं तब आत्माकी शांति भङ्ग होती है और जब आत्माकी शांति भङ्ग होती है तभी वे परिणाम होते हैं। शुभाशुभ परिणामोंका वेदन ही आकुलतामय है, आत्मा स्वतः ही निराकुल स्वभाववाला होनेसे सुखरूप है।

नरकमें अनन्तानन्त दुःख भोगे; पानीकी बूंद और अन्नका दाना भी न मिला उस समय आकुलित होकर दुःख सहे, किन्तु भाई! विचार तो कर, तुझे अपने सुखके लिये परद्रव्यकी क्या आवश्यकता है? तेरा सुख तो तुझमें ही विद्यमान है। आजकल मँहगाईका समय है इसलिये लोग अनाजको इकट्ठा करके रखते हैं और आकुलता करते हैं, परन्तु त्रिलोकीनाथ चैतन्य भगवान आत्माको अनाजके दाने शरण रूप नहीं हो सकते। चिदानन्द भगवान आत्माको एक विकल्प अथवा एक रजकणकी भी आवश्यकता नहीं है—ऐसी प्रथम श्रद्धा करेगा तो समाधान हो जायेगा ऐसा श्री आचार्यदेव कहते हैं।

पुण्यभाव हों या पापभाव हों, वे दोनों दुःखरूप हैं और आत्माका स्वभाव आनन्दकन्द है। वस्तु तो निरन्तर त्रिकाल आनन्दरूप ही है, परन्तु जब मोक्ष और मोक्षमार्गकी अवस्था प्रगट हो तब उस आनन्दका वेदन होता है, वर्तमानपर्यायके आनन्दका वेदन होता है।

अरे भाई! इस संसारमें सन्तुष्ट होकर पड़ा है किन्तु वह सब पड़ा रहेगा; ऐसा कर लूँ वैसा कर दूँ–वे सभी भाव दुःखरूप हैं।

आत्मा निराकुलस्वभावी है—इसका भान करे तो आस्रवोंका बन्धन ढीला पड़ता जायगा, टूटता जायेगा।

पुण्यरूप शुभराग भी भविष्यकालमे आकुलताके उत्पादक जो पुद्गल परिणाम हैं—उनका हेतु होनेसे शुभास्रव दुःखफलरूप है (अर्थात् दुःख ही उनका फल है) जीव ही समस्त पुद्गलपरिणामोंका अहेतु होनेसे सुखफलरूप है (अर्थात् दुःखफलरूप नहीं है।)

पुण्य-पापके भाव भविष्यमे भी दुःखफलरूप हैं; क्योंकि जो आकुलताके फलरूप हो—ऐसे पुद्गल परिणामका हेतु है, और वर्तमानमे भी आकुलतारूप हैं, इसलिये दुःखरूप है।

प्रश्न—जिनसे पुण्यानुबन्धी पुण्यका बन्ध हो, वैसे सम्यग्दृष्टिके शुभ परिणाम सुखरूप होते हैं या नहीं?

उत्तर—चाहे जैसे पुण्यके परिणाम हों वर्तमानमे भी दुःखरूप है और भविष्यमे भी दुःखरूप है। पुण्यानुबन्धी पुण्य भी भविष्यमे आकुलता होनेमे निमित्त है, किन्तु वह आत्माकी शांतिका निमित्त नहीं है।

पुद्गलके निमित्तसे होनेवाले विकारीभाव और उन विकारी भावोंके निमित्तसे बँधनेवाले जड़कर्म भविष्यमे आकुलताके परिणाम उत्पन्न होनेमे निमित्त है किन्तु आत्माकी शांति-समाधिमे वे निमित्त नहीं हैं।

आकुलताके परिणाम जड़के निमित्तसे होते हैं इसलिये उन्हें जड़ कह दिया है और आकुलताके फल भी जड़कर्मोंका बन्ध होता है, इसप्रकार जड़का फल जड़ ही आता है। आकुलताके परिणाम होते तो चैतन्यकी ही पर्यायमें हैं, किन्तु वह जड़की ओर उन्मुख होनेका भाव है इसलिये उन्हें जड़ कह दिया है। चैतन्यकी निर्मल पर्यायका फल शांति, निराकुलता, समाधिरूप है, इसलिये वह चैतन्यकी पर्याय है उसमे जड़कर्मोंका निमित्त नहीं है चैतन्यकी निर्मल पर्याय चेतनरूप है और विकारी पर्याय जड़रूप है।

इन्द्र–अहिमिन्द्रका भव अथवा चक्रवर्ती, वलदेव, वासुदेवका भव भी आकुलता उत्पन्न होनेके निमित्त है। भगवान आत्मा ज्ञाता–दृष्टा, निर्विकल्प, निरुपाधिस्वरूप है, उसकी श्रद्धा, ज्ञान और रमणता किसी भी पुद्गल परिणामका हेतु नहीं है इसलिये वह दुःखरूप नहीं है, किन्तु वर्तमानमे भी एकान्त सुखरूप है और भविष्यमे भी सुख फलरूप है। इसके अतिरिक्त जितने भी पुण्य-पापके परिणाम होते हैं वे सब वर्तमानमे दुःखरूप है और भविष्यमे भी दुःख होनेके निमित्त हैं।

एक मनुष्य बोला–महाराज एकबार तो कहो कि पुण्यका फल मीठा है! कैसे कहें? विकार तीन कालमे भी मीठा नहीं हो सकता शुभाशुभ रूप विकार परिणाम और उसके फलको मीठा मानने वाले एव मनवाने वाले–दोनों अनन्त ससारमे परिभ्रमण करनेवाले है।

आत्मा शुद्ध है, निर्मल है, ज्ञायक ध्रुवमूर्ति है-ऐसे स्वभावकी श्रद्धा करने पर उसमे स्थिर न हो सके, उतना विकल्पमे युक्त होता है, किन्तु वह विकल्प मिठासका कारण है ही नहीं और ज्ञानी उसमे मिठास मानते भी नहीं है, उसमे जितना अशुभराग दूर हुआ उतना ही लाभका कारण है, जो शुभराग रहा वह लाभका कारण नहीं है, जो शेष रहा है वह तो दुःखरूप और दुःखफलरूप ही है। यही स्थिति है, इसमे अन्य कुछ है नहीं। ज्ञायकमूर्ति आत्माके श्रद्धा–ज्ञान हो वह सुखरूप है और उनमे वृद्धि हो वह भी सुखरूप है।

आस्रवों और आत्माको पृथक् करनेके लिये छह प्रकार बताये है—लाख और वृक्षकी भाँति वध्य–घातक कहा, मूर्च्छाके वेगकी तरह न्यूनाधिक कहा, शीत और दाहज्वरकी भाँति अनुक्रमसे उत्पन्न होते है इसलिये अनित्य कहा, वीर्यके रजकण छूटते ही कामका संस्कार भी छूट जाता है–उसकी भाति अशरण कहा, आकुलतामय होनेसे दुःखरूप कहा, और आस्रवोंका फल भी दुःखरूप है इसलिये उन्हें दुःखफलरूप कहा है, इसप्रकार आस्रवोंको और आत्माको भिन्न स्वभाववाला कहा है।

इसप्रकार आस्रवोंका और जीवका भेदज्ञान होनेसे जिसमें कर्मविपाक शिथिल हो गया है —ऐसा यह आत्मा, बादलोंके समूहसे रहित दिशाके विस्तारकी भाँति अमर्यादित स्वच्छता जिसका विस्तार है ऐसा, सहजरूपसे विकसित होनेवाली चित्शक्तिके द्वारा ज्यों-ज्यों विज्ञानघन स्वभाव होता जाता है वैसे ही वैसे आस्रवोंसे निवृत्त होता जाता है, और जैसे-जैसे आस्रवोंसे निवृत्त होता है वैसे ही विज्ञानघन स्वभाव होता जाता है।

आस्रव निबद्ध है, अध्रुव हैं, शरण हीन हैं, अनित्य है, दुःखरूप है और दुःखफलरूप हैं। आत्माका स्वभाव आस्रवोंसे भिन्न जातिका है, आत्मा अबन्ध है, ध्रुव है, शरण सहित है, नित्य है सुखरूप है और सुखफलरूप है—इसप्रकार आस्रवोंसे भिन्न यथार्थ ज्ञान हुआ कि वहाँ, जिसप्रकार बादलोंके झुण्ड खण्डित हो जाते हैं और दिशाएँ स्वच्छ-निर्मल, कालिमा रहित हो जाती हैं, उसीप्रकार अमर्यादित, सहजरूपसे विकसित होनेवाली चित्शक्तिके द्वारा जैसे-जैसे विज्ञानघन स्वभाव होता जाता है, वैसे-वैसे आस्रवोंसे निवृत्ति होती जाती है।

मैं आत्मा ज्ञाता हूँ, मेरी चित्शक्ति निर्दोष और निर्मल है, मेरा स्वरूप आस्रवोंसे भिन्न है—ऐसा विवेक होनेसे कर्ममेघोंका रस शिथिल पड़ जाता है, कर्मकी रचना खण्डित हो जाती है, और जैसे-जैसे सहजरूपसे विकसित होती हुई चैतन्यशक्ति द्वारा स्वरूप स्थिरता बढ़ती जाती है वैसे ही वैसे आस्रवोंसे निवृत्त होता जाता है, और ज्यों-ज्यों आस्रवोंसे निवृत्त होता है वैसे ही वैसे स्वरूप स्थिरतामें वृद्धि होती है।

शुभाशुभ विकल्परूप जो विकार है सो मैं नहीं हूँ—ऐसा विवेक हुआ कि ज्ञान निविड होता जाता है और ज्यों-ज्यों ज्ञानघन स्वभाव निविड होता जाता है वैसे ही पुण्य-पापके भाव अल्प होते जाते हैं अर्थात् आस्रव निवृत्त होते जाते हैं जैसे-जैसे स्वमें एकाग्र होता जाता है अर्थात् घट होता जाता है वैसे ही वैसे उतने आस्रवोंसे निवृत्त होता ही जाता है।

अमर्याद अर्थात् ज्ञान-दर्शनकी अनन्त शक्ति युक्त स्वभावमें एकाग्र हो उतना आस्रव दूर होता है और जितना आस्रव दूर होता है उतनी ही एकाग्रता होती है। विकल्पमे न रुककर, आत्मामे रुकना सो यथार्थ उपवास है। शुभपरिणामरूप उपवास तो पुण्यबन्धका कारण है परन्तु आत्मामे रुकने रूप जो उपवास है वह मोक्षका कारण है।

सम्यक्प्रकारसे, आस्रवोंसे जितना निवृत्त होता है उतना ही विज्ञानघन स्वभाव होता है और जितना विज्ञानघन स्वभाव होता है उतना ही सम्यक्प्रकारसे आस्रवोंसे निवृत्त होता है। इसप्रकार ज्ञान और आस्रवोंकी निवृत्तिकी समकालीनता है।

यहाँ सम्यक् शब्द पर जोर दिया है। सम्यक्प्रकारसे आस्रवोंसे निवृत्त होता है—ऐसा सम्यक् शब्द आचार्यदेवने लिया है, क्योंकि पुण्य-पापके भावरूप आस्रव प्रतिक्षण समस्त जीवोंके परिवर्तित होते हैं, परन्तु अज्ञानियोंने अपने स्वभावका भान नहीं किया इसलिये वे सम्यक्प्रकारसे विज्ञानघन नहीं होते, इससे आस्रवोंसे निवृत्त नहीं होते, इसलिये उन्हें निवृत्त होनेका सम्यक्प्रकार लागू नहीं होता, किन्तु वह ज्ञानियोंको ही लागू होता है।

ज्ञानीको आत्माकी पहिचान होती है कि मै अखण्ड चिदानन्द, ज्ञान पिण्ड आत्मा हूँ, उसके अतिरिक्त अन्य कोई भी पर द्रव्य मेरे नहीं हैं, उनका कोई भी कर्तव्य मेरा नहीं है, मै पर द्रव्यका कर्ता नहीं किंतु अपने स्वभावका ही कर्ता हूँ—ऐसा सम्यग्ज्ञान होनेके पश्चात् जितना-जितना स्वरूपमे एकाग्र होता है, उतना ही राग-द्वेषसे मुक्त होता है और जितना राग-द्वेषसे मुक्त होता है उतना ही स्वरूपमें एकाग्र होता है। जितनी स्वरूप स्थिरता होती जाती है, उतनी ही अस्थिरता दूर होती है और जितनी अस्थिरता दूर होती है उतनी ही स्वरूप स्थिरता होती है। जितना स्वाश्रयरूप ज्ञाता पंथमे युक्त हुआ उतना ही पराश्रयरूप आस्रवोसे निवृत्त होता है और जितना आस्रवोंसे निवृत्त होता है उतना ही ज्ञान करनेके पंथमे रुकता है। इसप्रकार विकार भावरूप आस्रवोंके दूर होनेका और सम्यग्ज्ञान प्रगट होनेका समकाल है, अर्थात् एक ही काल है।

इससे यह सिद्ध हुआ कि भेदज्ञान ही आस्रवोंसे निवृत्त होनेका उपाय है। अत्यन्त सारगर्भित टीका की है। जिसने इस भेदज्ञानकी मालाको पहिन लिया है उसका व्याह नहीं रुक सकता वह अल्पकालमे ही अविनाशी मोक्षरूपी लक्ष्मीको प्राप्त करता ही है।

जैसे लोक-व्यवहारमे व्याहके समय माला डल चुकी है, पश्चात् कुटुम्बमें चाहे जिस प्रकारका विघ्न आये किन्तु व्याह नहीं रुक सकता. उसीप्रकार भेदज्ञानरूपी माला पहिननेके वाद चाहे जैसे कर्मोका उदय आये तो भी उसकी अल्पकालमे होनेवाली मुक्ति टल नही सकती।

देखो! यहाँ पर यह लिया है कि भेदज्ञान ही आस्रवोंसे निवृत्त होनेका एकमात्र उपाय है—अन्य कोई उपाय नहीं कहा है। व्रत, तप, पूजादि करनेसे आस्रवोंसे निवृत्त होता है—ऐसा नहीं कहा है, क्योंकि व्रत, तपादिभाव स्वत ही शुभास्रव हैं इसलिये उनमें प्रवर्तन करनेसे आस्रव कैसे रुकेंगे? किन्तु उन भावोंसे हटकर निर्विकारी स्वरूपमें स्थित हो तव आस्रवोंसे निवृत्त हो सकता है।

आत्मा क्या है, उसका स्वरूप क्या है, उसमें स्थिर होना—रुकना किसप्रकार होता है,—यह सव ज्ञान हुए विना आस्रव कैसे दूर होंगे? इसीलिये इस गाथामे आचार्यदेवने आस्रवोंका यथावत चित्र खींचकर जीवोंको ख्याल कराया है कि तुम आस्रवोंके स्वरूपको इसप्रकार जानो, और उनसे विपरीत भगवान आत्माका स्वरूप इसप्रकार समझो। यदि सम्यक्प्रकारसे ऐसा ज्ञान करोगे तो आस्रवोंसे निवृत्ति होगी और आत्म-स्वरूपमें स्थिति होगी।

धर्मके वहाने जितने पुण्यभाव और अशुभ कार्यके वहाने जितने पापभाव होते हैं वे सव आस्रव हैं। जैसा समझा है, उसी मार्गका अवलम्बन करते हुए जितने अंशमे राग-द्वेषकी अस्थिरता घटती जाती है उतने ही अंशमे आत्मा विज्ञानघन स्वभाव होता जाता है और आस्रवोंसे उतने अंशमे निवृत्ति होती है। और जव सम्पूर्ण विज्ञानघन स्वभाव होता है तव समस्त आस्रवोंसे निवृत्त होता है। भेद विज्ञानमे

वृद्धि होते-होते सम्पूर्ण ज्ञान जम जाता है, विज्ञानघन पिण्ड परिपूर्ण पृथक् हो जाता है तब सम्पूर्ण आस्रवोंसे निवृत्त होता है।

यहाँ पर यह कहा है कि भेदज्ञान होनेसे आस्रव निवृत्त होते हैं। इसप्रकार चारित्रमें भी जितना भेदज्ञान करते-करते स्थिर होता जाता है-एकाग्र होता जाता है उतना ही आस्रवोंसे निवृत्त होता जाता है। चारित्रमें भी भेदज्ञानके अभ्याससे ही आगे बढा जाता है।

सम्यग्ज्ञान होने पर कर्मकी ४१ प्रकृतियोंका बन्ध तो सहज ही रुक जाता है। वह सम्यक्त्वी धर्मात्मा भले ही राज्य करता हो, युद्ध कर रहा हो, तो भी ४१ प्रकृतियोंका बन्ध तो होता ही नहीं और पश्चात् जैसे-जैसे स्थिर होता जाये-स्वरूपमें दृढ़ होता जाये, वैसे ही अधिक प्रकृतियोंका बन्ध भी रुकता जाता है।

सच्चिदानन्द शांतिमूर्ति आत्माका भान होनेसे अनन्तससार दूर हो जाता है और वर्तमानमें ४१ प्रकृतियोंका नवीन बन्ध प्रतिक्षण क्रमश रुक जाता है और भविष्यमें नरक, तिर्यञ्च-दो गतियोंसे छूट जाता है, मनुष्य गति मिले तो उसमें भी दरगी सुख प्राप्त होता है, देवगतिमें जाये तो वहाँ भी उच्च-जातिका देव होता है, इसप्रकार सम्यग्दर्शनकी भूमिकामें पुण्य भी अपूर्व बन्धता है। कोई कहे कि उसने ऐसा क्या किया? अरे भाई! उसने तो जो अनन्तकालमें नहीं किया था ऐसा अपूर्व किया है आत्मामें अपूर्व भान प्रगट किया कि वहाँ अनन्त-ससारका नाश हो गया। यह सम्यग्दर्शनका फल है।

प्रश्न —आत्मा विज्ञानघन होता जाता है, इसका क्या अर्थ है?

उत्तर —अपने स्वभावमें स्थिर होता जाता है—अपनी कृत-कृत्यता जमती जाती है। जहाँ तक ऐसा माने कि पुण्य-पापके भावोंका मैं कर्ता हूँ, स्वामी हूँ, वे मुझे गुण-लाभ करेंगे, वहाँ तक भले ही ज्ञानका विकास नवपूर्व जितना हो किन्तु वह सभी अज्ञान है। अन्तरङ्गमें मिथ्या अभिप्राय भरा हो तबतक ज्ञानका विकास चाहे जितना हो किन्तु उस ज्ञानको अर्थात् ज्ञातृत्वको अज्ञान कहा जाता है।

आत्माके भान पूर्वक भले ही अल्पज्ञानका विकास हो तो भी उसे ज्ञान कहते हैं। वस्तुस्वभाव परसे निराला है, अखण्डानन्द स्वरूप है—उसका भान हो, पश्चात् भले ही अल्पज्ञान हो तो भी उसे विज्ञान कहते हैं, क्योंकि उस ज्ञानके फलमे केवलज्ञान प्रगट होगा। यथार्थ सम्यग्ज्ञानका स्वीकार सो वस्तुस्वभावका स्वीकार है, वस्तुस्वभावका स्वीकार सो सम्यग्ज्ञानका स्वीकार है।

जैसे जैसे वह सम्यग्ज्ञान अर्थात् विज्ञान जमना-दृढ़ होता-स्थिर होता जाता है वैसे-वैसे आस्रवोंसे निवृत्ति होती जाती है. जैसे-जैसे आस्रवोंसे निवृत्ति होती जाती है वैसे ही वैसे विज्ञान जमता-दृढ़ होता-स्थिर होता जाता है।

शरीरके टुकड़े हो जायें, चूर्ण हो जाये, चाहे जैसी प्रतिकूलता आये, सयोगोंमे चाहे जैसा परिवर्तन हो तो भी जो सम्यग्ज्ञान प्रगट हुआ है उसे कोई उलटा करनेमे समर्थ नहीं है एक रंचमात्र भी कोई उसे हिलाने-डुलानेमे समर्थ नहीं है, महान् वज्रपात हो, तो भी वह सम्यग्दर्शनमें कोई परिवर्तन करनेमें समर्थ नहीं है। सम्यग्दर्शन हुआ कि केवलज्ञानकी प्राप्ति होगी ही, दोज हुई कि पूर्णमासी होगी ही,—ऐसा सम्यग्दर्शनका माहात्म्य है।

अव इसी अर्थका कलशरूप और आगेके कथनकी सूचनारूप श्लोक कहते हैं—

(शार्दूलविक्रीडित)

इत्येवं विरचय्य संप्रति परद्रव्यान्निवृत्तिं परां
स्वं विज्ञानघनस्वभावमभयादास्तिघ्नुवानः परम् ।
अज्ञानोत्थितकर्तृकर्मकलनात् क्लेशान्निवृत्तः स्वयं
ज्ञानीभूत इतश्चकास्ति जगतः साक्षी पुराणः पुमान् । ४८ ॥

अर्थ—इसप्रकार पूर्व कथित विधानसे, इसीसमय परद्रव्यसे उत्कृष्ट (सर्व प्रकारसे) निवृत्ति करके, विज्ञानघन स्वभावरूप, मात्र

अपने पर निर्भयरूपसे आरूढ़ होता हुआ अर्थात् अपना ही आश्रय करता हुआ (अथवा अपनेको निःशंकरूपसे आस्तिकभावसे स्थिर करता हुआ) अज्ञानसे उत्पन्न हुई कर्ताकर्मकी प्रवृत्तियोंके अभ्याससे हुए क्लेशसे निवृत्त हुआ, स्वत ज्ञानस्वरूप होता हुआ, जगतका साक्षी (ज्ञाता-दृष्टा) पुराण पुरुष (आत्मा) यहाँसे अव प्रकाशमान होता है।

पूर्वोक्त विधिसे जहाँ ज्ञान किया कि-उसीसमय परवस्तुसे सर्व प्रकारसे निवृत्ति करके विज्ञानघन अर्थात् अपने ज्ञाता-दृष्टा स्वभावके अतिरिक्त परका कुछ न करता हुआ, किन्तु अपनेमें स्थिर होता हुआ ज्ञान, मात्र अपने पर नि.शंकरूपसे आरूढ होता अर्थात् अपनेमें नि'शंक-रूपसे-नि सन्देहरूपसे स्थिर होता हुआ-अपनी सत्तामें दृढ़रूपसे स्थिर होता हुआ, कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिके क्लेशसे निवृत्त होता है। राग मेरा है, मैं रागका हूँ, एक क्षणिकपर्यायका मैं कर्ता होता था और वह मेरा कार्य होता था, अव ज्ञान हुआ कि मैं तो ज्ञाता हूँ, ध्रुव हूँ, स्थिर हूँ। वैसे ही ज्ञाताकी स्थिरताके वलमे, अज्ञानरूपसे कर्ताकर्मके अभ्याससे हुआ जो क्लेश-दुःख है उससे निवृत्ति होती है और उसी क्षण ज्ञान-स्वरूप होता हुआ जगतका साक्षी अर्थात् जितने जगतके भाव होते हैं उन्हें साक्षीरूपसे देखनेवाला किन्तु उनका कर्ता होनेवाला नहीं, चाहे जो पुण्य-पापकी वृत्ति हो उसका ज्ञाता-दृष्टा अर्थात् साक्षीरूपसे रहने-वाला, अनादिका पुराणपुरुष-भगवान् आत्मा अव यहाँसे प्रकाशमान होता है ॥ ७४ ॥

अव शिष्य पूछता है कि आत्मा ज्ञानस्वरूप अर्थात् ज्ञानी हो गया—ऐसा कैसे जाना जा सकता है? उसका चिह्न (लक्षण) कहो।

यह जीव धर्मात्मा है, धर्म करता है-ऐसा किसप्रकार जाना जाता है? ऐसे ज्ञानी आत्माका लक्षण अथवा अनुमान क्या है? ऐसा ज्ञान-स्वरूप आत्मा कैसे पहिचाना जाता है? इसके समाधानके लिये यह गाथा कहते हैं।

कम्मस्स य परिणामं णोकम्मस्स य तहेव परिणामं ।
ण करेइ एयमादा जो जाणदि सो हवदि णाणी ॥७५॥

कर्मणश्च परिणामं नोकर्मणश्च तथैव परिणामम् ।
न करोत्येनमात्मा यो जानाति स भवति ज्ञानी ॥ ७५ ॥

अर्थ —जो आत्मा इन कर्मके परिणामोंको और नोकर्मके परिणामोंको करता नहीं, किन्तु जानता है वह ज्ञानी है ।

जो आत्मा जड़-कर्मोंकी अवस्था और शरीरादिकी अवस्थाको नहीं करता उसे अपना कर्तव्य नहीं मानता, उसमे तन्मय बुद्धिसे परिणमन नहीं करता, किन्तु मात्र जानता है अर्थात तटस्थ रहता हुआ-साक्षीरूपसे जानता है वह आत्मा ज्ञानी है ।

निश्चयसे मोह, राग, द्वेष, सुख, दुःख आदिरूपसे अन्तरङ्गमें उत्पन्न होनेवाला जो कर्मका परिणाम और स्पर्श, रस, गंध, वर्ण, शब्द, बंध, संस्थान, स्थूलता, सूक्ष्मता आदिरूपसे बाह्यमे उत्पन्न होनेवाले जो नोकर्मके परिणाम है वे सभी पुद्गल परिणाम हैं ।

मोह अर्थात् परवस्तुके प्रति उत्साह भाव· राग अर्थात् प्रेम, द्वेष अर्थात् ईर्ष्या, सुख-दुःखादि अन्तरङ्गमे उत्पन्न होनेवाले परिणाम पुद्गलपरिणाम है। मोह, राग, द्वेषादि विकारी अवस्थाएँ आत्माकी पर्यायमें उत्पन्न हैं तो भी वे जड़की ही अवस्थायें हैं—ऐसा यहाँ पर कहा है, क्योंकि वे जड़की ओर उन्मुख होनेवाले भाव हैं इसलिये उन्हें जड़ कहा है। वे भाव आत्माका स्वभाव नहीं हैं और उनकी मूल उत्पत्ति आत्मामेंसे नहीं है इसलिये उन्हें जड़ कहा है ।

अन्तरङ्गमें उत्पन्न होनेवाले हर्ष-शोक, रति-अरति इत्यादिके जो परिणाम हैं सो सभी जड़ हैं। जो अज्ञान भावसे राग-द्वेषादि करे वह आत्मा नहीं है, क्योंकि वे आत्माका यथार्थ स्वभाव नहीं हैं वे भाव करना आत्माका कर्तव्य नहीं है तथापि अज्ञान भावसे वे मिथ्यात्व भाव करता है इससे वह आत्मा नहीं है। जो राग-द्वेषादि भावों जितना ही आत्माको माने वह आत्मा ही नहीं है ।

जो चौरासीमें रुलता है वह जीव ही नहीं है। चैतन्यकी जागृति नहीं रही इससे जड़ जैसा हो गया है, इसलिये आचार्यदेवने उसे जड ही कहा है। भूल करना मेरा स्वभाव ही नहीं है, मैं भूलका नाशक हूँ—ऐसा जो नहीं मानता वह आत्मा ही नहीं है, क्योंकि जिसने भूलको अपना माना, अपनेको नित्य भूल करनेवाला माना उसने आत्माका पवित्र स्वभाव अपना नहीं माना, किन्तु अपनेको अपवित्र ही माना है, इसलिये इस अपेक्षासे वह आत्मा ही नहीं है।

अज्ञानी ऐसा मानता है कि जो राग-द्वेष, हर्ष-शोक है वही मेरा कर्तव्य है। भले ही कदाचित् शुभभाव हो तो वह भी विकारी भाव ही हैं इसलिये जिसने ऐसा माना कि वे भाव मेरा कर्तव्य है और मै उनका कर्ता हूँ, उसने यह नहीं माना कि शुभाशुभ भावरहित वीतरागी, असग, अबद्ध, सच्चिदानन्द स्वभावको प्रगट करना मेरा कर्तव्य है—कार्य है इसलिये वह जड़ है।

मैं रागादिका उत्पादक नहीं हूँ, आत्मा तो मात्र ज्ञाता-दृष्टा है, मैं ज्ञातापनेका कार्य कर सकता हूँ—ऐसा नहीं माना और मै परवस्तुका कुछ कर सकता हूँ—शुभराग-व्यवहार तो करना चाहिये यह माना, इसलिये उसकी अपने चैतन्यकी जागृति दब गई है—इससे इस अपेक्षासे वह जड़ है। इससे ऐसा नहीं समझना चाहिये कि चैतन्यका नाश होकर जड़ द्रव्य हो जाता है, यदि आत्मा जड़ हो जाता हो तो "तू समझ, आत्माको पहिचान"—ऐसा भी नहीं कहा जा सकता। यह तो कोई बार कहते हैं कि बालक-बालिकाएँ, राजा-रंक, सभी आत्मा प्रभु है—परिपूर्ण भगवान हैं, वर्तमानमे भी सभी आत्मा अनन्त गुणोंसे युक्त हैं, किन्तु उसका भान नहीं करता-पहिचान नहीं करता और जडके कर्तव्यको अपना कर्तव्य मानता है, जड़के स्वरूपको अपना स्वरूप मानता है. उसकी दृष्टिमें उसे जड़का ही प्रतिभास होता है इसलिये उसे जड़ कहा है।

शरीर, वाणी, इत्यादि पुद्गलका स्थूल परिणाम है, और कार्मणशरीर पुद्गलका सूक्ष्म परिणाम है। ठण्डा-गरम स्पर्श मैं कर

सकता हूँ—मैं बना सकता हूँ; ऐसा माननेवाला पुद्गलके स्पर्शगुणकी पर्यायका कर्ता होता है, इसलिये वह जड़ है।

स्वादिष्ट-रसमय भोजन हम बना सकते हैं, हम आमका, दूधपाकका, श्रीखण्डका स्वादिष्ट रस कर सकते हैं—ऐसा माननेवाला पुद्गल द्रव्यके रसगुणकी पर्यायका कर्ता होता है इसलिये वह जड़ है।

पुष्प लताओंको हम यदि अच्छी तरह लगायें तो उनमें बहुत फूल हों, यदि ध्यानसे देखरेख करें तो फुलवाड़ी सुन्दर हो जाये और अनेक प्रकारसे सुगन्धित पुष्प आयें—ऐसा माननेवाला पुद्गल द्रव्यके गंधगुणकी अवस्थाके कर्ता होते हैं।

हम कपड़ोंको बिल्कुल सफेद निकाल सकते हैं; बढ़िया साबुन हो, स्वच्छ पानी हो और थोड़ा सा नील भी हो तो कपड़े बिल्कुल सफेद धुलेंगे। मैलका नाम तक नहीं रहेगा। ऐसा माननेवाला पुद्गलके वर्णगुणकी अवस्थाका कर्ता होता है। अरे भाई! कपड़ेकी सफेद अवस्था पुद्गलके वर्ण गुणमेंसे परिणमित होकर आती है, उस पर्यायका तू कर्ता नहीं है, तू अपने भावोंका कर्ता है। पुद्गलकी वर्ण, गन्ध, रस इत्यादि पर्यायोंके होते समय तेरा मात्र निमित्त था किन्तु उनका तू कर्ता नहीं है; पुद्गल गुणकी पर्याय पुद्गल गुणमेंसे परिणमित होकर आती है। जब मिट्टीसे घड़ा बनना होता है उस समय कुम्हारकी उपस्थिति होती है किन्तु धोबीकी उपस्थिति नहीं होती। जिस कार्यके लिये जो निमित्त अनुकूल होता है उसीकी उपस्थिति उस समय होती है।

वाणी मैं बोलता हूँ, अच्छा भाषण दूँ तो जनता प्रसन्न हो जाये; धीरेसे-चिल्लाकर जैसे बोलना हो उस प्रकार मैं बोल सकता हूँ—ऐसा माननेवाला वाणीकी अवस्थाका कर्ता होता है। वाणी तो पुद्गल-द्रव्यकी पर्याय है, वह चैतन्यका स्वभाव नहीं है, तथापि मैं वाणी बोल सकता हूँ—ऐसा माननेवाला जड़की अवस्थाका कर्ता होता है। कोई कहे वाणी यदि अपने आप उसकी इच्छासे निकलती हो तो फिर वह इच्छानुसार और व्यवस्थित क्यों बोली जाती है? अण्डबण्ड

क्यों नहीं निकलती ? उसका कारण यह है कि बोलनेकी इच्छाका, ज्ञानका और वाणीका निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है । जैसी इच्छा हो, जैसा ज्ञान परिणमित हो, उसीप्रकार वाणी परिणमित होगी—ऐसा लगभग निमित्त-नैमित्तिक स्वतंत्र रहकर-सम्बन्ध है तथापि कोई किसीका कर्ता नहीं है, सभी द्रव्योंकी पर्याय स्वतंत्र परिणमित होती है ।

बन्धन अर्थात् रजकणके पिण्डका बन्धन । जैसे कि जलेबीके मैदेको बराबर गलाकर हम अच्छी जलेबी बना सकते हैं दूध हम अच्छा जमा सकते हैं, दूधमें यदि इस तरह जामन डाला जाये तो अच्छा दही बनता है, और कितनी ही स्त्रियाँ तो कहती हैं अरे ! सब आना चाहिये, सब चीजोंके मिलानेका अटकल होना चाहिये तो सब अच्छा बन सकता है, हमे तो यह सब आता है, इससे सब अच्छा बना सकते हैं—ऐसा माननेवाला पुद्गल द्रव्यकी बन्धनरूप अवस्थाका कर्ता होता है । दही जब बिगड़ना होगा तब तेरी कोई चतुराई वहाँ काम नहीं आयेगी, तेरी शक्ति नहीं है कि दहीको बिगड़ना हो और तू उसे सुधार दे, और दही यदि अच्छा होना होगा तो वह चाहे जिस प्रकारसे अच्छा हो जायेगा, इसमे तूने क्या किया ? जो कार्य सुधरना अथवा बिगड़ना होते हैं तब उन्हें अनुकूल निमित्त उपस्थित होते हैं—ऐसा निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, जामनका निमित्त, स्त्रीका निमित्त आदि निमित्त होते हैं, इससे उपचारसे कहा जाता है कि इस स्त्रीने यह कार्य किया है, किन्तु कोई किसीका कर्ता नहीं है, सभी द्रव्य स्वतंत्र परिणमन करते हैं। इसीप्रकार समस्त परद्रव्योंके कार्यमें समझना चाहिये ।

संस्थान अर्थात् पुद्गल द्रव्यके आकार । उन आकारोंका कर्ता जीव नहीं है, पुद्गल द्रव्य स्वत ही आकाररूप परिणमित होता है । हम ऐसा सुन्दर मकान बना सकते हैं, उसमे सुन्दर चित्रकारी कर सकते हैं—ऐसा माननेवाला जड़की अवस्थाका कर्ता होता है. मैं शरीरका आकार अच्छा रख सकता हूँ, सुन्दर कपड़े पहने जायें तो शरीर सुन्दर दिखाई देता है—उन सबका अपनेको कर्ता माननेवाला

जड़ है। आत्मा ज्ञाता है, उस ज्ञायकस्वभावका उसे भान नहीं है। शरीरादि स्थूल पुद्गल परिणाम और कार्मणशरीरके सूक्ष्म पुद्गल परिणाम—वे सब मैं हूँ, उतना ही मै हूँ—ऐसा माननेवाला जड़ है। जीव स्वत. जड नहीं हो गया है, किन्तु पुद्गल पर दृष्टि है, उसकी दृष्टिमें पुद्गल ही प्रतिभासित होता है इस अपेक्षासे उसे जड़ कहा है।

आत्मा चिदानन्द वीतरागरूप ज्ञाता है, इसकी जिसे खबर नहीं है और यह मानता है कि—शरीर, हर्ष-शोकका कर्ता मैं हूँ, यह मेरे कार्य है—कर्तव्य है; उसने पुद्गलकी अवस्थाको अपना माना है, इससे वह जड़ है—आत्मा नहीं।

वास्तवमे हिलने-डुलनेकी समस्त क्रिया जड़की ही है, जड़ ही इसका कर्ता है, इसीप्रकार वाणी भी जड़की अवस्था है। कोई कहे कि हम चुपचाप रहे तो? किन्तु भाई! उसमे भी तू यह मानता है कि मैं चुपचाप रहा, इससे जड़की पर्यायका कर्ता हो गया। वाणी बोलना भी आत्माका स्वभाव नहीं है और मौन रहना भी आत्माका स्वभाव नही है, इससे मैं वाणी बोला और मै चुपचाप रहा—ऐसा माननेवाला पुद्गलकी पर्यायका कर्ता होता है, किन्तु ज्ञायक आत्माका भान करके ज्ञातारूपसे जिसका परिणमन है वह पुद्गलकी अवस्थाका कर्ता नहीं होता किन्तु मात्र ज्ञायक ही रहता है।

परमार्थसे, जैसे घड़े और मिट्टीके व्याप्य-व्यापकभावका (व्याप्य-व्यापकताका) सद्भाव होनेसे कर्ताकर्मपना है, वैसे ही पुद्गलपरिणामके और पुद्गलके, व्याप्य-व्यापकभावका सद्भाव होनेसे कर्ताकर्मपना है।

मिट्टी स्वतः व्यापक होकर फैलकर घड़ेका कार्य करती है। मिट्टी व्यापक है और घड़ा व्याप्य है, जो व्यापक है सो द्रव्य है और व्याप्य है सो पर्याय है।

इसीप्रकार आत्मामे जो हर्ष-शोककी वृत्तियाँ होती हैं वे कर्मके निमित्तसे होनेके कारण जड़ हैं, इसमें पुद्गल द्रव्यका प्रसार होता है; हर्ष-शोककी वृत्तियाँ व्याप्य है और पुद्गल व्यापक है।

अज्ञानीकी दृष्टि विकार पर है। जो अवगुणकी क्रिया होती है उतना ही वह अपनेको मानता है, अपने त्रिकाल अखण्ड गुणको भूलता है, इससे वह अपनेको जड मानता है।

मुक्ति और मुक्तिका मार्ग आत्मामे ही है, बाहर नहीं है। अन्तरङ्गमें उत्पन्न होनेवाले राग-द्वेषके सभी भाव और शरीरादि नोकर्म-इस सबमें पुद्गलद्रव्यका प्रसार होता है, इसलिये सब पुद्गल ही है। उन समस्त भावोंका कर्ता पुद्गल ही है, आत्मा तो उसका ज्ञाता है। यहाँ पर चैतन्यके विकारी परिणामोंको जड कहा है किन्तु आगे कथन आयेगा कि विकारी परिणाम चैतन्यके है, वे जडके निमित्तसे होते है किन्तु वह चैतन्यका स्वभाव नहीं है इससे जड हैं परन्तु चैतन्यकी अवस्थामें होते हैं, इसलिये चैतन्यके है।

✓ शरीर, वाणी, वर्ण, रस, गंध, राग, द्वेष आदि सभीमें पुद्गलका प्रसार होता है इसलिये पुद्गल ही उनका कर्ता है और वे पुद्गलका कार्य हैं।

स्वाश्रय द्वारा आत्मामे तो गुणोंकी निर्मल पर्यायोंकी ही उत्पत्ति होती है; जो मलिन अवस्था है उनकी उत्पत्तिमे तो परद्रव्यका सग कारण है अत रागादिमे जडका ही कारण है। मिट्टी फैलकर घड़ा हुआ, वैसा ही पुद्गल बढ़कर अर्थात् पुद्गलकी पर्याय परिवर्तित होते-होते राग-द्वेषादिकी अवस्था आती है।

स्वात्माके आश्रयमे तो आत्माकी अवस्था परिवर्तित होते-होते वीतरागताकी अवस्था आती है, आत्माकी अवस्थामे परिवर्तन होते-होते रागकी अवस्था नहीं आती—ऐसी यहाँ बात है। राग-द्वेष, हर्ष-शोककी पर्याय होती तो आत्मामे ही हैं, किन्तु आत्माके मूल स्वरूपमें वे परिणाम है ही नहीं; तीन काल और तीन लोकमे वे आत्मामें नहीं हैं, वे परोन्मुखतावाले-विरुद्ध भाव है इसलिये परके हैं।

यहाँ तो सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानका लक्षण बताया जाता है। सम्यग्ज्ञानी समझते हैं कि हर्ष-शोक, राग-द्वेष, शरीरादि कुछ भी मेरे नहीं हैं, मैं तो शुद्ध चैतन्यज्ञायक हूँ।

चैतन्यकी अवस्थामें क्षणिक विकार होते हैं, इससे कहीं सम्पूर्ण आत्मा नहीं विगड़ गया है।

प्रश्न:—वस्तुको बुरा कहें तो, अथवा आत्मा विगड़ गया है—ऐसा कहें तो क्या आपत्ति है?

उत्तरः—यदि आत्माको बाह्यसे-प्रगट एक समयकी दशामें विगड़ा हुआ कहो तो वह सुधर सकता है, किन्तु परमार्थसे विगड़ा हुआ कहोगे तो सुधारा भी नहीं जा सकता। यथार्थ रीतिसे देखा जाये तो आत्मा विगड़ा नहीं है किन्तु मात्र वर्तमान पर्यायमें विकार हुआ है इसलिये सुधारा जा सकता है, दूर किया जा सकता है। समस्त विकारी परिणाम कर्माधीन होते हैं, उन्हें ज्ञातास्वरूप भूलकर, अपना स्वभाव माने, मैं उनका उत्पादक-कर्ता हूँ, ऐसा माने वह अज्ञानी है किन्तु जो ऐसा मानता है कि रागादि आस्रवोंका मैं कर्ता नहीं हूँ, वह मेरा कार्य नहीं है, मैं उनका उत्पादक नहीं हूँ, वे मेरे नहीं हैं, वे मेरे स्वभावमें नहीं हैं—वह सम्यग्ज्ञानी है।

पुद्गल द्रव्य स्वतंत्र व्यापक होनेसे पुद्गलपरिणामोंका कर्ता है, और पुद्गलपरिणाम उस व्यापकके द्वारा स्वयं व्याप्त होनेसे (व्याप्यरूप होनेसे) कर्म हैं। इससे पुद्गल द्वारा कर्ता होकर कर्मरूपसे किये जानेवाले जो समस्त कर्म-नोकर्मरूप पुद्गलपरिणाम हैं, उनको जो आत्मा, (पुद्गलपरिणाम और आत्माको) घड़ा और कुम्हारकी भाँति व्याप्य-व्यापक भावके कारण कर्ताकर्मपनेकी असिद्धि होनेसे परमार्थसे नहीं करता परन्तु (मात्र) पुद्गलपरिणामोंके ज्ञानको (आत्माके) कर्मरूप (ज्ञप्तिक्रियारूप) से करता हुआ अपने आत्माको जानता है, वह आत्मा (कर्म-नोकर्मसे) अत्यन्त भिन्न, ज्ञानस्वरूप होता हुआ ज्ञानी है। यह देखो ज्ञानीकी पहिचान।

कुम्हार घड़ेका कुछ नहीं करता, मात्र बाहर रहकर देखता ही है; किन्तु अज्ञानी मानता है कि यह मुझसे हो रहा है। व्याप्यरूप होनेवाली जो मिट्टीकी अवस्था है उसमें व्याप्त होकर कहीं कुम्हार

घड़ारूप नहीं हुआ है, कुम्हारका कोई गुण अथवा कोई अवस्था मिट्टीरूप नहीं हुए है। कुम्हार अति क्रोधी हो तो क्या घडेमे कुम्हारका क्रोध आता है? यदि वास्तवमे कुम्हार घडेका कर्ता हो तो कुम्हारका क्रोध घड़ेमे घुस जाना चाहिये, किन्तु ऐसा कभी भी नहीं बनता। घडा अपनी-शीतलताको नहीं छोड़ता, उसमे यदि पानी डाल तो वह ठण्डा होता है। कुम्हारका क्रोध किसी भी प्रकारसे घडेमे नहीं पहुँचा है, इसलिये कुम्हार और घड़ा बिल्कुल पृथक् है तब फिर कुम्हारने क्या किया? मात्र घड़ा बनानेकी इच्छा की है, वह इच्छा कुम्हारके आत्माकी पर्यायमे हुई, और उस समय इच्छानुकूल योगका उदय होनेसे, इच्छानुकूल हाथकी क्रिया हुई, वह हाथकी क्रिया हाथमे हुई है किन्तु हाथका कोई भी भाग घड़ेमे नहीं गया है। यदि कुम्हारके हाथने घडा बनाया है तो हाथका कोई भी भाग घड़ेमे जाना चाहिये और उसके हाथमेसे कुछ भाग कम होना चाहिये, परन्तु ऐसा कभी होता ही नहीं, इसलिये घडा और कुम्हारमे व्याप्य-व्यापकताके अभावके कारण कर्ताकर्मपनेकी असिद्धि है अर्थात् कुम्हार और घडा बिल्कुल भिन्न-भिन्न है। और जहाँ-जहाँ इच्छा हो वहाँ वहाँ घडा उत्पन्न हो ऐसा नहीं है क्योंकि भिन्न सत्तामे कर्तापना नहीं है।

मिट्टीकी अवस्था परिणमित होकर घड़ारूप हुई है, किन्तु कुम्हारकी कोई भी अवस्था घड़ारूप नहीं हुई है। यदि कुम्हार घडारूप हो गया हो तो उससे पृथक् होकर वह कुछ भी कार्य नहीं कर सकता। इसलिये कुम्हार घड़ेका कर्ता नहीं है।

उसीप्रकार, आत्मा कर्ता है और राग-द्वेप उसका कार्य है—ऐसा नहीं है। यदि वास्तवमे आत्मा राग-द्वेप रूप हो गया हो तो त्रिकाल उसीरूप रहेगा किन्तु उससे भिन्न पर्याय प्रगट नहीं कर सकेगा और अपने आनन्दादि अनन्त स्वभावोंका अनुभव नहीं कर सकेगा, परन्तु आत्मा तो नित्य चैतन्यमूर्ति ज्ञाता-दृष्टा है उसमे अनित्य राग-द्वेपका प्रवेश नहीं हुआ है, वह पर्यायमे एक क्षणमात्र ऊपर-ऊपर होता है; यदि वह आत्माके मूलस्वभावमे घुस गया हो तो कभी भी निकल नहीं

सकता, इसलिये जब आत्मा शुभाशुभ विकारी परिणामोंका कर्ता नहीं है तो फिर जड़-कर्म और शरीर, वाणी, मन तथा मकान, लक्ष्मी इत्यादिका कर्ता तो होगा ही कैसे? "जड़ ते जड़ त्रणकालमें, चेतन चेतनरूप; कोई कोई पलटे नहि त्रणेकाल द्वयरूप।"

वस्तु और वस्तुकी अवस्थाका व्याप्य-व्यापक सम्बन्ध है, एक वस्तुका सम्बन्ध दूसरी वस्तुकी अवस्थाके साथ नहीं है। जैसे आत्मा वस्तु व्यापक है और शरीर, वाणी तथा राग-द्वेषरूप जो अवस्था है वह उसका व्याप्य है—ऐसा है ही नहीं। एक द्रव्यका दूसरेमें व्याप्य व्यापकपना है ही नहीं।

आत्मद्रव्य व्यापक है और उसकी जो निर्मल अवस्था है सो व्याप्य है, उसीप्रकार पुद्गलद्रव्य व्यापक है और शरीर, वाणी तथा उसका राग व्याप्य है, इसप्रकार द्रव्यका और उसकी पर्यायका व्याप्य-व्यापक सम्बन्ध है।

मिट्टीरूप वस्तु और उसकी घड़ेरूप पर्यायके साथ कुम्हारका व्याप्य-व्यापकपना नहीं है। कुम्हार व्यापक और घड़ारूप अवस्था व्याप्य—इसप्रकार व्याप्य-व्यापक सम्बन्ध नहीं है, किन्तु मिट्टी व्यापक और घड़ारूप पर्याय व्याप्य है। मिट्टी स्वत परिणमित करके घड़ेरूप अवस्था हुई है, किन्तु कुम्हार परिणमित होकर घड़ारूप अवस्था नहीं हुई है, इससे मिट्टीने ही कर्ता होकर घड़ा बनाया है, कुम्हारने नहीं कुम्हार तो मात्र निमित्तरूप है। वास्तवमें जहाँ जिसका व्याप्य-व्यापकपना हो वहीं कर्ताकर्मपना होता है।

भगवान आत्मा अनादि स्वतंत्र वस्तु है, वह अपनेको भूलकर कर्मोंमें युक्त होकर अनादिसे रुका हुआ है, किन्तु वह कर्मोंकी अवस्था आत्माका व्याप्य नहीं है।

जैसे कुम्हारका और घड़ेका व्याप्य-व्यापक सम्बन्ध नहीं है इसलिये कर्ताकर्म सम्बन्ध भी नहीं है, उसीप्रकार पुद्गलपरिणामोंके ज्ञानको कर्मरूप करता हुआ ज्ञानी अपने आत्माको जानता है।

राग-द्वेष, शरीर, वर्ण, गंध, स्पर्शादि जो-जो अवस्थाएँ होती हैं उनके साथ आत्माका व्याप्य-व्यापकपना नहीं है, इससे कर्ताकर्मपना भी नहीं है। उन रागादिक अवस्थाओंका ज्ञान करना आत्माका कर्म है और आत्मा उस ज्ञानकर्मका कर्ता है। आत्मा ज्ञानकी पर्याय करता है, वैसा कहना भी सद्भूतव्यवहार है। गुण और पर्यायका भेद हुआ इसलिये व्यवहार है, परन्तु वस्तुदृष्टिसे गुण-पर्यायमें भेद नहीं है किन्तु लक्षणादि भेदसे भेद है इसलिये व्यवहार कहा है।

जो शरीर, मन, वाणी, वर्ण, गंध, रस और स्पर्श, राग-द्वेषादिको जाननेके परिणामरूप कार्य है, जाननेकी सत्क्रियारूप कार्य है, उस जाननेमात्र सत्कर्मको करता हुआ ज्ञानी अपने आत्माको जानता है। द्रव्यकर्म, भावकर्म, नोकर्मसे अत्यन्त भिन्न निरन्तर सर्वत्र ज्ञानपर्यायको करता हुआ—ज्ञानस्वरूप होता हुआ ज्ञानी है।

आत्मा ज्ञाता—दृष्टा है। उस ज्ञाता—दृष्टारूपसे रहना ही उसका कर्तव्य है, और उसके अतिरिक्त राग करनेका अथवा शरीरको सुधारनेका कर्तव्य आत्माका नहीं है, तथापि जो ऐसा मानता है वह अज्ञानी है।

परमार्थसे अर्थात् यथार्थ रीतिसे घड़ा और कुम्हारका व्याप्य-व्यापकपना नहीं है, वैसे ही राग—द्वेष शरीरकी अवस्थाका ज्ञानरूप आत्माकी पर्यायके साथ भी व्याप्यव्यापकपना नहीं है। यहाँ राग-द्वेषके परिणामोंको भी पुद्गलका परिणाम कहा है। पुद्गल परिणामोंके ज्ञानका अर्थात् राग-द्वेषरूप परिणामोंके ज्ञानका और राग-द्वेषरूप अवस्थाका व्याप्य-व्यापक सम्बन्ध नहीं है और इससे कर्ताकर्मपना भी नहीं है।

जैसे कुम्हार और मिट्टीके भीतरी सम्बन्धका अभाव है, वैसे ही ज्ञानपर्यायका राग-द्वेषकी पर्यायके साथ तथा शरीरादिकी पर्यायके साथ भीतरी सम्बन्ध नहीं है। जैसे घड़ा और मिट्टीका आन्तरिक सम्बन्ध है वैसे ही आत्मा और ज्ञानका भी आन्तरिक सम्बन्ध है।

ज्ञान ही आत्माका कार्य है, किन्तु राग-द्वेष आत्माका कार्य नहीं

है। आत्माका कार्य स्व-पर प्रकाशक है, आत्मा स्वतः को भी जानता है और परको भी। जाननेकी क्रिया आत्माका कार्य है, यह सद्भूतव्यवहार है। यह गाथा अलौकिक, अपूर्व है। यह वस्तुस्वरूप समझना कठिन है सत्समागमके विना यह नहीं समझा जा सकता।

जो राग-द्वेष और अज्ञान है सो व्यवहार है तथा उसका फल संसार है, अज्ञान भी व्यवहार और संसार भी व्यवहार—दोनों व्यवहार हैं। जिसका कारण व्यवहार हो उसका कार्य भी व्यवहार ही होता है। आत्माकी जो सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्ररूप निर्मल पर्याय प्रगट होती है उसके फलस्वरूप मोक्ष प्रगट होता है। जिसका कारण निश्चय है, उसका कार्य भी निश्चयरूप होता है, जिसका कारण निर्मल उसका कार्य भी निर्मल होता है। यहाँ आत्माकी निर्मल पर्यायको निश्चयनय कहा है और मलिन पर्यायको व्यवहार कहा है। आत्माकी निर्मल पर्यायको व्यवहार कहा जाता है परन्तु यहाँ स्वद्रव्यकी अपेक्षासे अपनी पर्याय है, इसलिये निश्चय कहा है।

आत्मा ज्ञानानन्द शुद्धस्वरूपी है, उसे भूलकर उसकी अवस्थामें पराश्रयपना करे तो दोष होते हैं, उसे मलिन अवस्था कहो कर्ममें युक्त हुआ कहो, एकान्तदृष्टिमे अटकना कहो, अथवा अपना भान भूलकर कर्माधीन हुआ कहो—वे सभी एकार्थवाची हे। उन सभीमे अज्ञानताका दोष हे इसलिये यहाँ पर उन्हे आत्मा नहीं कहा है, क्योंकि जिनके फलरूप एकेन्द्रिय-निगोदमे जाये उन्हें आत्मा कैसे कहें? अज्ञान पर्यायमे वर्तमानमे भी मूढ़ता है और उसके फल स्वरूप भविष्यमे भी निगोदादिमें मूढ़ होकर जाना है उसे आत्मा कैसे कहा जाये?

आत्मा तो उसे कहते हैं कि जिससे वर्तमानमे भी विकास दिखाई दे और भविष्यमे विकासकी वृद्धि हो, वह विकास वर्तमानमे सुख-शांति एवं निराकुलता युक्त होता है और भविष्यमें भी उनकी वृद्धि होती ही रहती है, वह पूर्ण होने पर मुक्त हो जाये उसीको

आत्मा कहते हैं। जिसकी दृष्टि जडके ऊपर है, जिसका ज्ञान मूढताको प्राप्त होता है उस आत्माको जड कहा है, क्योंकि अपनी जागृतिका भान नहीं है—इस अपेक्षासे वह जड़ है। वस्तुस्वरूपको यथावत् समझे बिना भवका अन्त नहीं आ सकता। ज्ञानीको आत्माकी जागृतिका भान है, उसकी बात इस गाथामें कही है।

धर्मात्मा जीवका लक्षण क्या है वह बतलाते हैं। शिष्यने पूछा था कि प्रभो! ज्ञानी जीवको पहिचाननेका चिह्न क्या है? उसे कैसे जाना जा सकता है? उसका कुछ अनुमान या चिह्न बताइये। यह जीव आत्माका पूर्ण हित करनेके पथपर है—यह कैसे जाना जाये? इसकी मिथ्याबुद्धिका नाश हुआ है और यथार्थबुद्धि प्रगट हुई है यह कैसे समझा जा सकता है? यह लड़का धर्मी है, यह स्त्री अथवा यह पुरुष धर्मात्मा है यह कैसे अनुमान लगाये? लोक-व्यवहारमें नीति और सज्जनताके कार्य करे इससे धर्मात्मा कहलाता है, किन्तु इस लोकोत्तरमार्ग-मोक्षमार्गमें धर्मीकी पहिचान करनेका लक्षण–चिह्न अथवा अनुमान क्या है, वह कहिये। यह अजान शिष्य प्रश्न करता है उनका उत्तर इस गाथामें अत्यन्त स्पष्टरूपसे दिया गया है।

✓ धर्मात्मा जीव यह नहीं मानता कि शरीरादि मेरे कार्य हैं और मैं उनका कर्ता हूँ। एक आत्माके अतिरिक्त अन्य कोई भी परपदार्थ मुझे लाभ–हानि कर सकते हैं—ऐसा मानना सो मोह है, ऐसा मोह ज्ञानीके नहीं होता इसलिये वह धर्मात्मा है। शरीरमें चलनेकी, वाणीमें बोलनेकी, कर्ममें कर्मोंका फल देनेकी शक्ति है वह सब पुद्गलकी अवस्था है, उसका कर्ता पुद्गल है, राग-द्वेष अपना स्वभाव नहीं है, अपनेसे वह उत्पन्न नहीं होता, वह अपनी अवस्था होता अवश्य है किन्तु अपना स्वभाव न होनेसे उसे जड़का कहा है। धर्मात्मा राग-द्वेषके भावोंका और शरीरादिका कर्ता नहीं होता किन्तु ज्ञाता है, राग-द्वेषका कर्ता नहीं हुआ और साक्षी रहा अर्थात् राग-द्वेषसे मुक्त हुआ और स्वमें स्थिर हुआ। यह धर्मीका अन्तरलक्षण है, अन्तर चिह्न है। ज्ञानी राग-द्वेषसे छूटकर स्वमें

स्थिर होना अपना कर्तव्य समझते हैं। चौथे गुणस्थानमें अपनी भूमिकानुसार धर्मात्मा जीव कभी-कभी वाह्यका लक्ष्य छोड़कर स्वरूपमें स्थिर हो जाते हैं और सिद्ध समान अंशतः अनुभव करते हैं, पाँचवीं भूमिकामें स्वरूपरमणताकी वृद्धि होती है और छठवीं भूमिकामें मुनित्व आता है। वहाँ पर स्वरूपरमणतामें विशेष वृद्धि होती है, अन्तर्मुहूर्तमे छट्ठे और अन्तर्मुहूर्तमे सातवें गुणस्थानमे मुनि झूलते हैं क्षणमे स्वरूपमे स्थिर होते हैं और क्षणमे वाह्यमे अर्थात् विकल्पमे आ जाते हैं, इसप्रकार पुन पुन हजारोंवार आना-जाना मुनि करते है। जो-जो भाव आते हैं उनका ज्ञाता रहकर, अस्थिरताको दूर करते वीतरागता प्रगट करना ज्ञानीका कर्तव्य है। अज्ञानी राग-द्वेषको अपना मानते हैं इससे उन्हें रखना व अपना कर्तव्य समझते हैं।

परमार्थसे पुद्गल परिणामोंके ज्ञानका और पुद्गलका घट और कुम्हारकी भाँति व्याप्य-व्यापकभावका अभाव होनेसे कर्ताकर्मपनेकी असिद्धि है और जैसे घड़े और मिट्टीका व्याप्य-व्यापक भावका सद्भाव होनेसे कर्ताकर्मपना है वैसे ही आत्मपरिणामों और आत्माका व्याप्य-व्यापकभावका सद्भाव होनेसे कर्ताकर्मपना है।

कुम्हार घड़ेमे प्रवेश नहीं कर जाता, मिट्टीमें नहीं घुस जाता, कुम्हारके स्वभावमे मिट्टी प्रवेश नही कर जाती उसके स्वभावरूपसे नही हो जाती, इसलिये मिट्टी घड़ेकी कर्ता है, कुम्हार नही। मिट्टीमे घड़ा होनेकी जो क्रमबद्ध योग्यता है उसके द्वारा उसकी पर्याय क्रमबद्ध होती है। जब मिट्टीमें घड़ा होनेकी योग्यता होती है तब कुम्हारका निमित्त होता है—ऐसा वस्तुका स्वभाव है।

कुम्हारने पहले ज्ञान किया था कि मिट्टीमेंसे घड़ा बनेगा, उसके ध्यानमे भी ऐसा ही है कि मिट्टीमेंसे घड़ा होगा, वालूमेसे घड़ा होगा वैसा उसने नहीं जाना है। अब, जिससमय घड़ा बनता है उससमय भी ऐसा जानता है कि इस मिट्टीमेसे घड़ा हो रहा है घड़ा 'होता है,' 'होता है' 'होता है'—ऐसा कुम्हार जानता है किन्तु मुझमे से घड़ा हो रहा है, वैसा कुम्हार नहीं जानता। इससे कुम्हार घड़ेका

कर्ता नहीं है, किन्तु मात्र ज्ञाता ही है—ऐसा सिद्ध हुआ, तथापि कर्ता मानता है उसकी अज्ञानता और भ्राँति है।

देखो न ! तुम सभी मकान बनानेके विपयमे क्या करते हो, उसमे भी ऐसा ही है पहले भी ऐसा जाना है कि मकान चूना, पत्थर और ईटोंसे बनेगा, और फिर जब मकान बनता है तब भी तुम ऐसा जानते हो कि यह मकान चूना, पत्थरसे "बन रहा है, बन रहा है, बन रहा है" किन्तु मुझमेसे यह मकान हो रहा है ऐसा नहीं जानते, तथापि अज्ञानी मिथ्याभिमान करता है कि यह मकान मैंने बनाया है। जब मकान होना होता है तब उसे अनुकूल निमित्त उपस्थित होते हैं। मकान बनना हो वह जीवको मकान बनवानेका विकल्प नहीं करा देता, परन्तु गृहस्थाश्रमके रागमें विद्यमान जीवके अपने कारणसे उसका वीर्य विभावमे युक्त होता है उससे विकल्प आता है, विकल्पसे मकान नहीं बनता किन्तु जब मकान बनना होता है तब ऐसा विकल्परागवाला जीव आदि अनुकूल निमित्त स्वतः अपने कारणसे उपस्थित हो जाते हैं—ऐसा निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है।

जब इस पुस्तकको सीना प्रारम्भ किया तब सीनेवालेने क्या किया? उसे खबर है कि सुई इस कागजको छेदेगी, कागज सिलेगा, डोरा चलेगा—ऐसा जो ज्ञान है वह ज्ञान, जब जाननेकी क्रिया करता है उस समय अपनी इच्छानुसार हाथकी क्रियाका अनुकूल उदय हो तो हाथकी क्रिया होती है, उसने तो मात्र जाननेकी क्रिया की है, हाथकी क्रिया होना थी इसलिये कागज सीया जाना था इसलिये सीया गया, जिसमें जो स्वभाव हो वह कार्य होता है उसमे तूने क्या किया है? यदि तू कागज सीनेवाला—कर्ता हो तो पत्थरोंको साथमे सीं दे, वह तो नहीं कर सकता, तो फिर जो भी कुछ हुआ है वह उसके स्वभावसे हुआ है उसमे तूने क्या किया? कागजमे जब पुस्तकरूप होनेकी योग्यता हो उस समय उसे अनुकूल निमित्त प्राप्त होते हैं—ऐसा स्वतंत्र भिन्न-भिन्न दो चीजमे निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है किन्तु कर्ता-कर्म सम्बन्ध नहीं है।

पुस्तकके, प्रभावनाके, दयाके, दान इत्यादिके शुभ परिणाम जीव स्वतः करता है। कोई कहे कि जब जैसा होना होगा वैसे शुभविकल्प आयेंगे, ऐसा माननेवाला शुष्क है, उसे धर्मसे प्रेम नहीं है। अशुभ-परिणामोंको बदलकर जीव स्वयं शुभपरिणाम कर सकता है; ज्ञानी, धर्मात्मा भी जबतक स्वरूपमें स्थिर नहीं हो सकते तबतक अशुभसे बचनेके लिये शुभपरिणामोंमें पुरुषार्थ द्वारा युक्त होते हैं किन्तु उनके कर्ता नहीं होते।

शुभपरिणामको जैसा बनना होता है उसप्रकार कर्म नहीं ला देता, परन्तु अशुभपरिणामोंमेंसे छूटकर शुभमें स्वत पुरुषार्थके द्वारा युक्त होता है और उन शुभपरिणामोंके अनुसार दया, दान, प्रभावनादिके बाह्य कार्य होना हो तो होते हैं। जब वे कार्य होते हैं उस समय जीवके शुभ-परिणामोंका निमित्त होता है—ऐसा लगभग निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, इससे अज्ञानीको ऐसा भ्रम हो जाता है कि यह कार्य मैंने किये परन्तु सभी द्रव्य स्वत अपने स्वतंत्र कारणसे परिणमित होते हैं। निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध होने पर भी कोई किसीका कर्ता नहीं है। कोई यह कहे कि हमारे भाव तो दान देनेके हैं किन्तु बाह्यक्रिया जब होना हो तभी होती है—ऐसा कहनेवाला मिथ्या बचाव करता है, दान करनेके भाव हों तो दान देनेकी क्रिया होती है—ऐसा लगभग निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है।

हाथका अनुकूल उदय न हो, हाथको लकवा हो गया हो तो बात दूसरी है, बाह्यमें सभी प्रकारका अनुकूल उदय हो और दान देनेकी क्रिया न हो, वैसा नहीं हो सकता, स्वत को दान नहीं करना है इससे मिथ्या बचाव करता है। यहाँ बचाव करनेकी बात नहीं है किन्तु कहना यह है कि निमित्त-नैमित्तिक होने पर भी तू परद्रव्यका कर्ता नहीं है। सभी द्रव्य स्वतंत्र परिणमन करते हैं, कोई किसीका कर्ता नहीं है। ज्ञानी, धर्मात्मा शुद्धस्वरूपमें स्थिर होनेके लिये ही उद्यत रहते हैं, शुभ-परिणाम आते हैं किन्तु वे उनके कर्ता नहीं होते। व्यवहारमें कर्तापनका कथन आते हों किन्तु व्यवहारसे भी किसी भी परद्रव्यके कर्ता ज्ञानी या

अज्ञानी नहीं हैं, अज्ञानी भी किसी परद्रव्यका कार्य नहीं कर सकता किन्तु मात्र अभिमान करता है कि यह कार्य मैंने किया है। व्यवहारसे भी कोई किसीका कुछ कर नहीं सकता। व्यवहारकी मुख्यतासे कथन होता है परन्तु कार्य नहीं होता।

कोई स्त्री जब रोटी बनाती है तब भी वह जानती है परन्तु परद्रव्यका कुछ कर नहीं सकती। उसने प्रथम जाना है कि गेहूँके आटेकी रोटी बनेगी, दाल और चावलकी खिचड़ी बनेगी, और फिर जब वह बनती है उस समय भी पहलेकी ही भाँति जानती है कि गेहूँके आटेकी रोटी बन रही है, किन्तु यह नहीं जानती कि रोटी मुझमेंसे हो रही है। उस स्त्रीमेंसे रोटी नहीं बन रही है तथापि वह व्यर्थका मिथ्याभिमान करती है कि "रोटी मैंने बनाई" परन्तु उसमे तूने क्या किया? तूने बहुत किया तो अज्ञानभावसे इच्छा की है कि रोटी 'करूँ–करूँ' किन्तु रोटी तो गेहूँकी ही बनी है। यदि तुझमें रोटीको बनानेकी शक्ति हो तो लोहे-पत्थरकी रोटी बना दे; तब तो कहेगी नहीं, उससे रोटी नहीं बन सकती, रोटी तो आटेसे ही बनेगी। फिर उसमें तूने क्या किया? जिसका जो स्वभाव था वह उसमेसे प्रगट हुआ उसमेंसे जो शक्ति न हो तो वह कहाँसे आती? व्यर्थका मिथ्याभिमान करके मूढ़ताका सेवन करती है। जब गेहूँके आटेसे रोटी होनी हो उस समय उपस्थित जीवके विकल्पका, हाथकी क्रियाका, चकला-बेलन, तवा और अग्नि आदिका निमित्त उसे प्राप्त होता है। ज्ञानीके भी रोटी करनेकी इच्छा तो होती है किन्तु उस इच्छाका, हाथका अथवा रोटी आदि किसीका भी कर्ता नहीं होता; परन्तु जो कुछ होता है उसका मात्र ज्ञाता ही रहता है। आटेमेंसे जब रोटी होना हो तब उसके अनुकूल निमित्तोंको रोटी होनेकी योग्यता-वाले पुद्गल कहीं खींचकर नहीं लाते किन्तु सभी अनुकूल निमित्त स्वत: अपने–अपने कारणसे उपस्थित होते हैं।

जैसे मिट्टी और घड़ेका व्याप्य-व्यापक सम्बन्ध है, वैसे ही ज्ञानीका अपनी पर्यायके साथ व्याप्य-व्यापक सम्बन्ध होनेसे उसके

आत्माका और आत्माकी पर्यायका कर्ताकर्म सम्बन्ध है। परन्तु पुद्गल परिणामके साथ, रागादिकके साथ व्याप्य-व्यापक सम्बन्ध नहीं है इससे कर्ताकर्म सम्बन्ध भी नहीं है।

इस शरीरकी जो चलने-बैठनेकी क्रिया होती है उसका कर्ता पुद्गल है और चलना-बैठना उसकी क्रिया है। वह क्रिया शरीररूपसे होती है किन्तु आत्मारूपसे नहीं होती, यदि वह आत्मारूप होती हो तो ज्ञान-दर्शन आदि गुण उसमें मिल जाना चाहिये परन्तु वैसा तो नहीं होता। शरीरकी क्रिया भिन्न होती है और आत्माकी भिन्न, जो होता है उसे ज्ञानी जानता है, जाननेकी क्रिया आत्माके साथ व्याप्य है और आत्मा स्वतः व्यापक है; आत्मा स्वतः कर्ता है और ज्ञानपर्याय उसका कार्य है—इस प्रकार कर्ताकर्म सम्बन्ध है।

विपरीत पुरुषार्थ द्वारा आत्माकी पर्यायमें जो हर्ष-शोककी वृत्तियाँ होती हैं वह आत्माका स्वभाव नहीं है, इससे ज्ञानी जानता है कि हर्ष-शोककी अवस्थामें मैं उत्पन्न नहीं होता और वह मुझमें उत्पन्न नहीं होती। मै अपनेमें उत्पन्न होता हूँ। अपूर्ण हूँ इससे अल्प अस्थिरता होती है, वह अस्थिरता पुरुषार्थकी मन्दतासे मेरी अवस्थामें होती है किन्तु वह मेरा स्वभाव नहीं है, वह परनिमित्तसे होनेवाला भाव है इसलिये परका है। इसप्रकार ज्ञानी, जो-जो अवस्थाएँ होती हैं उनका ज्ञान करता है। वह ज्ञान आत्माका कर्म है और आत्मा उसका कर्ता है।

चलने, बैठने, बोलने आदिकी, तथा अन्तरमें हर्ष-शोककी जो-जो अवस्थाएँ होती हैं उन्हें ज्ञानी जानता है; यह सब जो मेरे आत्मस्वभावसे बाहर होता है उसका मैं ज्ञायक हूँ। जो होता है उसे ज्ञानी देखता है अर्थात् ज्ञानकी पर्याय करता है, ज्ञान मेरा कार्य है, मेरा धर्म है उस ज्ञानकी पर्याय अपनेमें विस्तृत हुई है, प्रसारित हुई है और स्वतःमें ही व्याप्त हुई है। ज्ञानी जानता है कि मेरे आत्माके बाहर जो पैदावारी दिखाई दे रही है वह सब जड़की फसल है, मेरी पैदावारी तो मुझमें है, मेरे अंकुर मुझमें ही हैं, मैं अनन्त गुणकी मूर्ति हूँ

और अनन्त गुणोंकी पर्यायसे अपनेमें ही अंकुरित होता हूँ, बढ़ता हूँ, और अपने स्वभावमें फलता हूँ, जड़से मेरी फसल नहीं होती। विकारोंकी पैदावारी अज्ञानभावोंकी है, वह मेरे आत्माकी फसल नहीं है, जब मैं अपने ज्ञानस्वभावमें स्थिर होता हूँ तब दूर हो जाती है। ज्ञानी कर्ता है और ज्ञान उसका कार्य उस प्रकार है जैसे मिट्टी कर्ता और घड़ा उसका कार्य। परन्तु कुम्हार कर्ता और घडा उसका कार्य—ऐसी अज्ञानीकी बात यहाँ नहीं है, यहाँ तो धर्मात्माकी बात है। ज्ञानी, ज्ञानस्वरूपसे है, किंतु रागस्वरूपसे ज्ञानी नहीं है। अपनेमें अनन्तगुण हैं वे वस्तुरूपसे अभेद हैं—ऐसी अभेददृष्टि करके, उसमें एकाग्र होकर, विभावोंसे भिन्न होकर जो पुण्य-पापकी वृत्तियाँ होती हैं उनका ज्ञाता ही रहता है।

कुम्हार कर्ता और घड़ा उसका कार्य-वैसी कर्ताकर्मकी सिद्धि है ही नहीं। इसीप्रकार पुद्गल और ज्ञानके भी कर्ताकर्मपनेकी सिद्धि है ही नहीं। जैसे घड़ेका और मिट्टीका कर्ताकर्मपना है वैसे ही आत्म-परिणामोंका अर्थात् ज्ञानका और आत्माका कर्ताकर्मपना है। ज्ञानी द्रव्यकर्म, भावकर्म, नोकर्म सभीका ज्ञाता है किन्तु कर्ता नहीं है। यह बात बड़े-बड़े महन्त (दुनियांमें कहे जानेवाले महा पुरुष) अज्ञानीको भी खटके ऐसी है, किन्तु उससे कहीं वस्तुस्वभाव नहीं बदल जायेगा। वस्तुस्वभाव तो जैसा है वैसा ही है, त्रिकाल ऐसा ही है।

घड़ा अर्थात् यह शरीर। शरीरका आकार घड़ेकी भाँति है, और अपनेको उस शरीरकी अवस्थाका कर्ता माननेवाला कुम्हार जैसा है; कुम्हारने माना है कि घड़ा मैं बनाता हूँ और अज्ञानी मानता है कि शरीरकी अवस्था मैं करता हूँ इसलिये दोनों कुम्हार हैं।

ज्ञानी सबका ज्ञाता है। मकान, दुकान, लक्ष्मी, कुटुम्बादि सभीका ज्ञाता है। यह बात सर्वज्ञकी नहीं है किन्तु यह तो वस्तुस्वरूप जैसा है उसे जाननेवाले ज्ञानीकी बात है, जिसके राग-द्वेष, शरीरादिकी क्रिया होती है, अल्प हर्ष-शोक होता है, अर्थात् चौथे गुणस्थानकी बात है,

सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञानकी बात है। वस्तुस्वरूपको यथावत् समझे बिना भवका अन्त नहीं है।

// अरे भाई! यह शरीर, मकान, स्त्री, कुटुम्ब इत्यादि सभीको तू अपना मानता है वे सभी झंझाके झकोरेके समान क्षण भंगुर होनेसे पवनकी भाँति उड जाँयगे। पुण्य-पापके शुभाशुभ भावोंको तू अपना मानता है परन्तु वे सर्व तो क्षणिक हैं, प्रतिक्षण परिवर्तित होते रहते हैं; इसलिये यदि तुझे सुखकी आवश्यकता है तो शाश्वत आत्माका भान कर! अशुभपरिणाम तो विकार ही हैं किन्तु दया, दान, व्रत, पूजा आदिके जो शुभपरिणाम होते हैं वह भी आस्रव है—अनात्मा है, विकार है। आत्माके निर्विकार स्वभावसे वे भाव भिन्न हैं, परन्तु अशुभपरिणामोंसे बचनेके लिये शुभपरिणाम आये विना नहीं रहते; ज्ञानी भी अशुभ-परिणामोंसे बचनेके लिये शुभमे विद्यमान रहते हैं, पूर्ण वीतरागता प्रगट नहीं हुई है पूर्ण स्वरूपमें स्थिर नहीं हुआ जा सकता—इससे शुभपरिणामोंमें युक्त होते हैं। ज्ञानी शुद्धस्वरूपमें स्थिर होनेके उद्यमी रहते हैं परन्तु जहाँतक पूर्ण स्थिरता नहीं हो सकती वहाँ तक शुभपरिणामोंमें भी युक्त होते हैं, किन्तु उनके कर्ता नहीं होते, उनके भी ज्ञाता ही रहते हैं, अशुभपरिणामोंके, शरीरकी क्रियाके और बाह्यके अनुकूल-प्रतिकूल संयोगोंके भी ज्ञाता ही हैं—इसप्रकार सबके ज्ञाता ही हैं। विकारी अवस्था तो अपने पुरुषार्थकी मन्दतासे, अपनी अस्थिरताके कारण होती है तो भी उसके ज्ञाता हैं। द्रव्यको, उसके स्वभावको और उसकी शुद्ध-अशुद्ध पर्यायको ज्ञानी बराबर जानते हैं, कर्ताकर्मके स्वरूपको एवं निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्धको भी वे बराबर जानते हैं, जो अल्प अस्थिरता होती है उसे दूर करके वीतराग होनेका प्रयास है भावना है।

जिसे आत्माके स्वभावकी खबर नहीं है उसे जड़के स्वभावकी भी खबर नहीं है; जिसे आत्माके स्वभावकी खबर है उसे जड़के स्वभावकी खबर है।

मैंने पुण्य किया, दान किये, परको मैं सुखी कर सकता हूँ, दुःखी कर सकता हूँ; मैं ही शरीरको चला सकता हूँ, वाणी मैं ही बोल सकता हूँ—इसप्रकार परकी क्रियाका स्वामी होनेवाला–परकी क्रियाको अपनी माननेवाला यहाँसे जाकर बीचमें एक या दो भव राजा अथवा देवके लेकर पश्चात् निगोद और नरकमें सड़ेगा, वह अधर्मी है। परन्तु जिसने परसे भिन्न आत्माका सच्चा स्वरूप समझनेकी यथार्थ जिज्ञासा की होगी वह भविष्यमें अवश्य पुरुषार्थकी वृद्धि करके स्वरूपको समझेगा और उसके भवका अन्त आयेगा।

आत्मद्रव्य स्वतंत्र व्यापक होनेसे आत्मपरिणामोंका अर्थात् पुद्गल-परिणामोंके ज्ञानका कर्ता है; और जो पुद्गलपरिणामोंका ज्ञान है वह व्यापक द्वारा स्वतः व्याप्य होनेसे (व्याप्यरूप होता होनेसे) कर्म है। और इसप्रकार (ज्ञाता पुद्गलपरिणामोंका ज्ञान करता है इससे) ऐसा भी नहीं है कि पुद्गलपरिणाम ज्ञाताका व्याप्य है; क्योंकि पुद्गल और आत्माका ज्ञेय–ज्ञायक सम्बन्धका व्यवहारमात्र होने पर भी पुद्गलपरिणाम जिसके निमित्त हैं—ऐसा ज्ञान ही ज्ञाताका व्याप्य है, पुद्गलपरिणामोंका ज्ञेयरूप निमित्त है। ज्ञान जानना तो स्वतःके ही द्वारा है किन्तु ज्ञेय निमित्त है। (इसलिये वह ज्ञान ही ज्ञाताका कर्म है)।

आत्मा स्वतः अपनेमें व्याप्त होकर अपने आत्मपरिणामोंका कर्ता है और आत्मपरिणाम अर्थात् ज्ञानपरिणाम उसका कार्य है। द्रव्यकर्म, भावकर्म और नोकर्मका ज्ञान (उसे जाननेवाला ज्ञानकर्म) आत्मामें व्याप्त है, कहीं परमें व्याप्त नहीं है इसलिये वह आत्माका कर्म है, वह स्वतंत्र व्यापक द्वारा ही स्वतःमें व्याप्त होनेसे आत्माका कर्म है। फिर आत्मा पुद्गलपरिणामोंका ज्ञान करता है इससे पुद्गलके परिणाम हैं वे ज्ञाताकी अवस्था हो जाये—ऐसा नहीं है। शरीर इसप्रकार चला, रोटी इसप्रकार खाई, पैसा ऐसे हुआ, उन सबका ज्ञान किया इससे कहीं वह सब जड़की अवस्था आत्माकी नहीं हो जाती। आत्माका स्वभाव स्व-परको जाननेका है इससे कहीं ज्ञेय ज्ञानरूप और ज्ञान

ज्ञेयरूप नहीं हो जाता मात्र ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध है परन्तु इससे कहीं एक दूसरेमें प्रवेश नहीं कर जाते। प्रवेश किये विना कर्ता मानना वह अज्ञानियोंका उपचार है।

रागादि या तृष्णाको कम करनेकी अवस्था आत्मामें होती है, इससे वह मन्दरागरूप अवस्था कहीं आत्माका स्वभाव नहीं हो जाती। आत्मा शरीरकी अवस्थाके ज्ञाता और तृष्णाको कम करनेकी अवस्थाके ज्ञाता है कर्ता नहीं कारण कि आत्माकी ज्ञानरूप निर्मल अवस्था शरीररूप नहीं हो जाती, वैसे ही शुभाशुभपरिणामरूप नहीं हो जाती, क्योंकि ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध व्यवहारमात्र होने पर भी पुद्गलपरिणाम जिसका निमित्त है—ऐसा वह ज्ञान ही ज्ञाताका व्याप्य है इसलिये ज्ञान ही ज्ञाताका कर्म है, उस ज्ञानक्रियाका आत्मा कर्ता है।

संयोग और विकार मैं नहीं हूँ कारण कि मैं शरीर, वाणी, मनरूप नहीं हूँ, राग-द्वेष भी नहीं हूँ किन्तु उन सबसे भिन्न आत्मा हूँ—ऐसा ज्ञान करके स्वरूपमें स्थिर हुआ वह निर्मल श्रद्धा-ज्ञान और स्वरूपाचरण आत्माकी पर्याय है। शरीर, वाणी तो स्थूल हैं, उनका आत्माके साथ कर्ता-कर्म सम्बन्ध नहीं है, परन्तु शरीर और रागादि ज्ञाता नहीं है, ज्ञात होने योग्य है और आत्मा ही ज्ञाता है—ऐसा ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध है पुण्य-पापके परिणामोंके साथ भी आत्माका ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध है परन्तु कर्ताकर्म सम्बन्ध नहीं है। आत्मा ज्ञाता है और पुण्य-पापके परिणाम ज्ञेय—ज्ञानके विषय बनने योग्य हैं। धर्मात्माका कार्य उन सबको जाननेका है, परका कुछ भी करनेका कार्य धर्मीका नहीं है।

शरीर अथवा एक तृणका भी कुछ करनेमें ज्ञानी या अज्ञानी कोई समर्थ नहीं है। अज्ञानी मानता है कि मैं परका कर सकता हूँ, तो वह अपने विपरीत भाव ही करता है किन्तु परका कुछ नहीं कर सकता मैं परवस्तुका कर सकता हूँ—ऐसा जो मानता है वह महामूढ़ है।

अब इसी अर्थके समर्थनका कलशरूप काव्य कहते हैं:—

(शार्दूलविक्रीडित)

व्याप्यव्यापकता तदात्मनि भवेन्नैवातदात्मन्यपि
व्याप्यव्यापकभावसंभवमृते का कर्तृकर्मस्थितिः ।
इत्युद्दामविवेकघस्मरमहोभारेण भिंदंस्तमो
ज्ञानीभूय तदा स एष लसितः कर्तृत्वशून्यः पुमान् ॥ ४९ ॥

अर्थ—व्याप्यव्यापकपना तत्स्वरूपमे ही होता है, अतत्स्वरूपमे नहीं होता। और व्याप्यव्यापक भावके सम्भव बिना कर्ताकर्मकी स्थिति कैसी? अर्थात् कर्ताकर्मकी स्थिति ही नहीं होती। ऐसा प्रबल विवेकरूप और सबको ग्रासीभूत करनेका जिसका स्वभाव है—ऐसा जो ज्ञानप्रकाश है उसके बलसे अज्ञानांधकारको विदीर्ण करता हुआ यह आत्मा ज्ञानस्वरूप होकर, कर्तृत्वरहित हुआ उस काल दीप्त होता है।

देखो! आचार्यदेव कलशमें फिरसे संक्षेपमे कहते हैं कि व्याप्य-व्यापकपना तत्स्वरूपमे ही होता है, अर्थात जडकी अवस्था व्याप्य और जडवस्तु स्वत व्यापक है, इसप्रकार व्याप्यव्यापकपना तत्स्वरूपमे ही होता है। प्रतिक्षण जो अवस्था होती है वह वस्तुके आधारसे ही होती है, वस्तुमें व्याप्त होकर ही होती है। व्यापक अर्थात् होनेवाला और व्याप्य अर्थात् जो होता है वह। अवस्था कहीं अन्यत्र हो और होनेवाला कहीं पृथक् रह जाये—ऐसा नहीं हो सकता। शरीर-वाणीकी अवस्था पुद्गलद्रव्यमे ही व्याप्त है, पुद्गलद्रव्यके ही आधारसे है इसलिये होनेका और होनेवालेका-दोनोंका मेल है। एक तत्त्वसे दूसरे तत्त्वका कुछ भी न तो कभी हुआ है, न होता है और न होगा ही।

यदि एक द्रव्य दूसरे द्रव्यमे व्याप्त हो तो एक द्रव्य दूसरेका कार्य कर सके, कर्ता हो सके, परन्तु एक द्रव्यका दूसरे द्रव्यमें व्याप्त होना जहाँ सम्भव ही नहीं, अवकाश ही नहीं वहाँ कर्ता-कर्मकी स्थिति होगी ही कहाँसे? अर्थात् कर्ता-कर्मकी स्थिति नहीं हो होती।

इसप्रकार समस्त परपदार्थके कर्ताकर्मकी स्थिति रहित द्रव्यसे, गुणसे और पर्यायसे परसे भिन्न-पृथक् आत्मा है। शरीरादि और स्त्री-कुटुम्बादि परकी ओर उन्मुख वाले जो रागादि भाव हैं वह मेरा स्वभाव नहीं है—ऐसा प्रबल विवेक होने पर ज्ञानप्रकाश उदित हो उठता है आत्मज्योति झलकने लगती है और सर्वको भासीभूत करनेका जिसका स्वभाव है, अर्थात् सर्वको जान लेनेका ज्ञानप्रकाशका स्वभाव है, सर्वको जान लेना ज्ञानकी सत्क्रिया भी है, शुभाशुभ भावोंका होना असत्क्रिया है। देखो! शरीरकी क्रिया नहीं कही परन्तु शुभाशुभभावोंका होना असत् क्रिया है।

अज्ञानी राग-द्वेषको अपना मानकर रखना चाहता है, इसलिये राग-द्वेष उसके हैं, और ज्ञानी राग-द्वेषको अपना स्वभाव नहीं मानते इससे उन्हें दूर करना चाहते हैं, इससे वे उसके नहीं हैं किन्तु ज्ञान उसका है। अज्ञानीका ज्ञान नहीं किन्तु राग-द्वेष है।

अज्ञानीका आत्मा कितना है? जितना उसका अज्ञानभाव है, अर्थात् वर्तमान अवस्था जितना; अथवा एक समयके पुण्य-पाप जितना। अज्ञानी त्रैकालिक शुद्ध स्वभावको नहीं मानता इसलिये वह त्रैकालिक आत्मा अज्ञानीका नहीं है; उसका जो शुद्ध त्रैकालिकस्वभाव है वह तो जायेगा ही कहाँ, परन्तु यहाँ उसकी मान्यताकी अपेक्षासे बात है।

ज्ञानीका आत्मा त्रिकाल ज्ञाता-दृष्टा ध्रुव है, अखण्ड है, क्योंकि जैसा चैतन्यका स्वभाव है वैसा ही ज्ञानीने प्रतीतिमें लिया है इसलिये ज्ञानीका आत्मा अखण्ड त्रिकाल शुद्ध है।

ऐसा ज्ञानप्रकाश ज्ञानीके अंतरंगमें प्रगट हुआ है। उस ज्ञान-प्रकाशके बलसे अज्ञानांधकारका भेदन हो जाता है, उसका नाश होता है, राग-द्वेष और पुण्य-पापके भाव मेरे नहीं हैं, मैं उनका कर्ता नहीं हूँ, वह मेरा स्वरूप नहीं है, मेरा स्वरूप तो चिदानन्द आनन्दघन है, उस स्वभावका मैं कर्ता हूँ, परन्तु परभावोंका मैं कर्ता नहीं हूँ—इसप्रकार ज्ञानस्वरूप होकर कर्तृत्वरहित होता हुआ, निर्मल

निर्दोषरूपसे उस काल शोभित–दीप्त हो रहा है। उस काल अर्थात् पहले अज्ञानी था वह अज्ञान दूर होकर अब ज्ञानी हुआ अर्थात् ज्ञानकी अपूर्व अन्तरक्रिया विकसित हुई, उस ज्ञानप्रकाशके बलसे ज्ञानमें समा जाता है अर्थात् उस काल शोभायमान हो रहा है। यह केवलज्ञानीकी बात नहीं है—सम्यग्दृष्टि जीवकी बात है। अद्भुत बात कही है! जो जागृत होकर समझे उसे ज्ञान होने योग्य है।

शरीर, वाणी और मन आदिकी जो प्रतिक्षण अवस्था होती है उसका कर्ता आत्मा नहीं है पृथक् द्रव्यकी पर्याय पृथक् द्रव्यमे, और आत्माकी पर्याय आत्मामें होती है।

जो सर्व अवस्थाओंमें व्याप्त हो वह तो व्यापक है और कोई एक अवस्थाविशेष सो व्यापकका व्याप्य है। ऐसा होनेसे द्रव्य तो व्यापक है और पर्याय व्याप्य है, क्योंकि द्रव्य तो समस्त अवस्थाओंमे व्यापक ही है और पर्याय एक अवस्थाविशेष है, इसलिये वह व्याप्य है। द्रव्य–पर्याय अभेदरूप ही हैं वे पृथक्-पृथक् नहीं हैं इसलिये जो द्रव्यका आत्मस्वरूप अथवा सत्व है वही पर्यायका आत्मस्वरूप और सत्व है। ऐसा होनेसे द्रव्य पर्यायमे व्याप्त होती है और पर्याय द्रव्यके द्वारा व्याप्त हो जाती है। ऐसा व्याप्यव्यापकपना तत्स्वरूपमें ही होता है।

पुद्गलद्रव्य व्यापक है और वर्ण–गंध–रस–स्पर्शकी पर्याय व्याप्य है। वह द्रव्य और पर्याय–दोनों अभेद हैं, जो द्रव्यका स्वरूप और सत्त्व है वही पर्यायका स्वरूप और सत्त्व है।

आत्मा व्यापक है और ज्ञानादि गुणोंकी पर्याय उसका व्याप्य है। जो आत्माका स्वरूप और सत्त्व है वही पर्यायका भी है, द्रव्य और पर्याय दोनों अभेद हैं। इसप्रकार व्याप्यव्यापकपना तत्त्वस्वरूपमें होता है किन्तु अतत्स्वरूपमे नहीं होता, अर्थात् जिनके सत्त्व–सत्ता भिन्न–भिन्न हैं ऐसे पदार्थोंमें व्याप्यव्यापकपना नहीं होता। जैसे शरीरादि पुद्गल द्रव्य व्यापक और आत्माकी पर्याय व्याप्य—इसप्रकार व्याप्यव्यापकता नहीं होती। क्योंकि दोनोंके स्वरूप और सत्त्व भिन्न-भिन्न हैं। पुनश्च,

आत्मा व्यापक और पुद्गल द्रव्य–शरीरादिकी एवं राग-द्वेषकी पर्याय व्याप्य–ऐसा भी नहीं होता क्योंकि दोनोंके स्वरूप और सत्ता तीनों काल भिन्न–भिन्न हैं।

प्रत्येक वस्तुमे, आत्मामें और अन्य पदार्थोमे उत्पाद्–व्यय होता रहता है। नवीन अवस्थाका उत्पाद और पुरानी अवस्थाका व्यय होता है और वस्तु ध्रुवरूपसे स्थायी रहती है—इसप्रकार प्रत्येक वस्तुमें उत्पाद्–व्यय–ध्रुव होते ही रहते हैं। वह वस्तु स्वतः स्वतंत्ररूप परिणमित होकर स्थित रहती है, कोई अन्य पदार्थ उसका कर्ता नहीं है।

मकानका बनानेवाला पुरुष नहीं है, खिचड़ीको बनानेवाली स्त्री नहीं है। चावल–दालका जो पाक आया है वह चावल–दालमेंसे आया है, तपेली या स्त्रीमेसे नहीं आया, जब खिचड़ी बनना होती है तब स्त्रीका निमित्त उपस्थित होता है, निमित्त उपस्थित होता है इसलिये व्यवहारके ऐसा कहा जाता है कि इस स्त्रीने यह खिचड़ी बनाई है, निमित्त है इसलिये व्यवहारसे कहा जाता है। ज्ञानीके भी जब तक गृहस्थाश्रममे है तब तक अस्थिरता है इससे मकान बनवानेका विकल्प आता है, खिचड़ी बनानेका विकल्प आता है, यह करूँ, वह करूँ–ऐसे विकल्प अस्थिरताके कारण आते हैं इससे ज्ञानीको भी निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्धके कारण मकानादिक कर्ता उपचारसे कहा जाता है। असद्भूत व्यवहारनयसे ज्ञानीको भी मकान, खिचडी और अस्थिरताका कर्ता कहा जाता है क्योंकि अस्थिरताकी ओर वीर्य युक्त होता है। अस्थिरता होती है, हो जाती है इससे पर्यायदृष्टिसे कर्ता कहा जाता है, परन्तु वास्तवमे द्रव्यदृष्टिसे कर्ता है ही नहीं। ज्ञानीको जो अस्थिरताके विकल्प आते हैं उनका वह स्वामी नहीं होनेसे अपना स्वभाव नहीं मानता, उसमे कर्ताबुद्धि नहीं है, अपनेसे भिन्न मानता है इससे ज्ञाता रहता है किन्तु कर्ता नहीं होता तो फिर परद्रव्यका कर्ता तो होगा ही कहांसे? ज्ञानी तो ज्ञानका ही कर्ता है, परद्रव्य और परद्रव्यके निमित्तसे होनेवाले विकारोंसे ज्ञानी स्वतको भिन्न मानता

है, इससे उसके कर्ताबुद्धि नहीं है, किन्तु वीर्यकी मन्दतासे अस्थिरता हो जाती है, इससे मात्र उपचारसे कर्ता कहा है।

.. जब मकान, खिचड़ी इत्यादि होनेकी योग्यता पुद्गलद्रव्यमे होती है तब सामनेवाले जीवका विकल्प इत्यादि अनुकूल निमित्त उपस्थित होते हैं, उन सभी निमित्तोंको खिचडी और मकान होनेकी योग्यतावाले पुद्गल नहीं ला देते परन्तु सभी अनुकूल निमित्त अपने-अपने कारणसे उपस्थित होते है।

स्त्रीने खिचड़ी अच्छी बनाई—ऐसा निमित्तसे कहा जाता है. खिचड़ी बनते समय जो निमित्त उपस्थित होता है उस पर आरोप करके कहा जाता है कि यह खिचड़ी इसने अच्छी बनाई है, यह कार्य इसने अच्छा किया है। यदि स्त्री खिचडी पका देती हो तो कंकड़ोंसे खिचड़ी बना दे! तीन काल और तीन लोकमें भी परद्रव्यकी अवस्थाको कोई कर ही नहीं सकता। ज्ञानी जब तक गृहस्थाश्रममे हो तब तक उसे खिचड़ी आदिके करनेका विकल्प आता है, किन्तु वह उसका कर्ता नही है, सम्यक्त्वी धर्मात्मा गृहस्थाश्रममे हो परन्तु मुझसे अच्छा कार्य हुआ, मकान मैंने अच्छा बनाया, रसोई मुझसे अच्छी बनी, सेवा मैंने की—इत्यादि कार्योंका कर्ता नहीं होता। वस्तुमे जो पर्याय होनेकी शक्ति है वह वस्तुमेंसे क्रमशः बदलते-बदलते प्रगट होती है।

चूना-पत्थरमेंसे जब मकानकी अवस्था होनी होती है तब कारीगर, मजदूर इत्यादिकी उपस्थिति होती है। जिस वस्तुमेंसे जो अवस्था होना होती है तब उसे वैसा ही अनुकूल निमित्त उपस्थित होता है, जिस वस्तुमेंसे जो अवस्था आये उस अवस्थाका कर्ता वह वस्तु है।

भजिये बन रहे हों और तेलकी कड़ाही पाँवके ऊपर गिरी, पाँव जल गया और पीडा होने लगी। जब जैसा होना होता है वह होता ही है, उसे रोकनेके लिये कोई समर्थ नहीं है, जड़की जो अवस्था होना हो उसे रोकनेमे किसीकी शक्ति समर्थ नहीं है। अज्ञानी ऐसा मानता है कि मैंने ध्यान नहीं रखा इसलिये ऐसा हो गया, और ज्ञानी

जानता है कि उस वस्तुकी अवस्था वैसी होनी थी इसलिये हुई है, उसमें किसी अन्यकी शक्ति ऐसी नहीं जो उसे रोक सके। ज्ञानीका ज्ञान सच्चा है इससे उसे समाधान-शांति रहती है, अज्ञानी शरीरकी जलनमें एकाग्र होता है इससे उसे आकुलताका दुःख होता है, ज्ञानीको अस्थिरताके कारण अल्प राग-द्वेष होता है किन्तु उसे अज्ञानी जैसी आकुलता नहीं होती।

प्रश्नः—ज्ञानीके अल्प राग-द्वेष क्यों कहते हो?

उत्तर—ज्ञानीके अनन्तानुबन्धी कषाय दूर होनेसे अनन्त राग-द्वेष दूर हो गया है, इससे अल्प राग-द्वेष होता है। जो अल्प राग-द्वेष होता है उसमे भी वह ऐसा मानता है कि मेरे पुरुषार्थकी निर्बलताके कारण अल्प राग-द्वेष होता है, जल जानेके कारण अथवा दुःख होनेसे राग द्वेष होता है—ऐसा नहीं है।

दूधका लोटा लेकर लड़की आई और हाथमेंसे लोटा गिर गया, उस समय जड़की जो अवस्था होनी थी वह हुई है। लोटा फूटना न हो और यथावत् रहना हो तो भी वह जड़की अवस्था है, उसकी फूटनेकी या तदनुसार रहनेकी अवस्था आत्माने नहीं की है, उस अवस्थाका कर्ता जड़ है परन्तु अज्ञानी उसकी अवस्थाका कर्ता होता है। अज्ञानीको परमें अहङ्कार और ममकारबुद्धि रहती है। अहङ्कारका अर्थ है—परका मैं कर सकता हूँ और ममकार अर्थात् परवस्तु मेरी है।

नामकर्मकी प्रकृतिके कारण शरीरकी चलनेकी गति अच्छी हो तो अज्ञानी मानता है कि हमें कैसा चलना आता है? हम कैसी मस्तानी-हाथीकी चालसे चलते हैं, और दूसरे कितने ही तो गधेकी तरह चलते हैं; भाई! चलना आना चाहिये। ज्ञानी उससे कहते है कि अरे भाई! व्यर्थका अभिमान क्या कर रहा है। वह परवस्तुकी अवस्था जैसी होनी हो वैसी होती है, उसमें तू कुछ भी करनेमें समर्थ नहीं है। यदि चलनेका कार्य तेरे हाथमें हो तो पांवमें जब कांटा

लग गया हो और चलनेमे कठिनाई होती ही, उस समय यदि तू उसका कर्ता हो तो मस्तानी चालसे चलकर बतला दे, तब तो कहेगा कि नहीं भाई उस समय कैसे चला जा सकता है? तो फिर ज्ञानी उससे कहते हैं कि जो होना था सो हुआ, उसमे तूने नवीन क्या किया? पुद्गलद्रव्यमे क्रियावती शक्ति है उसके कारण पुद्गल गतिक्रिया करते हैं। यह मेरा और यह पराया—ऐसे मिथ्याभिमानको छोड, और वस्तुस्वभावको यथावत् समझ।

अज्ञानतासे जो अहङ्कार, ममकार होता है वह सम्यग्ज्ञान होनेसे दूर होता है; सम्यग्ज्ञान होनेके पश्चात् भी अल्प राग-द्वेष होता है वह परके कारण नहीं होता, किन्तु अपने पुरुपार्थकी मन्दताके कारण होता है। उस पुरुपार्थकी निर्बलताको ज्ञानी अपना स्वरूप नहीं मानता, अल्प राग-द्वेपकी जो वृत्ति होती है उसे ज्ञातारूपसे जानता है। ज्ञाता जानता है, उस जाननेकी अवस्थाके अतिरिक्त उसका अन्य कोई कार्य नहीं है, जाननेकी उग्रता होने पर अल्प राग द्वेप भी दूर हो जाता है इसप्रकार ज्ञाता जीव धर्मात्मा होता है। धर्म आठों पहर होता है अथवा घड़ी दो-चार घड़ी? धर्मात्माका धर्म आठों पहर होता है। धर्मात्मा जीव—सम्यग्दृष्टि जीव परसे अपनेको लाभ नहीं मानता परन्तु वह जगत्का ज्ञाता—दृष्टा—साक्षी होता है, कर्ता नहीं होता। यह बात चौदहवें गुणस्थान वालोंकी नहीं, परन्तु चौथे गुणस्थानवाले—अविरत सम्यग्दृष्टि की है। कोई ऐसा कहे कि ज्ञानीसे भले ही परके कार्य न हों परन्तु हमसे तो होते हैं? किसीसे परके कार्य होते ही नहीं मात्र विपरीत मानते हैं॥ ७५॥

अब शिष्य पूछता है कि पुद्गलकर्मके ज्ञाता जीवको, पुद्गलकर्मके साथ कर्ताकर्मभाव (कर्ताकर्मपना) है अथवा नहीं?

शिष्य यह पूछता है कि जीवका पुद्गलकर्मके साथ व्याप्य-व्यापक सम्बन्ध नहीं है इससे कर्ताकर्मपना नहीं है; परन्तु ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध है, इससे कर्ताकर्म सम्बन्ध है या नहीं? उसका उत्तर गाथामें कहते हैं:—

ण वि परिणमदि ण गिह्णदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए
णाणी जाणंतो वि हु पोग्गलकम्मं अणेयविहं ॥७६॥
नापि परिणमति न गृह्णात्युत्पद्यते न परद्रव्यपर्याये ।
ज्ञानी जानन्नपि खलु पुद्गलकर्मानेकविधम् ॥ ७६ ॥

अर्थ—ज्ञानी अनेक प्रकारसे पुद्गलकर्मोको जानता है, तथापि निश्चयसे परद्रव्यकी पर्यायमें परिणमित नहीं होता, उसे ग्रहण नहीं करता और उसरूप उत्पन्न नहीं होता। परद्रव्यके साथ कर्तापनेका व्यवहारसे कथन होता है—कार्य तो प्रत्येक द्रव्यमें स्वतंत्र शक्तिसे ही होता है।

बात श्रेष्ठ है, सूक्ष्म है, उच्च है। आचार्यदेव कहते हैं कि धर्मी जीव—चतुर्थ गुणस्थानवाला जीव; धर्मी अर्थात् पूर्ण दशाको प्रगट करनेवाला जीव ऐसा मानता है कि परवस्तुको परिवर्तित करनेकी शक्ति मुझमें नहीं है, मैं परवस्तुको ग्रहण नहीं करता और उसरूप मै उत्पन्न नहीं होता, वह सब जड़का कार्य है, उसे जड़ ही करता है।

प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्य जो व्याप्यलक्षणवाला (जिसका लक्षण व्याप्य है) पुद्गलके परिणामस्वरूप कर्म (कर्ताका कार्य) है, उसमे स्वतः अन्तर्व्यापक होकर, आदि-मध्य-अन्तमें व्याप्त होकर, उसे ग्रहण करता हुआ, उसरूप परिणमित होता हुआ और उत्पन्न होता हुआ पुद्गलद्रव्य स्वयं पुद्गलपरिणामोंका कर्ता है। एक आकाशक्षेत्रमें छहों द्रव्य हैं सभी निरन्तर अपने-अपने परिणामोंके कर्ता हैं, किसीके कारण या आधार द्वारा किसीका परिणाम हो ऐसा कभी नहीं बनता।

देखो! इसमे क्या कहते हैं-यह प्रत्येक द्रव्यमें प्राप्य, विकार्य और निवर्त्यरूप अवस्था निरन्तर होती है वह उसका कर्म है—कार्य है। जैसे एक ग्राम हो और उस ग्राममें मनुष्य पहुँच जाये वह प्राप्य, एक पर्यायसे दूसरी पर्याय होनेमे जो परिवर्तन आया वह विकार्य और जो नवीन अवस्थाकी उत्पत्ति होती है वह निर्वर्त्य।

जड़ जड़की अवस्थाको प्राप्त होता है, जड़की अवस्थाको परिवर्तित करता है, जड़की अवस्थाको उत्पन्न करता है।

कर्म होने योग्य परमाणु अपनी अवस्थाको प्राप्त होते हैं, स्वत परिवर्तित होकर कर्म होते हैं और स्वत कर्मकी अवस्थारूप उत्पन्न होते हैं, परन्तु आत्मा उन्हें प्राप्त करता है, आत्मा बदलता है और आत्मा उत्पन्न होता है—वैसा नहीं है।

यह सूक्ष्म बात है। यदि व्यापारमें कमाईका अवसर हो तो अत्यन्त उल्लास आता है, और उसीकी बातमें भी बहुत हर्ष होता है परन्तु भाई! यह तो आत्माकी रोकड—अक्षय निधान कमानेकी बात है उसमे बराबर ध्यान रखे तो वस्तुस्वरूप यथावत् समझमे आये।

यदि हाथ भी उठाना हो तो आत्मा नहीं कर सकता, हाथ ऊँचा करनेमे नोकर्म जो शरीर है वे स्वतः समर्थ हो वह प्राप्य, शरीर स्वत' परिवर्तित हो वह विकार्य और शरीर स्वत. बदलकर नवीन अवस्थाकी उत्पत्ति करता है वह निर्वर्त्य। वैसे ही जो द्रव्यकर्म है उसमे भी पुद्गल स्वत. पहुँच जाता है, पुद्गल स्वत कर्मकी अवस्थारूप बदलता है और स्वः कर्मकी अवस्थारूपसे उत्पन्न होता है। आत्मा उस कर्मको प्राप्त नहीं होता, आत्मा परिवर्तित नहीं होता और आत्मा उत्पन्न भी नहीं होता। आत्मा तो अपने भावोंको प्राप्त करता है, अपने भावरूप परिवर्तित होता है और अपने भावरूप उत्पन्न होता है।

प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्य—तीनों अवस्थाओंमे पुद्गलद्रव्य व्याप्त होकर कर्मकी अवस्थारूपसे परिणमित होता है। यहाँ पर चैतन्यके विकारी परिणामोंको भी जड़ कह दिया है। यहाँ अशुद्ध निश्चयनयरूप व्यवहारदृष्टिकी बात नहीं है, किन्तु द्रव्यदृष्टिकी बात है, दो द्रव्योंको बिल्कुल पृथक् किया है। स्वपरको जाने सो चेतन, और न जाने सो अचेतन पुण्य-पाप समस्त रागादि भाव अचेतन हैं चैतन्य स्वभावरूप नहीं होनेसे जीव उसका कर्ता नहीं बनता।

पुद्गलद्रव्यकी पर्यायमें प्रारम्भमें भी परमाणु, मध्यमें भी परमाणु और अन्तमें भी परमाणु। वे तीनों जड़कर्मकी अवस्थाएँ होनेसे जड़ करता है, व्यवहारसे भी आत्मा जड़की अवस्थाको नहीं करता, कारण कि पुद्गलकर्मकी अवस्थाके आदि मध्य और अन्तमें पुद्गल ही व्याप्त होता है, परन्तु आत्मा व्याप्त नहीं होता।

मिट्टी घड़ेको प्राप्त होती है, घड़ारूप परिवर्तित होती है और घड़ेरूपसे उत्पन्न होती है। मिट्टीके शीतल स्वभावको कुम्हार प्राप्त नहीं होता, शीतल स्वभावको कुम्हार परिवर्तित नहीं करता और कुम्हार शीतल स्वभावको उत्पन्न नहीं करता। मिट्टी स्वतः घड़ेमे प्रविष्ट हो गई है, वह घड़ेमें प्रवेश करके घडेको प्राप्त होती है, घड़ेको परिवर्तित करती है और घड़ेको उत्पन्न करती है। घड़ेके प्रारम्भमें मिट्टी, मध्यमें मिट्टी और अन्तमें भी मिट्टी। वह मिट्टी घड़ेको ग्रहण करती है, घड़े रूपमें परिवर्तित होती है और घडेरूप उत्पन्न होती है।

जैसे कुम्हार घड़ेको जानता है परन्तु घड़ेमें प्रविष्ट नहीं होता, वैसे ही धर्मात्मा जीव पुद्गलपरिणामको जानते हैं तथापि बाह्यस्थित परद्रव्यके परिणाममे अन्तर्व्यापक होकर उसे ग्रहण नहीं करते, उसरूप परिणमित नहीं होते और उत्पन्न भी नहीं होते।

धर्मी जीव जड़की अवस्थामें अर्थात् कर्ममें, मनमें, वाणीमे, शरीरमे प्रविष्ट नहीं होता, उन्हें ग्रहण नहीं करता और उनके रूपमे परिवर्तित नहीं होता तथा उत्पन्न भी नहीं होता। शरीर, वाणी, मनकी अवस्थाके प्रारम्भमे भी जड, मध्यमे भी जड़ और अन्तमे भी जड़। ज्ञानी शरीर, मन, वाणीकी अवस्थाके प्रारम्भमें, मध्यमें अथवा अन्तमें व्याप्त होकर उसे ग्रहण नहीं करता, उसरूप परिवर्तित नहीं होता और उत्पन्न भी नहीं होता। जो-जो अवस्थायें होती हैं उन्हें ज्ञानी जानता है तथापि प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्य जो व्याप्य-लक्षणवाला, परद्रव्यपरिणामस्वरूप कर्म है उसे न करते हुए (कर्ता नहीं बन सकता इसलिये) ज्ञानीके साथ कर्ताकर्मभाव नहीं है।

मिथ्यादृष्टि–मूढ़ जीव मानता है कि मैंने इस प्रकारसे जड़के कार्य किये हैं, कितने अच्छे कार्य किये हैं—ऐसा माननेवालेने अपने वीर्यको विपरीत कर दिया है। विपरीत माननेमे भी अनन्त वीर्य और सीधा माननेमें भी अनन्तवीर्य, जीव उल्टा पड़ा है तो भी बलवान है और सीधा खड़ा भी बलवान है, परन्तु भाई! विपरीत मान्यतामें अनन्तकाल हो गया, अनन्त जन्म-मरण कर चुका, अब यदि आत्महित करना हो तो यथार्थ प्रतीति कर ले।

वायुयान ऊपरसे नीचे गिरता है वह भी जडकी पर्याय है। जब वह वायुयान नीचे गिरना होता है तब किसीकी शक्ति नहीं जो उसे रोक सके। जडकी अवस्था जड़के परिणमनसे होती है, प्रत्येक द्रव्यका परिणमन स्वतंत्र–भिन्न है; कोई द्रव्य किसी दूसरे द्रव्यके परिणमनको रोक नहीं सकता।

कोई कहे कि हमारे करनेसे काम अच्छा होता है, किन्तु वह उसका मात्र अभिमान है। अनेक स्त्रियाँ मोतियोंके तोरण–वन्दनवार बनाती हैं, सीने–पिरोनेका कार्य करती हैं, परन्तु वे ऐसा मानती हैं कि हम कितना सुन्दर काम करते हैं वह उनका मात्र अभिमान ही है। सिलाई-कढाईका कार्य अच्छा होना हो तब वे कार्य आते हैं—ऐसा जीवको अनुकूल निमित्त होता है, परन्तु दूसरे कार्योमे कुशल हो और ऐसे कामोंमे कुशल न हो—ऐसे जीवका निमित्त उस समय अनुकूलरूपसे उपस्थित नहीं होता। जो कार्य जैसे होना होते हैं उन्हें वैसे ही अनुकूल निमित्त प्राप्त होते हैं; परन्तु यदि वे सिलाई–कढ़ाई आदिके कार्य बिगडना हों तो स्त्रियोंकी शक्ति नहीं जो उन्हें सुधार दें, उनकी कोई भी चतुराई उस समय काम नहीं आयेगी। तीन काल और तीन लोकमें कोई भी द्रव्य किसी अन्य द्रव्यका कुछ भी करनेमे समर्थ नहीं है।

वह कार्य यदि ठीक होना होता है तो उस समय अनुकूल निमित्त उपस्थित होते है, तब फिर जो कार्य होना ही था उसमे स्त्रियोंने क्या किया? मात्र अभिमान किया है। किसी भी द्रव्यमें जब कोई अवस्था होना होती है अर्थात् क्षेत्रान्तर होना होता है, अथवा

रूपान्तर होना होता है उस समय उसके अनुकूल निमित्तोंकी उपस्थिति होती ही है, व्यवहारसे भी उस परद्रव्यका कार्य कोई कर नहीं सकता परन्तु जब उसकी अवस्था बदलना होती है उस समय ऐसे अनुकूल निमित्तोंकी उपस्थिति होती है अर्थात् मात्र निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, किन्तु कर्ता-कर्म सम्बन्ध तो है ही नहीं। रजकणकी अवस्थाका जो क्रम है उसी क्रमानुसार द्रव्यमेंसे पर्याय परिणमित होती ही रहती है–प्रवाहित ही रहती है। उस समय जो निमित्त उपस्थित हो वह ऐसा मानता है कि यह कार्य मैंने किया है, वह अज्ञान है। किसी उपादान शक्तिको निमित्तने परिणमित कराया हो तो निमित्तको किसीने प्रवर्तित किया? इत्यादि परनिमित्ताधीन मान्यतामें तो अनन्त अनवस्था नामक बड़ा दोष आता है।

ज्ञानी जीव द्रव्यकर्म, भावकर्म और नोकर्मको ज्ञेयरूप जानता है; तथापि उनका कर्ता नहीं होता। ज्ञानी जीवका परद्रव्यके साथ व्यवहारसे ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध है तथापि कर्ता-कर्म सम्बन्ध नहीं है। पुद्गल द्रव्यकी प्राप्य, विकार्य, निर्वर्त्यरूप अवस्थामें पुद्गल ही व्याप्त होता है, उसके आदि–मध्य–अन्तमें भी पुद्गल ही व्याप्त रहता है। ज्ञानी उसे जानते हैं तथापि इसमे व्याप्त नहीं होते (कर्ता नहीं बन सकते) इसलिये उनका पुद्गलके साथ कर्ताकर्मभाव नहीं है। धर्मी जीव जड़की किसी भी अवस्थाको करते नहीं, परिवर्तित नहीं करते और उत्पन्न भी नहीं करते, इसलिये उनके कर्ताकर्मभाव नहीं है।

प्रत्येक पुद्गल परमाणु द्रव्यमें क्रियावती शक्ति है इसलिये–परमाणुका ऐसा स्वभाव है कि वह एक समयमें नीचे सातवें नरकके पातालसे मुक्तिशिला तक चला जाता है। पुद्गल परमाणुमे ऐसी शक्ति नित्य है ही तथापि अज्ञानीको ऐसा भ्रम हो गया है कि मैं उन्हें परिवर्तित करता हूँ, यह मात्र उसकी मिथ्या मान्यता है। एक आत्मा भी दूसरे आत्माकी अवस्थाको नहीं कर सकता, उसे परिवर्तित नहीं कर सकता, उत्पन्न नहीं कर सकता। प्रत्येक द्रव्य स्वतः अपनेमे स्वतंत्र परिणमन कर रहा है। किसी भी समय परद्रव्यकी राह देखना

पड़े-परिवर्तन रुक जाय ऐसा नहीं है।

✓ परवस्तुमें उसीकी स्वतंत्र योग्यतानुसार जो परिवर्तन होता रहता है ऐसा ज्ञान जानता है, किन्तु कर्ता नहीं होता। इस सिद्धान्तमें तो बड़े-बड़े पण्डित आचार्य नामवाले अज्ञानी भी चकचौंधिया हो गये कि यह कहते क्या हैं? अपने शरीरका कुछ नहीं किया जा सकता! दूसरोंका कुछ नहीं कर सकता! यह शरीर तो प्रयोगिक पुद्गल है, इसलिये उसे चैतन्य बदल सकता है—ऐसा माननेवालेकी बुद्धि जड-स्थूल है कारण कि वे नय-विभाग द्वारा शास्त्रके अर्थको नहीं समझकर विपरीत ही मान बैठे हैं। जो न समझता हो उसे समझानेके लिये कौन समर्थ है? तीर्थङ्करदेव भी निमित्तमात्र हैं। जब स्वतः जागृत होकर स्वतंत्र विश्वनियमको समझे तब समझमें आ सकता है। प्रयोगसा और विस्रसाका अर्थ यह है कि मात्र पुद्गलपरमाणु हो उसे विस्रसा कहा जाता है और चैतन्यका निमित्त जिस पुद्गलमें हो उसे प्रयोगसा पुद्गल कहा जाता है—इससे ऐसा नहीं है कि जीव पुद्गलका कर्ता है। एक द्रव्य दूसरे द्रव्यका कुछ नहीं कर सकता इस सिद्धान्तको अखण्ड रखकर सारी बात समझना चाहिये।

शरीरमें दायाँ-बायाँ शूल आता है, बुखार, उल्टी आदि अनेक प्रकारके रोग आते हैं, आत्मा उनका ज्ञाता है, किन्तु कर्ता नहीं है। यदि कर्ता होता तो वह शूलको बदल दे, बुखारको मिटा दे, उल्टीको शान्त कर दे, किन्तु वैसा नहीं होता। जब जिस रोगको दूर होना होता है तभी दूर होता है, इसलिये आत्मा उसका ज्ञाता है किन्तु कर्ता नहीं है।

निर्वर्त्यका अर्थ है उत्पन्न करना। जैसे सूतके ताने-बानेसे वस्त्रकी उत्पत्ति होना, उस ताने-बानेमें शक्ति थी उससे वस्त्र उत्पन्न हुआ है किन्तु ताने-बानेसे जो वस्त्र बना है वह जीवसे उत्पन्न नहीं हुआ है। यदि जीवके वस्त्रको उत्पन्न किया हो तो जब ताना-बाना न हो तब वह अपने हाथोंमेंसे वस्त्र उत्पन्न कर दे? अथवा पत्थरमेंसे

वस्त्र बना दे? ऐसा तो कुछ भी नहीं कर सकता। व्यर्थके अज्ञानकी पुष्टि करके अभिमान करता है।

जब रोटीको जलना हो तब जलेगी ही, स्त्रीका हाथ जल जाता है, अथवा पाँवमें बिच्छू काट लेता है, इच्छानुसार परमें कुछ नहीं होता। वस्तु वस्तुकी योग्यतारूप सामर्थ्यसे ही अपना कार्य करती है उसमें जो जीव ऐसा मानते हैं कि यह कार्य हमारी होशियारीसे हुआ, उन्हें वीतराग अपना भक्त नहीं मानते, दास नहीं मानते; परन्तु वे कहते हैं कि यह जड़के भक्त और जड़के दास हैं। शरीरादि जड़ सदा अचेतन है—मूर्तिक है शरीरकी अवस्थाके परिवर्तनसे आत्माको लाभ-हानि, धर्म-अधर्म नहीं हो सकते हैं क्योंकि उसकी सत्ता भिन्न है; आत्मा तो सदा अमूर्तिक है। वह यदि भूल भी करे तो शरीरसे भिन्न रहकर अपनी अवस्थामे करता है, परन्तु पर-जड़में भूल या गुण करे—यह कैसे हो सकता है? संसारदशामें भी आत्माका स्वभाव ज्ञान है, उसकी अवस्था भी ज्ञानरूप ही है, वह पुद्गलकी अवस्थाका कर्ता कैसे हो सकता है? आत्मा भूल या गुण अपनेमें ही कर सकता है, परन्तु परवस्तुमें भूल-गुण कर ही नहीं सकता। जड़की अवस्थाका चाहे जिस प्रकार परिणमित होना सो पुद्गलका स्वतंत्र परिणमन है। ऐसा भेदज्ञान करके जो वस्तुस्वभावको यथार्थ जाने, श्रद्धा करे, और तदनुसार स्थिर हो—वही वीतरागका भक्त है—दास है।

यह कर्ताकर्म अधिकार चल रहा है। प्राप्य, विकार्य, निर्वर्त्य-स्वरूप पुद्गलकर्मको पुद्गल करता है, आत्मा नहीं करता। जो कोई पर्याय पहले न हो, परन्तु नवीन उत्पन्न की जाये वह कर्ताका निर्वर्त्य कर्म है। जैसे—सम्यग्दर्शनकी पर्याय आत्मामें अनादिकालसे प्रगट नहीं थी, वह कर्ताने पुरुषार्थ द्वारा प्रगट की जो कि आत्माका निर्वर्त्य कर्म है। एक अवस्थासे दूसरी अवस्थाका बदलना सो कर्ताका विकार्य-कर्म है और पदार्थ जो है उसे प्राप्त करे वह कर्ताका प्राप्यकर्म है।

अब शिष्य पूछता है कि अपने परिणामोंके ज्ञाता जीवका पुद्गलके साथ कर्ताकर्मभाव है अथवा नहीं?

पूर्वकी गाथामे यह प्रश्न किया था कि पुद्गलकर्मके ज्ञाता जीवका पुद्गलके साथ कर्ताकर्मभाव है या नहीं, और अब यहाँ यह प्रश्न किया है कि निज-परिणामका ज्ञाता जीव पुद्गलकर्मको करता है या नहीं?

शिष्य कहता है कि प्रभो! मैं ज्ञानस्वरूप हूँ, पवित्र-स्वरूप हूँ, अनन्त गुण-पर्यायोंका पिण्ड हूँ—ऐसा अपने आत्माके स्वभावको जाने और अपने ज्ञान-दर्शन-चारित्रादि गुणोंकी पर्यायोंको जानते हुए परका ज्ञान साथमे आ जाता है, तो फिर जैसे परका ज्ञान साथ आ जाता है उसीप्रकार परकी पर्याय भी आत्मामे आ जाती है या नहीं? वह परकी-जड़की पर्याय आत्माका कर्म हो सकती है या नहीं? उसका उत्तर कहते हैं.—

ण वि परिणमदि ण गिह्लदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए
णाणी जाणंतो वि हु सगपरिणामं अणेयविहं ॥ ७७॥

नापि परिणमति न गृह्णात्युत्पद्यते न परद्रव्यपर्याये ।
ज्ञानी जानन्नपि खलु स्वकपरिणाममनेकविधम् ॥ ७७॥

अर्थ.—ज्ञानी अपने अनेक प्रकारके परिणामोंको जानता है। तथापि निश्चयसे परद्रव्यकी पर्यायमें परिणमित नहीं होता, उसे ग्रहण नहीं करता और उसरूप उत्पन्न नहीं होता।

ज्ञानीका अर्थ है भगवानका भक्त या भगवानका दास। वह अपने आत्माके अनेक प्रकारके परिणामोंको जानता हुआ पुद्गलकर्मकी अवस्थाको ग्रहण नहीं करता और उसरूप परिणमित नहीं होता तथा उत्पन्न भी नहीं होता। धर्मी-ज्ञानी तो स्व-पर दोनोंको जानते ही रहते हैं अर्थात् वे अपनी जाननेकी अवस्थाको ही करते रहते हैं, परन्तु जड़कर्मकी अवस्थाको या रागादि भावको नही करते। सम्यक्त्वी स्वद्रव्य और परद्रव्यके स्वरूपको यथार्थतया ज.नते हैं, दोनों द्रव्योंकी स्वतंत्रता भी

बराबर जानते हैं और भिन्नता भी जानते हैं। अपना द्रव्य परमें प्रविष्ट नहीं हो सकता और परद्रव्य स्वमे प्रवेश नहीं कर सकता। स्वत' अपनेमे है और पर, परमे है—ऐसा स्पष्ट ज्ञान होनेसे ज्ञानीके ऐसा भाव नहीं होता कि—परद्रव्य मेरा कर्म है और मैं उसका कर्ता हूँ।

जड़की अवस्थाका कर्ता मैं और मेरी अवस्थाका कर्ता जड़; यह मेरा कर्म और मैं उसका कर्म—ऐसा माननेवाला भगवानका भक्त हो ही नहीं सकता। ऐसा विपरीत माने और कहे कि हम भगवानके भक्त हैं, तो वह बिल्कुल मिथ्या कहनेवाला है, जो वीतरागके स्वरूपको नहीं जानता वह वीतरागका दास कैसा? वीतरागका स्वरूप और आत्माका स्वरूप दोनों एक ही हैं, इसलिये जिसने वीतरागके स्वरूपको जाना है उसने आत्माके स्वरूपको जाना ही है और जिसने आत्माके स्वरूपको जाना है उसने वीतरागके स्वरूपको जाना ही होता है, इसलिये जिसने आत्माका स्वरूप नहीं जाना है और कहता है कि हमने वीतरागके स्वरूपको जाना है, हम उनके भक्त हैं वह बिल्कुल झूठ बोलनेवाला है। वह वीतरागदेवका नहीं किन्तु जड़का और मिथ्या-भावोंका भक्त है—दास है।

अज्ञानी जीव जड़ शरीरमे ममत्व कर बैठे हैं कि शरीर मेरा है, मैं इसका हूँ—इसप्रकार शरीरमे एकत्वबुद्धि कर बैठे हैं जिससे शरीरमे सुख शिलीया बन रहे हैं। शरीर तो रोटी और दाल-भातसे बना है, रोटी जहाँ तक बरतनमे पडी थी तब तक शरीरकी भाँति अपनेपनकी ममता नहीं करता था किन्तु जब वह शरीरकी अवस्थारूप हुई रोटीमेसे इस शरीरका पुतला बना कि ममत्व कर बैठा, धूलके रजकण दूर थे तब तक कुछ नहीं था परन्तु वे रजकण निकट आकर लोहूरूप—शरीररूप हुए कि ममत्व करने लगा, शरीरके साथ एकत्व-पना मानने लगा। अरे भाई! वे रजकण दूर हों तो भी तुझसे भिन्न पदार्थ हैं और निकट हों तो भी तुझसे भिन्न पदार्थ हैं, तूने उनमें ममता की यह स्वत तेरी ही भूल है।

कोई कहे कि यदि कोई मनुष्य दूरका हो तो अपनेको कुछ नहीं, परन्तु यदि पडौसी हो तो उसका कुछ असर तो होता है, परन्तु भाई! तूने ममत्व किया इसलिये असर हुआ कहलाता है, वह मनुष्य तो तुझसे भिन्न है। वह तेरे निकट हो या दूर हो उससे कहीं राग नहीं होता किन्तु तू उसमें ममत्व करके रुकता है इससे ममता होती है। यदि पड़ौसीको कोई सुख-दुःख आ जाये तो तुझे कुछ भी नहीं होता, इसलिये निकट हो अथवा दूर हो किन्तु जो भिन्न पदार्थ है वह भिन्न ही है।

आत्मा त्रिकाल चैतन्यस्वभाव है, स्वभावमें रागादि पुण्य-पापका अभाव है, जो चीज अपने स्वरूपमें नहीं उसका ज्ञानी जीव कर्ता नहीं बनता।

शरीर-मन-वाणी, पुण्य-पापके परिणाम आत्माके निकट हैं तथापि ज्ञानी उनका कर्ता नहीं होता परन्तु मात्र उन्हें जानता ही है। अपनेसे पृथक् पदार्थ चाहे दूर हो या निकट हो परन्तु जो पृथक् है वह पृथक् ही है, पृथक् पदार्थमें कर्ताकर्म भाव होता ही नहीं, इसलिये ज्ञानी जीव परभाव-परद्रव्योंका कर्ता नहीं होता।

दीपकका प्रकाश यदि दूर हो तो भी प्रकाशमान होता है और निकट हो तो भी प्रकाशमान होता है, वैसे ही चैतन्यदीपक-ज्ञान दीपक परद्रव्योंको यदि वे दूर हों तो भी जानता है और निकट हों तो भी जानता है। चैतन्यदीपक तो प्रकाशित होता रहता है, उसे दूरसे या निकटसे कोई सरोकार नहीं है। अज्ञानी जीव परद्रव्योंके निकट आनेसे ममता कर बैठा कि यह मेरा है, उसका कारण मात्र अज्ञानता है। जब माताके शरीरसे जन्म लिया, उस समय इस शरीरका कुछ नाम ही नहीं था फिर जब फुआने नाम रखा पानाचन्द, तो भी आठ-दस महीने तक तो उसे खबर ही नहीं पड़ी, फिर सब कहने लगे कि 'पानाचन्द-पानाचन्द' इसलिये इसे ऐसा लगा कि मैं पानाचन्द हूँ, सब लोग मेरे सामने देखकर पानाचन्द-पानाचन्द करते हैं इसलिये मैं अवश्य ही पानाचन्द हूँ, इसप्रकार इसे पूर्ण विश्वास हो गया कि मैं ही

पानाचन्द हूँ; फिर तो अगर कोई रातको सोते समय भी बुलाए कि 'ए पानाचन्द' तो बोलेगा—'हाँ,'—ऐसी एकत्वबुद्धि शरीरके साथ; नाम, वाणी आदिमें हो गई है। फिर यदि कोई ज्ञानी उसे मिले और वह कहे कि भाई! तू पानाचन्द नहीं है, यह शरीरका नाम ही रखा है, यह शरीर भी तू नहीं है, वाणी भी तू नहीं है; तू तो देहसे अलग, अविनाशी ज्ञानस्वरूप भगवान आत्मा है, तो कहेगा कि 'नहीं, मैं तो पानाचन्द ही हूँ' यह रटते-रटते पक्का हो गया अब उसे कैसे भूल सकता हूँ? इसप्रकार अज्ञानी अपना आग्रह नहीं छोड़ता; परन्तु जो आत्महितका पिपासु होता है वह अपना आग्रह छोड़ देता है।

जाननेकी अवस्था आत्मामेंसे आई है, स्वतमेंसे ही आई है जो स्वतः ही अपनी पर्यायको प्राप्त हो गया है वह प्राप्य, और जो स्वयं ही उस पर्यायरूपसे परिणमित हुआ है अर्थात् परिवर्तित हुआ है वह विकार्य, तथा जो स्वतः ही उस पर्यायरूपसे उत्पन्न हुआ है वह निर्वर्त्य है। ज्ञानकी अवस्थामें स्वत ही अन्तर्व्यापक होकर अर्थात् स्वतः ही प्रसारित होकर उस अवस्थाको उत्पन्न करता है। उस अवस्थाके प्रारम्भमें भी आत्मा, मध्यमें भी आत्मा और अन्तमें भी आत्मा ही है। उस ज्ञानकी पर्यायको स्वतः ही पकड़ा है अर्थात् स्वतः ही ग्रहण किया है। ज्ञानकी एक अवस्थासे दूसरी अवस्था होती उसमें स्वतः ही परिणमित हुआ है; एक अवस्थासे दूसरी अवस्था उत्पन्न होती है उसमें स्वतः ही उत्पन्न होता हुआ वह ज्ञानकी अवस्थाको करता है।

आत्माके ज्ञान, दर्शन और चारित्रके परिणामको स्वतः ही ग्रहण करता है, स्वतः उसरूप होता है और स्वतः उसरूप परिवर्तित होकर उत्पन्न होता है। परद्रव्य और परभावसे भिन्न चैतन्यद्रव्यकी श्रद्धा सो सम्यग्दर्शन, और परसे भिन्न आत्मतत्त्वका ज्ञान सो सम्यग्ज्ञान तथा परसे भिन्न आत्मतत्त्वमें रमणता सो सम्यक्‌चारित्र है। आत्माकी श्रद्धा, ज्ञान और स्वसंवेदनरूप चारित्र इत्यादि अनेक प्रकारकी

अपनी अवस्थाओंको आत्मा जानता अवश्य है, किन्तु उन्हें जानते हुए भी स्वतः परद्रव्यकी अवस्थारूप नहीं होता।

जैसे मिट्टी स्वतः घड़ेमें अन्तर्व्यापक होकर अर्थात् मिट्टी स्वतः घड़ेमें प्रसरित होकर घड़ेके आदिमें मिट्टी, मध्यमें भी मिट्टी और अन्तमें मिट्टी—इसप्रकार घड़ेकी समस्त अवस्थाओंमें मिट्टी स्वतः व्याप्त होकर घड़ेको ग्रहण करती है, घड़ेरूप परिणमित होती है और उत्पन्न होती है।

मिट्टीमेंसे क्रमशः घड़ा हुआ, उस घड़ेकी अवस्थाको मिट्टीने पकड़ा है किन्तु कुम्हारने नहीं पकड़ा, मिट्टी घड़ेरूप परिणमित हुई है किन्तु कुम्हार घड़ेरूप परिणमित नहीं हुआ। मिट्टी स्वतः ही पिण्डमेंसे बदलकर घड़ेरूप उत्पन्न हुई है। उसीप्रकार आत्मामें होनेवाली श्रद्धा-ज्ञान और रमणताकी अवस्थाको ज्ञानीने स्वतः ही ग्रहण किया है परन्तु रजकणोंने अथवा विकार भावोंने उस अवस्थाको ग्रहण नहीं किया है, उस श्रद्धा-ज्ञान इत्यादिकी अवस्थामें ज्ञानीका आत्मा ही परिणमित हुआ है, परन्तु आठ कर्मोंके रजकण अथवा विकारीभाव उस अवस्थारूप परिणमित नहीं हुए हैं—हुए नहीं हैं। श्रद्धा-ज्ञान इत्यादिकी अवस्थामें ज्ञानी स्वतः ही एक पर्यायसे दूसरी पर्यायरूप परिणमित होकर उत्पन्न होते हैं किन्तु आठ कर्म अथवा विकारी भाव उस अवस्थारूप उत्पन्न नहीं होते।

आठ कर्मके रजकणोंमें आत्मा स्वयं अन्तर्व्यापक होकर अर्थात् उनमें व्याप्त होकर उन्हें ग्रहण नहीं करता—उसरूप नहीं होता, उसरूप उत्पन्न नहीं होता। आत्मा कर्म परमाणुकी अवस्थारूप किसी कालमें भी नहीं होता, उस कर्मके प्रारम्भमें, उसके मध्यमें अथवा अन्तमें कभी भी आत्मा उसे ग्रहण नहीं करता, उसरूप नहीं होता, और उत्पन्न भी नहीं होता, इसलिये धर्मी-ज्ञानी जीव अपने ज्ञानकी उस समय होनेवाली अवस्थाको जानता है किन्तु उसे ग्रहण नहीं करता, उसरूप नहीं होता और उसरूप उत्पन्न भी नहीं होता। अर्थात् द्रव्यकर्म,

भावकर्म और शरीरादिरूप आत्मा नहीं हो सकता फिर भी उस परभावोंका कर्ता मैं हूँ ऐसा मानना अज्ञानीका मोह है।

ऐसा कर्ताकर्मका अधिकार अन्यत्र कहीं भी नहीं है। इस समय इस भरतक्षेत्रमे जितने शास्त्र हैं, उनमे इस समयसारके अतिरिक्त कहीं भी ऐसा अधिकार नहीं है।

आचार्यदेव इस गाथामें यह बतलाते हैं कि तू अपनी अवस्थाको ग्रहण कर, उसमें परिणमन कर, और उत्पन्न हो। उसके अतिरिक्त तू अन्य कुछ भी नहीं कर सकता। जड़का कर्ता तो अज्ञानी भी नहीं हो सकता; परन्तु वह मानता है कि मैं जड़का कर्ता हो सकता हूँ। अरे! दूसरी वस्तुएँ तो दूर रहीं, परन्तु कर्म और शरीर तो निकट हैं तथापि उसमे भी तेरा हाथ नहीं है; तू उनका भी कुछ नहीं कर सकता; वे भी स्वतत्र हैं और तू भी स्वतंत्र है। कितने ही लोग कहते हैं कि शरीरका तो हम कर सकते हैं, तब ज्ञानी उनसे कहते हैं कि यदि तू शरीरका कर सकता है तो जब शरीरमे लकवा मार जाता है, हाथ-पैरोंमे वाय हो जाती है या कोई फोड़ा हो जाता है तब हाथ-पाँव चलानेकी इच्छा होने पर भी क्यों नहीं चला सकता? यदि तू उनका कर्ता है तो उस समय उन्हें चला दे, किन्तु कैसे चलायेगा! परका कर्ता ही नहीं तथापि जगतके जीव मिथ्याभिमानमे चूर हो जाते हैं। देखो न कितने ही मनुष्योंको अनेक प्रकारकी पीड़ाएँ होती हैं उन्हें मिटानेकी तीव्र इच्छा होती है परन्तु क्या करे? परद्रव्य कहाँ इनके वशमे है। अरे! एक मनुष्यका तो सारा शरीर जलता रहता था; उससे वह आर्तध्यान करके दुःखी होता था, निरन्तर उसके हाथ-पैर जमीन पर घिसते ही रहते थे, ऐसी स्थितिमें शरीरको अच्छा रखनेकी आत्माको तीव्र इच्छा होती है परन्तु परद्रव्य उसके अधिकारकी बात नहीं है इसलिये इच्छानुसार होता ही नहीं—इससे सिद्ध होता है कि आत्मा जड़का कर्ता नहीं है।

जीव ऐसा कहते हैं कि 'अजीवको जीव मानना मिथ्यात्व है' किन्तु शरीर और आत्माको जिसने एक माना है उसने अजीवको जीव

ही माना है; अजीवकी जितनी अवस्था है वह सब अजीवरूप ही है।
जिसने यह माना कि अजीवकी एक भी अवस्था मुझसे हुई है उसने
त्रिकालके अजीवकी अवस्थाको अपनेसे होना माना है, और जिसने
अजीवकी एक भी अवस्थाको अपनेसे नहीं माना उसने त्रिकालकी
अजीवकी अवस्थाको अपनेरूपसे नहीं माना। समस्त वस्तुएँ स्वतंत्र
पृथक्-पृथक् हैं—ऐसा समझकर ज्ञानी जीव परका कर्ता नहीं होता। ७७।

अब शिष्य पूछता है कि पुद्गलकर्मके फलको जाननेवाले जीवके
पुद्गलके साथ कर्ताकर्मभाव है या नहीं ?

शिष्य प्रश्न करता है कि प्रभो! आत्मा कर्मके फलको जानता है,
तो कर्मके फलको जाननेसे उस कर्मका फल आत्माका कार्य हो—ऐसा
कुछ मेल है या नहीं ? ज्ञान जानता तो है कि यह शरीर सुन्दर है, यह
निरोग है, यह रोगयुक्त है, यह स्त्री-पुत्रादिक परिवार अनुकूल या प्रतिकूल
मिला, इतना पैसा मिला, इतना चला गया, मकान ऐसा है आदि पुद्गलकर्मके
फलको जाननेसे वह पुद्गलकर्म आत्माका कार्य हो और आत्मा उसका कर्ता
हो—ऐसा कर्ताकर्म सम्बन्ध है या नहीं ? उसका उत्तर गाथारूपमें कहते हैं—

ण वि परिणमदि ण गिह्णदि उप्पज्जदि ण परदव्व पज्जाए।
णाणी जाणंतो वि हु पोग्गलकम्मफलमणंतं ॥ ७८ ॥

नापि परिणमति न गृह्णात्युत्पद्यते न परद्रव्यपर्याये ।
ज्ञानी जानन्नपि खलु पुद्गलकर्मफलमनन्तम् ॥ ७८ ॥

अर्थः—ज्ञानी, पुद्गलकर्मके अनन्त फलको जानता है, तथापि
परमार्थसे परद्रव्यकी पर्यायरूप परिणमित नहीं होता, उसे ग्रहण नहीं
करता और उसरूप उत्पन्न भी नहीं होता।

धर्मी अर्थात् वीतरागका भक्त, वीतरागका दास। वह कर्मके
अनन्त फलको जानता है परन्तु कर्ता नहीं होता। शरीरमें रोग आये
या नीरोग हो, वाणी बराबर बोली जाती हो या नहीं,—वह सब

कर्मके फल हैं। एक दूसरेके घरमें अन्तर, पैरमें अन्तर, शरीरके आकारमें भी अन्तर-वैसे कर्मके फल अनन्त प्रकारके हैं; उन अनन्त प्रकारके फलोंको ज्ञान जानता है, इससे ज्ञाता भी अनन्त-सामर्थ्यवाला है।

इस समय अच्छा पुण्यका योग प्रवर्तमान है; पैसा अच्छा है, प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है, स्त्री-बच्चे भी अच्छे हैं—आदि सब ओरसे अनुकूलता है—इसप्रकार अज्ञानी जीव कर्मके फलमे तन्मय हो जाता है, कर्ता हो जाता है। परन्तु ज्ञानी सभी पुण्यके फलोंको जानते हुए भी उनमें तन्मय नहीं होते। ज्ञानी अनुकूल-प्रतिकूल दोनों प्रसंगोंको जानते हैं, तथापि उनके कर्ता-हर्ता नहीं होते। जब वैसा कर्मका फल आता है तब वैसा ही ज्ञानी जानते हैं; फिर भी उनका आत्माके साथ कुछ भी कर्ताकर्म सम्बन्ध नहीं है। धर्मी जीव कर्मके फलको अपना नहीं मानते। पुण्य या पापके जो भी फल आते हैं वे सभी पुद्गलमें आते हैं—जड़में आते हैं, आत्मामें पुण्यका फल नहीं आता इसलिये आत्माका उसके साथ कर्ताकर्म सम्बन्ध नहीं है।

हर्ष-शोकके जो-जो प्रसंग बनते हैं उनमें जड़कर्म फलित हुआ है, जड़ उनमें प्रविष्ट हो जाता है; उन्होंने जड़को ग्रहण किया है और जड़ उनमें उत्पन्न होता है। जो जिसे ग्रहण करे, जो जिसमें परिवर्तित हो, जो जिसमें उत्पन्न हो वह कार्य उस पदार्थका ही होता है। पुद्गल कर्मका फल आये वह पुद्गलद्रव्यका ही कार्य है; अनुकूल-प्रतिकूल प्रसंगोंमें जड़ स्वयं अन्तर्व्यापक होकर अर्थात् जड़ स्वतः विस्तृत होकर-व्याप्त होकर प्रसरित होता है। पुद्गलकर्मके फलको आदिमें पुद्गल, उसके मध्यमें पुद्गल और अन्तमें भी पुद्गल उसे ग्रहण करता है, उसरूप होता है और उसरूप उत्पन्न होता है तथा सुख-दुःखादिरूप पुद्गलकर्मफलको करता है।

सर्दीके मौसममें साल्मपाक खानेको मिले, मूसलीपाक खानेको मिले-वह सब कर्मका फल है; शरीरमें गर्मी या ठण्डसे बुखार रहे-वह भी कर्मका फल है। कितने ही लोग कहते हैं कि सर्दीके दिनोंमें साल्मपाक खायें तो शरीर हृष्ट-पुष्ट रहे, परन्तु भाई! शरीरका

परिणमन तेरे हाथकी वात नहीं है, सर्दीमें साल्मपाक खाता हो तो भी दो दिनमें मर जाता है, शरीर आयुके अनुसार रहता है, उसमें तू कहता है कि 'मेरे रखनेसे रहा' वह तेरा भ्रम है। कदाचित् साल्मपाक खानेसे शरीरमें शक्ति भी आ जाये तथापि जो शक्ति आई वह पुण्यकर्मका फल है, किन्तु साल्मपाकसे शक्ति नहीं आई है, उस समय शरीरमें शक्ति आनेकी योग्यता थी इससे उसे अनुकूल निमित्त मिलता है। कितने ही लोगोंको पक्वान्न खानेसे कफ पैदा हो जाता है, वह सब पुद्‌गलकर्मका फल है; साल्मपाक खानेका और पक्वान्न खानेका राग विपरीत पुरुषार्थके द्वारा जीवकी पर्यायमें होता है किन्तु साल्मपाक और पक्वान्नका शरीरमें कफरूप अथवा पुष्टिरूप परिणमित होना पुण्य-पापके उदयानुसार होता है, जीव उसका कर्ता नहीं है।

शरीरमे जब रोगका उदय हो, पाचनशक्ति मन्द हो जाये उस समय सैकड़ों दस्त हो जाते हैं, फिर यदि आत्मा उन्हें रोकना चाहे तो नहीं रोक सकता, इसलिये वह जड़ रजकणका परिणमन है। उस रोगके आदि-मध्य और अन्तमे जड़ रजकण ही व्याप्त होते हैं आत्मा उसमें व्याप्त नहीं होता।

शरीरकी स्थिति अधिक या अल्प रहना भी कर्मका फल है। सुख-दु.खादि रूप जो कार्य आता है, वह सब पुद्‌गलकर्मका फल है, उसमे पुद्‌गलकर्म ही व्याप्त होकर उसका कर्ता होता है।

जैसे मिट्टी स्वत. ही घड़ेमे उसके आदि, मध्य और अन्तमें व्याप्त होकर उसे ग्रहण करती है, उसरूप परिणमित होती है, उत्पन्न होती है; वैसे ही ज्ञानी बाह्यस्थित पुद्‌गलकर्मके फलमे व्याप्त नहीं होता, उसे ग्रहण नहीं करता, उसरूप परिणमित नहीं होता और उत्पन्न भी नहीं होता।

प्रश्न—शरीरमे असाध्य रोग हो जाये तो फिर रोगकी अवस्थारूप आत्मा परिणमित होता है या नहीं?

उत्तर:—नहीं भाई! शरीरके रोगरूप आत्मा परिणमित नहीं होता। शरीरमें कैसा भी भयङ्कर रोग हो जाये, उस समय वैसे परिणमनरूप

कर्म फलित हुआ है, उसमें आत्मा फलवान नहीं हुआ किन्तु पुद्गल फलवान हुआ है। शरीरमें चाहे जैसा रोग हो तो भी आत्मा उस रोगकी अवस्थारूप परिणमित नहीं होता, क्योंकि दोनों पदार्थ भिन्न हैं।

जैसे घड़ेमें मिट्टी व्याप्त होती है, किन्तु कुम्हार व्याप्त नहीं होता; वैसे ही जो बाह्यस्थित अनुकूलता और प्रतिकूलताके प्रसंग हैं उनमें ज्ञानी व्याप्त नहीं होता। अनुकूलता प्रतिकूलताके प्रसंग सुख-दुःख होनेके बाह्य कारण हैं, परन्तु वे राग-द्वेष नहीं करा देते; राग द्वेष तो अपने पुरुषार्थकी मन्दतासे होते हैं, परन्तु ज्ञानी उनमें भी एकत्व-बुद्धिसे व्याप्त नहीं होते; जो अल्प अस्थिरता होती है उसकी यहाँ बात नहीं है। यहाँ तो बाह्य अनुकूल-प्रतिकूल प्रसंग पुद्गलकर्मका फल है और राग-द्वेष भी पुद्गलकर्मका फल है—दोनोंको एक ही साथ लिया है। एक ओर समस्त जड़का दल और दूसरी ओर समस्त शुद्ध चैतन्यका दल लिया है। पुद्गलकर्मके सुख-दुःखादिरूप कर्मफलको जानते हुए भी ज्ञानी उसे ग्रहण नहीं करते, उसरूप नहीं होते और उसरूप उत्पन्न नहीं होते।

कितने ही लोगोंको ऐसा लगता है कि ऐसी मँहगाई—अनाज महँगा, कपड़े महँगे, अन्य सभी वस्तुएँ महँगी हैं· इसलिये ऐसे समयमें तो कहीं दूसरी जगह जाकर रहें तो अच्छा हो—वैसा मानते हैं; परन्तु जिस क्षेत्रमें और जिस संयोगके द्वारा तेरे शरीरका पोषण होना हो वैसे ही होता है, उसमें कुछ करना तेरे हाथकी बात नहीं है। यहाँ न होऊँ और किसी अन्य स्थान पर होऊँ तो अच्छा हो ऐसे भाव जीव कर सकते हैं परन्तु भाई! जिस कर्मके फलरूप ग्रहण होना, परिवर्तित होना, और उत्पन्न होना होता है वह तेरे हाथकी बात है ही नहीं।

ज्ञानी जानते हैं कि जिसप्रकार शरीरकी पुष्टिके प्रसंग बनते हैं वह सभी कार्य जड़के हैं, मैं उनका कर्ता-हर्ता नहीं हूँ, मैं तो अपने ज्ञानस्वरूपका कर्ता हूँ—ऐसा ज्ञान होने पर परका अभिमान दूर हो जाता है और जितने प्रमाणमें स्वतः ज्ञाता हो जाता है उतने ही

प्रमाणमें राग द्वेष भी रुक जाते हैं। ज्ञानी अनुकूलता और प्रतिकूलताके प्रसगोंको जानते अवश्य हैं, किन्तु मैंने ऐसा किया इसलिये ऐसी अनुकूलता या प्रतिकूलता हुई—वैसा नहीं मानते और उसमें दु:ख-सुखकी कल्पना भी नहीं करते। मैं तो ज्ञानस्वरूप आत्मा ही हूँ, उस स्वभावके कार्यके अतिरिक्त अन्य कोई कार्य मेरा है ही नहीं—ऐसा ज्ञानी मानते हैं इसलिये वे सदा सुखी हैं। ज्ञानीके जो अल्प हर्ष-शोक होता है वह परसयोगके कारण नहीं होता, कर्मके कारण नहीं होता, अपने स्वभावके कारण नहीं होता किन्तु अपने पुरुपार्थकी अशक्तिके कारण होता है—वैसा ज्ञानी समझते हैं। अल्प हर्ष-शोकको यहाँ नहीं गिना है।

दुनियाँ कहती है कि समझदार व्यक्ति सदा सुखी! अनाज, पैसा इत्यादि वस्तुओंका संग्रह करें तो सुखी होते हैं, किन्तु भाई! वह सव तेरे हाथकी वात नहीं है। सग्रह किया हुआ पैसा अथवा अन्नादि रहेंगे या नहीं रहेंगे—उसका क्या भरोसा? तू उन वस्तुओंके संग्रहका राग कर सकता है, परन्तु जडके कार्य कैसे होना चाहिये वह तेरे हाथकी वात नहीं है। आत्मा जडका ग्रहण नहीं कर सकता और न उसे रख ही सकता है। मिथ्या मान्यतारूप अहङ्कार कर सकता है।

अनुकूल राज्यमे रहूँ तो धर्म हो—ऐसा अज्ञानी मानता है, परन्तु भाई! अनुकूल राज्य या प्रतिकूल राज्य कहीं आत्माके धर्मको नहीं रोकते। पुण्यका उदय हो तो अनुकूल राजा मिलता है और पापका उदय हो तो प्रतिकूल राजा मिलता है, परन्तु उससे कहीं आत्माका धर्म नहीं रुकता। यदि राजा अनुकूल हो तो धर्म कर सकूँ वह वात विल्कुल मिथ्या है; अपने पुरुपार्थकी मन्दतासे स्वतः रुकता है और पुरुपार्थकी उग्रतासे आगे वढता है, परन्तु अज्ञानी निमित्तका दोष वतलाते हैं कि मुझे निमित्तने आगे नहीं वढ़ने दिया।

अज्ञानी कहते हैं कि पूर्वमें जो पुण्य-पाप किये थे उनका फल हमें मिल रहा है—ऐसा मानकर पुण्य-पापके फलके स्वामी होते

हैं उन्हें स्वतंत्र आत्माकी खबर नहीं है। पुण्य-पापके फल अपने करनेसे मिलते हैं—ऐसा माननेवाले आत्माकी शान्तिका घात करनेवाले हैं। ज्ञानी तो जानता है कि पुण्य पापके फल मेरे नहीं हैं, मैं उनका स्वामी नहीं हूँ मेरी शांति मुझमे है, परसे मुझे शांति नहीं है। जो भगवानका भक्त-दास है वह कर्मके फलको अपना नहीं मानता, जीवका स्वभाव ज्ञाता होनेसे ज्ञानी ज्ञाता ही रहते हैं।

इसप्रकार शिष्यने तीन प्रकारसे पूछा था—एक तो, कर्मकी जो-जो अवस्था होती हैं उसे आत्मा जाने तो उससे उसके साथ कुछ कर्ता-कर्मका मेल होता है? दूसरे, अपने परिणामोंको जाननेसे आत्माका परके साथ कुछ कर्ता-कर्मका मेल है? और तीसरे वोलमे, कर्मके फलको जाननेसे आत्मा परका करे—ऐसा कोई सम्बन्ध है? इन तीन प्रश्नोंके उत्तर आचार्यदेवने दिये है। अब शिष्य चौथा प्रश्न करता है।

शिष्य कहता है कि प्रभो! यह शरीर अपने कर्तृत्व और भोक्तृत्वको नहीं जानता—ऐसे पुद्गलका जीवके साथ कर्ताकर्मभाव है या नहीं? प्रभो! ज्ञाता तो कदाचित् जानकर पृथक् रह सकता है परन्तु जिसे कुछ भी खबर नहीं है—ऐसे पुद्गल द्रव्यका, जो कि आत्माको नहीं जानता, उसके कार्यको नहीं जानता, अपने कार्यको नहीं जानता और अपने फलको नहीं जानता, आत्माके साथ कुछ कर्ताकर्म सम्बन्ध है या नहीं?

तीन गाथाओंमें यह बात आ गई है कि चैतन्य-पदार्थ कर्ता हो और जडकी अवस्था उसका कार्य हो-ऐसा कभी होता ही नहीं! जो वस्तु परिणमित हो वह कर्ता, और उसमे जो कार्य हो वह कर्म। आत्मा स्वतः अपने स्वभावका कर्ता है और अपना स्वभाव ही उसका कार्य है।

अब, चौथी गाथामें पूछता है कि जो जीवके परिणामोंको, अपने परिणामोंको और अपने परिणामोंके फलको नहीं जानता है—ऐसे पुद्गलद्रव्यका जीवके साथ कर्ताकर्मभाव (कर्ताकर्मपना) है या नहीं? उसका उत्तर कहते हैं:—

ण वि परिणमदि ण गिह्णदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए।
पोग्गलदव्वं पि तहा परिणमदि सएहिं भावेहिं ॥ ७९ ॥

अर्थ.—इसप्रकार पुद्गलद्रव्य भी परद्रव्यकी पर्यायरूप परिणमित नहीं होता, उसे ग्रहण नहीं करता और उसरूप उत्पन्न नहीं होता; क्योंकि वह अपने ही (–भावोंरूप) परिणमन करता है।

जड़द्रव्य भी जीवद्रव्यकी पर्यायरूप परिणमित नहीं होता। जड़ जो पुद्गलद्रव्य है वह चैतन्यको धर्म कराये, मोक्ष कराये,—इसप्रकार वह चैतन्यद्रव्यकी पर्यायको ग्रहण नहीं करता, उसरूप परिणमित नहीं होता और न उसरूप उत्पन्न होता है। जीव कर्मसे भिन्न है, इसलिये वह कर्मकी अवस्थाको नहीं करता और जड़कर्म आत्माको राग-द्वेष नहीं कराते।

प्रश्न'—प्रभो! आप कहते हो कि कर्म आत्माका कुछ कर नहीं सकते, परन्तु वे आत्माको हैरान तो करते हैं? केवलज्ञानीके भी चार अघाति कर्म हैं, इसमे कर्म उन्हें भी शरीरमें रोक रखते हैं–उसका क्या अर्थ है?

उत्तर'—ऐसा कहनेवाला वीतरागके मार्गसे बाहर है। क्या किया जावे! जो स्वत' नहीं समझे उसे कौन समझा सकता है? अरे भाई! केवली तो अपने शरीरमे अपने योगगुण तथा अन्य गुणके अशुद्ध परिणमनके कारण रह रहे हैं। असिद्धत्वको स्वतत्त्व औदयिक भाव सूत्रजीमें कहा है। अतः योग, असिद्धत्व, कर्त्ता, कर्म, करण, संप्रदान, अपादान, अधिकरण, क्रियावतीशक्ति, वैभाविक, ऊर्द्धगमनत्व, अव्याबाध, अगुरुलघु, सूक्ष्मत्व, अवगाहनत्व वगैरह गुणकी अशुद्धिके कारण रह रहे हैं, किन्तु अघाति कर्मोके कारणसे नहीं। कर्मको कारण कहना वह तो व्यवहारनयके कथन है किन्तु ऐसा नहीं है।

जिसप्रकार सर्वज्ञ भगवान अपने जोग वगैरह गुणकी योग्यताके कारण शरीरमे रहे हैं, वैसे ही यहाँ निम्नदशामें भी स्वतः राग-द्वेष

और भ्रांति करता है उस अपनी योग्यताके कारणसे हैरान होता है, किन्तु जड़कर्म आत्माको राग-द्वेष नहीं कराते, हैरान भी नहीं करते।

कोई भी परवस्तु कभी भी आत्माकी अवस्थामें परिणमित नहीं होती, उत्पन्न नहीं होती। कर्ममें तो नई-नई अवस्था होती हैं वह अपने कारणसे ही होती हैं, आत्माके कारण नहीं होती। आत्मामें जो नवीन अवस्था होती है वह आत्माके कारण होती है किन्तु कर्मके कारण नहीं होती। दोनों द्रव्य स्वतंत्र भिन्न हैं।

जीवोंको भ्रम हो गया है कि कर्म हमें हैरान करते हैं, किन्तु भाई! कर्म कभी हैरान करते होंगे? यह बेचारे जड़ हैं, इन्हें यह भी खबर नहीं है कि हम कौन हैं! इन कर्मोंको, शरीरादि किसीको यह खबर नहीं है कि हम कौन हैं, किस रङ्गमें परिणमित हुए हैं, फिर वे बेचारे तुम्हें कैसे हैरान कर सकते हैं? तुम वहाँ रुके इससे उनने तुम्हें स्पर्श किया और उसमे तुम मान बैठे कि कर्म हमें हैरान करते हैं। कर्म आत्माको न तो कोई लाभ ही करते हैं और न हानि भी पहुँचा सकते हैं, जब स्वतः राग-द्वेष करे तब कर्मोंको निमित्त कहा जाता है, व्यवहार कहा जाता है।

जैसे मिट्टी स्वतः घड़ेमें अन्तर्व्यापक होकर आदि-मध्य-अंतमें व्याप्त होकर घड़ेको ग्रहण करती है, घड़ेरूपमें परिणमित होती है, और घड़ेरूप उत्पन्न होती है, वैसे ही जो जीवके परिणामोंको अपने परिणामोंको और अपने परिणामोंके फलको न जाननेवाला पुद्‌गल द्रव्य है वह स्वतः परद्रव्यके परिणामोंमें अन्तर्व्यापक होकर आदि, मध्य, अन्तमें व्याप्त होकर उन्हें ग्रहण नहीं करता, उसरूप परिणमित नहीं होता और न उत्पन्न ही होता है।

मिट्टीमेंसे घड़ेकी जो अवस्था क्रमशः प्रगट होती है, वह अवस्था मिट्टीने ग्रहण की है, मिट्टी उसरूप हुई है और उसरूप उत्पन्न हुई है। आत्मामें जो अवस्थाएँ होती हैं उन्हें नहीं जानता और अपनी अवस्थाको भी नहीं जानता, तथा फल देकर खिरनेकी अपनी अवस्थाको

नहीं जानता—ऐसा जो कर्म है वह आत्माकी अवस्थाको ग्रहण नहीं करता, उसरूप परिणमित नहीं होता और उत्पन्न भी नहीं होता।

आत्माका अपूर्व भान होकर जो अवस्था परसे भिन्न स्वतःमें ही रहती है वह अवस्था कर्मने ग्रहण नहीं की है—पकडी नहीं है, कर्म उसरूप हुआ नहीं है और न उत्पन्न हुआ है।

✓ पुद्गलद्रव्य स्वतः अपनी पर्यायको ग्रहण करता है—पकड़ता है—प्राप्त होता है, उसरूप होता है, उत्पन्न होता है। पुद्गलद्रव्य स्वतः अपनेमें प्रसरित होकर अपनी पर्यायके आदिमें, मध्यमें और अन्तमें भी स्वतः ही उसे ग्रहण करता है—उसरूप होता और उत्पन्न होता है; इसलिये पुद्गलद्रव्यका जीवद्रव्यके साथ कर्ताकर्मपना नहीं है। जीवोंने शास्त्रमें यह सुना कि कर्म है वहाँ युक्त हुआ और कुतर्क खडा किया कि कर्म मुझे हैरान करते हैं; परन्तु भाई! आठ कर्मोंकी जो सूक्ष्म रज है वह आत्माके भावको पकड़कर नहीं रखती। कोई कहे कि दर्शनमोह दूर होता है तब आत्माके गुण प्रगट होते हैं—इसप्रकार जो परसे गुणकी पर्यायका प्रगट होना मानता है वह महामूढ है। जब स्वतः आत्माका भान करता है तो कर्म अपने आप हट जाते हैं, जब स्वतः पुरुषार्थ करता है तब सम्यग्दर्शनकी पर्याय प्रगट होती है और कर्म अपने आप दूर हो जाते हैं, वस्तुका स्वभाव ऐसा पराधीन नहीं है कि जब दर्शन-मोह दूर हो जायेगा तब सम्यग्दर्शन प्रगट होगा।

कोई यह कहे कि पुद्गल द्रव्य तो जड़ है, इससे वह नहीं जानता कि जीवके साथ उसका कर्ताकर्मपना है या नहीं? घरका समझदार व्यक्ति भले ही पर-दूसरोंसे सम्बन्ध न रखे, किन्तु जो अजान है वह तो सम्बन्ध रखता ही है न? उसीप्रकार ज्ञाता आत्मा भले ही सम्बन्ध न रखे परन्तु अजान जो जड़ है वह तो सम्बन्ध रखेगा न? किन्तु भाई किसी द्रव्यका दूसरे द्रव्यके साथ सम्बन्ध है ही नहीं, प्रत्येक द्रव्य अपने स्वभावमें परिपूर्ण स्वतंत्र है, किसी भी द्रव्यका किसी अन्य द्रव्यके साथ, किसी भी पक्षसे, किसी भी प्रकार-ज्ञानरूपसे अथवा अज्ञानरूपसे कर्ता-कर्म सम्बन्ध है ही नहीं; एक द्रव्यकी अवस्थाका कार्य

दूसरे द्रव्यकी अवस्था करे—ऐसा तीन काल और तीन लोकमें भी नहीं हुआ है, होता नहीं है और न होगा ही। द्रव्य तो किसीका कार्य नहीं करता किन्तु पर्याय भी नहीं करती—यह अखण्ड सिद्धान्त है। जहाँ निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्धकी बात आती हो वहाँ इस बातको अखण्ड रखकर उस बातको समझना चाहिये।

कोई कहे कि कर्मकी प्रबलता हो तो राग-द्वेष होता है या नहीं? भाई! बिल्कुल मिथ्या बात है। अपने पुरुषार्थकी मन्दतासे स्वतः विभावमें युक्त होता है इससे राग-द्वेष होता है। कर्म रंचमात्र राग-द्वेष नहीं कराता, कर्म राग-द्वेष कराते हैं—यह बात जैनसिद्धांतमें कहीं पर है ही नहीं।

पुनश्च कोई कहे कि निकाचित कर्मबन्ध किया हो तब तो भोगना ही पड़ता है न? किन्तु भाई! जितनी मात्रामें कर्म बाँधे हो उतनी ही मात्रामें सीधा पुरुषार्थ करे तो निकाचित कर्म भी दूर हो जाते हैं। अपना पुरुषार्थ जितना मन्द हो उतना ही कार्य रुकता है, न कि कर्मोके बलसे कार्य रुकता है। कर्मके बलसे कार्य रुकता है—ऐसी बात तीन काल और तीन लोकमे कहीं है ही नहीं; यह बात सम्यक् एकान्तरूपसे सत्य है।

कोई व्यक्ति कहता था कि आत्मा परमाणुको नहीं हिला सकता परन्तु स्कन्धको हिला सकता है क्योंकि वस्तुस्वभाव स्याद्वाद है। अरे भाई! तूने स्याद्वादका ऐसा अर्थ ग्रहण किया है? स्याद्वाद किसे कहते हैं? स्याद्वाद तो वस्तुस्वरूपका रहस्य है; श्री समयसारके ४८८ पृष्ठ पर शक्तिओंका विस्तार आता है, उसमे कहा है कि—एक वस्तुमें वस्तुत्व (वस्तुपना) को प्रसिद्ध करनेवाली अस्ति, नास्तिरूप परस्पर विरुद्ध दो शक्तियोंको प्रकाशित होना सो अनेकान्त है। आत्मा, आत्मारूप है और पररूप नहीं है—ऐसी परस्पर विरुद्ध दो शक्तियाँ एक साथ एक द्रव्यमें हैं, उसे अनेकान्त कहा जाता है, यह त्रिकाल अबाधित सिद्धान्त है।

आत्मा स्वतः अपना कर सकता है किन्तु दूसरे आत्माका कुछ नहीं कर सकता, जड़का कुछ नहीं कर सकता। जड, जडका कर सकता है, प्रत्येक परमाणु स्वतः अपना कर सकता है, किन्तु आत्माका कुछ नहीं कर सकता और दूसरे परमाणुका भी वह कुछ नहीं कर सकता। प्रत्येक द्रव्य स्वतंत्र है, आत्मा अपना कर सकता है परन्तु दूसरे आत्मा या परमाणुका अथवा स्कन्धका कुछ नहीं कर सकता—ऐसा अस्ति–नास्ति स्वभाव वस्तुमे है, उसीका नाम अनेकान्त है। वस्तुको वस्तुरूपसे स्थिर रखनेवाली दो विरुद्ध शक्तियोंका नाम अनेकान्त है।

आत्मा, आत्माके भावोंका कर्ता है और जड़के भावोंका भी कर्ता है—ऐसा मानना तो एकान्त हुआ, परन्तु दो विरुद्ध शक्तियाँ नहीं हुईं क्योंकि दोनों बातोंमे अस्ति आई, दोनोंमे मिथ्या एकत्व करना ही आया, इसलिये यह एकान्त हुआ।

आत्मा, आत्माका करता है और परका कुछ भी नहीं करता यह सम्यक् अनेकान्त है; जड, जड़का कर्ता है और आत्माका कुछ नहीं करता वह भी सम्यक् अनेकान्त है। आत्मा, आत्मारूप है और पररूप भी है—ऐसा माने सो एकान्त है, दो द्रव्योंकी मान्यतामे एक क्रिया इसलिये वह एकान्तदृष्टि है। दोनोंमें 'है' ऐसा माना है इससे अकेली अस्ति आई किन्तु नास्ति नहीं आई, विरुद्ध धर्म नहीं आया, अस्ति–नास्ति दोनों गुण नहीं हुए इससे एकान्त हुआ। उसीप्रकार जड़, जड़-रूपसे है और आत्मारूपसे भी है—वैसा मानना भी एकान्तदृष्टि है। कर्मके दो अस्ति–नास्ति गुण भिन्न हैं और आत्माके भिन्न हैं; सभी द्रव्योंके अस्ति–नास्ति दो गुण स्वतंत्र भिन्न हैं, उन गुणोंको यथार्थरूपसे समझना सो अनेकान्त है। अनेकान्त तो वस्तुका त्रिकालिक स्वभाव है; अनेकान्त वह कही परिस्थितिवश कल्पना नहीं है, कुदडीवाद–संशयवाद नहीं है। एक वस्तुमे एक–अनेक, नित्य–अनित्य, सत्–असत् इत्यादि परस्पर विरोधी दो स्वभाव होते हैं उसे अनेकान्त कहा जाता है। अनेकान्तका स्वरूप समझने पर तो मोक्षमार्ग खुल जाता है; वीतरागका अंतरंग जाना जा सकता है; वह कही बातें करनेके

लिये नहीं है किन्तु उसे समझे तो भेदज्ञानी होकर आत्माकी शांति-समाधि प्रगट होती है।

शुभभाव करते-करते पुण्यबन्ध होता है, धर्म भी होता है, और मोक्ष होता है, वैसा मानना सो एकान्त है; परन्तु शुभभावोंसे पुण्यबन्ध होता है किन्तु धर्म और मोक्ष नहीं होते—ऐसा मानना सो अनेकान्त है; उसीप्रकार शुद्धभावसे आत्माका धर्म होता है—मोक्ष होता है परन्तु पुण्यबन्ध नहीं होता और कर्मोकी निर्जरा होती है-ऐसा मानना भी अनेकान्त है, इसप्रकार अनेकान्तका स्वरूप अद्भुत अमृतरसायन है।

कोई कहे कि केवलज्ञानीको मोक्ष जानेकी इच्छा है परन्तु कर्म उसे रोकते हैं; किन्तु भाई वे तो वीतराग हैं, वीतरागके यदि इच्छा हो तो वीतराग कैसे? इच्छा तो राग है और राग वीतरागके नहीं होता। केवली भगवानको कर्म शरीरमें नहीं रोक रखता, अपने योग वगैरह गुणकी योग्यताके कारण वे शरीरमें रह रहे हैं। कर्म, कर्मकी अवस्था करे और केवली भगवानको शरीरमे रोकनेकी अवस्था करे—ऐसे दो कार्य नहीं करता। कर्म अपनी अवस्था स्वतः करता है किन्तु परद्रव्यकी अवस्था नहीं करता। केवलज्ञानी पूर्ण वीतराग हैं उनके प्रदेशका जो कम्पन होता है, वह योग नामक गुणका विकार शेष रह गया है उसके कारण होता है। केवली भगवान अपने वैभाविकगुण योगगुण आदिकी अपनी योग्यताके कारण शरीरमें रुके हैं; चार अघाति कर्म तो जड़ हैं वे केवलज्ञानीको नहीं रोक सकते। किसीकी अवस्था किसीको रोक दे-ऐसा होता ही नहीं। केवली भगवानके योगका जो कम्पन है वह व्यवहार है किन्तु अशुद्ध व्यवहार है और सिद्ध भगवानके भी प्रति समय पर्याय होती है वह भी व्यवहार हैं, परन्तु वह शुद्ध व्यवहार है। केवली भगवानके प्रति समय शुद्ध पर्याय होती है वह शुद्ध व्यवहार है और योगका कम्पन अशुद्ध व्यवहार है। सभी द्रव्य स्वतः अपनी अवस्थाको करते हैं, कोई द्रव्य किसी अन्य द्रव्यकी अवस्थाको नहीं करता।

अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—

ज्ञानी जानन्नपीमां स्वपरपरिणतिं पुद्गलश्चाप्यजानन्
व्याप्तृव्याप्यत्वमंतः कलयितुमसहौ नित्यमत्यंतभेदात् ।
अज्ञानात्कर्तृकर्मभ्रममतिरनयोर्भाति तावन्न यावत्
विज्ञानार्चिश्चकास्ति क्रकचवददयं भेदमुत्पाद्य सद्यः ॥ ५० ॥

अर्थ—ज्ञानी तो अपनी और परकी परिणतिको जानता हुआ प्रवर्तन करता है और पुद्गलद्रव्य स्व और परकी परिणतिको न जानता हुआ वर्तन करता है, इसप्रकार उनमे सदा अत्यन्त भेद होनेसे (दोनों पृथक् द्रव्य होनेसे) वे दोनों परस्पर अन्तरङ्गमे व्याप्यव्यापक भावकी प्राप्ति करनेमे असमर्थ हैं। जीव-पुद्गलके कर्ताकर्मपना है—ऐसी भ्रमबुद्धि अज्ञानके कारण तब तक भासित होती है (-होती है) जब तक कि (भेदज्ञान करनेवाली) विज्ञानज्योति करवतकी भाँति निष्ठुर रीतिसे (उग्र रीतिसे) जीव-पुद्गलका तत्काल भेद उत्पन्न करके प्रकाशित नहीं होती।

ज्ञानी अर्थात् वीतरागका भक्त, वीतरागका दास। वह अपनी और परकी अवस्थाको जानता तो है, किन्तु वह जड़का भक्त नहीं होता; जो अल्प राग-द्वेष होता है उसे जानता अवश्य है तथापि वह जड़का दास नहीं होता।

✓ जिसे संसारकी भक्ति अर्थात् चौरासी लाखमे परिभ्रमण करनेकी भक्ति करना है वह ऐसा मानता है कि राग-द्वेष मेरा स्वरूप है और वह मुझसे होता है। शरीरकी क्रिया—खाना, पीना, लेना, देना इत्यादि अपनेसे होता है वह ऐसा मानता है परन्तु भगवानका भक्त-सम्यक्त्वी उसे अपना स्वरूप नहीं मानता।

भगवानका भक्त अर्थात् जिसके हृदयमें भगवानकी भक्ति प्रगट हुई है वह ऐसा मानता है कि राग-द्वेष मेरे ज्ञाताके जानने योग्य हैं; शरीरकी हलने-चलनेकी क्रिया मेरे ज्ञाताका ज्ञेय है, मैं उनका कर्ता नहीं हूँ, वह मेरा स्वरूप नहीं है, जड़ जड़से प्रवर्तमान होता है

और आत्मा आत्मासे—इसप्रकार दोनों द्रव्य स्वतंत्ररूपसे भिन्न प्रवर्तन करते हैं—ऐसा ज्ञानी जानता है।

जड़ पदार्थ स्वतः अपनी और आत्माकी–दोनोंकी अवस्थाओंको न जानता हुआ प्रवर्तन करता है; यह शरीर ऐसे चलता है, ऐसे बैठता है उसकी उसे कुछ भी खबर है? कुछ भी नहीं बिल्कुल अपरिचित है। आत्माका और जड़का कहीं भी किसी स्थान पर मेल नहीं है; आत्मा बिल्कुल ज्ञाता है और पुद्गल एकदम जड़ है, इससे दोनोंका कुछ भी मेल नहीं है।

इसप्रकार जड़ और आत्मामे सदा अत्यन्त भेद होनेसे वे दोनों परस्पर अन्तरङ्गमें व्याप्यव्यापक भावको प्राप्त करनेमें असमर्थ हैं, अर्थात् आत्मा स्वतः व्यापक (कर्ता) और जड़कर्मकी अवस्था आत्माका व्याप्य; (–कार्य) और जड़कर्म व्यापक अर्थात् जीवके भावोंका कर्ता तथा आत्माकी अवस्था कर्मका व्याप्य–वैसी व्याप्यव्यापकता होना बिल्कुल असम्भव है।

जड़के कार्य आत्माके हैं और आत्मा उनका कर्ता है—ऐसी भ्रमबुद्धि अज्ञानके कारण तबतक भासित होती है जबतक कि भेदज्ञान करनेवाली विज्ञानज्योति करवतकी भाँति निर्दय रीति—उग्र रीतिसे जीव–पुद्गलका तत्काल भेद प्रगट करके प्रकाशित नहीं होती।

स्व और परको पृथक् करनेवाली ज्ञानज्योति प्रगट होनेसे, जैसे करवत लकड़ीके दो टुकड़े कर डालना है, निर्दयता पूर्वक दोनोंको पृथक् कर देता है, उसीप्रकार ज्ञानज्योति स्वभाव और परभावको पृथक् कर देती है, भेद कर देती है। जो सन्धि अनादिसे नहीं टूटती थी उसे तोड़कर दोनोंको भिन्न कर डालती है किंचित् भी दया रखे बिना, निर्दयतासे दोनोंके भेद करके आत्मधर्म प्रगट करती है; भेदज्ञान स्व–परको उग्र रीतिसे पृथक् करता है।

राग-द्वेषादि भाव मेरे हैं, शरीरादि मेरे हैं; मैं उनका कर्ता हूँ—ऐसी भ्रमबुद्धि जब तक रहती है, तब तक भेदज्ञानज्योति प्रकाशित नहीं होती अर्थात् वहाँ तक अज्ञान और मूढ़ता रहती है। दुनियाँमें

कहा जाता है कि इस मनुष्यने बहुत परोपकार किये हैं–आम बोये हैं; किन्तु परका कार्य कोई कर ही नहीं सकता फिर आम बोनेकी बात ही कहाँ रही ? दुनियांको परका भला कर देनेकी सबको पराधीन माननेकी बात बहुत अच्छी–मीठी लगती है परन्तु वह मीठा विष है, उस मीठे विषसे तेरे आत्माकी हत्या हो रही है।

कितने ही तो कहते हैं कि परोपकारके लिये भले ही अपनेको अधिक भव धारण करना पड़े, यदि परका भला हो तो वह परमार्थ है —वैसा माननेवाला बिल्कुल मूढ है, वैसा कहनेवालेके भव ग्रहणकी रुचि दूर ही नहीं हुई है, ऐसे मनुष्यके लिये भवका अन्त था ही कहाँ ? उसे तो चौरासीमें परिभ्रमण करनेके लिये अनन्त भव प्रस्तुत ही हैं। जहाँ, परका कुछ कर ही नहीं सकता वहाँ, परका कर सकता हूँ—यह मान्यता ही मूढ़ता है और उसके लिये अधिक भव धारण करूँ, ऐसा अभिप्राय बड़ी मूढता है। वहाँ भवका अन्त था ही कहाँ ? वह तो चौरासीमें परिभ्रमणको ही आनन्द मानता है।

प्रत्येक आत्मा स्वतन्त्र है, प्रत्येक परमाणु स्वतन्त्र है, सब द्रव्योंकी अवस्था अपने–अपने आधारसे होती है, किसी द्रव्यकी अवस्था किसी अन्य द्रव्यके आधारसे नहीं होती। एक द्रव्यमें दूसरे द्रव्यका तीनोंकाल अत्यन्त अभाव है, परस्पर अभावपना दूसरोंमें क्या करे ? एक आत्माकी अवस्था अपने आत्माके आधारसे होती है, दूसरे आत्माकी अवस्था उसके अपने आत्माके आधारसे होती है, उसीप्रकार परमाणु पुद्‌गलकी अवस्था भी प्रत्येकके अपने ही परमाणुके आधारसे होती है। प्रत्येक वस्तु निजशक्तिसे परिपूर्ण है अनादि–अनन्तकालसे प्रत्येक वस्तुकी अवस्था वस्तुके ही आधारसे होती है—ऐसा वस्तुका स्वभाव सर्वज्ञदेवके ज्ञानमें ज्ञात हुआ है, वस्तुका स्वभाव ऐसा ही है, तब फिर आत्माको शरीरादिका कर्ता मानना भ्रम ही है, और वह भ्रम वस्तुस्वभावका ज्ञान करनेसे अर्थात् सम्यग्ज्ञान होनेसे नाशको प्राप्त होता है।

सम्यग्ज्ञानी जीव ऐसा समझता है कि अरे! मैं कौन हूँ? मैं तो "ज्ञानवस्तु" हूँ, फिर मै किसको करूँगा, किसको ग्रहण करूँगा? मैं अपनी ज्ञानस्वरूप चेतनाके अतिरिक्त किसीको नहीं कर सकता; किसीका ग्रहण-त्याग नहीं कर सकता। मैं तो अपने अनन्त गुणस्वरूप आत्माका स्वामी हूँ, मैं परका स्वामी होता ही नहीं इसलिये मैं परद्रव्यका अथवा राग-द्वेषादि परभावोंका कर्ता नहीं हूँ—ऐसी पहिचान सम्यग्ज्ञानी जीवको होती है। सम्यग्ज्ञान हुआ अर्थात् वह भगवानका भक्त होता है। पहले परके स्वामित्वसे अज्ञान अवस्थामें जितनी अधिकतासे राग-द्वेष होते थे वे अब सम्यग्ज्ञान होनेके पश्चात् नहीं होते, परन्तु अपने पुरुषार्थकी मन्दताके कारण अल्प राग-द्वेष होते हैं वे रहनेके भावमें नहीं किन्तु नष्ट करनेके भावमे रहे हैं इससे उन्हें गिनतीमें नहीं लिया है।

अज्ञानी ऐसा मानता है कि मुझे परके कारण राग-द्वेष होते हैं, इसने मुझे ऐसे कठोर शब्द कहे, प्रतिकूलता की इससे मुझे द्वेष हुआ और इस घरके मनुष्य वहुत अनुकूल हैं, वच्चे वहुत आज्ञाकारी, विनयशील हैं इस कारण मुझे इन पर राग आता है, इसप्रकार राग-द्वेष होनेका कारणपना वह परके ऊपर डालता है अथवा उसे अपना स्वभाव मानकर राग-द्वेष करता है। अज्ञानी और ज्ञानीकी दृष्टिमे एकदम अन्तर होता है। ज्ञानी अभी पूर्ण वीतराग न हुआ हो और गृहस्थाश्रममे हो तो उसके भी अल्प राग-द्वेष होता है तथापि वह ऐसा समझता है कि यह राग-द्वेष मुझे किसी परपदार्थके कारण नहीं होता, अनुकूल-प्रतिकूल प्रसंगोंके कारण नहीं होता, और वह रागद्वेषको अपना स्वभाव भी नहीं मानता किन्तु ऐसा समझता है कि मेरे पुरुषार्थकी अशक्तिके कारण ही मुझे राग-द्वेषादि भाव होते हैं अन्य कोई भी कारण नहीं है। इसप्रकार ज्ञानी और अज्ञानीकी दृष्टिमें उदय-अस्त जितना अन्तर होता है। जो परका दोष वताये, उसका राग-द्वेष कब दूर होता है? परन्तु जो स्वतः की भूलको देखता है उस ज्ञानीके स्वसन्मुखतारूप पुरुषार्थ द्वारा राग-द्वेषरूपी दोष दूर हो जाता

है। जैसे प्रकाश करनेसे अन्धेरा हटाना नहीं पड़ता—स्वयं उत्पन्न होते नहीं। ७९॥

आत्माके परिणामोंका और पुद्गलके परिणामोंका अन्योन्य निमित्तमात्रपना है, तथापि उनके कर्ताकर्मपना नहीं है, निमित्तमें निमित्तकी क्रिया परिपूर्ण होती है, और आत्मा राग-द्वेष करे वह अपनी पर्यायमें पूरा पूरा करता है, किन्तु उस राग-द्वेषमे कुछ भाग आत्माका और कुछ जड़का, इसप्रकार दोनोंका थोड़ा-थोड़ा भाग मिलकर राग-द्वेष नहीं होता। राग द्वेष होनेमें आत्मा भी भाग लेता है और जड़ भी भाग लेता है—ऐसा नहीं है। आत्माका शतप्रतिशत आत्मामें और कर्मरूप निमित्तका शतप्रतिशत निमित्तमें है। आत्माके साथ परकर्मके सयोगरूप अन्य वस्तु है, तथापि कर्ताकर्म सम्बन्ध नहीं है, मात्र एक दूसरेका निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है—ऐसा निम्नोक्त गाथाओंमें कहते हैं।

जीवपरिणामहेदुं कम्मत्तं पोग्गला परिणमंति।
पोग्गलकम्मणिमित्तं तहेव जीवो वि परिणमदि॥ ८०॥
ण वि कुव्वदि कम्मगुणे जीवो कम्मं तहेव जीवगुणे।
अण्णोण्णणिमित्तेण दु परिणामं जाण दोह्णं पि॥ ८१॥
एदेण कारणेण दु कत्ता आदा सएण भावेण॥
पोग्गलकम्मकदाणं ण दु कत्ता सव्वभावाणं॥ ८२॥

जीवपरिणामहेतुं कर्मत्व पुद्गलाः परिणमंति।
पुद्गलकर्मनिमित्तं तथैव जीवोऽपि परिणमति॥ ८०॥
नापि करोति कर्मगुणान् जीवः कर्म तथैव जीवगुणान्।
अन्योन्यनिमित्तेन तु परिणामं जानीहि द्वयोरपि॥ ८१॥
एतेन कारणेन तु कर्ता आत्मा स्वकेन भावेन।
पुद्गलकर्मकृतानां न तु कर्ता सर्वभावानाम्॥ ८२॥

अर्थ—पुद्गल, जीवके परिणामके निमित्तसे कर्मरूप परिणमित होते हैं, वैसे ही जीव भी पुद्गलकर्मके निमित्तसे परिणमन करता है। जीव, कर्मके गुणोंको नहीं करता और कर्म जीवके गुणोंको नहीं करता; परन्तु परस्पर निमित्तसे दोनोके परिणामको जानो। इस कारण आत्मा अपने ही भावोंसे कर्ता (कहा जाता) है, परन्तु पुद्गलकर्म द्वारा किये गये सर्व भावोंका कर्ता नहीं है।

पुद्गल जड़ हैं, वे जगतमें एक भिन्न वस्तु हैं, रूपी हैं, कर्मरूपसे परिणमन करते हैं। आत्मा दया, दान, हिंसा, झूठ, चोरी इत्यादि जैसे-जैसे भाव करे उन भावोंका निमित्त प्राप्त करके पुद्गल स्वयं (स्वतः) परिणमित होते हैं। इसप्रकार जब आत्मा विपरीत पुरुषार्थ द्वारा स्वतः राग-द्वेष करता है उस समय कर्मका निमित्त होता है। उपादानका अर्थ है—स्वत. उस पर्यायमें परिणमित होनेवाला पदार्थ, और सहकार अर्थात् साथमे रहनेवाला। सहकारका अर्थ मदद देना या साथ देना नहीं है, परन्तु साथमे रहनेवाला।

जब स्वयं काम, क्रोध, वासनाके भाव करे तो उस समय कर्म साथमें निमित्तरूप है—उपस्थितिरूप है, उसे निमित्त कहा जाता है। जीव स्वाश्रयके बलसे रागरूप न हो तो कर्मको निमित्तरूप नहीं कहा जाता। शुभाशुभभाव होनेमे यदि कर्मका निमित्त न हो तो वे भाव आत्माका स्वरूप हो जाये, वैसे ही यदि कर्म ही आत्माको राग-द्वेष करा देता हो तो आत्मा पराधीन हो गया, कर्म और आत्मा एक हो गये, कर्म निमित्तरूप न रहा किन्तु उपादानरूप हो गया, इसलिये इससे ऐसा सिद्ध होता है कर्म आत्माके राग-द्वेष होनेमें धर्मास्तिकायवत् निमित्तमात्ररूप है किन्तु वह बलात् राग-द्वेष नहीं करा देता, और उसीप्रकार कर्म बाँधनेमें आत्माका राग-द्वेष निमित्तमात्ररूप है परन्तु आत्माका राग-द्वेष कर्मको नहीं बाँध देता।

आत्मा कर्मरूप पुद्गलके गुणोंको नहीं करता; पुद्गलके स्पर्श, रस, गंध, वर्ण, आकार, स्थिति, अनुभाग इत्यादिको आत्मा नहीं करता, उसीप्रकार जड़कर्म आत्माके राग-द्वेष, हर्ष-शोक, कामवासना,

रति–अरति, दया, दान, पूजा, भक्ति आदि शुभाशुभ परिणामोंको नहीं करता परन्तु दोनोंका परस्पर निमित्तरूप सम्बन्ध है—वैसा जानो। इसलिये आत्मा अपने जो भी भाव करता है उनका कर्ता है परन्तु जो प्रारब्ध-कर्म बँधते है उन्हें आत्मा नहीं बाँधता; वे कर्म स्वतः अपने कारणसे बँधते हैं। अपने गुणोंका विकास न करके आत्मा स्वतः विपरीत भावोंमें बँधता है अर्थात् उनमे रुकता है, किन्तु जड़कर्मोंको आत्मा नहीं करता।

जीव परिणामको निमित्त करके पुद्‌गल कर्मरूप परिणमित होते हैं और पुद्‌गलकर्मको निमित्त करके जीव भी परिणमन करता है। आत्मा जितने पूजा–भक्ति आदिके शुभभाव करे उतना ही पुण्यकर्म बँध जाता है, परन्तु आत्मा पुण्यके भाव भी करे और पुण्यरूप कर्म भी आत्मा स्वतः करे—वैसा नहीं है, किन्तु आत्मा भाव करे उन्हींके प्रमाणमे नवीन कर्म होने योग्य रजकण कर्मकी अवस्थारूप परिणमित हो जाते हैं। पुण्यभाव अल्प करे और पुण्यकर्म अधिक बँध जाये—ऐसा हो सकता है? नहीं हो सकता। उसीप्रकार पापभाव अल्प करे और पापकर्म अधिक बँध जाये, ऐसा भी नहीं हो सकता, किन्तु आत्मा जितने प्रमाणमे पुण्य-पापके भाव करे उतने ही प्रमाणमे कर्म होने योग्य जो अजीव रूपी जड़वस्तु है वह आत्माके भावोंका निमित्त प्राप्त करके कर्मरूप परिणमित होती है। जब आत्मा विपरीत वीर्यके द्वारा राग-द्वेष करता है तब कर्मका उदय उसे निमित्त होता है, इसप्रकार शास्त्रमे भीतर ही भीतर निमित्तपनेका उल्लेख होने पर भी, जीव और पुद्‌गलके परस्पर व्याप्यव्यापक भावका अभाव होनेके कारण जीवको पुद्‌गलपरिणामोंके साथ और पुद्‌गलको जीवपरिणामोंके साथ कर्ताकर्मपनेकी असिद्धि होकर मात्र निमित्त–नैमित्तिक भावका निषेध न होनेसे, अन्योन्य निमित्तमात्र होनेसे ही दोनोंके परिणाम हैं, एक दूसरे द्रव्योंके व्याप्यव्यापक भावका अभाव है इससे कहीं निमित्तनैमित्तिकपनेका अभाव नहीं है, यदि निमित्तनैमित्तिक सम्बन्ध न हो तो ससार ही न हो, निमित्तनैमित्तिक सम्बन्धके कारण ही ससार–मोक्ष दोनों बने हुए

हैं। निमित्त अर्थात् पर और नैमित्तिक अर्थात् स्वतः उपादान। निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध होने पर भी कर्ताकर्मपना नहीं है; निमित्त-नैमित्तिकपना है और कर्ताकर्मपना नहीं है—वैसा चारों पक्षोंका संपूर्ण स्वरूप समझनेसे ही संसारके नाशका उपाय प्राप्त हो और उस प्रकारका पुरुषार्थ करनेसे तत्काल मोक्ष होता है।

आत्माके परिणामका कर्ता जड़ नहीं है, और न जड़का यह कार्य है। जड़के परिणामका कर्ता आत्मा नहीं है और न आत्माका यह कार्य है; इसप्रकार परस्पर कर्ताकर्मपनेकी असिद्धि है, तथापि आत्माका राग-द्वेष परिणामके समय पुद्गलकर्मकी उपस्थिति होती है और राग-द्वेषकी उपस्थितिमे पुद्गलकर्म बँधते हैं—ऐसा निमित्तनैमित्तिक सम्बन्ध है।

जैसे मिट्टी द्वारा घड़ेकी रचना होती है, वैसे ही अपने भाव द्वारा अपना भाव होता होनेसे जीव कदाचित् अपने भावका कर्ता है; कदाचित् अर्थात् अपने राग-द्वेष परिणामका कर्ता आत्मा अज्ञानभावसे है; जहाँ तक गुणोंका भान नहीं है वहाँ तक अज्ञानभावसे कर्ता है; ज्ञानभावसे नहीं। ज्ञानभावसे तो ज्ञानका कर्ता है।

अपने भाव द्वारा अपना भाव होता होनेसे अर्थात् परको अपना मानता है वैसे मिथ्यात्वभाव द्वारा राग-द्वेषका भाव होता होनेसे जीव मिथ्यात्व भाव द्वारा रागद्वेषका कर्ता है, परन्तु पुद्गलका कर्ता कभी भी नहीं है।

जैसे मिट्टी द्वारा कपड़ा नहीं किया जा सकता, वैसे ही अपने भावके द्वारा परभावोंका करना अवश्य होनेसे पुद्गल भावोंका कर्ता तो कभी है ही नहीं, यह निश्चय है।

जीवका अपने भावोंसे जड़का कुछ भी करना अशक्य होनेसे आत्मा जड़की अवस्थाको नहीं कर सकता—कर्मकी अवस्थाको नहीं कर सकता। आत्मा कदाचित् अपने दया, दान, हिंसा, झूठ इत्यादि पुण्य-पापके भावोंका कर्ता हो, परन्तु स्वतः जड़कर्मको करे—ऐसा कभी भी नहीं हो सकता। विकारी भावोंका कर्ता जीवको कदाचित्

अर्थात् अज्ञानभावसे कहा है परन्तु जड़का कर्ता तो कभी भी नहीं है, ऐसा कहा है।

मैं दूसरेका बिगाड देता हूँ—बना देता हूँ, मेरे बिना एकदम अव्यवस्था हो जायेगी, ऐसा माननेवाला मूढ़ है। कोई किसीका कुछ भी करनेमे कभी भी समर्थ नहीं है। सबको पुण्य-पापके उदयानुसार निमित्त बनते हैं।

कितने ही मनुष्य कहते हैं कि पुण्यवन्त प्राणी हो तो अच्छा कार्य कर सकता है, किन्तु भाई! उपस्थित वस्तुकी यदि अनुकूल अवस्था होना हो तब पुण्यवन्त प्राणीका निमित्त बनता है, इसलिये तुझे ऐसा लगता है कि यह कार्य पुण्यवन्त प्राणीने किया है, परन्तु वास्तवमे किसीका कुछ भी करनेमे कोई समर्थ नहीं है, उपस्थित वस्तु स्वतंत्र है, उसकी जो अवस्था होना होती है वह उसीसे होती है, उसमें जो अनुकूल निमित्त बनता है उसे निमित्त कहा जाता है, शेष कोई द्रव्य किसी द्रव्यका कुछ भी करनेमे समर्थ नहीं है। जीव या तो अभिमान करता है, नहीं तो जानता है कि इसकी अवस्था इसीसे होती है इसमें इस शरीरकी उपस्थिति है। जीव स्वतः अभिमान करता है कि मैं परका कर सकता हूँ और ज्ञान होने पर जानता है कि ज्ञानके अतिरिक्त कोई किसीका कुछ नहीं कर सकता।

घड़ा बनना हो उस समय कुम्हारका निमित्त होता है, किन्तु न्यायालयमे कुम्हार नहीं होता, घड़ा बननेमे वकील नहीं होता, इसप्रकार जिस कार्यमे जो निमित्त अनुकूल पड़े उस निमित्तकी उस कार्यके समय उपस्थिति होती है। मैं किसीको समझा दूँ ऐसा अभिप्राय बिल्कुल मिथ्या है। जब सामनेवाले जीवमे समझनेकी योग्यता हो तब तेरा निमित्त मिलता है। यह बात सर्वज्ञ भगवानके घरकी है, कोई इसमें परिवर्तन करना चाहे तो नहीं हो सकता।

कितने ही लोग कहते हैं कि मैंने बीमारके लिये दवा ला दी, वैद्यको बुला दिया, रक्षाका प्रबन्ध कर दिया, इसलिये ठीक हो गया तो वैसा अभिप्राय बिल्कुल मिथ्या है। बीमारको दवा मिलना थी,

वैद्यको आना था, इसलिये तेरा निमित्त उसे मिला। कहीं बीमारके पुण्योदयने तुझे शुभ इच्छा और तेरे शरीरकी क्रिया नहीं करा दी है; दवा लानेका विकल्प तुझे स्वत से ही अपने रागके कारण आया है, परन्तु सामनेवालेके पुण्योदयका और तेरे रागका निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध हो जाता है, इससे ऐसा कार्य बन जाता है।

जातिको, देशको अथवा किसी भी बाह्यको व्यवस्थित रखना तेरे हाथकी बात नहीं है; उन सबको व्यवस्थित रहना हो तो अपने आप ही रहते हैं, उनमें यदि तेरा निमित्त बनना हो तो बनता है। मकानका बन्दोबस्त करना रक्षण करना तेरे हाथकी बात त्रिकालमें नहीं है, तुझे उन पर राग है इसलिये उनकी रक्षाका विकल्प आता है परन्तु रक्षा होना-न होना तेरे हाथकी बात नहीं है; घरमें सब व्यवस्थित रहना हो तब तेरे विकल्पको निमित्त कहा जाता है, किन्तु उनकी व्यवस्था पुद्गलद्रव्यके स्वतंत्र परिणमनके कारण ही रहती है उसमें तेरी ममता कुछ करती हो—ऐसा तीन काल-तीन लोकमें भी नहीं है। तेरे ममत्वके भाव तुझमे और पुद्गलका परिणमन उसमें, दोनों भिन्न-भिन्न स्वतंत्र परिणमित होते हैं।

पुनश्च, अज्ञानी जीव कहता है कि यदि हम बाल-बच्चोंकी अच्छी तरहसे सार-सँभाल करें तो वे अच्छे होते हैं, घरमें अच्छी गाय या भैंस रखकर बच्चोंको घरका दूध-दही खिलाएँ तो शरीर तन्दुरुस्त हो—ऐसा अज्ञानी मान रहा है किन्तु यह इसकी मूढता है। किसीके अवस्था किसीके आधारसे रहती होगी? बच्चोंका शरीर अगर स्वस्थ-सुन्दर होना हो तो अनुकूल निमित्त प्राप्त होते हैं, निमित्त कहीं शरीरको स्वस्थ नहीं बना देते। वही दूध प्रतिदिन खाता हो किन्तु असाताका उदय हो तो वे निमित्त उसे प्रतिकूल परिणमित होते हैं, इसलिये दूध-दही शरीरको मजबूत नहीं कर देते, परन्तु जैसा साता या असाताका उदय हो वैसा होता है। इसलिये सिद्ध हुआ कि एक द्रव्यका कर्ता दूसरा द्रव्य नहीं है। इसप्रकार किसी द्रव्यका कर्ताकर्म सम्बन्ध किसी दूसरे द्रव्यमें नहीं है ॥८०-८२॥

इससे यह सिद्ध हुआ कि जीवको अपने ही परिणामोंके साथ कर्ताकर्मभाव और भोक्ताभोग्यभाव है—ऐसा अब कहते हैं:—

णिच्छयणयस्स एवं आदा अप्पाणमेव हि करेदि ।
वेदयदि पुणो तं चेव जाण अत्ता दु अत्ताणं ॥ ८३ ॥

निश्चयनयस्यैवमात्मात्मानमेव हि करोति ।
वेदयते पुनस्तं चैव जानीहि आत्मा त्वात्मानम् ॥ ८३ ॥

अर्थ—निश्चयनयका ऐसा मत है कि आत्मा स्वतःको ही करता है और फिर स्वतःको ही भोगता है हे शिष्य ! तू ऐसा जान ।

निश्चयनय अर्थात् सच्ची दृष्टिका ऐसा अभिप्राय है कि आत्मा अपने राग-द्वेष, हर्ष-शोकके भावोंको करता है और भोगता है, परन्तु शरीर-दूध-दही आदिको नहीं भोग सकता—जड़को नहीं भोग सकता—ऐसा हे शिष्य तू जान । यहाँ 'जानने' पर भार दिया है । मैं परका कर्ता-भोक्ता हूँ ऐसा मानना अज्ञानी जीवोंका भ्रम है ।

हर्ष-शोकादिके शुभाशुभभावोंको स्वतः करता है, कर्म नहीं करा देते । कोई कहे कि तृष्णा कम करनेका भाव हमारे पुण्यमें होगा तो तृष्णा कम होगी, यह बात बिल्कुल मिथ्या है । वर्तमानमें पुरुषार्थ करके तृष्णा कम कर सकता है । तृष्णाको घटाना पुण्यके आधारसे नहीं है किन्तु अपने ही आधार पर है । जिनके स्वतःको पैसा रखनेकी ममता लगी हो और एक पैसा भी न छूट सकता हो वे ऐसी पुण्यकी ओट लेकर बचाव करते हैं, जो कंजूसका पुतला हो वह कर्मका दोष निकालता है, तथापि जब घरमें स्त्रीको सिंगारनेका भाव होता है उस समय कर्मका दोष क्यों नहीं निकालता ? परन्तु जो वह माँगे उसे जल्दी जाकर रुचि पूर्वक लाता है क्योंकि वहाँ पर उसे रुचि है और देव-गुरु-शास्त्रमें रुचि नहीं है इससे पुण्यकी ओट लेता है । जिनके देव-गुरु-शास्त्रकी रुचि है, भक्ति है वे उनकी शोभासे वृद्धि करनेके लिये अपनी तृष्णा घटानेको उत्साहित हो जाते हैं । अशुभपरिणामोंसे शुभपरिणाम करना अपने हाथकी बात है ।

कितने ही लोग कहते हैं कि जब सत्समागम होना होगा तब हमें शुभविकल्प आयेगा, परन्तु भाई! वैसा नहीं है। सत्समागम अपनेको शुभविकल्प नहीं ला देता क्योंकि दोनों द्रव्य स्वतंत्र-भिन्न हैं। स्वत पुरुषार्थके द्वारा अशुभपरिणामोंमेंसे शुभपरिणाम कर सकता है। विनय, भक्ति, शास्त्र-स्वाध्याय, सत्समागमके शुभपरिणाम जब स्वतः पुरुषार्थ करता है तब होते हैं, जब स्वतः सत्समागमकी जिज्ञासा करे तब पुण्योदयसे सत्समागमकी प्राप्ति होती है। या तो पूर्वके उदयसे प्राप्ति होती है या वर्तमानमे स्वतः सत्समागमके भाव किये इससे पुण्यबंध होता है अर्थात् तू इसलिये भाव कर जिससे सत्समागमकी प्राप्ति है; भावोंका और पुण्योदयका निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है। इससे शुभभाव करना तेरे हाथकी बात है; पूर्व कर्म शुभभाव नहीं करा देते।

अनेक जीव मार्गको जाने बिना मिथ्याध्यानमें लीन रहते हैं और फिर कहते हैं कि हमारे शुभकर्मका उदय हो तब शुभपरिणाम आते हैं और जब अशुभकर्मका उदय हो उस समय अशुभपरिणाम आते हैं परन्तु यह बात बिल्कुल मिथ्या है। अशुभपरिणाम भी अपने विपरीत पुरुषार्थसे होते हैं और शुभपरिणाम भी, यदि अशुभमेंसे शुभपरिणामोंमें आनेका पुरुषार्थ स्वत. करे तब होते हैं।

ज्ञानी शुभाशुभ परिणामोंका कर्ता नहीं, किन्तु मात्र ज्ञाता है; तथापि अशुभपरिणामोंसे बचनेके लिये पुरुषार्थ द्वारा शुभपरिणामोंमें रहता है, इससे पर्यायदृष्टिसे उसे शुभपरिणामोंका कर्ता भी कहा जाता है। कर्तृत्वबुद्धि नहीं—स्वामित्वबुद्धि नहीं है, तथापि अस्थिरताके कारण अशुभपरिणामोंसे बचनेके लिये शुभपरिणामोंमें वीर्य युक्त होता है इससे परिणमन अपेक्षा दृष्टिसे अस्थिरताका कर्ता ज्ञानीको कहा जाता है। बाह्यमें व्यापार-धन्धा, मकान बनवाना, मन्दिर स्थापित करना-इत्यादि कार्यों सम्बन्धी विकल्प ज्ञानीको आते हैं इससे असद्भूत व्यवहारनयसे उसे उन सभी कार्योंका कर्ता कहा जाता है, तथापि द्रव्यदृष्टिसे ज्ञानी उनका कर्ता नहीं है; जो-जो विकल्प उठते हैं और कार्य होते हैं उनका

मात्र ज्ञाता ही है। श्रद्धा और ज्ञानका परिणमन अकर्ताभावसे होता ही रहता है।

ज्ञानीको अस्थिरताका कर्ता कहना और जडका कर्ता कहना उन दोनोंमे अन्तर है, क्योंकि अस्थिरता तो चैतन्यकी पर्यायमें होती है इससे वह तो किसी अपेक्षासे चैतन्यकी की हुई कही जा सकती है परन्तु जड़का कर्ता कहना तो बिल्कुल उपचार है। असत्यार्थ है।

कितने ही मनुष्य कहते हैं कि पूर्व संस्कार हो तो धर्म कर सकते हैं; तो पूर्व भवमे भी धर्मका प्रारम्भ करनेवाला तो तू ही था न? और वर्तमानमे पूर्व संस्कारोंको याद करनेवाला भी तू ही है न? इससे सिद्ध हुआ कि पुरुषार्थ करनेवाला जब पुरुषार्थ करता है तो वर्तमानमे ही करता है, पुरुषार्थ वर्तमानमें ही होता है। पूर्व संस्कारोंको प्रगट करनेवाला वर्तमान नये पुरुषार्थसे ही उन संस्कारोंको प्रगट करके आत्माकी शुद्ध निर्मल पर्यायको प्रगट करता है।

यह नासमझ तो सभी जगह पूर्व-पूर्व ही ले बैठा है। धर्मकी बातमें भी यदि पूर्व संस्कार हों तो धर्म होता है, और शुभपरिणामोंमे भी अगर पूर्वका पुण्य हो तो शुभपरिणाम होते है—इसप्रकार पुरुषार्थका आलसी सभी जगह पूर्व पूर्व लेकर बैठा है। किन्तु भाई! धर्म पुण्य और पाप जो भी होते हैं वे सब तेरे पुरुषार्थसे ही होते हैं, कर्म बलात् नहीं करा देते।

वीतराग देव कहते हैं कि हे शिष्य! तू परवस्तुको नहीं भोग सकता परन्तु परवस्तुकी ओरके रागको भोगता है अथवा तो परवस्तुकी ओरके द्वेषको भोगता है। कोई कहे कि हम मिष्टान्न और फलादि खा सकते हैं। सुन भाई! क्या तेरे आत्मामे मिष्टान्न और फल घुस गये हैं? यदि वे आत्मामे प्रवेश कर गये हों और आत्मा उनमें एकमेक हो गया हो तो आत्माने मिष्टान्न और फल खाये है—ऐसा कहा जाये, परन्तु आत्मामे तो वे प्रवेश करते नहीं हैं, वे तो मुँहसे पेटमे जाते हैं और पेटमे विष्टारूपमे बाहर निकल जाते हैं, फिर इसमे

तूने क्या उपभोग किया? तूने मिष्टान्न और फलोंके रागको ही भोगा है। परन्तु तू परवस्तुको भोग ही नहीं सकता।

आचार्यदेव कहते हैं कि तेरी दृष्टि परके ऊपर है इसलिये तुझे ऐसा लगता है कि मैं परका उपभोग करता हूँ, किन्तु तुझमें रस नहीं है, गंध नहीं है, स्पर्श नहीं है, वर्ण नहीं है, तथापि परोन्मुखताके कारण तुझे भ्रम हो गया है कि मैं इस वस्तुको भोगता हूँ। परन्तु भाई! रूपीवस्तु तेरी अरूपी वस्तुमे प्रवेश कर भी सकती है। तीन काल और तीन लोकमें प्रवेश नहीं कर सकती और इसलिये रूपीवस्तुको अरूपी भोग ही नहीं सकती, मात्र परवस्तुके प्रति होनेवाले अपने रागका ही स्वतः उपभोग कर सकता है।

जैसे समुद्रकी तरंगित और निस्तरंग अवस्थाओंको पवनका बहना और न बहना निमित्त होने पर भी पवनके और समुद्रके व्याप्य-व्यापकभावके अभावके कारण कर्ता-कर्मपनेकी असिद्धि है।

तरंगित अर्थात् जिसमें तरंगें उठती हैं—समुद्रमें जो लहरें उठती हैं वह, और निस्तरंग अर्थात् जिसमें लहरें विलीन हो गई हों—समुद्रमें लहरोंका समा जाना। उस समुद्रमें लहरोंके उठनेमे पवनका निमित्त है और लहरोंके समा जानेमें पवनका न होना अभावरूप निमित्त है, पानी पवनमें प्रवेश नहीं करता और पवन पानीमें प्रवेश नहीं करती। पवन यदि पानीमें लहरोंको उठाती है तो इस धरतीमे भी लहरोंको उठा दे, किन्तु वैसा नहीं होता, इसलिये लहरोंका उठना—वह समुद्रकी अपनी योग्यता है, पवनने लहरोंको उत्पन्न नहीं किया किन्तु लहरें उठनेके समय पवनकी मात्र उपस्थिति है। पानीमें लहरोंके उठने और समा जानेमें पवनका निमित्तमात्रपना है तथापि समुद्रमें और पवनमें व्याप्यव्यापकपनेकी असिद्धि होनेसे कर्ताकर्मपना नहीं है।

कोई कहे कि जब तूफान आता है तो पेड़ और मकान गिर पड़ते हैं न? तूफानने मकानको अथवा वृक्षको नहीं गिराया है, उस मकान या वृक्षमे जब गिरनेकी योग्यता हो गई हो उस समय उसे

निमित्त मिल जाता है, मकानका गिरना या स्थिर रहना मकानके स्वतंत्र स्वभावानुसार होता है उसमें अन्य कोई कुछ नहीं कर सकता।

जब भूकम्प आता है तब एक ही साथ अनेक मनुष्य मर जाते हैं यह कैसे? यह इसप्रकार है कि जब सभी की आयु एक ही साथ पूर्ण होना हो उस समय भूकम्प होता है, जहाज डूब जाता है, निमित्त कुछ करता ही नहीं फिर क्या? उन प्रत्येककी आयु पूर्ण होनेका उपादान तैयार हो गया हो तो निमित्त मिल जाता है।

इसप्रकार जब समुद्र स्वतः अपनेमें हिलोरें मार रहा हो उस समय पवनका मात्र निमित्तपना होता है। देखो 'मात्र' कहा है, अर्थात् निमित्त परमे बिल्कुल अकिंचित्कर है—कुछ भी करनेमे समर्थ नहीं है। समुद्र स्वतः ही अपनेमें अन्तर्व्यापक होकर तरंगित अथवा निस्तरंग अवस्थाके आदि-मध्य-अन्तमे व्याप्त होकर अपनेको उस अवस्थारूप करता हुआ—स्वतः को ही करता हुआ प्रतिभासित होता है किन्तु अन्यको करता प्रतिभासित नहीं होता।

समुद्र अपनेमे ही हिलोरें लेता हुआ प्रतिभासित होता है परन्तु पवन लहरोंको करता हुआ प्रतिभासित नहीं होता। समुद्र स्वतः अपनेमे व्याप्त होकर, स्वतः अपनेमे ही परिगमित होकर, अपनी हिलोरोंरूप अवस्थाको करता दिखाई देता है; समुद्र अपनी अवस्थाको उत्पन्न करता हुआ और उसे विलीन करता हुआ दिखाई देता है किन्तु अन्य किसीकी अवस्था करता दिखाई नहीं देता।

पुनश्च, वही समुद्र भाव्यभावक भावके अभावके कारण परभाव-का परके द्वारा अनुभवन करना अशक्य होनेसे, स्वतःका तरंगित अथवा निस्तरंग रूप अनुभवन करता हुआ स्वतः एकका ही अनुभवन करता प्रतिभासित होता है परन्तु अन्यका अनुभवन करता हुआ प्रतिभासित नहीं होता।

आचार्यदेवने दृष्टान्तमे भी कैसा कर्ता-भोक्ताभाव अवतरित कर दिया है कि—समुद्र भी अपनी उत्पाद और व्ययकी अवस्थाको भोगता है, भोगता हुआ दिखाई भी देता है, वह परकी अवस्थाको

नहीं भोगता, तब फिर जीव तो परको भोगेगा ही कैसे ? आचार्यदेवने अबाधित न्याय ही कर दिया है कि परभावका परके द्वारा भोगना अशक्य है अर्थात् भोगा ही नहीं जाता; पश्चात् चाहे जो वस्तु दृष्टान्तमें अथवा सिद्धान्तमें आये किन्तु परको पर नहीं भोग सकता—यह न्याय सभीमें अखण्ड रहा और स्वतः अपनी अवस्थाको भोग सकता है—यह न्याय सिद्ध हुआ।

उसी प्रकार संसार और निःसंसार अवस्थाओंको पुद्गलकर्मके विपाकका सम्भव और असम्भव निमित्त होने पर भी पुद्गलकर्मको और जीवको व्याप्य-व्यापकभावके अभावके कारण कर्ता-कर्मपनेकी असिद्धि है।

चौरासी लाखमें परिभ्रमण करनेका भाव सो संसारभाव और चौरासी लाखमे परिभ्रमणके भावका अभाव सो निःसंसार अर्थात् मोक्षकी निर्मल अवस्थारूप भाव है। जब आत्मा क्रोध-मान-माया-लोभादिके भाव करता है तब पुद्गलकर्मके उदयका निमित्त होता है। जैसे पवनके निमित्तसे पानीमें हिलोरें नहीं उठतीं वैसे ही कर्मके निमित्तसे संसार नहीं है। दुनियाँ कहती है कि कर्म हैरान करते हैं; संसारमे जो अनादिसे भटक रहे हैं वह कर्मोंका ही कारण है, उस बातको आचार्यदेव यहाँ निकाल रहे हैं कि कर्मोंका तो मात्र निमित्त-पना है किन्तु तू अपने भावोंके कारण ही भटका है। 'हाँ', आत्मामें जब राग-द्वेष भाव हों उस समय कर्मके फलका आना निमित्त है और जब आत्मामें वीतरागदशा प्रगट हो उस समय कर्मका अभावरूप निमित्तपना है।

स्त्री-बच्चे अथवा कुटुम्बको संसार नहीं कहा जाता किन्तु शुभाशुभ परिणामोंको अपना माने और यह माने कि उनसे मेरा हित होगा, तो वह मिथ्याभाव ही संसार है। संसारदशा कर्मोंके कारण है—ऐसा नहीं है और कर्मोंका अभाव होनेसे मोक्षदशा होती हो—वैसा भी नहीं है, परन्तु आत्माकी पर्यायमे मिथ्या अभिप्रायरूप मिथ्यात्वभाव ही संसार है और विकार-रहित सर्वथा निर्मलताका नाम मोक्षदशा है।

जब मोक्षदशा प्रगट हो उस समय कर्मोका अभाव होता ही है परन्तु कर्मोका अभाव उनके अपने कारणसे होता है और आत्माकी मोक्ष-दशा अपने कारणसे होती है। उसीप्रकार मिथ्यात्वभावरूप संसार अवस्थामे कर्मोका उदय होता ही है परन्तु कर्मोका उदय उनके अपने कारणसे और आत्मामे विकारी अवस्थारूप ससारभाव आत्माके कारण होता है। एक दूसरेके निमित्त–नैमित्तिकपना होने पर भी कर्ताकर्मपना नहीं है।

पुद्गलकर्मको और जीवको व्याप्यव्यापकभावके अभावके कारण कर्तांकर्मपनेकी असिद्धि होनेसे, जीव ही स्वत अन्तर्व्यापक होकर संसार अथवा मोक्ष अवस्थाके आदि–मध्य–अन्तमे व्याप्त होकर ससंसार अथवा निःसंसार अपनेको ही करता हुआ प्रतिभासित हुआ।

आत्मा स्वत. ही परपदार्थको अपना मानकर रुका है, ऐसा माननेमें भी आत्माका अपना ही व्यापकपना है, कर्मका व्यापकपना उसमे नहीं है। उसीप्रकार मोक्ष अवस्थाके होनेमे भी आत्माका ही व्यापकपना है, स्वत' सम्यक्श्रद्धा की, उसमे स्थिरता की और पूर्णदशा प्रगट की, उसमे भी आत्माका ही व्यापकपना है, कर्मके अभावका व्यापकपना उसमे नहीं है, कर्मके अभावका व्यापकपना कर्ममे है, आत्मामे नहीं है, दोनोंके कार्य भिन्न हैं।

अपने अवगुणके अभावसे मोक्ष और अवगुणके सद्भावसे संसार है। कामराग, दृष्टिराग, मानराग इत्यादि समस्त राग जब स्वत करता है तब होते हैं इसलिये वह कर्मका कार्य नहीं है किन्तु आत्मा अज्ञान-भावसे उसका कर्ता है, और संसारदशा उसका कार्य है। ज्ञानदशामें निर्मल अवस्थाका कर्ता आत्मा है और मोक्षदशारूप उसका कार्य है।

कर्मका सद्भाव सो कारण और राग-द्वेषके भाव होना सो कार्य —ऐसा नहीं है, किन्तु स्वतः अज्ञानभावसे शुभाशुभभावोंका कर्ता हुआ और शुभाशुभभाव कार्य हुआ। उसीप्रकार जड़कर्मका अभाव होनेसे मोक्षदशारूपी कार्य नहीं हुआ है किन्तु ज्ञानभावसे मोक्षकी

निर्मल पर्यायका कर्ता आत्मा है और मोक्षकी निर्मल पर्याय हुई वह आत्माका कार्य है।

आत्माने जब स्वतः राग-द्वेषके भाव किये तब कर्मका सम्भव कहलाया और स्वतः जब राग द्वेषको दूर किया तब कर्मका असम्भव कहलाया। भगवान आत्मा स्वतः ही अपनेको भूलकर संसारभाव करता है और स्वयं ही अपनेको जानकर ससारभावोंको दूर करके निःसंसारभाव करता है, इसलिये आत्मा स्वयंको—एकको ही करता हुआ प्रतिभासित हुआ, किन्तु अन्यको करता प्रतिभासित नहीं हुआ।

आचार्यदेव कहते हैं कि भाई! तू ऐसा समझ कि अपने भावोंका कर्ता मैं हूँ—ऐसा मुझे प्रतिभासित हुआ है किन्तु कर्मने मेरे भाव किये हैं—वैसा मुझे प्रतिभासित नहीं हुआ है, मैं स्वतः ही अपने भावोंको अनुकूल-प्रतिकूल करता हूँ, ऐसा ही मुझे प्रतिभासित हुआ है परन्तु कर्म मुझे अनुकूलता-प्रतिकूलता कराते हैं यह प्रतिभासित नहीं हुआ है।

यहाँ पर आचार्यदेव कहते हैं कि तू ऐसा समझ कि मैं पृथक् हूँ, यदि ऐसा नहीं समझा तो निवृत्त नहीं हो सकेगा। तेरे ही हाथमें संसार है और तेरे ही हाथमें मोक्ष है, संसार अथवा मोक्ष तेरे हटानेसे हटते हैं और तेरे ही स्थित रखनेसे रहते हैं, उसमें कर्म-फर्म कुछ भी नहीं कर सकते।

अन्ध श्रद्धासे हाँ मत कहना, किसीकी हाँ में हाँ मिलानेसे वह हाँ स्थिर नहीं रहती इसलिये यथार्थ समझनेका प्रयत्न करना चाहिये। अरे! यदि एक यही बात पकड़ ले कि अपने अवगुणों और गुणोंका कर्ता मै ही हूँ तो भी कितनी ही अकुलाहट दूर हो जाये। जैसे आत्मा परका कर्ता नहीं है उसीप्रकार परका भोक्ता भी नहीं है—अब कहते हैं।

जैसे कर्ता नहीं है, उसीप्रकार यह जीव भाव्यभावकभावके अभावके कारण परभावका परके द्वारा अनुभवन करना अशक्य होनेसे, अपनेको संसार अथवा मोक्षरूप अनुभव करता हुआ अपना-एकका ही

अनुभवन करता हुआ प्रतिभासित हुआ, परन्तु अन्यका अनुभवन करता प्रतिभासित नहीं हुआ।

तू भावक और जड़की अवस्था तुझे भाव्य हो अर्थात् भोगनेमें आये—ऐसा नहीं होता, क्योंकि परके द्वारा परका भोगना अशक्य है अर्थात् नहीं बन सकता। इसमें सारी बात आ गई कि खाना—पीना, कपड़े, गहने इत्यादिको भोगना—परवस्तुसे परवस्तुका उपभोग कराना कभी बन ही नहीं सकता। संसार-अवस्थामें जीव राग द्वेष, हर्ष-शोक, विकारी विभाव भावोंका भोगता है और मोक्षदशामें अपनी पवित्र, निर्मल वीतरागताको भोगता है—ऐसा अनुभवन करता हुआ अपना—एकका ही अनुभव करता प्रतिभासित हुआ परन्तु अन्यका अनुभव करता प्रतिभासित नहीं हुआ।

आत्मा शुभभावोंको करता है और उन्हें भोगता है; आत्मा जड़कर्मोंको न तो कर सकता है और न भोग ही सकता है। जड़-कर्म आत्मासे भिन्न वस्तु है इसलिये आत्मा न तो उनका कर्ता है और न भोक्ता ही।

जब राग-द्वेष और हर्ष-शोक हो उस समय बाह्य वस्तु अर्थात् कर्म निमित्त होते हैं, इससे ऐसा कहना कि कर्मोंको भोगता हूँ—बाह्य वस्तुको भोगता हूँ वह व्यवहारी लोगोंका व्यवहार है।

छींक अपने लेनेसे नहीं आती, जम्हाई अपने करनेसे नहीं होता, जम्हाई खानेकी शक्ति चैतन्यमें नहीं है। छींक, खासी या आलस्य आना, वह अनन्त रजकणोंके पिण्डकी पर्याय है। खांसी आये या आलस्य आये उस समय जीवकी मात्र उपस्थिति होती है किन्तु वह क्रिया रजकणकी होती है, रजकण खाँसीरूपमें और आलस्यादिके रूपमें परिणमित होते हैं उस समय जीवकी मात्र उपस्थिति होती है इससे उसे ऐसा लगता है कि मैंने आलस्य खाया है, मुझे खाँसी आई है, किन्तु भाई! वह तो रजकणकी क्रिया है, वह क्रिया तेरी नहीं है। कोई कहेगा कि मुर्देको खांसी या जम्हाई क्यों नहीं आती? तो उसका समाधान यह है कि उसके पास कर्म नहीं है। जो छींक—जम्हाई आती

थीं वह शरीरके रजकणके स्वतंत्र कारणसे आती थीं परन्तु कर्मका उनमें निमित्तपना था, वह निमित्तपना भी गया और शरीरके रजकणोंकी योग्यता भी उस समय वैसी नहीं रही ॥ ८३ ॥

चैतन्य भगवान अरूपी वस्तु है वह अपने अज्ञानभावसे राग-द्वेषके भावोंको भोगता है किन्तु राग-द्वेषके निमित्तको भोगता है—ऐसा व्यवहारनयका कथन है। अब, व्यवहार दर्शाते हैं:—

ववहारस्स दु आदा पोग्गलकम्मं करेदि णेयविहं ।
तं चेव पुणो वेयइ पोग्गलकम्मं अणेयविहं ॥ ८४ ॥

व्यवहारस्य त्वात्मा पुद्गलकर्म करोति नैकविधम् ।
तच्चैव पुनर्वेदयते पुद्गलकर्मानेकविधम् ॥ ८४ ॥

अर्थ:—व्यवहारनयका यह मत है कि आत्मा अनेक प्रकारके पुद्गलकर्मोंको करता है और फिर उन्हीं कर्मोंको भोगता है।

अनादिके अज्ञानियोंका यह प्रसिद्ध व्यवहार है कि जड़की क्रिया होनेमें और जड़के उपभोगमें जीव स्वतः है, इससे स्वतः ही उसका कर्ता-भोक्ता है। पराश्रयदृष्टिवालोंका ऐसा मत है कि पुद्गल-कर्मको और बाह्य परवस्तुको मैं करता हूँ तथा मैं भोगता हूँ; किन्तु वैसी दृष्टि सत्यकी हत्या करनेवाली है। आत्मा विकारी या अविकारी भावोंको भले ही करे किन्तु उससे जड़का कुछ करे या भोगे—ऐसा नहीं हो सकता। गादी-तकिया लगा हो, ऊपरसे पंखा फिर रहा हो, उस समय कहते हैं कि गादी-तकिया और पंखाका उपभोग हो रहा है; किन्तु उन्हें कोई नहीं भोग सकता, मात्र अपने राग-द्वेषको भोगते हैं। जैसे पंखेमे चार पांखड़े होते हैं वैसे ही चार गतिरूप चार पांखड़े हैं। उन चार गतियोंमे भटकनेका वह आनन्द मानता है।

जैसे, मिट्टी स्वतः घड़ेके अन्तरमें प्रवेश करके घड़ेकी रचना करती है, उसे उत्पन्न करती है, बनाती है और भाव्यभावक भावसे मिट्टी ही घड़ेका उपभोग करती है। कुम्हार न तो घड़ेको बनाता है और न उसका उपभोग ही करता है। जैसे मिट्टी रूप धूल उसमें प्रवेश

करके—व्याप्त होकर घड़ारूप उत्पन्न होती है, वैसे ही कुम्हार कहीं घड़ारूप होकर उत्पन्न नहीं होता। जब घड़ेकी रंगत एक सी नहीं रहती तब कहते हैं कि घड़ा घिस गया है, अर्थात् मिट्टीके रजकण नये-पुराने होते हैं इससे ऐसी अवस्था होती है, नयेमेसे जो पुरानी अवस्था होती है, वह मिट्टीकी ही है और घड़ेमें ही वह अवस्था होती है अर्थात् मिट्टी ही घड़ेको भोगती है, तथापि बाह्यमे कुम्हार घड़ेके होनेमे अनुकूल था; मिट्टीके रजकणोंमे कुम्हारके हाथ प्रवेश नहीं कर गये थे। हाथके स्वभावसे-गुणोंसे घड़ा नहीं हुआ है किन्तु मिट्टीके गुणोंसे घड़ा हुआ है। कुम्हारका निमित्त है इससे कुम्हारने घड़ा बनाया है—ऐसा अनादिके अज्ञानका प्रसिद्ध व्यवहार है। अज्ञानीको ऐसा हो गया है कि कुम्हार हो तो घड़ा हो सकता है। हाँ, कुम्हार घडा बनानेकी इच्छा करता है और हस्तादिकी क्रिया करता है वह कुम्हारमे अपनेमे ही होती है, यहाँ पर कुम्हारका शरीर और आत्मा सबको एकत्रित करके बात की है क्योंकि यहाँ तो दृष्टान्त जितनी बात है, कुम्हारको मिट्टीके घड़ेसे पृथक् करनेका ही प्रयोजन है, कुम्हारके शरीरकी और आत्माकी बात यहाँ नहीं लेना है। कुम्हारके आत्माने घड़ा बनानेकी इच्छा की और प्रदेशका कम्पन हुआ उसका वह कर्ता है, इच्छानुकूल हस्तादिकी क्रिया हुई वह कुम्हारके आधारसे हुई किंतु मिट्टीके आधारसे नहीं हुई। इसप्रकार कुम्हार और मिट्टी दोनों भिन्न हैं—ऐसा इस गाथामे बतलाया है।

घड़ा होनेमे अनुकूल इच्छारूप क्रिया और हाथके चलनेकी क्रिया कुम्हारमे स्वतःमे होती है, निमित्तकी अवस्था निमित्तमे होती है और मिट्टीकी अवस्था मिट्टीमें होती है, घड़ेके संभवको अर्थात् होनेको अनुकूल वह निमित्तमात्र है किन्तु उसका कर्ता कुम्हार नहीं है। जब घड़ा बनना हो उस समय कुम्हारकी उपस्थिति होती है वह उसे अनुकूल निमित्त कहलाता है, और जब घड़ा फूटनेकी अवस्था उसके अपने कारणसे होना होती है तब कोई पत्थर आदि निमित्त समीप हों वे घड़ा फूटनेके अनुकूल हैं।

आचार्यदेव कुम्हारका दृष्टान्त देकर कहते हैं कि हे भाई! तू परका स्वामी मत हो! तू कुम्हार मत बन, किन्तु स्वतंत्र हो! वैसा स्वतंत्र होना कहते हैं। यदि तु परका कर्ता हुआ तो तेरी अवस्थाका कर्ता भी कोई अन्य हुआ और वे अन्यका कर्ता तीसरा कोई हुआ इससे तू पराश्रित हुआ और अन्य सब पराश्रित हुआ क्योंकि जब तू परकी अवस्था करता है तो फिर तेरी अवस्था भी कोई दूसरा करेगा, दूसरे की क्रिया कोई तीसरा करेगा, इसलिये परका कर्तृत्व छोड़ दे और स्वतंत्र हो जा! समस्त वस्तुएँ सदा स्वतंत्र ही हैं।

कुम्हार, घड़ेके सम्भवको अनुकूल अपने व्यापारको करता हुआ और मिट्टीके व्यापारको न करके, घड़े द्वारा किये गये पानीके उपयोग-से उत्पन्न हुई अपनी तृप्तिको भाव्यभावक भाव द्वारा भोगता है परन्तु घड़ेको नहीं भोगता। घड़ेमें भरे हुए पानीके उपभोगसे अपनी तृप्तिको भोगता है, तथापि कुम्हार घड़ेको भोगता है, घड़ेका कर्ता है—ऐसा रूढि-व्यवहार कथन लोगोंका अनादिसे है। निमित्तकी मुख्यतासे कथन होते हैं परन्तु कार्य कभी नहीं होते, कार्य तो स्वतंत्र कर्ताके आश्रयसे होते हैं; यह त्रिकाल नियम है।

घड़ा तो मिट्टीने ही किया है परन्तु उसमे कुम्हारके हस्तादिकी क्रिया अनुकूल निमित्तरूप हुई वहाँ लोगोंकी निमित्ताधीन दृष्टि होनेसे, कुम्हारने घड़ा बनाया—ऐसा कथन रूढ़ि-व्यवहार अनादिसे चला आ रहा है। पुनश्च, घड़ेको तो मिट्टी ही भोगती है परन्तु घड़ेके द्वारा कुम्हारने पानी पीनेके तृप्ति भावका उपभोग किया वहाँ निमित्ताधीन दृष्टिवाले अज्ञानियोंका व्यवहार ऐसा हो गया कि कुम्हारने घड़ेका उपभोग किया ऐसा रूढ़ि-व्यवहार चला आ रहा है।

जब अज्ञानी जीव असाध्य हो जाता है उस समय उसके मुँहमें कोई भी खानेकी अच्छी वस्तु डालो तो भी वह असाध्य होनेसे-उसे कुछ भी खबर न होनेसे तृप्ति नहीं होती, परन्तु यदि स्वस्थ मनुष्यके मुँहमें वह वस्तु डालें तो उसे तृप्ति होती है। उसे होश था इसलिये रागसे तृप्ति हुई वैसा जाना। तृप्ति होने-न होनेमें ज्ञानको खबर हो

सो रागसे संतुष्ट होता है, किन्तु किसी अन्य वस्तुसे सन्तुष्ट होता है— ऐसा नहीं है। उसीप्रकार कुम्हार भी अपने रागसे सन्तुष्ट हुआ है किन्तु घड़ेके ठण्डे पानीसे उसे सन्तोष नहीं हुआ है।

इसप्रकार पुद्गलद्रव्य स्वतः व्याप्यव्यापकभावसे कर्मको करता है, और वही कर्मको भोगता है, अर्थात् पुद्गल द्रव्य स्वतः कर्मरूप परिणमित हुआ, वह उसका कर्तृत्व है और पुद्गल कर्म उदयमें आकर खिर जाता है वह उसका भोक्तृत्व है; तथापि बाह्यमें व्याप्यव्यापक-भावसे अज्ञानके कारण पुद्गलकर्मके सम्भवको अनुकूल (अपने रागादिक) परिणामोंको करता हुआ और पुद्गलकर्मके विपाकसे उत्पन्न हुई जो विषयोंकी निकटता है उससे उत्पन्न हुई (अपनी) सुख-दुःखरूप परिणतिका भाव्यभावकभाव द्वारा अनुभवन करता–उपभोग करता हुआ जीव पुद्गलकर्मोंको करता है और भोगता है—ऐसा व्यवहार अज्ञानियोंका अनादि संसारसे है।

कोई भी आत्मा अज्ञानभावके कारण भी पुद्गलद्रव्यमें व्याप्त नहीं हो सकता किन्तु पुद्गल द्रव्य मेरी वस्तु है—ऐसी परवस्तुमें अपनेपनकी बुद्धिरूप विपरीत मान्यता स्वयं करता है सो व्यापक और जो राग-द्वेषकी अवस्था हुई वह व्याप्य है। अज्ञान परके ग्रहणका भाव व्यापक है और उसके कारणसे होनेवाली राग द्वेषकी अवस्था व्याप्य है। ज्ञानीके स्वकी पकड़ है इसलिये उसमेंसे निर्मल पर्यायरूप व्याप्य प्रगट होता है।

पुद्गलकर्मके विपाकसे उत्पन्न हुई विषयोंकी जो निकटता है उससे उत्पन्न हुई सुख–दुःखरूप परिणति भोगता हुआ अर्थात् इसमें ऐसा है कि पुद्गलकर्म द्वारा बाह्य सामग्री एकत्रित हुई वह विषयोंकी निकटता हुई; धन, कुटुम्बादि अनुकूल सामग्रीका संयोग हुआ। उससे मुझे सुख–दुःख होता है ऐसा मानता है इसलिये विषयोंसे उत्पन्न हुई सुख-दुःखरूप परिणति–ऐसा यहाँ कहा है। अज्ञानीको बाह्य अनुकूल वस्तुएँ देखकर कल्पना होती है कि यह वस्तु ठीक है, यह अच्छा है इससे मुझे सुख होता है, और अपनी इच्छासे विरुद्ध बाह्य वस्तु देखकर

ऐसी कल्पना करता है कि यह मुझे ठीक नहीं है, इससे मुझे दुःख होता है। परन्तु भाई! यह तो कर्मका फल है, वह कर्मका फल कर्ममें रहा है, तुझमे नहीं है। यह सुख-दुःख कर्मके फलमेंसे नहीं आता किन्तु अपनी अज्ञानताके कारण तू ऐसी कल्पना करके, सुख-दुःख बाह्य वस्तुमेंसे आता है, ऐसा मानकर, सुख-दुःखका वेदन करता है।

कर्मके फलके कारण बाह्य शरीर, कुटुम्बादि सामग्री एकत्रित हुई है, उसे आचार्यदेवने 'विषयोंकी निकटता' कहा है। उन विषयोंकी निकटतासे मुझे सुख-दुःख होता है ऐसा अज्ञानी मानता है। वास्तवमें तो अज्ञानी अपनी भाव्यभावकभावकी अवस्थाको ही भोगता है और करता है, तथापि उसकी दृष्टि बाह्य होनेसे अनादि अज्ञानियोंका रूढ़ि-व्यवहार है कि जड़की अवस्था हम करते हैं।

आचार्यदेव यहाँ यह बतला रहे हैं कि जड़की-परकी अवस्थाको हम करते हैं—ऐसा मानने और कहनेवाले इसी समय ही हैं—ऐसा नहीं है, किन्तु अनादिकालसे हैं, अज्ञानियोंका अनादि संसारमे परिभ्रमण करनेके भावसे निमित्तको कर्ता माननेका निश्चित् हुआ व्यवहार है; यह व्यवहार निमित्ताधीनदृष्टिका है।

आठ प्रकारके कर्मोंके रजकणोंको करना अथवा टालना आत्माके हाथकी बात नहीं है किन्तु अपने रागको दूर करनेसे कर्म उनके अपने कारणसे दूर हो जाते हैं। दोनोंके कार्य स्वतंत्र भिन्न-भिन्न हैं। यह बात कहकर यहाँ यह कहते हैं कि तू अपने भावोंको देखना सीख, तूने जैसे विपरीत भाव किये हैं वैसे ही सीधे भाव कर। दुनियाँमे-कहावत भी है कि इस हाथसे बाँधा और इस हाथसे छोड़ता है—ऐसा उसका अर्थ है। दुनियाँमें भी कितने ही वास्तविक बोलते हैं किन्तु उन्हें उसके अर्थकी खबर न होनेसे मात्र बोलते ही जाते हैं। धर्मके बहाने अपने आप धर्म किया मानते हैं।

जीव रागादि करता है जिससे पुद्गलकर्मका बन्ध हो और राग करते समय पुद्गलकर्मकी उपस्थिति होती है—ऐसा निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, उसे देखकर अज्ञानीको ऐसा भ्रम हो जाता है कि

जीव पुद्गलकर्मको करता और भोगता है; किन्तु वास्तवमें जीव पुद्गलकर्मको करता और भोगता नहीं है परन्तु अपने राग-द्वेषको ही करता और भोगता है। यथार्थ श्रद्धा और ज्ञान करके उसमे स्थिरता करे तो कर्म टल जाते हैं।

कितने ही जीव कहते हैं कि कर्मके साथ सम्बन्ध अनादिसे चला आ रहा है, उसे कैसे तोड़ा जा सकता है? किन्तु परमात्मप्रकाशमें कहा है कि कर्म अनादिके बन्धुरूप हैं उन्हें मुनिजन जला कर भस्म कर देते हैं। जिन्हें आत्माका हित करना हो उन्हें कर्म सम्बन्धको तोडकर आत्माका भान करके, उसमे लीन होकर कर्मोका क्षय करना चाहिये। ऐसा श्रीगुरुका उपदेश है।

जड़की और आत्माकी प्रवृत्ति भिन्न-भिन्न ही हैं परन्तु जहाँ तक भेदज्ञान न हो वहाँ तक बाहरसे एक समान ही दिखाई देती हैं। अज्ञानीको भान न होनेसे उसे जैसा ऊपरसे दिखाई देता है वैसा ही मान लेता है। वास्तवमे प्रत्येक पदार्थकी प्रवृत्ति भिन्न-भिन्न है तथापि बाह्यसे निमित्तकी उपस्थिति होती है उसे कर्ता और भोक्ता मान लेता है, स्वतंत्र वस्तुस्थितिको भूलकर स्थूल संयोगमात्रको देखनेवाली बाह्यदृष्टिसे अर्थात् मिथ्यादृष्टिसे जैसा दिखाई दे वैसा ही मान लेता है, उसे श्रीगुरु भेदज्ञान कराके अज्ञानीके इस प्रतिभासको व्यवहार कहते हैं।

जीवोंने बाह्यमें धर्म मान लिया है किन्तु "धर्म वाडीअेन नीपजे, धर्म हाटे न वेचाय, धर्म विवेक नीपजे, जो करीअे तो थाय" लोग यह पद कहते हैं, उसमे भी ऐसा आया कि धर्म सम्यग्ज्ञान द्वारा विवेकसे प्रगट होता है, बाह्य क्रियाओंसे धर्म नहीं होता। विवेक अर्थात् परसे पृथक्त्वका यथार्थ ज्ञान, देव-गुरु-शास्त्रसे, कर्मसे, मनसे, वाणीसे, शरीरसे और शुभाशुभपरिणामोंसे अन्य सर्व जीवोंसे आत्माका पृथक्पनेका भान, विवेक अर्थात् परपदार्थ और मेरा आत्मा त्रिकाल भिन्न है, मेरा और परपदार्थोंका त्रिकालमे मेल नहीं है। ऐसा जानकर ज्ञानस्वरूप आत्माका निर्णय कर स्वसन्मुख होना उसका नाम विवेक है, ऐसे विवेक द्वारा धर्म प्रगट होता है।

आचार्यदेव अज्ञानीके प्रतिभासको व्यवहार कहते हैं, उस व्यवहारका फल चौरासीमें परिभ्रमण करना है। श्रीगुरु भेदज्ञान करके, जीवका स्वरूप बतलाकर अज्ञानीके अभिप्रायको दोष देते हैं। ८४।

अब इस व्यवहारको दोष देते हैं:—

जदि पोग्गलकम्ममिणं कुव्वदि तं चेव वेदयदि आदा।
दोकिरियावदिरित्तो पसज्जदे सो जिणावमदं ॥ ८५॥

अर्थ—यदि आत्मा इस पुद्गलकर्मको करे और उसीको भोगे तो वह आत्मा दो क्रियाओंसे अभिन्न सिद्ध हो—ऐसा प्रसंग आता है—जोकि जिनेन्द्र भगवानसे सम्मत नहीं है।

आचार्यदेव कहते हैं कि भाई सुन! त्रिलोकीनाथ तीर्थंकरदेव, परमात्मस्वरूपको प्राप्त देवाधिदेवका ऐसा मत है कि दो द्रव्योंकी क्रियाको एक आत्मा नहीं करता। दो द्रव्योंकी क्रियाको करनेका अभिप्राय वीतरागके मार्गसे बाहर है। आत्मा अपने भावको करे और जड़की अवस्थाको भी करे तो वह एक आत्मा दो क्रियाओंसे एकमेक हो गया है।

कोई मनुष्य ऐसा कहे कि मैं परद्रव्यका कर सकता हूँ, तब उससे पूछते हैं कि जब तू शरीरादि जड़की अवस्थाको कर सकता है और भोग सकता है तो तेरी अवस्थामे तेरा हाथ है या नहीं? क्या तेरी अवस्था निराश्रित पड़ी है? तू अवस्थासे रहित है? यदि तू परद्रव्यकी अवस्थाको करता है तो परद्रव्य तुझमें तन्मयरूप हो जाना चाहिये, यदि तू और जड़ एकमेक नहीं होते तो फिर तू जड़-शरीरादिका कुछ भी नहीं कर सकता। और यदि तू अपनी वैभाविक या स्वाभाविक परन्तु चैतन्यकी ही अवस्थाका कर्ता होना है तो परद्रव्यकी अवस्थाका किसी प्रकार कर्ता न हो, क्योंकि एकद्रव्य एक ही क्रियाका कर्ता होता है परन्तु कोई द्रव्य इस जगतमे दो क्रियाओंका कर्ता हो ही नहीं सकता। आत्मा अपनी अवस्था करे और परकी अवस्थाको भी करे तो वह दो

क्रियाओंसे अभिन्न हुआ वह बात वीतरागदेवके मान्य नहीं है किन्तु अज्ञानीको मान्य है। जिन्हें केवलज्ञान प्रगट हुआ है, राग-द्वेषका सर्वथा नाश हो गया है, जड़-चैतन्यका परिपूर्ण स्वरूप जिनके ज्ञानमें प्रत्यक्ष-रूपसे ज्ञात हुआ है-ऐसे सर्वज्ञ वीतरागदेवको वह बात मान्य नहीं है।

प्रथम तो, जगतमे जो क्रियाएँ हैं वे सब परिणामस्वरूप होनेसे वास्तवमे परिणामसे भिन्न नहीं है। जगतमें जो कोई भी शब्द बोला जाता है वह किसीका भाव तो होता ही है, या तो उस शब्द जैसी वस्तु होती है, या वस्तुका गुण होता है, अथवा किसी वस्तुकी अवस्था होती है। वैसे ही जो क्रिया है वह वस्तु, गुण और अवस्थामेंसे क्या है? वस्तुकी अवस्था ही है, परिणामस्वरूप है। अवस्था कोई भ्रम नहीं है किन्तु वह किसी वस्तुका परिणाम है—भाव है इसलिये क्रिया द्रव्यसे भिन्न नहीं हो सकती। जैसे खरगोशके सींग नहीं होते वैसे ही वस्तुमे क्रिया नहीं होती—ऐसा नहीं है परन्तु क्रिया परिणामस्वरूप होनेसे वस्तुकी अवस्था ही है।

परिणाम भी परिणामीसे (द्रव्यसे) भिन्न नहीं हैं, क्योंकि परिणाम और परिणामी अभिन्न वस्तु है, पृथक् पृथक् दो वस्तुएँ नहीं हैं। जिसमेसे अवस्था होती है उससे वह वस्तु भिन्न नहीं होती। सोना और सोनेके आभूषण क्या भिन्न होते है? नहीं होते। सोनेमेसे अँगूठीकी अवस्था हुई, परन्तु अँगूठीरूप अवस्था कहीं रह जाये और स्वर्ण कहीं चला जाये—ऐसा हो सकता है? नहीं हो सकता। अँगूठीरूप अवस्था स्वर्णरूप वस्तुमेसे ही हुई है इसलिये स्वर्ण और उसकी अवस्था—दोनों पृथक् नहीं होते, किन्तु परिणाम-परिणामी अभेद ही होते हैं।

कोई कहे कि अँगूठी तो सुनारने बनाई है, परन्तु सुनारने अँगूठी नहीं बनाई है मात्र उसे बनानेकी इच्छा ही सुनारने की है। इच्छाका कर्ता सुनार है परन्तु अँगूठीका कर्ता नहीं है, उसका तो मात्र निमित्त है, उसने अँगूठी नहीं बनाई है। अँगूठीका कर्ता स्वर्ण है, स्वर्णमेसे ही अँगूठी हुई है। इसप्रकार जो अवस्था चैतन्यकी हो वह

चैतन्यद्रव्यसे अभिन्न होनेके कारण उसका कर्ता चैतन्य है, और जो अवस्था जड़की हो वह जड़द्रव्यसे अभिन्न होनेके कारण उसका कर्ता जड़ है; इसलिये ऐसा सिद्ध हुआ कि जो भी क्रियाएँ हैं वे क्रियावान्से अर्थात् द्रव्यसे भिन्न नहीं हैं। जड़की क्रिया जड़ क्रियावानसे भिन्न नहीं है और चैतन्यकी क्रिया चैतन्य क्रियावानसे पृथक् नहीं है। सारे विश्वमें, त्रिकालमें वस्तुस्थितिकी ऐसी मर्यादा होनेसे क्रिया और कर्ताका अभिन्नत्व निरन्तर प्रतापवन्त होता है, अर्थात् निरन्तर गुणका परिणमनरूप वर्तती क्रियाका द्रव्यमें कभी भी भङ्ग नहीं पड़ता; त्रिकाली वस्तुके विना उसकी वर्तमान अवस्था नहीं होती और वर्तमान अवस्थासे रहित वस्तु नहीं हो सकती। निमित्त न मिले तो वस्तुका परिणमन प्रवाह रुक जाये ऐसा नहीं है।

आत्मा अपने भावको भी करता है और जड़की क्रियाको भी करता है—यह अभिप्राय अज्ञान है, यह बात यहाँ कहते हैं।

क्रिया और कर्ताका अभिन्नत्व सदा स्व-सामर्थ्यसे, प्रतापवन्त होनेसे, जीव व्याप्य-व्यापकभावसे अपने परिणामको करता है और भाव्य-भावकभावसे उसीका अनुभवन-उपभोग करता है।

आत्मा व्यापक है और अवस्था व्याप्य है। जैसे अपने राग-द्वेष भावको आत्मा करता है उसीप्रकार पुद्गल कर्ममें व्याप्त होकर पुद्गल-कर्मको करे और भाव्यभावक भावसे पुद्गलके हर्ष-शोकको भोगे तो जीवको अपनी और परकी एकत्रित हुई दो क्रियाओंसे अभिन्नत्वका प्रसंग आये। इसप्रकार यदि दोनोंकी एकता हो तो स्व-परका पृथक्पना, स्वतंत्रपना नाश हो जाता है, जड़-चैतन्यके पृथक्-सत्ताका नाश होता है। इसप्रकार आत्मा और समस्त जड़द्रव्य एक हैं—ऐसा माननेवाले महा मिथ्यादृष्टि हैं, वे त्रिलोकीनाथ सर्वज्ञ भगवानके मतसे अलग हैं।

आत्मा शुभाशुभभाव करता है और जड़की क्रिया भी करता है—इसप्रकार जो एक आत्माको दो क्रियाओंको करता और भोगता मानते हैं वे सर्वज्ञके मतसे बाहर हैं। जैसा कोई उच्चकुल और उच्चजातिका

मनुष्य हो और उसका पुत्र शराब पीता हो, मांस भक्षण करता हो या दुराचार करता हो तो उसका पिता उससे कहता है कि तू मेरा लड़का नहीं भङ्गीकी औलाद है; वैसे ही यहाँ पर वीतरागदेव कहते हैं कि मैं शुभाशुभभाव करता हूँ; शरीरादि जड़की क्रिया मैं करता हूँ—ऐसा माननेवाला जैन नहीं है, हमारी आज्ञामें नहीं है, हमारे मार्गमे नहीं है किन्तु अधर्मके मार्गमें है।

थैलेके अन्दर चिरायता भरा हो, और ऊपर मिश्रीका नाम पड़ा हो तो कहीं चिरायता मिश्री हो जाता है? वैसे ही वस्तुका जो स्वभाव है वैसा न मानकर अन्य प्रकारसे माने तो क्या वस्तुस्वभाव बदल जायेगा? वस्तु तो वस्तुरूप रहेगी लेकिन मिथ्या अभिप्रायसे वह दुःखी होगा। आत्मा ज्ञानमूर्ति है—स्व-परको सर्व प्रकार स्वतंत्र पृथक् जाननेके स्वभाववाला है उसे भूलकर वह औंधा पड़ा हुआ अपने अज्ञानभावको करता है और सीधा पड़ा हुआ अपने ज्ञानभावको करता है परन्तु उसका स्वामित्व किसी भी परवस्तु ऊपर है ही नहीं। राग-द्वेष करता हूँ, हर्ष-शोकको भोगता हूँ और जड़को भी करता हूँ—भोगता हूँ—ऐसा माननेवाला दो पदार्थोंका कर्ता—भोक्ता हुआ, उसने असत्य—झूठका सेवन किया।

मैं परका नहीं कर सकता परन्तु स्वयं ही अपना ही कर सकता हूँ—ऐसा माननेवालेने अपनेको अनन्त पर आत्मा और अनन्त जड़से पृथक् किया, पुनश्च, मैं उनका कुछ नहीं कर सकता—ऐसा माननेसे उसका अनन्त कषाय दूर हो गया जिससे अनन्त जन्म-मरण दूर हो गये, त्रिकालकी विपरीत दृष्टि हट गई और अनन्तगुनी निर्मल स्वभाव पर्याय प्रगट हुई। अन्य पदार्थकी अवस्थाको मैं अच्छा-बुरा कर सकता हूँ, वैसा माननेवाला त्रिकालके अनन्त पदार्थोंका अभिमानी है, उसके अनन्त जन्म मरण शेष हैं; जगतका मैं कर दूँ वैसा माननेवाला महामूढ़ है। दो बातें हैं—या तो त्रिकालके पदार्थोंका स्वामी हो जाये अथवा अपने स्वपदार्थका ही स्वामी बन जाये, परन्तु दो द्रव्योंकी पर्यायको एक द्रव्य करता है—ऐसा माननेवाला महा अज्ञानी, महा

कषायी है, वह अनन्त संसारका बीज साथ लेकर बैठा है।

जड़की क्रिया चेतन नहीं करता और चेतनकी क्रिया जड़ नहीं करता; चेतन, चेतनकी क्रिया भी करे और जड़की क्रिया भी करे—इसप्रकार दो द्रव्योंकी क्रिया एक द्रव्य करे ऐसा नहीं हो सकता। आत्मा राग-द्वेषकी क्रिया करे और हर्ष-शोकको भोगे, वैसे ही पुद्गलकर्मको करे और उसीको भोगे-इसप्रकार दो द्रव्योंकी क्रिया एक द्रव्य नहीं कर सकता—ऐसी वस्तुस्थितिकी मर्यादा है। चेतन, चेतनकी क्रिया करता है और जड़-जड़की क्रिया करता है—इसप्रकार सब अपनी-अपनी क्रिया करते हैं, किसीकी क्रिया कोई नहीं कर सकता। कर्ता और क्रिया दोनों अभिन्न हैं-ऐसी वस्तुस्थिति निरन्तर सर्वत्र रहती है इससे कोई किसीको कर नहीं सकता और न भोग ही सकता है। सिर्फ व्यवहारसे घी-का घड़ा कह देने जैसा उपचारसे किसीका कर्ता-भोक्ता कहनेका व्यवहार है जो असत्यार्थ है।

तीनकाल तीनलोकमे प्रत्येक द्रव्य स्वतंत्र है—ऐसी वस्तु-स्थिति है, परन्तु सत्यको असत्य माने और असत्यको सत्य माने तो यह मिथ्या अभिप्राय अनन्त संसारका मूल है।

प्रत्येक द्रव्य द्रव्यदृष्टिसे और पर्यायदृष्टिसे स्वतंत्र परिणमन करने-वाला है ऐसा स्वयं समझकर विपरीत मान्यताकी गाँठको तोड़े विना आत्मतत्त्वके स्वरूपकी गंध भी नहीं आती। स्वतंत्रता माने विना अंशमात्र धर्मको शुरुआत भी नहीं होती।

कर्मकी जो अवस्था होती है उसे मै परिणमित कर देता हूँ—ऐसी दृष्टि विल्कुल मिथ्या है। जो परद्रव्य है, जिसकी क्रिया स्वतः नहीं कर सकता उसे करना माने तो वह विल्कुल झूठा अभिप्राय है। जो ऐसा मानता है कि दो द्रव्योंकी क्रिया एक द्रव्य करता है वह पदार्थको नहीं मानता किन्तु पराधीन मानता है।

कोई किसीका कुछ भी नहीं कर सकता, मात्र स्थूल व्यवहारसे, आरोपसे कहा जाता है कि इसने इसका किया। जैसे घीके उपचारसे घीका घड़ा कहलाता है परन्तु उससे कहीं घड़ा घीका नहीं हो जाता;

वैसे ही सबके भावको करते हैं किन्तु कोई किसीका कुछ भी नहीं कर सकता तथापि घीके घड़ेकी भांति आरोपसे कहा जाता है किन्तु वास्तवमें कोई किसीका कुछ नहीं कर सकता; किसीने किसीकी निन्दा भी जगतमें नहीं की है और न किसीने किसीकी प्रशसा भी की है। सब अपने-अपने भावोंसे जो जिसे अनुकूल हो उसीका गुणगान करता है और जो प्रतिकूल हो उसकी निन्दा करता है, अर्थात् सभी अपनी अनुकूलता-प्रतिकूलताकी निन्दा-प्रशंसा कर रहे हैं, परकी निन्दा-प्रशंसा त्रिकालमें न तो किसीने की है, कोई करता नहीं है, और न करेगा।

किसीने किसीको त्रिकालमे भी नहीं ठगा है, कपटके भाव करके स्वतः ही अपनेको ठगता है। कोई कहे कि मैंने अमुकको कैसा ठगा? परन्तु भाई! उसमे वह नहीं किन्तु तू ही मायाचारसे ठगा गया है। सामनेवाले जीवका पुण्य अल्प है कि उसे तुझ जैसा वंचक कपटी मिला, परन्तु कपटके या धोखेके भाव करके तूने स्वत को ही धोखा दिया है। कोई किसीको ठग नहीं सकता, अपने भावोंको कर सकता है।

कोई किसीका बुरा करनेके लिये चिंतवन करे तो उससे किसीका बुरा नहीं होता, हानि नहीं होती, और कोई अच्छा करनेको चिंतवन करे, कोई किसीकी भक्ति करे तो दूसरेका भला नहीं हो जाता, किन्तु जैसा जिसके पुण्य-पापका उदय हो उसीप्रकार सयोग-वियोग बनता है, कर्मके उदय अनुसार जीवमे किसी प्रकार लाभ-हानि नहीं है। लेकिन जो भले-बुरे भाव करता है उनका फल उसे उसीसमय ही मिलता है।

करना, कराना और अनुमोदन करनेका भाव तो अपना है और उसमे जो निमित्त आये उस निमित्तकी ओरका भङ्ग है। स्वतः अपने भाव करता है। स्वत अपने भावसे दूसरेसे कहता है कि तू ऐसा कर—इस प्रकार अपने भावमे दूसरेका निमित्त आया परन्तु भाव तो स्वतः ही किया है। अपने भावानुसार पुण्य पापका बन्ध होता है।

सामनेवाला निमित्त उस प्रकार समझ करे या न करे उसका इसे कुछ भी पुण्य पाप नहीं लगता। अपने भावका पुण्य-पाप अपने पास है और सामनेवालेके भावका पुण्य-पाप उसके पास है। अपना अपने पास शतप्रतिशत है और दूसरेका उसके पास है। दूसरेका और अपना किंचित् मेल-जोल नहीं है; अपना भाव किसी भी अन्यकी हानि-लाभ करे ऐसा त्रिकालमें न तो हुआ है, न होता है और न होगा ही।

अब शिष्य फिरसे पूछता है कि भगवान! मैं अपने भावको भी करता हूँ और परके भावको भी करता हूँ—इसप्रकार दो परिणामरूप क्रियाको करता हूँ—ऐसा माननेवाला पुरुष मिथ्यादृष्टि किस प्रकार है? उसका समाधानः—

जम्हा दु अत्तभावं पोग्गलभावं च दो वि कुव्वंति।
तेण दु मिच्छादिट्ठी दोकिरियावादिणो हुंति ॥ ८६ ॥

यस्मात्त्वात्मभावं पुद्गलभावं च द्वावपि कुर्वंति।
तेन तु मिथ्यादृष्टयो द्विक्रियावादिनो भवंति ॥ ८६ ॥

अर्थः—जिससे आत्माके भावोंको और पुद्गलके भावोंको दोनोंको आत्मा करता है—ऐसा वे मानते हैं; उससे एक द्रव्यके दो क्रियाएँ होना माननेवाले मिथ्यादृष्टि हैं।

आत्माके भावोंको अर्थात् राग-द्वेषके भावोंको मैं करता हूँ और जड़के भावोंको भी मैं करता हूँ-ऐसा माननेवाला एक वस्तुकी दो अवस्थाओंका होना मानता है इससे वह मिथ्यादृष्टि है।

निश्चयसे द्विक्रियावादी (अर्थात् एक द्रव्यके दो क्रियाएँ माननेवाले) ऐसा मानता है कि आत्माके परिणामको और पुद्गलके परिणामको स्वतः (आत्मा) करता है, इससे वे मिथ्यादृष्टि ही हैं—ऐसा सिद्धान्त है। एक द्रव्यके द्वारा दो द्रव्योंके परिणामोंका किया जाना प्रतिभासित न हो।

एक आत्माके जड़की और चैतन्यकी—दो अवस्थाएँ नहीं हो सकतीं, तथापि मिथ्यादृष्टि मानता है कि आत्माके परिणामको और

पुद्गलके परिणामको मैं करता हूँ वह दृष्टि बिल्कुल मिथ्या है। एक वस्तु दो परिणाम नहीं कर सकती—ऐसा वस्तुस्वभाव है, इसलिये एक वस्तु दो क्रियाओंकी कर्ता प्रतिभासित न हो।

जैसे कुम्हार घड़ेके सम्भवको अनुकूल अपनी इच्छारूप और हाथकी क्रियारूप व्यापार परिणामोंको जोकि अपनेसे अभिन्न हैं और अपनेसे अभिन्न परिणतिमात्र क्रियासे किये जाते हैं उन्हें करता हुआ प्रतिभासित होता है, परन्तु घड़ेको बनानेके अहङ्कारसे युक्त होने पर भी वह कुम्हार, मिट्टीके व्यापारको अनुरूप जो मिट्टीका घट परिणाम जो मिट्टीसे सदैव अभिन्न है तथा मिट्टीसे अभिन्न परिणतिमात्र क्रियासे किया जाता है—उसे करता हुआ प्रतिभासित नहीं होता। मिट्टी घड़ा होनेमें अनुरूप है और कुम्हार अनुकूल है। कुम्हार घट होनेमे अनुरूप हो, तो कुम्हारका नाश होकर मिट्टीरूप हो जाय।

मिट्टीसे घड़ा होता है, मिट्टी परिवर्तित होकर घड़ेकी उत्पत्ति करती है, कुम्हारकी तो मात्र उपस्थिति है। घड़ा होनेकी शक्ति मिट्टीमें है किन्तु कुम्हारमे नहीं है। घड़ेकी अवस्था कुम्हारके आधार बना मिट्टीकी शक्तिसे होती है। कुम्हार अपनी इच्छा और हाथके व्यापारको करता दिखाई देता है, परन्तु उसके हाथ या पैर घड़ेमे आधाररूप होकर मिल गये हों—ऐसा दिखाई ही नहीं देता; मिट्टीमेसे क्रमानुसार परिवर्तित होते-होते घड़ा होता है। घड़ा होनेमे बाह्य कारण कुम्हारके हाथका और इच्छाका व्यापार है और अन्तरङ्ग कारण स्वत मिट्टी ही है, कुम्हार तीनकाल और तीनलोकमें घड़ा नहीं बना सकता। वस्तुमेंहीसे अवस्था उत्पन्न होती है। क्या वस्तुमे शक्ति नहीं है कि दूसरा कोई उसकी अवस्थाको उत्पन्न कर दे? ऐसा है ही नहीं।

उसीप्रकार आत्मा भी पुद्गलकर्मके अनुकूल अपने परिणामोंको करता है। जो परिणाम राग-द्वेष और अज्ञानमय हैं वे आत्मासे पृथक् नहीं हैं, उन परिणामोंको ही स्वतः करता है, शेष आठ कर्म जो कि पुद्गलकी अवस्था है—उसे आत्मा करता हो यह नहीं हो सकता। अज्ञानी पुद्गलको अवस्थाको करनेके अभिमानसे भरा हुआ है तथापि

वह शरीर और कर्मको अवस्थाको कर ही नहीं सकता, अपने ही अज्ञान और राग-द्वेषके परिणामोंको करता दिखाई देता है किन्तु कभी भी पुद्गलकर्मोंको करता-बाँधता दिखाई नहीं देता। अपने परिणाम अपनेसे एकरूप हैं इसलिये आत्मा उन्हें कर सकता है, परन्तु पुद्गल-परिणामोंको तो कर ही नहीं सकता। पुद्गलमें जो कर्मबन्ध होता है वह पुद्गल स्वतः परिणमित होकर अपनी कर्मरूप अवस्थाको करता है; पुद्गल अपने परिणामोंके अनुरूप अपने ही कर्मको करता है, उसे कर्मरूप होनेमें आत्माके विकारी परिणाम निमित्त रूपसे अनुकूल होते हैं तथापि आत्मा उन कर्मोंका कर्ता नहीं है। आत्मा अपने ही परिणामोंको करता हुआ प्रतिभासित हो, पुद्गल-परिणामोंको करता कभी भी प्रतिभासित न हो।

आत्माकी और पुद्गलकी-दोनों क्रियाएँ एक आत्मा ही करता है, ऐसा माननेवाले मिथ्यादृष्टि हैं। यदि जड़-चैतन्यकी क्रिया एक हो तो समस्त द्रव्य पलट जानेसे उनका लोप हो जाये-यह एक महान दोष उत्पन्न हो। एक द्रव्य अन्य द्रव्य रूप हो जाय ऐसा त्रिकालमें कभी न बना है, न बनता है और न बनेगा ही। प्रत्येक वस्तुस्वभाव तो जैसा है वैसा ही त्रिकाल है-स्वतंत्र है परन्तु अज्ञानी विपरीत मानकर अपने गुणोंकी हिंसा करते हैं। परका मैं कर सकता हूँ—ऐसे मिथ्या अभिप्रायसे चौरासीमें भटक-भटक कर हैरान हुआ, परन्तु परके कर्तृत्वका अभिमान दूर होने पर ही सुखका उपाय हाथमें आ सकता है, दूसरे किसी भी प्रकारसे सुखका उपाय हाथ नहीं लग सकता।

(आर्या)

यः परिणमति स कर्ता यः परिणामो भवेत्तु तत्कर्म ।
या परिणतिः क्रिया सा त्रयमपि भिन्नं न वस्तुतया ॥ ५१ ॥

अर्थः—जो परिणमित होता है वह कर्ता है, (परिणमित होनेवालेका) जो परिणाम है सो कर्म है और परिणति है वह क्रिया

है; यह तीनों वस्तुरूपसे भिन्न नहीं हैं।

जो होनेवाला है वह कर्ता है, वस्तु परिवर्तित होते-होते होनेवालेका जो कार्य होता है वह कर्म है, और होनेवालेकी जो क्रिया है सो परिणति है। जो स्वतंत्ररूपसे करे वह कर्ता है, प्रत्येक द्रव्य स्वतंत्ररूपसे परिवर्तित होता है परिवर्तित होनेवाला स्वतंत्र है।

जब नवीन जड़कर्म बँधते हैं उस समय रागी जीवका राग निमित्त है, किन्तु जो ऐसा माने कि मैंने जड़कर्मको किया है वह मिथ्यादृष्टि है, निमित्त कहीं उपादानके आश्रित होकर उपस्थित नहीं होता। कर्म बँधते हैं उसमे कौन परिवर्तित होता है? कर्म या आत्मा? उसमें कर्म ही परिवर्तित होते हैं आत्मा परिवर्तित नहीं होता, इसलिये जो जिससे परिवर्तित होता है वही उसको करेगा कि दूसरा कोई? जो द्रव्य परिवर्तित होता है वही अपने परिणामोंका कर्ता है, अन्य कोई नहीं।

परिवर्तित होनेवालेका जो कार्य हुआ वह कर्म है, और अवस्थान्तर होनेमें जो क्रिया हुई वह परिणति है। प्रत्येक रजकण पृथक् है। एक रजकणको लेकर दूसरा रजकण परिवर्तित होता है—वैसा त्रिकालमें नहीं है, स्कन्धमे भी सभी रजकण पृथक्-पृथक् परिणमित होते हैं।

पवनके रजकणोंमें पानी होनेकी योग्यता होना हो तो होती है, उसे दूसरा कोई कर दे वैसा नहीं है। दो प्रकारकी पवन एकत्रित होकर पानी बनता है—ऐसा नहीं है, यह तो मात्र निमित्त बना, किन्तु वास्तवमें तो उन रजकणोंमे उस समय पानीरूप होनेकी योग्यता ही थी।

पानीका जो एक बिन्दु दिखाई देता है वह अनन्त रजकणोंका पिण्ड है; उन प्रत्येक रजकणोंका परिणमन पृथक्-पृथक् है।

जड़की अवस्था जड़से परिवर्तित होती है और आत्माकी अवस्था आत्मासे। विकारी अवस्थाका कर्ता तो आत्मा अज्ञानभावसे है किन्तु जड़का कर्ता किसी भी प्रकार नहीं है, द्रव्यदृष्टिसे और पर्याय-

दृष्टिसे स्वतंत्रता ही है इतना स्वीकार करे तो आँगनमें (व्यवहार-शुद्धिमें) आया है, जो पुण्यपरिणामके भाव हैं। वास्तवमें तो वस्तु-दृष्टिसे विकारी परिणामका कर्ता-भोक्ता जीव नहीं है। पुण्य-परिणामोंसे भी अपना स्वरूप पृथक् है—ऐसे स्वरूपका भान करे और उसमें स्थिर हो तो शुद्धता और निर्जरा है और उसने अन्तरङ्गमें शुद्धात्मघरमें प्रवेश किया है।

✓ आत्मा नित्य निरन्तर परिवर्तनशील है और बदलनेरूप कार्य है वह क्रिया है तथा परिवर्तित होकर जो कार्य आया सो कर्म है।

वस्तुदृष्टिसे परिणाम और परिणामी अभेद हैं, शरीरकी अवस्था और शरीर दोनों एक हैं, पुद्गल और पुद्गलकी अवस्था दोनों एक हैं, राग-द्वेषकी अवस्था और आत्मा दोनों अज्ञानभावसे एक हैं परन्तु सम्यक्‌भावसे एक नहीं हैं। यहाँ तो यह दर्शाया है कि जड़का कर्ता नहीं है परन्तु वास्तवमें तो विकारी भावोंका भी कर्ता नहीं है। किन्तु अपने ज्ञानभावका कर्ता और स्व-परप्रकाशक ज्ञातारूप आत्मा है।

अवस्थायी और अवस्था—दोनों द्रव्यदृष्टिसे एक हैं और पर्याय-दृष्टिसे दोनोंमें भेद है। कर्ता-कर्म और क्रिया तीनों भेददृष्टिसे कहे गये हैं।

जैसे चन्दनकी लकड़ी सुगन्धित है, चौड़ाई वाली है, भारी है; वैसे ही भङ्गदृष्टिसे कहा जाये तो द्रव्य और पर्याय लक्षणादि भेदसे पृथक् हैं तथापि वस्तुदृष्टिसे अभेद हैं। सुगन्ध और लकड़ी दोनों एक हैं-अभेद हैं—उन्हें पृथक् नहीं किया जा सकता। परिणाम और परिणामी दोनों अभेद हैं। इस शरीरकी अवस्था शरीरसे पृथक् नहीं है, शरीर और उसकी अवस्था—दोनों एक है। आत्माकी अवस्था और शरीरकी अवस्था—दोनों कभी भी किसी प्रकार भी एकमेक नहीं हुई हैं। अज्ञानी दोनोंकी खिचड़ी बनाकर मानता है कि जड़को मैं ऐसा करता हूँ—वैसा करता हूँ, व्यवहारसे तो परका कर सकता हूँ, किन्तु परका कोई नहीं कर सकता, अपने ही विपरीत भावोंका ग्रहण करता

है और उन्हें त्यागता है, किन्तु परका ग्रहण और त्याग त्रिकालमें नहीं है।

परिणाम और परिणामी अभेद हैं। गुड़ और मिठास अभेद हैं, उनमे क्षेत्रभेद नहीं है—प्रदेशभेद नहीं है, चन्दनकी लकड़ी और उसकी सुगन्धमें प्रदेशभेद नहीं है। प्रत्येक वस्तु, उसका परिणाम, और परिणतिमें प्रदेशभेद नहीं है। वस्तु स्वत. कर्ता, परिवर्तित हुई वह परिणति और परिवर्तनमें जो कार्य आया वह पर्याय—उन तीनोंमे क्षेत्रभेद-प्रदेशभेद नहीं है। वैसे ही शरीरकी क्रियाके साथ शरीरका प्रदेशभेद नहीं है, और आत्माकी क्रियाके साथ आत्माको प्रदेशभेद नहीं है। आत्मामे जो रागको कम करनेका भाव हुआ वह आत्मामे, और अशुभभाव हुआ वह आत्मामे, आत्माका भान करके स्थिर हुआ सो आत्मामे और जो शुभाशुभ कर्मबन्ध पुद्गल द्रव्यमें हुआ वह पुद्गल द्रव्यमे—इसप्रकार दोनों द्रव्य पृथक् हैं; दोनों द्रव्योंके कर्ता, क्रिया और कर्म पृथक् हैं।

कर्ता-कर्मका अधिकार चल रहा है, कोई भी वस्तु किसी अन्य वस्तुका कर्ता नहीं है। कर्ताकर्म अधिकारकी ७६ गाथाओंकी सर्वोत्तम रचना आचार्यदेवने की है, उनमें कर्ताकर्मको अत्यन्त विस्तृत किया है और तीनकाल तीनलोककी वस्तुस्थितिको बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है, इतना स्पष्ट है तब लोगोंके ध्यानमें बडी कठिनाईसे बैठता है।

यह निश्चित् हुआ कि परका कर्ता नहीं है अर्थात् स्वत को अपने ही भावका कर्तापना रहा।

कोई कहे कि तुम्हीं तो बोलते हो और तुम्हीं कहते हो कि बोला नहीं जा सकता। यह तो मनुष्यको ऐसा लगता है कि यह बोलता है, परन्तु आत्मा बोल ही नहीं सकता, एक 'हाँ' भी आत्मा नहीं कर सकता, जो बोला जाता है वह सब पुद्गलकी पर्याय है; उसका कर्ता पुद्गल ही है। पुद्गलमे शब्दरूप परिणमित होनेकी योग्यता हो तब आत्मा उपस्थित होता है और कर्मका निमित्त भी उपस्थित होता है—ऐसा निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्धका मेल हो जाता है।

त्रिलोकीनाथ तीर्थंकरदेवकी जो ॐकारध्वनि समवसरणमें खिरती है वह भी पुद्गलकी पर्याय है, वह आत्मामेंसे नहीं निकलती। जब वाणी उसके अपने कारणसे निकलती है तब अज्ञानी यह अभिमान करता है कि मैं वाणी बोलता हूँ। अज्ञानीको ऐसा लगता है कि जब मैं इच्छा करता हूँ तब वाणी बोली जाती है किन्तु ऐसा नियम नहीं है कि इच्छा हो और वाणी निकले। उसके चार भङ्ग हैं—इच्छा हो और वाणी निकले, इच्छा हो और न निकले, इच्छा न हो और निकले, इच्छा न हो, और न निकले। इच्छा हो और वाणीका उदय हो इससे बोली जाती है, वाणी वाणीके कारणसे निकलती है, तथापि इच्छाके समय वाणीका उदय हो तो निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध हो जाता है वह पहला भङ्ग। बोलनेकी इच्छा हो परन्तु लकवा लग जाय तो भी नहीं बोली जा सकती, इच्छा हो किन्तु वाणीका अनुकूल उदय न हो तो नहीं निकलती—वह दूसरा भङ्ग हुआ। केवलज्ञानीको तेरहवें गुण-स्थानमें इच्छा न हो और वाणीका उदय हो तो ध्वनि खिरती है—वह तीसरा भङ्ग है, कोई मूक केवली होता है उसके इच्छा भी नहीं होती और वाणी भी नहीं होती, केवलज्ञान हो जाये परन्तु वाणी नहीं खिरती। इसप्रकार चार भङ्ग हुए। दोनों द्रव्य पृथक् परिणमित होते हैं, इसलिये आत्मा वाणी बोलता ही नहीं है। सबके कर्ताकर्म स्वतः अपने-अपनेमें ही हैं। पुन. कहते हैं:—

(आर्या)

एकः परिणमति सदा परिणामो जायते सदैकस्य।
एकस्य परिणतिः स्यादनेकमप्येकमेव यतः। ५२॥

अर्थः—वस्तु सदा एक ही परिणमित होती है, एकके ही सदा परिणाम होते हैं (अर्थात् एक अवस्थासे अन्य अवस्थाएँ एककी ही होती हैं) और एककी ही परिणति क्रिया होती है; कारण कि अनेक दशारूप होने पर भी वस्तु अपने गुण-पर्यायोंसे अभेद—एक ही है, भेद नहीं है।

वस्तु सदा एक ही परिणमित होती है वह सम्पूर्ण सिद्धान्त है। जो परिणाम होते हैं वे एकके ही होते हैं, एक अवस्थासे दूसरी अवस्था होती है वह एककी ही होती है; आत्मामें अनेक अवस्थाएँ होने पर भी भेद नहीं है अर्थात् कर्ता–कर्म और क्रिया–तीनों पृथक् नहीं हैं एक ही वस्तुके हैं; आत्माके कर्ता–कर्म–क्रिया आत्मामें हैं और जड़के जड़में हैं।

एक आत्मामें अनन्तगुण हैं, एक परमाणुमें भी अनन्तगुण हैं। उन अनन्त गुणोंमे प्रतिसमय जो अवस्था होती है उसे परिणाम कहते हैं। वस्तु और परिणाममें नामभेद, लक्षणभेद है किन्तु वस्तु-भेद नहीं है। जैसे गुड़ और मिठासमे लक्षणभेद और संज्ञाभेद है किन्तु वस्तुभेद नहीं है।

इसीप्रकार शरीर और उसकी अवस्था भिन्न नहीं है। पुद्गल, पुद्गलके गुण और उसकी अवस्थामें नामभेद, लक्षणभेद है परन्तु वस्तुभेद नहीं है—प्रदेशभेद नहीं है। प्रत्येक वस्तु स्वमें एकमेक है किन्तु अन्य वस्तुसे एकमेक नहीं होती, सबके परिणाम पृथक्-पृथक् होते हैं। वस्तुमे कर्ता-क्रिया और कर्म होते है—उनमें लक्षणभेद है, नामभेद है किन्तु वस्तुभेद नहीं है। अनेक परिणाम होने पर भी वस्तु एक है, उसमे भेद नहीं है।

जैसे स्वर्णरूप वस्तु और उसके पीलापन, चिकनाहट आदि गुण तथा कंगन, कुण्डल आदि उसकी पर्यायें—उन तीनोंमे नामभेद, संख्याभेद और लक्षणभेद है किन्तु वस्तुभेद नहीं है। जो अवस्थाका और गुणोंका क्षेत्र है वही वस्तुका क्षेत्र है। वैसे ही आत्मामें जानना, मानना और स्थिर होना आदि अनन्तगुण हैं और उनका धारण करनेवाला गुणी एक है। इसप्रकार वस्तु अपने अनन्तगुणसे अनन्त और वस्तुसे एक—इसप्रकार संख्याभेद है, परन्तु वस्तुभेद नहीं है, क्षेत्रभेद नहीं है। गुण कहीं रहे और द्रव्य कहीं रहे—ऐसा नहीं है, इससे वस्तुभेद नहीं है। यदि द्रव्य और गुण पृथक् हों तो जो पृथक् हो वह पृथक् हो सकता है किन्तु जो अभेदरूपसे एकत्र हो वह भिन्न नहीं

हो सकता। आत्मा और गुण—इसप्रकार नाम पृथक् हैं, वह नामभेदसे भेद है। अनन्त गुणोंका पिण्ड द्रव्यका लक्षण है और प्रत्येक गुणका, जानना–मानना–स्थिर होना इत्यादि पृथक्-पृथक् कार्य है। इसप्रकार गुण और द्रव्यमें लक्षणभेदसे भेद है। द्रव्यका प्रयोजन गुणोंके कार्योंको धारण कर रखना है और गुणोंका प्रयोजन अपने-अपने स्वभावानुसार भिन्न-भिन्न कार्य करना है। द्रव्यका प्रयोजन प्रत्येक गुण और उसकी अवस्थाको धारण कर रखना है और अवस्थाका प्रयोजन प्रतिक्षण अनुभव कराना है।

प्रत्येक वस्तु और वस्तुकी प्रतिक्षण होनेवाली अवस्था–उसमे लक्षणादि भेद है, तथापि वस्तुमे भेद नहीं है। इसीप्रकार प्रत्येक आत्मा, परमाणु, कालाणु, आकाशास्तिकाय, धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय—इन सभी पदार्थोंमें वस्तु और अवस्थाके नामभेद और लक्षण भेदादि हैं किन्तु वस्तुभेदसे भेद नहीं है।

जिस भावसे संसार है उससे विपरीत भावसे मोक्ष है। सांसारिक विद्या पढ़नेके लिये पाठशालामें मास्टरके पास जाना पड़ता है वैसे ही मोक्षमार्गका स्वरूप समझनेके लिये, संसारका अभाव करनेके लिये गुरुके पास अभ्यास करने जाना पड़ता है। सांसारिक विद्या उदर-पोषणके लिये है और आत्माकी विद्या मोक्ष प्राप्तिके लिये है, संसार और मोक्ष–दोनोंके विपरीत भाव हैं। जिस भावसे संसार फलता है उस भावसे कभी मोक्षकी प्राप्ति नहीं हो सकती और आत्माके शुद्ध स्वभावसे मोक्ष फलता है, उससे संसार नहीं फलता किन्तु संसारका नाश ही होता है।

पुनश्च कहते हैं कि:—

नोभौ परिणमतः खलु परिणामो नोभयोः प्रजायते।
उभयोर्न परिणतिः स्याद्यदनेकमनेकमेव सदा ॥ ५३ ॥

अर्थः—दो द्रव्य एक होकर परिणमित नहीं होते, दो द्रव्योंका एक परिणाम नहीं होता और दो द्रव्योंकी एक परिणति–क्रिया नहीं होती, क्योंकि अनेक द्रव्य अनेक ही हैं, वे पलटकर एक नहीं हो जाते।

आत्माकी अवस्था आत्मामें होती है और जड़की अवस्था जड़में होती है। अरे! प्रत्येक रजकणकी अवस्था स्वतः अपनेमें ही होती है। छाछके रजकण पृथक् हैं और दूधके रजकण भी पृथक् हैं, दोनों एकमेक होकर कार्य नहीं करते। कोई कहेगा कि दूधमे छाछ पड़ी इसलिये दही जमा, किन्तु भाई! दही अर्थात् क्या? दही किसे कहा जाये? अमुक काल तक एक संयोगी वस्तु रहे उसका नाम लोगोंने दही रखा, दूधके रजकणोंकी मीठी अवस्था पलटकर खट्टी अवस्था होनेकी योग्यता तैयार हुई उस समय उसे छाछका निमित्त मिला, इसलिये दूधमेंसे दही रूप अवस्था हुई, तथापि दहीके लोथेमें जो अनन्त रजकण हैं उन सबका कार्य भिन्न-भिन्न है, किसी रजकणका कार्य कोई रजकण नहीं करता।

परमाणुमे रस नामका गुण है, उसकी मिठास और खटास आदि अवस्थायें होती हैं, रसगुण स्थायी रहकर अवस्थायें बदलती हैं।

दूधमे जब मीठी अवस्था बदलकर खट्टी अवस्था होनेकी योग्यता हो उसी समय अवस्था बदलती है, किन्तु लोगोंमें ऐसी विपरीत मान्यता बैठी है कि छाछ ही दूधमेंसे दही बनाती है। दूधके परमाणु खटाईके सन्मुख होकर परिणमित हों तभी खट्टी अवस्था होती है, उसके स्वतंत्र परिणमनके बिना छाछकी शक्ति नहीं कि दूधको दही बना दे। प्रत्येक परमाणुका परिणमन स्वतंत्र है, कोई किसीका कर्ता नहीं है।

कोई कहे कि अमुक वस्तुएँ शरीरको सर्दी करती हैं, परन्तु प्रत्येक परमाणु स्वतंत्र भिन्न है। कोई पुद्गल किसी अन्य पुद्गलमे सर्दी कर ही नहीं सकता। शरीरमें जब सर्दी होनेकी योग्यता हो उस समय उसे अनुकूल निमित्त मिलते हैं, अन्य द्रव्य मात्र साथ रहते हैं, वहाँ अज्ञानी कहते हैं कि इस साथवाले द्रव्यने इसका कार्य कर दिया,—वह मान्यता बिल्कुल मिथ्या है। जिन्हें तत्त्वकी खबर नहीं वे तत्त्वका खून करनेवाले हैं, अज्ञान कोई बचाव नहीं है, अदालतके कानूनमे भी आता है कि—अज्ञान कोई बचाव नहीं है। इसीप्रकार वस्तुका जो

स्वभाव अर्थात् नियम है उसे न जाने और कहे कि हमें खबर नहीं थी, तो वीतरागदेव कहते हैं कि परिभ्रमण कर! जड़-चैतन्यका जो स्वभाव है उसे न जाने और कहे कि ऐसे स्वभावकी हमे खबर नहीं थी, तो वीतरागदेव कहते हैं कि जा, चौरासीमें परिभ्रमण कर बचाव-फचाव काममें नहीं आयेगा।

आत्माका स्वतंत्र स्वभाव कैसा है—वह समझनेका अवसर आ गया है, और जो नहीं समझता उससे आचार्यदेव कहते हैं कि—हे भव्यात्मा! सत्‌को समझ और अज्ञानको दूर कर! दो द्रव्योंका एक परिणमन नहीं होता—ऐसा स्वतंत्रताका ज्ञान कर।

आत्मा राग भी करे और जड़ द्रव्यकी बोलने तथा चलनेकी क्रिया भी करे-वैसा नहीं होता। कोई वस्तु बदलकर दूसरोंके साथ एक हो ऐसा नहीं हो सकता। एक रजकणका दूसरा रजकण कुछ भी नहीं करता, एक आत्माको अन्य आत्मा कुछ नहीं करता, एक भी आत्माका कार्य रजकण कुछ नहीं करता और एक भी रजकणका आत्मा कुछ नहीं करता—इस चौभंगीसे ऐसा समझ लेना कि कोई किसीका कुछ नहीं करता, नहीं करा सकता, न प्रेरक बनता है। प्रत्येक वस्तुका क्षेत्र पृथक् है इसलिये दो द्रव्य एक नहीं होते, दो द्रव्योंका एक कार्य नहीं होता और दो द्रव्योंकी एक क्रिया नहीं होती।

कितने ही लोग कहते हैं कि जब आत्मा सिद्धमें जाता है उस समय एक आत्मा दूसरेमे मिल जाता है, "ज्योतमां ज्योत मिलाय" ऐसा कहते हैं, किन्तु यह बात बिल्कुल मिथ्या है, तीनकाल और तीनलोकमे भी ऐसा नहीं होता। आत्मा संसारमे भी पृथक् है और मोक्षमे भी पृथक् ही रहता है, जो भिन्न है वह त्रिकाल भिन्न ही रहता है। दो द्रव्य कभी भी एक नहीं होते, उनका कार्य एक नहीं होता और न उनकी क्रिया भी एक होती है दो द्रव्यमें प्रदेशभेद होनेसे परस्पर आधार-आधेय सम्बन्ध भी नहीं है। इस सत्य नियमको भूलकर यथार्थ प्रतीतिके बिना व्यवहारज्ञान भी मिथ्या है, शास्त्रज्ञान भी कुज्ञान है।

प्रत्येक द्रव्यका स्वक्षेत्र भिन्न है, और स्वचतुष्टय भिन्न-भिन्न हैं उसमें निमित्त कुछ नहीं कर देता, इस नियमका निश्चय प्रथम करना पड़ता है।

प्रश्न—यदि वस्तुमें स्वतःसे ही कार्य होता हो तो फिर निमित्तकी क्या आवश्यकता है?

उत्तर—जब कार्य होता है उस समय निमित्तकी उपस्थिति होती है किन्तु निमित्त कुछ कर नहीं देता। जब सूर्य-विकासी कमल विकसित हो उस समय सूर्योदय होता है—ऐसा निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, किन्तु सूर्यने कमलको विकसित नहीं किया है। जब कमल स्वत—अपनी योग्यताके कालमें अपने आप विकसित होता है उस समय सूर्यकी उपस्थिति होती है—ऐसा स्वतंत्र सम्बन्ध है; उसीप्रकार जब चन्द्र-विकासी कमल खिले उस समय चन्द्रमाका उदय हो—ऐसा संबंध है तथापि चन्द्र-विकासी कमलको चन्द्रमाने नहीं खिलाया किन्तु कमल खिलनेके समय चन्द्रमाकी उपस्थिति होती है।

स्वतमें जब अवस्था होनेकी योग्यता हो तब निमित्तकी उपस्थिति होती है; उपादानको निमित्तकी वाट (राह) देखना पड़े ऐसा नहीं है, किन्तु जिस समय उपादानमें वह अवस्था होनेकी योग्यता हो उस समय उसके अनुकूल निमित्त उपस्थित होता है—ऐसा सम्बन्ध है। उपादान और निमित्त आगे-पीछे नहीं किन्तु दोनों साथ ही होते हैं।

घट रूप कार्यमें मिट्टी अनुरूप है, उपादान कारण है और वह सच्चा कारण है और घड़ेकी उत्पत्तिमें कुम्हार अनुकूल है निमित्त-कारण है, वह सच्चा कारण नहीं है अत कुम्हार घड़ेको करता हुआ प्रतिभासित नहीं होता, परन्तु अपने अभिमानके परिणामको करता प्रतिभासित होता है। कोई कहे कि निमित्त और उपादान युगपद् हैं इसलिये भूल हो जाती है, किन्तु ऐसा कहनेवालेकी बात बिल्कुल मिथ्या है। स्वतः अपनी मान्यताके कारण भूल करता है, युगपद् है इसलिये

भूल हो तो सबकी होनी चाहिये किन्तु परसंयोगके कारण किंचित् भी भूल नहीं होती। स्वयं भूल करे तो निमित्त कहा जाता है।

दो वस्तुएँ बिल्कुल भिन्न ही हैं, दोनोंके आधाररूप प्रदेश भी पृथक् ही हैं, इसलिये दो द्रव्य एकरूप परिणमित नहीं होते, दो चीजका एकरूप परिणाम, अर्थात् परिणति भी नहीं होता। यदि दो द्रव्य एकरूप परिणमित हों तो सर्व द्रव्योंका लोप हो जाये, परन्तु ऐसा होता ही नहीं, कोई द्रव्य किसी अन्य द्रव्यके आधीन है ही नहीं इसलिये लोप होनेका प्रसंग ही नहीं है।

इसी अर्थको पुनः दृढ़ करते हैं:—

नैकस्य हि कर्तारौ द्वौ स्तो द्वे कर्मणी न चैकस्य।
नैकस्य च क्रिये द्वे एकमनेकं यतो न स्यात्॥ ५४॥

अर्थ:—एक द्रव्यके दो कर्ता नहीं होते, और एक द्रव्यके दो कर्म नहीं होते तथा एक द्रव्यकी दो क्रियाएँ नहीं होती, क्योंकि एक द्रव्य अनेक द्रव्यरूप नहीं होता।

इस शरीरकी अवस्था शरीर करे और शरीरकी अवस्था आत्मा भी करे—इसप्रकार एक द्रव्यके दो कर्ता नहीं होते। अपना गुण स्वतः भी प्रगट करे और देव-गुरु-शास्त्र भी अपने गुणको प्रगट करें—इसप्रकार एक द्रव्यके दो कर्ता नहीं होते, अपने गुणोंकी अवस्था प्रगट होनेमें देव-गुरु-शास्त्रका निमित्त होता है किन्तु देव-गुरु-शास्त्र अन्यके गुणोंके कर्ता नहीं हैं। उसीप्रकार दो द्रव्योंके कर्म भी पृथक् है। आत्मा अपना कार्य करे और परका कार्य भी करे—जैसे कि—तीर्थंकरदेव अपने गुणोंको प्रगट करे और परके गुणोंकी पर्यायको भी प्रगट करें—इसप्रकार एक द्रव्यके दो कार्य नहीं होते। तीर्थङ्करदेव अपने गुणोंकी पर्यायको प्रगट करते हैं किन्तु दूसरेके गुणोंकी पर्याय प्रगट नहीं करते; क्योंकि सामनेवाला जीव स्वतः पुरुषार्थसे प्रगट करे तो हो, इसलिये एक द्रव्यके दो कार्य नहीं होते। एक वस्तुकी दो क्रियाएँ नहीं होतीं। जैसे कि—आत्मा आत्माकी अवस्थाको भी परिवर्तित करे और शरीरकी अवस्थाको भी परिवर्तित करे, अथवा

आत्मा राग-द्वेषकी अवस्था प्रतिक्षण परिवर्तित करे और द्रव्यकर्मकी अवस्था भी प्रतिक्षण परिवर्तित करे—ऐसा नहीं हो सकता। इसप्रकार एक द्रव्यकी दो क्रियाएँ नहीं होतीं। इसप्रकार प्रत्येक वस्तुके द्रव्य-गुण-पर्यायको और कर्ताकर्मको अभेददर्शक द्रव्यार्थिकनयसे वस्तुस्थितिका नियम कहा अर्थात् मर्यादा बताई। पर्यायार्थिकनयसे परस्पर एक-दूसरेका कर सकते हैं ऐसा त्रिकालमे नहीं है व्यवहारसे ऐसा कथन होता है।

अब कहते हैं कि—आत्माको अनादिकालसे परद्रव्यके साथ माना हुआ कर्ता-कर्मपनेका अज्ञान है, यदि वह परमार्थनयके ग्रहणसे एक बार भी विलीन हो जाये तो पुनः नहीं आये।

अनादि अज्ञानसे जीव मिथ्यादृष्टि है। वह सब विपरीत ही मानता है, वीतराग कथित स्वरूपको नहीं मानता इससे उसको कर्ता-कर्मपनेका अज्ञान है किन्तु यदि यथार्थ परमार्थदृष्टिसे वस्तुस्वभावको ग्रहण करे और एकवार कर्तापनेका नाश करे तो वह पुन उत्पन्न न हो।

अज्ञानतासे जीव ऐसा मानते हैं कि अमुक भाईने तो दूसरोंके लिये बड़े अच्छे कार्य किये हैं, उन्होंने जीवित रहना भी जाना और मरना भी जाना। हरी-भरी फुलवारी छोड़कर मरे हैं, हरी-भरी फुलवारी अर्थात् क्या? लड़के, बहुएँ, धन, मकान इत्यादि हरी-भरी फुलवारी कहलाती होगी? वह तो इनका मोह लेकर मरा है, इसमे क्या तो मरना जाना और क्या जीना?

जीवित अवस्थामे दूसरोंके कार्य करनेका अभिमान करता था—वह भाव लेकर मरा अर्थात् कर्ताभावको साथ लेकर गया और उसके प्रशंसक उसके कर्तापनेका बखान करते हैं अर्थात् दोनों अनादिसे कर्ता-कर्मके अज्ञानमे डूबे हैं, किन्तु ज्ञानभावसे उस कर्ता-कर्मपनेका नाश करे कि मेरे स्वभावसे परका कर्तृत्व त्रिकाल है ही नहीं—इसप्रकार यदि एकवार भी कर्तृत्व विलयको प्राप्त हो तो वह मिथ्याबुद्धि पुन न आये। यहाँ तो अप्रतिहत धाराकी ही बात है। अब ५५ वाँ कलश कहेंगे—

(शार्दूलविक्रीडित)

आसंसारत एव धावति परं कुर्वेऽहमित्युच्चकै-
र्दुर्वारं ननु मोहिनामिह महाहंकाररूपं तमः ।
तद्भूतार्थपरिग्रहेण विलयं यद्येकवारं व्रजेत
तत्किं ज्ञानघनस्य बंधनमहो भूयो भवेदात्मनः ॥ ५५ ॥

अर्थः—इस जगतमें मोही (अज्ञानी) जीवोंका 'परद्रव्यको मैं करता हूँ'—ऐसा परद्रव्यके कर्तृत्वका महा अहङ्काररूप अज्ञानान्धकार—जोकि अत्यन्त दुर्निवार है—वह अनादिसंसारसे चला आ रहा है। आचार्य कहते हैं कि अहो! परमार्थनयका अर्थात् शुद्ध द्रव्यार्थिक अभेदनयका ग्रहण करनेसे यदि वह एकबार भी नाशको प्राप्त हो जाये तो ज्ञानघन आत्माको पुनः बन्धन कैसे हो? (जीव ज्ञानघन है इसलिये यथार्थज्ञान होनेके पश्चात् ज्ञान कहाँ चला जायेगा? नहीं जायेगा। और यदि ज्ञान न जाये तो फिर अज्ञानसे बन्ध कैसे होगा? कभी नहीं होगा।)

आचार्य भगवान जगतके जीवोंसे कहते हैं कि—इस जगतमें परका मैं करता हूँ और पर मेरा करता है, मैं परका अच्छा-बुरा करता हूँ और पर मेरा,—ऐसे परद्रव्यके कर्तृत्वका महा अहङ्काररूप अज्ञानान्धकार जीवोंके अनादि-संसारसे चला आ रहा है, जोकि अत्यन्त दुर्निवार है, उस अज्ञानको सत्यार्थ प्रकाशक अभेदनयका ग्रहण करके यदि एकबार भी नष्ट कर दे तो पुनः बंधन न हो किन्तु मोक्ष ही हो।

कोई कहे कि हम परद्रव्यके कर्तृत्वका अहङ्कार न करें किंतु अनासक्ति भावसे परका कार्य करें तो?

उत्तरः—जहाँ परका करनेकी इच्छा है वहाँ अनासक्ति भाव ही नहीं है किन्तु अनन्ती आसक्ति है। परका मैं कर सकता हूँ—ऐसा जहाँ जीवने स्वीकार किया वहाँ तो वह पापी है—मोही है, मूढ़ है, अनन्त आसक्तिका स्वामी है। ज्ञानीके परद्रव्यके कर्तृत्वकी बुद्धि नहीं

होती, सर्वत्र ज्ञाता ही हूँ स्वतंत्र अपनी-अपनी योग्यता (-सामर्थ्य) से ही सबका कार्य होता है ऐसा मानना यथार्थ अनासक्ति है, परन्तु परद्रव्यके कार्यका मैं कर्ता हूँ—प्रेरक हूँ—ऐसी बुद्धि हुई वहाँ अनन्ती आसक्ति है। प्रश्नः—व्यवहारनयसे तो परका कुछ कर सकते हैं? उत्तर—नहीं, कारण कि-प्रत्येक वस्तु नित्य परिणामी है वह अन्य द्रव्यके कारणसे नहीं है स्वत है, 'उपादान निश्चय जहाँ तहँ निमित्त पर होय' ऐसा नियम होनेसे निमित्तको उपचार कारण कब माना जाय? उपादान स्वयं कार्यरूप परिणत हो-तब तो हरेक द्रव्य निरन्तर परिणत होते ही हैं, इसमे दूसरा कोई व्यवहार कर्ता मानना अज्ञानी जीवोंका मिथ्या विकल्प है।

जगतके मोही जीवको आसक्ति-अनासक्तिकी खबर नहीं है, सयोगमे एकत्वबुद्धि होनेसे यह मान रहे हैं कि हम परका कुछ कर सकते हैं, पर हमारा कर सकता है वही कर्ताबुद्धि महा मोह है। वह अज्ञान-अन्धकार सम्यग्ज्ञानके विना नाश नहीं होता, सम्यग्ज्ञानरूपी बोधकी किरणोंके विना वह अज्ञान-अन्धकार नाश नहीं हो सकता।

आचार्यदेव कहते हैं कि अहो! परका मैं नहीं कर सकता, और पर मेरा नहीं कर सकता—ऐसा परमार्थनयका ग्रहण करके देख। शुद्ध द्रव्यार्थिकनय अर्थात् पराश्रय रहित पवित्र द्रव्य सो शुद्ध है। आर्थिक अर्थात् उस परसे पृथक् निर्मल वस्तुको देखनेका प्रयोजन और नय अर्थात् उसका ज्ञान। शुद्ध द्रव्यको देखनेका जिसका प्रयोजन है उस ज्ञानके अंशको शुद्ध द्रव्यार्थिकनय कहते हैं। आचार्यदेव कहते हैं कि—शुद्ध स्वभावका इच्छुक होकर देख! तो परद्रव्यका अकर्तृत्व ही ज्ञात होगा और अपने स्वभावका कर्ता ही प्रतिभासित होगा। शुद्ध स्वभावका ग्रहण करनेसे परद्रव्यका कर्तृत्व छूट जाता है।

✓ कोई द्रव्य किसी अन्य द्रव्यका कुछ भी करनेमे समर्थ नहीं है। आत्माका मात्र स्व-परप्रकाशक ज्ञानस्वभाव है, परको जानने पर भी परका कुछ भी करनेमे समर्थ नहीं है। जिसप्रकार आँख बरफ और

अग्निकी क्रियाको ऊँचा-नीचा करनेमे समर्थ नहीं है उसीप्रकार आत्मा परको जानते हुए परका कुछ भी करनेमें असमर्थ है।

पाँच हजार मनुष्य एकत्रित होकर ॐकारका जाप जपें और मानें कि इससे क्लेश या रोगादिकी शांति हो जाती है। हमारे शुभभावोंका प्रभाव दूसरोंको हो वैसा मानकर वे जप करते हैं किन्तु वैसा माननेवाले निरे मूढ़ हैं। कोई किसीका कुछ नहीं कर सकता, सामनेवालेके पुण्य-पापका जैसा उदय और उसकी योग्यता हो वैसा बनता है। सम्यक् और मिथ्या अभिप्राय किसे कहना यह बात चलती है।

कोई पिता ऐसा कहता है कि हम लड़केको बीड़ी पीना छुड़ाते हैं, किन्तु लड़केने बीड़ी छोड़ी तो अपने भावसे है न? लड़केने बीड़ी पीना छोड़ दिया तो तू उसमे निमित्त कहलाया, यदि लड़का बीड़ी पीना न छोड़े और क्लेश करे तो पिता क्लेशका निमित्त कहलाये। कितने ही लोग ऐसा कहते हैं कि हमारी शिक्षा अच्छी थी इसलिये बाल-बच्चे भी अच्छे और संस्कारी हुए और यदि आज्ञा न मानें तो कहते हैं कि हमारी शिक्षाका भी प्रभाव नहीं होता, किन्तु ऐसे अभिमान और खेद दोनोंको छोड़ दे और यह मान कि मैं अपने भावोंका ही कर्ता हूँ, परभावका कर्ता मैं हूँ ही नहीं, इसलिये सर्व प्रथम कर्तापनेकी भ्रांतिका नाश कर और ज्ञानघन आत्माका आश्रय करके उसीमे स्थिर हो जा। ज्ञानघन आत्मा ऐसा निर्भेद्य है कि उसमे अज्ञान और राग-द्वेष विकल्प प्रवेश नहीं कर सकते—उसीका भान कर और उसमे स्थिर हो।

अभेददृष्टि गुण-पर्यायके भेदको स्वीकार नहीं करती, अपने शुद्ध स्वभावको स्वीकार करती है—वह शुद्धद्रव्यार्थिक अभेददृष्टि है। एकबार ही उस भूतार्थनयको ग्रहण कर। परमार्थनय द्वारा जब क्षायिक सम्यग्दर्शन प्रगट होता है उस समय दर्शनमोहका नाश होता है। परमार्थदृष्टि अपने पुरुषार्थ द्वारा होती है, काल पके तब होती है—ऐसा नहीं है, परन्तु जब स्वत स्वाश्रय निश्चयका पुरुषार्थ करे तब स्वकालकी पक्वता होती है, भ्रान्तिका नाश हुआ वह पुन उत्पन्न नहीं होती। यह

तो अल्पज्ञानी गृहस्थदशामें हो उसीको सम्यग्दर्शनकी बात है, तेरहवें गुणस्थानकी नहीं। विपरीत मान्यता दूर हो उसके पुनः मिथ्यात्व उत्पत्ति नहीं होगी—संसारका उदय नहीं होना है। वृक्षकी जड़ नष्ट हो गई, उसके पुनः डाले और पत्ते आदि नहीं उगते।

(अनुष्टुप्)

आत्मभावान्करोत्यात्मा परभावान्सदा परः।
आत्मैव ह्यात्मनो भावाः परस्य पर एव ते ॥५६॥

✓ आत्मा तो निरन्तर अपने भावोंको ही करता है और परद्रव्य परके भावोंको करता है, क्योंकि जो अपने भाव हैं वह तो स्वतः ही है और जो परके भाव हैं वह पर ही है। (ऐसा नियम है)

✓ आत्मा सदैव त्रिकाल अपने भावोंको करता है। ज्ञानभावसे अपने भावोंको करता है और अज्ञानभावसे विकारभावोंकी कर्ता है परन्तु आत्मा जड़की अवस्थाको तो करता ही नहीं।

जो शुभाशुभ परिणाम हो वह आत्माकी विकारी पर्याय है, और यदि आत्मा पवित्र भावोंको प्रगट करे वह भी अपनी अवस्था है, अपनी अवस्था पृथक् नहीं है। शरीरादि जड़की अवस्था जड़में होती है।

प्रश्न—आप कहते हो कि परका कुछ नहीं कर सकते, तो उसका प्रमाण क्या है?

✓ उत्तर—जड़ और आत्मा—दोनों वस्तुएँ स्वशक्तिसंपन्न हैं—स्वतंत्र हैं, वस्तुमेंसे स्वतःमेंसे अपने गुणोंकी अवस्था आती है या परमेंसे? जो वस्तु है वह गुणयुक्त होती है या गुणसे रहित? कोई वस्तु गुणरहित नहीं होती। गुण स्थायी रहता है अथवा अमुक समय तक? गुण तो स्थायी ही रहता है। अब यदि गुण स्थायी रहता है तो फिर गुणकी अवस्था भी गुणमेंसे ही आती है, प्रत्येक वस्तुमें निजशक्तिसे निरन्तर उत्पाद–व्यय–ध्रौव्ययुक्त सत्का यह क्रम बना रहेगा इसलिये किसी भी परका कुछ नहीं कर सकता। किसीके गुणकी

अवस्था अन्य कारणसे नहीं होती और न सामनेवालेके गुणकी अवस्था इसके कारणसे होती है, इसलिये सब अपने-अपने भावोंको ही करते हैं।

पुण्य-पापके भाव आत्माके अस्तित्वमें होते हैं, कहीं वे जड़मे नहीं होते, परन्तु उस विकारकी द्रव्यदृष्टि अपना नहीं मानती। आत्मा सदा अरूपी ज्ञानमूर्ति है—ऐसा भान होनेसे स्वभावकी दृष्टिसे तीव्र रागादि दूर हुए हैं और अल्प रहे हैं उन्हें भी टालना चाहता है, जिन भावोंको दूर करना चाहता है वे भाव अपने नहीं हैं इससे जड़ हैं।

अज्ञान भावसे जीव विकारको रखना चाहता है। जहाँ तक विपरीतदृष्टि है वहाँ तक अज्ञानभावसे विकारका उत्पादक होता है इसलिये विकारभाव उसके हैं। यथार्थदृष्टिका भान नहीं है वहाँ पुरुषार्थ करेगा किसका? वहाँ तक जो भी भाव हों उनका वह कर्ता होता है। विपरीत मान्यता ही संसार है, यदि विपरीत मान्यता न हो तो संसार न हो।

जो ऐसा मानता है कि शरीरका, कुटुम्बका, जातिका, संघका, देशका मैंने किया; मैं था इससे सब कार्य भली-भाँति पूर्ण हो गया। होता है उसके अपने आप और वह मानता है कि मैं था इससे संस्था अच्छी तरह चली, नहीं तो अव्यवस्था फैल जाती—इसप्रकार जड़का मैं करता हूँ, ऐसा माननेवाला मिथ्यादृष्टि है ॥ ८६ ॥

परद्रव्यके कर्ताकर्मपनेकी मान्यताको अज्ञान कहकर ऐसा कहा है कि जो ऐसा माने वह मिथ्यादृष्टि है; वहाँ आशंका पैदा होती है, शिष्य जाननेके लिये आशंका करके पूछता है, शंकासे नहीं पूछता। शंका और आशंकामे अन्तर होता है—शंका अर्थात् संदेह—कि यह वस्तु ऐसी होगी या नहीं? और आशंका अर्थात् इसमे यह किसप्रकार होगा वह जाननेकी जिज्ञासा, इसप्रकार शंका और आशंकामें अन्तर है। शिष्य यहाँ जाननेके लिये आशंकासे पूछता है कि प्रभो! यह जो विपरीत मान्यतारूप मिथ्या भाव है सो क्या वस्तु है? प्रभो! पहले तो आपने कहा था कि विपरीत माननेवाला सर्वज्ञके मतसे बाहर है, आत्मा और जड़की-अवस्था प्रतिक्षण होती है, उसमें आत्माकी

अवस्थाको जड़का कार्य माने या जड द्वारा उत्पन्न होनेवाली माने और जड़की अवस्थाको आत्माका कार्य माने या आत्मा द्वारा उत्पन्न होनेवाली माने—इसप्रकार तत्त्वको विपरीत माननेवाला सर्वज्ञके मतसे बाहर है।

वे मिथ्यात्वभाव, पुण्य-पापके भाव, हर्ष-शोक, काम-क्रोध आदिके भाव वस्तु क्या हैं? उन भावोंको यदि जीवका कहा जाये तो पहले उन रागादि भावोंको पुद्गलके परिणाम कहा था, उस कथनके साथ विरोध आता है; वे विपरीत मान्यता और राग-द्वेषादिके भाव यदि पुद्गलके कहे जाये तो जिसके साथ जीवको कोई प्रयोजन नहीं है उसका फल जीव कैसे पाये? जीव कैसे भोगे? शिष्य कहता है कि—प्रभो! आप कहीं तो रागादिको जीवके परिणाम कहते हो और किसी समय वे पुद्गलके परिणाम कहते हो, बातको कहीं ठिकाने पर नहीं लाते जैसे घरमें पाँच मनुष्य हो और सभी सम्मिलित होकर किसी बातका निर्णय करते हो उसमें कुछ निश्चित् न हो सके तो घरका समझदार मनुष्य कहता है कि बातको तय करो ना? पक्का करो? हिलाते-डुलाते क्यों हो? उसीप्रकार शिष्य करता है कि—प्रभो! बातको तय करो, अन्तिम निर्णय दो, यदि राग-द्वेषको जीवका परिणाम कहोगे तो पहले आपने उन्हें पुद्गलका कहा है, और यदि जड़का कहोगे तो अवस्था पुद्गलकी हो उससे हमे क्या लेना-देना है? जिसके साथ हमे कोई सम्बन्ध नहीं है उसका फल हम क्यों भोगें? कर्मके घर यदि राग-द्वेष हों तो उसके घर रहे, उससे हमें क्या? भंगीके घरमें भंगी झगडा करे इससे हमें क्या मतलब? इसप्रकार आशंका करके समझना चाहता है। शिष्यकी आशंका दूर करनेके लिये अब गाथा कहते हैं—

मिच्छत्तं पुण दुविहं जीवमजीवं तहेव अण्णाणं।
अविरदि जोगो मोहो कोहादीया इमे भावा॥ ८७॥

मिथ्यात्वं पुनर्द्विधं जीवोऽजीवस्तथैवाज्ञानम्।
अविरतिर्योगो मोहः क्रोधाद्या इमे भावाः॥ ८७॥

अर्थः—पुनश्च, जो मिथ्यात्व कहा वह दो प्रकारसे है—एक जीव मिथ्यात्व और दूसरा अजीव मिथ्यात्व; और इसीप्रकार अज्ञान, अविरति, योग, मोह और क्रोधादि कषाय—यह भाव जीव और अजीवके भेदसे दो-दो प्रकारसे हैं।

मिथ्यात्वके दो प्रकार हैं—परपदार्थको अपना माननेरूप विपरीत अभिप्राय सो जीवमिथ्यात्व है, उसका बाह्य निमित्त पाकर रजकण मिथ्यात्व-कर्मरूप परिणमित हो वह अजीवमिथ्यात्व है। जीव विपरीत भाव करे तो उस समय पूर्व कर्म निमित्त होता है। विपरीत मान्यताके भावोंके समय दर्शनमोहनीयकर्मका उदय निमित्तरूप है।

अपने स्वज्ञेय ज्ञायकस्वभावको भूलकर मात्र परको ज्ञेय करे और उस परज्ञेयको अपना माने—वह जीवअज्ञान है। उस जीव-अज्ञानके उल्टे भावोंके समय ज्ञानावरणीय कर्मका उदय जो निमित्त-मात्र है—वह अजीवअज्ञान है। जड़कर्म आत्माको विपरीत भाव नहीं करा देता, किन्तु जब जीव स्वतः विपरीत भाव करता है उस समय जड़ कर्मके उदयका निमित्त होता है।

परपदार्थके प्रति जो आसक्ति है उसका अत्यागभाव सो जीव अविरति; अपने स्वरूपमें स्थिर न रहकर अस्थिर हो जाये वह अविरति। सम्यग्दर्शन होने पर परपदार्थकी आसक्तिका श्रद्धामेंसे त्याग हो गया हो, जो-जो राग-द्वेषके परिणाम आयें उनसे पृथक् भान प्रवर्तमान हो, तथापि अस्थिरतामेंसे आसक्ति न छूटी हो उसका नाम जीवअविरति है; उस जीवअविरतिके समय अप्रत्याख्यानावरणीयादि चारित्रमोहका उदय निमित्त है—वह अजीवअविरति है।

आत्मप्रदेशोंका कम्पन सो जीवयोग है। मनयोग, वचनयोग और काययोगकी प्रकृतिका उदय सो जड़योग है।

आत्माका असावधानरूप भाव-वह जीवमोह है; और उस भावके समय मोहनीयकर्मका उदय निमित्त है सो अजीवमोह है।

क्रोध, मान, माया, लोभ, हास्य, शोक इत्यादि कषायभाव जीवके परिणाममे होते हैं—वह जीव क्रोधादि हैं। उन भावोंके समय द्रव्यकर्म-रूप क्रोधादि कर्म उदयमें है—वह जड़क्रोधादि हैं।

इसप्रकार समस्त विकारीभावोंमे जीव-अजीव दो-दो प्रकार हैं। सम्यग्दर्शनकी भूल मिथ्यात्व, ज्ञानकी भूल सो अज्ञान, चारित्रकी भूल अस्थिरता, मोह और क्रोधादि चारित्रकी भूलमे समावेश हो जाते हैं।

मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति इत्यादि जो भाव हैं वे प्रत्येक मयूर और दर्पणकी भाँति, अजीव और जीव द्वारा भाया जानेसे अजीव भी हैं और जीव भी हैं।

जैसे-नीला, पीला, हरा आदि भाव (वर्णका अस्तित्व) जो मोर द्वारा भाया जाता है-बनते हैं—होते है, वह मोर ही है। मोरके शरीरमे और पंखोंमे जो नीला, हरा, पीला आदि रङ्ग हैं वह मोर ही है और दर्पणमे प्रतिबिम्बरूपसे दिखाई देता नीला, पीला, हरा, सुनहरी आदि भाव—वह दर्पणकी विकारी पर्याय है, दर्पणकी स्वच्छताका वह विकार है। इसलिये दर्पणमे पड़नेवाला मोरका प्रतिबिम्ब और मोर-दोनों भिन्न वस्तुएँ हैं। दर्पणसें मोरके आकारकी जो विकारी पर्याय होती है वह दर्पणका मूलस्वभाव नहीं किन्तु विकारी-पर्याय हैं; मोरका जो रङ्ग दर्पणमें दिखाई देता हैं वह दर्पणकी विकारी पर्याय है, दर्पणकी योग्यतानुसार ही उसकी पर्याय होती है। दर्पणके सामने मोर पंखोंको रखा जाये तो दर्पणकी अपनी योग्यताको लेकर उसमें प्रतिबिम्ब पड़ता है, परन्तु निमित्तको लेकर प्रतिबिम्ब नहीं पड़ता। निमित्त तो मात्र निमित्त ही है; यदि निमित्तको लेकर प्रतिबिम्ब पड़ता हो तो लकड़ीमे भी प्रतिबिम्ब पड़ना चाहिये, किन्तु उसमें प्रतिबिम्ब नहीं पड़ता। इससे यह सिद्धान्त हुआ कि निमित्तको लेकर प्रतिबिम्ब नहीं है, किन्तु दर्पणकी अपनी योग्यता नीले, पीले, हरे, सुनहरी आदि रङ्गकी अवस्था होने की थी इससे उस समय मोर पंखोंका निमित्त बन जाता है। दर्पणकी स्वच्छता

परिवर्तित होकर नीले, पीले, हरे आदि अनेक प्रकारकी हो जाती है, तथापि उसकी स्वच्छताका नाश नहीं होता। विकारी अवस्था स्थायी नहीं, किन्तु क्षणिक है।

सामने अग्नि जल रही हो तो क्या दर्पण उससे गर्म हो जायेगा? नहीं होगा। लाल अग्नि सामने है, वैसा प्रतिबिम्ब दर्पणमें पड़ता है—दिखाई देता है, वह दर्पणकी योग्यता है, दर्पणकी स्वच्छताका विकार है, विकार है अवश्य, किन्तु विकार नहीं ही है—ऐसा नहीं है, विकार भ्रम है-ऐसा नहीं है, किन्तु विकारका पर्यायरूप क्षणिक अस्तित्व है।

जैसे मोरके लाल, पीले आदि रङ्ग मोरमें हैं और दर्पणके रङ्ग दर्पणमे हैं, उसीप्रकार मिथ्यात्वभाव जीवकी पर्यायमें होते हैं वह जीवमिथ्यात्व है, वह जीवकी विकारी अवस्था है और मिथ्यात्वभाव होनेमें उपस्थित निमित्त-करण जड़ मिथ्यात्व है, यह शरीर मेरा है, यह राग मेरा भाव है, मैं उस राग, शरीर, मकान आदिका कर्ता हूँ—वैसी विपरीत मान्यताका भाव जीवका है और जैसे दर्पणके प्रतिबिम्बके सम्मुख मोर है उसीप्रकार जीवका मिथ्यात्वभाव होनेके समय जड़कर्ममें मिथ्यात्व नामकी प्रकृतिका उदय है—वह निमित्तरूप है।

कोई कहे कि आत्मामें अज्ञानभावसे भी विकार नहीं होता, तो वह बात बिल्कुल अयथार्थ है; अवस्थामें विकार होता है, अवस्थामें विकार अस्तित्व है। यदि पर्यायमें विकार न हो तो संसार ही न हो, और जब संसार न हो तो मोक्ष भी न हो। यदि अवस्थामें विकार न हो तो फिर उसे दूर करनेके लिये पुरुषार्थ करनेका प्रयोजन क्या? सत्य समझनेका कारण क्या? देव-गुरु-शास्त्रकी भक्ति भी अशुभभावरूप विकारको दूर करनेके लिये है, यदि पर्यायमें शुभ-अशुभ विकार न हो तो फिर देव, शास्त्र, गुरुकी भक्ति करना उपदेश आदिका कारण क्या? इसलिये पर्यायमें शुभाशुभभावरूप विकार है, और उसे दूर करनेका उपाय भी है। आत्मा परसे तीनोंकाल निराला, परम पवित्र, शुद्ध, चिदानन्द है, उसकी पहिचान करके, श्रद्धा करके, उसमें स्थिर होना सो शुभाशुभ

विकारको नष्ट करनेका उपाय है।

जिसप्रकार दर्पणकी अपनी योग्यताके कारण मोरका प्रतिविम्ब पड़ता है उसीप्रकार आत्माकी अपनी योग्यताके कारण मिथ्यात्वरूप अवस्था होती है। जड़ मिथ्यात्वप्रकृति कहीं चैतन्यकी मिथ्यात्वरूप अवस्थाको नहीं कर देती किन्तु चैतन्यकी अपनी योग्यताके कारण वह स्वतः ही विपरीत वीर्य द्वारा विकारमे युक्त होता है—इससे मिथ्यात्व अवस्था होती है। विपरीत मान्यता होनेका निमित्त सन्मुख उपस्थित है, उस ओर यदि स्वतः झुकाव करे तो अपनेमें विपरीत अवस्था होती है; उस ओर झुकाव न करे और अपने नित्य स्वभावकी ओर लक्ष दे तो सम्यक्‌अवस्था होती है किन्तु मिथ्यात्वअवस्था नहीं होती।

स्व-पदार्थ कौन है उसे न जाने परन्तु मात्र परको ही जाना करे—वह अज्ञान आत्माकी अवस्थामे होता है। वैसी अज्ञान अवस्था होते समय सन्मुख ज्ञानावरणीय कर्मका उदय निमित्तमात्र उपस्थितिरूप होता है—वह जड़ अज्ञान है।

सम्यग्दर्शन होने पर चतुर्थ भूमिका प्राप्त होती है, उस चतुर्थ भूमिकामे पर-पदार्थके प्रति रुचि छूट जाती है, किन्तु अल्प आसक्ति रहती है वह अविरति है। जो आसक्तिरूप परिणाम चैतन्यकी पर्यायमें होते हैं वह चैतन्य अविरति है और अविरतिका निमित्त जो अप्रत्याख्यानावरणीय प्रकृतिका उदय है—वह जड़ अविरति है। अविरतिके पश्चात् पाँचवें और छट्ठे गुणस्थानमे अल्प क्रोधादिकषाय होती है—उसमें चैतन्यकी अवस्थामे होनेवाले क्रोधादि चैतन्य विकार है और उस समय सामनेवाले निमित्तमें जड़कर्मका उदय हो—वह जड़कषाय है। आत्माके प्रदेशोंका कम्पन सो चैतन्ययोग है और उस समय निमित्तमे नामकर्मकी प्रकृतिके योगका उदय है—वह जड़योग है।

अज्ञान और अस्थिरता चैतन्यके विकार मात्रसे भाया जाता है अर्थात् बनते है। परका मैं कर्ता हूँ, पर मुझे मुक्ति दे देगा; मै उसे मुक्ति दे दूँगा—वैसे मिथ्याज्ञानमय विकल्पोका विकार चैतन्यकी

पर्यायमें होता है, जीव द्वारा वह बनाया जाता है और उस भावको निमित्त जो अजीव प्रकृति है वह जड़ द्वारा बनानेमें आती है।

जड़की अवस्था जड़में होती है और आत्माकी भूलरूप अवस्था आत्मामे होती है। दृष्टान्तमें मोरको जड़कर्मप्रकृतिकी उपमा दी है और दर्पणको आत्माकी उपमा दी है।

आत्मामें विकार होता है वह स्वतःमे होता है या परमे? स्वतः-मे ही होता है। चैतन्यकी अवस्थामे कहीं परवस्तु विकार नहीं करा देती, विकार होनेमें सन्मुख अन्य वस्तुकी उपस्थिति है अवश्य, किन्तु वह कहीं विकार नहीं करा देती। यहाँ तो दो वस्तुएँ सिद्ध करना है "इनका एक और दूनी दो" दो हो तो विगड़ती है, दो चूड़ियाँ एकत्रित हो दो खड़खड़ाहट होती है, उसीप्रकार आत्मा यदि अकेला हो और स्वसन्मुख हो तो भूल नहीं होगी, किन्तु परवस्तु पर दृष्टि डालता है तब भूल होती है। जैसे कोई पुरुष परस्त्री पर दृष्टि डाले तो भूल होता है, वैसे ही आत्मा अपने स्वभाव पर दृष्टि डाले तो भूल नहीं होती किन्तु परके ऊपर दृष्टि डाले तो भूल होती है, इसलिये आत्माको विकार होनेमे परवस्तु सामने होती है परन्तु परवस्तु विकार नहीं करा देती।

जव आत्मा राग-द्वेषके भाव करे उस समय सन्मुख जड़कर्मका बाह्य निमित्त कारण है। यदि स्वमें दृष्टि करे तो अपने स्वभावमे रहा और यदि परमे दृष्टि की तो तुझमे विकार हुआ। आत्मामे जो मिथ्यात्व और अस्थिरताकी अवस्था होती है वह आत्माकी है और जड़कर्मकी अवस्था जड़कर्ममें है।

दर्पण मूलद्रव्य नहीं, किन्तु अनन्त परमाणु द्रव्यकी पर्याय है, तथापि सन्मुख निमित्त हो तो प्रतिविम्बका परिणमन उसमे अपने द्वारा होता है—ऐसा स्वभाव है। रजकणमें परिवर्तन हो वह उसकी अपनी योग्यता है। स्वच्छ चांवल खाते हैं और उसका रक्त लाल हो जाता है, विष्टा वन जाता है, उसीप्रकार एकदम पुद्गलकी अजीव शक्तिसे पुद्गलका परिणमन हो जाता है—वह पुद्गलका अपना स्वतंत्र

परिणमन है। जिसप्रकार पुद्गलका परिणमन स्वतंत्र है वैसे ही आत्माका परिणमन भी स्वतंत्र है, जड़की अवस्था जड़मे होती है और आत्माकी आत्मामे। वस्तुस्वरूप जैसा है उसीप्रकार उसका श्रद्धा-ज्ञान करके उसमें स्थिर हो तो मोक्ष हुए बिना न रहे।

आत्मामे जो क्रोधादि होते हैं वह आत्माका अरूपी विकार है और उसीप्रकार जो जड़प्रकृति मिथ्यात्वादि हैं वह जड़का विकार है, आत्मा और कर्म-दोनों एक स्थानमें रहते हैं किन्तु जड़का भाव जड़में है और चैतन्यका चैतन्यमे है; दो वस्तुएँ पृथक्-पृथक् हैं।

दर्पणके सन्मुख यदि मोर खड़ा हो तो उसमे मोर ही दिखाई देता है, इससे जगतके जीवोंको भ्रम हो जाता है कि बाहरका मोर दर्पणमे कैसे प्रवेश कर गया होगा! उसीप्रकार आत्मामें राग-द्वेष, हर्ष-शोकके भाव हो उस समय सन्मुख उसीप्रकारके कर्मका निमित्त उपस्थित होता है, इससे जीवोंको ऐसा भ्रम हो जाता है कि कर्मने मुझे राग-द्वेष, हर्ष-शोक कराया; परन्तु वह कर्म नहीं कराता; स्वतः विपरीत पुरुषार्थ द्वारा विकारमें युक्त होता है इससे विकार होता है।

यह शरीर स्थूल मिट्टी है, वैसे ही कर्म भी सूक्ष्म रज है, वह आत्मामें विकार होनेमें निमित्त है। जैसे दर्पणमें स्वच्छता है, उसीप्रकार आत्माकी ऐसी निर्मलता है कि कर्मका उदय आने पर यदि स्वतः उसमें युक्त होता है तो उससे विकार होता है। यदि उस प्रकार की निर्मलता होगी तभी तो विकार होगा न? ऐसी योग्यता न हो तो फिर विकार भी क्या होगा? आत्मामे ऐसी निर्मलता है इससे विकार होता है।

जिसप्रकार दर्पणके सम्मुख मोरके आने पर उसका रङ्ग नीला, पीला आदि हो जाता है वैसे ही आत्माके ज्ञाता-दृष्टा आदि निर्मल स्वभाव है लेकिन उसीका भान नहीं है, इसलिये जो उदयमें आता है उसमे युक्त होने पर स्वच्छ उपयोग उस आकारका हो जाता है। चैतन्यमूर्ति आत्मा पृथक् है, उसका भान नहीं है, इसलिये अज्ञानी ऐसा मानता है कि आत्मा क्रोध-मान-माया आदि रूप हो गया है।

जैसे दर्पणमें मोर प्रविष्ट हो गया हो ऐसा अज्ञानीको लगता है, उसीप्रकार विकार आत्मामें प्रविष्ट हो गया हो—ऐसा अज्ञानीको प्रतिभासित होता है, परन्तु विकार आत्मामें प्रविष्ट नहीं हो गया है, वह आत्माका स्वभाव नहीं है।

पौद्‌गलिक कर्मका उदय निरन्तर होने पर यदि जीव मोह-भावरूप परिणमित है तो अपनेमे मलिनदशा होती है, मिथ्यात्वादि कर्मका उदय तो ज्ञेय है उसका स्वाद तो पुद्‌गलमें उत्पन्न होता है परन्तु स्वभाव परभावका अज्ञान होनेसे अज्ञानी मान बैठता है कि यह स्वाद मेरा है। कर्म जड़ अचेतन हैं उसके कारण जीवमें मिथ्यात्वादि नहीं होता। स्वतः परको ओर झुकाव करे उससे विकारका परिणमन होता है, वहाँ अज्ञानी मान लेता है कि विकार मेरा स्वभाव है, यह मुझमेसे उत्पन्न होता है। विकार ज्ञानमें ज्ञात होता है वहाँ अज्ञानी मान लेता है कि यह विकार मेरा स्वभाव है।

पर जीवोंकी दया, भक्ति, पूजा, दान आदि पुण्यभाव और हिंसा, चोरी आदि पापभाव—वे दोनों विकार हैं, वह मैं नहीं हूँ, वह मेरा कार्य नहीं, वह मेरा स्वरूप नहीं है। मैं ज्ञायकस्वरूप हूँ—ऐसा जब स्वत: जान लेता है तब उसरूप परिणमित नहीं होता, जब उसका भेदज्ञान होता है तब जीवभावको जीव जानता है और अजीवभावको अजीव जानता है, मैं तो ज्ञाता-दृष्टा ही हूँ—ऐसा भान होने पर अजीव कर्मभाव कर्मका जानता है और आत्माका भाव आत्माका जानता है।

मोर दर्पणमे नहीं है, किन्तु उसका प्रतिबिम्ब दर्पणकी स्वच्छताका विकार है, परद्रव्य दर्पणमें कुछ कर नहीं सकता, दर्पणकी ही अवस्था उसरूप होती है। मोरका प्रतिबिम्ब दर्पणमें कहा है, अर्थात् कहीं मोरका स्वभाव दर्पणमे प्रविष्ट नहीं हो गया है। मोरमे दर्पणकी नास्ति है और दर्पणमे मोरकी नास्ति है, मात्र निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है। दर्पणमें जब उस प्रकारकी अवस्था होना हो

उस समय मोर उपस्थित होता है—इतना सम्बन्ध है, इससे मोरका प्रतिबिम्ब दर्पणमें है—ऐसा उपचारसे कहा है।

दर्पण अनन्त रजकणोंका पिण्ड है, अखण्ड–पूर्ण द्रव्य नहीं है, किन्तु स्कन्ध है, इसलिये क्षण-क्षणमें सफेद, नीला, हरा, पीला आदि भंगवाला परिणमित दिखाई देता है· वह पूर्ण द्रव्य नहीं है इससे वैसे भंग दिखाई देते हैं। जब दर्पणमे मोरकी अवस्था होना हो उस समय मोर उपस्थित होता है।

कोई कहे कि मोर उपस्थित न हो तो अवस्था नहीं होती, किन्तु भाई! द्रव्यमें क्रमानुसार त्रिकालकी अवस्थायें होनेकी शक्ति भरी हुई है। वह क्रमबद्ध अवस्था होनेकी योग्यता हुई; वह समय आया वहाँ मोर उपस्थित होता है, यदि योग्यता न हो तो उस समय मोर उपस्थित नहीं होता, किन्तु योग्यताके समय मोर उपस्थित होता ही है—ऐसा निमित्त–नैमित्तिक सम्बन्ध है। यदि निमित्त न हो तो उतने समय तक दर्पणकी योग्यता उसकी बाट देखे ऐसा पराधीन वस्तुस्वभाव नहीं है। दर्पणकी योग्यता मोरके वशमें नहीं है और मोर दर्पणके वशमें नहीं है किन्तु जब योग्यता होती है उस समय मोर उपस्थित होता ही है—ऐसा सम्बन्ध है। दर्पणकी अवस्था सफेदसे नीली हुई, वह दर्पण स्वत. परिणमित हुआ है या मोर परिणमित हुआ है? दर्पण स्वतः परिणमित हुआ है मोर नहीं। वह दर्पणकी पर्याय है, किन्तु मोरकी नहीं, वह दर्पणका विकार है किन्तु उसका मूल स्वभाव नहीं है।

उसीप्रकार आत्मामें जो विकार होता है वह आत्माकी पर्याय है, उस समय कर्मके उदयका निमित्त उपस्थित होता है—ऐसा सम्बन्ध है। विकार आत्माका मूल स्वभाव नहीं है किन्तु स्वत' कर्मके निमित्तके आधीन होनेसे अपनेमे विकार होता है; द्रव्यदृष्टिसे वह विकार अपना नहीं है किन्तु पर्यायदृष्टिसे अपना है। भेदज्ञान होनेसे सम्यग्दृष्टि जीव द्रव्यदृष्टिसे उस विकारको परका जानते हैं, क्योंकि वह क्षणिक–नाशवान

होनेसे अपना स्वभाव नहीं है, और पर्यायदृष्टिसे अपनी वर्तमान पर्यायमें होता है इसलिये क्षणिक अवस्था पर्यन्तको अपना जानते हैं।

जब स्वत राग-द्वेष करता है उस समय ऐसा कहा जाता है कि कर्मका विपाक निमित्त है और जब स्वत राग-द्वेष और अज्ञानको दूर करे अर्थात् वह कर्मके अभावरूप निमित्त-निर्जराका निमित्त है—वैसा कहलाया। होने योग्य राग-द्वेषको स्वत. दूर किया वहाँ निमित्तका अभाव हुये विना नहीं रहता। कर्म उसके अपने कारणसे स्वतः दूर हो जाता है, जीव उसे दूर नहीं करता, उसे दूर करनेकी स्वत कर्ता नहीं है। एक वस्तुमें अन्य वस्तुकी नास्ति है, नास्ति है इससे परवस्तुका कुछ कर ही नहीं सकता। कर्मका उदय अपनेको राग-द्वेष और अज्ञान नहीं कराता· जब स्वत. राग-द्वेष और अज्ञान करता है उस समय अजीव कर्मके उदयकी उपस्थिति होती है।

वस्तुमे स्वभाव भरा हुआ है, राग-द्वेप अवस्थाको दूर करनेका पुरुषार्थ स्वतः करे तो होता है, मलिन अवस्था स्वतः करता है और स्वयं ही उसे दूर करता है।

प्रश्न —पुरुषार्थ करनेसे कर्म आड़े नहीं आते?

उत्तर:—नहीं।

प्रश्न'—तो फिर अभी तक पुरुषार्थ क्यों नहीं हुआ?

उत्तर:—द्रव्य अकारण पारिणामिक है, उसे कोई कारण लागू नहीं पड़ता। स्वत' अपनेमे पुरुपार्थकी गति करे तो स्वभावका कार्य हो और पुरुपार्थकी गति परोन्मुख भावोंकी ओर करे तो पराश्रयरूप विकारका कार्य आये।

प्रश्नः—पुरुपार्थ जागृत न होनेमे पूर्व कर्मका कोई कारण तो होता है न?

उत्तर:—पूर्वके परिणमनका वर्तमानमे अभाव है, अभावमेंसे लाभ-हानि नहीं हो सकते, स्वत' ही पूर्वमे वीर्यशक्तिको हीन किया है और वर्तमानमे सशक्त-उग्र भी स्वतः कर सकता है। निमित्तको

और अपनी पूर्व पर्यायको तो मात्र आरोप लगाया जाता है। अपनी परिणमनशक्ति स्वतः उग्र करनेसे होती है, वर्तमान सामर्थ्य द्वारा हीन और उग्र करनेकी शक्ति स्वतःमें है, उसमें कर्मका कारण नहीं है।

मैं परसे निराला, अखण्ड ज्ञायकमूर्ति हूँ—ऐसी श्रद्धा-ज्ञान करके स्वमें स्थिर नहीं हुआ, इसलिये अपना परिणमन-चक्र हीन हुआ, उसमें कर्मका कारण नहीं है, परिणमन-चक्रको उग्र करनेकी शक्ति भी स्वतःमें ही है। कर्मकी आत्मामें नास्ति है वह आत्माका कुछ नहीं कर सकता, वह तो धर्मास्तिकायकी भाँति मात्र निमित्तरूप है। अपनी परिणमनशक्तिको स्वतः हीन बनाया, इससे ऐसा आरोप लगाया जाता है कि कर्मका उदय निमित्त है। द्रव्यमें वीर्य भरा हुआ है परन्तु पर्यायमें स्वतः वीर्य प्रगट नहीं किया इससे वह प्रगट नहीं होता, कर्मको मात्र आरोप दिया जाता है। अपनी परिणमनशक्तिको स्वतः उग्र करे तो कर्मका उदय दूर हो जाता है और वह कर्मको निर्जराका निमित्त कहलाता है। औंधा गिरे तो अपने भावसे और सीधा बैठे तो अपने भावसे, कोई उसे प्रेरक, सहायक नहीं है। वस्तु, गुण और पर्याय स्वतः अपनेसे हैं; उन्हें कोई अन्य आधार, सहायक नहीं है।

जब स्वतः जितने अंशरूप क्रोधमें युक्त हुआ तब सम्मुख कर्मके उदयको उतने अंश मात्ररूप क्रोधका निमित्त कहा, और यदि अपने स्वभावमें युक्त हुआ तो उस कर्मको निर्जराका निमित्त कहा। स्वतः युक्त हो अथवा न हो, किन्तु कर्मका उदय तो प्रति समय खिर ही जाता है।

कर्मका उदय तो उत्पाद रूपसे है, क्रोधमें युक्त हो तो उस उत्पादको उदय कहा जाता है और अपने स्वरूपमें जागृत हो तो उस उत्पादको निर्जरा हुई अर्थात् व्यय हुआ कहा जाता है।

जिस समय जड़ कर्मका उदय है उस समय जीव उसमें युक्त हुआ तो वह मोहादि कर्मके उदयको विपाकरूप उदय अर्थात् बन्धका निमित्त कहलायगा और उसी समय स्वयं यदि स्वसन्मुख ज्ञाता रहे—ज्ञानमें युक्त हुआ—रागमें युक्त न हुआ तो उसी समय उन जड़कर्मोंकी

उदयरूप अवस्थाको निर्जरा कह दिया, जीवने मोहभाव उत्पन्न न किया तो सामने कर्मका उदय जो उत्पादरूप अस्तिपर्याय है उसीको, उस समय व्ययरूप–नास्तिरूप कहनेमें आया, जीवकी पर्यायमें योग्यतानुसार कर्ममें उपचार किये जाते हैं। जीवके परिणाम अनुसार सामने अजीव कर्ममें नाम पड़ते हैं, जड़ कर्मके अनुसार 'डिग्री टू डिग्री' जीवको विकार करना पड़ता है ऐसी मान्यता मिथ्या है।

✓ जिसने यह माना कि मैं परवस्तुके आधीन हूँ, उस समय उसे राग-द्वेष और मिथ्यात्व हुए विना नहीं रहता; यदि उसी क्षण ऐसा भेदज्ञान करे कि मैं नित्य ज्ञानमूर्ति हूँ, स्वाधीन हूँ, स्वमें ज्ञातारूप सावधान रहूँ तो जितने अंशमें रागादिमें युक्त नहीं होता उतनी निर्जरा होती है। (आंशिक शुद्धिकी वृद्धि और अशुद्धिकी हानि 'निर्जरा' है) जितने अंशमें युक्त नहीं होता—अर्थात् रागमे अल्प जुड़ता है वह भी न हो तो उत्कृष्ट वीतरागता हो जाय, स्वद्रव्यका स्वभाव उग्र आलंबनके बल द्वारा उत्कृष्टरूपसे अपनेमें स्थिर–निश्चल हो जाय तो जैसी पूर्णताकी श्रद्धा थी वैसा ही पूर्ण चारित्र हो जाय पूर्ण वीतरागता प्रगट हो जाय। यदि पूर्ण वीतरागता न हो तथापि सम्यग्भान और आंशिक वीतराग भाव होता है, उसके जो अल्प राग-द्वेष होता है वह अपनी निर्बलताके कारण होता है; कर्मके कारण पुरुषार्थ मन्द नहीं है; किन्तु अपनी कमजोरी–च्युतिके कारण पुरुषार्थ मन्द है। राग-द्वेष चैतन्यका रूप नहीं है, मेरे अस्तित्वमे रागादि हैं ही नहीं–ऐसी दृढ़ श्रद्धा होते ही उतना राग-द्वेष उत्पन्न नहीं होता।

कर्मके कारण मुझे रागादि होते हैं ऐसा माननेवालोंको जड़कर्मकी गांठ घटे विना नहीं रहती–संसारकी वृद्धि हुए बिना नहीं रहती, राग-द्वेष हुए बिना नहीं रहता। जैसे विवाह हो रहा हो उस समय मृत्युका समाचार देना विवाहके उत्सवमे हानि पहुँचाना है, इसप्रकार जागृत चैतन्यस्वभाव अपने कारणसे अपने कार्य–पर्यायरूप प्रवाहित–परिणमित होता है उसे जड़कर्मके कारण बिगड़ना बताना, तत्त्वकी मृत्यु बताना है।

ज्ञानी भेदज्ञान द्वारा अपने पूर्ण सामर्थ्यको सम्हालकर चैतन्य-स्वभावमें दृष्टि रखकर स्वाधीनताकी शोभामें वर्तता है; उसे बन्धनकी शंका ही नहीं-जड़कर्मकी ओर दृष्टि देता ही नहीं। अपने स्वभावको यदि इसी क्षण प्रगट करना चाहे तो मोक्ष हो सकता है-स्वभाव अपनेसे दूर नहीं है, किन्तु अपने पुरुषार्थकी निर्बलतासे देर लगती है, उसमें कर्मका कोई कारण नहीं है।

अब शिष्य प्रश्न करता है कि आपने मिथ्यात्वादिकको जीव और अजीव कहा है—वह कौन हैं? उसका उत्तर कहते हैं:—

पोग्गलकम्मं मिच्छं जोगो अविरदि अणाणमज्जीवं।
उवओगो अण्णाणं अविरदि मिच्छं च जीवो दु ॥८८॥

पुद्गलकर्म मिथ्यात्वं योगोऽविरतिज्ञानमजीवः।
उपयोगोऽज्ञानमविरतिर्मिथ्यात्व च जीवस्तु ॥८८॥

अर्थ.—जो मिथ्यात्व, योग, अविरति और अज्ञान अजीव है वह तो पुद्गलकर्म है; और जो अज्ञान, अविरति और मिथ्यात्व जीव है वह उपयोग है।

८७ वीं गाथामे जीव मिथ्यात्वादि और अजीव मिथ्यात्वादि इसप्रकार दो भेद किये, उस समय शिष्यने पूछा कि प्रभो! अजीवमिथ्यात्व कौन है? क्या धर्मास्तिकाय है? अधर्मास्तिकाय है? पुद्गलास्तिकाय है? आदि अजीव पदार्थोंमेंसे कौन हैं? और जीवमिथ्यात्वादि कौन हैं? उसका उत्तर इस ८८ वीं गाथामें देते हैं कि-अजीव मिथ्यात्वादि पुद्गलकर्म है और जो जीव मिथ्यात्वादि है वह जीवका उपयोग है-इसप्रकार दोनों गाथाओंमें इस प्रकारका अन्तर है।

मिथ्यात्व अर्थात् विपरीत मान्यता, अज्ञान अर्थात् विपरीत ज्ञान, और अविरति अर्थात् चारित्रगुणका विकार यह तीनों अवस्थाएँ हैं, तीनों उपयोगरूप हैं; और तीनों चैतन्यका अरूपी विकार है।

निश्चयसे जो मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति इत्यादि अजीव है वह तो अमूर्तिक चैतन्यपरिणामसे अन्य-ऐसा मूर्तिक पुद्गलकर्म है;

और जो मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति इत्यादि जीव है वह मूर्तिक पुद्गलकर्मसे अन्य–ऐसा चैतन्यपरिणामका विकार है।

आत्मा राग-द्वेषरहित तत्त्व है, वह पुद्गलकी अवस्थासे अन्य ऐसा चैतन्यद्रव्य है। मैं रागी-द्वेषी आत्मा हूँ वैसी मान्यता जीवका विकार भाव है, मिथ्यात्व है। जो ज्ञान एकमात्र परद्रव्यको ही जाने किन्तु अपने स्वद्रव्यको न जाने वह ज्ञान नहीं किन्तु अज्ञान है, और वीतरागस्वरूप न रहकर राग-द्वेषरूप अस्थिर हो वह जीवका अविरतिरूप विकारभाव है ॥ ८८ ॥

अब पुन प्रश्न करता है कि मिथ्यादर्शनादि चैतन्यपरिणामोंका विकार कहाँसे हुआ? उसका उत्तर देते हैं:—

उवओगस्स अणाई परिणामा तिण्णि मोहजुत्तस्स ।
मिच्छत्तं अण्णाणं अविरदिभावो य णादव्वो ॥ ८९ ॥

उपयोगस्यानादयः परिणामास्त्रयो मोहयुक्तस्य ।
मिथ्यात्वमज्ञानमविरतिभावश्च ज्ञातव्यः ॥ ८९ ॥

अर्थः—अनादिसे मोहयुक्त होनेके कारण उपयोगके अनादिसे लेकर तीन परिणाम हैं, वह मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरतिभाव (यह तीन) जानना।

अनादिसे मोहयुक्त अर्थात् स्वरूपको भूलकर, उपयोग अर्थात् चैतन्यके व्यापारके तीन परिणाम हैं, मिथ्यादर्शन, अज्ञान और अविरति–यह तीन हैं।

यद्यपि निश्चयसे अपने निजरससे ही सर्व वस्तुओंका, अपने स्वभावभूत ऐसे स्वरूपपरिणमनमें सामर्थ्य है, तथापि (आत्माको) अनादिसे अन्य–वस्तुभूत मोहके साथ संयुक्तता होनेसे, आत्माके उपयोगका मिथ्यादर्शन, अज्ञान और अविरति–ऐसा तीन प्रकारका परिणामविकार है।

यथार्थ दृष्टिसे देखने पर प्रत्येकका अपने स्वरूपपरिणमनमें ही सामर्थ्य है, उसीप्रकार आत्मामें भी अपनी निर्मल अवस्था होनेका

ही बल है, अपनी शक्तिसे स्वमें ही परिणमन करता रहता है; द्रव्य-गुण और उसकी नित्य कारणपर्यायसे द्रव्य स्वतःमें ही परिणमित होता रहता है, अपने रससे ही स्व-स्वभावभूत अर्थात् अपने त्रिकाल स्वत स्वभावभूत स्वरूपमें परिणमन करनेका ही सामर्थ्य है। प्रत्येक वस्तु द्रव्यसे, गुणसे और पर्यायसे स्वभावभूत परिणमित होनेकी सामर्थ्य युक्त है। आत्मामें दयाकी अथवा भक्ति इत्यादिकी कोई भी वृत्ति उठे वह आत्माकी स्वभावभूत पर्याय नहीं है, आत्मामें राग-द्वेष-रूप होनेका स्वभाव है ही नहीं। समस्त पदार्थोंमें अपने-अपने स्वभावानुकूल ही अवस्था होनेका सामर्थ्य है। प्रत्येक वस्तुका जैसा स्वभाव है वैसी ही उसकी अवस्था द्रव्यरूप ही होती है, उसमें वैसी ही स्वभावरूप अवस्था होनेका सामर्थ्य है। पुण्य-पापके परिणाम आत्माका स्वभाव नहीं है, वे आत्माका गुण नहीं हैं, आत्मामें तो स्व-स्वभाव-भूत स्वरूपपरिणमन होनेका सामर्थ्य है। समस्त आत्माओंमें पवित्र स्वभाव है और उनकी त्रिकाल अवस्था भी पवित्र है—वह कारण पर्याय नित्य शुद्ध है।

प्रत्येक आत्माका अपने स्वभावमें ही परिणमनपना है तथापि अनादिसे अन्य वस्तुभूत मोहके साथ संयुक्तता होनेसे आत्माके उपयोगका मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति—ऐसा तीन प्रकारका परिणामविकार है।

आत्मा परसे निराला ज्ञायकमूर्ति है,—वैसा न मानकर राग-द्वेष मेरा स्वभाव है और मैं उसका कर्ता हूँ—ऐसा मानना सो मिथ्या-दर्शन है। आत्मा परिपूर्ण है—वैसे स्वसामर्थ्यको न जानकर, स्व-पूर्वक परज्ञेयको जाननेका सामर्थ्य आत्मामें है—वह न जानकर मात्र परज्ञेयको जानना सो अज्ञान है, स्वरूपमें स्थिर होनेके बदले अस्थिरतामें युक्त होना सो अचारित्र है। चैतन्य परम स्वाभाविक वस्तु है—परम-पारिणामिक वस्तु है। वस्तु शुद्ध है, अनादिसे मोहके साथ संयुक्त अर्थात् मोहके साथ सम्बन्ध होनेसे विकारके ऐसे तीन प्रकार हैं। स्वमें युक्त हो तो अपनी निर्मल अवस्था हो, अपने स्वभावमें युक्त हो तो

ऐसा सामर्थ्य है कि उसमेंसे वीतरागता ही हो, किन्तु यदि अपने स्वभावसे रहित मोहमें युक्त हो तो विकारमय अवस्था होती है। उपयोगके तीन प्रकारका परिणामविकार स्फटिककी स्वच्छताके परिणामविकारकी भाँति परके कारण–परकी उपाधिके कारण उत्पन्न होता दिखाई देता है।

निश्चयसे स्वभावसामर्थ्यके कारणसे रागादि उत्पन्न हो ही नहीं सकते।

जैसे स्फटिकको स्वच्छताका स्वरूप-परिणमनमें अर्थात् अपने उज्ज्वलतारूप स्वरूपमे परिणमित होनेका सामर्थ्य होने पर भी, कदाचित् स्फटिकको काले, हरे, पीले–ऐसे तमाल, केल और स्वर्णके पात्ररूपी आधारका संयोग होनेसे स्फटिककी स्वच्छताका काला, हरा पीला—ऐसा तीन प्रकारका परिणमनविकार दिखाई देता है।

स्फटिकमें लाल, हरा, पीले फूलोंका रंग दिखाई देता है वह परनिमित्तके संगके कारण दिखाई देता है, स्फटिककी निर्मलताका परिणमन तो स्वच्छ–सफेद ही होता है। अवस्था स्वच्छ ही होती है, विकार तो परके सम्पर्कके कारण दिखाई देता है।

जीव और परमाणु—वह दो द्रव्य ही विभावरूप परिणमित होते हैं और शेष चार द्रव्य स्वभावरूप परिणमित होते हैं। परमाणुमे दो प्रकारकी वैभाविक पर्याय होती है—एक स्कन्धरूप होनेकी और दूसरी कर्मरूप होनेकी—ऐसी दो प्रकार होनेकी शक्ति है, (परमाणु कर्मरूप होते हैं, उसमे आत्माकी विभावपर्यायका निमित्त है;) आत्मामे तो राग-द्वेषरूप एक ही प्रकारसे विकार होता है।

स्फटिकका स्वभाव तो उज्ज्वल है किन्तु अवस्थामें भी उज्ज्वलतारूप परिणमित होनेका सामर्थ्य है। देखो, दृष्टान्तमे भी ऐसा कहा है कि पर्याय शुद्ध है; परन्तु कदाचित् निमित्तका संग हो उस समय काले, हरे, पीले आदि रङ्गोंके विकाररूप होनेकी योग्यता स्फटिकमें है। उसीप्रकार अनादिसे, चैतन्य परमपारिणामिक, परम स्वभावरूप है—उसे न मानकर परको अपना माननेरूप विपरीत मान्यता, परको अपना जाननेरूप अज्ञान और परमें स्थिर होनेरूप

अविरति—इसप्रकार आत्माकी अनित्य पर्यायमें तीन प्रकारका परिणामविकार देखना, आत्माकी विकारी अवस्था आत्मासे होती है—वैसा देखो।

निर्मल अवस्था होनेका सामर्थ्य होने पर भी उसे भूलकर शुद्ध स्वभावसे च्युत होकर आत्मामें तीन प्रकारका परिणामविकार होता है तथापि विकारको दूर करनेका सामर्थ्य निरन्तर स्वतःमे भरा हुआ है —उसे जानकर उसमे स्थिर हो तो विकारका भी नाश हो जाये और मोक्षकी शुद्ध पर्याय प्रगट हो।

आत्माके उपयोगमे तीन प्रकारका परिणामविकार अनादि अजीव-कर्मके संगके कारणसे है, आत्मवस्तु तो अनादि-अनन्त गुणोंसे परिपूर्ण है, उसका आलम्बन छोड़कर अपने विपरीत पुरुषार्थसे वर्तमान पर्यायमें कर्मके संगमे जुड़नेसे विकार होता है। विकार होनेमें कर्मकी तो मात्र उपस्थिति है, कर्ता स्वतः आत्मा है।

विकार होनेमें निमित्तकी उपस्थिति है—ऐसा कहनेसे यह आ जाता है कि स्वभावसे अन्य प्रकार है; आत्मामे विकार व्यवहारसे है—ऐसा कहनेसे यह आ जाता है कि निश्चयसे नहीं है। अन्य रीतिसे है अर्थात् निश्चयसे आत्मामे विकार नहीं है। निमित्तके पक्षसे विकार है, उसीप्रकार स्वद्रव्यके पक्षसे भी विकार हो—ऐसा नहीं हो सकता, क्योंकि निमित्तके आलम्बन विना यदि स्वयं उपादानका आश्रय करनेसे ही विकार होता हो तो विकार कभी छूट ही नहीं सकता और निर्मलता भी प्रगट नहीं हो सकती। इससे ऐसा नहीं समझना कि निमित्त विकार कराता है, निमित्त कहीं विकार नहीं कराता किन्तु स्वतः निमित्तकी ओर लक्ष्य करता है इससे विकार होता है, विकार होनेके समय कर्मकी मात्र उपस्थिति होती है—इतना सम्बन्ध है। विकार होनेमें कर्म निमित्त है—ऐसा कहनेसे यह ज्ञात हो जाता है कि—उपादानका पक्ष पूर्ण पृथक् ही है।

पानी वर्तमान अवस्थासे तप्त है, किन्तु मूल स्वभावसे शुद्ध है, शीतल है, वैसे ही आत्माकी वर्तमान पर्यायमें परिणामविकार दिखाई

देता है किन्तु उसके स्वभावमे वह विकार नहीं है, स्वभाव तो शुद्ध है। पानी जिस समय तप्त है उसी समय स्वभावसे शीतल है, वैसे ही आत्माकी पर्यायमे जिस समय विकार है उसी समय अन्तरमें शुद्धता भरी हुई है।

आत्मा पहले शुद्ध था और अब अशुद्ध हो गया हो वैसा नहीं है परन्तु एक-एक समय होकर अनन्तकालसे आत्माकी पर्यायमें नया-नया विकार स्वतः करते हैं। शरीर मेरा, इन्द्रियाँ मेरी, राग-द्वेष मेरे, निमित्त व्यवहार चाहिये—ऐसी अपनत्वकी मिथ्या मान्यता नवीन नहीं की है; यदि पहले शुद्ध हो और फिर अशुद्ध हो जाये तो सिद्धोंके भी विकार होना चाहिये।

कोई कहे कि बोरिंगमेसे तो तप्त जल ही निकलता है? किन्तु भाई! वह जल वर्तमान अवस्थासे तप्त है नित्य स्वभावसे तो शीतल है। बोरिंगमेसे पानी बाहर निकालकर ठण्डा करो तो ठण्डा हो जायेगा, तो फिर जब वह स्वभावसे शीतल होगा तभी तो शीतल होगा, नहीं तो कैसे होगा? कोई कहे कि बोरिंगमे नीचे गन्धक है इससे पानी तप्त रहता है, यदि गन्धक पानीको गर्म करता हो तो आकाशको गर्म क्यों नहीं करता? यह तो जब पानीमे गर्म होनेकी योग्यता हो उस समय गन्धक उपस्थित होता है, उसीप्रकार जब आत्मामे विकारकी योग्यता हो उस समय कर्मकी उपस्थितिको निमित्तकारण कहा जाता है ॥ ८९ ॥

अब आत्मामे तीन प्रकारके परिणामविकारका कर्तृत्व दर्शाते हैं:—

एदेसु य उवओगो तिविहो सुद्धो णिरंजणो भावो।
जं सो करेदि भावं उवओगो तस्स सो कत्ता ॥ ९० ॥

एतेषु चोपयोगस्त्रिविधः शुद्धो निरंजनो भावः।
यं स करोति भावमुपयोगस्तस्य स कर्ता ॥ ९० ॥

अर्थः—अनादिसे यह तीन प्रकारके परिणामविकार होनेसे, आत्माका उपयोग यद्यपि (शुद्धनयसे) शुद्ध, निरंजन (एक) भाव है, तथापि तीन प्रकारका होता हुआ वह उपयोग जिस (विकारी) भावको स्वतः करता है उसी भावका कर्ता होता है।

अनादिसे आत्मामे तीन प्रकारकी अवस्था है—विपरीत मान्यता, विपरीत ज्ञान और विपरीत एकाग्रता—यह तीन प्रकारका विकार है, यद्यपि आत्माका उपयोग तो शुद्धनयसे तीनों काल शुद्ध है।

भूतकालकी अवस्था और भविष्यकी अवस्थाका सामर्थ्य द्रव्यमें ध्रुवरूपसे है।

वस्तु स्वतः अनन्त गुण और पर्यायोंका पिण्ड है। भूतकालमें तो पर्यायें हो गई हैं और जो भविष्यमे होंगी—उन सभी पर्यायोंके सामर्थ्यरूप द्रव्य है, जो मोक्षपर्याय प्रगट होती है वह सब शक्ति द्रव्यमें भरी पडी है।

परसे पृथक् वस्तुकी अपेक्षा लागू नहीं होती। वस्तु, वस्तुका गुण और उसकी पर्याय—यह तीनों अपेक्षारहित निरपेक्ष है।

(द्रव्यसे, गुणसे और पर्यायसे–तीनों प्रकारसे वस्तु अनादि–अनन्त एकरूप है,) किन्तु उसमे बन्ध–मोक्षकी अपेक्षा लें तो वह निमित्तके ओरकी अपेक्षा है, बन्ध–मोक्षकी पर्याय व्यवहारसे सापेक्ष पर्याय है।

प्रति समय उत्पाद–व्यय होता है वह व्यवहार है बन्धका व्यय और मोक्षका उत्पाद सो व्यवहार है; परिणामी वस्तुके निश्चयसे द्रव्य, गुण और उसका वर्तमान अंश शक्तिरूप नित्य एक ही प्रकारसे हैं. ध्रुवरूप हैं, तथापि व्यवहारसे तीन प्रकारसे विकारी परिणमित होता हुआ वह उपयोग स्वतः विकारी भावको करता है; उस भावका वह कर्ता होता है।

आत्मा द्रव्यसे, गुणसे और पर्यायसे अनादि–अनन्त शुद्ध है, तथापि वर्तमान पर्यायदृष्टिसे अनादिसे अन्य वस्तुभूत मोहके साथ संयुक्तताके कारण अर्थात् उपयोगरूपसे–अपनेमें उत्पन्न होनेवाले परिणामविकार तीन प्रकारके है। विपरीत मान्यताका अर्थ है पर–

शरीरादिको अनेकरूप मानना, रागी-द्वेषी मैं हूँ—ऐसा मानना। और अज्ञानका अर्थ है परको अनेकरूप जानना। अविरति अर्थात् स्वसे च्युतिरूप परमे उपयोगको स्थिर करे वह। इस प्रकार तीन प्रकारसे परिणाम-विकार होते हैं।

यद्यपि परमार्थसे तो उपयोग शुद्ध, निरंजन, अनादिनिधन वस्तुके सर्वस्वभूत चैतन्यमात्रभावरूप एक ही प्रकारका है।

देखो! इसमें आचार्यदेवने क्या अलौकिकता की है। परमार्थदृष्टिसे तो उपयोग वास्तवमें शुद्ध है? मोक्षमार्गकी अवस्था और मोक्ष अवस्था वे दोनों अवस्थायें व्यवहारनयसे सापेक्ष हैं, वस्तु तो शुद्ध निश्चयनयसे शुद्ध उपयोगरूप है, वह निरंजन है, अर्थात् उसमें मलिनता विल्कुल नहीं है, उसमे राग-द्वेषकी या परकी अपेक्षाकी गंध भी नहीं है, वस्तु अनादि-अनन्त है, अर्थात जिसका आदि भी नहीं है और अनन्त भी नहीं है; जिस प्रकार वस्तु त्रिकाली है वैसे ही उसका भाव भी त्रिकाल है और वह उपयोगस्वभाव वस्तुके सर्वस्वभूत चैतन्यमात्र भावरूप एक ही प्रकारका है।

निगोदसे लेकर सिद्ध तक सभी आत्माओंमें यह उपयोग शुद्ध-नयसे शुद्ध ही है, एक ही प्रकार है, विकारी पर्याय, मोक्षमार्गकी पर्याय और मोक्षकी पर्याय—वे सभी पर्यायें भी आत्मामें ही होती हैं, वे पर्यायें व्यवहारनयसे सापेक्ष हैं, निमित्तकी अपेक्षा रखनेवाली हैं, परन्तु जो अनादि-अनन्त शक्ति है वह ध्रुव है, वस्तु स्वतः शुद्ध, उसके गुण शुद्ध और उसकी वर्तमान शक्ति भी शुद्ध है। द्रव्यदृष्टिसे देखें तो द्रव्यका और गुणका वर्तमान अंश शक्तिरूपमे परिपूर्ण है, ध्रुवरूप है, परिपूर्ण शुद्ध है और वह त्रैकालिक स्व स्वभावमे अभेद है—वह एक, और पर्यायदृष्टिकी अपेक्षासे देखें तो राग-द्वेषकी अशुद्ध अवस्था, मोक्षमार्ग और मोक्षकी शुद्ध अवस्था उनमेसे एक, इसप्रकार दोनों (त्रैकालिक शक्ति अंश और वर्तमान व्यक्तिरूप प्रगट पर्याय अंश वह दोनों) एक साथ हैं। अशुद्ध अवस्था, मोक्षमार्गरूप अपूर्ण शुद्ध अवस्था और मोक्षरूप परिपूर्ण शुद्ध अवस्था वे जीवके स्वतत्त्व होनेसे निश्चयदृष्टिकी

अपेक्षा निरपेक्ष है और व्यवहारदृष्टिकी अपेक्षासे सापेक्ष कही जाती है। (यह सापेक्ष पर्याय भी निश्चयनयसे तो निरपेक्ष ही है। देखो, पंचास्तिकाय गाथा ६२ और उसकी टीका)।

स्वभावभावमे देखने पर परमार्थतः द्रव्यसे, गुणसे और पर्यायसे ऐसा शुद्ध आत्मा है, तथापि अपनी विपरीत योग्यताके कारण अशुद्ध, साजन अनेक प्रकारको प्राप्त करता हुआ अर्थात् राग-द्वेष, हर्ष-शोक, शुभाशुभभाव इत्यादि अनेक प्रकारका होकर, तीन प्रकारका होकर, स्वतः अज्ञानी होता हुआ कर्तापनेको प्राप्त होता है, मिथ्यादृष्टिरूप, अज्ञानरूप और अविरतिरूप परिणमित होता है। दोषरूप—जो-जो भाव करता है, उन-उन भावोंका वह मलिन अवस्थारूप उपयोग कर्ता होता है, स्वत मोहमे युक्त होकर परभावोंको अपना कर्तव्य मानकर विभावरूप उपयोग होकर विभावका कर्ता होता है। स्वतः विभावमें युक्त होता है वहाँ परान्मुखपनेमे निमित्तकी अपेक्षा है, वहाँ कर्मके सद्भावरूप व्यवहार है और उस विभावके योगको दूर करके मोक्षमार्ग और मोक्ष प्रगट करना भी व्यवहार है, वह कर्मके अभावकी अपेक्षा रखनेवाला व्यवहार है।

अरे भाई! यह बात हमारी समझमें नहीं आती—ऐसी शल्यको मस्तिष्कमेसे प्रथम निकाल देना चाहिये। सभी आत्मा स्वशक्तिसे पूर्ण भगवान हैं, प्रभु हैं, यह बात भी भगवान आत्माकी ही चलती है, अपने घरकी ही बात चलती है, उसमे जिज्ञासासे, ध्यान रखकर सुने तो समझमे न आये—ऐसा कैसे हो सकता है? 'मुझे समझमे नहीं आयेगा'—ऐसी जो कल्पना कर रखी है वह भी एक महान शल्य है। मैं स्वतः ज्ञायकस्वभाव हूँ, मेरी समझमे न आये ऐसी कौन सी बात है? यह ऐसी वस्तु है जो समझमे आ सकती है, इसलिये समझमे नहीं आती—ऐसी शल्यको निकाल देना चाहिये।

जितना केवलज्ञानियोंने जाना है उतना ही ज्ञाता-सामर्थ्यरूप तू है; केवलीके ज्ञानमे आत्माका स्वरूप जितना ज्ञात हुआ है उतना उनकी वाणीमे नहीं कहा गया, केवली भगवानका सामर्थ्य अनन्त-अपार है।

जितना केवली भगवानका आत्मा है उतना ही सामर्थ्यवान् तेरा चैतन्य भगवान आत्मा है, तो फिर तू अपनेको क्यों नहीं जान सकता? तेरी जाति यदि तुझे समझमे न आयेगी तो फिर उसे कौन समझेगा? नाशवान घरकी सम्पत्तिकी क्यों पूरी खबर होती है? तो फिर नित्यानन्द स्वभाव-घरकी सम्पत्ति समझमें नहीं आयेगी—ऐसी शल्य निकालकर समझनेका प्रयत्न करना चाहिये।

वस्तु द्रव्यसे, गुणसे और पर्यायसे शुद्ध है, निरंजन है, एक ही प्रकारसे है। वह शुद्ध कारणपर्याय अपूर्ण नहीं है, विकारी नहीं है किन्तु परिपूर्ण है; पर्यायदृष्टिसे वह पर्याय अप्रगट है और द्रव्यदृष्टिसे प्रगट है। जो वस्तु होती है उसका वर्तमान भी होता है, वस्तुका सहज वर्तमान सो उसकी शुद्ध पर्याय है।

पहले कहा था कि जो परिणमित हो वह कर्ता है। यहाँ उपयोग अज्ञानरूप होकर परिणमित हुआ, इससे वह जिस भावरूप परिणमित हुआ उस भावका उसे कर्ता कहा। इस प्रकार उपयोगको कर्ता जानना। यद्यपि शुद्ध द्रव्यार्थिकनयसे आत्मा कर्ता नहीं है तथापि उपयोग और आत्मा एक वस्तु होनेसे अशुद्धद्रव्यार्थिकनयसे आत्माको भी कर्ता कहा जाता है। परमार्थसे तो उपयोग शुद्ध, निरंजन है, तथापि अशुद्ध, सांजन अनेकत्वको प्राप्त होता हुआ जिन-जिन भावोंको स्वतः करता है उन-उन भावोंका वह उपयोग कर्ता होता है।

इसप्रकार उपयोगको कर्ता जानना चाहिये। उपयोगमें मलिनता होती है वह अज्ञानभावसे है। स्वभावदृष्टिसे, शुद्धद्रव्यार्थिकदृष्टिसे आत्मा राग-द्वेष और भ्रान्तिका कर्ता नहीं है। अशुद्ध द्रव्यार्थिकदृष्टिसे आत्मा विकारका कर्ता होता है, उपयोग और आत्मा एक ही हैं पृथक् नहीं हैं, इसलिये आत्माको भी विकारका कर्ता कहा जाता है। शुद्ध-द्रव्यार्थिक शुद्धदृष्टि संसारभावकी नाशक है किन्तु कर्ता नहीं है।

यह कर्ताकर्म अधिकार चल रहा है। कर्ता अर्थात् होनेवाला कौन है और उसमें क्या होता है? यह बात चल रही है। मिट्टी होनेवाली है और घड़ा होता है, होनेवाला कर्ता है और जो होता है

वह कर्म है। कुम्हार कर्ता है और घडा कार्य है—ऐसा कर्ताकर्म सम्बन्ध नहीं है, मिट्टी उपादान है और कुम्हार निमित्त है। (कर्म अर्थात् कार्य–क्रिया)

आत्मा स्वत अपने कार्यरूप होनेवाला कर्ता है और आत्माका यथार्थ कार्य सो स्वभावकार्य है। विकल्परहित श्रद्धा–ज्ञान–रमणता करना वह आत्माका वास्तविक कार्य है। निर्मल श्रद्धा–ज्ञान–चारित्र स्वभावकार्य है। अज्ञान अवस्था कर्ता और पुण्य–पापके भाव वह कर्म—वह विभावकार्य है। आत्मा जडका कर्ता और जड आत्माका कार्य हो—इसप्रकार कर्ता–कार्य (कर्म) नहीं हैं। आत्मा करनेवाला अर्थात् होनेवाला है और वीतरागभाव उसका वास्तविक कार्य है। कारणपर्याय कारण है और जो निर्मल पर्याय प्रगट हो वह कार्य है।

द्रव्य–गुण और शुद्ध कारणपर्यायरूप पूर्ण शक्ति पर अभेददृष्टि डालनेसे स्वाश्रयके बलसे निर्मल उत्पादरूप कार्य प्रगट होता है। निर्मल सम्यग्ज्ञान, सम्यक्प्रतीति और सम्यक्चारित्र वह स्वभावकार्यपर्याय है। वस्तु प्रवर्तन करते-करते त्रिकाल प्रवर्तमान रहती है वह स्वभाव कारणपर्याय है–अनादि अनन्त है। वस्तु ध्रुव है, वस्तुका गुण और उसकी शक्तिरूप कारण शुद्ध पर्याय प्रति समय अनादि अनन्त ध्रुव है, इसका मनन करनेसे स्वभावपर्याय प्रगट हो वह सादि-सांत कार्यपर्याय है।

द्रव्य, गुण और उसकी कारणपर्याय सो निश्चय है; उन तीनों पर अभेददृष्टि डालनेसे और उनमें एकाग्र होनेसे निर्मल श्रद्धा, ज्ञान और चारित्र प्रगट होता है वह सद्भूत व्यवहार है। वस्तुस्वभावरूप जैनदर्शनकी यह सर्वोत्कृष्ट मूल बात है।

धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय और काल–वे सभी वस्तुएँ, उनके गुण और उनकी पर्याय भी निर्मल ही है। परमाणु स्वत वस्तु, उसका गुण और उसकी वर्तमान पर्याय भी निर्मल ही है, परमाणु स्वत सर्व प्रकारसे निर्मल है, परन्तु उसमें दो प्रकारके विभाव भी होते हैं—परमाणुकी स्कन्धरूप अवस्था होती है

वह एक प्रकारका विभाव है और परमाणु एकत्रित होकर आत्माकी विभावपर्यायको निमित्त करके कर्मरूप परिणमित होते हैं वह दूसरे प्रकारका विभाव है। स्वाधीन परमाणुमे वस्तु, वस्तुका गुण और उसकी पर्याय—तीनों निर्मल हैं। पाँचों द्रव्योंकी स्वाभाविक पर्याय निर्मल है तो फिर शुद्धनयसे आत्माकी ध्रुवशक्तिमें कारणशुद्धपर्याय क्यों निर्मल नहीं होगी? होगी ही। आत्मामें जो राग द्वेषकी और भ्रान्तिकी मलिन पर्याय होती है वह पर्याय मूल स्वभावरूप नहीं है, किन्तु विकारी है; संसार और मोक्षमार्ग–मोक्षपर्याय भी अनित्य है, सापेक्ष है–व्यवहार है। इसलिये आत्मामे मूल स्वभावरूप निर्मल कारणपर्याय नित्य निश्चयसे होना चाहिये।

पुनश्च, अन्य द्रव्योंमें पर्यायकी प्रगटरूप निर्मलता है, उसीप्रकार यदि आत्मामें भी प्रगट निर्मलता हो तो संसार कैसे हो सकता है? नहीं हो सकता। इसलिये आत्माको कारणशुद्धपर्यायमें जो निर्मलता है वह प्रगट नहीं है किन्तु अनादि–अनन्त स्वभावाकारसे है, जैसे सापेक्ष पर्याय प्रगट है उसीप्रकार यह निरपेक्ष पर्याय प्रगट नहीं है, न प्रगट होगी किन्तु अप्रगट शक्ति है।

वस्तु स्वतः सामान्य है। जो सामान्य हो उसका विशेष भी होना चाहिये, वस्तुका विशेष वस्तुकी जातिका होता है अन्य जातिका नहीं होता, सामान्य–विशेष मिलकर वस्तुका परिपूर्ण अखण्डस्वरूप होता है। वस्तु हो और उसकी पर्याय पूर्ण निर्मल न हो तो वस्तु ही निर्मल नहीं हो सकती। दूसरे पदार्थोंकी अवस्था निर्मल है और आत्मद्रव्यका द्रव्यस्वभावमे क्या अपराध! कि आत्माकी कारणपर्याय निर्मल न हो? होगी ही। पुनश्च, वह पर्याय प्रगट निर्मल हो तो संसार–मोक्ष होगा ही नहीं परन्तु संसार–मोक्ष दिखाई देता है और है, इसलिये आत्मामे स्वभावाकार पर्याय अप्रगट शक्तिरूप है, शुद्धद्रव्यार्थिक-नयका विषय है।

यह विषय सूक्ष्म है। आत्मामें यह वर्तमान पूर्ण निर्मल शक्ति-

रूप—कारण शुद्ध पर्यायरूप अंश विद्यमान न हो तो चैतन्यवस्तु पूर्ण-स्वरूप नहीं हो सकती लेकिन उसमें खण्ड पड़ जाते हैं। द्रव्य, गुण शुद्ध और उसका स्वाकार पर्यायविशेष भी (शुद्धनयसे) शुद्ध, वे तीनों मिलकर अखण्ड सम्पूर्ण वस्तु है वह आध्यात्मिक शैलीका शुद्धनयका विषय है—सम्यग्दर्शनका विषय भी ऐसा पूर्ण स्वरूप है।

कारणपर्याय स्वाकार परिणामी होनेसे किसी अपेक्षासे परिणामी है; द्रव्य और गुण भी कथंचित् परिणामी हैं। पर्यायदृष्टिसे सापेक्ष पर्याय प्रगट है और निरपेक्ष पर्याय अप्रगट है। द्रव्यदृष्टिमें प्रगट-अप्रगटका भेद नहीं है, द्रव्यदृष्टिमें वस्तु, वस्तुका गुण और उसकी कारणपर्याय प्रगट ही है। स्वरूपसे प्रत्यक्ष ही है, शुद्ध द्रव्यदृष्टिका विषय है और वही पूर्णरूप शुद्ध आत्मा सम्यग्दर्शनका विषय है सापेक्ष पर्याय गौण है वह व्यवहारनयका विषय है।

हीरा सान पर चढ़ता है, उसकी रज भी यदि कोई ले जाये तो लाभका ही कारण है। इसप्रकार यह बात अपूर्व है।

जैसे, चार अरूपी पदार्थ और पुद्गल परमाणु—इन पदार्थोंमें वर्तमान प्रवर्तित पर्याय प्रगट न हो तो परिणमन न हो, इसलिये वर्तमान परिणमित शुद्ध पर्याय इन पदार्थोंमें प्रगट ही है, क्योंकि इन पदार्थोंमें अशुद्धता नहीं है। उसीप्रकार आत्मामें यदि उत्पाद-व्ययरूप प्रगटरूपसे निर्मलता हो तो गुरु और शिष्य, साधकदशारूप मोक्षमार्ग आदि कुछ भी नहीं रहते। उपदेश देना, समझाना-समझना आदि कुछ भी नहीं रहता। उत्पादरूप पर्यायमें मलिनता है इसलिये उसे दूर करनेके लिये उपदेश दिया जाता है और इसीलिये शिष्य भी समझनेका प्रयत्न करता है; इसलिये मलिनता है, पर्याय अपेक्षा एकदम प्रगटरूपसे निर्मलता नहीं है। और यदि वस्तु सत्तामें वस्तुके पूर्ण स्वरूपआकारसे विद्यमान वर्तमान अंशरूप निर्मल कारणपर्याय न हो तो पूर्ण द्रव्यार्थिकदृष्टि नहीं होती, पूर्ण निरपेक्ष वस्तु सिद्ध नहीं होती।

आत्मामें मलिन पर्याय होती है वह व्यवहारसे सापेक्ष है। क्षयोपशमभावमे कर्मके अल्प–अधिक विकासकी अपेक्षा है, क्षायिकभावमे कर्म टालनेकी अपेक्षा है, उपशमभावमें कर्मका उपशम होनेकी अपेक्षा है—वे सभी पर्यायमे अनित्य, सापेक्ष हैं; मति–श्रुत–अवधि-मन.पर्यय ज्ञानकी पर्यायें भी सापेक्ष हैं। यह कारणपर्याय तो मात्र पारिणामिकभावकी वात है।

आत्मा द्रव्यसे, गुणसे और कारणशुद्धपर्यायसे निर्मल है। इन तीनोंकी अभेददृष्टि करके मनन करनेसे स्वभावपर्याय प्रगट होती है। यदि द्रव्य-गुण निरपेक्ष हैं तो ऐसी पर्याय भी निरपेक्ष होना चाहिये; कारणपर्याय न हो तो वस्तु न हो और सापेक्ष पर्याय न हो तो संसार–मोक्ष न हों। यदि कारणपर्याय निर्मल न हो तो मोक्षकी निर्मल पर्याय प्रगट ही न हो; द्रव्य-गुण और कारणपर्याय तीनों निर्मल न हों तो मोक्षकी निर्मल पर्याय प्रगट ही न हो और वस्तुकी अखण्डता नहीं होती यह कारणपर्याय भगवान आत्माके विषयमे अनादि–अनन्त है, यह अंश ध्रुव है, ध्रुव स्वरूपमें एकमेक है।

अनादि अन्य वस्तुभूत मोहके साथ संयुक्तरूप अर्थात् उसमें युक्त होनेसे मिथ्यादर्शन, अज्ञान और अविरतिरूप भाव उत्पन्न होते हैं। परको अपनेरूप माननेका मिथ्याभाव, स्वत.को जानना छोड़कर मात्र परका ही विषय करे वह अज्ञान, स्वमें एकाग्रतासे च्युत होकर परमें एकाग्रता करे वह अस्थिरता—यह तीनों विकारी परिणाम मोहमें युक्त होनेसे उत्पन्न होते हैं।

यद्यपि परमार्थसे तो उपयोग अर्थात् आत्माकी निर्मल अवस्था, उपयोग अर्थात् चैतन्यव्यापार शुद्ध है, निरंजन है, मलिन नहीं है; द्रव्य-गुणमें तो मल नहीं है, परन्तु अवस्थामें भी मैल नहीं है। अनादि निधन वस्तु, उसके गुण और उसकी ऐसी कारणपर्याय–तीनों शुद्ध हैं। इस कारण शुद्ध अंशको परिणति कहा जाता है, किन्तु वह अप्रगट है, तथापि लब्ध जैसा नहीं; लब्ध तो उसे कहा जाता है कि पहले

प्रगट नहीं था और पश्चात् प्रगट हुआ। इस कारणपर्यायमें ऐसा नहीं है, यह पर्याय तो अनादि-अनन्त वस्तुदृष्टिसे प्रगट ही है।

द्रव्य और गुण भी किसी अपेक्षासे परिणामी हैं। द्रव्यमें प्रतिक्षण जो उत्पाद-व्यय होता है वह द्रव्य-गुण स्वतः ही परिणमित होकर उत्पाद-व्यय होता है; ऐसा नहीं है कि द्रव्य-गुण पृथक् रह जायें और उत्पाद-व्यय उनके आधारके बिना उत्पन्न हों। द्रव्य-गुणके ही आधारसे उत्पाद-व्यय होता है, इसलिये द्रव्य-गुण भी किसी अपेक्षासे परिणामी हैं। द्रव्य और गुणको सदृश-एक समान परिणमनकी अपेक्षासे परिणामी कहा है। इसप्रकार द्रव्य-गुण भी कथंचित् परिणामी हैं। वस्तुका वर्तमानमे प्रवर्तित ध्रुव अंश उसकी कारणपर्याय है।

जिसप्रकार द्रव्यकी कारणपर्याय है वैसे ही ज्ञान-दर्शनादि अनन्त गुणोंकी कारणपर्याय है। द्रव्यका वर्तमान अंश द्रव्याकारसे परिपूर्ण है वह द्रव्यकी कारणपर्याय है और ज्ञान, दर्शन आदि अनन्त गुणोंका वर्तमान अंश गुणाकारसे परिपूर्ण है, वह गुणकी कारणपर्याय है और वे शुद्ध निश्चयनयके विषय हैं।

शुद्ध पर्यायको निरंजन कहा है और अशुद्ध पर्यायको सांजन कहा है; शुद्ध पर्याय एक प्रकारसे कही है और अशुद्ध पर्याय अनेक प्रकार कही है, यह उपयोग अनेक प्रकारसे-तीन प्रकारसे होता हुआ, अज्ञानी होता हुआ, कर्तृत्वको प्राप्त करता हुआ विकाररूप-दोषरूप-मलिनरूप-बन्धनभावरूप जिन-जिन अवस्थाओंको करता है, उनसे स्वभावदृष्टिसे च्युत होकर उन भावोंका कर्ता होता है।

अब, एक दूसरी बात लेते हैं। धर्मास्ति, अधर्मास्ति, आकाशास्ति और काल-ये चार द्रव्य तो स्वतंत्र हैं, एक ही प्रकारसे हैं, उनमें विकार नहीं होता और पुद्गलपरमाणुमे दो प्रकारका विकार होता है। एक प्रकार तो यह कि परमाणु परमाणुके साथ एकत्रित होकर स्कन्ध होता है, वह विकार है और जीवके विकारभावको निमित्त करके पुद्गलपरमाणु कर्म स्कन्धरूप परिणमित होता है। वह दूसरे

प्रकारका विकार है। वैसे ही आत्मामें कर्मकी अपेक्षाकी ओरके दो प्रकारके भाव होते हैं, (१) पर्याय अपेक्षा स्वतः कर्मनिमित्तकी ओर झुकाव करनेसे औदयिक भाव विभाव होते हैं। (२) दूसरे भावमें आंशिक या सर्वांश कर्मके अभावकी अपेक्षा है—वह क्षायोपशमिक, औपशमिक और क्षायिक भाव है। उन भावोंको कर्मके अभावकी अपेक्षासे निश्चयमें विभाव कहा है, व्यवहारनयसे सापेक्ष पर्याय है। जिसप्रकार पुद्गलमें दो प्रकारका विभाव है उसीप्रकार आत्मामें भी इसप्रकार दो जातिका विभाव है. पुद्गलकी अपेक्षा आत्माका स्वभाव विरुद्ध जातिका है इसलिये दूसरे प्रकारके दो विभाव लिये हैं, आत्मामें जो दो विभावभाव लिये हैं उनमेंसे एकमें कर्मके निमित्तके सद्भावकी अपेक्षा है और दूसरेमें कर्मनिमित्तके अभावकी अपेक्षा है। एकमे अस्तिकी और दूसरेमें नास्तिकी अपेक्षा है। यहाँ क्षायोपशमिक, उपशम और क्षायिक भाव हैं तो स्वभाव, परन्तु अपेक्षासे विभाव कहा है और अनित्य उत्पाद-व्यय पर्यायरूप होनेसे उसके आलम्बनसे रागकी उत्पत्ति होती है इस अपेक्षासे उसे विभाव कहा है और त्रिकालिक परमपारिणामिक द्रव्यको स्वभावभाव कहा है क्योंकि उसीका आश्रय करनेसे निर्मल पर्याय प्रगट होती है–और मलिनताका नाश होता है।

उदय–उपशमादि चार भाव हैं वे अपेक्षित भाव हैं, इसलिये उन भावोंका पर्यायार्थिकनयमें समावेश होता है। द्रव्य, गुण और निरपेक्ष कारण पर्याय–उन तीनों पारिणामिक स्वभावका द्रव्यदृष्टिमें समावेश होता है। द्रव्यार्थिकदृष्टि और पर्यायार्थिकदृष्टि वे दोनों मिलकर सम्पूर्ण प्रमाण होता है।

उदयभाव, उपशमभाव, क्षयोपशमभाव, क्षायिक भाव—इन चारको नियमसार शास्त्रमे कहीं-कहीं विभावभाव कहा है। उपशम, क्षयोपशम, क्षायिकभावको गौण करके परकी अपेक्षासे रहित मात्र स्वभावभाव है उसे शास्त्रमे पारिणामिकभाव कहा है—ज्ञायकभाव कहा है। जो परिणमित हो वह कर्ता है; जो अवस्थामे परिवर्तित

होनेवाला है वह स्वतः आत्मा है; राग–द्वेष और विकारी भावरूप होनेवाला अज्ञानी आत्मा है। उपयोग अभानरूप होकर परिणमित हुआ है, दृष्टि विपरीत है इससे पर्याय मलिन हो जाती है, उसका अज्ञानी कर्ता होता है। बन्ध–मोक्ष भी व्यवहारसे है, परन्तु परमार्थसे तो बन्ध–मोक्ष भी नहीं है। व्यवहारनयका ज्ञान करके शुद्ध द्रव्यार्थिक नयको आदरणीय जानकर उसके विषय पर आरूढ़ होनेसे क्रमशः अशुद्ध परिणतिका अभाव होता है।

अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय अर्थात् अशुद्ध अवस्था आत्मामे होती है, उस अपेक्षासे अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय कहा है। उस अपेक्षासे आत्माको विकारका कर्ता भी कहा है। वर्तमान उपयोगकी अवस्था विकारी होनेसे उस वस्तुका अंश वस्तुमें गिनकर आत्माको अशुद्धनयसे विकारका कर्ता कहा जाता है; अज्ञानदशामे तीन प्रकारके परिणाम विकारका कर्तृत्व जिस जीवको हो उस समय, जड़ कर्मके रजकण अपने आप ही कर्मरूप परिणमित होते हैं; आत्मा उसका कर्ता नहीं है।

शुद्धद्रव्यार्थिकनयके विषयमें राग–द्वेषका करना या उसे टाल देना, कुछ नहीं आता। यद्यपि द्रव्यार्थिकका विषय शुद्धद्रव्यका आलम्बन करनेसे राग–द्वेष दूर अवश्य हो जाते हैं, किन्तु शुद्धद्रव्यार्थिकनयके विषयमे राग–द्वेपको दूर करना नहीं है परन्तु अखण्ड द्रव्यको लक्षमें लेना है। शुद्धद्रव्यार्थिक अर्थात् शुद्धद्रव्य ही जिसका प्रयोजन है, किन्तु पर्याय उसका प्रयोजन नहीं है, पर्याय तो पर्यायार्थिकनयका प्रयोजन है। यह बात सूक्ष्म है परन्तु इसे चिंतन पूर्वक समझना चाहिये। जिस प्रकार मिश्रीका स्वाद लेनेवाला मिश्रीकी एक डलीको मुंहमें रखकर एक गालसे दूसरे गालमे लेता रहता है, उसीप्रकार यदि यह बात कठिन प्रतीत हो तो भी अभ्यास रखना चाहिये, उसका विचार और मनन करना चाहिये, अन्तरंगसे रुचि होना चाहिये, तब यह बात समझमे आये—ऐसी है।

अब, ऐसा कहते हैं कि—जब आत्माको तीन प्रकारके परिणाम-

विकारका कर्तृत्व हो उस समय पुद्गलद्रव्य अपने आप ही कर्मरूप परिणमित होता है—

जं कुणदि भावमादा कत्ता सो होदि तस्स भावस्स।
कम्मत्तं परिणमदे तह्मि सयं पोग्गलं दव्वं ॥ ९१ ॥

यं करोति भावमात्मा कर्ता स भवति तस्य भावस्य ।
कर्मत्वं परिणमते तस्मिन् स्वयं पुद्गलं द्रव्यम् ॥ ९१ ॥

अर्थः—आत्मा जिन भावोंको करे उनका वह कर्ता होता है; कर्ता होने पर पुद्गलद्रव्य अपने आप कर्मरूप परिणमता है।

आत्मा पुण्य-पापके भाव करे उनका वह कर्ता होता है तथा वे भाव उसका कार्य होते हैं; और कर्ता हो वहाँ कर्मके रजकण अपने आप ही कर्मकी अवस्थारूप होते हैं; कर्मकी जो भिन्न-भिन्न अवस्थायें होती हैं वह सब आत्माके भावोंको निमित्त करके अपने आप ही परिणमित हो जाती हैं।

जैसे—जहाँ आम बोया हो वहाँ पानी सींचनेसे आम अपने आप आमरूप परिणमित होता जाता है, पानी उसे परिणमित नहीं कर देता, यदि पानी आमको परिणमित कर देता हो तो जिन-जिन वृक्षोंमें पानी सींचा जाये वहाँ सब जगह आम ही उगना चाहिये, किन्तु जिसका जिसप्रकारका बीज हो उसीप्रकार वह परिणमता है; इससे सिद्ध हुआ कि पानी उसे परिणमाता नहीं। उसीप्रकार आत्मामें राग-द्वेषके परिणामोंका निमित्त पाकर जो रजकण कर्मरूप होने योग्य हों वे अपने आप ही तुरन्त कर्मरूप परिणमित हो जाते हैं।

यह कर्ताकर्मका अधिकार है। आत्मा क्या कर सकता है? आत्मा अपना करता है कि जड़का कुछ करता है? जड़का तो आत्मा कुछ कर नहीं सकता। यदि होगा तो अज्ञान भावसे अपने विकारी भावोंका कर्ता होता है। आत्मप्रदेशके साथ एकक्षेत्रावगाही कर्मके रजकण पड़े हैं, उनका भी आत्मा कर्ता नहीं है तो फिर स्थूल देहादि बाह्यपदार्थोंका कर्ता तो होगा ही कहाँसे?

कर्म कहीं आँखोंसे दिखाई नहीं देते, शास्त्रने कहा है कि कर्म हैं, तू जैसे भाव करेगा उसीप्रकारके कर्म बँधेंगे। दया, भक्ति, पूजादिके शुभभाव करनेसे पुण्यकर्मका बंध होता है और हिंसा, झूठ चोरी, अब्रह्मचर्य आदि अशुभभाव करनेसे पापकर्म बँधते हैं—वैसा शास्त्रोंमें कहा है वह माना, तो अब, शास्त्रकार दूसरी ओरसे ऐसा भी कहते हैं कि तू जड़कर्मका और देहादिक बाह्य पदार्थोंका कर्ता नहीं है तो फिर उसे भी मान।

क्रोधादिके भाव करे तो नवीन कर्मबन्ध हो, उन कर्मोंके फलमें भविष्यमे प्रतिकूलताके साधन मिलते हैं, उन प्रतिकूलताके संयोगोंके समय यदि तीव्र क्रोधादि भाव न करे किन्तु मन्द कषाय करे तो शुभभाव हों, पुण्यबन्ध हो, और यदि तीव्र क्रोधादि भाव करे तो पुनः पापबन्ध होता है। अनादिकालसे ऐसेका ऐसा कर्मोंका चक्र चला आ रहा है। क्रोधादिभाव किये उनका फल वास्तवमें तो उसी क्षण आ जाता है, आकुलता की और क्षमागुणका हनन हुआ, उस आकुलताका वेदन उसे उसी क्षण हो जाता है। कषाय और भ्रान्ति होनेमे घाति-कर्मका निमित्त है, प्रतिकूलता होनेमें अघातिकर्मका निमित्त है।

अवगुणका भाव बढाता रहे तो प्रतिकूलताके संयोगके समय उसे द्वेष होता है, प्रतिकूलताके संयोगके समय उपचारसे ऐसा कहा जाता है कि यह प्रतिकूलता दुःखका कारण है किन्तु स्वतः अवगुणका भाव न छोड़े तो प्रतिकूलतामे उसे दुःख होता रहेगा। पूर्वमे किसीको इष्ट-अनिष्ट माना हो इसलिये राग-द्वेष अज्ञान नहीं है क्योंकि पूर्वका तो वर्तमानमे अभाव है, स्वतः वर्तमानमें सम्यक् पुरुषार्थ नहीं करता इससे प्रतिकूलताके संयोगके समय द्वेष करता है तो होता रहता है।

परद्रव्यके आलम्बनसे राग-द्वेष, क्रोध-मानादिके अशुद्धभाव होते हैं। स्वतः रागादिभाव किया, उसके निमित्तसे जो कर्मयोग्य पुद्गल हैं वे स्वयमेव बँधते हैं, आत्मा उनका कर्ता नहीं है। कर्म परवस्तु है, किसी वस्तुका कर्ता कोई परवस्तु नहीं हो सकती।

तू अपना ज्ञान कर और परका ज्ञान कर—ऐसा तेरा स्वपर-प्रकाशक स्वभाव है, स्वपर-प्रकाशक स्वभावका ज्ञान करानेके लिये परवस्तुका कथन किया है, परन्तु परको अवस्थाका जीव कर्ता है ऐसा नहीं कहा है। जड़कर्म है—ऐसा कहाँसे जाना? शास्त्रमे जाना कि कर्म है; तो फिर शास्त्रकार कहते हैं कि कर्मको तू कर नहीं सकता, अब इस बातको मान और अपनी बातको बदल दे।

कोई कहे कि यदि कर्म बाधक न हो तो जीव जहाँ तक असञ्ज्ञीरूपसे है वहाँ तक पुरुषार्थ क्यों नहीं होता? वहाँ भी स्वतः अपने वीर्यके द्वारा अशुद्ध भावको ही तीव्र-मन्द करता जाता है इससे अपूर्व पुरुषार्थ नहीं होता, किन्तु पुरुषार्थ करनेमे जड़ कर्म आड़े नहीं आते, जीव असंज्ञीपनेमेंसे ऊपर आता है वह भी अपने रागादि कम करनेके पुरुषार्थ द्वारा ही आता है। कर्म उसे ऊपर नहीं ला देते; अपना वीर्य (—पुरुषार्थ) कषायकी मन्दता करनेमे युक्त होता है इससे ऊपर उच्च गतिमे आता है; किन्तु न तो कर्म उसे बाधा करते हैं और न ऊपर लाते हैं, अपनी अशुभ परिणतिसे नीची गतिमें जाता है और शुभ परिणतिसे उच्च गति प्राप्त होती है। शुभसे पुण्यबन्धन है धर्म नहीं है लेकिन वे कर्मके अनुसार नहीं हैं।

भाई! यह बात समझने योग्य है; दुकान पर बैठा हो तो ऊँघ नहीं आयेगी उत्साहवान रहेगा और यहाँ समझनेके उत्तम समयमें कुछ भी उत्साह क्यों नहीं है, किन्तु भाई! यह अनन्तकालके चक्करको दूर करनेका समय है इसलिये सत्स्वरूपकी तीव्र जिज्ञासा कर! मनन कर! विचार कर! पुरुषार्थ कर! वैराग्य प्रगट कर! और अन्तरमे निःशंक स्थिर हो—तभी यह मनुष्यभव सफल है। यदि इस जीवनमें कुछ नवीन नहीं किया, अपूर्वता न की तो यह जीवन न मिलनेके ही बराबर है; कुत्ते और कौवे सभी पैदा होते और मरते हैं, परन्तु इस जीवनमे यदि कोई अपूर्वता हुई, अन्तरोन्मुखता हुई तभी इसको सफलता है।

जब यह आत्मा अज्ञानभावसे हिंसा-झूठ, पूजा-भक्तिके भाव

करे उस समय कर्म अपने आप बँधते हैं; किन्तु उनका कर्ता आत्मा नहीं है।

जिसप्रकार मंत्र साधक स्वत' मंत्रके भावरूप परिणमित होता हुआ मंत्रके भावको करता है, सर्प विष उतारनेका मंत्र इसप्रकार जपना चाहिये, बिच्छूका मंत्र ऐसा है—उस भावमे स्वत ही परिणमित होता है, सामनेवाले मनुष्यका विष उतारनेकी क्रिया स्वतः नहीं करता, परन्तु मंत्रके भाव स्वत' करता है। मंत्रके भाव करे और सामनेवाले व्यक्तिके पुण्यका उदय हो तो तुरन्त सर्पका विष दूर हो जाता है, और पापका उदय हो—असाताका उदय हो तो मंत्रको निमित्त नहीं कहा जाता; यदि पुण्यका उदय हो तो मंत्रको उपचारसे निमित्त कहा जाता है। स्वतः भाव कर सकता है कि इसके सर्पका विष दूर हो जाये, किन्तु वह भाव सामनेवालेका विष दूर करनेकी क्रियाका कर्ता नहीं है, परन्तु विष दूर करनेके मंत्रका भाव सामनेवालेका विप दूर करनेमे मात्र बाह्यकारण–निमित्तमात्र होने पर भी सामनेवालेका विष दूर हो जाता है—ऐसा निमित्त–नैमित्तिक सम्बन्ध है। सामनेवालेके पुण्यका उदय हो तो उसकी वैसी योग्यताके कारण विप उतर जाता है, निमित्त पास हो या दूर हो निमित्त कुछ नहीं कर सकता, निमित्तका निमित्तपना सो प्रतिशत निमित्तमे कार्य करनेवाला है। इसप्रकार स्व-परको स्वतंत्र जानकर स्वसन्मुखता द्वारा ज्ञान–ध्यानमें एकाग्र हो वहाँ कर्मका विष तत्काल दूर हो जाता है, कर्म अपने आप खिर जाते हैं।

मंत्र साधक अपने भावोंको करता है परन्तु सामनेवालेके विषको उतारनेकी क्रिया नहीं करता, स्वत. भाव करे वहाँ सामनेवालेका विष उतरने-योग्य हो तो स्वयमेव उतर जाता है—ऐसा लगभग निमित्त नैमित्तिक सम्बन्ध है। किसीके मंत्र साधनके निमित्त पाकर स्त्रियाँ स्वयं विडम्बनाको प्राप्त होती हैं, सिर धुनने लगती हैं, जो स्त्रियाँ ऐसी योग्यतावाली हों उनके वह विडम्बना होती है, जिनके पापका उदय हो उन स्त्रियोंको वैसी विडम्बना होती है। मंत्र साधक जब

मंत्रकी साधना करे उस समय वे स्त्रियाँ स्वयमेव धुनने-पीटने लग जाती हैं, मंत्र साधक उनसे वह नहीं कराता, और फिर मंत्र साधनेसे तो कभी वन्धन भी टूट जाते हैं।

भक्तामरसे भगवानकी स्तुति करने पर मानतुंग आचार्यकी वेड़ियाँ कट गईं, जिनेन्द्र भगवानकी स्तुति करने लगे कि हे प्रभु! तुम सर्व पापोंके नाशक हो, ज्ञानके सागर हो; वीतरागताके पिण्ड हो। हे नाथ! जिसने आपका स्वरूप देख लिया है उसका मन जन्म-जन्मान्तरमे भी कहीं जानेवाला नहीं है, हे प्रभो! आपको देखनेसे जिसका मन मोहित हो गया है उसका मन हरनेके लिये जगतमें कोई पदार्थ समर्थ नहीं है।

हे देव! जो आपका दर्शन एकाग्र-चित्तसे करता है उसके हृदयमे जो संतोष होता है वैसा संतोष उसे अन्यत्र नहीं मिलता, हे प्रभु! देवेन्द्रों और नरेन्द्रोंके मणि-रत्नोंके मुकुट आपके चरण-कमलोंमें झुक रहे हैं, हे प्रभु! आप देवाधिदेव हो—आदि प्रकारसे भगवानके ऊपर वहुमान आनेसे, स्तुतिका शुभभाव होनेसे वेड़ीके वन्धन टूट गये; शुभभावका और पुण्यके उदयका मेल होनेसे निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्धका मेल हुआ और वन्धन टूट गये। धर्मात्मा-गुणी हो उसके वन्धन टूट ही जाते हैं—ऐसा कोई नियम नहीं है, गुणी हो या न हो किन्तु पुण्यका उदय हो तो शुभभावोंका मेल होनेसे वन्धन टूट जाते हैं—प्रतिकूलता हट जाती है।

उसीप्रकार यह आत्मा अज्ञानके कारण मिथ्यादर्शनादि भावरूप स्वतः ही परिणमित होता हुआ, मिथ्यादर्शनादि भावोंका कर्ता होता है। परवस्तु मुझे लाभ करे, मैं परको लाभ कर सकता हूँ-पर मुझे हानि पहुँचा सकते हैं और मैं परको हानि पहुँचा सकता हूँ—ऐसी विपरीत श्रद्धा, विपरीत ज्ञान और विपरीत आचरण—ऐसे भावोंका कर्ता अज्ञानी होता है। वे विपरीत श्रद्धा-ज्ञान-आचरणके भाव पुद्गल द्रव्यको कर्मरूप परिणमित होनेमें अनुकूल होनेसे, निमित्त-

भूत होनेसे, आत्मा कर्ता हुए विना, पुद्गलद्रव्य मोहनीयादि कर्मरूप स्वत: परिणमित होता है।

विपरीत श्रद्धा आदिके भाव कर्मोके बन्धन होनेमें अनुकूल हैं किन्तु तेज धूप हो वह कहीं कर्मको परिणमित होनेमें अनुकूल निमित्त नहीं है; राग-द्वेष करे तो कहीं शरीरकी सुन्दरता नष्ट नहीं होगी किन्तु रागभाव जड़कर्मके परिणमित होनेमें अनुकूल निमित्त है। भ्रान्ति और राग-द्वेष करे उससे कर्म स्वतः ही परिणमित हो जाते हैं; भ्रांति और राग-द्वेष कर्मको परिणमित होनेमे अनुकूल है, किन्तु यदि रोटी खा रहा हो और राग द्वेष भ्रांति करे तो कहीं रोटीके रजकण कर्मरूप परिवर्तित नहीं हो जायेगे। कर्मके योग्य रजकण स्वयमेव परिणमित होते हैं उसमे आत्माके विकारी भावोंका निमित्त है तथापि आत्मा उसका कर्ता नहीं है। कर्मके सूक्ष्म रजकण परद्रव्य हैं, उन्हें बदल देना-परिवर्तित कर देना तेरे हाथकी बात नहीं है, तू अपने भावोंको बदल, दूसरे द्रव्योंको तू नहीं बदल सकता, सभी द्रव्य स्वतंत्र हैं।

भाई या लड़कोंके साथ ममत्व करे कि यह मेरे है और मैं इनका हूँ; हम सब तो एक ही हैं—ऐसा मानता है, किन्तु भाई! तेरे शरीरका प्रत्येक रजकण भिन्न है, कोई नखरूप परिणमित हुए हैं, कोई रक्तरूप परिणमित हुए हैं, कोई दूसरे रङ्गमे परिणमित हुए हैं। आँखकी पुतलीके रजकण काले रङ्ग रूप परिणमित हुए हैं और शरीरकी चमड़ीके रजकण दूसरे रङ्ग रूप परिणमित हुए हैं, इसप्रकार कोई रजकण काले रङ्गमे, कोई सफेद, कोई लाल रङ्गमे परिणमित हुए हैं—इसप्रकार एक ही शरीरमे कितने रङ्ग हैं, देखो न! प्रत्येक रजकणका रङ्ग भिन्न है तो फिर दो भाईयोंका तो कैसे एक रङ्ग हो सकता है। दो भाई कैसे एक हो सकते हैं? बाप और लड़का दो हैं वे एक कैसे हो सकते हैं? इसलिये भाई ममत्वको छोड़! सभी द्रव्य भिन्न भिन्न हैं।

अज्ञानी जीव राग-द्वेषका कर्ता होता है, अनुकूलतामे रागका कर्ता होता है और प्रतिकूलतामे द्वेषका। वे भाव निमित्तभूत होनेसे कार्मणवर्गणाको जीवके विकारका बाह्य कारण मिलने पर वह अपसे

आप अपने भावसे कर्मरूप परिणमित हो जाती है। कोई कहेगा कि जड़में भाव होते हैं? हाँ, जड़में भाव होते हैं; पुद्गलका गुण उसका भाव है, पुद्गलकी अवस्था उसका भाव है पुद्गल स्वतः अपने भावसे परिणमित होता है।

बाह्यमें अनुकूलता मिलना, पैसा, स्त्री, कुटुम्बादि सारी सुविधाएँ मिलना और प्रतिकूलताका संयोग मिलना वह सब कर्मका कार्य बाह्य फल रूप दिखाई देता है; कर्मके सूक्ष्म रजकण कर्मरूप बँधते हैं, उनका फल बाह्यमे अनुकूलता-प्रतिकूलतारूप दिखाई देता है।

अपने भावमें राग हुआ वह नैमित्तिक भाव है, और उस समय कर्मकी उपस्थिति है वह निमित्त है, और जब कर्मका बन्ध होता है तब कर्म उसके अपने भावसे परिणमित होता है—वह कर्मका नैमित्तिक भाव है और आत्माके विकारभावका उस समय निमित्त है। ऐसे निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्धसे कर्म स्वयमेव परिणमित होते हैं; कोई किसीका कर्ता नहीं है॥ ९१॥

अब, ऐसा कहते हैं कि—अज्ञानसे ही कर्म उत्पन्न होते हैं—

परमप्पाणं कुव्वं अप्पाणं पि य परं करिंतो सो।
अण्णाणमओ जीवो कम्माणं कारगो होदि॥ ९२॥

परमात्मानं कुर्वन्नात्मानमपि च परं कुर्वन् सः।
अज्ञानमयो जीवः कर्मणां कारको भवति॥ ९२॥

अर्थः—जो परको अपनेरूप करता है और अपनेको पररूप करता है—वह अज्ञानमय जीव कर्मोंका कर्ता होता है।

नवीन जड़कर्म बँधते हैं ऐसा शास्त्रके उपचारमात्रके कथनको निश्चय मानकर उनका कर्ता अज्ञानी अपनेको मानता है, परन्तु परद्रव्यकी अवस्थाका कर्ता नहीं हो सकता-हाँ, नवीन भावकर्मोंका कर्ता अज्ञानी होता है; परद्रव्यको अपनेरूप मानता है और अपनेको पररूप मानता है। जड़ द्रव्यकी अवस्था जीव नहीं करता क्योंकि दोनों द्रव्य सदा पृथक्-पृथक् हैं।

आज नूतन वर्षका दिवस है, प्रातःकाल व्याख्यानमें सुप्रभातका मांगलिक हुआ था। वर्ष तो अनेक प्रारम्भ होते हैं, और समाप्त भी होते हैं किन्तु आत्मामें अनादिकालसे नहीं प्रगट हुए सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानका सुप्रभात प्रगट हो वही यथार्थ सुप्रभात है, वही यथार्थ मांगलिक है और यथार्थ नूतन वर्ष है, यदि वह प्रभात प्रगट हुआ कि केवलज्ञान प्राप्त होगा ही। स्वतः अपनी ही शरण और अपना ही आशीर्वाद लेनेसे सुप्रभात प्रगट होता है। नूतन वर्षके दिन दौड़धूप करता है और मानता है कि दूसरोंका आशीर्वाद मिले तो मैं सुखी होऊँ, वर्ष सानन्द समाप्त हो—ऐसी पराश्रयकी मान्यता मूर्खतारूप अज्ञानमें होती है।

अज्ञानसे यह आत्मा परका और अपना परस्पर विशेष (अन्तर) न जानता हो उस समय परको अपनेरूप और अपनेको पररूप करता हुआ, स्वतः अज्ञानी होता हुआ कर्मका कर्ता प्रतिभासित होता है।

अज्ञानसे अर्थात् जैसा अपना स्वरूप है वैसा नहीं मानता, परका और अपना अन्तर नहीं जानता इससे वह राग द्वेषका कर्ता होता है। परको अपनेरूप करता है कि—यह रागका भाव आया इससे अच्छा हुआ; रागसे मुझे सुख संतोष हुआ, इसप्रकार रागमें सन्तोष मानता हुआ और अपने स्वरूपको न जानता हुआ विकारभावोंको अपनेरूप मानता है, अपने निर्मल स्वरूपको विकाररूप मानता है, शुभरागरूप विकारसे–व्यवहारसे लाभ मानता है, पुण्य-पाप, शरीर, मन, वाणी–इन सबको अपनेरूप मानता है और अपनेको शरीरादिरूप मानता है—ऐसा अज्ञानरूप हुआ कर्मका कर्ता प्रतिभासित होता है। मेरा स्वरूप अनादि–अनन्त भिन्न है, मैं ज्ञाता तत्त्व हूँ, यह राग-द्वेषके विकारी भाव क्षणिक हैं—वैसा नहीं जानता, इससे उसे ऐसा प्रतिभासित होता है कि कर्मको मैं करता हूँ। यह बात अब और स्पष्टतासे समझाई जाती है:—

जैसे शीत-उष्णका अनुभव करानेमें समर्थ, शीत–उष्ण पुद्गल-

परिणामकी अवस्था पुद्गलसे अभिन्नत्वके कारण आत्मासे निरंतर अत्यन्त भिन्न है, और उसके निमित्तसे होनेवाला उस प्रकारका अनुभव (ज्ञान) आत्मासे अभिन्नत्वके कारण पुद्गलसे निरन्तर अत्यन्त भिन्न है।

शीत और उष्ण अवस्था है वह पुद्गलकी है। अग्निके अंगारेमें उष्णता है वह अग्निसे पृथक् नहीं है किन्तु उसमें एकमेक है, बरफकी ठण्डी अवस्था है वह बरफसे पृथक् नहीं किन्तु उसमे एकमेक है। बरफ ठण्डा है और अग्नि उष्ण है—ऐसा ज्ञान करानेमें समर्थ जो पुद्गलकी अवस्था है वह पुद्गलसे अभिन्न है; पुद्गल आत्माको ज्ञान नहीं कर देता किन्तु पुद्गलमे ज्ञात होने योग्य ज्ञेयशक्ति है इसलिये ज्ञान करानेमें समर्थ कहा है; परन्तु वह ठण्डी-उष्ण अवस्था आत्मासे अत्यन्त भिन्न है।

शरीरमें शीतज्वर या उष्णज्वर आये—वह सब पुद्गलके स्पर्श-गुणकी अवस्था है, वह पुद्गलसे अभिन्न है—एकमेक है; आत्मासे अत्यन्त भिन्न है, अपनी भिन्न सत्ताका ज्ञान करानेमे समर्थ है। आत्मा भिन्न ज्ञाता रहकर ज्ञान करनेवाला है और परद्रव्यकी अवस्था ज्ञेय है। जिसप्रकारकी अवस्था सम्मुख हो वैसा ही ज्ञान होता है परन्तु उल्टा-सीधा ज्ञान नहीं होता—ऐसा ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध है।

ठण्डी-गर्म अवस्था पुद्गलसे एकमेक है और आत्मासे सर्वत्र भिन्न है। ठण्डा बरफ, गर्म भजिये आदि शीत और उष्णत्व पुद्गलसे एकमेक है। ठण्डी और उष्ण अवस्थाके निमित्तसे होनेवाला उस प्रकारका अनुभव अर्थात् उसका ज्ञान भी वैसा ही होता है; ठण्डी अवस्था हो तो ज्ञानमें ठण्डी अवस्था ज्ञात होती है और उष्ण अवस्था हो तो ज्ञानमें उष्ण अवस्था ज्ञात होती है। परन्तु अज्ञानीको ऐसा हो जाता है कि—मेरा ज्ञान ठण्डा अथवा उष्ण हो गया है। इसप्रकार स्व-परको पृथक् न करके एक करता है। अज्ञानी कहता है कि ठण्डी-गर्म अवस्था हमारे शरीरमें असर न करे तो समझें कि ठण्डी और गर्म अवस्था ज्ञानसे पृथक् है; किन्तु वैसा तो नहीं होता। ठण्डी और उष्ण अवस्थाएँ असर तो करती हैं, सुख-दुःख देती हैं। अरे भाई! ठण्ड या

गर्मी तेरे ज्ञानस्वभावमे प्रवेश नहीं कर जाती, शीतल और उष्ण तो पुद्गलकी अवस्थाएँ हैं और ज्ञान उन्हें जाननेवाला है। आत्मा सदा अरूपी ज्ञानस्वभावी है, शरीरसे सदा भिन्न है, रागादिसे कथंचित् भिन्न है और बाह्य पुद्गल द्रव्योंसे भी पृथक् है, उसे शीत या उष्णता असर नहीं कर सकती।

जब ज्ञानकी योग्यता शीत अवस्थाको जाननेकी हो उस समय पुद्गलकी शीत अवस्था सम्मुख उपस्थित होती है और जब उष्ण अवस्थाको जाननेकी योग्यता हो उस समय पुद्गलकी उष्ण अवस्थाकी उपस्थिति होती है। जब शीत अवस्थाकी उपस्थिति होगी उस समय ज्ञानमे शीत ही ज्ञात होगा और जब उष्ण अवस्थाकी उपस्थिति होगी उस समय उष्ण ज्ञात होगा। शीतके समय उष्ण ज्ञात नहीं होगा और उष्णके समय शीत ज्ञात नहीं होगा—ऐसा ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध है, इससे अज्ञानीको ऐसा लगता है कि सामनेवाली वस्तुसे मेरा सम्बन्ध है, मै और वह वस्तु दोनो एक हैं· किन्तु भाई! शीत-उष्ण वस्तुका ज्ञानके साथ मेल है, कहीं वस्तुके साथ मेल नहीं है, परवस्तुके साथ एकमेक नहीं है। शीत-उष्णका उस प्रकारका अनुभव अर्थात् ज्ञान-वह आत्मासे पृथक् नहीं किन्तु एकमेक है। वह ज्ञान आत्माके साथ अत्यन्त एकमेक होनेसे पुद्गलसे अत्यन्त भिन्न है, शीत-उष्ण अवस्थाका पुद्गलके साथ मेल है, परन्तु शीत-उष्ण पदार्थ ज्ञात हों उससे ज्ञान शीत-उष्ण नहीं होता।

वैसे ही उस प्रकारका अनुभव करानेमें समर्थ राग-द्वेष, सुख-दुःखादिरूप पुद्गलपरिणामकी अवस्था पुद्गलसे अभिन्नत्वके कारण आत्मासे सदैव अत्यन्त भिन्न है और उसके निमित्तसे होनेवाला उस प्रकारका अनुभव (ज्ञान) आत्मासे अभिन्नत्वके कारण पुद्गल सदैव अत्यन्त भिन्न है।

जो राग-द्वेष और सुख-दुःखकी अवस्था है वह पुद्गलसे अभिन्न-एकमेक है, ऐसा कहा। ९१ वीं गाथामें कहा था कि राग-द्वेष भावका कर्ता आत्मा अज्ञानभावसे है और यहाँ राग-द्वेषके विकारी

भावोंको जड़में डाल दिया; उसका कारण यह है कि यहाँ दो द्रव्योंको पृथक् बतलाना है। परोन्मुखताके कारण अपनेमे विकारी पर्याय होती है किन्तु वह पराश्रय है-क्षणभंगुर होनेसे अपना स्वभाव नहीं है इसलिये वह जड़की है—ऐसा कह दिया है। यहाँ दो द्रव्योंको पृथक् बतलाते हैं। परके पास स्थित रहनेसे रागादि नहीं होते किन्तु अपनेको भूलकर संयोगमें एकत्वबुद्धि और पराश्रयकी श्रद्धासे विकारभाव करता है; रागादि स्वसे विरुद्ध भाव है इसलिये वह पर ही है। विकारभावसे उत्पन्न होनेवाला कार्य जडका है और उससे मुक्त हो जाना वह चैतन्यका कार्य है, कर्मके निमित्तरूप, ज्ञानभावसे विपरीत भावका होना चैतन्यका स्वभाव ही नहीं है और चैतन्यके स्वभावरूप रहना वह चैतन्यकी स्वभावपर्याय है।

जैसे बरफ या अग्निको जाननेके समय ज्ञान कहीं ठण्डा या उष्ण नहीं होता, उसीप्रकार राग-द्वेष और सुख-दुखकी अवस्थाको जाननेके समय ज्ञान रागी-द्वेषी, सुखमय या दुखमय नहीं होता। उस प्रकारका अनुभव अर्थात् राग हो तब रागको जानता है, शोक हो तब शोकको जानता है, शोकको कहीं राग जानता है? अथवा रागको शोक जानता है? नहीं, वैसा नहीं जानता। जो जैसी अवस्था हो वैसा ज्ञान जानता है—ऐसा ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्ध है, ऐसा स्व-परप्रकाशक ज्ञानका स्वभाव है।

रागके समय रागका ही ज्ञान होता है; वहाँ अज्ञानीको ऐसा भ्रम हो जाता है कि मैं रागमय हो गया, मैं द्वेषमय हो गया, किन्तु भाई! ज्ञानका जाननेका स्वभाव है, करुणाका भाव आये उस समय वैसा ही जानता है और हर्ष या शोकका भाव आये उस समय वैसा ही जानता है। ज्ञानका स्वभाव स्व-पर प्रकाशक है, परको अपना बनानेका स्वभाव नहीं है, किन्तु परका प्रकाशक अर्थात् प्रकाशित करनेवाला है। हर्षके समय शोक नहीं जानता और शोकके समय हर्ष नहीं जानता, किन्तु जैसा हो उसे वैसा ही जानता है—ऐसा ज्ञानका सामर्थ्य है, स्वभाव है। यहाँ तो सम्यग्दृष्टिकी बात है, सम्यग्दृष्टिके जो अल्प

राग-द्वेष होते हैं उनका वह ज्ञाता है किन्तु कर्ता नहीं है, राग-द्वेष और क्रोधको जाननेवाला सदैव पुद्गलसे पृथक् है, ज्ञानकी निर्मलता राग-द्वेषसे सदैव भिन्न है। जैसे शीत और उष्ण अवस्थायें जड़ हैं और जड़के साथ एकमेक हैं परन्तु अज्ञानी उन्हें अपना मानता है, परन्तु मेरे ज्ञानका सामर्थ्य स्व-परको जानना है—वैसा न जाननेसे और राग-द्वेष मेरे हैं ऐसा माननेसे नवीन कर्म बँध जाते हैं।

ज्ञान सूक्ष्म, आत्मा सूक्ष्म, उसका कारण सूक्ष्म और उसका कार्य भी सूक्ष्म है, इसलिये स्वतः सूक्ष्म होकर जाने तो समझमें आये कि स्वतः भी सूक्ष्म है। अपने ज्ञानका स्वभाव स्व-परप्रकाशक है, वैसा न जानकर परको अपना करता है इससे नवीन कर्मबन्ध होता है।

यहाँ कर्ता–कर्मकी बात चल रही है। ज्ञानी परका कर्ता नहीं होता और अज्ञानी होता है।

जैसे पुद्गलमें जो शीत–उष्ण अवस्था है वह पुद्गलसे अभिन्न है, आत्मा उसका ज्ञान करता है किन्तु उस शीत या उष्ण अवस्थामे आत्मा प्रविष्ट नहीं हो जाता, उससे आत्मा अत्यन्त पृथक् है। इसी-प्रकार राग-द्वेष और क्रोधादिके भाव आत्माके नहीं हैं क्योंकि वे भाव क्षणिक हैं, विकारी हैं और आत्मा तो निर्विकार त्रिकालस्थायी है इसलिये वे विकारी भाव आत्मासे पृथक् हैं। मैं ज्ञानस्वरूप हूँ और यह जो विकारी भाव हैं सो मैं नहीं हूँ—ऐसा भेदज्ञान हो जाये तब विकारी भावोंको अपना नहीं मानता। बाह्यके मकानादिकी बात तो दूर रही परन्तु यह तो अन्तरके शुभाशुभ विकारी भावोंको भी भिन्न जाननेकी बात है। ज्ञानी उन्हें भिन्न मानता है, किन्तु अज्ञानी भिन्न नहीं मानता, भला मानता है। अज्ञानी विकारी भावोंका और आत्माका अन्तर नहीं जानता इससे राग-द्वेष सुख-दुःखके भाव और ज्ञानको एकमेक मानता है।

अज्ञानके कारण जब आत्मा उन राग-द्वेष सुख-दुःखादिका और उनके अनुभवका (ज्ञानका) परस्पर विशेष न जानता हो तब एकत्वके

अध्यासके कारण, शीत–उष्णकी भांति अर्थात् जैसे आत्मा द्वारा शीत–उष्णरूप परिणमित होना अशक्य है उसप्रकार जिसके रूपमे आत्मा द्वारा परिणमित होना अशक्य है, ऐसे राग–द्वेष–सुख–दु:खादिरूप अज्ञानात्मा द्वारा परिणमित होता हुआ (अर्थात् परिणमित होना मानता हुआ), ज्ञानका अज्ञानत्व प्रगट करता हुआ, स्वतः अज्ञानमय होता हुआ, "मैं रागी हूँ (अर्थात् मै राग करता हूँ)" इत्यादि प्रकारसे रागादि कर्मोंका कर्ता प्रतिभासित होता है।

जब अज्ञानके कारण आत्मा राग-द्वेष और सुख–दु:खादिका और उनके अनुभवनका अर्थात् ज्ञानका परस्पर अन्तर न जानता हो तब, अर्थात् अज्ञानभावसे एक जानता हो तब एकत्वके अध्यासके कारण रागादि कर्मोंका कर्ता प्रतिभासित होता है—ऐसा कहकर आचार्यदेवने ऐसा कहा है कि राग-द्वेषकी अवस्था चैतन्यमें होती है, उसके साथ परस्पर भेद नहीं जानता—ऐसा कहकर व्यवहार कहा और राग-द्वेष पुद्गलके हैं—ऐसा कहकर दो द्रव्योंको पृथक् कहा। अज्ञानीको राग-द्वेषके ज्ञाताका और राग-द्वेषका अन्तर पाड़ना नहीं आता है, भेद करना नहीं आता है, इससे वह ऐसा न मानकर कि—मैं ज्ञायकमात्र स्वरूप जितना ही हूँ, और राग-द्वेष मैं नहीं हूँ, मैं तो उसका दृष्टा हूँ। त्रैकालिक ज्ञान और क्षणिक रागादिका भेदविज्ञान नहीं होनेसे रागको भला मानता है, अपनेको राग-द्वेषरूप ही मानता है, उसे आचार्यदेव कहते हैं कि जिसप्रकार शीत–उष्णकी भाँति जिसके रूपमें परिणमित होना अशक्य है अर्थात् जैसे आत्मा शीत–उष्ण अवस्थारूप नहीं होता वैसे ही राग-द्वेष और सुख–दु:खादिकी अवस्थारूप नहीं होता। यहाँ ऐसा कहा है कि आत्मा उसरूप होता ही नहीं आत्माका राग-द्वेषरूप होना अशक्य है। जो ज्ञानवान आत्मा है वह रागवान नहीं होता, तो फिर कौन होता है? अज्ञानात्मा द्वारा राग-द्वेष-सुख-दु:खादिरूप परिणमित होता हुआ अज्ञानभावसे उस अवस्थारूप होता है, परन्तु आत्मभावसे उस अवस्थारूप होना अशक्य है।

जिस रूपमें आत्मा द्वारा परिणमित होना अशक्य है, अशक्य अर्थात् शक्य ही नहीं है। दुर्लभ नहीं कहा परन्तु अशक्य कहा है। दुर्लभका अर्थ होता है—दुःख उठाकर प्राप्त भी हो जाये, परन्तु यह तो अशक्य कहा है। उसका तात्पर्य है—किसी भी प्रकार प्राप्त नहीं हो सकता।

प्रश्न—राग-द्वेष तो आत्मामें होते हैं न?

उत्तर—राग-द्वेष अज्ञानभावसे आत्मामें होते हैं किन्तु ज्ञानभावसे आत्मामें नहीं होते, गौणरूप अल्प अस्थिरता होती है, उसकी यहाँ बात नहीं है। यहाँ तो द्रव्यदृष्टिकी बात है।

जो राग द्वेषरूप अवस्था होती है वह ज्ञेय होनेसे आत्माको ज्ञान करानेमें समर्थ है, अर्थात् वह अवस्था ज्ञाताका ज्ञेय होती है और ज्ञानमें वृद्धि करके छूट जाती है। अवस्था ज्ञेय है और उसके निमित्तसे होनेवाला उस प्रकारका अनुभव वह ज्ञान है।

अज्ञानीकी दृष्टि अज्ञानमय हो जाती है—तन्मय हो जाती है, ज्ञानीकी भांति उसकी दृष्टि पृथक् नहीं रहती। अज्ञानी ज्ञानका अज्ञानत्व प्रगट करता है।

अज्ञानी राग-द्वेष-सुख-दुःख और उस प्रकारका अनुभव अर्थात् उस प्रकारके ज्ञानका अन्तर न जाननेसे एकत्वके अध्यासके कारण ज्ञानका अज्ञानत्व प्रगट करता हुआ, स्वतः अज्ञानमय होता हुआ 'मैं रागी हूँ, मैं द्वेषी हूँ' इत्यादि प्रकारसे रागादि कर्मोंका कर्ता प्रतिभासित होता है।

जैसे आत्मा शीत-उष्ण नहीं हो सकता, उसीप्रकार राग-द्वेष और हर्ष-शोक द्वारा आत्माका परिणमित होना अशक्य है। राग-द्वेष क्षणिक हैं और आत्मा तो त्रिकालस्थायी है, इससे आत्माका राग-द्वेषमय होना स्वभावदृष्टिसे अशक्य है, हर्ष-शोकरूप होना आत्माका स्वभाव नहीं है, उसके द्वारा आत्माका परिणमित होना अशक्य है, तथापि अज्ञानात्मा द्वारा परिणमित होता हुआ, परिणमित होना

मानता हुआ क्षणिकभावके समय जैसे मैं ही उस भावरूप हो गया हूँ–ऐसा मानता हुआ अपने ज्ञानका अज्ञानत्व प्रगट करता है।

✓ शरीर–मन–वाणीका कार्य मैं कर देता हूँ ऐसा भाव तो अज्ञान ही है, परन्तु अन्दर जो हर्ष-शोक होता है उसे मैं करता हूँ, वह मेरा स्वभाव है—वैसा मानना भी अज्ञान है। अज्ञानी आत्मा, हर्ष-शोक, सुख-दुःखादिके भाव और मेरा स्वभाव—वे सब एक हो गये हैं—वैसा मानता हुआ परिणमित होता है। मैं ज्ञानस्वरूप हूँ—ज्ञाता हूँ—दृष्टा हूँ,—ऐसा भान न रखकर अज्ञानता प्रगट करता हुआ अज्ञानी होता है। आत्मा शरीरादिरूप और रागादिरूप नहीं होता, तथापि आत्माका जो ज्ञानधर्म है उसमे अज्ञानी अज्ञानता प्रगट करता हुआ –"मैं रागी हूँ, मैं द्वेषी हूँ" इसप्रकार मानता हुआ रागादिका कर्ता होता है।

प्रश्नः—अज्ञानताको इतनी गालियाँ दीं, उसकी अपेक्षा तो जो हरामखोर हो उसे गालियाँ देना चाहिये न?

उत्तरः—अज्ञान जैसी कोई हरामखोरी नहीं है; आत्माका निर्मल स्वभाव जैसा है उसे जबतक वैसा न समझे तबतक उसके समान कोई हरामखोरी नहीं है। स्वतंत्र ज्ञातास्वभावका तिरस्कार करके जगतके अनन्त सत्पदार्थोंको—अनन्त आत्माको पराधीन मानकर आत्महत्या करते हैं। अपनी चतुराईसे मैं पैसा इकट्ठा करता हूँ, मेरी चतुराईसे मैं शरीर-समाज, पैसा, प्रतिष्ठादिका ठीक कर सकता हूँ ऐसी कर्तृत्वकी बुद्धि है वह अज्ञान है। वर्तमानमे भले नीतिके शुभपरिणाम करता हो, परन्तु शुभाशुभ दोनों विकार अशान्ति हैं, आकुलता है, वह मुझे सुखरूप नहीं हैं, किन्तु मेरा ज्ञानमात्र स्वभाव ही मुझे सुखरूप है—ऐसी सम्यक्प्रतीति जहाँतक नहीं हुई वहाँतक भले ही नीतिके शुभपरिणाम करता हो, तथापि संसारबन्धनका पात्र है–मुक्तानन्द स्वभावका पात्र नहीं है क्योंकि इन परिणामोंका कर्ता मैं हूँ, यह रागादि परिणाम मुझे सुखरूप हैं, यह मेरा स्वभाव है,—ऐसी अज्ञानबुद्धि है, इससे भविष्यमे वह अज्ञान विकसित होकर महा अनीति करेगा, महाहिंसा

और झूठका सेवन करेगा। अपने आत्मतत्त्वको न समझने जैसा कोई पाप नहीं है।

साधारण दया पाले, सत्य बोले उसे लोग नीति कहते हैं, वह शुभपरिणाम हैं आत्माका स्वभाव नहीं है। पंचमहाव्रतका पालन करता हो, तो वह शुभपरिणामसे पुण्य है, और उन परिणामोंसे मुझे धर्म होता है, लाभ अथवा सुख होता है—वैसी मान्यता सो अज्ञान है। भले ही नग्न मुनि होकर पंचमहाव्रत आदिके शुभपरिणामोंका सेवन करता हो, परन्तु यदि अज्ञानका शल्य साथमें है तो भविष्यमें वह अज्ञान प्रगट होकर महा हिंसा–झूठमे प्रवर्तन करेगा।

हरामका अर्थ यह है कि आत्माके स्वभावमे राग-द्वेष हराम है, अर्थात् आत्मस्वभावमें राग-द्वेष नहीं खपते।

हरितकायकी दया पाली, कच्चे पानीके एक बूंदका भी उपयोग नहीं किया, शरीरको काटकर नमक छिड़का तथापि किंचित् क्रोध नहीं किया,—इतना सहन करने पर भी यदि ऐसा माने कि मैं परकी दया पालन करता हूँ, परका सहन करता हूँ, परसे मुझे लाभ है, दया, अहिंसाके शुभरागसे या परसे मुझे धर्म है—ऐसी विपरीत मान्यता अज्ञान है।

अपने ज्ञातास्वभावमें जागृत रहना ही निर्मल श्रद्धा–ज्ञान–चारित्ररूप धर्म है, वही सुखरूप है। मेरा स्वभाव ही साम्यस्वरूप—समतास्वरूप है—ऐसा न मानकर परका मैं सहन करता हूँ, परकी दयासे मुझे लाभ होता है, वैसा माननेवाला वर्तमानमें अपने चैतन्यकी हत्या करता है और भविष्यमे अनंत जन्म-मरण धारण करनेवाला है।

धर्मात्मा जीव राग-द्वेषका नाशक है, किन्तु उत्पादक नहीं है; आत्मामे राग-द्वेष, हर्ष–शोकका होना वह पुद्‌गलकर्मके उदयका स्वाद है, उसे जाननेसे आत्मा उसरूप नहीं होता। जैसे कालीजीरीको जाननेवाला कालीजीरीरूप कड़वा नहीं होता और गुड़का जाननेवाला गुड़रूप मीठा नहीं होता, उसीप्रकार पुण्य-परिणाम गुड़ और पाप परिणाम कालीजीरी, पुण्य-पापके परिणामोंको जाननेसे आत्मा उसरूप

नहीं होता। पापके परिणाम तो हलाहल विष समान हैं, परन्तु पुण्य-परिणाम भी विष हैं; जहाँतक वीतराग न हो वहाँतक बीचमें अपूर्णदशामें पुण्यके परिणाम आते अवश्य है, किन्तु वह विकार है, किंचित् मददरूप नहीं है। आत्माका स्वभाव नहीं है इसलिये विष हैं, उस विषको जाननेसे आत्मा उसरूप नहीं होता।

अपने त्रिकाल अविनाशी स्वभावकी अनभिज्ञताके कारण राग-द्वेष और अपने अविनाशी स्वभावके पृथक्त्वका भान न होनेसे, यह राग-द्वेषकी विकारी पर्याय मेरी है—ऐसा अज्ञानी मानता है। उसे ऐसा लगता है कि जो यह विकारी भाव ज्ञात होते हैं उस स्वरूप ही मेरा सम्पूर्ण आत्मा है। मैं त्रिकाल रागी–क्रोधी हूँ, मानी हूँ, दम्भी हूँ, इत्यादि विकारभावयुक्त अपनेको मानता है। आत्मस्वभावकी खबर नहीं है इससे पुण्य करना मेरा कर्तव्य है, विकारीभाव करना मेरा कर्तव्य है—ऐसा वह मानता है।

आत्माके त्रैकालिक ज्ञानस्वभावकी वर्तमान पर्यायमें हर्ष-शोककी क्षणिक अवस्था ज्ञात होती है। जिस ज्ञानके सामर्थ्यमे ठण्डा-गर्म ज्ञात होता है उसी ज्ञानके सामर्थ्यमे राग-द्वेष, हर्ष–शोक भी ज्ञात होते हैं। ज्ञान शीत–उष्णको जानता है तथापि शीत–उष्ण नहीं होता। शीत-उष्णसे मै पृथक् हूँ—ऐसी पृथक् दृष्टि न जाननेसे अज्ञानी ऐसा मानता है कि मैं शीत–उष्ण हो गया हूँ, तथापि कहीं वह शीत–उष्ण नहीं हो जाता। उसीप्रकार मै चैतन्य राग-द्वेषसे भिन्न हूँ, वैसी भिन्न दृष्टि स्वतः नहीं करता इससे अपनेको रागद्वेषरूप मानता है। अज्ञानभावसे अपनेको राग-द्वेषरूप मानता है, तथापि स्वतः सम्पूर्ण आत्मा कहीं राग-द्वेषरूप नहीं हो जाता। यदि सम्पूर्ण आत्मा राग-द्वेषरूप हो जाता हो तो सम्यग्भान द्वारा राग-द्वेषको दूर किया ही नहीं जा सकता।

बहुत बुखार आया हो, तथापि आत्मा गरम नहीं हो जाता। बुखार अधिक बढ़ जाये और कदाचित् देह छूट जाये, आत्मा निकल जाये, तो भी शरीरमें दो घण्टे गर्मी रहती है, यदि आत्मा गर्म हो

गया हो तो जहाँ आत्मा जाये वहाँ साथ ही उष्णता भी जाना चाहिये; परन्तु उष्णता तो मुर्देमें रह जाती है और आत्मा चला जाता है; इसीप्रकार आत्माकी अवस्थामें हर्ष-शोकादि क्षणिकभाव होते हैं वे शीत-उष्ण बुखार जैसे हैं, केवलज्ञान होने पर वह राग-द्वेषरूप मुर्दा छोड़कर आत्मा निकल जाता है।

जिसकी दृष्टि शरीर पर है, जिसे ऐसा लग रहा है कि शरीर मेरा है, शरीर अच्छा हो तो मैं सुखी, लेकिन अतीन्द्रिय चैतन्यके ऊपर दृष्टि नहीं डाली उसे शरीरके जाने पर ज्ञान दब जाता है-अज्ञानी शरीरके साथ अपना नाश मानते हैं। शरीर पर दबाव पड़नेसे असाध्य हो जाता है राग-द्वेष और हर्ष-शोकको अपना माना है, चैतन्यकी प्रतीति और लक्ष्य नहीं किया, उसे भिन्न जाननेकी आकाक्षा भी नहीं की, उसका अन्त समय बिगड़ ही जायेगा। जिसने आत्माकी पहिचान की, आत्मामें दृष्टि डाली, आत्माकी शान्ति-समाधिका अनुभव किया है उसका मरण समाधिरूप उज्ज्वलता पूर्वक होगा, महोत्सव पूर्वक होगा, वह शान्ति-समाधिमें झूलता हुआ, आनन्दका स्वाद लेता हुआ देहको त्यागेगा।

इस प्रकार सम्यग्ज्ञानसे कर्म उत्पन्न नहीं होता—ऐसा अब कहते हैं.—

परमप्पाणकुव्वं अप्पाणं पि य परं अकुव्वंतो ।
सो णाणमओ जीवो कम्माणमकारगो होदि ॥ ९३ ॥

परमात्मानमकुर्वन्नात्मानमपि च परमकुर्वन् ।
स ज्ञानमयो जीवः कर्मणामकारको भवति ॥ ९३ ॥

अर्थः—जो परको अपनेरूप नहीं करता और अपनेको भी पर-रूप नहीं करता वह ज्ञानमय जीव कर्मोंका अकर्ता होता है अर्थात् कर्ता नहीं होता।

धर्मी जीव उसे कहते हैं कि जो पर—राग-द्वेष, हर्ष-शोक, मन, वाणी, देह, कुटुम्ब, मकानादि बाह्य पदार्थोंको अपना नहीं मानता, स्वतः उन भावोंका कर्ता-हर्ता नहीं होता और अपनेको उन परभावोंरूप नहीं करता अर्थात् नहीं मानता। जानना-देखना और स्थिर रहना, उसके अतिरिक्त अपने जीवनका अन्य कर्तव्य स्वीकार नहीं करता।

ज्ञानसे यह आत्मा स्व और परका परस्पर विशेष जानता हो उस समय परको अपनेरूप नहीं करता और अपनेको पररूप नहीं करता, स्वतः ज्ञानमय होता हुआ कर्मोंका अकर्ता प्रतिभासित होता है।

ज्ञान द्वारा यह आत्मा परका और अपना परस्पर विशेष अर्थात् अन्तर जानता हो तब वह—विवेकी ज्ञान और विवेकी पहिचान हो तब—परभावको अपनेरूप न करता हुआ अर्थात् अपना नहीं मानता हुआ, स्वतः ज्ञानमय होता हुआ कर्मोंका तथा रागादि मलिन भावोंका अकर्ता प्रतिभासित होता है। ज्ञानमें दर्शन-ज्ञान-चारित्र तीनोंका समावेश हो जाता है। ज्ञानस्वरूपी आत्माका ज्ञान, उसकी श्रद्धा और उसमें एकाग्र होता हुआ परका कर्ता नहीं होता। पुण्य-पापका कर्तव्य मेरा है ही नहीं, मैं उसका अकर्ता हूँ, ज्ञाता हूँ—इस-प्रकार ज्ञानमय होता हुआ अकर्ता प्रतिभासित होता है, अल्प अस्थिरता होती है किन्तु उसका कर्ता नहीं होता।

जिसप्रकार पुद्गलकी शीत-उष्ण अवस्था पुद्गलसे एकमेक है और आत्मासे अत्यन्त भिन्न है। पुद्गलकी शीत-उष्ण अवस्थाका बाह्यकारण प्राप्त करके उस प्रकारका ज्ञान आत्मासे सदैव अत्यन्त अभिन्न है, एकमेक है; शीत-उष्णका ज्ञान आत्मासे एकमेक है और पुद्गलसे सदैव अत्यन्त भिन्न है।

वैसे ही उस प्रकारका अनुभव करानेमें समर्थ, ऐसी राग-द्वेष, सुख-दुःखादिरूप पुद्गलपरिणामकी अवस्था पुद्गलसे अभिन्नत्वके कारण आत्मासे सदैव अत्यन्त भिन्न है और उसके निमित्तसे होनेवाला

उस प्रकारका अनुभव (–ज्ञान) आत्मासे अभिन्नत्वके कारण पुद्गलसे सदैव अत्यन्त भिन्न है।

राग–द्वेष और काम–क्रोधादिके जैसे विकल्प आते हैं वैसा ही ज्ञान होता है; जैसे विकल्प हों वैसा ही जानता है किन्तु उससे विपरीत नहीं जानता। जैसे कि—क्रोधको मान नहीं जानता और मानको क्रोध नहीं जानता, हर्षके भावको शोकका भाव नहीं जानता और न शोकके भावको हर्षका, उन भावोंमे ज्ञेयशक्ति है और आत्मा उस प्रकारका अनुभव अर्थात् ज्ञान करनेवाला है। राग-द्वेष और सुख–दुःख पुद्गल-कर्मके परिणमनकी अवस्थाएँ हैं, जड़का परिणमन होते होते, उसमेसे परिवर्तित होते–होते राग-द्वेप, सुख-दुःखकी अवस्थाएँ उत्पन्न होती हैं किन्तु आत्माकी अवस्था परिवर्तित होते–होते वे अवस्थाएँ उत्पन्न नहीं होतीं। क्योंकि वे अवस्थाएँ नित्य ज्ञानस्वरूप आत्मामें सदैव अत्यन्त भिन्न हैं और पुद्गलसे अभिन्न हैं, अशुद्ध अवस्था आत्माकी पर्यायमे होती है वह बात यहाँ गौण है क्योंकि यहाँ नित्य स्वभावदृष्टिसे बात है। जितने परोन्मुखताके भाव होते हैं वे सब पुद्गलके हैं—ऐसा कहा है। पर्यायदृष्टिसे वह विकारी पर्याय आत्माकी है, परन्तु स्वभावदृष्टिसे वह अपना स्वभाव नहीं है इसलिये पुद्गलकी है।

क्षणमे राग होता है, क्षणमें द्वेप होता है, उसका आत्मा ज्ञाता है, जैसे विकारी परिणाम हों उस प्रकारका अनुभव अर्थात् उस प्रकारका ज्ञान करनेवाला है। ज्ञान पुद्गलसे भिन्न है और आत्मासे अभिन्न है।

कोई कहेगा कि क्षणमे राग-द्वेपको आत्माका कहते हो, और क्षणमे पुद्गलका बनाते हो? भाई! एक की एक बात कहनेमें अनेक पक्ष होते हैं, जिसप्रकार एकके एक मनुष्यको पुत्रकी अपेक्षासे पिता कहा जाता है, पिताकी अपेक्षासे पुत्र कहा जाता है, काकाकी अपेक्षासे भतीजा कहा जाता है, भतीजेकी अपेक्षासे काका कहा जाता है, इसप्रकार एक ही मनुष्यको भिन्न–भिन्न अपेक्षासे भिन्न–भिन्न प्रकारसे पहिचाननेमे आता है। वैसे ही पर्यायदृष्टिसे विकार आत्माका कहा जाता है, और

स्वभावदृष्टिसे विकार परका कहलाता है। जैसे–भतीजेकी अपेक्षासे स्वतः काका है, परन्तु अपने काकाकी अपेक्षासे भी वह काका है—ऐसा नहीं हो सकता। इसीप्रकार पर्यायदृष्टिसे विकार आत्माका है और स्वभावदृष्टिसे भी विकार आत्माका है—वैसा नहीं हो सकता।

आत्मा जब अज्ञानी होता है उस समय स्व-परकी भिन्नता नहीं जानता, तब तक रागादिका स्वामी और कर्ता बनता है। किन्तु जब ज्ञान हो तब राग–द्वेष, सुख–दुःखादिक और उनके अनुभवका अर्थात् ज्ञानका पारस्परिक अन्तर स्पष्टतया जानता है, इससे विकारी भाव और आत्मा दोनों एक नहीं हैं किन्तु भिन्न हैं। यद्यपि अज्ञानीको भी भिन्न ही हैं परन्तु अज्ञानीने एक माना है और अज्ञानीने पारस्परिक भेद जाना है, दोनोंका पारस्परिक भेद जाननेमें सम्यक्त्वका अनन्त पुरुषार्थ आ जाता है।

स्व-परके विवेकके कारण शीत–उष्णकी भाँति जिसके रूपमें परिणमित होना आत्मा द्वारा अशक्य है—ऐसे राग-द्वेष, सुख-दुःखादि-रूप अज्ञानात्मा द्वारा किंचित् परिणमित न होता हुआ, ज्ञानका ज्ञानत्व प्रगट करता हुआ, स्वतः ज्ञानमय होता हुआ, "मैं रागका ज्ञाता ही हूँ, रागी तो पुद्गल है"—इत्यादि विधिसे, ज्ञानसे विरुद्ध—ऐसे समस्त रागादि कर्मोंका अकर्ता प्रतिभासित होता है।

जैसे शीत–उष्णताकी अवस्थारूप होनेकी आत्मामें असमर्थता है, वैसे ही ज्ञान होनेसे पुण्य-पापके भावरूप होनेकी भी आत्मामें असमर्थता है, परन्तु उन विकारी भावोंका अभाव करनेका आत्मामे सामर्थ्य है। ज्ञान होनेके पश्चात् राग-द्वेषमें किंचित् परिणमित न होता हुआ अपने स्वभावमें परिणमित होता है; अल्प अस्थिरता होती है, उसकी यहाँ गणना नहीं है, अनन्त संसार दूर हो गया, अनन्त बल प्रगट हुआ। पहले अज्ञानदशा थी तब विकारमें अनन्त बलसे युक्त होता है। विभावकी अपेक्षा स्वभावमें अनन्तगुना बल अधिक है, अस्थिरतामें अब अल्प बलसे युक्त होता है, इससे अल्प–अस्थिरता होती है। और

नित्य स्वभावके आश्रयसे होनेवाली वर्तमान साधकदशाकी शक्ति विकारसे-बाधकभावसे अनन्तगुनी अधिक है।

अज्ञानीको अनुकूलतामे सुखका आनन्द आता है, और दुःखमें व्याकुल हो जाता है। यह ऐसा परदेशमे लड़ाईका समय है इससे कितनोंको तो कुछका कुछ हो जाता है, परन्तु भाई! ऐसे समयके प्रवाह तो अनेक आये और चले गये परन्तु धर्मात्मा उनके द्वारा किंचित् भी चलायमान नहीं होता। ज्ञानका ज्ञानत्व प्रगट करता हुआ अर्थात् आत्माका आत्मत्व प्रगट करता हुआ रागको भिन्न जानता है। वह समझता है कि मै तो इस रागका ज्ञाता हूँ, किन्तु कर्ता नहीं हूँ, राग पुद्गलकी अवस्था है। रागी तो पुद्गल है, राग मेरा स्वभाव नहीं है, इसलिये राग पुद्गल है; मै तो एक प्रकारसे हूँ—ज्ञाता हूँ। विकारी-पर्याय चैतन्यकी अवस्थामे होती है, उस बातको यहाँ गौण किया है। देखा, यहाँ किंचित् भी रागादिमय परिणमित न होता हुआ कहा है, अल्प राग-द्वेष होते है किन्तु उनका कर्ता नहीं है, विकारी भावोंका ज्ञाता है परन्तु कर्ता नहीं होता। इसप्रकारकी मार्गकी विधिसे, ज्ञानसे विरुद्ध-ऐसे समस्त हर्ष-शोकादि विकारी भावोंका अकर्ता प्रतिभासित होता है।

यह वस्तु समझे विना अनन्त समयमे किसीकी शरण नहीं है, एक रजकण भी कार्य नहीं करता, एक अँगुली भी कार्य नहीं करती, अन्दर बैठे हुए चैतन्यकी तीव्र इच्छा होती है कि अँगुलीसे संकेत करके दूसरेसे अपने भाव प्रगट करूँ, खाँस कर कफको बाहर निकाल दूँ, परन्तु वह जड़की क्रिया आत्माके हाथमें है? इच्छा और शरीरकी क्रिया पृथक् हैं—ऐसा इस सम्यग्ज्ञानसे प्रत्यक्ष ज्ञात होता है। परन्तु जो जीव वस्तुके स्वभावको नहीं समझता और जड़के कर्तृत्वके अंहकारमे ही रहता है उसे मरण समय कौन शरणभूत हो? वास्तवमें अपना ही शरण अपनेको है, स्वत यदि वस्तुस्वभावको समझे तो उसे शान्ति-समाधिका शरण स्वत से, स्वत मे, स्वत को मिले ऐसा है। देव, गुरु, शास्त्रका शरण कहना भी व्यवहार-उपचारसे है। देव-गुरु-शास्त्रका

कहा हुआ भाव यदि स्वतः समझे तो उपचारसे उनका शरण कहलाता है।

यदि आत्मा पुरुषार्थ करे तो क्या नहीं कर सकता ? नव वर्षके बालक-राजकुमार मुनि होकर केवलज्ञानको प्राप्त हुए हैं। ऐसे एक-दो नहीं परन्तु अनन्त जीव केवलज्ञानको प्राप्त हुए हैं, भविष्यमें प्राप्त होंगे और वर्तमानमें विदेहक्षेत्रमे प्राप्त कर रहे हैं। नव वरसकी आयुमें केवलज्ञान होनेके पश्चात्, कितनोंकी तो करोड़ों वर्षो तक शरीरकी स्थिति रहती है। देह, देहके कारण स्थित रहती है-आत्माके कारण नहीं। करोड़ों बरस तक आहारका कण भी केवलज्ञानीके नहीं है, तथापि शरीर महान तेजस्वीरूपसे यथावत् स्थिर रहता है। भोजनकी वृत्ति नहीं है इसलिये भोजन नहीं है। छद्मस्थको आहार लेनेके राग, वीर्यकी कमी, असाता कर्मके उदयका और उसकी क्रियाका निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है। केवलज्ञानीके रागादि कारण नहीं होता इसलिये आहार लेनेकी क्रिया भी केवली भगवानको कभी भी नहीं होती।

जब आत्मा राग-द्वेष, सुख-दुःखादि अवस्थाओंको अपने स्वरूपसे पृथक् जाने-भिन्न जाने अर्थात् वह अवस्था मेरा स्वरूप नहीं है; मेरा स्वरूप तो ज्ञाता-दृष्टारूपसे स्थिर रहना है—ऐसा भेदज्ञान हो तब अपनेको ज्ञाता जानता है। मैं ज्ञायकस्वरूप ही हूँ और राग-द्वेषादि पुद्गलके हैं—वैसा जानता है इससे स्वतः रागादिका कर्ता नहीं होता और ज्ञाता ही रहता है, भेदज्ञान होनेसे अपना ज्ञायकस्वरूप स्वतःको स्पष्टरूप-निश्चयरूपसे ज्ञात होता है, अर्थात् राग-द्वेषादि मेरे नहीं हैं—ऐसा स्पष्टरूपसे ज्ञात हो जाता है। यह भेदज्ञान ही मुक्तिका उपाय है, इस भेदज्ञान द्वारा ही पुरुषार्थ करके स्वतः मुक्ति प्राप्त करता है। त्रिकालमें यही मोक्षमार्ग है, अन्य कोई मुक्तिका मार्ग नहीं है।

अब पूछते हैं कि अज्ञानसे कर्म किस प्रकार उत्पन्न होते हैं ? अज्ञान अर्थात् आत्माके निर्मलस्वभावके भान बिना कर्म किस प्रकार उत्पन्न होते हैं, उसका उत्तर कहते हैं:—

तिविहो एसुवओगो अप्पवियप्पं करेइ कोहोऽहं ।
कत्ता तस्सुवओगस्स होइ सो अत्तभावस्स ॥ ९४ ॥

त्रिविध एप उपयोग आत्मविकल्पं करोति क्रोधोऽहम् ।
कर्ता तस्योपयोगस्य भवति स आत्मभावस्य ॥ ९४ ॥

अर्थ—तीन प्रकारका यह उपयोग 'मैं क्रोध हूँ' ऐसा अपना विकल्प करता है, इससे आत्मा उस उपयोगरूप अपने भावोंका कर्ता होता है।

मैं क्रोध हूँ, क्रोध मेरा स्वरूप है, इसप्रकार क्रोधको अपनेसे पृथक् न करते हुए मिथ्यादर्शन, अज्ञान और अविरतिरूप विकारके परिणाम आत्मा करता है अतः उन भावोंका कर्ता होता है।

वास्तवमे सामान्यतः अज्ञानरूप जो मिथ्यादर्शन–अज्ञान–अविरतिरूप तीन प्रकारका सविकार चैतन्यपरिणाम है, वह परके और अपने अविशेष दर्शनसे, अविशेष ज्ञानसे और अविशेष रतिसे स्व–परके समस्त भेदोंको छुपाकर अपने सविकार चैतन्यपरिणामका कर्ता होता है।

आत्मामे अज्ञान होता है वह अवस्था आत्मामे नहीं होती—ऐसा नहीं है, परन्तु वह अवस्था आत्मामे होती है, इससे "वास्तव" शब्द आचार्यदेवने लिया है। सक्षेपमे—आत्मामे तीन प्रकारका विकार होता है; विपरीत मान्यता, विपरीत ज्ञान और विपरीत चारित्र। अपना और परका अविशेष अर्थात् एकरूप परिणाम, सामान्य आधार उसके द्वारा अपना और परका समस्त भेद छुपाकर परका कर्ता होता है। परको और अपनेको एक मानना सो मिथ्यादर्शन है, परको और अपनेको एक जानना सो मिथ्याज्ञान है, और परके साथ एकरूप लीनता करना सो मिथ्याचारित्र है।

मैं ज्ञानस्वरूप आत्मा पृथक् हूँ, यह विकारीभाव मैं नहीं हूँ, ऐसा न मानकर यह विकारी भाव और मैं—दोनो एक हैं, ऐसा मानना–जानना और एकरूप लीन होना वह संसारका कारण है।

अन्तरङ्गमें अरुचि हुई वह आत्माका स्वभाव नहीं है, तथापि आत्मस्वभावको और अरुचिको एक माननेसे, दोनोंका पृथक्त्व न जाननेसे, मैं और विकार दोनों एक हूँ—ऐसी लीनतासे स्व-परके समस्त भेदोंको छुपा करके विकार परिणामोंका कर्ता होता है। त्रैकालिक ज्ञातास्वभावको और क्रोधके परिणामोंको एक माननेसे, ज्ञाताको और क्रोधको एक जाननेसे, ज्ञाता और क्रोध एक हैं ऐसी लीनतासे अपने और परके समस्त भेदोंको ढंककर विकारी भावोंका कर्ता होता है।

भगवान आत्मा पृथक् है, और विकारी भाव पृथक् क्षणिक हैं, विरुद्ध हैं—ऐसा न मानकर, दोनों एक है यह माननेसे, जाननेसे और लीनतासे स्व-परके समस्त भेदोंको ढंककर भाव्य-भावकभावको प्राप्त ऐसे चेतन और अचेतनके सामान्य अधिकरणसे (जैसे उनका एक आधार हो इस प्रकार) अनुभव करनेसे "मैं क्रोध हूँ"—ऐसा अपना विकल्प उत्पन्न करता है। इससे "मैं क्रोध हूँ"—ऐसी भ्रांतिके कारण जो सविकार (विकारयुक्त) है ऐसे चैतन्यपरिणामरूप परिणमित होता हुआ यह आत्मा उन सविकार चैतन्यपरिणामरूप भावोंका कर्ता होता है।

ज्ञाता आत्मा और विकारी भावोंको एकरूप माननेसे, जाननेसे और लीनतासे स्व-परके समस्त भेदोंको ढँककर भाव्य-भावकभावको प्राप्त चैतन्य और जड़का एकरूप अनुभवन करता है, अर्थात् भाव्यका अर्थ क्रोधादिकका विकारी परिणमन होना, और भावकका अर्थ क्रोधके निमित्त जो द्रव्यकर्म—जड़कर्म हैं वह। इसप्रकार भाव्यभावकभावको प्राप्त ऐसे चेतन-अचेतनका सामान्य अधिकरणसे अनुभव करनेसे विकारी भावोंका कर्ता होता है। क्रोधके परिणाम और ज्ञानस्वभावी आत्माके परिणाम—दोनों एक ही स्थानसे आते हों, क्रोध और ज्ञान—दोनों जैसे एक ही आधारसे आते हों—ऐसा अनुभवन करनेसे 'मैं क्रोध हूँ' ऐसा मानना है। 'मै ज्ञाता हूँ' ऐसा भूलकर 'मैं क्रोध हूँ' इसप्रकार अपना विकल्प उत्पन्न करता है। स्वतन्त्र-ज्ञातामात्रके

प्रति अरुचिरूप क्रोध है वह मोहकर्मरूप भावकका भाव्य है, फल है, परन्तु कहीं वह आत्माके स्वभावका फल नहीं है, इसलिये भिन्न है, वैसा न माननेसे (मैं ज्ञाता हूँ-निर्दोष हूँ,—ऐसा न जाननेसे) मैं क्रोध हूँ—ऐसी भ्रान्तिके कारण विपरीत मानता हुआ, चैतन्य स्वतः विकारी परिणामरूप परिणमित होता हुआ विकारी भावोंका कर्ता होता है। मैं क्रोधका कर्ता हूँ और क्रोध मेरा कार्य है—ऐसा मानता है।

अज्ञानसे ऐसा क्रोध करता है, क्रोधमें आकर बोलता है कि मेरे जैसा कोई बुरा नहीं है, मुझसे कोई बोलना मत, अगर कोई बोलेगा तो उसका सत्यानाश कर दूँगा, परन्तु वास्तवमें परका बुरा तो कोई कर ही नहीं सकता, मात्र अपना ही बुरा होता है।

अनेक मनुष्योंका तो ऐसा अभिप्राय ही होता है कि क्रोध करना ही चाहिये, घरमें रौबदाब रखना ही चाहिये, स्त्री या लड़कों पर यदि सख्ती न रखें तो वे अपना कहना नहीं मानेंगे, इसलिये सख्ती रखना चाहिये—ऐसा माननेवालेके अभिप्रायमें यह आया कि क्रोध ही मेरा कर्तव्य है, मैं भी मानों क्रोध ही हूँ, क्रोध और मैं दोनों एक हैं, ऐसी मान्यता होनेसे अज्ञानभावसे कर्म बँधते ही हैं। आत्मा और क्रोध-दोनोंका अभान ही कर्मकी उत्पत्तिका कारण है, क्रोध संसारकी उत्पत्तिका कारण नहीं किन्तु क्रोधादि करना चाहियें ऐसा मिथ्या अभिप्राय अज्ञान ही उसका कारण है—ऐसा कहा है। ज्ञान होनेके पश्चात् अल्प कषाय रहती है किन्तु उसकी गिनती नहीं है, उससे भव नहीं बढ़ते, मिथ्यात्व टलनेसे अनन्त संसार दूर हो जाता है, पश्चात् अल्प कषाय रहती है उसे पुरुषार्थ द्वारा दूर करके स्वरूपस्थिरताको बढ़ाकर एक-दो भवमें मुक्ति प्राप्त करेगा।

प्रश्नः—आप कहते हैं कि—आत्मभान होनेके पश्चात् अल्प कषाय होती है, और जिसे वैसा भान है वह युद्ध भी करता है, तो फिर जिसे अल्प कषाय हो वह युद्धमें कैसे खड़ा रहेगा?

उत्तरः—आत्माका भान होनेके पश्चात् अल्प कषाय रहती है; अल्प अर्थात् किंचित् कषाय होती है, परन्तु बाहरसे दूसरोंको अधिक मालूम होती है; कारण कि युद्धमें होता है, भृकुटी चढ़ाकर दूसरों पर बाण छोड़ता दिखाई देता है, इसलिये बाहरसे देखनेमें क्रोध तीव्र मालूम होता है, परन्तु अन्तरङ्गमेंसे अनन्त कषाय टल गया है । मैं नित्य अकषाय ज्ञाता हूँ, मैं सर्व रागादिसे पृथक् हूँ, मेरा ज्ञायकस्वभाव सदा परसे पृथक् है—ऐसा निःशंक भान प्रवर्तमान है, परन्तु अभी सम्पूर्ण वीतरागता नहीं हुई है इससे अल्प कषाय है, अल्प कषाय है इससे गृहस्थाश्रममें है और युद्धकी क्रियामे लगा हुआ है । एक अज्ञानी युद्धकी क्रियामें हो और एक ज्ञानी युद्धकी क्रियामें हो, दोनोंकी बाह्य क्रिया समान दिखाई देती है, परन्तु अन्तरङ्ग भावोंमें अन्तर है, इसलिये फलमें भी अन्तर होता है । जैसे बिल्ली अपने मुंहसे चूहेको पकड़ती है और अपने बच्चोंको भी पकड़ती है, तथापि पकड़–पकड़मे अन्तर है; बच्चोंको रक्षाके भावसे पकड़ती है और चूहेको मारनेके भावसे पकड़ती है, एक ही प्रकारकी क्रिया होने पर भावोंमे अन्तर होता है, उसीप्रकार ज्ञानी और अज्ञानीकी बाह्य क्रिया समान होने पर भावोंमें अन्तर होता है ।

तालाबके पानीका माप करना हो, और उसे बाहर खड़े रहकर देखे तो बाहरसे सतह एक–सी मालूम होती है, परन्तु अन्दर पानीमें लकड़ी डालकर माप करे तो पानीकी गहराईका पता लगता है, माप आता है, वैसे ही ज्ञानी और अज्ञानीको बाह्यक्रिया परसे मापे तो समान दिखाई दें, परन्तु अन्तरङ्गकी परीक्षा करे तो अन्तरभावोंकी खबर पड़े ।

श्रीकृष्ण वासुदेव जब जरासंघसे युद्ध करने गये तब नेमिनाथ भगवानको रथमें बिठाकर साथ ले गये । श्रीकृष्ण वासुदेवको युद्धके समय भी आत्माका भान प्रवर्तमान है, अनन्त भान प्रगट हुआ है, परन्तु राज्यका अल्प राग है इससे युद्धमे लगे है । जरासंघ और श्रीकृष्ण वासुदेवके बीच घनघोर युद्ध हुआ, उसमें जरासंघकी शक्ति

बढ़ गई इससे श्रीकृष्ण वासुदेव श्री नेमिनाथ भगवानसे पूछते है कि—प्रभो! इस जरासंघका इतना अधिक बल क्यों? यह इतनी अधिक विद्याएँ चला रहा है, इससे यदि अपनी हार हो गई तो? नेमिनाथ भगवान श्रीकृष्णसे कहते है कि—अरे वासुदेव! तुम चिंता मत करो, तुम वासुदेव पद पर हो, तुम्हारी हार कभी न होगी, तुम्हें ही जीतना है। नेमिनाथ भगवानको अभी वीतरागपना, मुनिपना नहीं हुआ है इससे युद्धमे साथ गये हैं, परन्तु वह अल्प राग है, आत्माकी पृथक् अनन्त प्रतीति वर्त रही है, अनन्त कषाय दूर हो गये हैं, अल्प राग ही शेष रहा है, इससे नेमिनाथ भगवान भी युद्धमें गये हैं; अन्तरका माप बाह्य क्रियासे नहीं हो सकता।

✓ ज्ञानी परको अपना नहीं मानता, परसे लाभ-हानि नहीं मानता इससे अल्प कषाय है और अज्ञानी परको अपना मानता है, पर द्वारा अपना भला-बुरा मानता है इससे अनन्त कषायवान है। तालावकी सतह ऊपरसे समान दिखाई देती है परन्तु अन्दरसे फेर है, उसीप्रकार अज्ञानीके भावोंमे अन्तर होता है।

शरीरकी क्रिया अधिक हो तो अधिक कषाय और शारीरिक क्रिया न करता हो, सीधा सादा बैठा हो तो अल्प कषाय है—ऐसा नहीं समझना है, कषायका माप बाह्यसे नहीं है, परन्तु अन्तरसे कितना रस कम हो गया है उस परसे कषायका माप है। बिल्ली चुपचाप चूहेको पकडेनेके लिये बैठी हो या सो रही हो इससे अल्प कषाय है—ऐसा नहीं है परन्तु अन्तरकी क्रूरतासे कषायका माप है बाह्यक्रियासे नहीं। ज्ञानीके युद्ध प्रसंगमे शरीरकी क्रिया अधिक होती है, इससे उसके अधिक कषाय है—ऐसा नहीं समझना और अज्ञानी चुपचाप ध्यानमे बैठ गया हो इसलिये अल्प कषाय है—ऐसा भी नहीं समझना है। अज्ञानीको ऐसा भान नहीं है कि मैं क्रोधसे भिन्न हूँ, किन्तु मैं क्रोध-स्वरूप ही हूँ—ऐसा मानकर करने योग्य मानकर क्रोध करता है, इससे उसे रागादिमे कर्ताबुद्धिवानको ज्ञातास्वभावकी अरुचिरूप अनन्तानु-बन्धी क्रोध होता है उसके भेदज्ञान नहीं रहता, अनन्त क्रोध होता

है। मैं क्रोधस्वरूप ही हूँ—ऐसा मानकर क्रोध करता है इससे क्रोधमे ही अर्पित हो जाता है। आत्माका अपार वीर्य और अपार ज्ञान है वह सब विकारमें ही जोड़ देता है, इससे अज्ञानीका क्रोध अनन्त है। ज्ञानीको ऐसा भान है कि मैं क्रोधसे पृथक् हूँ, क्रोधादि मेरा स्वरूप नहीं है। अपने अपार स्वभावके भानमे पूर्ण स्वभावकी सीमामें रहते हुए विकारमें कितना वीर्य युक्त होगा? अल्प ही होगा।

जैसे कुलीन पुत्रको ऐसा भान होता है कि मैं कौन हूँ? मैं कुलीन पुत्र! अमुक कार्य तो मुझे करना ही नहीं चाहिये, इस प्रकार अपनी कुलीनताको याद करके तीव्र कषायवाली अनीतिमे अर्पित नहीं होता। वैसे ही ज्ञानीको भान हुआ है कि मैं नित्य परमात्मस्वभावसे कुलीन हूँ, अनित्य पुण्यादि विकार मेरा स्वभाव नहीं है, विकार मेरी जाति नहीं है, इससे विकारमें युक्त हो जाना मुझे शोभा नहीं देता, इसप्रकार अपनी कुलीनताको याद करके पुरुषार्थकी मन्दताके कारण बाह्यसे वह युद्धकी क्रियामें लगा हो तथापि अन्तरमे कषायकी ओर अल्प वीर्य युक्त होता है। अज्ञानीको ऐसा भान नहीं है कि मैं निर्विकारी हूँ, इससे वह मानता है कि मैं ही विकारी हूँ, और इसीसे अनन्त वीर्य विकारमे युक्त होता है। यह तो एक क्रोधकी बात है, उसीप्रकार मान, माया इत्यादि सभीमें समझना चाहिये।

जमींदारको ऐसा मान होता है कि उसे दो नामोंसे ही बुलाना चाहिये तभी अच्छा रहे, जैसे कि—'कक्का जू' और 'राजा साहब' इन दो नामोंसे बुलाये तभी खुश होते हैं। वे कहते हैं कि 'हम कौन हैं? हम हैं जमींदार! इसलिये हमे इन दो नामोंसे ही पुकारना चाहिये।' एक जमींदार थे, वे पहले तो बहुत मालदार थे और फिर निर्धन हो गये, परन्तु मान और शान तो वैसे ही रहे, इससे जहाँ भी बैठने जायें वहाँ गादी साथमें ही रखते थे, एक दिन किसीने कहा क्यों मम्बरदार! यह गादी साथमे क्यों लिये फिरते हो? इस पर वे बोले कि भाई! जमींदार मिट चुके हैं, इससे जहाँ जाते हैं यह गादी साथ रखते हैं और जब कोई बैठनेके लिये आसन न डाले तो इस पर बैठते

हैं, साधारण स्थिति हो गई है इससे कोई अब आदर नहीं करता। जीवको ऐसा मान हो जाता है कि कोई आदर न करे तो स्वतः अपना आदर करता है, हम बड़े आदमीके लडके हैं इत्यादि भाव आयें वह मान है। मान और आत्माको एकरूप जाने, माने और उसमे एकरूप लीनता करे तो वह अज्ञान है उसमे कर्म बँधते हैं।

माया अर्थात् कपट। देखो न! इस समय व्यापार-धन्धेमे कैसे धोखे प्रपंच चल रहे हैं, अच्छी वस्तु होगी तो उसमें कुछ मिलाकर देते है, घीमे डालडा मिलाते हैं खोपरेका तेल मिलाते हैं, गजबकी धोखेबाजी चल रही है, दूधमे पानी मिलाते हैं, इत्यादि धोखे देनेवाले आत्माको ठगनेवाले है। वे ऐसा मानते हैं कि हम दूसरोंको ठगते हैं, किन्तु दूसरे कोई ठगे नहीं जाते, वास्तवमे स्वत ही ठगे जा रहे हैं।

वे मानते हैं कि हम धोखे-प्रपंचसे पैसा कमा रहे हैं, यह मान्यता ही महामूढ़ता और अज्ञानसे भरी हुई है। पैसा कमानेमे तो पूर्वपुण्यका कारण है, और वर्तमानमे जो धोखे-प्रपंच कर रहा है उनका फल भविष्यमे मिलेगा। धोखे-प्रपंच करके वर्तमानमे आकुलता और दुःखका वेदन करता है और भविष्यमे उनके फलस्वरूप दुर्गतिमे जायगा, मायाके भावसे भविष्यमे भड़ाका होगा।

वह ऐसा मानता है कि हम कैसे दाव-पेंच खेलते हैं, कितने चतुर हैं! परन्तु भाई! यह चतुराई नहीं, महामूढ़ताका सेवन है। ऐसा कपटी जीव कपटके भावोंको और आत्माको एकरूप मानता है, एकरूप जानता है और एकरूप लीनता करता है—वह संसारका कारण है।

लोभ अर्थात् पर पदार्थोमें आसक्ति, लक्ष्मी इत्यादि पर पदार्थोको एकत्रित करनेको लालसा, लक्ष्मीको लोभसे इकट्ठा करे परन्तु किसी योग्य कार्य मे उसका व्यय न करे वह लोभी है-कृपण है। दानका उपदेश चल रहा हो तो लोभीके मनमे ऐसा विचार आता है कि क्या घरमे कुछ भी न रखें! लड़कोंके लिये कुछ न बचाये! सब दानमे

ही दे दें! ऐसा बचाव करता है। ऐसा बचाव करनेवाले मात्र लोभकी मूर्ति हैं।

✓ आचार्यदेवने तो जहाँ दानके प्रकारका वर्णन किया है वहाँ ऊँचेसे ऊँचा दानी उसे कहा है जो अपनी सम्पत्तिका चौथा भाग दानमें निकाले, और छोटेसे छोटा दानी उसे कहा है जो अपनी सम्पत्तिमेंसे दसवाँ भाग तो दानमें निकाले।

पद्मनन्दि आचार्यने तो ऐसा कहा है कि जो सत्मार्गमें दान नहीं करते उनका गृहस्थाश्रम पत्थरकी नावके समान है, उस गृहस्थाश्रमको गहरे जलमें प्रवेश करके अंजलि दे देना; फिर कहा है कि लोग अनाज पकाकर खाते हैं, उसका कुछ जला हुआ हिस्सा निकले वह कौवोंको डालते हैं तो कौवा उसे अकेला नहीं खाता परन्तु काँव काँव करके दूसरे कौवोंको बुलाता है और सब एकत्रित होकर खाते हैं, और तुझे जो यह धन मिला है उसे तू अकेला ही खाता है, किंचित् भी सत्मार्गमें व्यय नहीं करता तो कौवेसे भी नीचे जायेगा, इत्यादि।

पद्मनन्दि आचार्यने दानके अधिकारमे बहुत-बहुत कहकर अन्तमें कहा है कि—जिस प्रकार भौंरा गुंजार करता हुआ चमेलीके फूल पर बैठे तो वह फूल तुरन्त खिल जाता है, वैसे ही हमारा यह गुंजार करता हुआ दानका उपदेश सुनकर जिनके हृदय चमेली जैसे होंगे वे खिल उठेंगे। भौंरा गुंजार करता हुआ यदि पत्थर पर जा बैठे तो वह पत्थर क्या खिलेगा? उसीप्रकार जो पत्थर जैसे होंगे वे हमारे उपदेशसे नहीं खिलेंगे। चन्द्रमाकी किरणोंसे कुमुद खिलते हैं परन्तु पत्थर नहीं खिलते, वैसे ही आचार्यदेव कहते है कि हमारे उपदेशसे कुमुद खिलेगे परन्तु पत्थर नहीं खिलेगे। तीव्र लोभी लोभको और आत्माको पृथक् नहीं करता, परन्तु लोभ और मैं दोनों एक हैं, ऐसा मानता है, लोभ और मैं (आत्मा) दोनो एक हैं वैसा जानता है, और वैसी ही लीनता भी करता है, वह लोभ उसे संसारमें परिभ्रमण करानेवाला है।

✓ मोह अर्थात् मूर्च्छा; परवस्तुमें आसक्त हो जाना वह। मोह है वह मैं हूँ, वैसा जानना, मानना और उसमें लीन हो जाना सो अज्ञान है। यहाँ ऐसा कहा है कि अज्ञानसे ही कर्म बँधते हैं।

✓ राग अर्थात् स्नेह, स्त्री-पुत्र, मकान, लक्ष्मीका राग, शरीरादिका राग-धर्मके नाम पर राग ऐसा अनेक प्रकारका राग है। राग और आत्माको एकरूप मानना, जानना और उसमें लीन होना वह सब अज्ञान है।

✓ द्वेष अर्थात् अरुचि अल्प भी प्रतिकूलता दिखे, इच्छानुसार न हो तो विगड़े, क्षण-क्षणमे अरुचि हो जाये—वह सब द्वेषभाव है। जो द्वेष है सो मैं हूँ—ऐसा जानना-मानना और उसमें लीन होना सो अज्ञानभाव है, वह संसारका कारण है।

कर्म कुछ मार्ग दें तो हम धर्म करे, गुण प्रगट करें—वैसा माननेवालोंने कर्म और आत्माको एक माना है, जो कर्म हैं सो मैं हूँ—वैसा माना, जाना और उस प्रकार लीनता की सो अज्ञान है।

✓ नोकर्म अर्थात् मकान, दास-दासी, स्त्री, कुटुम्ब, शरीर-मन-वाणी, प्रकाश, दूध-दही, घी, बादाम, पिस्ता, अच्छे द्रव्य-क्षेत्र-काल और हास्यादिके संयोग, इत्यादि वाह्य सामग्री वह सब नोकर्म है, उसे अपने ज्ञान सुखका कारण मानना, और उसे एकत्वबुद्धिसे आत्माके साथ जानना, मानना और उसमे लीन हो जाना सो अज्ञान है।

✓ मन-वचन-काया तीनों मैं हूँ—वैसा मानना सो अज्ञान है। शरीर अच्छा रहे तो धर्म करूँ, शरीर मेरा है, शरीरमें रोग होनेसें मुझे रोग हो जाता है, इसप्रकार शरीर और आत्माको एक मानना, जानना और उसमे लीन होना सो संसार है। वाणी है सो मैं हूँ, मुझे कितना अच्छा बोलना आता है, मेरा कण्ठ कितना सुन्दर है, इसप्रकार वाणीको और अपनेको एकरूप मानना-जानना और उसमे लीन होना सो संसार है। जो मन है सो मैं हूँ, मन मेरा स्वरूप है, मनके विना मैं रह नहीं सकता—इसप्रकार मनको और आत्माको एकरूप मानना-जानना और लीन होना सो अज्ञान है और वह बन्धका कारण है।

श्रोत्रेन्द्रियको अपना माने वह अज्ञान है; श्रोत्र अर्थात् कान, मै कानसे ही सुन सकता हूँ, जान सकता हूँ—ऐसा जो मानता है उसके अभिप्रायमे कान ही आत्मा है—ऐसा आ गया। कानमें अपनापन माना, जाना और उसमें लीन हुआ वह अज्ञान है। इसीप्रकार आँखमें अपनापन मानता है कि—मै आँखके विना देख नहीं सकता, समझ नहीं सकता—ऐसा माना है, परन्तु आँखसे भिन्न मेरा ज्ञानस्वरूप है, उसीसे मै जान सकता हूँ, समझ सकता हूँ, अपूर्ण ज्ञानमें इन्द्रियोंका मात्र निमित्त होता है, परन्तु मैं अपने ज्ञान द्वारा ही जान सकता हूँ· मैं इन्द्रियोंसे त्रिकाल भिन्न हूँ—ऐसा न माना और आँख एवं आत्माका एकत्व माना, उस-प्रकार जाना तथा उसमे लीन हुआ वह बन्धका कारण है। अज्ञानी ऐसा मानता है कि मेरी आँख सूक्ष्म है, तेज है, सुन्दर है, मैं और आँख एक हूँ, मैं आँखसे पृथक् नहीं हूँ किन्तु जो आँख है सो ही मैं हूँ, इत्यादि आँखके विषयमें अपनत्व मानता है वह अज्ञान है।

इसीप्रकार नाकके विषयमें अपनापन मानता है, सभी मनुष्योंके शरीरका कोई भी आकार समान नहीं होता, तथा नाक भी सबकी एकसी नहीं होती; किसीकी लम्बी, किसीकी छोटी और किसीकी बैठी हुई आदि कितने ही प्रकारके नाकके आकार होते हैं, उसमें अज्ञानीको जिस प्रकारकी आकृति मिली होती है, उस आकृतिको अपनेपनकी बुद्धि द्वारा जानता है और लीन होता है वह संसार है, बन्धका कारण है।

इसीप्रकार जिह्वामें अपनापन मानता है; मैं जीभसे ही स्वाद ले सकता हूँ, जीभसे ही मीठे, खट्टे, चरपरे आदि रसोंका ज्ञान कर सकता हूँ, यदि जीभ न होती तो मैं इन रसोंको कैसे जानता? ऐसा माननेवाला अज्ञानी है। मैं रसोंको जानता तो हूँ अपने ज्ञानसे ही परन्तु अल्प विकासके कारण बीचमे जीभका निमित्त आता है—ऐसा न जाननेसे, मैं जीभ द्वारा ही जान सकता हूँ—इसप्रकार जीभको अपना माना, जाना और उसमे लीन हुआ वह अज्ञानी है।

शरीर ठण्डा हो जाये तो मैं ठण्डा पड़ गया हूँ, शरीर गरम हो जाये तो मैं गरम हो गया हूँ–ऐसा मानता है, शरीर मोटा हो जाये तो मैं मोटा हो गया हूँ, और पतला हो जाये तो मैं पतला हो गया हूँ, मैं स्त्री-पुरुष, जवान-वृद्ध, काला-गोरा, बलवान–निर्बल ऐसा मानता है, उसने शरीरको ही आत्मा माना है, जाना है और उसमें लीन हुआ है, वह अज्ञान है। इसप्रकार पाँचों इन्द्रियोंके विषय ज्ञेयमात्र हैं वैसा न मानकर इष्ट–अनिष्ट मानना और उसीमे एकत्व माननेवाला अज्ञानी है; ज्ञानी अपना स्वरूप पाँचों इन्द्रियोंसे पृथक् ज्ञातामात्र जानते हैं।

आत्माकी वर्तमान अनित्य पर्यायमें मिथ्यादर्शन, अज्ञान और अविरति यह तीन प्रकारका विकार है; आत्मद्रव्य तो त्रिकाल अविनाशी है, विकारकी पर्याय तो उत्पन्नध्वंसी है, नाशवान है, परन्तु अज्ञानी उसे अपना मानकर उसका कर्ता होता है। अज्ञानीको परसे भिन्नत्वका विवेक नहीं है, परको एकरूप मानता है वही बन्धनका कारण है।९४।

अब इसी बातको विशेष कहते हैं—

तिविहो एसुवओगो अप्पवियप्पं करेदि धम्मादी ।
कत्ता तस्सुवओगस्स होदि सो अत्तभावस्स ॥९५॥

त्रिविध एष उपयोग आत्मविकल्पं करोति धर्मादिकम् ।
कर्ता तस्योपयोगस्य भवति स आत्मभावस्य ॥ ९५ ॥

अर्थः—तीन प्रकारका यह उपयोग "मैं धर्मास्तिकाय आदि हूँ" ऐसा अपना विकल्प करता है, इससे आत्मा उस उपयोगरूप अपने भावका कर्ता होता है।

जीव मिथ्यादर्शन अज्ञान और अविरति इस तीन प्रकारके परिणाम-विकार द्वारा अपना ऐसा विकल्प करता है कि मैं धर्मास्तिकाय हूँ, मैं अधर्मास्तिकाय हूँ, मैं आकाशास्तिकाय हूँ, इससे धर्मास्तिकाय आदिको भी अपना मानता है और उस भावका कर्ता होता है।

वास्तवमें यह सामान्यतया अज्ञानरूप जो मिथ्यादर्शन, अज्ञान,

अविरतिरूप तीन प्रकारका सविकार चैतन्यपरिणाम है वह परके और अपने अविशेष दर्शनसे, अविशेष ज्ञानसे और अविशेष रतिसे (-लीनतासे) स्व-परके समस्त भेदको गौण करके ज्ञेयज्ञायक भावको प्राप्त—ऐसे चेतन और अचेतनका सामान्य एक आधाररूप अनुभवन करनेसे, "मैं धर्म हूँ, मैं अधर्म हूँ, मैं आकाश हूँ, मैं काल हूँ, मैं पुद्गल हूँ, मैं अन्य जीव हूँ"-ऐसा अपना विकल्प उत्पन्न करता है।

संक्षेपसे जीवके तीन प्रकारके परिणाम हैं; विपरीत ज्ञान, विपरीत मान्यता और विपरीत स्थिरता। परको और अपनेको एकरूप माने वह विपरीत मान्यता है, परको और अपनेको एकरूप जाने वह विपरीत ज्ञान है, परमें एकरूप लीन हो वह विपरीत स्थिरता है। इसप्रकार स्व और परके समस्त भेदोंको ढँक देता है। चैतन्यका परके साथ मात्र ज्ञेयज्ञायकका सम्बन्ध है, परन्तु अज्ञानी चेतन और अचेतनका एक आधार माननेसे, एकरूप अनुभव करनेसे ज्ञेय वह मैं हूँ—इसप्रकार परज्ञेयको अपना करता है; मैं धर्मास्तिकाय हूँ, मैं अधर्मास्तिकाय हूँ, इत्यादि विकल्पोंको अपना करता है। परम उदासीन ज्ञाता स्वभावको भूल जाता है इसलिये विकल्पोंको अपना करता है इससे परद्रव्यको भी अपना करता है। अन्य जीवको भी अपना मानता है, पुद्गलको भी अपना मानता है, गांव, नगर, देश, देव, गुरु, शास्त्र, स्त्री, कुटुम्ब, शरीरादिको अपना मानता है, वे तो सब परवस्तुएँ हैं, आत्माके ज्ञानका ज्ञेय हैं, तथापि अज्ञानी मानता है कि स्त्री, कुटुम्ब, लड़का, भाई, बहिन-आदि और हम सब एक हैं।

स्त्री है वह तो अर्द्धांगिनी है, इससे हम दोनों एक हैं—वैसी मान्यता अज्ञान है। भाई, स्त्रीका आत्मा भिन्न है और तेरा आत्मा भिन्न है, स्त्रीका शरीर पृथक् है और तेरा शरीर पृथक् है, दोनों द्रव्य बिल्कुल भिन्न हैं, स्त्री कहाँसे आई और कहाँ जायेगी और तू कहाँसे आया कहाँ जायेगा, दोनोंका कहीं भी मेल नहीं है, तू मोहका मारा एकत्व मानकर अज्ञानताका सेवन कर रहा है।

कितने ही कहते हैं कि—हम पिता-पुत्र दोनों एक हैं, वैसा

माननेवाला पर आत्माको और अपने आत्माको—दोनोंको एक मानता है। अरे भाई! सभी द्रव्य पृथक् हैं, कोई द्रव्य एक हो ही नहीं सकते, तूने भ्रान्तिवश एकता मान रखी है, वह संसारमें परिभ्रमण करनेका कारण है, परवस्तु जानने योग्य-ज्ञेय है, और तू ज्ञाता है, परन्तु भ्रान्तिवश अज्ञानी ज्ञेय और ज्ञानको एक मानता है। मेरा आत्मा और परका आत्मा-हम दोनों एक ही वृक्षकी शाखा हैं—ऐसी मान्यता बिल्कुल अज्ञान है, पुद्गलद्रव्य और आत्मा दोनोंका आधार पृथक्-पृथक् है—ऐसा न मानकर, दोनोंका आधार एक है—वैसा मानता है वह अज्ञानता है।

धर्मास्तिकाय तो गतिमें निमित्तमात्र है, वहाँ अज्ञानी मानता है कि धर्मास्तिकाय और मैं-दोनों एक हूँ। जो ज्ञेय और ज्ञानको भिन्न नहीं कर सकता वह धर्मास्ति, अधर्मास्ति, आकाशास्ति इत्यादि समस्त ज्ञेयोंको एक मान रहा है। धर्मास्तिकाय आदिका जो विकल्प आये उससे अपनेको पृथक् नहीं जानता, इसलिये धर्मास्तिकायको ही अपना मानता है।

कितने ही कहते हैं कि हम धर्मास्तिकायको जानते ही नहीं, और देखते भी नहीं हैं, इसलिये उसे हम अपनेरूप नहीं मानते। परन्तु शास्त्रमेसे धर्मास्तिकायका नाम जो सुना है। इससे धर्मास्तिकायका विकल्प आता है और उस विकल्पसे अपनेको भिन्न ज्ञाता-साक्षीरूप नहीं जानता, विकल्प और मैं दोनों एक हूँ—ऐसा मानता है, इससे धर्मास्तिकाय भी मैं हूँ—ऐसा मानता है। गतिमे, स्थितिमे, अवकाशमे, परिणमनमे वे अन्य द्रव्य निमित्तमात्र हैं—ऐसा जो नहीं मानता वह धर्मास्तिकाय आदि सभी द्रव्यरूप मैं ही हूँ—ऐसा मान ही रहा है।

शरीरादिको अपना मानकर जड़को अपना मानता है, स्त्री, कुटुम्बको अपना मानकर अन्य जीवद्रव्यको अपना माना, स्वतः बीमार हो और स्त्री-पुत्रादि भलीभाँति सेवा करें तो ऐसा मानता है कि सबने मेरी अच्छी सेवा-सुश्रुत की इससे ही मैं जल्दी अच्छा हो गया, ऐसा मानने-

वालेका अभिप्राय ऐसा अज्ञानमय हुआ कि पर जीव और मैं दोनों एक ही हूँ। अरे! अन्य जीवको अपनेरूप माननेमे तो देव, गुरु सभी आ जाते हैं। देव, गुरु मेरे आत्माके आधार हैं, मेरा आत्मा देव, गुरुसे उत्पन्न हुआ है इसलिये देव, गुरु मेरे आत्माके आधार हैं (आत्माकी स्वभावपर्याय प्रगट हो तब देव, गुरुका निमित्त होता है परन्तु देव-गुरु और शास्त्र अपनी स्वभावपर्यायको प्रगट नहीं कर देते) देव, गुरु मेरे आत्माकी स्वभावपर्याय प्रगट कर देते हैं—ऐसा अज्ञानी मानता है।

एक रजकणसे लेकर त्रिलोकीनाथ तीर्थंकर—वे सब और मैं एक ही हैं, ऐसा मानना, जानना और उसमें लीन होना सो अज्ञान है। दूसरा मुझे लाभ-हानि करता है, वैसा अभिप्राय कब आता है? कि पर और मैं—दोनों एक हूँ, ऐसा माने बिना वह अभिप्राय आता ही नहीं। स्व-परकी एकतारूप विपरीत अभिप्रायके द्वारा स्व-परको पृथक् करनेका विवेक ढँक जाता है।

किसीकी कृपासे मोक्ष होता है और किसीके शापसे नरक-निगोदमें जाते हैं—ऐसा माननेवाला परको अपना मानता है, वह स्व-परकी एकतारूप मान्यता स्व-परके विवेकको ढँक देती है। धर्म, अधर्म, आकाश, काल, पुद्गल और अन्य जीव—वह सर्व पदार्थ मैं हूँ, ऐसी भ्राँतिके कारण जो सोपाधिक-उपाधियुक्त है-ऐसा चैतन्यपरिणामों रूप परिणमित होता हुआ यह आत्मा उन सोपाधिक चैतन्यपरिणाम-रूप, विपरीत भावका कर्ता होता है। यह ज्ञेय और मैं-दोनों एक हूँ, ऐसा भ्राँतिके कारण मानता है। ज्ञेय-ज्ञायक भावको पृथक् न रखकर एक करता है। राग-द्वेष चैतन्यके साथ निकट क्षेत्रमे हैं, उन्हें अपना मानना सो सविकार परिणाम हैं—वैसा कहा था, और दूसरे ज्ञेय हैं वे दूर हैं, इसलिये उन्हें अपना मानना वह सोपाधिक परिणाम है, उस सोपाधिक परिणामका चैतन्य स्वत. कर्ता होता है।

चैतन्य अज्ञानभावसे अन्य जीवको अपना मानता है, उस अन्य जीवमे कौन बाकी रहा? त्रिलोकीनाथ तीर्थंकरदेव भी बाकी

नहीं रहे, एक ओर स्वत' चैतन्य और एक ओर समस्त ज्ञेय आ गये, एक ओर राम और एक ओर सारा गांव आ गया, दिव्यध्वनि और शास्त्र भी वाकी न रहे। अज्ञानी, अज्ञानसे दिव्यध्वनिको तथा शास्त्रोंको–सभीको अपनेरूप मानता है। अपने आत्माको, तीर्थङ्करदेवको और दिव्यध्वनिको किसीको पृथक् नहीं मानता, सबको एकमेक मानता है। जिसने एक पदार्थको अपनेरूप माना उसने सर्व पदार्थोको ही अपनेरूप माना है।

मैं अन्य निमित्तके विना ही गति कर सकता हूँ—ऐसा जो मानता है वह अपनेको धर्मद्रव्यरूप ही मानता है। कितने ही कहते हैं कि हम धर्मास्तिकायको नहीं देखते है, परन्तु भाई! शरीरकी गति होती है उसमें धर्मास्तिकायका निमित्त है। जो शरीरकी गतिको अपना मानता है वह उसके निमित्तको भी अपना मानता है, अर्थात् धर्मास्तिकायको भी अपना मानता है। मैं अन्य निमित्तके विना ही स्थिर रहता हूँ—ऐसा जो मानता है वह अधर्मास्तिकायको अपना मानता है। शरीर स्थिर रहता है उसकी स्थिररूप अवस्थामे अधर्मास्तिकाय निमित्त है, शरीरकी स्थिररूप अवस्थाको जो अपना मानता है वह उसके निमित्तको भी अपना मानता है अर्थात् अधर्मास्तिकायको भी अपना मानता है। आकाशास्ति अवगाहन देनेमें निमित्त है, उसे न मानकर, यह मेरा स्थान है—ऐसा ममत्व करता है, उस स्थानरूप अपनेको मानता है अर्थात् आकाशको भिन्न स्वीकार न करके मैं स्वतः ही आकाश हूँ—ऐसा मानता है। निमित्तके कार्य मैं कर सकता हूँ, ऐसा जो मानता है वह निमित्तको भी अपना मानता है।

उसी प्रकार कालद्रव्यको भी अपना मानता है, काल नामक पदार्थ स्वतंत्र–भिन्न है, उसे स्वीकार न करके दिवालीके दिन अच्छे हैं, लग्नके दिन अच्छे हैं, वे मुझे सुखकर हैं—ऐसा जो कालमे ममत्व करता है वह कालद्रव्यको अपना मानता है। प्रत्येक द्रव्यके परिणमनमें कालद्रव्यका निमित्त है, उसे स्वीकार न करके कालका ममत्व करता है वह कालद्रव्यको अपना मानता है। मै अपनेसे ही परिणमता हूँ,

उसमें कालद्रव्यका निमित्त है—ऐसा जो नहीं मानता वह कालद्रव्यका ममत्व करता है और कालद्रव्य तथा अपनेको एकरूप मानता है।

पौद्गलिक पदार्थोंकी क्रियाको मैं ही करता हूँ—ऐसा जो मानता है, वह अपनेको पुद्गलद्रव्यरूप मानता है। वाणीकी क्रिया, शरीरकी क्रिया, कपड़े आदि बराबर रखनेकी क्रिया वह सब क्रिया मैं ही करता हूँ और कर सकता हूँ—ऐसा जो मानता है वह पुद्गलद्रव्यको अपना ही मानता है।

कोई भी जीव परका भला–बुरा कर ही नहीं सकता है, किन्तु वैसी इच्छा युक्त पुण्य–पापके भाव कर सकता है। ऐसा न मानकर अन्य जीवोंका हिताहित मैं ही करता हूँ—ऐसा जो मानता है वह अपनेको अन्य जीवरूप मानता है, पर मेरा भला करे और मैं परका हित करूँ, पर मेरा बुरा करे और मैं परका बिगाड़ूँ—ऐसा जो मानता है वह अन्य जीवको अपना मानता है। पर मुझे लाभ–हानि करता है और मैं परको लाभ–हानि करता हूँ—ऐसा जिसने माना है उसने स्वत को और अन्य जीवोंको एकमेक माना है। अन्य जीवोंको अपनेसे पृथक् नहीं माना वही अज्ञान है।

जीव अपने ज्ञातापनको भूलकर परका कुछ करूँ ऐसी इच्छा करता है लेकिन दूसरोंका कुछ भी करनेमें कोई समर्थ नहीं है, दूसरे अपना भला नहीं कर सकते कोई किसीका तीनकालमें कुछ भी करनेमे समर्थ नहीं है; एक तत्त्व दूसरे तत्त्वका कुछ भी करे तो दो तत्त्व एक हो जायें परन्तु वैसा तो कभी बनता ही नहीं है।

प्रत्येक पदार्थ भिन्न-भिन्न, स्वतः अपनेमें स्वतंत्र है। किसीका उपकार कोई कर ही नहीं सकता, जब किसी जीवका हित होता है तब सच्चे-देव-गुरु-शास्त्रका निमित्त होता है, इससे घीका घड़ा कहने समान उपचारसे ऐसा कहा जाता है कि उन्होंने उपकार किया है। जो निमित्तको और अपनेको भिन्न नहीं मानता वह एकमेक मानता है। धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, काल, पुद्गलादिके विकल्पके समय स्वतः शुद्ध चैतन्य मात्र होनेका भान रखनेसे जो

धर्मादिके विकल्पमें एकाकार हो जाता है वह अपनेको धर्मादिद्रव्यरूप मानता है।

यहाँ कर्ता–कर्मका अधिकार चल रहा है। आत्माका स्वभाव निर्मल ज्ञानघन है, आत्माकी पर्यायमे जो राग-द्वेष होते हैं वह विकार है। विकार अपना स्वभाव नहीं है; विकारमे युक्त न होकर स्वरूपमे जागृत–सावधान होना वह धर्मात्माका कर्तव्य है। परद्रव्यसे और सर्व विकल्प रागादिसे, कर्तृत्वसे अपना स्वरूप पृथक् माने वह धर्मीका लक्षण है।

धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय आदि छहों द्रव्य मुझे सहायक हैं—ऐसा मानना मिथ्यात्व है। जो पर है सो मै हूँ—ऐसी एकत्वबुद्धि हुए बिना ऐसा भाव ही नहीं उठता कि पर मुझे सहायता करता है। उपचार मात्रसे सहायक बोला जाता है लेकिन बनता नहीं है। परद्रव्य पर और संयोगी भाव पर दृष्टि रखना सो धर्मात्माकी दृष्टि नहीं है; परन्तु आत्माके निर्मल स्वभाव पर दृष्टि रखना सो धर्मीकी दृष्टि है।

धर्मास्तिकाय–अधर्मास्तिकाय–आकाशास्तिकाय–परमाणु—असंख्य कालाणु और अन्य आत्मा—उन सभीके विकल्पमे लीन हो जाये; मैं ज्ञानस्वरूप पृथक् हूँ—ऐसा भान न रखे और परद्रव्यसे अपनेमें विपरीतता मानकर परद्रव्य–परक्षेत्र–परकालादिसे जो राग होता है वही मैं हूँ—ऐसा माने वह अन्य द्रव्योंको अपनेरूप मानता है और अपनेको अन्य द्रव्यरूप मानता है। सविकल्प ज्ञानमे जो द्रव्यका विषय हुआ उस विकल्पमे इच्छामे अपनेको भूलकर एकाकार हुआ है—वही धर्मास्तिकायादिको अपनेरूप मानता है। आत्माका निर्मल स्वभाव परसे भिन्न है, निर्विकल्प ज्ञाता–दृष्टा शान्तरूप है उसे भूलकर विपरीत पुरुषार्थके कारण जो परद्रव्यका शुभ या अशुभ जो–जो विकल्प आता है उस-उस विकल्पको जो अपनेरूप मानता है वह परद्रव्यको अपनेरूप मानता है।

स्त्री, कुटुम्बका राग आये अथवा तीर्थङ्करदेवका राग आये; परन्तु उस समय जो अपने आत्माका पृथक् भान न रखे और रागको ही

अपना माने उस रागको भला माने वह अपनेको अन्य आत्मारूप मानता है, रागी ही मानता है। ९४ वीं गाथामें ऐसा कहा था कि भावक अर्थात् मोहकर्मकी प्रकृति और भाव्य अर्थात् पुण्य-पापादिके परिणाम, उन सबसे आत्मा भिन्न है; और इस ९५ वीं गाथामें ऐसा कहा कि सर्व परद्रव्योंसे आत्मा भिन्न है।

दूसरे आत्माका हित या अहित करनेका विकल्प आया, उसमें कोई भी पर अवलम्बन लक्षमें लेकर विकल्प आता है, उस वर्तमान अवस्थामें सम्पूर्ण द्रव्य रुक जाता है, अखण्ड वस्तुका पृथक् भान नहीं रहा इससे विकारी अवस्थाको अपनेरूप किया और अन्य आत्माके हिताहितको तथा अन्य आत्माको भी अपनेरूप किया और स्वत: उसरूप हुआ, अन्य आत्माका हिताहित मैं करता हूँ अर्थात् मैं उसरूप हो जाता हूँ—ऐसी मान्यता की; इसप्रकार मोहवश होकर परद्रव्यको अपनेरूप करता है।

आत्मा त्रैकालिक अनन्त आनन्दसे परिपूर्ण है, उसमें अपनी भूलसे वर्तमान अवस्थामें जो पुण्य-पापका विकार होता है, परके कारण रागादि नहीं हो सकते हैं लेकिन उसी विकारमे जो रुक जाता है, विकारी ही मैं हूँ, विकार मेरा कर्तव्य है—ऐसा मानता है वह परद्रव्यको अपनेरूप करता है। धर्मास्तिकायादि परद्रव्योंका विचार, मैं अपने स्वरूपमें स्थिर नहीं हो सकता इसलिये आता है—ऐसा भान न रहनेसे मैं उससे पृथक् हूँ यह भी भान न रहनेसे, जो विचार आता है जिस विषयका राग आया उसीमें रुक जाता है, वर्तमान अंशमें ही रुक जाता है और त्रैकालिक ज्ञाता अपनेको भूलकर वर्तमान अनित्य अवस्थामें ही रुक जाता है, वह परद्रव्यको अपनेरूप करता है।

जिस प्रकार नट नाचते-नाचते डोरीसे गिरता नहीं है, वैसे ही मैं नित्य एक ज्ञायक आत्मा हूँ, ज्ञानमे जागृति करनेवाला हूँ ये निश्चयरूप डोरी चूक गया तो फिर चाहे वह तीर्थङ्करदेवके पास बैठा हो, व्रतमे अथवा पूजामे बैठा हो, चाहे जिस शुभ क्रियामें बैठा हो,

परन्तु वह परद्रव्यको अपनेरूप करता है, अतः उसके चौरासीका अन्त आये वैसा नहीं है।

अज्ञानसे वह विकारका कर्ता होता है और विकार उसका कार्य होता है। देव, गुरु, शास्त्रकी ओरके शुभपरिणाममे हो, शास्त्रश्रवणमें बैठा हो परन्तु मात्र शब्दोंके उपर लक्ष हो तो–मात्र शब्दोंमे ही एकाकार हो तो–शुभपरिणाममे ही एकाकार हो तो, उसे पृथक् ज्ञायक-आत्माका भान नहीं है, इससे वह परद्रव्यका कर्ता है और उसके कारण परिभ्रमणका अभाव नहीं हो सकता। ज्ञानीको ज्ञायक आत्माका भान प्रवर्तमान है, शुभाशुभ परिणामोंमें पृथक्त्वका विवेक वर्त रहा है कैसा भी राग हो वह बाधक है, दोष है ऐसा जानता है। ऐसी दशामें भी शुभपरिणाम आते अवश्य हैं, परन्तु उन शुभपरिणामोंसे तो ज्ञानीका संसार नहीं बढ़ता और अशुभ परिणामोंसे भी संसारकी वृद्धि नहीं होती, क्योंकि उसको शुभाशुभ परिणामोंसे एकत्वबुद्धि दूर हो गई है, इससे संसार भी टल गया है।

कोई ऐसा कहे कि ऐसे पंचमकालमें पुरुषार्थ कैसे हो? परन्तु जिसे पुरुषार्थ नहीं करना है वह कालका बहाना बतलाता है। स्वतः पुरुषार्थ करे तो काल कहीं आड़े नहीं आता, अपने पुरुषार्थकी मंदतासे पंचमकालमें जन्म हुआ है, उसमें कहीं कालका कारण नहीं है वहाँ भी तेरा अपना ही कारण है। अपना माहात्म्य नहीं आता इससे किसी पर कालकी लब्धि वगैरह नाम लेकर दूसरोंके बहाने निकालता है। अपने स्वभावका माहात्म्य आये तो राग-द्वेष भी घटता है। मैं राग-द्वेषका दूर करनेवाला कैसा और कितना हूँ—इसका महात्म्य आये बिना यथार्थतया राग-द्वेष कम नहीं होता, तो फिर दूर कहांसे होगा? स्वरूपके भान बिना कदाचित् कषायको मन्द करे तो पुण्यबन्ध हो, स्वर्गमें चला जाये परन्तु भवका अन्त नहीं होता।

चैतन्य वीतरागस्वभावी, राग-द्वेषरहित स्वतत्त्व कैसा है—इसका भान और एकाग्रताके आश्रयके बिना वास्तवमें राग-द्वेष दूर किये ही नहीं जा सकते।

अपनेको भूलकर अनन्तकाल तक राग-द्वेष किये, फिर जागृत हुआ इससे कहता है कि अब मुझे राग-द्वेष उत्पन्न न हो इस प्रकार ज्ञाता रहना है, अब मुझे अज्ञानमय कर्तापनकी बुद्धि और राग-द्वेषकी आवश्यकता नहीं है। अनन्तकाल तक तो राग-द्वेष अज्ञान किये और अब, क्षणभरमें कहता है कि मुझे राग-द्वेषका ममत्व नहीं चाहिये—ऐसा नित्य शुद्ध ज्ञातास्वरूपका भान करनेवाला कितना महान होगा? उसका माहात्म्य कैसा होगा? ऐसे अचिंत्य महिमावन्त भगवान आत्मस्वभावके भान बिना, उसके माहात्म्य बिना दृष्टि बिना कषाय दूर नहीं होती।

वीतरागी स्वभावके आश्रय बिना वास्तवमें कषाय दूर होती ही नहीं। आत्मस्वभावके आश्रय बिना—नित्य ज्ञायकके अस्तिके आश्रय बिना कषायकी नास्ति नहीं होती। आत्माके भान बिना कषाय मन्द करे तो मिथ्यात्व कर्मके पाप सहित पुण्यका बन्ध हो और स्वर्गकी प्राप्ति हो, परन्तु आत्माका भान नहीं किया इससे पापानुबन्धी पुण्यवाला भी परंपरासे निगोदमें चला जायेगा। निगोदकी गति और मोक्षकी गति एक दूसरेके विरुद्ध है—तत्त्वदृष्टिका विराधक निगोदमें जाता है और तत्त्वदृष्टिका आराधक मोक्ष प्राप्त करता है।

विकारका नाशक नवीन नहीं होता, परन्तु स्वतःसिद्ध अनादि-अनन्त है। विकारका नाश करनेवाला अभी तक रहा कहाँ? किसप्रकार रहा? उसके भान बिना बन्धनसे मुक्त नहीं होता, कर्ता-कर्मपना नहीं मिटता। जैसे राग-द्वेष हुए उतना ही अपनेको माना, तो फिर राग-द्वेष दूर कहाँसे हों? राग-द्वेषका नाश करनेवाला मात्र शुद्ध-पवित्र अनन्तवीर्य-युक्त आत्मा कितना है? कहाँ है? कैसा है? इस भान बिना कषाय दूर नहीं होती, कदाचित् वर्तमानकाल पर्यन्त कषाय मन्द होती दिखाई दे परन्तु फिर ज्योंकी त्यों वैसी तीव्र कषाय होती है।

शरीर, मन, वाणी तो आत्मामें नहीं हैं, परन्तु पुण्य-पापके परिणाम भी आत्मामे नहीं हैं। परमे एकाग्र कब होता है जब ऐसी मान्यता हो कि पर मुझे लाभ-हानि करता है, सहायता करता है; और

ऐसी मान्यता कब होती है कि जब यह माने कि पर और मैं एक हूँ। दो द्रव्योंको एक माने विना ऐसा भाव ही नहीं आता कि मैं परको लाभ-हानि कर सकता हूँ। परमें देव-गुरु-शास्त्र सभी आ गये। अज्ञानके कारण विपरीत भावोंमे कर्ताकर्मपना है, अज्ञान ही कर्म-बन्धनको उत्पन्न करनेका कारण है, अज्ञानरूप चैतन्यपरिणाम अपनेको धर्मादिद्रव्यरूप मानता है, इससे वह अज्ञानरूप उपाधिपरिणामका कर्ता होता है और वह अज्ञानरूप भाव उसका कर्म होता है ॥ ९५ ॥

" इससे कर्तृत्वका मूल अज्ञान सिद्ध हुआ "—ऐसा अब कहते हैं:—

एवं पराणि दव्वाणि अप्पयं कुणदि मंदबुद्धीओ ।
अप्पाणं अवि य परं करेदि अण्णाणभावेण ॥ ९६ ॥

एवं पराणि द्रव्याणि आत्मानं करोति मंदबुद्धिस्तु ।
आत्मानमपि च परं करोति अज्ञानभावेन ॥ ९६ ॥

अर्थ.—इस प्रकार मन्दबुद्धि अर्थात् अज्ञानी, अज्ञानभावसे परद्रव्योंको अपनेरूप करता है और स्वत को पर करता है।

आत्मा तो निर्विकल्प वीतरागस्वरूप है, इससे जो अनभिज्ञ है वह मंदबुद्धि है—अज्ञानी है; फिर चाहे वह भले ही धाराशास्त्री हो, बड़ा प्रधान हो या धर्मशास्त्रका पाठी हो परन्तु जिनको आत्माका भान नहीं है उन सबका समावेश मन्दबुद्धिमे हो गया।

अज्ञानी जीव परको अपना मानता है और अपनेको पर मानता है, परमे लीन होता है और परको अपना बनानेका प्रयास करता है परन्तु वह कभी अपना नहीं होता।

इसप्रकार अज्ञानी आत्मा 'मैं क्रोध हूँ' इत्यादिकी भाँति और 'मैं धर्मद्रव्य हूँ' इत्यादिकी भाँति परद्रव्यको अपनेरूप करता है और अपनेको भी परद्रव्यरूप करता है।

आत्मा क्रोधादि विकारसे रहित है, पराश्रयरहित है, परन्तु अज्ञानी उसे विकार सहित और पराश्रययुक्त मानता है—इसप्रकार वह परको

अपनेरूप मानता है। मैं पुण्यपरिणामोंसे निभ रहा हूँ, मेरा पुण्यपरिणामके बिना नहीं चल सकता—इसप्रकार अपने निर्विकार स्वभावको भूलकर जिसने अपनेको विकार परिणामों जितना ही माना है उसने अपनेको पररूप किया है और परको अपनेरूप किया है।

धूप–छाँहकी खबर पड़ती है, ठण्ड-गर्मीकी खबर पड़ती है, भूख लगी है इसलिये खा लूँ, यह वस्तु मुझे अनुकूल या प्रतिकूल है—इसप्रकार समस्त परकी खबर पड़ती है, परन्तु मै त्रिकाली अखण्ड पूर्ण-स्वरूपसे कौन हूँ, उसकी खबर नहीं होती, स्वतः अनन्तगुणस्वरूप आत्मा है—ऐसे अपने स्वरूपका माहात्म्य नहीं, परन्तु परका ही माहात्म्य आता है, अज्ञानपनेमें परकी ही महिमा आती है। अज्ञानके कारण जिसप्रकार अज्ञानी विकारी परिणामोंको अपना करता है, उसीप्रकार धर्मादिक द्रव्य और अन्य जीवद्रव्यको भी अपना करता है।

परके ऊपर दृष्टि होनेसे–मैं अन्य जीवका हिताहित कर सकता हूँ, परको मैं तार सकता हूँ, ऐसा वह मानता है और इससे वह अपनेको उस प्रकारका राग-द्वेष-मोहरूप परिणाम जितना ही मानता है। भले ही वह अपनेको इतना बड़ा माने परन्तु स्वतः इतना बड़ा नहीं है, किसीका कुछ करनेमें समर्थ नहीं है क्योंकि प्रत्येक आत्मा समस्त परवस्तुओंके सम्बन्धसे रहित है ऐसा वस्तुका स्वभाव है। धर्मादिक द्रव्य भी आत्मामें नहीं हैं, पुण्य–पापके परिणाम भी आत्मामें नहीं हैं, उन्हें भी परवस्तु कहा है; उन सबको अज्ञानी जीव अपना मानता है। भगवान आत्मा तो समस्त परवस्तुओंके संबंधसे रहित अपार–अमर्यादित स्वभाववाला है, परन्तु अज्ञानीको भान नहीं है, इससे परद्रव्योंको अपनेरूप करता है और अपनेको भी परद्रव्यरूप करता है। परसे आधार-आधेय मानकर परवस्तुके कारण अपनेमें परिवर्तन होना मानता है और अपने कारणसे परका कार्य मानता है।

इसप्रकार स्व-परका अज्ञानके कारण ही सविकार और सोपाधिक किये हुए चैतन्यपरिणाम द्वारा उस प्रकारके अपने भावोंका कर्ता प्रतिभासित होता है।

आत्मा अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तआनन्द, अनन्तवीर्य ऐसे अनन्त-अनन्त सामर्थ्यसे भरपूर वर्तमानमे ही है। समय-समय त्रिकाली होकर आत्मा अनन्त है—ऐसी अनन्तता नहीं है परन्तु वर्तमान प्रत्येक समयमे ही अविनाशी अनन्त सामर्थ्यवाले परिपूर्ण भावसे भरा हुआ है इससे अनन्त है,—ऐसा आत्माका नित्य अपार स्वभाव है।

वर्तमान अनित्य पर्यायमे क्रोध, मान, माया और लोभके जो परिणाम होते हैं उनकी सीमामे तू आ जाये—इतना तू नहीं है, तू तो अपार है। धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय इत्यादि द्रव्योंका अवलम्बन ले-उतना तू नहीं है परन्तु तू उन सबसे रहित अपार-अमर्यादित ज्ञानानन्द स्वभाववाला है, उन सब द्रव्योंकी तुझमे नास्ति है।

आत्मा शुद्ध चैतन्य धातुमय है, जो आत्माके अनन्त-अपार पूर्ण स्वभावको धारण कर रखे वह नित्य चैतन्यधातु आत्मा अपार स्वभाववाला है, परका अवलम्बन लेकर परकी ओर रुके वह आत्माका स्वभाव नहीं है। आत्मा स्वतः अपनेको जानता है और अपनेसे पृथक् सर्व परद्रव्योंको भी जानता है—ऐसा अपार स्वभाव आत्माका वर्तमानमे ही है, उतना अपार सर्वज्ञ आत्माको न माने परन्तु क्रोध, मानादि विकार जितना ही माने वह संसारका कारण है। यह गाथा बहुत उच्च है। आत्माके अपार स्वभावकी प्रतीति-विश्वास महिमा लाओ, ऐसा कहती है।

आत्माके ज्ञान-श्रद्धा-शान्ति-वीर्य इत्यादि स्वभावका सामर्थ्य अमाप है, अपार है, त्रिकाल स्वाधीन है। आत्मा अपने असली स्वभावसे च्युत होकर किसी एक समय मात्र भी विकारमय नहीं हुआ, तथापि अज्ञानके कारण अपनेको सविकार और सोपाधिक मानता है। स्वभावके सामर्थ्यका भान न होनेसे वर्तमान विकार जितना ही अपनेको मानता है अर्थात् अपनेको सविकार मानता है।

क्रोध, मान, माया, लोभको अपना मानना सो सविकार परिणाम है और छह द्रव्योंको अपना मानना वह सोपाधिक चैतन्यपरिणाम है, वे विकारी परिणाम चैतन्यमें हुए, इसलिये उन परिणामोंवाला होता हुआ, उस प्रकार मैं होनेवाला हूँ—वैसा उसे भासित होता है, परन्तु परको अपना माननेमें मूल कारण अज्ञान है।

अज्ञानी विकारी परिणामोंमे एकमेक होकर ऐसा मान लेता है कि वे मेरे हैं, परन्तु ज्ञानी वैसा नहीं मानते, ज्ञानीको विकारका भय नहीं लगता कारण कि उसने नित्य अविकार स्वभावमेंसे निःशंक साधकदशा प्रगट की है, इससे पूर्ण वीतरागता कैसे प्रगट की जा सकेगी—ऐसा उसे संशय-भय नहीं लगता; ज्ञानीने अमुक अंशमें वीतराग-स्वभावकी जाति प्रगट की है, इससे वह पूर्ण वीतरागता प्रगट करते हुए भयभीत नहीं होता।

श्रीमद् राजचन्द्रने उदाहरण दिया है कि सिंहनीको सिंहका भय नहीं होता, नागिनको नागका भय नहीं होता, कारण कि उस प्रकारका अज्ञानभाव उसके दूर हो गया होता है। मुझे यह दुःख देगा, उसप्रकारका अज्ञानभाव उसके टल गया है, यह मुझे दुःख नहीं देगा परन्तु मेरी रक्षा करेगा—वैसी उसे समझ है, इससे सिंहनीको सिंहका और नागिनको नागका भय नहीं लगता। वस्तु भय नहीं कराती परन्तु अज्ञान भयका कारण है। मनुष्योंको सिंहका भय लगता है, वह सिंहके कारण नहीं लगता परन्तु अपने अज्ञानके कारण लगता है। सिंहके कारण यदि भय होता हो तो सिंहनीको भी भय होना चाहिये।

कोई पुरुष किसीका खून करके आये, अथवा चोरी करके धन लाये तो उसकी स्त्रीको उसका भय नहीं होता, क्योंकि उसे ध्यान है कि यह मुझे प्रतिकूलता करनेवाला नहीं है, किन्तु अनुकूलता करनेवाला है।

उसीप्रकार ज्ञानीके अपने चारित्रमें गलतीके कारण अल्प राग-द्वेष, क्रोध-मान आदि होते हैं, परन्तु वह समझता है कि यह

विकार मेरे नित्य स्वभावमें नहीं है, किन्तु पुरुषार्थकी दुर्बलतासे होते हैं, किन्तु स्वभावकी सीमासे च्युत होकर वे परिणाम होते ही नहीं। ज्ञानीका पुरुषार्थ इतना तीव्र है कि उसे विकारी परिणामोंका ऐसा भय नहीं लगता कि यह परिणाम मेरे स्वभावसे च्युत कर देंगे तो। ज्ञानी अपने और विकारके स्वरूपको बराबर जानता है। वह समझता है कि मैं अनन्त सामर्थ्यवाला आत्मा हूँ, विकारी परिणामोंमे इतनी सत्ता नहीं है कि मुझे स्वभावसे च्युत कर दें। जहाँ तक पूर्ण वीतराग नहीं होता वहाँ तक ज्ञानीको अल्प राग-द्वेष होते हैं, परन्तु उसने अंशत वीतरागस्वभाव प्रगट किया है इससे पूर्ण वीतरागता प्रगट करते हुए वह भयभीत नहीं होता।

राग-द्वेष-मोह करने योग्य है, शुभराग चाहिये, ऐसा माननेवाला अज्ञानी अपनेको पुण्य-पापके विकार जितना ही मानता है, उस दोषका मूल अज्ञानभाव है। लोग कहते है कि-हम नीति करते हैं, परन्तु मैं आत्मा कौन हूँ ? मेरा क्या स्वभाव है ? उसे जाने विना अभिप्रायमे अनीतिके ढेरके ढेर पड़े हैं, वस्तुका स्वभाव जैसा है उसे वैसा—यथावत् न माने और अन्य प्रकार माने वही सच्ची अनीति है।

जिसप्रकार-लोकमे झूठ बोले उसे अनीति कहते हैं, वैसे ही वस्तु-स्वभाव जैसा है उसे वैसा ही न मानकर विपरीत माने वह झूठा हुआ, इसलिये वही महान् अनीति है। अमर्यादित ज्ञानानन्दमय अनन्त शक्तिसे परिपूर्ण ऐसा चैतन्यमूर्ति आत्मा हूँ—उसके भान बिना विकार दूर नहीं होता और जहातक भेदविज्ञान द्वारा आत्माका भान नहीं है वहाँतक परपदार्थकी ओर उन्मुखताका भाव दूर नहीं होता। उस विकारी परिणामका मूलकारण अज्ञान है, विकारी-अविकारी स्वरूपका अविवेक सो अज्ञान है—वह प्रगट दृष्टान्तसे समझाया जाता है—

जिसप्रकार भूताविष्ट पुरुष अज्ञानके कारण भूतको और अपनेको एक मानता हुआ, मनुष्यको अनुचित-ऐसी विशिष्ट चेष्टाओंके अवलम्बन सहित, भयङ्कर आरम्भसे भरे हुए अमानुषिक व्यवहारवाला होनेसे उस प्रकारके भावोंका कर्ता प्रतिभासित होता है।

जिसके शरीरमें भूत लगा हो उसे ऐसा भान नहीं रहता कि यह भूत है और मैं मनुष्य हूँ, इससे वह भूतको और अपनेको एक मानता है। भूत उसके शरीरमें रहकर जो चेष्टा करता है उसे वह अपनी मानता है, मनुष्योंको शोभा न दें ऐसी चेष्टाएँ करता है, सास-ससुर बैठे हों और अश्लील बोलता है, भागता है, कपड़े फाड़ता है, घरकी वस्तुएँ तोड़ता-फोड़ता है—ऐसी अनेक प्रकारकी कुचेष्टाएँ करता है, और वे सब भाव मेरे हैं—ऐसा उसे अज्ञानके कारण भासित होता है, इससे उन भावोंका कर्ता होता है। किसीके पापका उदय हो तो उस समय उसके भूत प्रवेशका ऐसा प्रसंग बनता है, कोई निम्न कोटिके व्यंतरदेव होते हैं वे किसीके पापका उदय हो तो वहाँ प्रवेश करते हैं।

कहीं कहीं तो स्त्रियाँ व्यर्थका ढ़ोंग ही करती हैं, अधिकतर तो ढ़ोंग ही दिखाई देते हैं, किन्तु कहीं सच्चा होता है। यहाँ तो आचार्यदेवने भूत लगे हुएका सच्चा दृष्टान्त दिया है। स्त्रियोंमें कपटकला बहुत होती है और घरमें अपना न चलता हो, पति साधारण हो, देवर अच्छा हो, सास लड़ती हो, तो अपना मान बढ़ानेके लिये व्यर्थमें ढ़ोंग करती है। एक स्त्री थी, वह कहती थी कि मुझे देवी आती है, और यदि तुम नहीं मानते हो तो इस घरमें जो सफेद और काला बैल है वह मर जायेगा; तथापि घरमे कोई मानता नहीं था, एक दिन रात्रिके समय उस स्त्रीने सफेद बैलको मार डाला, और फिर सवेरे बोली कि अगर तुम अभी भी नहीं मानते, तो यह काला बैल भी मर जायेगा। उस रात्रिको सब चुपचाप सोनेका बहाना करके जागते रहे, वह स्त्री रात्रिमे उठी और बैलके पास गई, इतनेमे सब लोग उठ बैठे और उस स्त्रीको बहुत मारा, उसी दिनसे सब ढ़ोंग चले गये। इसप्रकार मान-बड़ाईके लिये दुनियाँमे ढ़ोंग तो बहुत चलते हैं; परन्तु उन ढ़ोंगियोंका यह दृष्टान्त नहीं है; यहाँ तो आचार्यदेवने उनका दृष्टान्त दिया है जिनके सच्चा भूत प्रविष्ट हो गया है।

उसीप्रकार यह आत्मा भी अज्ञानके कारण ही भाव्य-भावकरूप परको और अपनेको एकमेक करता है। भावक अर्थात् मोहकर्मका

निमित्त और भाव्य अर्थात् क्रोध, मान, माया, लोभ आदिके विकारी भाव, उन्हें अपना माने—वही भूत-भ्रम लगा हुआ है। आत्माके भान विना पागल जैसा होकर परको अपना मानकर गहलता करता है। व्यंतरका भूत लगे तो अमुक काल तक अथवा तो एक भव तक ही पागलपन रहे, परन्तु इन शरीरादिकको, द्रव्यकर्म और भावकर्मोको अपना माना, उसमें तो अनन्तकालसे पागलपन है, वह पागलपन सम्यग्ज्ञान होनेसे ही दूर होता है। परमे सुखबुद्धि मानी है, इसीसे परको अपना माननेरूप भाव है, परन्तु सम्यग्ज्ञान द्वारा अपने स्वरूपमे सुखबुद्धिकी मान्यता होती हे, अर्थात् परको अपना माननेरूप मिथ्याबुद्धि दूर हो जाती है।

अज्ञानके कारण परको और अपनेको एक करता हुआ, क्या करता है कि—अविकार अनुभूतिमात्र जो भावक है, अर्थात् श्रद्धा-ज्ञानकी अवस्था होने योग्य ऐसा जो भावक है उसे अनुचित—ऐसे विचित्र भावरूप (ज्ञातामात्र स्वभावकी अरुचिरूप) क्रोधादि विकारोंसे मिश्रित चैतन्यपरिणामवाला-विकारवाला होनेसे उस प्रकारके भावका कर्ता प्रतिभासित होता है।

सम्यग्ज्ञान और सम्यग्दर्शनके अनुभवरूप जो निर्मल अवस्था है उसे अनुचित, अर्थात् उसे शोभा न दें—ऐसे क्रोध, मान, माया, लोभादि विकारी परिणामोंसे मिश्रित चैतन्यपरिणाम। मिश्रित अर्थात् आत्मा जैसा है वैसी अवस्था नहीं रही, परन्तु अवस्था विकारी हो गई, इससे मिश्रित चैतन्यपरिणामवाला कहा है।

शुभाशुभ विकारी परिणाम हों उनमे सम्पूर्ण आत्मा उन विकारी भावोंरूप नहीं हो जाता, परन्तु अवस्था पर्यन्त ही होता है। यदि सम्पूर्ण आत्मा क्रोधादिभावरूप हो जाता हो फिर क्रोधादि भावोंको टालकर आत्मा निर्मलपर्याय प्रगट नहीं कर सकता, किन्तु ऐसा नहीं होता। आत्मा क्रोधादि भावोंको दूर करके निर्मल पर्याय प्रगट कर सकता है, इसलिये मात्र वर्तमान अवस्था ही उन विकारी

भावोंरूप हुई है, कहीं सम्पूर्ण आत्मा विकाररूप नहीं हुआ है, परन्तु वह नित्य निर्मल है।

अज्ञानभावसे क्रोधादि विकारी भावोंका कर्ता प्रतिभासित होता है, अज्ञानीको क्रोधादि भाव अपने भासित होते हैं, परन्तु मैं उन भावोंसे पृथक् हूँ—वैसा भासित नहीं होता। मै तो क्रोधादि भावोंका ज्ञाता हूँ, परन्तु उन भावोंरूप होनेवाला मै नहीं हूँ, मैं तो अपने ज्ञान-सुखादि स्वरूपका अनुभव करनेवाला हूँ, निर्मल स्वभावका स्वाद लेनेवाला हूँ, परन्तु इन विकारी भावोंका स्वाद लेनेवाला नहीं हूँ—वैसा अज्ञानीको भासित नहीं होता, इससे उस प्रकारके भावोंका कर्ता होता है।

यह भूतका उदाहरण देकर यहाँ ऐसा बतलाया है कि—जिसप्रकार भूतकी चेष्टा मनुष्योंको शोभा नहीं देती, उसीप्रकार आत्मा निर्मल ज्ञानमूर्ति है, उसे तो निर्मल अवस्थारूप होना ही शोभा देता है, निर्मल अवस्थाका वेदन करना ही आत्माको उचित है, परन्तु क्रोधादिके परिणाम होना तो उसे अनुचित है। मात्र चैतन्यरूप न रहा किन्तु मिश्रित हो गया कि क्रोधादि ही मेरा कार्य है और मैं उसीका कर्ता हूँ—वैसी कर्तृत्वकी बुद्धि सो अज्ञान है। मै तो उनका ज्ञाता हूँ, कर्ता नहीं हूँ, किन्तु नाशक हूँ, रक्षक नहीं हूँ, उनमे एकमेक होनेवाला नहीं हूँ—वैसा भान न रहा और कर्ता हुआ। उस कर्तृत्वका मूल अज्ञान है, और वह बन्धका कारण है।

कर्ता-कर्म अधिकारमें ९६ वीं गाथा चल रही है। इसमे भूताविष्टका दृष्टान्त पहेला आ चुका है, कि जैसे-किसीको भूत लगा हो तो इस भूतसे मैं पृथक् हूँ—ऐसा भान न रहनेसे भूतको और अपनेको एक मानता है और मनुष्यको अयोग्य चेष्टाएँ करता है, उन्हें अपना मानता है, वैसे ही कर्मके निमित्तसे होनेवाले विकारी भावोंको अज्ञानी अपना मानता हैं।

अब, आचार्यदेव दूसरा दृष्टान्त देते हैं। जिसप्रकार अपरीक्षक आचार्यदेव उपदेशसे भैंसेका ध्यान करनेवाला कोई भोला पुरुष अज्ञानके

कारण भैंसेको और अपनेको एक करता हुआ, 'मैं गगनचुम्बी सींगोंवाला महान भैंसा हूँ'—ऐसे अध्यायके कारण, मनुष्यको योग्य जो कमरेके द्वारसे बाहर निकलना है, उससे च्युत होनेसे उस प्रकारके भावका कर्ता प्रतिभासित होता है।

कोई भोला किसान था, उसे एक मूर्ख गुरु मिल गया, वह सबसे ध्यान करनेको कहता होगा, इससे उस भोले किसानने पूछा कि मुझे किसका ध्यान करना चाहिये? तब गुरुने कहा कि तुझे जो प्यारा हो उसका तू ध्यान कर, तब किसान बोला कि मुझे तो अपना भैंसा प्यारा है इसलिये मैं उसका ध्यान करता हूँ! ऐसा कहकर एकांतमे बैठकर भैंसेका ध्यान करने लगा कि भैंसेका शरीर ऐसा है, मुँह ऐसा है, माथा इतना बड़ा है, सींग बहुत भारी है—इसप्रकार वह भैंसेके ध्यानमें इतना लीन हुआ कि उस विचारमें छह महीने बीत गये, और ध्यान करते-करते उसे ऐसा हो गया कि जैसे मैं ही भैंसा हूँ, मैं महान गगनचुम्बी सींगोंवाला हूँ और यह द्वार बहुत छोटा है, अब मैं इस द्वारसे कैसे निकल सकूँगा? ऐसा सोचकर खड़ा हुआ और जैसे भैंसा चलता है, उसीप्रकार शरीरको इधर-उधर करके चलने लगा, भैंसेका शरीर आड़ा होता है और मेरा शरीर खड़ा है—ऐसा कुछ भी ध्यान उसे नहीं रहा, क्योंकि भैंसेका ध्यान करते-करते उसे ऐसी भ्रमबुद्धि हो गई कि मैं ही भैंसा हूँ, ऐसा ही अभ्यास भी हो गया, वह द्वार मनुष्यके निकलने जैसा था, वह जो स्वतः प्रविष्ट हुआ था मनुष्य ही था न! यह तो भ्रमसे उसे ऐसा हो गया कि मैं भैंसा हूँ, इससे उस भावका कर्ता प्रतिभासित होता है, अर्थात् मैं भैंसा ही हूँ, ऐसा भाव उसे भासित होता है, परन्तु मैं मनुष्य हूँ—ऐसा उसे भ्रमके कारण भासित नहीं होता।

उसीप्रकार यह आत्मा भी अज्ञानके कारण ज्ञेय-ज्ञायकरूप परको और अपनेको एक मानता हुआ-'मैं परद्रव्य हूँ'-ऐसे अध्यासके कारण मनके विषयरूप किये गये धर्म, अधर्म, आकाश, काल, पुद्गल और अन्य जीवको अपनेरूप करता है।

अज्ञानके कारण अज्ञानी जीव धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, काल, पुद्गल अन्य जीव—जो सब परद्रव्य हैं, ज्ञेय हैं उन ज्ञेयोंको और अपनेको एक करता है। छह द्रव्यमे देव, गुरु और शास्त्र भी आ गये। देव, गुरु, शास्त्रका ध्यान करनेसे मैं देव, गुरु, शास्त्र रूप हो गया हूँ—ऐसा भ्रम अज्ञानीको हो जाता है। किसी कारणसे उसे देव, गुरुका ध्यान करनेको कहा तो उनरूप और रागरूप हो जानेका उसे भ्रम उत्पन्न होता है। धर्मास्ति, अधर्मास्ति आदि द्रव्योंका विचार करनेको कहा वहाँ अज्ञानीको ऐसा भ्रम उत्पन्न होता है कि मैं ही वह पदार्थ हूँ।

ज्ञानमें परवस्तु ज्ञात हुई वहाँ परसे मेरा ज्ञान है, परके विना मेरा ज्ञान विकसित नहीं हो सकता,—इसप्रकार परकी टेव पड़ गई। जिसप्रकार भैंसेका ध्यान करनेसे ऐसा अध्याय हो गया कि मै भैंसा हूँ, उसीप्रकार परपदार्थका विचार करनेसे मैं परपदार्थ हूँ अर्थात् परद्रव्यका आलम्बनरूप राग करने योग्य है हितकर है ऐसा अध्यास अज्ञानीको हो जाता है। भूताविष्टकी भाँति, विकार भावोंको अपना माननेरूप भूत लगा और ध्यानाविष्टकी भाँति, ज्ञेयको जाननेसे मैं ज्ञेयमय हो गया हूँ—ऐसा भ्रम हो गया, जिसप्रकार अपरीक्षक आचार्यके उपदेशसे भैंसेके ध्यानमे रुक गया, वैसे ही अज्ञानीको कोई ऐसा गुरु मिला कि आत्माका विचार नहीं किया और धर्मादिके विचारमें ही रुक गया। अपना उपादान ऐसा होता है, इससे ऐसा निमित्त मिल जाता है।

आचार्यदेवने टीकामें कहा है कि धर्म, अधर्म, आकाश, काल, पुद्गल और अन्य जीव—वे सब मनके विषय हैं, शुभभावके विषय हैं अर्थात् उसका यह प्रयोजन है कि स्त्री-कुटुम्ब, देव-गुरु-शास्त्र—वे सभी मनके विषय हैं; सम्मुख त्रिलोकीनाथ तीर्थंङ्करदेव हों तो वह भी मनके विषय हैं। आत्माका विषय सहजस्वभाव है; आत्मा स्व-पर-प्रकाशक सामर्थ्यवाला अनन्तगुणोंका पिण्ड है वह आत्माका विषय है। मनका लक्ष जाये तो शुभाशुभ भावों तक जाता है, मनका विषय पर

तक है। पुस्तक, पृष्ठ, देव, गुरु, शास्त्र एक परमाणुसे लेकर त्रिलोकीनाथ तीर्थंकरदेव–वे सभी मनके विषय हैं। मनका विषय परपदार्थ है। आत्माके सहज स्वभावके भानका पुरुषार्थ करते समय मन साथ होता है, परन्तु उस समय मन प्रधान नहीं है किन्तु आत्मा प्रधान है, आत्माका भान आत्मा द्वारा होता है परन्तु मन तो साथमें उपस्थितरूपसे आ जाता है। वास्तवमें मनका विषय पर है।

धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाश, काल, पुद्गल अन्य जीव इत्यादि विचारमें आनेसे, जैसे मैं पररूप हो गया हूँ—ऐसा अज्ञानीको लगता है। आत्माकी एकाग्रताके अंशमें परके ऊपर लक्ष नहीं जाता, आत्माकी एकाग्रताके विषयमें पर आता भी नहीं है। शुभाशुभभाव होता है तब उसका विषय परद्रव्य है। मनका विषय भी परद्रव्य है। विषय अर्थात् लक्ष्य और लक्ष्य अर्थात् ध्येय, ध्येय अर्थात् साध्य।

धर्मास्तिकायका विचार शुभराग है; आकाशास्तिकायका विचार शुभराग है, परमाणुका विचार भी शुभराग है, अन्य जीवका विचार भी शुभराग है, अब और क्या बाकी रहा? सभी आ गये। स्त्री, कुटुम्ब, व्यापार-धन्धा इत्यादिका विचार सो अशुभराग है और देव, गुरु, शास्त्र तथा धर्मका कोई विचार आये वह शुभराग है।

शुभाशुभभावसे आत्माका सहजस्वभाव पृथक् है। मैं ज्ञायकमूर्ति हूँ, मेरा स्व-स्वभाव शुभाशुभभावसे पृथक् वीतरागस्वभावरूप है, मैं अपनेसे ज्ञाता हूँ, सहजस्वभावरूप हूँ, मैं अपनेको और सम्पूर्ण लोकको जानूँ–ऐसा मेरा स्वपरप्रकाशक स्वभाव है। मैं अपूर्ण हूँ इसलिये अशुभसे बचनेके लिये यह शुभभाव आता है, शुभभावमें युक्त होना पड़ता है,—ऐसा भान ज्ञानीके वर्तता है। आत्माके अपूर्व स्वभावका भान होने पर भी अशुभ भावसे बचनेके लिये शुभ परिणाम आते हैं, परन्तु मेरा ज्ञान मेरे द्वारा होता है, किन्तु जाननेमें पर ज्ञेय होता है —ऐसा भान ज्ञानीके वर्तता है।

मनके विषयरूप छह द्रव्यों द्वारा शुद्ध चैतन्यधातु रुकी होनेसे,

तथा इन्द्रियोंके विषयरूप किये गये रूपी पदार्थों द्वारा (अपना) केवल-बोध (ज्ञान) आच्छादित होनेसे और मृतक कलेवर (शरीर) द्वारा परम अमृतरूप विज्ञानघन (स्वतः) मूर्च्छित हुआ होनेसे उस प्रकारके भावोंका कर्ता प्रतिभासित होता है।

अपने ज्ञायकस्वभावको ज्ञान द्वारा धारण कर रखना चाहिये उसके बदले मनके विषयमें शुद्ध चैतन्यधातु रुक गई, शुद्ध चैतन्यस्वभाव मनके विषयमें रुका होनेसे, धर्मादिके विचारमे शुभाशुभ भावमें शुद्ध चैतन्यधातु रुक गई। मैं परका अवलम्बन लूँगा तभी स्थित रह सकूँगा—ऐसा मानकर परमें रुका, इससे चैतन्यधातु वहाँ रुक गई।

सिद्ध भगवान, अरिहन्त, आचार्य, उपाध्याय, मुनिराज यह पंच परमेष्ठी अरूपी हैं, और धर्मास्ति, अधर्मास्ति, आकाशास्ति, काल-यह पदार्थ भी अरूपी हैं। वे सभी अरूपी पदार्थ मनके विषयमें आ सकते हैं, परन्तु मैं उनसे भिन्न हूँ—ऐसा भान न करनेसे मनको और मनके विषयको एक करता हुआ वहाँ रुका होनेसे ज्ञेय-ज्ञायकको एक करता है।

अब, पाँच इन्द्रियोंके विषय जो रूपी पदार्थ हैं, उनके वर्णमें, रसमें, गंधमे और स्पर्शमें रुका होनेसे केवलबोध ढँका हुआ है, केवल-बोध ढँका हुआ होनेसे, मृतक कलेवर—ऐसा जो शरीर है, उसके द्वारा परम अमृत विज्ञानघन मूर्च्छित हुआ है। यह शरीर तो मृतक कलेवर ही है न! मुर्दा ही है न! जब जीव हो तब शरीरको सचेत कहा जाता है, वह मात्र चैतन्यके साथ है, उस अपेक्षासे उपचारसे कहा जाता है, परन्तु वास्तवमें तो जीव होने पर भी शरीर तो मुर्दा ही है। मात्र शरीरको उसके उपादानसे लक्षमें लो तो वह मुर्दा ही है, जीव रहित मृतक कलेवर ही है, उसे जीवित कहना वह पानीके घड़ेकी भाँति है। घड़ा तो वास्तवमे मिट्टीका ही है, परन्तु पानीके संयोगसे उसे पानीका घड़ा कहा जाता है, किन्तु वास्तवमें घड़ा पानीका नहीं होता। उसीप्रकार शरीर तो मरा हुआ-मुर्दा ही है परन्तु जीवके संयोगसे उसे

सचेत कहा जाता है, किन्तु यथार्थतया वह सचेत नहीं है, उपचारसे सचेत कहते हैं।

एकेन्द्रिय या दो इन्द्रिय जीवका शरीर, मनुष्यका शरीर, देवका शरीर, नारकीका शरीर—इसप्रकार जो भी कहा जाये वह सब पानीके घड़ेकी भांति है। जीव है वह शरीरमय नहीं होता, यदि जीव शरीरमय हो जाता हो तो एक शरीरमेंसे निकलकर दूसरा शरीर कैसे धारण कर सकेगा? इसलिये जीव उन शरीरमय नहीं होता, किन्तु जीव ऐसे-ऐसे भाव करता है इससे उस-उस प्रकारके शरीर मिलते हैं-ऐसा निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, तथापि जीव जीवरूप—ज्ञानरूप ही है और शरीर मृतक कलेवर है।

परम अमृत विज्ञानघन अमृतका पिण्ड आत्मा अज्ञानके कारण शरीर-रूप मरे हुए-मुर्देमे मूर्छित हुआ है। मुर्देकी कितनी चिंता करता है! सवेरे उठकर शौचको जाना, दातुन करना, खाना-पीना और शरीरमे रोग हो तो घूमने जाना इत्यादि अनेक प्रकारकी चिंता, चौवीस घण्टेका टाइम टेवल बनाकर रखता है, तो भी यह शरीर तो मुर्दा ही है। मुर्देकी कितनी चिंता करेगा? इसलिये भाई! शरीरकी चिंता छोड़कर आत्माका भान कर! परम अमृत विज्ञानघन मुर्देमें क्यों मूर्छित हुआ है? मुर्देमे क्यों रुका है? अब जागृत होकर आत्माका भान कर! और उसमे स्थिर हो जा! आचार्यदेवने शरीरको मुर्दा कहा है और उसके समक्ष आत्माको परम अमृत विज्ञानघन कहा है।

छह पदार्थोंके विचारमे चैतन्यधातु रुक गई, पाँच इन्द्रियोंके विषयमें केवलबोध ढँक गया और परम अमृतरूप विज्ञानघनस्वभाव मृतक कलेवरमे मूर्छित हुआ है। पहले वाक्यमे रुक गया कहा और दूसरेमे ढँक गया कहा तथा तीसरे वाक्यमे मूर्छित हुआ कहा—इसप्रकार तीनों वाक्योंमें एकसे एक बढ़कर शब्द है।

इस शरीरको मुर्देकी उपमा दी है। आत्मा तो शाश्वत् शांतमूर्ति है, परका कुछ भी करना वह उसका स्वभाव नहीं है, पुण्य-पापके परिणाम

भी अजाग्रतभाव मलिनभाव होनेसे आत्माका स्वभाव नहीं है; परन्तु अज्ञानी जीव अपनी भूलसे ही—अज्ञानके कारण अमृतघन आत्माको भूलकर मुर्देमें मूर्च्छित हो गया है, उलझ गया है। इस शरीरको ऐसा रखना, वैसा रखना—ऐसी माथापच्ची करता ही रहता है, शरीरकी पुष्टिके साधनोंकी चिंतामें ही मग्न रहता है। पेटको रोटी चाहिये है; लेकिन सिर पर पाँच-दस लाखका भार रखकर प्रसन्न होता है कि—यह अच्छा हुआ! जिसके पैसा न हो उसे मालदार होनेकी चिंता और जिसके हो उसे उससे भी अधिक इकट्ठा करनेकी चिंता; चाहे जितने लाख हो जायें तो भी संतोष नहीं होता, और जितना है उसे संभालनेकी चिंता रहती है, इसप्रकार अमृतघन आत्मा परमें उलझ गया है।

मनके विषयमें छहों पदार्थ आये, स्त्री, कुटुम्ब, देव, गुरु, शास्त्र सभी आये। मनका विषय, इन्द्रियोंका विषय और मृतककलेवरमे मूर्छित हुआ, उन तीनोंमें कर्तृत्वकी बुद्धि है, उन तीनों प्रकारके भावोंसे वन्धन होता है। मनके विषयमे छह पदार्थ आये उनसे मैं पृथक् कैसे होऊँ! अर्थात् मै उनके साथ एकमेक हूँ, परन्तु पृथक् नहीं हूँ। पाँच इन्द्रियोंके विषयसे मैं पृथक् कैसे होऊँ! अर्थात् मैं उनके साथ एकमेक हूँ—ऐसा अज्ञानी मानता है। व्यवहार रत्नत्रय,—शुभाशुभराग भी चैतन्यशक्ति रहित होनेसे मृतक कलेवर है—ऐसा नहीं मानता किन्तु मृतक कलेवरसे मैं पृथक् कैसे होऊँगा! अर्थात् मैं उसमे एकमेक हूँ, किन्तु पृथक् नहीं हूँ —ऐसी विपरीत दृष्टिसे परका कर्ता होता है और उससे वन्धन होता है।

यहाँ क्रोधादिकके साथ एकत्वकी मान्यतासे उत्पन्न होनेवाला कर्तृत्व समझानेके लिये भूताविष्ट पुरुषका दृष्टान्त दिया है और धर्मादिक अन्य द्रव्योंके साथ एकत्वकी मान्यतासे उत्पन्न होनेवाला कर्तृत्व समझानेके लिये ध्यानाविष्ट पुरुषका दृष्टान्त दिया। भैंसेका ध्यान करनेवालेको ऐसा हो गया कि मैं ही भैंसा हो गया, फोनोग्राफका आविष्कार करनेवाला, रिकार्डमे शब्द कैसे उतारा जाये—उसमें इतना एकाग्र हो गया कि तीन दिन तक खानेकी भी खबर नहीं रही।

देखो! विपरीत ध्यानमें कितना एकाग्र हुआ! इसीप्रकार आत्माके अतिरिक्त—आत्माको भूलकर छह पदार्थोंके विषयमे, पाँच इन्द्रियोंके विषयसे, शरीरमे एकाग्र हुआ वह सब भैंसे जैसा ध्यान है। ज्ञेयरूप धर्मादिक छह द्रव्योंको ज्ञायकके साथ एकमेक करता हुआ, इन्द्रिय विषयोंको और शरीरको ज्ञायकके साथ एकमेक करता हुआ परका कर्ता होता है, और उससे बन्धन होता है ॥ ९६ ॥

इससे, पूर्वोक्त कारणसे ऐसा सिद्ध हुआ कि ज्ञानसे कर्तृत्वका नाश होता है। ज्ञानमे, दर्शन-ज्ञान-चारित्र तीनों आ जाते हैं। अब, ऐसा कहते हैं कि ज्ञानसे ही कर्तृत्वका नाश होता है:—

एदेण दु सो कत्ता आदा णिच्छयविदूहिं परिकहिदो।
एवं खलु जो जाणदि सो मुंचदि सव्वकत्तित्तं ॥ ९७॥

एतेन तु स कर्तात्मा निश्चयविद्भिः परिकथितः।
एवं खलु यो जानाति सो मुंचति सर्वकर्तृत्वम् ॥ ९७ ॥

अर्थः—इस (पूर्वोक्त) कारणसे निश्चयके ज्ञाता ज्ञानिओंने उस आत्माको कर्ता कहा है—ऐसा जो निश्चयसे जानता है वह (ज्ञानी होता हुआ) सर्व कर्तृत्वको छोड़ता है।

इस पूर्वोक्त कारणसे निश्चयके जाननेवाले सर्वज्ञ भगवानने उस आत्माको कर्ता कहा है, जिस आत्माको अपने स्वरूपका भान नहीं है वही परका कर्ता होता है। कर्ताका ऐसा स्वरूप है—ऐसा जो जानता है वह ज्ञानी होता हुआ परके कर्तृत्वका भाव छोड़ता है। वह ऐसा जानता है कि पर विकार मुझमें है ही नहीं, परवस्तु भी मुझमें नहीं है, पुण्य-पापके भावमें अज्ञानतासे एकरूप हो जानेवाला मैं पुण्य-पापके भावोंसे बिल्कुल पृथक् ही हूँ, मैं किसी कालमें पुण्य-पापके भावरूप हुआ ही नहीं तो फिर परवस्तुरूप हुआ होऊँ—ऐसा कैसे हो सकता है? मैं अनादि-अनन्त ज्ञायकस्वरूपसे, एकरूपसे हूँ, पुण्य-पापके भाव जो पराश्रयसे उत्पन्न होनेसे क्षणभंगुर होनेसे, और परिवर्तित होनेसे मेरा चैतन्यरूप किसी काल उस

अवस्थारूप हुआ ही नहीं—ऐसा जाननेवाला भगवानका भक्त-दास सकल कर्तृत्वको छोड़ता है ।

यह आत्मा अज्ञानके कारण परके और अपने एकत्वका विकल्प करता है इससे वह निश्चयसे कर्ता प्रतिभासित होता है—ऐसा जो जानता है वह समस्त कर्तृत्वको छोड़ता है; इससे वह निश्चयसे अकर्ता प्रतिभासित होता है ।

अज्ञानी मूढ़, आत्माका विरोधी—भगवानका विरोधी ऐसा मानता है कि पर और मैं-दोनों एक हूँ, वैसा आत्मविकल्प करता है इससे परका कर्ता होता है । विकार और मैं दोनों एक हूँ—ऐसा अज्ञानीको भासित होता है, रागको भला माना वह विकाररूप हुआ इससे अब उसे दूर करना नहीं रहा, पररूप हुआ, इससे स्वतः भिन्न नहीं रहा, परके साथ एकत्वबुद्धिके कारण कर्तृत्व बना रहता है । इसप्रकार अज्ञानके स्वरूपको जो जानता है वह समस्त कर्तृत्वको छोड़ता है । सच्ची आत्माकी भक्ति करनेवाला—सच्ची भगवानकी भक्ति करनेवाला ऐसा मानता है कि विकार मेरे नहीं होते, परपदार्थ मेरे नहीं होते, मैं तो समस्त पदार्थोंसे भिन्न ज्ञाता हूँ—ऐसा जिसको ज्ञान है वह परका अकर्ता ही है ।

यह आत्मा अज्ञानी होता हुआ अज्ञानके कारण अनादि-संसारसे लेकर मिश्रित (मानों एकमेक हो गये) स्वादका स्वादन-अनुभवन होनेसे (अर्थात् पुद्गल कर्मके और अपने स्वादका मिश्रितरूपसे एकरूपसे अनुभवन होनेसे), जिसकी भेदसंवेदनकी (भेदज्ञानकी) शक्ति अस्त हो गई है—ऐसा अनादिसे ही है ।

सम्पूर्ण त्रैकालिक स्वभावका अभान ही अज्ञान है । आचार्यदेव कहते हैं कि ऐसी अज्ञानकी भूल कहीं इस समयकी नहीं है, परन्तु अनादि संसारसे ऐसी भूल जीव करता ही आया है, किसी बार सीधी-सच्ची दृष्टि की ही नहीं, दृष्टिको बदला ही नहीं, स्वभाव सन्मुख देखा ही नहीं इससे स्वभावका अमृतस्वाद नहीं लिया, परन्तु विकार मिश्रित स्वाद लिया है । आत्मा ज्ञान और शान्तरस-स्वरूपसे है, उसका भान नहीं होनेसे पुण्य-पापके भावोंका ही अनुभव करता है ।

अज्ञानीकी दृष्टि परके ऊपर है, इससे उसे ऐसा लगता है कि पर और मैं—दोनों एक हो गये हैं, इससे उसे शुभाशुभभावोंका स्वाद आनेसे ऐसा मानता है कि पर और मैं-दोनों एक हो गये हैं। एकमेक हो जानेका अर्थ यह है कि आत्माके स्वादके आनन्दसे च्युत होकर पुण्य-पापके स्वादका ही अनुभव करता है, परन्तु उसका अर्थ ऐसा नहीं है कि थोड़ा आत्माका निर्मल आनन्द और कुछ परका आनन्द, परन्तु अज्ञानी परका और अपने आत्माका पृथक्त्व न जाननेसे दोनोंको एकमेक मानता है, इससे परके और अपने मिश्रित स्वादका अनुभव अज्ञानी करता है—ऐसा कहा है। अज्ञानी मात्र विकारी स्वादका ही अनुभव करता है परन्तु निर्विकारी स्वादका किंचित् अनुभव नहीं करता।

पाँच सेर दूधमें मात्र आधा तोला विष मिला दिया जाये तो उसे विषका ही स्वाद आयेगा किन्तु दूधका विल्कुल स्वाद नहीं आयेगा, उसीप्रकार आत्माका तो मात्र आनन्दस्वभावी है, उसका स्वभाव दूध जैसा मीठा है, किन्तु उसमे विपरीत दृष्टिके विषके कारण मात्र आकुलताका ही स्वाद लेता है, राग-द्वेषका ही स्वाद लेता है, मलिन स्वाद लेता है। अशुभभाव तो आकुलता है ही, परन्तु शुभभाव भी आकुलता है। दोनों चेतनस्वभावसे विरुद्ध औपाधिक भाव हैं, अपने स्वादसे च्युत हुआ इसलिये ऐसे आकुलित स्वादमे लीन हुआ है, दुःखमय स्वादमे लीन हुआ है।

अनेक कहते हैं कि लड्डूमेंसे स्वाद आता है, शाकमेंसे स्वाद आता है परन्तु भाई! तू विचार तो कर! जड़का स्वाद आत्मामे आता है? पुद्गलका स्वाद आत्मामें आता है? मात्र लड्डूके प्रति जो राग है उसका स्वाद आता है। यह वस्तु मिठास वाली है, इस प्रकार ज्ञान तो मात्र जाननेका कार्य करता है, परन्तु राग किया उससे तुझे रस आता है। आता तो है अपने रागका रस, परन्तु मानता है कि लड्डूका रस आता है। यदि लड्डूमेंसे रस आता हो तो मुँहमे लड्डू हो और व्यापार-धन्धेकी चिंतामे पड़ गया हो, उस समय चिंताका स्वाद आता

है, लड्डूके स्वादकी खबर भी नहीं रहती। इसलिये सिद्ध होता है कि लड्डूका रस नहीं किन्तु अपने रागका रस है। रागका स्वाद आकुलित है और आत्माका निर्विकारी स्वाद अद्भुत एवं निराकुल है।

मिष्टान्नका भोजन कर रहा हो, उस समय लड़का परदेशसे आये तो लड़केके रागमे लग जाता है और भोजनमे क्या खा रहा था उसका ध्यान भी नहीं रहता, इसलिये भोजनमेसे स्वाद नहीं आता परन्तु अपने रागका स्वाद आता है। इसप्रकार सभी प्रकारोंमें समझ लेना चाहिये कि पुद्गलमेसे स्वाद नहीं आता परन्तु अपने रागका-विकारी पर्यायका स्वाद आता है।

परवस्तुको जाननेसे ज्ञान उसमें रुक जाता है, रुका इससे राग हुआ, उससे अज्ञानीको ऐसा लगता है कि परमेसे रस आया, इससे वह रागके स्वादमे अटक जाता है, अरागी स्वादसे च्युत होकर रागके स्वादमे एकमेक हो जानेसे उसकी भेदसंवेदनशक्ति मुँद गई है।

मैं आत्मा ज्ञाता हूँ, मुझमे ही आनन्द है, वह आनन्द निराकुल है, सुखमय है, शाश्वत है और रागका रस परजनित है; आकुलित है, दुःखमय है, क्षणिक है—ऐसी स्व-परके स्वादकी भिन्नताका विवेकी ज्ञान न होनेसे, भेदज्ञान न होनेसे जिसकी भेदसवेदनशक्ति मुँद गई है—ऐसा अनादिसे ही है, इससे वह परको और अपनेको एकरूप जानता है। मै क्रोध हूँ, मैं मानस्वरूप हूँ, मैं पुरुप हूँ, मै स्त्री हूँ, मैं शरीर हूँ, मैं ठिगना हूँ, मैं ऊँचा हूँ, मैं काला हूँ, मैं गोरा हूँ, मैं बोलनेवाला हूँ, इत्यादि परमे आत्मविकल्प करता है अर्थात् परमें अपनेपनका विकल्प करता है, इससे निर्विकल्प, अकृत्रिम, एक विज्ञानघन-स्वभावसे भ्रष्ट होता हुआ वारम्वार अनेक विकल्परूप परिणमित होता हुआ कर्ता प्रतिभासित होता है।

आत्माका स्वभाव निर्विकल्प है, आत्मामे शुभाशुभभावोंके विकल्प नहीं हैं, ज्ञानमें शुभाशुभरागसे भेद पड़े वह विकल्प है, वह विकल्प कृत्रिम है, कारण कि वह प्रतिक्षण परनिमित्तके आश्रयसे

होनेवाला नवीन भाव है, भेदरूप भाव है, वह सहज-अकृत्रिम भाव नहीं है, आत्मा तो अकृत्रिम स्वभावरूप है। परपदार्थको अपना माननेवाला-अपनेरूप विकल्प करनेवाला कृत्रिम और अकृत्रिम स्वभावका भेद नहीं कर सकता।

जो मनुष्य खानेका लालची हो वह शक्कर और मिश्रीके लड्डुओंका स्वाद पृथक् पृथक् नहीं जान सकता, शक्कर और मिश्रीके लड्डुओंके स्वादमे अन्तर होता है, परन्तु खानेका लालची यह नहीं जान सकता कि उस स्वादमे कहाँ भेद पड़ता है—क्या अन्तर है, उसीप्रकार अज्ञानी परमे आसक्त होता हुआ अपना निर्विकल्प, अकृत्रिम स्वभाव और परकी आसक्तिवाले नवीन होनेवाले कृत्रिम विकारी भाव, उनमे भेद नहीं कर सकता और विज्ञानघनस्वभावसे भ्रष्ट होता हुआ अनेक विकल्परूप परिणमित होता हुआ कर्ता प्रतिभासित होता है।

अज्ञानीकी दृष्टि परके ऊपर ही है, इससे परका ऐसा कर दूँ और यह कर दूँ, ऐसा होना चाहिये, इसप्रकार परकी आशावाला परमय ही हो रहा है। परन्तु तू चाहे जितना कर तथापि पुण्यके उदय बिना एक कण भी नहीं फलेगा, मात्र विकल्प ही करता रहेगा, अन्य कुछ नहीं होगा। मैं एक परसे निराली वस्तु हूँ—वैसा भान कर तो सम्पूर्ण पराश्रय दूर हो जायेगा। ज्ञानस्वरूप आत्माको समझनेसे और उसमे स्थिर होनेसे कर्तृत्व दूर हो जाता है और अकर्तृत्व ज्ञातास्वभाव आता है।

यह कर्ता-कर्मका अधिकार और ९७ वीं गाथा चल रही है। टीकामें अज्ञानीके कर्तृत्वकी बात हो गई, अब ज्ञानकी बात आती है।

अब आत्मा ज्ञानी होता है तब, ज्ञानके कारण ज्ञानके आदिसे लेकर पृथक्-पृथक् स्वादका स्वादन-अनुभवन होनेसे (अर्थात् पुद्गलकर्मके और अपने स्वादका, एकरूप नहीं किन्तु भिन्न अनुभवन होनेसे), जिसकी भेदसंवेदनशक्ति प्रगट हो गई है—ऐसा होता है।

आत्मा जब ज्ञानी होता है, अर्थात् उसे सम्यग्दर्शन होता है तबसे वह आत्माके स्वादका और राग-द्वेषके स्वादका भिन्न-भिन्नरूपसे अनुभव

करता है। सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान हुआ, इससे ज्ञानी आत्माका अनुभव अमुक अंशमें सिद्धसमान करते हैं। पूर्ण वीतरागताका अनुभव प्रगट नहीं हुआ, इससे अमुक अंशमें कषायका वेदन रहा है, परन्तु उस पराश्रयरूप कषायके अंशका और आत्माके पवित्र-निर्मल अंशका अनुभव बिल्कुल पृथक्-पृथक्रूपसे करते हैं अर्थात् स्वभाव और विभाव दोनों पृथक् हैं, विरुद्ध हैं ऐसा जानते हैं परन्तु एकरूप अनुभव नहीं करते, इससे उनके भेदसंवेदनशक्ति प्रगट हो गई है।

राग-द्वेषका अल्प अंश रहा है उसे टालने योग्य मानते हैं और अपने स्वरूपसंवेदनमें लीन होना उसे आदरणीय मानते हैं। जो नाश करने योग्य है उसे अपना कर्तृत्व नहीं मानते, परन्तु जो आदरणीय है उसीको अपना कर्तव्य मानते हैं, आत्माके स्वादको और कषायके स्वादको एकमेक नहीं मानते। आत्माका स्वाद शांत, निर्मल और परम आनन्दरूप है, उसका उसीरूप अनुभवन करते हैं और कषायका दुःखरूप-आकुलतारूप अनुभव करते हैं; इसप्रकार जिसके भेदसंवेदनशक्ति प्रगट हो गई है—ऐसी भेद करनेकी शक्ति प्रगट हो गई है वह ज्ञानी है।

भेदसंवेदनशक्ति प्रगट हो गई है इससे वह जानते हैं कि अनादि-निधन निरन्तर स्वादमें आनेवाला, समस्त अन्य रसोंसे विलक्षण (भिन्न), अत्यन्त मधुर चैतन्यरस ही जिसका एकमात्र रस है—ऐसा आत्मा है, और कषाय उससे भिन्न रसवाली (कषायली-वेस्वाद) हैं।

ज्ञानी ऐसा समझते हैं कि मैं तो अनादि-अनन्त हूँ, मेरा आत्मा किसीसे उत्पन्न नहीं हुआ है, इससे उसका आदि नहीं है और कभी उसका अन्त भी नहीं होना है। जिसकी उत्पत्ति हो उसका विनाश होता है, आत्माकी उत्पत्ति नहीं है, इससे उसका नाश भी नहीं है, इसलिये आत्मा अनादि-अनन्त है। निरन्तर स्वादमें आनेवाला चैतन्यरस है, वह चैतन्यरस समस्त अन्य रसोंसे विलक्षण है।

संसारके हर्ष-शोकका जितना स्वाद है वह सब विकारका

स्वाद है, मिष्टान्न खानेसे जो हर्ष होता है, शरीरमे रोग होनेसे जो दु:ख होता है, राजपद मिलनेसे जो हर्ष होता है और पुत्र मरे तो जो शोक होता है वह सब विकारी रस है, आत्माका रस नहीं है। उस समस्त विकारी रससे विपरीत लक्षणवाला आत्माका रस है, जो अत्यन्त मधुर है। चैतन्यका रस अत्यन्त मीठा है, मधुर है, अमृतस्वादसे परिपूर्ण कोई अपूर्व स्वाद है, ऐसा आत्मा है। आत्मरसके समक्ष संसारके समस्त रस फीके भासित होते हैं। पुण्य–पापके परिणाम, दयाके भाव अथवा हिंसाके भाव–वे सभी शुभाशुभभाव आत्माके स्वादके समक्ष कषायले–बेस्वाद लगते हैं।

आज तो बहुत सेवा की, बहुत दया की, आज मन अत्यन्त आनन्दित है—ऐसा अनेक कहते हैं, परन्तु वह सब कषायका स्वाद है, शुभपरिणामकी वृत्तिमे आनन्द मानना वह रागका आकुलित स्वाद है। उस रागसे आत्माका निवृत्त आनन्द स्वभाव पृथक् है, आत्माका रस और कषायका रस—उन दोनोंमे एकत्वका विकल्प करना सो अज्ञान है।

जब ज्ञान होता है तब परको और अपनेको भिन्नरूप जानता है, भिन्नत्वके भान द्वारा पर-विकारके साथ किंचित् आत्मविकल्प नहीं करता। अकृत्रिम एक ज्ञान ही हूँ, परन्तु कृत्रिम अनित्य अनेक जो क्रोधादिक हैं वह मैं नहीं हूँ—ऐसा जानता हुआ 'मैं क्रोध हूँ' इत्यादि आत्मविकल्प किंचित् भी नहीं करता, समस्त कर्तृत्वको छोड़ देता है, इससे सदैव उदासीन अवस्थावाला होता हुआ, मात्र ज्ञाता ही रहता है और उससे निर्विकल्प, अकृत्रिम, एक विज्ञानघन होता अत्यन्त अकर्ता प्रतिभासित होता है।

पुत्र–पुत्रियोंके विवाहादिका जो भाव है वह अशुभभाव है, और दयादिका जो भाव है वह शुभभाव है, उन शुभाशुभ भावोंको आत्माके साथ एकमेक मानना सो अज्ञानभाव है। पुण्य–पापके जो परिणाम होते हैं वे कृत्रिम हैं और आत्माका स्वभाव अकृत्रिम है। शरीर–मन-वाणी दूर रहे परन्तु क्रोध–मान–मायादिके भाव होते हैं वे भी कृत्रिम

हैं अर्थात् अनित्य हैं, और आत्मा तो अकृत्रिम है अर्थात् स्वतःसिद्ध है, नित्यस्थायी वस्तु है।

शरीर-मन-वाणी इत्यादि तो एक ओर रहे परन्तु अणुव्रत और महाव्रतके जो पुण्यपरिणाम होते हैं वे भी अनित्य हैं, क्षणिक हैं, कृत्रिम हैं। ज्ञान होनेके पश्चात् ऐसे आत्मविकल्प किंचित् नहीं करता कि मैं क्रोधी हूँ, विकारी हूँ,—ऐसा आचार्यदेवने कहा है। युद्धमे खड़ा हो, तथापि युद्धकी क्रियामें और युद्धके अशुभ परिणामोंमे किंचित् आत्मविकल्प नहीं करता। ज्ञानी अपने ज्ञायकके सामर्थ्यके अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं करते, युद्धमें हों तो भी दृष्टिसे पृथक् हो गये है, ज्ञातारूप परसे निराले पृथक् रहते हैं, अल्प राग-द्वेष होता है उसे अपना नहीं गिनते, उसके स्वामी नहीं होते। वह समझते हैं कि चारित्रका पुरुषार्थ अल्प है इससे रागमे युक्तता हो जाती है परन्तु भिन्नत्वके भान द्वारा परद्रव्य तथा शुभाशुभ विकारके सदैव ज्ञाता ही रहते हैं और उससे समस्त कर्तृत्वको छोड़ देते हैं; सदैव उदासीन अवस्थामय होते हुए मात्र ज्ञाता ही रहते हैं।

कोई कहे कि ज्ञानी उदासीन हो तो व्यापार-धन्धा क्यों करता है? भाई! धर्मी जीव गृहस्थाश्रममे हो, तथापि अन्तरसे उदासीन ही है, परन्तु अल्प राग रहा है इससे गृहस्थाश्रमके रागके कारण रुक रहा है। अपनेको कितना राग होता है, कितना द्वेष होता है, कितना हर्ष होता है, कितना शोक होता है—इत्यादि सब ज्ञाता-भावसे जानता ही रहता है। अन्तरसे उदासीन है तथापि अल्पराग है अवश्य। यदि इतना भी राग न हो तो त्यागी हो जाये और विशेष पुरुषार्थ करे तो गृहस्थाश्रम भी छूट जाता है। गृहस्थ सम्बन्धी सर्व राग दूर हो जाये तो नग्न दिगम्बर मुनित्व हो जाये। रागका और बाह्य पदार्थोंका निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है। पाँचवीं भूमिकामे अमुक अंशमें त्याग आता है और छठवीं भूमिकामे सर्वथा त्याग आता है, और वहाँ स्वरूपरमणता बहुत बढ़ जाती है तथा बाह्यसे भी नग्न-दिगम्बर मुनित्व आता है। वस्त्रका राग छूटनेसे वस्त्र भी छूट जाते हैं

–ऐसा निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है। जैसा माताने जन्म दिया वैसा मात्र शरीर रहता है, किसी भी प्रकारकी कृत्रिमता नहीं रहती।

यहाँ तो चतुर्थ भूमिका वालोंकी बात चलती है। ज्ञानी अनेक प्रकारके विकारी परिणामोंसे अपनेको पृथक् मानते हैं; स्वत: अपने नित्यस्वभावमे एकरूप-अभेदरूप हैं, जो शुद्धनयका विषय है उसके समक्ष आचार्यदेवने कषायके परिणाम अनेक कहे हैं; एकके समक्ष अनेक कहा है। आत्माका स्वभाव निर्मल ज्ञायकरूप है। मेरे स्वभावमे कषाय नहीं है, राग-द्वेष नहीं है, वे क्षणिक पर्यायमे—अवस्थामे हैं किन्तु स्वभावमे नहीं हैं, चारित्रके दोष मेरे द्वारा होते हैं, इससे उन्हें मैं ही दूर कर सकता हूँ—ऐसे निर्णयके विना प्रयत्न नहीं किया जा सकता।

यह बात आबाल-वृद्ध सभीके लिये है। यथार्थ निश्चय करनेकी बात है, प्रथम कक्षाकी बात है और स्वरूपरमणताकी बात तो विशारदकी है। श्रद्धा पहले होती है, और वर्तन पश्चात् आता है। प्रथम नित्य अकषायकी श्रद्धा करके श्रद्धामेंसे कषायसे सर्वथा पृथक् होता है, फिर चारित्रमें अल्प कषाय रहती है उसे भी ज्ञानी दूर कर देते हैं।

गरम पानीमें वर्तमान अवस्था पर्यन्तकी उष्णता है, जिस समय उष्णता प्रगट है उसी समय शक्तिरूप स्वभावमें शीतलता है ही, इसी-प्रकार आत्माकी अवस्थामे वर्तमानपर्याय जितनी मलिनता है, जिस समय मलिनता है उसी समय नित्य चैतन्यस्वभावमे निर्मलता भी विद्यमान है। जो राग-द्वेषको दूर करना चाहता है वह दूसरा कुछ रखना भी चाहता है, रखने योग्य वस्तु क्या है उसकी श्रद्धा और ज्ञान करनेके पश्चात् श्रद्धा और चारित्रके बल द्वारा शुद्धता–स्थिरताकी वृद्धि होती है और राग-द्वेष दूर हो जाते हैं, अर्थात् उत्पन्न नहीं होते।

आत्मा क्या वस्तु है इसकी पहिचान और प्रतीति किये बिना मलिनताको नष्ट करनेकी शक्ति नहीं आयेगी और पुरुषार्थ नहीं चलेगा। और ज्ञानीको प्रतीति होनेके पश्चात् अल्प राग-द्वेष रहता है,

तथापि वह समझता है कि मेरी दुर्बलताके कारण यह होता है। अन्तरंगमे अपनी दुर्बलताको देखेगा, परन्तु उसे दूर करके पुरुषार्थ बढ़ाकर अल्पकालमे ही मुक्ति प्राप्त करेगा। आत्माकी पहिचान और प्रतीति होनेसे ज्ञानी परका अकर्ता होता है, अत्यन्त उदासीन हो जाता है, निर्विकल्प पूर्ण विज्ञानघन होता हुआ अकर्ता प्रतिभासित होता है। आत्माके ज्ञान और श्रद्धान द्वारा चारित्रमें शुद्धिकी वृद्धि करके अल्प कालमें मुक्ति प्राप्त करता है।

ज्ञानी होनेके पश्चात् परद्रव्यका और परभावका कर्तृत्व रहता ही नहीं। अज्ञानी रहना हो अर्थात् पवित्र न होना हो वह परका कर्तृत्व रखता है परन्तु जिसे आत्माका कल्याण करना हो वह परद्रव्यका कर्तृत्व नहीं रखता। ज्ञानी होनेके पश्चात् परका और रागादिका अकर्ता ज्ञाता होता है, अल्प कषाय रहती है परन्तु उसे दूर करके अवश्य मुक्ति प्राप्त करनेवाला है।

अब, इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—

(वसंततिलका)

अज्ञानतस्तु सतृणाभ्यवहारकारी
ज्ञानं स्वयं किल भवन्नपि रज्यते यः।
पीत्वा दधीक्षुमधुराम्लरसातिगृद्ध्या
गां दोग्धि दुग्धमिव नूनमसौ रसालम् ॥ ५७ ॥

अर्थ—निश्चयसे स्वयं ज्ञानस्वरूप होने पर भी अज्ञानके कारण जो जीव, घासके साथ एकमेक सुन्दर आहारको खानेवाले हाथी आदि तिर्यंचोंकी भाँति राग करते हैं, (अर्थात् रागका और अपना एकमेक स्वाद लेते हैं) वे, दही-शक्करके अर्थात् श्रीखण्डके खट्टे-मीठे रसकी अति लोलुपतासे, श्रीखण्ड पीते हुए भी स्वतः गायके दूधको पीता हूँ—ऐसा माननेवाले पुरुषकी भाँति हैं।

जिस प्रकार हाथीको लड्डू दिये जाये तो वह लड्डूओंको और घासको इकट्ठा करके खाता है, उसीप्रकार इस संसारके जीव रागमे

आनन्द मानते हैं। अपना आनन्द जैसे परमें ही हो, ऐसा मानकर प्रसन्न होते हैं, रागको और आत्माको एकमेक करते हैं, एकमेकका अर्थ यह नहीं कि कुछ आत्माका आनन्द और कुछ परका आनन्द—ऐसा नहीं परन्तु मात्र रागके विकारका ही आनन्द लेता है। विषयमें, खानेमें, पीनेमें, स्त्रीमें, वस्त्रोंमें—उन सबमें आनन्द हो—वैसा अज्ञानी मान रहा है, अपना आनन्दस्वभाव एक क्षणिक विकारी पर्यायमें कल्पित कर लिया है। लग्नके समय प्रीतिभोजके दिन सुन्दर स्वादिष्ट मिठाइयाँ खा रहा हो, समधी-समधी पास बैठकर जीम रहे हों तो आनन्दित हो—उठता है! अरे! वह दिन निकल जानेके बाद भी उसे याद कर-करके सुखकी साँसें लेता है, अपने स्वभावके आनन्दकी रुचिसे हटकर पशुओंकी भाँति परमेंसे आनन्द लेता है। जिसप्रकार हाथीका मुख्य भोजन तो लड्डूओंका है, परन्तु वह मूढतावश अकेले लड्डू न खाकर घास और लड्डुओंको इकट्ठा करके खाता है।

उसीप्रकार आत्माका यथार्थ स्वाद तो परसे निराला, स्वत.सिद्ध स्वभावसे अमृतमय आनन्दरूप है, परन्तु अज्ञानके कारण रागके स्वादको आत्माका स्वाद मानता है। स्वयं अज्ञानी जीव क्षणिक विकार पर्यायमें 'यह मेरा स्वाद है'—ऐसी कल्पना करके रुका हुआ है वह उसका एकमेकपना है, शुभाशुभ भावोंकी वृत्ति होना वह घास है। घास अर्थात् वे भाव भूसेकी तरह हैं और आत्माके स्वभावका स्वाद दानों जैसा है।

शराबी मनुष्यको श्रीखण्डका स्वाद दूध जैसा लगता है, इससे वह श्रीखण्डके स्वादके लिये गायका दूध दुहता है, उसीप्रकार मोहरूपी मदिराके कारण आत्माकी प्रतीति न होनेसे स्त्री, बच्चे, शरीरादि परपदार्थोमेंसे आनन्द आता हो—ऐसा मानकर उसमेंसे आनन्द लेने जाता है और पुण्य-पापके परिणामोंमें एकाग्र होकर उनमेंसे अपने स्वादको दुहना चाहता है।

जिसे रसकी अत्यन्त लोलुपता हो उसे खट्टे-मीठे रसकी खबर नहीं पड़ती, रसकी लोलुपताके कारण परपदार्थमेंसे जैसे सुख

आता हो—ऐसा मानकर परपदार्थमेंसे सुख लेनेके लिये, फिरता है। जिसे मोहरूपी मदिरा चढ़ी है वह अपने स्वाभाविक आनन्दका और रागके—आकुलताके आनन्दके स्वादका भेद नहीं कर सकता, पृथक् नहीं कर सकता, पृथक् जान नहीं सकता।

चक्रवर्ति सम्यक्त्वी राजा छह खण्डका राज्य कर रहा हो, तथापि वह छह खण्डका राज्य रोगके समान जानता है, रोगकी रुचि नहीं है। ज्ञानीके जब विषय और युद्धका योग हो तब वह ऐसा समझता है कि—यह रोग आया, यह दुःख आया। जैसे किसी मनुष्यके शरीरमें चेचक निकली हो और दाने-दानेमें कीड़े पड़ गये हों, उस समय उसे जो पीड़ा होती है वैसी ही पीड़ा ज्ञानी रोग, भोग और युद्धके योगके समय मानता है; अल्परागके कारण विषय और युद्धमें युक्त अवश्य होता है, परन्तु वह समझता है कि अरे रे! यह मेरा स्वरूप नहीं है, यह तो आपत्ति है, उपसर्ग है, इसमेंसे सर्वथा मुक्त होकर सर्व प्रकारसे स्वरूपमें लीन होऊँगा, वह दिन मुझे धन्य होगा।

ज्ञानीको स्वभावके अतिरिक्त शुभाशुभभावोंमें युक्त होना वह रोग और प्रतिकूलता लगती है, आपत्ति मालूम होती है, उपसर्ग जैसा ज्ञात होता है, अनुकूलता और प्रतिकूलता दोनों ओर युक्त होना, उसे ज्ञानी प्रतिकूलता ही समझते हैं, कारण कि दोनों अपने स्वभावसे विरुद्धभाव हैं, इसलिये दोनोंका राग रोग ही है—वैसा जानते हैं, तथापि उसमें युक्त होना पड़ता है वह मेरे पुरुषार्थकी दुर्बलता है, ज्ञानी समझते हैं कि अपने स्वभावघनसे च्युत होकर परमें युक्त होना उसमे हमारी ही दुर्बलता है किसी परका दोष नहीं है।

ज्ञानी अशुभ परिणामोंसे बचनेके लिये शुभ परिणामोंमे पुरुषार्थ द्वारा युक्त होते अवश्य हैं, परन्तु अन्तरंग स्वरूपमे स्थिर होनेका उद्यम और पुरुषार्थ होता है, चौथे गुणस्थानमें देव-गुरु-शास्त्रकी पूजा-भक्ति और स्वाध्यायके शुभपरिणाम होते हैं, वहाँ भी वे स्वरूपमें लीन होनेके उद्यमी रहते हैं। पाँचवें गुणस्थानमे देव-गुरु-शास्त्रकी पूजा-भक्ति और शास्त्रस्वाध्याय इत्यादिके शुभपरिणाम होते हैं, अणु-

व्रतके शुभपरिणाम होते हैं. छट्ठे गुणस्थानमें देव-गुरु-शास्त्रकी भक्ति, स्वाध्याय और महाव्रतादिके शुभपरिणाम होते हैं, परन्तु उन सभी भूमिकाओंमे स्वरूपमे स्थिर होनेके उद्यमी रहते हैं। छट्ठो-सातवों भूमिकामे तो अत्यन्त-अत्यन्त स्वरूपरमणता होती है, अन्तर्मुहूर्तमें आत्मामे निर्विकल्प और अन्तर्मुहूर्तमे वाहर सविकल्प—ऐसी मुनिओंकी दशा होती है. क्षणमे स्वरूपमे स्थिर हो जाते हैं और क्षणमें वाह्यमे शुभपरिणाम आते हैं—इसप्रकार हजारो वार आना-जाना करते हैं।

अज्ञानीको पुद्गलकर्मके स्वादमे लीनता है, भगवान आत्मा परके कर्तृत्वसे रहित शान्तस्वभावी है, उसे नहीं समझता और परमें लीन हो जाता है। निर्विकारी और विकारी स्वादका भेद न जाननेसे विकारी स्वादको अपना स्वाद मानता है, उस सम्बन्धमे आचार्यदेवने श्रीखण्ड और हाथीके दो दृष्टान्त दिये हैं।

जीव अज्ञानसे कर्ता होते हैं। स्वाश्रयसे सुख होता है, पराश्रयसे दुःख होता है ऐसा जिसे निर्धार नहीं है उसे स्व-परकी खबर नहीं है—ऐसा अज्ञानी जीव अपनेको परका कर्ता मानता है—ऐसे अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं:—

(शार्दूलविक्रीड़ित)

अज्ञानान्मृगतृष्णिकां जलधिया धावंति पातुं मृगा,
अज्ञानात्तमसि द्रवंति भुजगाध्यासेन रज्जौ जनाः।
अज्ञानाच्च विकल्पचक्रकरणाद्वातोत्तरंगाब्धिवत्
शुद्धज्ञानमया अपि स्वयममी कर्त्रीभवंत्याकुलाः ॥ ५८ ॥

अर्थ:—अज्ञानके कारण मृगजलमे जलकी बुद्धि होनेसे हिरन उसे पीने दौड़ते हैं, अज्ञानके कारण अंधकारमें पडी हुई डोरीमे सर्पका अध्यास होनेसे लोग (भयसे) भाग जाते है, और (उसीप्रकार) अज्ञानके कारण यह जीव, पवनसे तरंगित समुद्रकी भाँति विकल्पोंके समूह करता होनेसे—यद्यपि वे शुद्ध ज्ञानमय हैं तथापि विपरीत दृष्टिके कारण आकुल होते हुए अपने आप कर्ता होते है।

हिरन अज्ञानके कारण मृगजलमें जलकी बुद्धि करता है अर्थात् रेतीली भूमिमें सूर्यकी किरणें पड़नेसे दूरसे पानी सदृश्य दिखाई पड़ता है, उसे हिरन पानी मानकर पीनेको दौड़ता है परन्तु वास्तविक पानी नहीं है, पानीकी झलक देखकर मूढ़ हिरन पानी पीनेके लिये दौड़ता ही रहता है। उसे इतनी भी खबर नहीं है कि इतना मार्ग तय करके आया तथापि ठण्डी हवा भी नहीं लगती, मेरी दृष्टिमें पानी दिखाई दिया वहाँ तक मैं आया, फिर भी दूर-दूर बढ़ता ही जा रहा हूँ, इसलिये दूर तो दूर ही है; निकट है ही नहीं, अर्थात् पानीकी झलकमें यथार्थ पानी है ही नहीं—वैसा न समझकर पीने दौड़ता है और पश्चात् दुःखी होता है।

उसीप्रकार आत्मा अज्ञानके कारण राग-द्वेषमें सुख है—ऐसा मानता है, दूर-दूर सुखकी कल्पना करता रहता है। क्षणमे मानता है कि यह लड़का मुझे सुखरूप है, और फिर मानता है कि लड़का नहीं, लेकिन स्त्री सुखरूप है, पश्चात् मानता है कि स्त्री भी नहीं किन्तु धन सुखरूप है, इसप्रकार दूर-दूर सुखकी कल्पना करता रहता है।

कोई ऐसा कहता है कि पुण्यपरिणाम करके देवगतिमे जाऊँगा, वहाँ सुख भोगूँगा, परन्तु अरे मूढ़! देवगतिमे कहाँ सुख है? वह तो संसारकी गति है। जिसप्रकार हिरनको दृष्टि भ्रमपूर्वक दौड़नेसे पानीकी तृप्ति नहीं होती उसीप्रकार अज्ञानीको परके ऊपर दृष्टि होनेसे कहीं सुख-शांति नहीं मिलती, तथापि उसमें सुख मानना नहीं छोड़ता।

और कितने ही कहते हैं कि यहाँ पर बाल-बच्चोंको सुखी करके और फलता-फूलता देखकर मरें तो सुखी कहलाये, परन्तु भाई! वह सब छोड़कर तुझे कहाँ जाना है उसकी कुछ खबर है! अपने आत्माको भी कुछ हरा-भरा किया है कि मात्र बाहरका ही फलता-फूलता देखना चाहता है। आत्मामे हरीभरी फुलवारी प्रगट किये बिना सुख है ही नहीं—दुःख ही है।

पुनश्च, अनेक मनुष्य कहते हैं कि बचपनमें तो धर्म किया नहीं जा सकता, इसलिये जब जवान हो जाएँगे तब धर्म करके सुखी होंगे। फिर जवान होते हैं तो कहते हैं कि वृद्धावस्थामें धर्म करेंगे, परन्तु भाई! धर्म बचपन, जवानी अथवा वृद्धावस्थामे नहीं है, परन्तु आत्मामे है, उसमें ढूँढ तो सुखी होगा।

अज्ञानके कारण रस्सीमे सर्पका अध्याय होनेसे रस्सीमें सर्प मान लेनेसे—अरे! यह सर्प है; ऐसा करके लोग भयभीत होकर भागते हैं, परन्तु भाई, ठहर तो, देख तो सही! यहाँसे सब आ-जा रहे हैं तो भी वह हिलता तक नहीं है, ज्योंका त्यों पड़ा है, इसलिये सर्प नहीं रस्सी है—ऐसा निश्चित् तो कर! निश्चित करके दौड़धूप करना छोड़ दे।

जिस प्रकार रस्सीमे सर्पका आरोप करके दौड़ा, उसीप्रकार अज्ञानी परपदार्थमे सुखका आरोप करके दौड़धूप करता है; परन्तु अपना स्वभाव उदासीन ज्ञाता है, शुद्ध शान्त पवित्र है, उसे न जाननेसे, उसकी श्रद्धा न करनेसे परमें आकुलित होकर परका कर्ता होता है। मनुष्योंको निवृत्ति लेकर अन्तरमे समझनेकी और हित करनेकी दरकार ही नहीं है, आकांक्षा ही नहीं है, इससे जिसमे अपना हित है उस हितके मार्ग पर नहीं चलते।

जिस प्रकार समुद्रमें पवनके वेगके कारण तरंगोंके समूहके समूह उछलते हैं, वैसे ही अज्ञानीको अज्ञानके कारण राग-द्वेषरूप विकल्पों की तरंगें उठती हैं, क्षणमे ऐसा होता है कि व्यापार करना चाहिये, और क्षणमें ऐसा लगता है कि सट्टा करे तो पैसा जल्दी एकत्रित हो। फिर, विचार करता है कि लड़केका विवाह कोई अच्छा सम्बन्ध ढूँढ़कर जल्दी कर दूँ तो अच्छा है, पश्चात् विकल्प करता है कि यह लड़कियाँ बड़ी हो गई हैं, यदि इनका सम्बन्ध जल्दी हो जाये तो अच्छा है, लड़कोंकी तो कोई चिन्ता नहीं है। फिर दूसरा विकल्प उठता है कि इस शरीरमे कुछ-कुछ रोग सा रहता है, अगर मिट जाये तो अच्छा है; और बादमे सोचता है कि रोग तो जब मिटना होगा

सब मिट जायेगा परन्तु अभी तो भूख लगी है इसलिये खा तो लूँ—आदि अनेक प्रकारके विकल्प करता है; क्रोधके, मानके, मायाके, इत्यादि अनेक प्रकारके विकल्पोंके ढेरके ढेर करता रहता है, आत्मा तो शुद्ध ज्ञानघन है, परन्तु उसकी प्रतीति न होनेसे अनेक प्रकारके विकल्पोंका कर्ता होता है।

समुद्र पवनसे क्षोभ पाकर तरंगित होता है, उसीप्रकार चैतन्यभगवान रागके विकल्पोंसे डोलता है। अनेक प्रकारकी आकुलताकी वृत्तियोंसे डँवाडोल है, उनमें किंचित् शान्ति नहीं है, तथापि अविनाशी सुखसे पूर्णरूप आत्माकी श्रद्धा नहीं करता इससे दुःखी होता ही रहता है।

अपने आत्माको जाननेका प्रयत्न करे कि मैं तो ज्ञाताज्योति हूँ, जो कुछ हो उसे जानते रहना ही मेरा स्वरूप है, परन्तु ऐसा हुआ और नहीं हुआ आदि विकल्प करना मेरा स्वरूप नहीं है;—ऐसे अपने मुक्तानन्दस्वरूपकी श्रद्धा और ज्ञान करे तथा उसमें स्थिर हो, वही सुखका उपाय है। सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र ही सुखका उपाय है, उसके अतिरिक्त अन्य कोई सुखका उपाय नहीं है।

आत्मा ज्ञानसे कर्ता नहीं हुआ है—ऐसा अब कहते हैं:—

(वसंततिलका)

ज्ञानाद्विवेचकतया तु परात्मनोर्यो
जानाति हंस इव वाःपयसोर्विशेषम्।
चैतन्यधातुमचलं स सदाधिरूढो
जानीत एव हि करोति न किंचनापि ॥ ५९ ॥

अर्थः—जिस प्रकार हंस दूध और पानीके विशेषको (अन्तरको) जानता है, उसीप्रकार जो जीव ज्ञानके कारण विवेकवाला (भेदज्ञानवाला) होनेसे, परके और अपने विशेषको जानता है वह (जैसे हंस मिश्रित हुए दूध-जलको पृथक् करके दूध ग्रहण करता है उसप्रकार) अचल चैतन्यधातुमें आरूढ़ होता हुआ (अर्थात् उसका

आश्रय करता हुआ) मात्र जानता ही है, कुछ भी नहीं करता (अर्थात् ज्ञाता ही रहता है, कर्ता नहीं होता)।

हंसकी चोंचमे खट्टापन होनेसे जब वह दूधमे चोंच डालता है तब दूधका लोथा हो जाता है और पानी पृथक् हो जाता है, उसीप्रकार सम्यग्ज्ञान द्वारा सच्चा बोध हुआ होनेसे–सच्चा विवेक हुआ होनेसे, परकी और अपनी भिन्नताको जानता है कि मैं ज्ञानस्वरूप आत्मा हूँ और यह राग-द्वेष परवस्तु हैं। जिसप्रकार कोई संसारका बुद्धिमान–चतुर मनुष्य संसारका रसिक होनेसे बाजारमे चावल लेने जाये, वहाँ वह घटिया–बढ़ियाका विवेक करता है, उसीप्रकार ज्ञानी अपने स्वरूपानन्दका रसिक होनेसे निर्विकारी, ज्ञानस्वभावी आत्माका और राग-द्वेषरूप विकारी भावोंका विवेक करता है, पृथक् जानता है।

जिसप्रकार हंस मिश्रित हुए दूध–जलको पृथक् करके दूधको ग्रहण करता है, उसीप्रकार धर्मात्मा–ज्ञानी जीव अचल चैतन्यमे आरूढ़ होता हुआ, अपने स्वभावका आश्रय करता हुआ, मात्र ज्ञाता ही रहता है—साक्षीरूप ही रहता है, परन्तु अज्ञानमय भावोंका कर्ता नहीं होता।

परका और अपना पृथक् विवेक होनेसे आत्मा परका ज्ञाता ही रहता है, परन्तु कर्ता नहीं होता। ज्ञाता रहनेमे अनन्तगुनी क्रिया है। परका कर्ता नहीं हुआ और ज्ञातारूप रहा, उस ज्ञातारूप रहनेमे अनन्तगुनी क्रिया है, वही चैतन्यकी क्रिया है। जड़की क्रियासे धर्म मानना और शुभरागरूप व्यवहार–जोकि बन्धका कारण है—उससे धर्म मानना सो अज्ञान है।

अब, ऐसा कहते हैं कि—जो कुछ ज्ञात होता है वह सब ज्ञानसे ही ज्ञात होता है :—

(मंदाक्रान्ता)

ज्ञानादेव ज्वलनपयसोरौष्ण्यशैत्यव्यवस्था
ज्ञानादेवोल्लसति लवणस्वादभेदव्युदासः ।

ज्ञानादेव स्वरसविकसन्नित्यचैतन्यधातोः
क्रोधादेश्च प्रभवति भिदा भिंदती कर्तृभावम् ॥ ६० ॥

अर्थ—(गरम जलमें) अग्निकी उष्णताका और पानीकी शीतलताका भेद ज्ञानसे ही ज्ञात होता है। शाकके स्वादमे नमकके स्वादकी बिल्कुल भिन्नता ज्ञानसे ही प्रकाशित होती है। निजरससे विकसित नित्य चैतन्यधातुका और क्रोधादि भावोंका भेद, कर्तृत्वको (कर्तापनेके भावको) भेदता हुआ—तोड़ता हुआ, ज्ञानसे ही सच्चा विवेक ज्ञान प्रगट होता है। कुछ क्रियाकाण्डसे ज्ञान प्रगट नहीं होता।

आत्माका ज्ञानस्वभाव है वही परको और अपनेको जाननेवाला है। अग्निके निमित्तसे पानीकी वर्तमानमें होनेवाली उष्णता और पानीके मूलस्वभावकी शीतलता भी ज्ञान द्वारा ही प्रकाशित होती है। मेरा स्वभाव क्या है, मेरा स्वभाव शीतल या गरम है—इत्यादि कुछ भी पानी नहीं जानता किन्तु ज्ञाता ही उसे जानता है।

करेलेका शाक, लौकीका शाक इत्यादि शाकोंका स्वाद और उसमें डाले हुए नमकका स्वाद—उसकी बिल्कुल भिन्नता ज्ञान द्वारा ही जानी जाती है। शाक और नमक नहीं जानते कि हम कैसे स्वाद वाले हैं। नमकको खबर नहीं है कि मेरा स्वभाव कैसा है और शाकको भी अपने स्वभावकी खबर नहीं है, वे दोनों जड़स्वभावरूप हैं, उन्हें जाननेवाला ज्ञान है।

अनेक मनुष्य कहते हैं कि ज्ञान द्वारा ज्ञात नहीं होता, किन्तु मस्तिष्क–दिमाग द्वारा जाना जाता है। परन्तु भाई! मस्तिष्क तो जड़ है, जड़मेसे जानना नहीं आता, जाननेकी क्रिया ज्ञातातत्त्वमे होती है। यदि मस्तिष्कके ज्ञान होता हो तो मुर्देको भी ज्ञान होना चाहिये परन्तु उसे ज्ञान नहीं होता, इससे ज्ञातातत्त्व शरीरसे पृथक् है। मस्तिष्क जड़ है, ज्ञातातत्त्व चैतन्य है; चैतन्य चैतन्यकी क्रिया द्वारा जानता है, मन इन्द्रिय और मस्तिष्क भी कुछ नहीं जानते किन्तु ज्ञाता ही सब कुछ जानता है।

निजरससे विकसित चैतन्यधातु और क्रोध, माया, लोभका भेद—इन दोनोंका भिन्नत्व ज्ञान ही जानता है, ज्ञान ही उन्हें पृथक् देखता है। मैं कर्ता हूँ और क्रोधादि मेरे कार्य—ऐसा कर्तृत्वको तोड़ता हुआ ज्ञान प्रगट होता है; ज्ञानका स्व–परप्रकाशकस्वभाव होनेसे, स्वका भी विवेक करता है और परका भी विवेक करता है। यह क्रोधादि विभाव मैं नहीं हूँ, मैं तो ज्ञायक आत्मा ज्ञानस्वरूप हूँ—इसप्रकार ज्ञायक पर दृष्टि डालकर उसके अस्तित्वको जानकर जो भेदविज्ञान करता है वह कर्तृत्वको छोड़ता है।

आत्माका अपरिचित अज्ञानी शुभाशुभभावोंको करता है, परन्तु जड़के भावोंको कदापि नहीं करता, आत्मा अज्ञानभावसे या तो राग-द्वेष करता है और यदि ज्ञानभावसे रहे तो राग-द्वेषका ज्ञाता रहता है, उसके अतिरिक्त वह अन्य कुछ नहीं करता। लड़केका कुछ कर सकता है या नहीं? कुछ भी नहीं कर सकता, मात्र पुत्र सम्बन्धी राग-द्वेषको कर सकता है, उसीप्रकार धन, शरीरादि किसीका कुछ किया ही नहीं जा सकता, मात्र उस सम्बन्धी राग-द्वेष कर सकता है, परके कर्तृत्वका मूलकारण अज्ञान है।

खारापन और शाक–दोनों पृथक् हैं, ऐसे पृथक्त्वका विवेक ज्ञान करता है, जलकी वर्तमान अवस्थामे उष्णता है, और त्रिकाली स्वभाव शीतल है—ऐसा विवेक ज्ञान करता है, क्रोधादि और चैतन्यस्वभाव–दोनों भिन्न हैं—वैसा विवेक भी ज्ञान करता है, पुण्य–पापके क्षणिक भाव पानीकी उष्णता जैसे हैं, वे भाव मैं हूँ, यह मेरा कार्य है—वैसा अज्ञानी अज्ञानभावसे मानता है। पुण्य-पापकी उष्ण–क्षणिक पर्याय मैं नहीं हूँ, मैं तो नित्य ज्ञान शान्तिमय शीतल स्वभावमय हूँ—ऐसा ज्ञानी विवेक करते हैं। नमक और शाकके स्वादको अभेद करने वाला अज्ञानी अज्ञानभावको करता है। नमक और शाकके स्वादको पृथक् जाननेवाला ज्ञानी विवेक-ज्ञान करता है। इसप्रकार ज्ञानी ज्ञान करता है और अज्ञानी अज्ञान करता है।

अब, अज्ञानी भी अपने ही भावको करता है परन्तु पुद्गलके

भावको कभी नहीं करता—ऐसे अर्थका, आगेकी गाथाकी सूचनारूप श्लोक कहते हैं:—

(अनुष्टुप्)

अज्ञानं ज्ञानमप्येवं कुर्वन्नात्मानमंजसा ।
स्यात्कर्तात्मात्मभावस्य परभावस्य न क्वचित् ॥ ६१ ॥

अर्थः—इसप्रकार वास्तवमें अपनेको अज्ञानरूप या ज्ञानरूप करता हुआ आत्मा अपने ही भावोंका कर्ता है, परभावोंका (पुद्गलके भावोंका) कर्ता तो कभी नहीं है।

क्रोध, मान, माया, हर्ष, शोक, वेद, विकार इत्यादि विभावभाव मेरे हैं, मैं इनका कर्ता हूँ और यह मेरे कार्य हैं—इसप्रकार अज्ञानी अज्ञान-भावोंको करता है; परन्तु क्रोधादि विकार मेरे नहीं हैं, और चैतन्यमूर्ति ज्ञान-आनन्दका सागर अनन्त गुणोंसे भरा हुआ है वही मै हूँ,—उसे जानना, मानना और उसमें स्थिर होना ही मेरा कार्य है—ऐसा जानता हुआ ज्ञानी ज्ञानभावोंको करता है।

प्रश्न—आत्मा ज्ञानभावसे तो परका कुछ नहीं करता, परन्तु विभावभावों द्वारा तो परका कुछ कर सकता है या नहीं?

उत्तरः—आत्मा विभावभावोंका कर सकता है, परन्तु उन विभाव-भावों द्वारा परद्रव्यका या परभावोंका कुछ भी नहीं कर सकता।

इस बातको दृढ़ करते हैं:—

(अनुष्टुप्)

आत्मा ज्ञानं स्वयं ज्ञानं ज्ञानादन्यत्करोति किम् ।
परभावस्य कर्तात्मा मोहोऽयं व्यवहारिणाम् ॥ ६२ ॥

अर्थः—आत्मा ज्ञानस्वरूप है, स्वतः ज्ञान ही है, वह ज्ञानके अतिरिक्त अन्य क्या करेगा? आत्मा परभावोंका कर्ता है-ऐसा मानना (तथा कहना) वह व्यवहारी जीवोंका मोह (अज्ञान) है।

आत्मा तो ज्ञाता ज्ञानस्वरूप है। भगवान आत्मा ज्ञानस्वरूप है—ऐसा गुण-गुणीका भेद करके कहा है और पश्चात् कहा है कि

आत्मा स्वतः ही ज्ञान है। पहले कहा कि आत्माका स्वभाव ज्ञान है, और फिर कहा कि आत्मा स्वतः ही ज्ञान है—इसप्रकार अभेद कहा है। जो ज्ञान है वही मैं हूँ—ऐसी ज्ञानकी प्रतीति, ज्ञानका ज्ञान और ज्ञानकी रमणता—यह तीनों ज्ञानमे आ गये, ज्ञान-दर्शन और चारित्र—इन तीनोंका समावेश ज्ञानस्वरूप आत्मामें हो गया। आत्मा ज्ञानके अतिरिक्त अन्य क्या कर सकता है? अपने स्वभावको ही कर सकता है, परका कुछ नहीं कर सकता तथापि परभावोंका कर्ता मानना वह व्यवहारी जीवोंका मोह है। लड़के, स्त्री, मकान आदि पर पदार्थोंका मैं कर सकता हूँ या मै इनका कुछ कर देता हूँ—ऐसी मान्यता वह व्यवहारी जीवोंका मोह है, जितने भेद पड़े, प्रकार हों, वे सब व्यवहारके होते हैं, उस पराश्रयरूप व्यवहारमे एक हो गया और पृथक् न रहा वह अज्ञानी है। परका मैं कर्ता हूँ—ऐसा व्यवहारी जीवोका मोह है॥ ९७॥

अव, कहते हैं कि—व्यवहारी जीव ऐसा कहते हैं:—

ववहारेण दु आदा करेदि घडपडरथाणि दव्वाणि।
करणाणि य कम्माणि य णोकम्माणीह विविहाणी॥९८॥

व्यवहारेण त्वात्मा करोति घटपटरथान् द्रव्याणि।
करणानि च कर्माणि च नोकर्माणीह विविधानि॥ ९८॥

अर्थ.—व्यवहारसे अर्थात व्यवहारीजन मानते हैं कि जगत्मे आत्मा घडा, वस्त्र, रथ इत्यादि वस्तुओंको तथा इन्द्रियोंको, अनेक प्रकारके क्रोधादि द्रव्यकर्मोको और शरीरादि नोकर्मोको करता है।

व्यवहार अर्थात् वर्तमान दृष्टिसे—स्थूलदृष्टिसे जगतके जीव ऐसा मानते हैं कि मैं घड़ा बनाता हूँ, मैं कपड़ा बुनता हूँ, मै रथ बनाता हूँ अर्थात् मैं वाहन बनाता हूँ, मै मकान बनाता हूँ, पुस्तक बनाता हूँ, मैं उपदेश देता हूँ—इत्यादि पर वस्तुओंका अज्ञानी जीव कर्ता होता है। शरीरकी इन्द्रियोंको मैं अच्छा रखता हूँ, आँखोंको जिधर फेरना हो उधर मैं फेर सकता हूँ; मैं जीभ द्वारा रसका स्वाद ले

सकता हूँ, मैं बोल सकता हूँ, जैसा बोलना हो उसीप्रकार जीभको हिला सकता हूँ—इत्यादि पाँचों इन्द्रियोंका अज्ञानी कर्ता होता है।

नवीन कर्म बंधते हैं उन्हें मैं बाँधता हूँ, ज्ञानावरणीय-दर्शनावरणीय-मोहनीय इत्यादि जड़कर्मोंको मैं बाँधता हूँ—ऐसा अज्ञानी जीव मानता है। शरीरादि नोकर्मोंको भी मैं करता हूँ-ऐसा व्यवहारी जीवोंका व्यामोह है। शरीर मुझसे चलता है, मुझसे उठता-बैठता है, मुझसे बोलता है, इत्यादि प्रकारसे शरीरादि नोकर्मका अज्ञानी कर्ता होता है।

कोई कहे कि शरीर यदि अपने आप चलता हो तो जब उसे चलना होगा तब अपने आप चलकर तुम्हारे घर आयेगा। भाई! दूसरेके यहाँ जानेका भाव हो उस समय यदि शरीरके चलनेका उदय हो तो अपने भावका और शरीरका निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध होनेसे दूसरेके घर जाया जाता है, अपने भावका और शरीरका लगभग सम्बन्ध होनेसे-शरीर मुझसे चलता है—ऐसा अज्ञानीको भासित होता है, परन्तु शरीर तो उसके अपने कारणसे ही चलता है, वह आत्माके भावसे नहीं चलता, यदि वह आत्माके भावसे चलता हो तो जब बीमार पड़ता है और शरीर दुर्बल हो जाता है तब भी चलना चाहिये, उस समय अपने चलनेके बहुत भाव होते हैं तथापि शरीरमें अशक्ति होनेसे नहीं चल सकता, इसलिये शरीर तो उसकी स्वशक्तिके स्वतंत्र परिणमनके कारण ही चलता है, परन्तु व्यवहारमें ऐसी लम्बी भाषा नहीं बोली जाती। पानीका लोटा लाओ-ऐसा कहा जाता है, परन्तु उसका अर्थ ऐसा नहीं है; लोटा तो पीतलका है, परन्तु उपचारसे पानीका लोटा कहा जाता है; उसी प्रकार शरीरकी क्रिया शरीरसे शरीरकी शक्ति अनुसार होती है परन्तु अज्ञानी मानता है कि मुझसे होती है।

आत्माके अतिरिक्त कोई बाह्य वस्तु आत्माके हाथमें नहीं है, तथापि अज्ञानी जीव ऐसा मानते हैं कि—हम थे तो सब व्यवस्था कर दी, सब निर्विघ्न समाप्त हो गया। इन्द्रियोंका, कर्मोंका और नोकर्मोंका

कर्ता मैं हूँ—वैसा माने वह आत्माके स्वभावसे अजान होनेसे, भगवानका भक्त नहीं है, किन्तु मूढ़तारूप मिथ्यावासनाका भक्त है।

जिससे अर्थात् संयोगमे एकताबुद्धिसे अपने विकल्प—इच्छाद्वारा और मन—वचन—कायके (हस्तादिकी क्रियारूप) व्यापार द्वारा यह आत्मा घट इत्यादि परद्रव्यस्वरूप बाह्य कर्मोंको करता हुआ (व्यवहारियोंको—अज्ञानियोंको) प्रतिभासित होता है।

देखो, इसमें क्या कहा? कि अज्ञानियोंको ऐसा दिखाई देता है कि परद्रव्यस्वरूप बाह्य कर्मोंको आत्मा करता है, अर्थात् इसका अर्थ यह है कि वास्तवमें आत्मा परद्रव्योंका कर्ता है ही नहीं। भ्रांतिसे मिथ्या दृष्टि द्वारा ऐसा भासित होता है, परन्तु सच्चे ज्ञानसे ऐसा मानते नहीं, इसमे तो सभी बात आ गई। स्त्रियाँ चावल बनाये, खिचड़ी बनायें, रोटी बनाये, बुनाई—सिलाईका काम करे इत्यादि, उन सबका कर्ता आत्मा नहीं है, उन सभी वस्तुओंकी व्यवस्था चैतन्यके हाथमें नहीं है, उनकी अवस्था इस प्रकारकी होना हो तब स्त्रीका निमित्त होता है। और आत्मा नित्य अमूर्त्तिक ज्ञानरूप है, स्त्री—पुरुष आदि अन्य रूप नहीं है। व्यवहारसे मूर्त्तिक करनेसे भी आत्मा कभी मूर्तिक जड़ नहीं हो सकता।

कोई कहे कि हम मोतीके दानों जैसे तो अक्षर लिखते हैं, परन्तु भाई! वैसे अक्षर करना वह तेरे हाथकी बात नहीं है, यदि अक्षर न होना हों तो अंगुलीमे चोट लग जाती है, लिखते-लिखते अँगुली अकड़ जाती हैं, इसलिये सुन्दर अक्षर करना वह आत्माके हाथकी बात नहीं है। जब अक्षर सुन्दर होना होते हैं तब हाथका अनुकूल निमित्त उपस्थित होता है, परन्तु कलम कलममें है और हाथ हाथमे, किसीके कार्यका कोई कर्त्ता नहीं है, दोनों स्वतंत्र वस्तुएँ हैं। कलम (लेखनी)मे हाथका अन्योन्य अभाव है और उन दोनोंमें जीवका और जीवकी इच्छाका त्रिकाल अत्यंत अभाव होनेसे परस्पर किसीका कुछ भी करनेमें असमर्थ है।

जीव तो अज्ञानभावसे इच्छा और योगके कम्पनका कर्ता है, इन्द्रियोंका या शरीरकी क्रियाका तो अज्ञानी भी कर्ता नहीं है। संयोगमात्रको देखनेवालोंको मिथ्याभिमान चढ़ गया है; परका मैं ऐसा कर दूँ और यह कर दूँ, परन्तु स्वतः परसत्तामे कुछ भी नहीं कर सकता, अपने भावमे मात्र संकल्प-विकल्प करता रहता है।

क्रोधादि समस्त अंतरंग कर्म और बाह्य द्रव्यकर्म तथा नोकर्म-वे दोनों परद्रव्यस्वरूप होनेसे उनमें अन्तर नहीं है। व्यवहारी जीवोंकी ऐसी मूढ़ता है कि शरीरको हम ऐसा चला सकते हैं, कंठको सुरीला कर सकते हैं, वाणी मधुर बोल सकते हैं—इत्यादि परद्रव्यका कर्तृत्व मानकर मूढ़ताका सेवन करते हैं। अज्ञानभावसे क्रोधादि विकारोंका, द्रव्यकर्मका और नोकर्मका आत्मा कर्ता होता है।

परद्रव्यके कर्तृत्वका अभिमान किये हो, और उसमें जो चाहे वह न हो, तो वहाँ ऐसी कषाय चढ़ती है कि मर जाता है; पाँच लाखकी पूँजी लगा रखी हो और उसमें नुकसान हो जाये तो शरम-शरम हो जाती है, और सोचता है कि अब तो मर जाये तो शान्ति हो-झंझट दूर हो; तो क्या वहाँ मौसी या मामी बैठी हैं जो कहें कि—'आओ भानेज! यहाँ तुम्हारे लिये पलंग बिछा है!'—वैसा कहने वाला परभवमे कोई नहीं बैठा है। जैसे परिणाम किये होंगे वैसी गतिमे चला जायेगा, कहीं कौवा, कुत्ता या नरक-निगोदमें चला जायेगा। मान-सम्मान बना रहना वह पुद्गलकी क्रिया है उसमे तेरे आत्माका कुछ भी कार्य नहीं है। पर चीज किसी प्रकार शरणदाता नहीं है, कि कोई वस्तु पराधीन भी नहीं है।

घट, पट, कर्म, नोकर्म, कीर्ति, लक्ष्मी आदि परद्रव्योंका मैं रक्षक हूँ और मैं उनका नाशक हूँ-ऐसा मानना वह व्यवहारी लोगोंका अज्ञान है ॥ ९८ ॥

अब ऐसा कहते है कि—व्यवहारी लोगोंकी यह मान्यता सत्य नहीं है:—

जदि सो परदव्वाणि य करेज्ज णियमेण तम्मओ होज्ज।
जह्मा ण तम्मओ तेण सो ण तेसिं हवदि कत्ता॥ ९९॥

यदि स परद्रव्याणि च कुर्यान्नियमेन तन्मयो भवेत्।
यस्मान्न तन्मयस्तेन स न तेषां भवति कर्ता॥ ९९॥

अर्थ—यदि आत्मा परद्रव्योंको करे तो वह नियमसे तन्मय अर्थात् परद्रव्यमय हो जाये, परन्तु तन्मय नहीं है इससे वह उनका कर्ता नहीं है।

भगवान आचार्यदेवने न्याय रखा है कि यदि आत्मा परवस्तुको करे तो वह नियमसे परवस्तुमें एकमेक हो जाये, परन्तु वह परवस्तुमे एकमेक नहीं होता इसलिये परवस्तुका कर्ता नहीं है।

मेज-कुर्सी या किवाड़ इत्यादि वस्तुएँ बढ़ई नहीं बनाता परन्तु जब वह सब होना होता है तब इस प्रकारका राग करनेवाला बढ़ई उपस्थित होता है, किन्तु यदि बढ़ई ऐसा मानता है कि यह सब मुझसे होता है तो वह उसकी मूढ़ता है।

आत्मा यदि शरीर, वाणी, घट, पट, रथ, मकान इत्यादि परद्रव्योंकी कोई भी अवस्था करे तो वह अवश्य तन्मय हो जाये परन्तु वह तन्मय नहीं होता, उनरूप नहीं होता, इसलिये वह परका कर्ता नहीं है।

यह कार्य मुझे बहुत ही अच्छा करना था, परन्तु अमुक व्यक्तिने बीचमें आकर सब बिगाड़ दिया, किन्तु भाई! वह बिगड़ना था इससे बिगड़ा, जो होना था वह हुआ, परके दोष निकालना छोड़ दे, और इसप्रकार यथार्थ दृष्टिसे देख तो कितनी शांति हो और आकुलता दूर हो जाये।

रुपया-पैसा किसीके रखनेसे नहीं रहता, कोई किसीको बनाये रखनेमे समर्थ नहीं है, और न कोई किसीका विनाश करनेमे समर्थ है। परमाणुका स्वतंत्र परिणमन हो वैसा होता है। अमुकने आकर मुझे

हानि पहुँचाई इससे सब पैसा चला गया और अमुक व्यक्तिकी सहायतासे पैसा मिला—ऐसी मान्यता मूढ़ता है ।

यदि यह आत्मा निश्चयसे या व्यवहारसे परद्रव्यस्वरूप कर्मको करे तो, परिणाम-परिणामीपना अन्य किसी प्रकार नहीं बन सकनेके कारण वह (आत्मा) नियमसे तन्मय (परद्रव्यमय) हो जाये; परन्तु वह तन्मय नहीं होता ।

परिणामी अर्थात् अवस्थाका करनेवाला (–कर्ता) और परिणाम अर्थात् जो अवस्था होती है वह (कर्म) । घट, पट, रथकी अवस्था होती है वह परिणाम है और आत्मा परिणामी होकर यदि उन घट-पटादि परिणामोंको करे तो वह जड़ हो जाये; यदि आत्मा जड़की अवस्थाको करे तो परिणाम और परिणामी दोनों एक हो जायें, इससे आत्मा जड़ हो जाये । क्योंकि जो कर्ता हैं वे क्रियासे तन्मय हुए बिना (व्यापक एकमेक हुए बिना) कर्ता नहीं हो सकते, तो क्या किसीकी सत्तामें किसीका प्रवेश हो सकता है ?

✓ आत्मा यदि घड़ेको बनाये तो वह घड़ेमें प्रविष्ट हो जाये—घड़ा हो जाये ।

✓ यदि आत्मा मकानका कर्ता हो तो मकानरूप हो जाये, शरीरका कर्ता हो तो शरीररूप हो जाये, रथका कर्ता हो तो रथमय हो जाये और आत्मा आठ कर्मोंका कर्ता हो तो अष्टकर्ममय हो जाये, अन्य जीवका कुछ कर सकें तो अन्य जीवरूप हो जायें इससे आत्मा स्वतंत्र स्वसत्तारूप नहीं रहेगा परन्तु परद्रव्यमय हो जायेगा । पर्याय और पर्यायीका किसी भी प्रकार पृथक्त्व नहीं हो सकता; इससे यदि आत्मा परद्रव्यको करे तो पर्याय और पर्यायी दोनों एक हो जायें; परन्तु आत्मा परद्रव्यका कुछ भी नहीं कर सकता ।

गरम उबलते हुए शीरेको यदि स्वतः करता हो तो स्वयं शीरेमें एकमेक हो जाना चाहिये, खीर या गुलाबजामुनका यदि आत्मा कर्ता हो तो उसे उनरूप हो जाना चाहिये, कारण कि पर्याय और पर्यायी दोनों एक होते हैं अलग नहीं होते; इससे यदि आत्मा परद्रव्यमें कुछ

करे तो वह उस समय हो जाना चाहिये, परन्तु वैसा तो नहीं होता। पर्यायी आत्मा अपनी चैतन्यपर्यायका कर्ता है परन्तु परकी अवस्थाका कर्ता नहीं है, कारण कि कोई द्रव्य किसी अन्य द्रव्यमय हो जाये तो उस द्रव्यके नाशकी आपत्ति (–दोष) आ जाये; इसलिये आत्मा व्याप्य-व्यापकभावसे परद्रव्यस्वरूप कर्मका कर्ता नहीं है। अर्थात् पर वस्तुमें व्याप्य-व्यापकपना नहीं होनेसे किसी भी प्रकार परद्रव्यकी पर्यायका कर्ता नहीं हो सकता।

मिथ्यादृष्टि जीव ऐसा मान रहा है कि मुझसे परके कार्य होते हैं, इससे आचार्यदेव यह व्याप्य-व्यापकका सूत्र कहकर अस्वीकार करते हैं कि तू किसी भी प्रकार परका कर्ता नहीं है। व्याप्य अर्थात् जो जड़की अवस्थामें प्रविष्ट नहीं हो गया है, और प्रविष्ट हुए बिना उसका कर्ता माने वह बिल्कुल मिथ्या बात है। जो जिसमें प्रविष्ट हो जाये वही उसका कर्ता हो सकता है, परमें प्रविष्ट नहीं हो सकता इसलिये परका कर्ता नहीं है। साथमें उपस्थित रहनेवाला ऐसा मानता है कि मुझसे परका कार्य होता है, तो ऐसा माननेवाला बिलकुल असत्यका सेवन करनेवाला है। स्वतंत्र सत्‌रूप उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यरूप किसी भी वस्तुको नहीं मानता। एक वस्तु दूसरी वस्तुमें कुछ भी करे तो दोनों द्रव्य एक हो जायें, एक वस्तुमें दूसरी वस्तुकी नास्ति है, सभी द्रव्योंकी स्वत. अपनेसे अस्ति है; स्वत अपनेसे सत् हैं और परसे असत् हैं। किसी द्रव्यका कोई अन्य द्रव्य कर्ता नहीं है। कोई भी वस्तु अन्य वस्तुरूप हो तो उस वस्तुका नाश हो जाये, इसलिये आत्मा व्याप्य-व्यापकभावसे या दूर रहकर भी परद्रव्यस्वरूप कर्मका कर्ता नहीं है। एक वस्तु अन्य वस्तुमें प्रविष्ट हुए बिना कर्ता-कर्मपना नहीं हो सकता, कोई द्रव्य किसी अन्य द्रव्यमें प्रविष्ट होता ही नहीं इसलिये आत्मा परद्रव्यस्वरूप कर्म (–कार्य) का कर्ता नहीं है।

आत्मा घड़ा, मकान, वस्त्रादि परवस्तुओंका कर्ता नहीं है, क्योंकि उसका परवस्तुके साथ व्याप्य-व्यापक संबंध नहीं है। व्याप्य अर्थात् अवस्था और व्यापक अर्थात् वस्तु स्वतः। आत्मा परद्रव्यमें या परद्रव्यको।

कुछ नहीं कर सकता, कारण कि परिणाम-परिणामीपना एक द्रव्यमें ही हो सकता है। शरीरको हिलने-डुलनेकी अवस्थाका कर्ता आत्मा नहीं है, यदि वह उसका कर्ता हो तो उसमे तन्मय हो जाये।

✓ शरीरकी जो क्रिया होती है वह उसके उपादानरूप निजशक्तिसे होती है, आत्मा उसका निमित्त-नैमित्तिक भावसे भी कर्ता नहीं है। मकानके रजकणोंकी जो अवस्था होती है उसमें रजकण अपने आप व्यवस्थितरूपसे आये वह रचना-क्रिया उनकी क्रियावतीशक्तिके कारण हुई है। मिट्टीके घडेकी अवस्था उसकी अपनी क्रियावतीशक्तिके कारण हुई है, कुम्हार उसका कर्ता नहीं है। उपादानरूपसे तो कुम्हार कर्ता नहीं है, किन्तु निमित्त-नैमित्तिकरूपसे है या नहीं—उसका स्पष्टीकरण आगेकी गाथामें आयेगा ॥ ९९ ॥

आत्मा (व्याप्य-व्यापकभावसे तो कर्ता नहीं है परन्तु) निमित्त-नैमित्तिकभावसे भी कर्ता नहीं है—ऐसा अब कहते हैं:—

जीवो ण करेदि घडं णेव पडं णेव सेसगे दव्वे।
जोगुवओगा उप्पादगा य तेसिं हवदि कत्ता ॥ १०० ॥

जीवो न करोति घटं नैव पटं नैव शेषकानि द्रव्याणि।
योगोपयोगावुत्पादकौ च तयोर्भवति कर्ता ॥ १०० ॥

अर्थः—जीव घटको नहीं करता, पटको नहीं करता, शेष किन्हीं भी द्रव्योंको (परद्रव्यकी किन्हीं भी अवस्थाओंको) नहीं करता, परन्तु जीवका योग और उपयोग घटादिको उत्पन्न करनेवाले निमित्त हैं, उन योग-उपयोगका कर्ता जीव होता है।

आत्मा घड़ेकी अवस्थाको नहीं करता, खिचड़ीकी अवस्थाको नहीं करता, शरीरकी अवस्थाको नहीं करता, वस्त्रकी अवस्थाको नहीं करता, अन्य किसी भी परवस्तुकी अवस्थाको नहीं करता। परन्तु योग अर्थात् योगगुणकी कम्पन दशा और उपयोग अर्थात् इच्छा-विकल्प-रूप विकारी भाव अर्थात् अशुद्ध उपयोग उसका अज्ञानी कर्ता है और योग

तथा उपयोग परवस्तुकी अवस्थाको निमित्त हैं, योगका अर्थ बाह्यके जड़ योग नहीं समझना चाहिये परन्तु चैतन्यके प्रदेशमे चंचलतारूप कम्पन समझना चाहिये ।

जो योग और इच्छाका कर्ता होता है और जिसका लक्ष परके ऊपर है वह ऐसा मानता है कि मैं परका निमित्तरूपसे कर्ता हूँ । वस्तु अखण्ड है–ऐसी जिसकी दृष्टि हुई है वह निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है, वस्तु कर्ता नहीं है इससे वस्तुकी दृष्टि वाला भी कर्ता नहीं है, अर्थात् सम्यग्दृष्टि निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है । आत्मवस्तु स्वतः घट–पटादि होनेमे निमित्त नहीं है, परन्तु अज्ञानीकी वृत्ति निमित्त है । घट करूँ, पट करूँ उस वृत्तिका अज्ञानी कर्ता होता है, इससे अज्ञानीकी रागवृत्ति घट–पट होनेमे निमित्त मानी है, परन्तु ज्ञानी रागकी वृत्तिका स्वामी या कर्ता नहीं होता और उस वृत्तिको अपना नहीं मानता । अखण्ड वस्तुदृष्टि प्रगट हुई है, इससे ज्ञानी परवस्तुकी अवस्थाका कर्ता नहीं है ।

वास्तवमे जो घटादिक तथा क्रोधादिक परद्रव्यस्वरूप कर्म है उसे आत्मा व्याप्य–व्यापकभावसे तो नहीं करता, क्योंकि यदि ऐसा करे तो तन्मयताका प्रसग आये । और निमित्त–नैमित्तिक भावसे भी नहीं करता क्योंकि यदि ऐसा करे तो नित्य कर्तृत्वका (सर्व अवस्थाओंमे कर्तृत्व रहनेका) प्रसंग आ जाये ।

आत्मा घट–पटादिको और क्रोधादिक परद्रव्यको व्याप्य–व्यापक भावसे करता ही नहीं, क्योंकि यदि ऐसा करे तो तन्मय हो जाये, परन्तु निमित्त–नैमित्तिक भावसे भी नहीं करता; यदि ऐसा करे तो नित्य कर्तृत्व बना रहे–वह कभी दूर न हो ।

वस्तु स्वत. परद्रव्यकी कर्ता नहीं है, परन्तु योग और इच्छा परवस्तुकी अवस्था होनेमें निमित्त हैं किन्तु ज्ञानी योग और इच्छाका कर्ता नहीं है इसलिये ज्ञानी परवस्तुकी अवस्थाका निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है । वस्तु स्वत तो कर्ता नहीं है, परन्तु वस्तुकी दृष्टिवाला निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है ।

अनेक लोग कहते हैं कि मकानकी, घट-पटकी, भोजनादि पर-द्रव्योंकी अवस्थामें आत्मा एकमेकरूपसे प्रविष्ट होकर कर्ता नहीं होता किन्तु निमित्तरूपसे तो कर्ता होता है न? भाई! यदि द्रव्य कर्ता हो तो नित्य कर्तृत्व रहे, इसलिये द्रव्य कर्ता नहीं है, परन्तु अज्ञानी अहंकारवश मानता है कि—द्रव्यका विकारी उपयोग और कंपन—वे दोनों विकारी पर्यायें परद्रव्यकी अवस्था होनेमें निमित्तरूपसे कर्ता हैं, परन्तु उस योग-उपयोगका अज्ञानी कर्ता होता है, ज्ञानी कर्ता नहीं होता। इसलिये, जिस प्रकार आत्मा कर्ता नहीं है, उसी प्रकार आत्माकी दृष्टिवंत परद्रव्यकी अवस्थाका निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है। आत्माकी दृष्टिवालेके विकारी अवस्था होती हो, कम्पन और इच्छा होते हों तथापि वहाँ उनका भार नहीं है, (—मुख्यता नहीं है) नित्य स्वभाव-पर भार है, वस्तुदृष्टि पर भार है, विकारी पर्याय पर भार नहीं है, उसे अपनी पर्याय नहीं मानता इसलिये वह परवस्तुका निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है।

वस्तु तो स्वतः निमित्तरूपसे कर्ता नहीं है, परन्तु विकारी पर्याय निमित्तरूपसे कर्ता है। परमें कर्तापन मानता है। अज्ञानीने विकारी पर्यायका कर्तृत्व स्वीकार किया है और विकारी पर्यायका झुकाव परके ऊपर है, इससे अज्ञानी निमित्तरूपसे कर्ता है परन्तु ज्ञानी कर्ता नहीं है।

वस्तु तो नित्य स्थायी है, यदि वस्तु स्वतः कर्ता हो तो परका कर्तृत्व कभी दूर न हो, और परका कर्तृत्वभाव अपना स्वभाव हो जाये, इसलिये वस्तु स्वतः परकी कर्ता नहीं है।

सम्यक्त्वी स्त्री रसोई बना रही हो तो भी वह रसोईकी निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं होती, क्योंकि नित्य वस्तु स्वतः कर्ता नहीं है और वस्तुके ऊपर दृष्टि है और अनित्य इच्छाका स्वामित्व नहीं है, कर्ताबुद्धि नहीं है इससे निमित्तसे भी कर्तृत्वका स्वीकार नहीं करती। अपनी पर्यायमें राग होता है, उस रागकी पर्याय निमित्त है परन्तु उस रागके ऊपर ज्ञानीकी दृष्टि नहीं है, उसका कर्तृत्व स्वीकार नहीं करती,

अपने अखण्ड स्वभाव पर दृष्टि है। शुद्ध द्रव्य कर्ता नहीं है, इससे शुद्ध दृष्टि भी कर्ता नहीं है—ऐसा आचार्यदेवने कहा है।

यदि कुम्हार ज्ञानी हो तो वह भी घड़ेका कर्तृत्व निमित्तरूपसे भी स्वीकार न करे क्योंकि उसकी दृष्टि वस्तु पर है। ज्ञानी जानते हैं कि योग और इच्छा मेरे हैं ही नहीं, इसलिये मैं निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं हूँ।

वस्तु यदि कर्ता हो तो निमित्तरूपसे कर्तृत्व कभी नहीं छूटेगा, इससे नित्य कर्तृत्वका प्रसंग आयेगा। वस्तु यदि निमित्तरूपसे कर्ता हो तो केवलज्ञानी भी कर्ता बने रहें और इससे किसी दिन कर्तृत्व नहीं छूट सकेगा।

ज्ञानी मानते हैं कि शरीर, मन, वाणी, घट, पटादि समस्त परवस्तुओंके हम उपादानरूपसे तो कर्ता नहीं हैं, किन्तु निमित्तरूपसे–व्यवहारसे भी कर्ता नहीं हैं। हम स्व–परको जानते अवश्य हैं परन्तु उसके कर्ता नहीं हैं।

ज्ञानीके योग (प्रदेशका कम्पन) और इच्छा होते हैं, परन्तु उनका कर्ता नहीं है, स्वामी नहीं है, इसलिये वह वस्तुदृष्टिसे परवस्तुका निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है। अज्ञानी जीव अपने भावमे योग और उपयोगका कर्ता है इससे वह निमित्तरूपसे परवस्तुका कर्ता है ऐसा उपचारसे कहा है। इसमे ज्ञानी और अज्ञानीका सारा कार्य आ जाता है।

अनित्य (अर्थात् जो सर्व अवस्थाओंमे व्याप्त नहीं होता–ऐसा) योग और उपयोग ही निमित्तरूपसे उसके (परद्रव्यस्वरूप कर्मके) कर्ता हैं। (रागादि विकारवाले चैतन्यपरिणामरूप) अपने विकल्पको और (आत्माके प्रदेशोंके चलनरूप) अपने व्यापारको कदाचित् आत्मा अज्ञानसे करता होनेके कारण, योग और उपयोगका तो आत्मा भी कर्ता (कदाचित्) भले हो तथापि परद्रव्यरूप कर्मका कर्ता तो (निमित्तरूपसे–व्यवहारसे) कभी नहीं है।

यदि वस्तु कर्ता हो तो कर्तृत्वका–प्रसंग आये, परन्तु वस्तु कर्ता

नहीं है किन्तु अनित्य अर्थात् जो सर्व अवस्थाओंमें प्रसरित नहीं होते—ऐसे योग और उपयोग ही निमित्तरूपसे परद्रव्यस्वरूप कर्मके कर्ता कहे हैं। जो अनित्य हैं, क्षणिक हैं, वर्तमान क्षणपर्यंत हैं—ऐसे योग और उपयोग ही परद्रव्यके निमित्तरूपसे कर्ता हैं ऐसा उपचार व्यवहारनयका कथन है। परद्रव्यका कुछ भी कार्य जीवसे नहीं हो सकता किन्तु रागादि व्यापारको और प्रदेशोंके चलनरूप चैतन्यके व्यापारको अज्ञानसे कर्ता है तथापि परद्रव्यस्वरूप कर्मका कर्ता कभी निमित्तरूपसे भी नहीं है।

अज्ञानसे आत्मा योग और उपयोगका कर्ता तो कदाचित् भले हो तथापि परवस्तुका कर्ता तो आत्मा निमित्तरूपसे कभी नहीं है।

अज्ञानी परवस्तुको व्याप्य-व्यापकभावसे तो नहीं करता, परन्तु वह कर्तृत्वबुद्धिवान होनेसे उसकी दृष्टि परके ऊपर है इससे निमित्तरूपसे कर्ता कहा है; नित्य ज्ञानमात्र स्वरूपमें दृष्टि नहीं है और इच्छा और योग पर अज्ञानीकी दृष्टि है इससे परवस्तुका कर्तृत्व स्वतः निमित्तरूपसे स्वीकृत कर लेता है। मैं नित्य चिदानन्दस्वरूप निर्विकार हूँ—वैसा न मानकर मैं इच्छा और कम्पन जितना ही हूँ—ऐसा अज्ञानी मानता है इससे परवस्तुका कर्तृत्व निमित्तरूपसे स्वीकृत कर लेता है। जिस समय हाथ-घटादिकी अमुक अवस्था होती हो उस समय इच्छा और योग परवस्तुका कार्य होनेमें निमित्त हैं, उन इच्छा और योगका अज्ञानी कर्ता हुआ इससे परका कर्तृत्व स्वतः निमित्तरूपसे स्वीकार कर लिया।

आत्मा किसे कहा जाये? योग और इच्छा वर्तमान हों—इतना आत्मा कहलाता है?

नहीं, आत्मा योग और इच्छा जितना नहीं है, परन्तु योग और इच्छासे रहित वीतरागता, अचल-अयोगपना, ज्ञान, दर्शन, चारित्र; बल इत्यादि अनन्त गुण-पर्यायका पिण्ड है—ऐसा आत्मा यदि निमित्तरूपसे भी परका कर्ता हो तो उसका निमित्तरूपसे कर्तृत्व तीनकालमें कभी भी नहीं छूटेगा।

ज्ञानी जानता है कि मैं स्व और परका ज्ञाता हूँ परन्तु कर्ता नहीं हूँ। परवस्तुका उपादानरूपसे तो कर्ता नहीं किन्तु निमित्त-रूपसे भी कर्ता नहीं है। अज्ञानीकी दृष्टि परके ऊपर है इससे निमित्त-रूपसे कर्तृत्व स्वीकार करता है। नित्य स्थायीरूपसे न रहनेवाली-ऐसी कम्पन और इच्छा की विभावपर्याय, जब परवस्तुकी अवस्था होनेवाली हो तब निमित्तरूप है, कम्पन और इच्छाका जो स्वामी होता है वह ऐसा मानता है कि परवस्तुकी अवस्थाके समय मैं उपस्थित था, और उसके निमित्तसे हुआ कम्पन और इच्छा उसका स्वभाव नहीं है, तथापि उन्हें अपना मान लेता है, उसीप्रकार पर्यायबुद्धि-मूढ़जीव घट-पटादिका निमित्तकर्ता मैं हूँ—वैसा स्वतः मान लेता है।

दाल रोटी बनानेमें, कपड़े पहिननेमें, कपड़े बनानेमे योग और उपयोग निमित्तरूपसे कर्ता हैं ऐसा अज्ञानी मानता है।

प्रश्नः—यह बात समझमें न आये तो भारी भ्रम रह जाये न?

उत्तरः—हाँ, भारी भ्रम रह जाये। यह बात समझमे आ जाये तो वह भ्रम टालनेका मूल है, और न समझे तो अनंत संसारदुःखका कारणरूप भ्रम रहनेका भी मूल है।

अज्ञानीने राग और कम्पनको अपना माना है, इससे आचार्यदेवने ऐसा कहा है कि अपने विकल्प और कम्पनका कदाचित् अज्ञानसे कर्ता है। अज्ञानीने रागको करने योग्य माना है—अपना मान है इससे आचार्यदेवने 'अपना विकल्प'—ऐसा शब्द लिया है। (परन्तु वास्तवमे विकल्प अपना नहीं है क्योंकि नित्यस्वभावमे वह नहीं है।) रागको अपना मानता है वह पराधीनतारूप पराश्रयकी श्रद्धा रखता है, इससे 'यह वस्तु मैंने की है'—ऐसा मानता है।

कोई कहे कि किसी अच्छे कार्यमे बुद्धिमान-चतुर मनुष्य हो तो अन्तर पड़ता है न? तू भले मिथ्या माना कर! कोई अन्तर नहीं पड़ेगा, जैसा होना हो वैसा ही होता है।

कोई भी घट, पट, पुस्तक, मकान या व्यावहारिक कार्य आदि परवस्तुकी अवस्था उसके अपने कारणसे होती है, परन्तु जो साथ उपस्थित होता है वह मानता है कि मैं इस सबका कर्ता हूँ—वह अज्ञानी है।

प्रश्नः—इसे धर्म कहा जाता है?

उत्तरः—हाँ, यह धर्म कहलाता है। इसे समझनेसे ही सच्चा धर्म होता है, इसमे एक भी उल्टी-सीधी अपेक्षा मिलाये तो मिथ्यात्व आता है। निमित्तसे कथन हो वह दूसरी बात है और निमित्तसे कर्तृत्व मानना अलग बात है।

शिष्य गुरुसे कहे कि अहो! प्रभो! आपने मेरा परम उपकार किया है, मुझे आपने कृतार्थ कर दिया, आपने मुझे तार दिया—इत्यादि अपने गुणोंकी पर्याय प्रगट करनेके लिये विनय और भक्तिसे कहता है, व्यवहारमें गुरुके प्रति विनय और नम्रता करता है, गुरुके गुणोंका बहुमान करता है और निश्चयसे अपने पूर्ण स्वभावके प्रति विनय, नम्रता और बहुमान करता है।

अभी अपूर्ण है इससे व्यवहारमें देव, गुरु, शास्त्र इत्यादिके गुणोंका बहुमान आये बिना नहीं रहता, स्वतःको पूर्णता चाहिये है, निश्चयमे अपनेको पूर्ण स्वभावका बहुमान है इससे व्यवहारमें देव, गुरु, शास्त्रका बहुमान आये बिना नहीं रहता। देव, गुरु गुणमें विशेष हैं, इससे समझकर सामनेवाले पर आरोप करके कहता है कि आपने मुझे तार दिया—वह अलग बात है, परन्तु यदि वैसा मान बैठे तो वह मिथ्या है।

अज्ञानीके इच्छा है, उसीप्रकार ज्ञानीके भी अपूर्णता है वहाँ तक तो इच्छा है, परन्तु उस इच्छाको ज्ञानी अपना मानते ही नहीं, इससे ज्ञानीकी वह इच्छा नष्ट होनेके लिये है इच्छा, राग, द्वेषादि भावोंका कर्ता चतुर्थ गुणस्थानसे लेकर ऊपरके गुणस्थानोंमें नहीं है, इसलिये परवस्तुका निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है।

जहाँ तक अनित्य पर्यायबुद्धि द्वारा अपनेमें राग और कम्पन

मानता है वहाँ तक वह धर्मका अजान जीव राग और योगका कर्ता तो कदाचित् भले ही हो परन्तु परद्रव्यस्वरूप कर्मका कर्ता तो निमित्तरूपसे भी नहीं है।

टीकामें आचार्यदेवने पहले कहा कि आत्मा कर्ता नहीं है, और पश्चात् कहा कि अज्ञानी आत्मा कर्ता भले हो। कर्ता तो अवस्था है, कहीं द्रव्यकर्मका कर्ता आत्मा नहीं है परन्तु आत्माकी विकारी अवस्था द्रव्यकर्मकी अवस्था होनेमें निमित्तमात्र है। अज्ञानी आत्मा तो वास्तवमे योग और उपयोगका कर्ता है, जड़का कर्ता नहीं है। परन्तु राग और योगका कर्तृत्व मानता है इससे भी अज्ञानी आत्माको कर्ता कहा जाता है; किन्तु वास्तवमें तो राग और योगको अपना माना वह आत्मा ही नहीं है—अनात्मा है।

घड़ा बनानेमे जिस प्रकार ज्ञानी निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है उसीप्रकार घडा फोड़नेमे भी निमित्तरूपसे कर्ता नहीं है—वैसा समझ लेना चाहिये। अज्ञानी घड़ेको फोड़नेका भी कर्ता होता है। ज्ञानी युद्धमें खड़ा हो तथापि योग और इच्छाका कर्ता नहीं होता। मैं युद्धका निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं हूँ—ऐसा वह मानता है। मैं तो ज्ञायक हूँ, ज्ञाता-दृष्टा रहनेवाला हूँ और मेरा ज्ञान, दर्शन उपयोगका कर्ता है—ऐसा ज्ञानी मानते हैं।

योग अर्थात् मन-वचन-कायके निमित्तसे आत्माके प्रदेशोंका चलन और उपयोग अर्थात् ज्ञानका कषायोंके साथ युक्त होना-जुड़ जाना। यह योग और उपयोग घटादिक तथा क्रोधादिकका निमित्त है, इससे उन्हें तो घटादिक तथा क्रोधादिकका निमित्तकर्ता कहा जाता है परन्तु जीवद्रव्यको अनित्य विकारका कर्ता नहीं कहा जाता। किन्तु संसार-अवस्थामें अज्ञानसे मात्र योग-उपयोगका कर्ता कहा जा सकता है।

अज्ञानी ऐसा मानता है कि क्रोध और कम्पन मैं हूँ, इससे वह ऐसा स्वीकार करता है कि घटादिकका मैं निमित्तरूपसे कर्ता हूँ, परन्तु भगवान आत्मा परवस्तुका निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं कहलाता।

आत्मा स्वतः कर्ता नहीं है इससे आत्माका दृष्टिवंत भी कर्ता नहीं है।

संसारदशामे अज्ञान अवस्थाके कारण निमित्तरूपसे कर्तृत्व स्वीकार किया है। संसार तो चतुर्थसे चौदहवें गुणस्थान तक भी है, तथापि वह संसार अपने कारणसे नहीं किन्तु परके कारण है, अपनी विकारी पर्यायके कारण है।

आत्माके नित्य स्वभावमें तो संसार है ही नहीं। जैसा स्वभाव है उसे वैसा-यथावत् जानकर श्रद्धा की और अनुभवन किया—वैसे स्वभावदृष्टिवंतके अनित्य संसार दशाका स्वीकार नहीं है, स्वामित्व नहीं है। अपनी स्वभावदृष्टिमे संसार नहीं है, अल्प स्थिरताके कारण एकाध भव रहता है—यहाँ वह बात गौण है। दृष्टि स्वभाव पर है, वह मुख्य है, पूर्ण पर्याय प्रगट करनेका पुरुषार्थ चालू है, इससे पूर्ण पर्याय प्रगट हो जाना है, इसलिये संसार नहीं है। इससे अज्ञानीके ससार है किन्तु ज्ञानीके संसार नहीं है।

इस १०० वीं गाथामें द्रव्यदृष्टिकी अधिकता है, सम्पूर्ण वस्तुस्थिति इसमें बता दी है। द्रव्यदृष्टिसे तो कोई द्रव्य किसी अन्य द्रव्यका कर्ता नहीं है परन्तु पर्यायदृष्टिसे भी कर्ता नहीं है, किन्तु किसी द्रव्यकी पर्याय किसी समय किसी अन्य द्रव्यकी पर्यायको निमित्त होती है। किसी समय अर्थात् अज्ञान अवस्थामे ही योग और रागको अपना मानता है वहाँ तक किसी अन्य द्रव्यकी पर्यायको निमित्त होता है वैसा कहा जाता है; क्योंकि मैं निमित्त हूँ—वैसा माना है, इससे निमित्त होता है ऐसा कहा जाता है। परमार्थसे द्रव्य अपने ही परिणामोंका कर्ता है, अन्य द्रव्यकी अवस्था अन्य द्रव्य नहीं कर सकता–यह त्रिकाल अबाधित सिद्धान्त है। परवस्तु उसके अपने कारणसे परिणमित होती है उसमें कोई अन्य क्या कर सकता है? इस १०० वीं गाथामे स्वद्रव्यको सम्पूर्ण स्थित रखा है। परका कर्ता तो तू निमित्तरूपसे भी नहीं है—ऐसा कहकर पूर्ण स्वतंत्रता घोषित की है।

ज्ञानी ज्ञानका ही कर्ता है, ज्ञानीके नवीन कर्मबंध हो तो इसमें वह निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है। कोई कहेगा कि ज्ञानीको

अल्प कर्मबंध तो होता है न? इससे उनका निमित्त तो हुआ या नहीं? नहीं; उसका भी ज्ञाता है, अल्प इच्छा और योग है उसका भी ज्ञाता है, निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है। अहो! इस समयसारमें सभी बातें कही हैं कुछ भी शेष नहीं रखा, वस्तुस्थितिको स्पष्ट समझानेवाला चौदह पूर्वका रहस्य इसमें आ जाता है। किसी ऐसे सुयोग-कालमें इस समयसारकी रचना हुई है कि जिसमें सर्वज्ञ-केवलीका हृदय आ गया है। जो इस समयसारको समझ ले उसे धन्य हो जानेका समय है।

पुनः १०० वीं गाथा।

शरीरकी अवस्था, वाणीकी अवस्था इत्यादि परवस्तुओंकी अवस्थाका व्याप्य-व्यापकभावसे तो आत्मा कर्ता नहीं है, परन्तु निमित्त-नैमित्तिक भावसे भी कर्ता नहीं है—ऐसा इस गाथामें कहते हैं।

मूल गाथामें आता है कि जीव घटादिकी अवस्थाको नहीं करता। जीव अर्थात् वस्तु स्वतः कर्ता नहीं है, आत्मद्रव्य स्वतः घड़ेकी अवस्थाका कर्ता नहीं है, एक आत्मद्रव्य अन्य आत्माओंकी अथवा आत्माके अतिरिक्त अन्य किसी परमाणुकी अवस्थाका निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है। वस्तु कर्ता नहीं है इसलिये वस्तुका दृष्टिवंत भी कर्ता नहीं है।

आत्मा घट-पटका कर्ता नहीं है, एक रजकणसे लेकर समस्त जड़ द्रव्योंका कर्ता नहीं है, एक निगोदसे लेकर समस्त आत्माओंकी अवस्थाका वस्तुका दृष्टिवंत अर्थात् ज्ञानी आत्मा निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है।

इच्छा और योगका ज्ञानी कर्ता नहीं है, परन्तु अज्ञानी उनका कर्ता है, उसकी दृष्टि राग और योग पर है, राग और योगका विषय पर है इससे अज्ञानी निमित्तरूपसे परका कर्ता है—ऐसा आचार्यदेवने कहा है।

मैं राग और कम्पन जितना हूँ, राग और कम्पन मेरे हैं, मैं उनका कर्ता हूँ—ऐसा अज्ञानी मानता है इससे परद्रव्यका कर्तृत्व भी

निमित्तरूपसे मान लेता है। राग और योगका विषय पर है, तथा द्रव्यकर्म राग और योगका निमित्त है, इससे राग और योगका कर्तृत्व स्वीकार करते हुए परद्रव्यका कर्तृत्व भी साथ आ जाता है।

घड़ेकी अवस्था आत्मा व्याप्य-व्यापकभावसे नहीं करता अर्थात् उसमें प्रविष्ट होकर नहीं करता। यदि ऐसा हो तो दो द्रव्य एक हो जायें। घड़ेकी अवस्थाका आत्मा उपस्थित रहकर—निमित्त रहकर भी कर्ता नहीं है; यदि ऐसा हो तो परद्रव्यका कर्तृत्व नित्य बना रहे अर्थात् योग और रागका नित्य कर्ता बना रहे, इससे परवस्तुका कर्ता भी नित्य बना रहे।

व्यवहारसे कर्ताका अर्थ यह है कि कर्ता नहीं है निमित्तकर्ता है। निमित्तकर्ता है—ऐसे निमित्तके अभिप्रायके बहानेसे जीवोंने निमित्तको उपादान मान लिया है अर्थात् दो द्रव्योंको एक मान लिया है। निमित्त अर्थात् मात्र सामनेवाली वस्तुकी उपस्थिति. जैसे—घड़ा होनेमें वहाँ कुम्हारकी उपस्थिति अनुकूल होती है किन्तु धोबीकी उपस्थिति अनुकूल नहीं होती, उस अस्तित्वमात्र निमित्तको जीवोंने निश्चयरूप उपादानरूपसे स्वीकार कर लिया है, अर्थात् उपादान और निमित्तको एक मान लिया है। वस्तुका दृष्टिवंत, परवस्तुका उपस्थितिरूपसे भी कर्ता नहीं होता, उपचारसे कहा जाता है कि अमुक व्यक्तिके आनेसे यह कार्य हुआ; परन्तु स्वभावदृष्टि उस निमित्तको भी स्वीकार नहीं करती।

जिसमे जो शक्ति है वही क्षेत्रान्तर-रूपान्तर क्रियारूप प्रगट होती है, घड़ा बनते समय कुम्हार अपनेमे स्थित रहा; उसके हाथकी क्रिया हाथमे हुई, डोरा डोरेमे फिरा, हाथ हाथमें फिरा और चाक चाकमें फिरा—सभीकी क्रिया अपने अपनेमे होती है; यदि कुम्हारके हाथने चाकको घुमाया हो तो उसका हाथ चाकमे प्रविष्ट हो जाना चाहिये परन्तु वैसा तो नहीं होता; इसलिये कुम्हारका हाथ इधरसे उधर फिरता है वह स्वत अपनेमे ही फिरता है—चाकमें नहीं फिरता। प्रत्येक द्रव्य स्वत. अपनेमै स्वतंत्र परिणमित होता है परन्तु कुम्हार

अज्ञानके कारण मान लेता है कि मैं उपस्थित था इसलिये घड़ा हुआ है। इसप्रकार निमित्तसे कर्तृत्व स्वीकार कर लिया है; इसलिये कर्ता नहीं है।

अज्ञानीका लक्ष योगमें और रागमे गया है और योग तथा रागका विषय तो पर है। योग और राग मेरे हैं, मैं उनका हूँ, जिसने रागको अपना माना उसने रागादिका विषय जो परद्रव्य हैं उन्हें भी अपना माना है। रागका कर्ता हुआ इससे रागका विषय जो परद्रव्य है उसका भी निमित्तरूपसे कर्ता है।

वस्तु स्वतः निमित्तरूपसे भी परद्रव्यकी अवस्थाकी कर्ता नहीं है, यदि वस्तु कर्ता हो तो नित्य कर्तृत्वका प्रसंग आये। जिसे यह बात नहीं जमती वह चौरासीके चक्करमें परिभ्रमण करेगा। योग और रागका कर्ता होता है इससे परवस्तुकी अवस्थाका कर्तृत्व स्वीकार कर लेता है, इसलिये जो परवस्तुकी अवस्थाका कर्तृत्व निमित्तरूपसे स्वीकार करता है उसके रागका कर्तृत्व नित्य रहनेसे कभी भी राग छूटकर निर्विकल्प वीतरागता नहीं होगी। जिसे परवस्तुके कर्तृत्वकी पकड़ होती है वह नहीं सुधरती, किन्तु यदि भूल हो और उसे स्वीकार करे तो सुधर जाती है। तीन लोकके नाथ तीर्थंकरदेव आयें तो भी जिसने पकड़ की होगी वह नहीं छूटेगी। हमारी भूल है—ऐसा जिन्हें नहीं देखना है और मात्र पकड़ रखना है वह कैसे सुधरेगी?

कुम्हारको आत्माका भान होनेके पश्चात् यदि लाखों घड़े बननेमें वह उपस्थित हो तथापि वह निमित्तरूपसे कर्ता नहीं होता। कुम्हारको वीतरागता नहीं हुई है इससे घड़ा बनानेके रागका विकल्प आये, योगकी क्रिया भी हो, हाथकी क्रिया हो, योग और रागकी क्रिया घड़ेको अनुकूल हो–परन्तु उसका वह कर्ता नहीं होता। कुम्हार क्षायिक-सम्यक्त्वी हो तथापि जब तक सम्पूर्ण वीतरागता नहीं हुई है वहाँतक उसे घड़ा बनानेका विकल्प उठता है, योगकी क्रिया भी होती है, परन्तु निमित्तकर्तृत्वकी दृष्टि नहीं है। जो योग और कषायका कर्ता है वह निमित्तकर्तृत्वको स्वीकार करता है।

बाह्य वस्तु ज्योंकी त्यों है, परन्तु विपरीत मान्यता थी तब उस वस्तुका कर्ता होता था और ज्ञान होने पर उसका अकर्ता होता है। मकान, पुस्तक, वाणी इत्यादि परद्रव्य तो वहीके वही हैं परन्तु पहले कर्ता होता था और अब, ज्ञान होनेसे कर्तृत्व छूट गया है।

वाणीकी अवस्था वाणीसे होती है, ज्ञानी उसका कर्ता निमित्तरूपसे भी नहीं होता।

प्रश्न—भगवानके समक्ष ऐसा तो कहा जाता है कि–हे प्रभो! आपने हम पर करुणा करके दिव्यध्वनि छोड़ी?

उत्तर.—भगवानकी वाणी और योगका भगवानके वीर्यके साथ निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, इससे भगवान बोले—ऐसा कहा जाता है परन्तु उसका अर्थ ऐसा नहीं है। एक-दूसरेकी उपस्थितिमें एक-दूसरेको अनुकूल, योग्यताके समय क्रिया होती है—ऐसा निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, परन्तु उससे उसमें निमित्तरूपसे कर्तृत्व नहीं आता। भगवानके ज्ञान अनुसार वाणीकी क्रिया अनुकूल, मेल खाती हुई होती है—ऐसा निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, परन्तु उससे निमित्तकर्तृत्व किंचित् नहीं है। केवलीको इच्छा नहीं है-योग है, योगसे वाणी खिरे तो निरन्तर क्यों नहीं खिरती? इसलिये—किसीसे अन्यका कर्तृत्व नहीं है।

ज्ञानीके भी रागकी और योगकी जो क्रिया होती है वह घड़ा इत्यादि परद्रव्यकी अवस्थाको अनुकूल पड़े-ऐसा निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, तथापि वस्तुका दृष्टिवंत ज्ञानी उसका निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं होता। किन्तु उसका ज्ञान करता है। मकान, पुस्तक, घड़ा आदि बनवानेका विकल्प अस्थिरताके कारण ज्ञानीको होता है—इससे तथा उस कार्यके होनेमें ज्ञानीकी उपस्थिति होती है—इससे उपचारसे उसे कर्ता कहा जाता है कि इस मनुष्यने यह कार्य किया, परन्तु वस्तुका दृष्टिवंत ज्ञानी अस्थिरताका कर्ता नहीं है, योगका भी कर्ता नहीं है तब फिर परद्रव्यकी अवस्थाका कर्ता तो कहांसे होगा?

विकल्प और योग अपने हैं ही नहीं, परन्तु अज्ञानीने उन्हे अपना माना है, जिसने विकल्प और कम्पनको अपना माना है उसके

कदाचित् अर्थात् अज्ञान प्रवर्तमान है वहाँ तक योग और उपयोगका कर्तृत्व है और उससे निमित्तरूपसे परका कर्ता होता है। अज्ञान स्थायी नहीं रहता परन्तु पलट जाता है, इससे 'कदाचित्' शब्द आचार्यदेवने कहा है। योग–उपयोगका कर्ता आत्मा भी अज्ञानभावसे भले हो परन्तु परद्रव्यका कर्ता तो कभी भी नहीं है।

यहाँ तो यह सिद्धान्त है कि आत्मा स्वतः और जिसे आत्माकी दृष्टि हुई है वह, परनिमित्तसे भी कर्ता नहीं है और पर उसे निमित्त नहीं हैं। उसीप्रकार द्रव्यदृष्टिमे छहों द्रव्योंका निमित्त–नैमित्तिक सम्बन्ध भी नहीं आता। स्वतः अपनेरूपसे है और पररूपसे नहीं है, स्वतः अपनेरूप है—यह अस्ति और पररूप नहीं है—वह नास्ति। दर्शनका विषय अपने द्रव्य–गुण पर्यायमे परके द्रव्य–गुण–पर्यायके सम्बन्धका अस्वीकार करता है। छहों द्रव्य स्वतः अपनेमें अस्तिरूपसे हैं और परमें नास्तिरूपसे हैं—इसप्रकारसे छहों द्रव्योंका निमित्त–नैमित्तिक सम्बन्ध भी सम्यग्दर्शनके विषयमें नहीं है। अरे! दर्शनका विषय तो अपने स्वद्रव्यके गुण–पर्यायके भेदको भी स्वीकार नहीं करता; अनन्त गुण–पर्यायके पिण्डस्वरूप अभेद द्रव्य पर ही उसका लक्ष है, अभेद द्रव्य ही उसका विषय है।

दर्शन कारण है और ज्ञान कार्य है। दर्शन पूर्वक हुआ ज्ञान दर्शनको जानता है। दर्शनका विषय अपने द्रव्यमे परद्रव्यका अस्वीकार करता है परन्तु ज्ञान पर ज्ञेयको जानता है, ज्ञान स्व–परप्रकाशक है। दर्शनका विषय अभेद है, वह अपूर्ण, पूर्ण और विकारी पर्यायको स्वीकार नहीं करता, निमित्त–नैमित्तिक सम्बन्धको भी स्वीकार नहीं करता; उसका विषय तो अखण्ड परिपूर्ण स्वद्रव्य है। ज्ञान अभेद और भेद–दोनोंको जानता है; वह दर्शनको जानता है, दर्शनके विषयको जानता है, स्वद्रव्यको जानता है, परद्रव्यको जानता है, निमित्त–नैमित्तिक सम्बन्धको भी जानता है तथा अपूर्ण, पूर्ण और विकारी पर्यायोंको भी जानता है। दर्शनका विषय परिपूर्ण, अखण्ड, अभेद है। ज्ञान निमित्त–नैमित्तिकको जानता है तथापि कर्ता नहीं होता।

अज्ञानीको द्रव्यदृष्टिका ज्ञान नहीं है इससे उसे अपने अखण्ड स्वरूपका ध्यान नहीं आता, मैं परका कर्ता हूँ—ऐसा वह मानता है, क्योंकि दृष्टि परके ऊपर है। अज्ञानीके योग और राग निमित्तकर्ता किसलिये कहे जाते हैं? वह मानता इससे कहलाते हैं; उसके मान्यताका भावरूप वाच्य है इसलिये निमित्तकर्ताका वाचक शब्द भी है। आत्मा कर्ता नहीं है, क्योंकि सम्पूर्ण वस्तुको कर्ता कहो तो वस्तु तो स्थायी है इसलिये नित्य कर्तृत्वका प्रसंग आयेगा। वस्तुस्वरूपके ज्ञान विना उपादानकी ओर उन्मुखता नहीं होती इसलिये वस्तुस्वभावका ज्ञान करना प्रयोजनभूत है।

कोई द्रव्य किसी अन्य द्रव्यका कर्ता तो कहा नहीं जा सकता, परन्तु पर्यायदृष्टिसे किसी वस्तुकी अवस्था किसी समय अन्य द्रव्यकी पर्यायको निमित्तभूत होती है। द्रव्यदृष्टिसे तो सर्व सम्बन्धका अभाव है—ऐसी दृष्टिका स्वीकार किये विना निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध नहीं जाना जा सकेगा। किसी वस्तुकी अवस्था होते समय किसी वस्तुकी अवस्था उपस्थित होती है। अज्ञानी परका कर्तृत्व मानता है, इससे उसे कर्ता कहा है परन्तु परमार्थसे कोई किसीका कर्ता नहीं है।

१०० वीं गाथाकी टीकाके प्रथम बोलमें आचार्यदेवने ऐसा कहा कि यदि आत्मा परद्रव्यको करे तो वह परद्रव्यमें प्रविष्ट हो जाये, तन्मय हो जाये; इसलिये वह परद्रव्यको व्याप्य-व्यापकभावसे नहीं करता। दूसरे बोलमें कहा है कि आत्मा परद्रव्यकी पर्यायको निमित्त-नैमित्तिक भावसे भी नहीं करता। पुनश्च, कहा है कि यदि आत्मा परद्रव्यकी पर्यायको निमित्त-नैमित्तिक भावसे भी करे तो नित्यकर्तृत्वका प्रसंग आये, कर्तृत्व कभी दूर न हो और इससे वह कर्तृत्व छूटकर स्वद्रव्यकी निर्मल पर्यायको प्रगट करनेका प्रसंग न आये; इसलिये आत्मा परद्रव्यकी अवस्थाका कर्ता नहीं है; परन्तु अज्ञानी अज्ञान अवस्थासे योग और रागादि उपयोगका कर्ता होनेसे उसकी दृष्टि निमित्त पर है, इससे अज्ञानीके योग-उपयोगकी अवस्था सामनेवाले परद्रव्यकी अवस्थाको निमित्तरूपसे कर्ता है, किन्तु सम्यग्ज्ञान ज्ञान

अवस्थासे योग और रागादि उपयोगका कर्ता नहीं है; इसलिये परद्रव्यका निमित्तकर्ता नहीं है ॥ १०० ॥

अब, ज्ञानी अपने ज्ञानका ही कर्ता है—देखो, परद्रव्यका कर्ता और निमित्त-नैमित्तिक कर्ता निकाल दिया, अब निजमें ही अपनी अवस्थाका कर्ता है—उसे स्थित रखा है। ज्ञानी ज्ञानपर्यायको करता है उस समय चारित्रमें अल्पराग है इससे नवीन बन्धन होता है, तथापि उसमें मैं निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं हूँ, मात्र उसका मैं ज्ञाता हूँ—वह अब कहते हैं:—

सम्यक्ज्ञानीकी पहिचान कराते हैं—

जे पुग्गलदव्वाणं परिणामा होंति णाण आवरणा ।
ण करेदि ताणि आदा जो जाणदि सो हवदि णाणी ॥१०१॥

ये पुद्गलद्रव्याणां परिणामा भवंति ज्ञानावरणानि ।
न करोति तान्यात्मा यो जानाति स भवति ज्ञानी ॥ १०१ ॥

ज्ञानावरणआदिक सभी, पुद्गल दरव परिणाम हैं ।
करता नहीं आत्मा उन्हें, जो जानता वो ज्ञानि है ॥ १०१ ॥

अर्थः—जो ज्ञानावरणादिक पुद्गलद्रव्योंके परिणाम हैं—उन्हें जो आत्मा करता नहीं परन्तु जानता है वह ज्ञानी है।

जो ज्ञानावरणादिक कर्म बँधते हैं उन्हें ज्ञानी जानता है कि—ऐसा हो रहा है, कर्म बँधते हैं, परन्तु कर्ता नहीं होता। जिस प्रकार ज्ञानमे परवस्तु ज्ञात होती है उसी प्रकार जो कर्म बन्धते हैं उन्हें भी ज्ञानी-धर्मात्मा अपने ज्ञानकी वृद्धि सहित जानते हैं। मैं बन्धनको ज्ञातारूपसे जानता हूँ, इसलिये मेरे ज्ञानकी ही वृद्धि है, बन्धनकी वृद्धि नहीं है। जाननेका विस्तार हुआ उसमे ज्ञान विस्तृत हुआ इसलिये ज्ञानकी ही वृद्धि हुई—उसमें बन्धन कहाँ आया? इसलिये ज्ञानीके कर्मबन्ध नहीं होता परन्तु निर्जरा हो जाती है—वैसी बात है। ज्ञानका स्वभाव स्व-परप्रकाशक है, चारित्रगुणमें पुरुषार्थकी

कमजोरी वश भूमिकानुसार रागादि होते हैं उन्हें ज्ञानी भेदविज्ञान द्वारा जानता है, स्व-परप्रकाशक ज्ञानकी स्वच्छतारूप ज्ञानकी पर्यायमें योग्यता ही ऐसी होती है कि भूमिकानुसार इस प्रकारके रागादिको भी जाने। ज्ञान अलग है, राग अलग है, ज्ञान ज्ञानका ही काम करेगा, रागका कार्य चारित्रका है उसमें जीवकी भूलरूप विपरीत पुरुषार्थ कारण है किन्तु ज्ञान तो उसे ज्ञेय बनाता हुआ ज्ञानपर्यायकी वृद्धि करता हुआ जानता है, ज्ञातृत्वकी शक्ति सूक्ष्म होती है, रागके समय भी (सविकल्पदशा होने पर भी) स्वावलम्बी जागृतिको बढ़ाता रहता है, फिर भी पुरुषार्थकी मन्दतासे अल्प रागादि होते हैं उसे ज्ञातापनमें स्थिरता करके हटाना चाहता है अर्थात् स्वरूपमें लीनताके पुरुषार्थमें वृद्धि करके मुक्तिको प्राप्त करनेवाला है, प्रमादी, स्वच्छंदी होनेवाला नहीं है।

जिसप्रकार दूध–दही जोकि गोरस द्वारा व्याप्त होकर उत्पन्न होनेसे गोरसके खट्टे–मीठे परिणाम हैं।

गायके दूधके रसका जो सामान्यपना है उसे गोरस कहा जाता है; गोरस स्वतः व्याप्त होकर खट्टी, मीठी अवस्थारूप परिणमित होता है, उसे गोरसका तटस्थ दिखाई देनेवाला पुरुष नहीं करता। स्त्री दूध जमाती है वह गोरसको जानती है कि इस दूधमेंसे दही होगा, परन्तु गोरसके खट्टे–मीठे परिणामोंको वह स्त्री नहीं करती है। दूध परिणमित होकर दही हुआ, दही परिणमित होकर मक्खन हुआ, मक्खन परिणमित होकर घी हुआ—वह सब गोरसकी अवस्था है, स्त्री तो तटस्थरूपसे सब देखती रहती है, स्त्रीके हाथकी अवस्था कहीं गोरसमें प्रविष्ट नहीं हो गई है। स्त्री तो मात्र जानती ही रहती है।

उसीप्रकार ज्ञानावरण इत्यादि जो कि वास्तवमे पुद्गलद्रव्य द्वारा व्याप्त होकर उत्पन्न होनेसे पुद्गलद्रव्यके परिणाम हैं उन्हें ज्ञानी नहीं करता, मात्र जाननेवाला है।

ज्ञानावरणादिक वास्तवमें पुद्गलके परिणाम हैं, उन्हें मैं नहीं करता हूँ—वैसा ज्ञानी समझते हैं, क्योंकि ज्ञानावरणादिक कर्म पुद्गल

स्वतः व्याप्त होकर होता है, उन्हें मैं कैसे करूँगा? मैं तो तटस्थ ज्ञाता हूँ। जिसप्रकार कोई नदीके किनारे खड़ा हुआ मनुष्य नदीमे चाहे जितनी हिलोरें आयें उन्हें देखता ही रहता है। पानीमें चाहे जितनी लहरें उठे उसमें देखनेवालेको क्या? उसीप्रकार ज्ञानावरणादि कर्म चाहे जैसे बंधे उन्हे ज्ञानी जानता ही रहता है। पुद्गल स्वतः परिणमित होकर कर्मरूप हो उसमें ज्ञानी समझता है कि मुझे इससे क्या? यहाँ द्रव्यदृष्टिकी अपेक्षासे कथन है, अस्थिरताकी बात गौण है। नित्य अखण्डित ज्ञायकस्वभाव ही मुख्य है, अनित्य रागादि विकल्प अत्यन्त गौण है, यह ज्ञानी साधककी बात है।

जिसप्रकार यह गोरसका देखनेवाला, स्वत.से (अपने दृष्टाभावसे) व्याप्त होकर दृष्टापने मात्रका कर्ता है। उत्पन्न होनेवाला जो गोरसपरिणामका दर्शन (दृष्टापना) है उसमे व्याप्त होकर मात्र देखता ही है, उसीप्रकार ज्ञानी स्वत से (ज्ञानीसे) व्याप्त होकर उत्पन्न होनेवाला पुद्गलद्रव्यपरिणाम जिसका निमित्त है—ऐसा जो ज्ञान है उसमे व्याप्त होकर मात्र जानता ही है। इसप्रकार ज्ञानी ज्ञानका ही कर्ता है।

ज्ञानावरणादिक जो कर्म होते हैं उन्हें ज्ञानी नहीं करता। नहीं करता अर्थात् निमित्त भी नहीं होता—ऐसा यहाँ कहना है। यहाँ द्रव्यदृष्टिका बल है, अस्थिरताकी बात गौण रखकर नित्य स्वद्रव्याश्रित दृष्टिसे तो कृतकृत्य मोक्ष है—ऐसा यहाँ बतलाना है।

ज्ञानी, स्वत.से व्याप्त होकर उत्पन्न होनेवाला जो ज्ञान है उसमें व्याप्त होकर मात्र जानता ही है। निमित्तका ज्ञान हुआ इतनी ज्ञानमें वृद्धि हुई। पुद्गलद्रव्यमें नवीनकर्मरूप जो अवस्था हुई वह और रागके परिणाम—उन सबका दृष्टिमे निषेध किया और ज्ञानने उन सबका ज्ञान किया उसमें ज्ञानका विशेषपना ही होता जाता है। दर्शनगुणमें अर्थात् देखनेके गुणमें वृद्धि की, कि मेरा जानने-देखनेका जो सामर्थ्य है उसकी वृद्धि होनेमे यह एक निमित्त हुआ। निमित्तका ज्ञान किया

उससे मेरे ज्ञानगुण, दर्शनगुण और आनन्दगुण अल्प नहीं होते किन्तु वृद्धिको प्राप्त होते हैं। निरन्तर स्वोन्मुखता होनेसे ज्ञान बढ़ता ही है वैसा प्रतीतिमे आता है, क्योंकि चाहे जैसे प्रसंगोंमें ज्ञानीके ज्ञातृत्वकी उग्रता होती ही जाती है; ज्ञान, दर्शन, चारित्र सब बढ़ते ही जाते हैं। दृष्टिमें राग नहीं, विकल्प नहीं, कर्म नहीं, कर्मकी पर्याय कर्ममें हुई, मुझमें तो निमित्तको जाननेके समय भी ज्ञानपर्यायकी वृद्धि हुई,—इसप्रकार धर्मी जीव अपनी अनन्तगुणोंकी निर्मल पर्यायरूप होनेवाला है परन्तु परकी अवस्थारूप होनेवाला नहीं है इसलिये परद्रव्यकी पर्यायका कर्ता नहीं है।

कोई कहे कि समझकर लीन होनेका ही काम है न? यही अन्तिम फल है न? परन्तु यह सभी पहलुओंकी बात समझे बिना कहाँ लीन होगा? भेदज्ञान किये बिना स्थिर हुआ ही नहीं जा सकता; बिना समझे कहाँ–किसमें स्थिर होगा? विश्वास तो कर कि स्वसन्मुख होनेके बाद निरन्तर मेरी ज्ञानपर्याय बढ़ती ही जा रही है, मैं निमित्तरूप नहीं हूँ, साक्षीरूप हूँ, ज्ञातारूप हूँ, इसमें तो अनन्त पुरुषार्थकी आवश्यकता होगी; मेरे गुणोंकी अवस्था प्रतिक्षण बढ़ती ही जाती है–वैसा ज्ञान जब द्रव्यदृष्टि प्रगट होगी तभी होता है, द्रव्यदृष्टि प्रगट होनेसे तो अनन्त पुरुषार्थ प्रगट होता है, केवली परमात्माका हृदय जाना जाता है, सिद्ध जातिकी बानगी देखी जाती है, ऐसी द्रव्यदृष्टि प्रगट होनेके पश्चात् ही स्थिर हुआ जा सकता है।

आत्मा राग-द्वेषादि विकारका स्वभावदृष्टिसे कर्ता नहीं है, अर्थात् उत्पादक नहीं है, तो फिर जो ज्ञानावरणादिक कर्म नवीन बन्धते हैं उनका कर्ता तो कहाँसे होगा? अर्थात् ज्ञानी उनका कर्ता नहीं है।

जिसप्रकार गोरसके खट्टे–मीठे परिणामको तटस्थ देखनेवाला पुरुष कर्ता नहीं परन्तु द्रष्टा है, उसीप्रकार ज्ञानी रागादिका कर्ता नहीं किन्तु द्रष्टा है। कर्मकी जो अवस्था हो, उसका जो फल आये उसरूप ज्ञानी परिणमित होनेवाला नहीं है और नये कर्मरूप होनेवाला नहीं है अर्थात् कर्ता नहीं है। ज्ञानी जानता है कि अपनी ज्ञान अवस्थारूप ही

मैं परिणमित होनेवाला हूँ, परन्तु कर्मकी अवस्थारूप मैं परिणमित होनेवाला नहीं हूँ। कर्म दिखाई नहीं देते किन्तु उनका फल दिखाई देता है—उसे ज्ञानी मात्र जानते हैं।

ज्ञानी जानते हैं कि कर्म एक वस्तु है और मैं उसमे युक्त हो जाता हूँ, यदि दूसरी वस्तु न हो तो विकार न हो। यदि मैं स्वाधीन होऊँ तो सिद्धपना और मोक्ष होना चाहिये परन्तु सिद्धत्व तो दिखाई नहीं देता और विकार दिखाई देता है; इसलिये कर्म है, दूसरी वस्तु है—ऐसा उसके फलसे सिद्ध होता है। जो विकार दिखाई देता है वह कर्मका फल है।

आत्मा अनन्तगुणोंका पिण्ड है, आत्मा परका कर्ता नहीं है परका भोक्ता नहीं है, परन्तु अज्ञानी मानता है कि मैं परका कर्ता-भोक्ता हूँ, किन्तु सम्यग्ज्ञान होनेसे परका कर्तृत्व छूट जाता है। मैं अनन्त गुणोंका पिण्ड स्वाधीन हूँ, स्वाधीन स्वरूप हूँ, मैं परका कर्ता नहीं हूँ, पर मेरा कर्तव्य नहीं है, मैं पर अवस्थारूप होनेवाला नहीं हूँ परन्तु ज्ञानकी अवस्थारूप मैं होनेवाला हूँ। ज्ञानीके अल्प अस्थिरता होती है, परन्तु उसकी बात यहाँ गौण है।

जिसप्रकार ज्ञानी ज्ञानावरणीय कर्मका कर्ता नहीं है, उसीप्रकार दर्शनावरणीय कर्मका भी कर्ता नहीं है, आत्मामे एक दृष्टाशक्ति है उसे आवरणरूपसे निमित्त होनेवाला एक दर्शनावरणीय कर्म है उसे ज्ञानी जानता है परन्तु उसका कर्ता नहीं होता। कोई कहेगा कि ज्ञानीने कर्मको देखा तो नहीं है फिर वह कर्मको जाननेवाला कैसे हुआ?

ज्ञानी जानता है कि मेरी दर्शनशक्ति पूर्णतया दृष्टिगोचर नहीं होती, इससे दर्शनावरणीय कर्म है—ऐसा कर्मके फलसे प्रतीत होता है। अपनी परिणमन शक्ति स्वतःसे ही रुकी हुई है, स्वत. स्वाधीन है, कर्म तो निमित्तमात्र है, उस दर्शनावरणीय कर्मका ज्ञानी ज्ञाता है। कर्म फलके समय कर्मकी अवस्थारूप न होकर अपनी

ज्ञानकी अवस्थाका कर्ता होता है। मेरी अवस्था मेरे आधीन है, पराधीन नहीं है—ऐसा ज्ञानी जानता है।

जीवोंको शरीरका नाम इतना पक्का हो गया है कि कोई विना पूर्व सूचनाके आधी रात्रिको बुलाये कि "ओ.. लक्ष्मीचन्द" तो कहेगा कि 'हाँ...' उसमें थोड़ी भी भूल नहीं होगी। उसीप्रकार ज्ञानीको—मैं अपने स्वभावका ही कर्ता हूँ, परका कर्ता नहीं हूँ, यह संयोगी वस्तु मेरे आधीन नहीं है और मैं इसके आधीन नहीं हूँ. मैं अपने आधीन हूँ और यह अपने आधीन है, सब स्वतंत्र हैं। मैं शरीर, मन, वाणी और संकल्प-विकल्पसे पृथक् ज्ञायकस्वरूप आत्मा हूँ; मैं परका साक्षी हूँ किन्तु कर्ता नहीं हूँ। मैं अपने स्वभावका ही कर्ता हूँ,—ऐसा परसे पृथक्त्वका ज्ञान ज्ञानीको इतना पक्का हो गया है कि उसमें कभी भूल नहीं होती। रात्रिको सोते समय भी परसे पृथक्त्वका भान नहीं चूकता।

ज्ञानी वेदनीयकर्मका कर्ता नहीं होता। सातावेदनीय या असातावेदनीय कर्मने चाहे जितनी प्रतिकूलता या अनुकूलताका घेरा डाला हो तथापि ज्ञानी उसरूप नहीं हो जाता। ज्ञानी समझता है कि साता और असातावेदनीयके फलरूप मैं नहीं हूँ; मेरा स्वरूप साता-असातासे पृथक् है, मैं उनसे भिन्न हूँ। ज्ञानीका वीर्य ज्ञानकी अवस्थामें वृद्धि ही करता जाता है। चाहे जैसा अनुकूल या प्रतिकूल संयोग हो ज्ञानी उसे भिन्न ज्ञेयरूप जानता है, इष्ट-अनिष्ट नहीं मानता।

अज्ञानी साता-असाताके अनुकूल-प्रतिकूल संयोगोंमें एकमेक होता है। वेदनीयकर्म मुझे दुःख देता है और वेदनीयकर्म मुझे सुख देता है—ऐसा अज्ञानी मानता है, परन्तु साता-असाता तो कर्मका फल है-संयोगी वस्तुएँ हैं, वह मेरा स्वरूप नहीं है, मैं उससे पृथक् हूँ—वैसा अज्ञानी नहीं मानता।

आत्मा अनन्त गुणोंका स्वामी है, उसकी पहिचान ज्ञानीको होती है; चाहे जैसा असातावेदनीयकर्मका तीव्र उदय हो, तब भी वह उदय ज्ञानीके ज्ञातृत्वसे च्युत नहीं कर सकता, ज्ञानीको अल्पराग है

इससे औषधि-उपचार भी करता है, तथापि ज्ञानी उसका कर्ता नहीं होता। वेदनीयकर्मके उदयके समय भी ज्ञानीको ज्ञातृत्वकी अवस्था बढ़ती ही जाती है। ज्ञानी रोगको ज्ञेयरूपसे जानता है, रोगका ज्ञाता रहता है, परन्तु उसमें एकमेक नहीं होता।

ज्ञानी समझता है कि मैं मोहनीयकर्म नहीं हूँ, मोहनीयकर्मके फलके समय मैं उसकी अवस्थाका कर्ता नहीं हूँ, मैं तो अपनी ज्ञानपर्यायका कर्ता हूँ—इसप्रकार ज्ञानी मोहनीयकर्मका ज्ञाता रहता है।

धर्मात्मा ज्ञानी आयुष्यकर्मकी अवस्थाका परिवर्तन करनेवाला नहीं है। आयुष्य अल्प बँधे या अधिक बँधे, जैसा चाहे आयुष्यकर्म बँधे, उसका ज्ञानी कर्ता नहीं है। धर्मात्मा ज्ञानीके एक दो भव शेष हों तो नवीन आयुष्यकर्म बँधता है परन्तु ज्ञानी समझते हैं कि मेरी स्थिति तो अक्षय है—इसप्रकार अपने आत्माकी अखण्ड प्रतीतिमे, ज्ञानकी अवस्थामें बढ़ते हैं। जो आयुष्यकर्म बंधता है वह तो जड़कर्म है—इसप्रकार ज्ञानी आयुष्य कर्मका कर्ता नहीं होता।

इसप्रकार नामकर्म बंधता है उसकी अवस्थाका कर्ता धर्मी नहीं है, धर्मी अपनी ज्ञान अवस्थाका कर्ता है।

इसप्रकार गोत्रकर्म बंधता है उसका कर्ता ज्ञानी नहीं है, ज्ञानी अपनी ज्ञान अवस्थाका कर्ता है।

इसप्रकार अन्तरायकर्मका कर्ता ज्ञानी नहीं है, दानान्तराय, वीर्यान्तराय इत्यादि कर्म हैं वे यदि आत्मा दानादिशक्तिके विकासको रोकता है तो वे कर्म निमित्त हैं, निजस्वरूपकी अनन्त दानादिशक्तिको जीव स्वयं रोकता है, तो कर्म निमित्त हैं, उसका कर्ता अज्ञानी होता है परन्तु ज्ञानी नहीं होता, ज्ञानीके अल्प अस्थिरता है इससे अल्प वीर्यान्तराय इत्यादि कर्म बंधते हैं, परन्तु ज्ञानी उन सबका ज्ञान करनेवाला है।

जो अल्पराग आता है उसका ज्ञानी ज्ञान करनेवाला है, रागका नाशक है परन्तु कर्ता नहीं है; साक्षीरूपसे स्थित रहकर रागको ज्ञेय-रूपसे जानता है परन्तु उसमें एकमेक नहीं होता। ज्ञानीको अल्प

द्वेष भी आता है, उसका भी ज्ञानी ज्ञान करनेवाला है द्वेषके ज्ञानकी अवस्थारूप ज्ञानी होता है, परन्तु द्वेषरूप नहीं होता अर्थात् कर्ता नहीं है, द्वेषमें एकमेक नहीं होता।

ज्ञानीको अल्प क्रोध भी होता है परन्तु उस क्रोधमें वह तन्मयरूपसे युक्त नहीं होता। ज्ञानीको आत्माका विश्वास रहते हुए अल्प क्रोध होता है और अज्ञानी क्रोधके विश्वासमें रहते हुए अपार क्रोध करता है।

लड़केकी माँ जब क्रोधमें आई हो तब लड़केसे कहती है—पाजी! लुच्चा! ऊधम मचायेगा तो बावाको पकड़ा दूँगी। तो क्या वह बात सच्ची है? बिल्कुल सच्ची नहीं है, सारा धन-सम्पत्ति लड़केको देना है, बाहरसे क्रोध दिखाई दे रहा है तथापि अन्तरसे पुत्र पर अप्रीति नहीं हुई है—अत्यन्त प्रीति है। उसीप्रकार ज्ञानीके अल्प क्रोध अवस्थामें होता है परन्तु अपने ज्ञायकस्वभावके साथ सम्बन्ध रखकर तन्मयता रखकर जो अल्प क्रोध होता है उसका ज्ञान करते हैं। दुनियाकी रीति और कथनसे इस मार्गकी अपूर्व शैली है।

जिसप्रकार माताने लड़के पर शत्रुरूपसे क्रोध नहीं किया परन्तु प्रीति रखकर अल्प द्वेष किया है; किसी बार माता लड़केसे कहती है कि—कानोंके बीचमें सिर कर दूँगी! परन्तु सिर तो दो कानोंके बीचमें है ही, इसलिये जैसा है वैसा जानती है और कहती है, बेटा! तेरा ज्ञान जैसा है वैसा ही मुझे रहा करे—ऐसा उसका अर्थ है। उसीप्रकार ज्ञानी अल्प क्रोधमें युक्त होते हैं परन्तु स्वभावकी प्रतीतिसे च्युत नहीं होते, स्वभावकी प्रतीति रखकर पुरुषार्थकी मंदतासे अल्प विकारमें युक्त हो जाते हैं; जिसप्रकार अन्य वस्तुको ज्ञानी पररूप जानते हैं, उसीप्रकार क्रोधको भी पररूप जानते हैं, कोई पुरुष बाहरकी या दूरकी वस्तुको पृथक्‌रूप जानता है उसीप्रकार ज्ञानी क्रोधको दूररूप पृथक्‌रूप, तटस्थरूपसे जानता है, अनन्त गुणोंके पिण्ड स्ववस्तु-आत्मा पर ज्ञानीकी दृष्टि पड़ी है, अखण्ड ज्ञातास्वरूपके सन्मुख ही दृष्टि वर्तती है, इसलिये ज्ञानी ज्ञानकी अवस्थाका ही करनेवाला है।

ज्ञानी वीतराग नहीं हुआ है इससे अल्प मान भी आ जाता है, तथापि वह मानकी अवस्थाका स्वामी नहीं होता; वह तो त्रैकालिक ज्ञातास्वभावके लक्ष सहित उसका ज्ञाता रहता है।

ज्ञानीके अभी अल्प कषाय है इससे अल्प माया होती है, साधारण माया होती है, वह मायाको अपना कर्तव्य नहीं मानता। कषायसे छूटनेकी ज्ञानीको निरंतर भावना होती है। वास्तविक माया तो अज्ञानी ही करता है, ज्ञानी माया करता ही नहीं। परसे पृथक् आत्माकी जिसे प्रतीति नहीं है वह अपनेको ठगता है। ज्ञानी समझता है कि मेरे स्वरूपमें तो माया है ही नहीं, मैं तो त्रिकाल सरल और सीधे स्वभावरूप हूँ—ऐसा जहाँ माना, स्वरूपकी प्रतीति होनेके पश्चात् अल्प सहज माया होती है परन्तु वह वर्तमान जितनी ही होती है; मायाकी लम्बी लार चलती ही नहीं, लम्बी लार तो ज्ञान और एकाग्रताकी चलती है।

उसी प्रकार अल्प लोभ भी ज्ञानीको होता है परन्तु उस लोभको वह अपना स्वरूप स्वीकार नहीं करता; ज्ञानी अभी वीतराग नहीं हुए हैं इससे अल्प कषाय है, और क्रोध, मान, माया, लोभ–इन चारों कषायोंका अल्प उदय होता है। लोभ अर्थात् इच्छा। शास्त्रमे आचार्योंने कहा है कि योग्य स्थलमें लक्ष्मीका सद्व्यय न करे तो वह लोभी है, लड़केके लिये पैसा रख छोड़नेकी वृत्ति लोभ है। लड़केके लिये तो ऐसी व्यवस्था करता है कि पैसा और व्याज दोनों मिलते रहें, और भी अनेक प्रकारकी युक्तियाँ करता है परन्तु वह सब लोभ है। पैसेके ऊपर जीवोंका इतना भारी ममत्व होता है कि यदि परभवमें भी उसे साथमे ले सकते तो कोई छोड़कर जानेवाला नहीं था, किन्तु क्या किया जाये? लड़केके लिये छोड़कर जाता है।

पद्मनन्दि आचार्यदेव तो कहते हैं कि हे भाई! तुझे जो लक्ष्मी मिली है उसे तू जिन भगवानके मन्दिरमे, देव–गुरु–शास्त्रकी प्रभावनादिमें सद्व्यय कर तो तुझे वह लक्ष्मी मिली है, नहीं तो जो लक्ष्मी

मिली वह न मिलनेके बराबर है; पेट तो कौए-कुत्ते भी भरते हैं, और तू यदि लक्ष्मी मिलने पर भी धर्मप्रभावनामें उसका सद्‌व्यय न करे तो तेरे और कौए-कुत्तोंके जीवनमें क्या अन्तर हुआ? सम्यग्दृष्टि जीव दानका अधिकांश भाग धर्मप्रभावनामें देता है क्योंकि उसका धर्मकी ओर झुकाव है इससे देव-गुरु-शास्त्रके प्रति ही उसकी सर्व प्रथम उन्मुखता होती है।

शरीर, मन, वाणी, अनुकूल-प्रतिकूल संयोग—वे सब नोकर्म हैं। सामने दृष्टि डालनेसे बीचमें जो भींत आती है वह भींत भी नोकर्म है क्योंकि जाननेमें विघ्नरूप निमित्त हुआ इसलिये वह नोकर्म है: उन सबका ज्ञानी ज्ञान करनेवाला है। ज्ञानी समझता है कि भींतने मेरे ज्ञानको नहीं रोका है परन्तु मेरे ज्ञानकी योग्यता ही ऐसी थी इससे बीचमें ऐसा निमित्त बना है। अज्ञानी मानता है कि भींत बीचमें आयी इसलिये मुझे दूरकी वस्तुका ज्ञान होता। ज्ञानी तो निमित्तका भी ज्ञान करता है, अपने ज्ञानकी योग्यताका भी ज्ञान करता है, कुगुरु-कुदेव-कुशास्त्र सन्मुख आयें उनका भी ज्ञान करता है। जो कुदेवादि मिथ्यात्वका निमित्त बनते हैं उन्हें ज्ञानी ज्ञानका निमित्त बनाता है।

ज्ञानीके जड़ मनका निमित्त होने पर भी वह मनका ज्ञान ही करता है, अज्ञानीको तो ऐसा होता है कि हम मनके बिना कैसे रह सकेंगे? मन बिना आत्मा कैसे रह सकता है? इस प्रकार अज्ञानी मन और आत्माको एक मानता है। ज्ञानी तो समझते हैं कि मन आत्माका स्वरूप ही नहीं है; मन तो जड़ है, ज्ञानस्वरूप आत्मा उससे पृथक् है; हृदयमें आठ पँखुड़ियोंके कमलके आकाररूप मन है वह चैतन्यका स्वरूप नहीं है चैतन्य तो ज्ञानादि अनन्त गुणोंका पिण्ड है। ज्ञानीको आत्म-स्वरूपका भान है इससे वह मनकी अवस्थाका कर्ता नहीं है।

इसीप्रकार वाणीकी अवस्थाका कर्ता ज्ञानी नहीं है; ज्ञानी तो सबका ज्ञान ही करता है। ज्ञानी शरीरकी अवस्थाका कर्ता नहीं है, वह तो उसका ज्ञान ही करता है। इसीप्रकार श्रोत्रेन्द्रियका भी ज्ञानी

ज्ञान ही करता है· ज्ञानी समझता है कि श्रोत्रेन्द्रिय जड़ है और मैं चैतन्य हूँ इसलिये मैं श्रोत्रेन्द्रियका कर्ता नहीं हूँ। उसीप्रकार आँखका, नाकका, जीभका, स्पर्शादि सभीका ज्ञानी ज्ञान ही करता है परन्तु कर्ता नहीं है ॥ १०३ ॥

अव कहते हैं कि–जिसे धर्मकी खवर नहीं है—ऐसा अज्ञानी जीव भी परद्रव्यके भावको तो कभी कर ही नहीं सकता।

जं भावं सुहमसुहं करेदि आदा स तस्स खलु कत्ता ।
तं तस्स होदि कम्मं सो तस्स दु वेदगो अप्पा ॥१०२॥

यं भावं शुभमशुभं करोत्यात्मा स तस्य खलु कर्ता ।
तत्तस्य भवति कर्म स तस्य तु वेदक आत्मा ॥ १०२ ॥

जो भाव जीव करे शुभाशुभ उस हि का कर्ता बने ।
उसका बने वो कर्म, आत्मा उस हि का वेदक बने ॥ १०२ ॥

अर्थ.—आत्मा जिन शुभ या अशुभ (अपने) भावोंको करता है उन भावोंका वह वास्तवमें कर्ता होता है, वे (भाव) उसका कर्म होते हैं और वह आत्मा (उन भावरूप कर्मोंका) भोक्ता होता है।

अज्ञानी शुभाशुभभाव करता है और उन भावोंका कर्ता होता है, अपने स्वभावकी शुद्धताकी उसे खवर नहीं है, इससे उन शुभाशुभ भावस्वरूप ही अपनेको मानता है और उनके कर्तृत्वभावमे वर्तता रहता है। दया, दान, हिंसा, झूठ आदिके भावोंके अतिरिक्त मैं कितना हूँ—उसकी उसे खवर नहीं है, क्रोध करता है उतना ही अपनेको मानता है। अपने स्वरूपकी उतनी ही कल्पना करता है और कहता है कि–क्रोध करते हैं वह हमारी प्रामाणिकता है। अरे भाई! समझ तो! क्रोध किया अर्थात् कषाय किया—इसमें प्रामाणिकता क्या होती है? प्रामाणिकता तो सम्यग्ज्ञानमें होती है।

जब जो भाव किया उसी भावका वेदन अर्थात् भोक्तृत्व होता है। जिस समय राग-द्वेषके भाव करे उस समय ही उसे आकुलताका वेदन होता है इसलिये उसका भोक्तृत्व भी उसी समय है। मनुष्य बाह्यदृष्टिसे देखते हैं कि इसने पाप किया इसलिये वह कब नरकमें जायेगा ? यह झूठ बोलता है और इसकी जीभ क्यों तुरन्त नहीं कट जाती ? परन्तु भाई ! वह जिस समय हिंसा और झूठके भाव करता है उसी समय उसके भावोंमें आकुलताका वेदन होता है, जो आकुलताका वेदन है वह दुःखका ही वेदन है। अपने स्वभावका घात किया इससे उसी समय उसके भावमे फल मिल गया है, उसी समय गुणोंकी शक्तिका परिणमन कम हो गया है और उसी समय विपरीत फल मिल गया है। अंतरमें जो फल आता है उसे नहीं देखता और बाह्य फल आता है—इस प्रकार जो देखता है वह पराश्रित दृष्टिवाला है, बाह्य-फल मिलना वह व्यवहार है, बाह्य फल कभी अधिक समयमें मिलता है और कभी जल्दी मिलता है, परन्तु अन्तरंग फल तो शीघ्र उसी क्षण मिल जाता है।

अपना अचलित विज्ञानघनरूप एक स्वाद होने पर भी इस लोकमें जो यह आत्मा अनादिकालीन अज्ञानके कारण परके और अपने एकत्वके अध्याससे मंद और तीव्र स्वादवाली पुद्गलकर्मके विपाककी दो दशाओं द्वारा अपने (विज्ञानघनरूप) स्वादको भेदता हुआ अज्ञानरूप शुभ या अशुभ भावोंको करता है।

अचलित विज्ञानघन कहकर प्रथम द्रव्यदृष्टिसे बात की, और पश्चात् पर्यायदृष्टिसे कहते हैं कि आत्माका तो एकरूप स्वाद है, पुण्य-पापके विकल्परूप अस्थिरता वह आत्माका स्वाद नहीं है; आत्मा शांत निर्मल अतीन्द्रियस्वरूप है, आत्माका आनन्द ही स्वभाव है, उसमें परका आश्रय नहीं है; स्वभावमें अपूर्णता नहीं होती, आत्माका स्वाद एकरूप है—ऐसे नित्य निरुपाधिक स्वभावको अज्ञानताके कारण शुभाशुभरूप अनित्य-औपाधिक भावरूप मानता है और त्रैकालिक

स्वभावको अर्थात् अपने और परके भावोंको एकत्वके अभ्यासके कारण यह पुण्य-पापके भाव मैंने किये हैं, इसप्रकार पुण्य-पापके भावोंका कर्ता होता है। मेरा जो नित्य ज्ञानस्वभाव है वही मैं हूँ—ऐसा अभ्यास करना चाहिये उसके बदले अनित्य शुभाशुभभाव हैं वह मैं हूँ—ऐसी आदत पाड़ ली है।

किसी समय कषायके परिणाम मंद होते हैं अर्थात् पुण्यपरिणाम होते हैं; कभी कषायके तीव्र परिणाम होते हैं अर्थात् पापपरिणाम होते हैं—इसप्रकार मंद राग और तीव्र राग, मंद तृष्णा और तीव्र तृष्णा, मंद मान और तीव्र मान इत्यादि दो स्वादवाली पुद्गलकर्मकी दो दशाओं-अवस्थाओं द्वारा अपने स्वादका भेदन करता हुआ-तोड़ता हुआ अर्थात् असली स्वभावस्वादका अनुभव न लेता हुआ शुभाशुभ भावोंको अपना मानता है—अपना स्वाद मानता है। अपने निराले स्वभावका भान नहीं है, इससे शुभाशुभभावोंका कर्ता होता है; अपने स्वरूपकी प्रतीति नहीं है इससे अपनी शांति-समाधिको तोड़ता हुआ शुभाशुभरूप दोनों भावोंको करता है।

जिस समय आत्मा शुभाशुभ भावोंको करता है उस समय वह आत्मा तन्मयरूपसे उन भावोंका व्यापक होनेसे उनका कर्ता होता है और वे भाव भी उस समय तन्मयरूपसे उस आत्माका व्याप्य होनेसे उसका कर्म होते हैं।

आत्मा जब पुण्य-पापकी वृत्तिके भाव करता है, उसी समय उसमें परिणमित होकर उन भावोंका व्यापक होकर—वही मेरा कार्य है, वही मेरा कर्तव्य है—ऐसा मानकर उनका कर्ता होता है और शुभाशुभ भावरूप कर्म व्याप्य होनेसे वे आत्माका तन्मयरूप कर्तव्य होते हैं अर्थात् उन विकारी परिणामोंको वह तन्मयरूपसे अपना कर्तव्य मानता है।

पुनश्च, वही आत्मा उस समय तन्मयरूपसे उन भावोंका भावक होनेसे उनका अनुभवन करनेवाला होता है और वे भाव भी उस समय

तन्मयरूपसे उस आत्माका भाव्य होनेसे उसका अनुभाव्य (अर्थात् भोग्य) होते हैं। इसप्रकार अज्ञानी भी परद्रव्योंके भावका कर्ता नहीं है परन्तु अपने विकारी भावोंका कर्ता है।

आत्मा जिस समय व्यापक होकर विकारी भावोंका कर्ता होता है उसी समय उनका तन्मयरूपसे भोक्ता भी होता है, तन्मयरूपसे पुण्य-पापके भाव किये—उस समय अपनेमें अपना अतीन्द्रिय आनन्द है इसका भान न होनेसे—पुण्य-पापकी जो वृत्तियाँ हैं वही मेरा स्वाद है—वैसा मानता हुआ उनका भोक्ता है और विकारी परिणाम उसको तन्मयरूपसे भोग्य होते हैं। पुद्गलकर्मका उदय बादमें आयेगा और भोगना होगा—वैसा कहना व्यवहार है। वास्तवमें जिस समय भाव होता है उसी समय भोक्ता होता है—इसप्रकार अज्ञानी भी परद्रव्यके भावोंका कर्ता नहीं है परन्तु विकारी परिणामोंका ही कर्ता होता है।

कोई लकड़ी मारे वह कर्मका बाह्य फल है। वास्तविक फल तो उसने अज्ञान और राग-द्वेषसे स्वभावका घात किया वही है। जिस क्षण राग, द्वेष भाव किये उसी क्षण आत्माके गुणोंकी हिंसा हो रही है, इसप्रकार जिस क्षण भाव किये उसी क्षण उनका फल है।

किसीने अज्ञानतामें चोरीके भाव किये और फिर समझदार हो गया, ज्ञानी हो गया, उसके पश्चात् उस पर किसीने दावा किया और उससे वह जेलमें गया, तथापि वहाँ उसको पृथक् आत्माका भान वर्त रहा है, जेलके उदयको ज्ञातारूपसे जानता हुआ ज्ञानकी वृद्धि करता है; चोरीके भाव पलट गये इससे अब चोरीके भावोंका वेदन नहीं है, फल आया किन्तु वेदन पलट गया; इसलिये वास्तविक वेदन तो जिस क्षण भाव करे उसी क्षण है, जेलमें उसके आत्माका भान वर्त रहा है इससे सत्यका-मोक्षका मार्ग वहाँ भी उसके प्रवर्तमान ही है।

अज्ञानी अपने शुभाशुभ भावोंको कर सकता है और शुभाशुभ भाव उसका कार्य होता है, उसके अतिरिक्त शरीर-मन-वाणी इत्यादि

जड़ द्रव्योंका आत्मा कुछ नहीं कर सकता। आत्मा तो ज्ञानमूर्ति स्वभावसे है, उसे भूलकर जब अज्ञानी राग-द्वेष, हर्ष-शोक करता है उसी क्षण उसे आकुलताका वेदन होता है और उसी क्षण आत्माके गुणोंकी हिंसा होती है।

✓ आत्मा अपने भावोंके अतिरिक्त पुत्र-पुत्रियोंका या शत्रुका कुछ भी नहीं कर सकता; परन्तु इष्ट मानकर स्त्री, कुटुम्ब, पुत्रादिके प्रति राग करता है और शत्रुको अनिष्ट मानकर उसके प्रति द्वेष करता है— उन भावोंका कर्ता होता है और उसी क्षण उन विकारी भावोंका वेदन करनेवाला अर्थात् भोक्ता है।

बाह्य शरीरादिका जैसा होना हो वैसा होता है, परन्तु स्वत मिथ्या मान्यता करता है कि मै परका करता हूँ; अरुचि अप्रीति आदि विकारी परिणाम चैतन्यकी सत्ताके क्षेत्रमे होते हैं, परन्तु मकान, स्त्री, कुटुम्ब, शरीरादिका कुछ भी करना अपनी सत्ताके क्षेत्रसे बाहर अर्थात् वह अपने हाथकी बात नहीं है।

कोई कहे कि हिंसाके भाव करे, क्रोधके भाव करे उसमें किसी भी प्रकारके दु:खका वेदन तो दिखाई नहीं देता; अरे भाई! कुछ विचार करके देख तो उसमें आकुलताका वेदन हो रहा है; कमानेका भाव करे, पुत्रके व्याहका भाव करे, हिंसाका या क्रोधका भाव करे, तब वह दु:खी ही है, उस समय आकुलताका वेदन हो ही रहा है।

उसीप्रकार जब शुभभाव करे उस समय भी आकुलताका वेदन हो रहा है। दया, पूजा, व्रतादिके परिणाम करे उस समय भी यदि सूक्ष्म दृष्टिसे देखा जाये तो मालूम हो कि आकुलताका ही वेदन हो रहा है। एक तीव्र कषाय है और दूसरी मन्द कषाय है, परन्तु दोनों आकुलता स्वरूप ही हैं। आत्माके शांत अकषाय-अनाकुल आनन्द स्वभावसे शुभाशुभ परिणामोंका स्वाद विपरीत है, वह दुःखस्वरूप ही है, आत्माके आनन्दगुणका हनन करनेवाला है।

अज्ञानरूप मिथ्या अभिप्राय द्वारा अपने शुभाशुभ परिणामोंको आत्मा कर सकता है परन्तु परद्रव्यका कुछ कर ही नहीं सकता। देव-गुरु-शास्त्र किसीका भी यह जीव कुछ नहीं कर सकता, अपने शुभ या अशुभ भावोंको ही करता है।

कोई कहता है कि ईश्वर अन्य पदार्थोंकी अवस्थाको करता है, परन्तु भाई! ईश्वर भी किसी परपदार्थकी अवस्थाको नहीं कर सकता, ईश्वर भी समस्त परपदार्थोंसे भिन्न एक चैतन्यपदार्थ है। किसी पदार्थमें अन्य पदार्थकी अवस्था करनेका सामर्थ्य नहीं है; कोई पदार्थ किसी दूसरे पदार्थकी अवस्थाको करे तो दो पदार्थ एक हो जायें, वस्तु पराधीन हो जाये; परन्तु वस्तुस्वभाव ऐसा है ही नहीं; प्रत्येक वस्तु स्वाधीनरूप परिणमित होती है। प्रत्येक परमाणु और प्रत्येक आत्माका कर्ता और कार्यपना अपने-अपने द्वारा पृथक्-पृथक् होता है। कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान और आधार स्वयं अपने-अपनेमें ही है।

जिस क्षण विकारी भाव किये उसी क्षण उनका भोक्ता होता है; कर्म पश्चात् उदयमें आयेंगे और भोगना पड़ेंगे—ऐसा कहना सो व्यवहार है। अज्ञानी परद्रव्यको नहीं कर सकता, परन्तु कर्तृत्व मानता है कि मैं परद्रव्यको करता हूँ। ज्ञानी, परद्रव्यकी जो अवस्था होती है उसका ज्ञाता रहता है, उसकी ज्ञानपर्याय बढ़ती ही जाती है। ज्ञानी ज्ञानका ही कर्ता होता है परन्तु परद्रव्यकी अवस्थाका कर्ता नहीं होता। अज्ञानी व्यवहारसे भी परद्रव्यकी अवस्थाको नहीं कर सकता परन्तु कर्तृत्व मान लेता है, अज्ञानी अपने शुभाशुभभावोंका कर्ता है परन्तु जड़ कर्मका कर्ता कभी भी नहीं है अर्थात् अज्ञानी अपनी अवस्थामें भावकर्मोंका कर्ता है परन्तु पुद्गलद्रव्यस्वरूप द्रव्यकर्म और नोकर्मका कर्ता तो कभी भी नहीं है ॥ १०२ ॥

परभावोंको कोई (द्रव्य) नहीं कर सकता—ऐसा कहते हैं:—

जो जह्मि गुणे दव्वे सो अण्णह्मि दु ण संकमदि दव्वे।
सो अण्णमसंकंतो कह तं परिणामए दव्वं ॥ १०३॥

यो यस्मिन् गुणे द्रव्ये सोऽन्यस्मिंस्तु न संक्रामति द्रव्ये ।
सोऽन्यदसंक्रांतः कथं तत्परिणामयति द्रव्यम् ॥ १०३ ॥

जो द्रव्य जो गुण-द्रव्यमें, परद्रव्यरूप न संक्रमे ।
अनसंक्रमा किस भाँति वह परद्रव्य प्रणमावे अरे ॥ १०३ ॥

जो वस्तु (अर्थात् द्रव्य) जिस द्रव्य और गुणमे प्रवर्तमान होती है वह अन्य द्रव्यसे तथा गुणमें संक्रमण नहीं पाती (अर्थात् बदलकर अन्यमें नहीं मिल जाती) । अन्यरूपमे संक्रमण न पाती हुई वह (वस्तु) अन्य वस्तुको कैसे परिणमित कर सकती है ।

आत्मा आत्मामे है, परमाणु परमाणुमे है, अन्य आत्मा अन्य आत्माओंमें है—इस प्रकार छहों द्रव्य स्वतः अपनेमें ही हैं । किसी द्रव्यके गुण-पर्याय किसी अन्य द्रव्यके गुण-पर्यायरूपमें बदलकर होते ही नहीं, कोई वस्तु अन्य वस्तुरुप नहीं होती, कोई गुण किसी अन्य द्रव्यके गुणरूप नहीं होता, कोई पर्याय किसी दूसरे द्रव्यकी पर्यायरूप नहीं होती, एक आत्मा दूसरे आत्माको बदलकर कुछ नहीं देता; आत्मा बदलकर रजकणको कुछ नहीं देता । एक वस्तु दूसरी वस्तुमें प्रविष्ट हो जाये तो कुछ दिया कहलाये, परन्तु ऐसा नहीं होता इसलिये कोई किसीको कुछ नहीं देता, तीन काल और तीन लोकमें एक वस्तु दूसरी वस्तुमें पर्यायरूपसे भी परिवर्तित होकर नहीं होती, एक वस्तुको दूसरी वस्तुमे परिवर्तित करनेका सामर्थ्य किसी वस्तुमें नहीं है, एक वस्तु दूसरी वस्तुरूप पलट नहीं जाती-परिवर्तित नहीं हो जाती, असर, प्रभाव, प्रेरणा नहीं कर सकती । द्रव्य अपेक्षा या पर्याय अपेक्षा किसी भी प्रकार परभावोंका कर्तापना तीनकालमें नहीं है । परका कर्ता मानना यह व्यवहारीजनोंका मोह है ।

एक मनुष्य दूसरे मनुष्यको अधिक काल तक समझाये तो भी नहीं

समझता; इसलिये समझनेवाला स्वतः अपनेसे समझता है। समझनेवालेको कोई अन्य द्रव्य नहीं समझा सकता—नहीं बदल सकता। कर्ताकर्मपना भिन्न-भिन्न समझनेका इस गाथामें सिद्धान्त है।

जगतमें जो कोई जितनी बड़ी वस्तु—जो जितना बड़ा चैतन्यस्वरूप या अचैतन्यस्वरूप है वह द्रव्यमें और गुणमे निजरससे अनादिसे ही प्रवर्तमान है।

जगतमे चैतन्य है वह चैतन्यस्वरूप जितना ही है, अर्थात् चैतन्य चैतन्यस्वरूपसे बाहर नहीं है या चैतन्यस्वरूपसे अपूर्ण नहीं है, अर्थात् चैतन्य चैतन्यमें ही है। इसीप्रकार रजकण भी रजकणमें ही है, जड़ और चैतन्य अपने भावसे ही अनादिसे प्रर्वतमान हैं, पुद्गलके रजकण पुद्गलसे ही पुद्गलके आधारसे ही अनादिसे वर्त रहे हैं। इसप्रकार प्रत्येक-प्रत्येक द्रव्य अपने निजरससे ही अनादिसे प्रवर्तमान है; पुद्गलमें भी वर्ण, गंध, रस, स्पर्श है, इसलिये पुद्गलका रस पुद्गलमें है और चैतन्यका चैतन्यमें। ऐसी वस्तुस्थितिकी मर्यादा व्यवस्थित होनेसे कोई किसीका कर्ता नहीं हो सकता।

एक आत्मा अपना एक आत्मामें और दूसरा आत्मा दूसरे आत्मामें एक रजकण एक रजकणमें और दूसरा रजकण दूसरे रजकणमें;—इसप्रकार रजकण रजकणमे हैं और आत्मा आत्मामें है। अतः तक द्रव्य दूसरे द्रव्यका किसी प्रकार भी कर्त्ता-भोक्ता या स्वामी नहीं है।

वास्तवमें ऐसी अचलित वस्तुस्थितिकी मर्यादाको तोड़ना अशक्य होनेसे उसीमे (अपने उतने बड़े द्रव्य-गुणमें ही) प्रवर्तमान रहती है। अचलित अर्थात् जो चल न सके-वैसी वस्तुस्थितिकी मर्यादा है। आत्मा जड हो जाये और जड़ आत्मा बन जाये—ऐसा नहीं हो सकता। वस्तु अपनी मर्यादामे ही प्रवर्तमान रहती है, उस मर्यादाको त्रिलोकीनाथ तीर्थंकरदेव भी नहीं तोड़ सकते। वस्तुस्थितिकी मर्यादाको तोड़कर, उसकी तैयारीके बिना किसीको बलात् दूसरा नहीं समझा सकता। जो वस्तु अपने द्रव्य, गुण और पर्यायसे वर्त रही है उसकी मर्यादाको तोड़ना अशक्य है अर्थात् उसे कोई भी नहीं तोड़ सकता।

प्रत्येक वस्तुका अपने ही द्रव्य, क्षेत्र, स्वकाल और स्वभावरूप होना—परसे या परके द्रव्यादिके आधीन न होना ऐसी मर्यादा तीनों काल वर्तती है, बस, ऐसी वस्तुस्थितिकी मर्यादाको तोड़ना अशक्य होनेसे वस्तु द्रव्यान्तर या गुणान्तररूप संक्रमण नहीं पाती। गुणान्तरमें पर्याय भी आ गई। वस्तु अपने आप स्वतंत्र परिवर्तित होती है, अपनी शक्तिसे बदलती है तब स्वतंत्ररूपसे उसकी पर्याय प्रगट होती है, कोई बलात् परिवर्तित नहीं कर सकता और बलात् समझा कर उसकी पर्याय प्रगट नहीं कर सकता। यदि बलात् समझा सकता हो तो त्रिलोकीनाथ तीर्थंकरदेव सबको मोक्षमे ले जायें न? परन्तु तीर्थंकरदेव किसीको मोक्षमे नहीं ले जाते। स्वतः समझे तब अपनी मोक्षपर्याय प्रगट होती है।

एक जड़ दूसरे जड़का कुछ नहीं करता, एक आत्मा दूसरे आत्माका कुछ नहीं करता, एक रजकण आत्माका कुछ नहीं करता और प्रत्येक आत्मा रजकणका कुछ नहीं करता। कर्मकी अवस्था उसमें हो रही है, आत्मा उसे कुछ नहीं कर सकता। छहों पदार्थ स्वतः जितनी बड़ी वस्तुओं–जितने बड़े द्रव्योंमे वर्त रहे हैं उसे कोई नहीं बदल सकता। छहों द्रव्य कोई किसीको कुछ नहीं दे सकते। कितनी अच्छी बात है! उसे माने तो सर्व समाधानरूप सुख हो जाये। निमित्तकारण सच्चा कारण नहीं है, निमित्तकी मुख्यतासे कथन होता है किन्तु कभी भी निमित्तकी मुख्यतासे कार्य नहीं होता।

करोड़ों रुपये पुण्यके कारण आते हैं और चले जाते हैं, उनका आना-जाना अपने हाथकी बात नहीं है। किसीको दस लाख रुपये आये और चले गये। परन्तु भाई! पुण्यके रजकण थे तो आये परन्तु उन्हें जाना हो तो कोई रोक नहीं सकता। शरीरमें रोग आये तब आत्मा उसे रोक सकता है? पेटमें वायु चढ़े, जलन हो तब कहता है कि मैं मरता हूँ। स्वतः शरीर पर ममत्व किया इससे

जलन मालूम होती है और कहता है कि मै जला जाता हूँ; परन्तु वास्तवमें जलन शरीरमें होती है आत्मामे नहीं होती। आत्मा तो शरीरसे भिन्न है, शरीर अपने रखनेसे नहीं रहता, शरीर उसकी स्थितिके अनुसार स्थिर रहता है। कोई द्रव्य किसी द्रव्यको नहीं रख सकता, आत्मा अपने स्वभावके अतिरिक्त परका कुछ नहीं कर सकता; अधिक तो विपरीत मान्यता और पुण्य–पापके भाव कर सकता है परन्तु पर द्रव्योंको परिवर्तित कर ही नहीं सकता।

✓ पैसेका रहना या जाना वह अपने हाथकी वात नहीं है, जव पुण्य फिरता है तव दुकान जल जाती है, लड़की विधवा हो जाती है, धरतीमें रखा हुआ धन राख हो जाता है—इत्यादि एक ही साथ सव आपत्तियाँ आती हैं। कोई कहे कि ऐसा तो किसी समय होता है न? अरे! पुण्य फिरे तो सव प्रसंग फिरते देर नहीं लगती। परद्रव्यको कैसे रहना है वह तेरे हाथकी वात ही नहीं है। इसलिये आत्माकी पहिचान करके उसमें स्थिर हो जा।

धर्मकी श्रद्धा होनेके पश्चात् पुरुषार्थकी मन्दताके कारण पूर्ण स्थिरता न हो इससे अल्प अस्थिरता रहती है, परन्तु वह वस्तुकी स्थिरता जैसी है उसे यथावत् जानता है। पुरुपार्थकी शक्तिके कारण अल्प अस्थिरताके परिणाम आते हैं, परन्तु वह समझता है कि एक तत्त्व दूसरे तत्त्वका कुछ भी नहीं कर सकता। मैं पुण्यभाव करूँ तो पिंजरापोल चलती रहे, और मैं पापभाव करूँ तो दूसरेका बुरा हो जाये—ऐसा धर्मात्मा नहीं मानता, वह समझता है सामनेवालेका भला-बुरा संयोग होना वह उसके पुण्य–पापके उदयके आधारसे है, मैं उसे नहीं कर सकता: मैं तो मात्र भले–बुरे परिणाम कर सकता हूँ, अल्प अस्थिरताके कारण राग–द्वेष होता है किन्तु वास्तवमे मैं उसका कर्ता नहीं हूँ, स्वामी नहीं हूँ, परन्तु ज्ञाता हूँ।

इसप्रकार भगवान आत्मा आठ जड़ कर्मोंका कर्ता नहीं है, परन्तु भावकर्मका कर्ता है, भावकर्मके कारण द्रव्यकर्म स्वयं—अपने

आप बँधता है। इन गाथाओंके सिद्धान्तसे आत्मा आठ जड़ कर्मोंका अकर्ता सिद्ध हुआ; क्योंकि वस्तुस्थितिकी मर्यादाको कोई तोड़ नहीं सकता।

इस (उपर्युक्त) कारणसे आत्मा वास्तवमें पुद्गल कर्मोंका अकर्ता सिद्ध हुआ—ऐसा अब कहते हैं:—

दव्वगुणस्स य आदा ण कुणदि पुग्गलमयह्मि कम्मह्मि।
तं उभयमकुव्वंतो तह्मि कहं तस्स सो कत्ता॥ १०४॥

द्रव्यगुणस्य चात्मा न करोति पुद्गलमये कर्मणि।
तदुभयमकुर्वंस्तस्मिन्कथं तस्य स कर्ता॥ १०४॥

आत्मा करे नहिं द्रव्य-गुण पुद्गलमयी कर्मों विषै।
इन उभयको उनमें न करता, क्यों हि तत्कर्त्ता बने॥ १०४॥

अर्थ:—आत्मा पुद्गलमय कर्ममें द्रव्यको तथा गुणको नहीं करता; उसमें वह दोनोंको न करता हुआ उसका कर्ता कैसे होगा?

आत्मा सदा अरूपी ज्ञानघन है, वह जगतके रूपी पुद्गलोंको कैसे कर सकेगा? क्या जगतमे रूपी पुद्गल नहीं हैं कि आत्मा उन्हे नवीन उत्पन्न कर सके? कोई द्रव्य किसी द्रव्यको उत्पन्न नहीं कर सकता, कोई द्रव्य किसी द्रव्यकी पर्यायको नहीं कर सकता। कर्मकी अवस्था पुद्गलकी शक्तिमेंसे उत्पन्न हुई है, इसलिये आत्मा उस कर्मकी अवस्थाका कर्ता नहीं है। आत्माने आठ कर्मोको किया वह उपचार-व्यवहार कथन निमित्तका ज्ञान करानेके लिये है। आत्मा शुभाशुभ भाव करे उनका निमित्त पाकर पुद्गल स्वयं कार्यरूप परिणमित होते हैं, आत्मा अपने विकारभावोंको करता है परन्तु जड़ कर्मोंको तो करता ही नहीं।

जिस प्रकार-मिट्टीमय घड़ारूपी कर्म जो कि मिट्टीरूप द्रव्यमे और मिट्टीके गुणमें निजरससे ही प्रवर्तमान रहता है उसमें कुम्हार अपनेको या अपने गुणोंको डालता-रखता-मिलाता नहीं है।

मिट्टीमय घड़ारूपी कार्य है अर्थात् मिट्टीका जो घड़ा हुआ वह कार्य मिट्टीमय है या कुम्हारमय? घड़ा तो मिट्टीमय ही है। मिट्टी-स्वरूप जो घड़ारूपी कार्य है वह मिट्टीकी अवस्थारूप वर्तता है, मिट्टीके रसमें घड़ा प्रवर्तमान है, कुम्हारका कर्म (-कार्य) घड़ा नहीं है, कुम्हार अपने गुणोंको अथवा अपनी वस्तुको घड़ेमें डालता-मिलाता नहीं है, तब फिर, कुम्हारने क्या किया? कुम्हारने जाना कि घड़ा होता है, जिस समय होनेवाला हो उस समय घड़ा होता है परन्तु कुम्हार घड़ेको नहीं कर सकता। वहाँ खड़े-खड़े कुम्हारने क्रोध किया, प्रेम किया तो वह कुम्हारकी क्रोध या प्रेमरूप अवस्था घड़ेमें प्रविष्ट हो जाती है? नहीं हो सकती। क्योंकि किसी द्रव्यान्तर या गुणान्तररूप संक्रमण होनेका वस्तुस्थितिसे ही निषेध है; कोई वस्तु किसी दूसरी वस्तुरूप हो या कोई गुण किसी अन्य गुणरूप हो-वैसा होता ही नहीं -ऐसी वस्तुस्थितिकी मर्यादा है। कुम्हार मिट्टीमय हुए बिना घड़ारूप होनेका कार्य नहीं कर सकता, क्योंकि जो द्रव्य जिस मय होता है उसी मय उसकी अवस्था होती है; इसलिये घड़ारूपी अवस्था मिट्टीमय ही होती है परन्तु कुम्हारमय नहीं होती, क्योंकि कुम्हार मिट्टीमय हो ही नहीं सकता। एक वस्तु दूसरी वस्तुमे प्रविष्ट हुए बिना, संक्रमण अर्थात् स्वत. पलटकर पररूप हुए बिना परमें कर्तापना कैसा?

द्रव्यांतररूपसे (अर्थात् अन्य द्रव्यरूपसे) संक्रमण पाये बिना अन्य वस्तुको परिणमित करना अशक्य होनेसे, अपने द्रव्य और गुण दोनोंको उस घड़ारूपी कर्ममे न डालता हुआ वह कुम्हार परमार्थसे उसका कर्ता प्रतिभासित नहीं होता।

इसमें कर्ता-कर्मका स्पष्ट खुलासा किया है कि एक वस्तु दूसरी वस्तुमें नहीं जाती; तब फिर उस वस्तुने दूसरी वस्तुका क्या किया? कुछ भी नहीं किया। अपने द्रव्य-गुणको घड़ेमें न डालता हुआ वह कुम्हार परमार्थसे परका कर्ता प्रतिभासित नहीं होता। कुम्हार जब क्रोधमें हो और चाक घुमा रहा हो तब उस चाक परसे उतरे हुए घड़ेमें

भी क्रोध भर जाना चाहिये; और उस घड़ेका पानी पीनेवालेको भी क्रोध होना चाहिए, परन्तु वैसा तो नहीं होता, इसलिये कुम्हार घड़ेका कर्ता नहीं है।

कुम्हार क्षायिक सम्यक्त्वी हो और घड़ा बनानेके लिये चाक घुमा रहा हो उस समय कुम्हारको क्षायिक सम्यक्त्वमे जिस सुख और शांतिका वेदन होता है वह सुख और शांति क्या घड़ेमे प्रविष्ट हो जाते हैं? और घड़ेका पानी पीनेवालेको क्या सुख और सम्यक्त्व हो जाते हैं? वैसा तो नहीं होता इसलिये कुम्हार घड़ेका कर्ता प्रतिभासित नहीं होता अर्थात घड़ेका कर्ता दिखाई ही नहीं देता। उसीप्रकार—पुद्गलद्रव्य ज्ञानावरणादि कर्म जो कि पुद्गलद्रव्यमे और पुद्गलके गुणोंमे निजशक्तिसे ही वर्तते है—उनमे आत्मा अपने द्रव्यको या गुणोंको वास्तवमें डालता-मिलाता नहीं है, क्योंकि (किसी वस्तुका) द्रव्यान्तर या गुणान्तररूपसे संक्रमण होना अशक्य है।

मिट्टीकी अवस्था कुम्हार नहीं करता उसी प्रकार ज्ञानावरणादि आठ कर्मोंकी अवस्था पुद्गलमय ही है और पुद्गलके निजरससे ही वर्तती है। आत्माका कोई भी गुण या अवस्था आठ कर्मोंमें नहीं जाती और पुद्गलकी कोई भी अवस्था आत्मामें नहीं आती। आचार्यदेव समझाते हैं कि तू अपने भावोंको कर सकता है, परका कुछ नहीं कर सकता। जब पुद्गलमे घड़ा होनेकी योग्यता हो तब उसी प्रकारकी योग्यता वाले रजकण वहाँ उपस्थित होते हैं। पहले मिट्टीका पिण्ड होता है फिर थाला होता है—इसप्रकार जब जैसी क्रमबद्धपर्याय होना हो तब उसीप्रकारकी योग्यतावाले रजकण घड़ा होनेरूप उपस्थित होते हैं। उसीप्रकार जो परमाणु कर्मरूप होनेकी योग्यतावाले होते हैं वे ही कर्मरूप बँधते हैं, उनमें आत्मा अपने द्रव्य या गुणोंको नहीं मिलाता। आत्मा विकारी भाव करता है तब उनका निमित्त प्राप्त करके कर्मके रजकण कर्मरूप अपने आप परिणमित होते हैं। नीमके पत्तेकी अवस्थारूपमें कौनसे रजकण आते हैं। जो कड़वे रसरूप

परिणमित होनेकी योग्यतावाले होते हैं वे ही रजकण नीमरूप परिणमित होते हैं; उसीप्रकार जिन परमाणुओंमें आठ कर्मरूप परिणमित होनेकी योग्यता हो वे ही परमाणु कर्मरूप परिणमित होते हैं।

आत्मा कर्मसे पृथक् पदार्थ है, वह कर्ममे नहीं जाता और पुण्य-पापके भाव भी कर्ममें नहीं जाते, आत्मा स्वतः अपने द्रव्य-गुणको या पर्यायको आठ कर्मोंमें नहीं डालता-नहीं मिलाता क्योंकि किसी वस्तुका द्रव्यान्तर अर्थात् एक द्रव्यका दूसरे द्रव्यरूप होना और गुणान्तर अर्थात् एक द्रव्यके गुणोंका दूसरे द्रव्यके गुणोंमें संक्रमण होना अर्थात् बदलना बिल्कुल अशक्य है, तब फिर द्रव्यान्तर और गुणान्तर-रूप हुए बिना अन्य द्रव्यको परिणमित करना अशक्य होनेसे अपने द्रव्य और गुण दोनोंको ज्ञानावरणादि कर्मोंमें न डालता हुआ वह आत्मा परमार्थसे उनका कर्ता कैसे हो सकता है? कभी हो ही नहीं सकता; इसलिये वास्तवमें आत्मा पुद्गलकर्मका अकर्ता सिद्ध हुआ।

वास्तवमें आत्मा परका कर्ता है ही नहीं क्योंकि पररूप हुए बिना परका कर्ता हो ही नहीं सकता, इसलिये आत्मा अकर्ता है। आठ कर्मोंकी अवस्था आत्मा नहीं करता, तो फिर शरीर, व्यापारादिकी अवस्था तो कहाँसे करेगा? शरीर-व्यापार-धंधेकी अवस्था मैं कर सकता हूँ—ऐसा मानना मिथ्यात्व है।

अज्ञानी निमित्तरूपसे परका कर्ता होता है; स्वतः विकारीभाव करे तब कर्म बँधते हैं इससे अज्ञानी मानता है कि मैं कर्मका (परके कार्यका) निमित्तकर्ता हूँ; अतः अज्ञानी परमें अपना कर्तापना मानता है, इससे उपचारसे कर्ता कहा जाता है कि आत्माने जड़ कर्म किया ॥ १०४ ॥

आत्माको पुद्गल कर्मका कर्ता कहना वह उपचारमात्र है—ऐसा अब कहते हैं:—

जीवह्मि हेदुभूदे बंधस्स दु पस्सिदूण परिणामं ।
जीवेण कदं कम्मं भण्णदि उवयार मत्तेण ॥ १०५ ॥

जीवे हेतुभूते बंधस्य तु दृष्ट्वा परिणामम् ।
जीवेन कृतं कर्म भण्यते उपचारमात्रेण ॥ १०५ ॥

जीव हेतुभूत हुआ अरे ! परिणाम देख जु बंधका ।
उपचारमात्र कहाय यों यह कर्म आत्माने किया ॥ १०५ ॥

अर्थ.—जीव निमित्तभूत बननेसे कर्मबन्धका परिणाम होता देखकर, 'जीवने कर्म किया'—ऐसा मात्र उपचारसे कहा जाता है ।

जीव निमित्तभूत बननेसे, अर्थात् अज्ञानी आत्मा पुण्य–पाप, राग-द्वेष, हर्ष-शोकके भाव अपनेमे करता है वे भाव निमित्तभूत होनेसे कर्मका परिणाम अर्थात् अवस्था होती है । जहाँ तक पुद्गलोंकी अवस्था कर्मरूप नहीं होती वहाँ तक वे पुद्गल अन्य अवस्थारूप होते हैं; जीवने राग-द्वेषके भाव किये उस समय पुद्गलोंमें कर्मबन्धका परिणाम हुआ—उसे देखकर उपचारसे ऐसा कहा जाता हि कि जीवने कर्म किया । देखो ! आचार्यदेवने स्पष्टीकरण किया है कि जीव कर्मको करता है—ऐसा उपचारमात्रसे ही कहा जाता है अर्थात् वास्तविक रीतिसे जीव जड़कर्मको नहीं करता । अपने राग–द्वेषके भावोंको अज्ञान अवस्थामें करे, परन्तु जड़ कर्मोंका कर्ता तो आत्मा है ही नहीं ।

इस लोकमें वास्तवमें आत्मा स्वभावसे पौद्गलिक कर्मको निमित्त-भूत न होने पर भी पौद्गलिक कर्म आत्माने किया—ऐसा उपचार है । स्वभावसे अर्थात् सम्यग्दृष्टि पौद्गलिक कर्मका निमित्तभूत नहीं है; क्योंकि आत्मा कर्मको निमित्तभूत नहीं है और सम्यग्दृष्टिका विषय भी आत्मा है इसलिये सम्यग्दृष्टि कर्मका हेतुभूत नहीं है । ज्ञानीके विभाव नहीं हैं विभावका स्वामी नहीं है । वह तो ज्ञान करनेवाला है । आत्माका स्वभाव यदि कर्मको निमित्तभूत हो तब तो आत्माको

परके साथ स्वभाव सम्बन्ध हुआ और वह साथ कभी छूट नहीं सकता, इसलिये आत्माका स्वभाव कर्मको निमित्तभूत नहीं है। सम्यग्दृष्टि भी कर्मको निमित्तभूत नहीं है, सम्यग्दृष्टिको अल्प अस्थिरता होती है उसके निमित्तसे अल्प कर्मबंध होता है, परन्तु ज्ञानी अस्थिरताका स्वामी नहीं है, अतः यह बात गौण है। अज्ञानी कर्मको निमित्तभूत होता है।

इस लोकमें वास्तवमें आत्मा स्वभावसे पौद्‌गलिक कर्मको निमित्तभूत न होने पर भी अनादि अज्ञानके कारण पौद्‌गलिक कर्मको निमित्तरूप होनेवाले अज्ञानभावरूप परिणमित होनेसे जीवकी विभावपर्यायका निमित्त पाकर पौद्‌गलिककर्म उत्पन्न होते हैं इससे 'पौद्‌गलिक कर्म आत्माने किया'—ऐसा, निर्विकल्प विज्ञानघनस्वभावसे भ्रष्ट, विकल्प-परायण अज्ञानियोंका विकल्प है; वह विकल्प उपचार ही है, परमार्थ नहीं।

इस जगतमें आत्माका स्वभाव कर्मबन्ध होनेमें निमित्त नहीं है; यदि स्वभाव निमित्तभूत हो तो कर्मका बन्ध कभी नहीं छूट सकता। आत्माका स्वभाव तो अनादि-अनन्त एकरूप है, वह स्वभाव यदि कर्मको निमित्तभूत हो तो त्रिकाल कर्मबन्धमे निमिभूत होना ही चाहिये और त्रिकाल निमित्तभूत होनेसे कर्मका अभाव होगा ही नहीं, परन्तु वैसा तो होता ही नहीं, नित्य स्वभाव कर्मबन्धमे निमित्तभूत नहीं होता, अनित्य, विभाव निमित्तभूत होता है, इसलिये अनादि अज्ञान ही पौद्‌गलिक कर्मको निमित्तभूत है। जहाँ आत्मा अज्ञानरूप परिणमित होता है वहाँ उस अज्ञानभावका निमित्त प्राप्त करके पुद्‌गल-कर्म स्वतः बँधते हैं, पुद्‌गलकी वह कर्मरूप अवस्था आत्मा नहीं करता; आत्मा तो अज्ञानभावसे अपने शुभाशुभभाव करता है, उन भावोंका निमित्त प्राप्त करके पुद्‌गलकर्म बँधते हैं। उन पुद्‌गल कर्मोंको आत्माने बाँधा—ऐसा कहना व्यवहार है—उपचार है।

वे पौद्‌गलिक कर्म आत्माने बाँधे—ऐसा निर्विकल्प स्वभावसे भ्रष्ट विकल्पपरायण अज्ञानियोंका अभिप्राय है। उस मिथ्या विकल्पमें

आरूढ़ हुआ अज्ञानी ऐसा मानता है कि मैं कर्मोंका निमित्तभूत हूँ इससे वह कर्मोंका निमित्तकर्ता कहलाता है। अज्ञानीको अपने स्वभावकी दृष्टि नहीं है अतः वह विकल्पमें एकत्वबुद्धिसे प्रवर्तमान रहता है; मैं परको करता हूँ, मैं परको करता हूँ—ऐसे मिथ्याविकल्प करके स्वतः परका कर्तृत्व और स्वामित्व स्वीकार कर लिया है, इससे उसे परका कर्ता कहा जाता है, वास्तवमें परको अज्ञानी भी नहीं कर सकता। अज्ञानी अज्ञानभावसे राग-द्वेष करता है और ज्ञानी ज्ञानभावसे राग-द्वेष रहित निर्मल भावोंको करता है, परन्तु परका कर्ता ज्ञानी या अज्ञानी कोई नहीं है।

वीतराग स्वरूपकी साधनामें राग कुछ सहायता करता है? नहीं करता। ज्ञानीकी दृष्टि स्वभाव पर है, वह रागका स्वामी नहीं होता, इसलिये वह बन्धका निमित्त नहीं होता। अज्ञानी परका निमित्त स्वीकार करता है; इसलिये उसे उपचारसे परका कर्ता कहा जाता है; ज्ञानी परका निमित्त स्वीकार नहीं करता इसलिये वह परका कर्ता नहीं है ॥ १०५ ॥

अब, उपचार किस प्रकार है वह दृष्टान्त पूर्वक कहते हैं:—

जोधेहिं कदे जुद्धे राएण कदंति जंपदे लोगो ।
ववहारेण तह कदं णाणावरणादि जीवेण ॥ १०६ ॥

योधैः कृते युद्धे राज्ञा कृतमिति जल्पते लोकः ।
व्यवहारेण तथा कृतं ज्ञानावरणादि जीवेन ॥ १०६ ॥

योद्धा करें जहँ युद्ध, वहाँ वह भूपकृत जनगण कहैं ।
त्यों जीवने ज्ञानावरण आदिक किये व्यवहारसे ॥ १०६ ॥

अर्थ—योद्धाओं द्वारा युद्ध किये जाने पर, "राजाने युद्ध किया" ऐसा लोक (व्यवहारसे) कहता है, उसी प्रकार 'ज्ञानावरणादि कर्म जीवने किये'—ऐसा व्यवहारसे कहा जाता है।

इस जगतमें योद्धा युद्ध करते हैं, तथापि उपचारसे ऐसा कहा जाता है कि राजाने युद्ध किया। सेना लड़ती है तथापि उपचारसे कहते हैं कि राजा लड़ रहा है; उसी प्रकार आत्मा अज्ञानभावसे राग-द्वेष करता है तब नवीन कर्म अपने-आप बँध जाते हैं, मात्र आत्माके परिणामोंकी उपस्थिति होती है; कर्म अपने-आप बँध जाते हैं तो भी उपचारसे कहा जाता है कि आत्माने कर्मबन्ध किया।

जिस प्रकार युद्ध परिणामरूप स्वतः परिणमित होते हुए योद्धाओं द्वारा युद्ध किये जाने पर, युद्ध परिणामरूप परिणमित न होनेवाले राजाको "राजाने युद्ध किया" जो उपचार किया जाता है वह परमार्थ नहीं है।

युद्धके परिणामरूप तो योद्धा परिणमित हो रहे हैं, लड़नेका भाव लड़नेवालेका है, मारनेका भाव योद्धाका है,—राजाका नहीं है; राजा तो आदेश देनेमें निमित्त है किन्तु लड़ते समय राजा नहीं है। राजाने आदेश दिया, फिर युद्धके समयके भाव योद्धाओंके हैं। योद्धा जब युद्ध करते हैं तब राजा एक ओर बैठा है।

सिद्धान्तमें दृष्टान्तका अंश लिया जाता है, दृष्टान्त तो अंशतः लागू होता है, यदि पूर्ण दृष्टान्त लागू हो तो दृष्टान्त सिद्धान्त हो जाये; इसलिये सिद्धान्तमें दृष्टान्तका एक अंश लिया जाता है। लड़ते समय योद्धा लड़ता है—राजा नहीं।

उसी प्रकार ज्ञानावरणादि कर्मपरिणामरूप स्वतः परिणमित होनेसे—ऐसे पुद्गलद्रव्य द्वारा ज्ञानावरणादि कर्म किये जाने पर, ज्ञानावरणादि कर्मरूप स्वतः परिणमित न होनेवाले आत्माको "आत्माने ज्ञानावरणादि कर्म किये"—ऐसा उपचार किया जाता है—वह परमार्थ नहीं है।

जिस प्रकार राजा लड़नेका आदेश करता है और उसका निमित्त पाकर योद्धा युद्ध करते हैं, उसीप्रकार आत्मा अज्ञानसे राग-द्वेष

करता है वह आदेशके स्थान पर है और उसके निमित्तसे जड़—परमाणुओंमें ऐसी शक्ति है कि वह स्वतंत्र कर्मरूप परिणमित होते हैं, आत्मा उन्हें नहीं करता। आत्माकी सत्ताभूमिमें आत्मा राग-द्वेषकी पर्यायको करता है परन्तु परसत्तामें वह कुछ नहीं कर सकता।

जिस प्रकार योद्धा युद्ध करते हैं परन्तु राजा तो एक ओर बैठा है। उसी प्रकार ज्ञानावरणादि कर्मोका बन्ध होता है उसमें आत्माका हाथ नहीं है। सभी वस्तुएँ स्वतंत्र भिन्न हैं, रजकण स्वतंत्र वस्तु है। आत्मा जब अज्ञानभाव करता है तब उसका निमित्त पाकर परिणमित होनेकी शक्ति रजकणोंमें है, उसमें आत्माका हाथ नहीं है। आत्मा अपने अरूपी विकारको कर सकता है, परन्तु जड़—रूपीमें कुछ भी कमी—वेशी नहीं कर सकता। पुद्गल द्रव्य स्वतः परिणमित होकर ज्ञानावरणादि कर्मोंको करता है परन्तु आत्मा कहीं उनरूप परिणमित नहीं होता, आत्मा उन्हें नहीं करता; मात्र आत्माकी राग—द्वेषरूप विकारी पर्याय ज्ञानावरणादि कर्म जब स्वतः बँधते हैं तब उसमें निमित्त होती है; इससे उपचारसे कहा कि यह कर्म आत्माने किया; परन्तु वह परमार्थ नहीं—व्यवहार है।

सबके कार्य पृथक्—पृथक् हैं—ऐसा यहाँ पर बतलाना है, तू दूसरे द्रव्यको दबाये और दूसरा द्रव्य तुझे दबाये—ऐसा कुछ नहीं है। अपने भाव अच्छे हों और कोई शत्रु आकर चाहे जैसा क्रोध करे; तथापि अपने भावोंको दबा नहीं सकता, हीन नहीं कर सकता। उसके भावोंका भार उस पर और इसके भावोंका भार इस पर; सभी द्रव्य स्वतंत्र भिन्न—भिन्न हैं।

सूर्यकी किरणोंका निमित्त पाकर बारिसके समय इन्द्रधनुष स्वतः परिणमित होता है; परन्तु सूर्यकी किरणोंने उसे परिणमित नहीं किया है। यदि सूर्यकी किरणोंने इन्द्रधनुषको परिणमित किया हो तो सभी जगह इन्द्रधनुष कर दे; परन्तु वैसा नहीं है। इन्द्रधनुषके हरे—पीले—लाल इत्यादि पृथक्—पृथक् रङ्गमें परिणमित होनेकी शक्ति स्वतः

पुद्गलमें है, पुद्गल परमाणु स्वतः परिणमित होकर उस अवस्थारूप हुए हैं, सूर्यकी किरणोंने वह अवस्था नहीं की है। वरसातमें सूर्यकी किरणोंका निमित्त पाकर इन्द्रधनुष होता है वह सूर्यकी किरणोंसे हुआ है—ऐसा कहना व्यवहार है।

इसीप्रकार आत्माकी अवस्थामे जो राग-द्वेष हुए वे सूर्यकी किरणोंके समान हैं और कर्म हैं वे इन्द्रधनुषके समान हैं। राग-द्वेषका निमित्त पाकर जिन कर्मरजकणोंमें कर्मरूप होनेकी योग्यता हो वे कर्मरूप परिणमित हो जाते हैं, स्वतःमें (रजकणोंमें) कर्मरूप परिणमित होनेकी शक्ति है इससे वे स्वत कर्मरूप परिणमित हो जाते हैं, ऐसा उपचारसे कहा जाता है कि आत्माने ज्ञानावरणादि कर्म किये हैं; परन्तु वह परमार्थ नहीं है ॥ १०६ ॥

अब कहते हैं कि उपरोक्त हेतुसे ऐसा सिद्ध हुआः—

उप्पादेदि करेदि य बंधदि परिणामएदि गिण्हदि य।
आदा पुग्गलदव्वं ववहारणयस्स वत्तव्वं ॥ १०७ ॥

उत्पादयति करोति च बध्नाति परिणामयति गृह्णाति च ।
आत्मा पुद्गलद्रव्यं व्यवहारनयस्य वक्तव्यम् ॥ १०७ ॥

उपजावता, प्रणमावता, ग्रहता, अवरु बांधे, करे ।
पुद्गलदरबको आतमा—व्यवहारनयवक्तव्य है ॥ १०७ ॥

अर्थः—आत्मा पुद्गलद्रव्यको उत्पन्न करता है, करता है, बांधता है, परिणमित करता है और ग्रहण करता है—यह व्यवहारनयका कथन है।

आत्माके साथ यह जो औदारिकशरीर है वह स्थूल है परन्तु कार्माणशरीर है वह सूक्ष्म है,—वे सब शरीर जड़ हैं। उन्हें आत्मा उत्पन्न करता है, बांधता है, परिवर्तित करता है, ग्रहण करता है—ऐसा कहना व्यवहारनयका कथन है।

यह आत्मा वास्तवमें व्याप्य-व्यापकभावके अभावके कारण, प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्य—ऐसे पुद्गलद्रव्यात्मक (पुद्गलद्रव्यस्वरूप) कर्मको ग्रहण नहीं करता, परिणमित नहीं करता, उत्पन्न नहीं करता, करता नहीं और बांधता नहीं है।

यह आत्मा वास्तवमें व्याप्य-व्यापकभावके अभावके कारण जड़ रजकणोंमें प्रविष्ट नहीं हो जाता, द्रव्यकर्मरूप अवस्था आत्मा स्वत नहीं करता, स्थितिबन्ध भी आत्मा नहीं करता, कर्ममें जो अवधि पडती है वह कर्म स्वतंत्र परिणमित होकर पड़ती है। आत्मा अपने परिणामोंमे ममता करता है अर्थात् स्वत मे परिणमनका चक्र चढ़ता है उसका निमित्त पाकर जड़-पुद्गलमे स्थितिबन्ध होता है वह पुद्गल स्वत परिणमित होकर होता है, आत्मा उसे नहीं करता। जड़में अनुभागबन्ध भी आत्मा नहीं करता, वह अनुभागबन्ध पुद्गल स्वतः परिणमित होकर होता है, जड़का प्रदेशबन्ध भी आत्मा नहीं करता, पुद्गल स्वतः परिणमित होकर प्रदेशबन्ध करता है।

पुद्गल स्वतः अपनी अवस्थाको प्राप्त होता है अर्थात् ग्रहण करता है वह प्राप्य है; पुद्गल स्वत अपनी पर्यायका परिवर्तन करके परिणमित होता है वह उसका विकार्य कर्म है। पुद्गल स्वतः अपनी पर्यायको उत्पन्न करता है वह उसका निर्वर्त्यकर्म है। प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्यरूप पुद्गलकर्म स्वत. परिणमित होते हैं, आत्मा उन पुद्गल कर्मोंका ग्रहण नहीं करता, परिणमित नहीं करता, उत्पन्न नहीं करता और बांधता भी नहीं है।

आत्मा कर्मको ग्रहण नहीं करता अर्थात् पकड़ता नहीं है, आत्मा अपने विपरीत भावमे अर्थात् क्रोध, मान, माया, लोभ, मिथ्यात्वादिमें जकड़ा गया है परन्तु वह जड़को नहीं पकड़ता। अपना चैतन्यस्वभाव ज्ञानघन अरूपी है, उसका अज्ञानीको भान न होनेसे उसकी भेदसंवेदनशक्ति ढँक गई है इससे वह अज्ञानभावके कारण विकारी भावोंमें पकड़ा जाता है, परन्तु वह जड़को तीनकाल तीनलोकमें

भी पकड़कर नहीं रखता। आत्मा पुद्गल कर्मको परिणमित भी नहीं करता, उत्पन्न भी नहीं करता, करता भी नहीं है और बाँधता भी नहीं है। पुद्गलकर्ममें रसस्थिति बँधती है उसे आत्मा नहीं बाँधता, तथापि मैं परको बाँधता हूँ, उत्पन्न करता हूँ, करता हूँ, परिवर्तित करता हूँ और ग्रहण करता हूँ—ऐसा मानना सो भ्रम है।

आत्मा व्याप्य-व्यापकभावके अभावके कारण परमें प्रविष्ट नहीं हो सकता इसलिये परकी अवस्थाको नहीं कर सकता; व्याप्य-व्यापकभावका अभाव होने पर भी प्राप्य, विकार्य और निर्वर्त्य—ऐसे पुद्गलद्रव्यात्मक कर्मको आत्मा ग्रहण करता है, परिणमित करता है, उत्पन्न करता है, करता और बाँधता है—ऐसा जो विकल्प है सो वास्तवमें उपचार है, परमार्थ नहीं।

जहाँ व्याप्य-व्यापकपना न हो वहाँ, कर्ता-कर्मपना नहीं हो सकता; जहाँ व्याप्य-व्यापकपना हो वहाँ कर्ताकर्मपना हो सकता है। आत्माका पुद्गलकर्मके साथ व्याप्य-व्यापकपना नहीं है इससे, कर्ताकर्मपना भी नहीं है, तथापि अज्ञानी मानता है कि पुद्गलकर्मको मैं करता हूँ—इससे अज्ञानीकी अपेक्षासे उपचारसे कहा जाता है कि कर्म आत्माने किये।

जिस प्रकार बच्चोंने लकड़ीको घोड़ा माना होता है इससे वे कहते हैं कि यह मेरा घोड़ा है; तब उससे कहना पड़ता है कि भाई! अपने लकड़ीके घोड़ेको तू दूर रख! उसीप्रकार अज्ञानी मानता है कि कर्म मैंने किये हैं, इससे उपचारसे कहा जाता है कि कर्म आत्माने किये। सूर्यकी किरणोंका निमित्त पाकर जिस प्रकार इन्द्रधनुष स्वयं परिणमित होता है—सूर्य उसे परिणमित नहीं करता, इसीप्रकार आत्माके राग-द्वेष और अज्ञानकी अनुकूल उपस्थिति पाकर पुद्गलकर्म अपने आप परिणमित होते हैं, आत्माकी राग-द्वेष और अज्ञान अवस्था उन्हें परिणमित नहीं करती परन्तु राग-द्वेष और अज्ञानकी अनुकूल

उपस्थितिके कारण उपचारसे कहा जाता है कि कर्म आत्माने किये; परन्तु वास्तवमें पुद्गल कर्मका कर्ता आत्मा नहीं है।

आत्मा अज्ञान भावसे अपने राग-द्वेषको करता है और हर्ष-शोकको भोगता है परन्तु जडको कोई कर नहीं सकता और भोग भी नहीं सकता; जड़कर्मका फल आये उसे आत्मा भोग नहीं सकता। मैं लड्डू खाता हूँ, मैं दूध पीता हूँ, मैं मोटरमे बैठता हूँ—इत्यादि जड़ वस्तुओंका उपभोग मैं करता हूँ—ऐसी मान्यता अज्ञान है, लड्डू कहीं तेरे आत्माम प्रविष्ट हो जाते हैं? तूने क्या खाया? अज्ञानभावसे राग-द्वेषको खाया है, जड़को तो कोई नहीं खा सकता। ज्ञानभावसे तो राग-द्वेषको भी नहीं खाता क्योंकि ज्ञानी राग-द्वेषकी पर्यायका स्वामी नहीं होता, उसे अपना नहीं मानता इसलिये ज्ञानपर्यायको ही खाता है। विकारी पर्याय चैतन्यकी अवस्था है तथापि ज्ञानी उसका स्वामी नहीं होता, इससे वह विकारी पर्यायको खाता भी नहीं है।

अज्ञानी विकारी पर्यायको अपना मानता है और विकारी पर्याय चैतन्यकी अवस्थामें होती है इससे वह उसका भोक्ता है, परन्तु चैतन्यद्रव्यसे बिल्कुल भिन्न—ऐसे पुद्गलकर्मका तो वह भी भोक्ता नहीं है, पुद्गलद्रव्य चैतन्यसे, द्रव्यसे, गुणसे और पर्यायसे सभी प्रकार भिन्न हैं; चैतन्यद्रव्यको जडद्रव्यका कर्ता मानना, ऐसा विकल्प करना वह उपचार है—अज्ञान है। आत्मा कर्मको ग्रहण नहीं करता, उत्पन्न नहीं करता, परिवर्तित नहीं करता।

कोई कहेगा कि चेतनकी प्रेरणा न हो तो कर्मको कौन ग्रहण करेगा? चैतन्य कर्मको प्रेरित करता है—ऐसा उसका अर्थ नहीं है परन्तु प्रेरणाका अर्थ मनन होता है, चैतन्य स्वत परिणामोंमें रागादि भावोंका मनन करता है वहाँ कर्म अपने आप बँध जाते हैं परन्तु आत्मा कहीं कर्ममे प्रविष्ट नहीं हो जाता।

जीवकी सत्तामे अजीव सत्ताका अभाव है, अनादिसे ऐसी पकड़ है कि यह बात जमना मुश्किल होता है। लोग कहते हैं कि—कर्म

आत्मा करता है और आत्मा भोगता है, परन्तु वास्तवमें आत्मा कर्म नहीं करता और न भोगता ही है। आत्मा कर्मको करता है और उसके फलको भोगता है—वैसा कहना निमित्तका कथन है—असद्भूत-व्यवहारका कथन है। कर्मोदयके समय होनेवाले हर्ष-शोकको आत्मा अज्ञान भावसे भोगता है परन्तु बाह्य संयोगोंको कोई भोग नहीं सकता और कर भी नहीं सकता तथापि उपचारसे कहा जाता है कि कर्म आत्माने किये और आत्माने भोगे ॥ १०७ ॥

अब, पूछते हैं कि यह उपचार किस प्रकार है? उसका उत्तर दृष्टान्त पूर्वक कहते हैं:—

जह राया ववहारा दोसगुणुप्पादगोत्ति आलविदो।
तह जीवो ववहारा दव्वगुणुप्पादगो भणिदो॥ १०८॥

यथा राजा व्यवहाराद्दोषगुणोत्पादक इत्यालपितः ।
तथा जीवो व्यवहाराद्द्रव्यगुणोत्पादको भणितः ॥ १०८ ॥

गुणदोषउत्पादक कहा ज्यों भूपको व्यवहारसे ।
त्यों द्रव्यगुणउत्पन्नकर्त्ता, जीव कहा व्यवहारसे ॥ १०८ ॥

अर्थ—जिस प्रकार राजाको प्रजाके दोष और गुणोंका उत्पादक व्यवहारसे कहा है, उसीप्रकार जीवको पुद्गल द्रव्यके द्रव्यगुणका उत्पादक व्यवहारसे कहा है।

जगत्मे कहावत चलती है कि "यथा राजा तथा प्रजा" तो क्या वह सच्ची है? वास्तवमें वह बात सच्ची नहीं है। राजा महान धर्मात्मा हो तथापि प्रजा राजाकी आज्ञामें नहीं चलती, किसी-किसी बातमें प्रजा विरोध भी करती है। राजा महान् अधर्मी होता है और प्रजा धर्म-परायण होती है, इसलिये जैसा राजा वैसी प्रजा कहाँ हुई? परन्तु व्यवहारसे राजा और प्रजामें सम्बन्ध है इससे व्यवहारसे ऐसा कहा जाता है कि जैसा राजा वैसी प्रजा; परन्तु यथार्थतया वैसा नहीं है।

प्रजा अच्छी हो और राजा महा अधर्मी होता है वह अपने पापके उदयका कारण है। इस पंचम कालमें तो ऐसा बहुत कुछ वर्तता रहता है; अभी इस पंचमकालमें मुनिके हाथमेसे आहार छीन लेनेवाले राजा होंगे; राजा अपने मन्त्रीसे पूछेगा कि अपनी प्रजामें कोई ऐसा मनुष्य है जो राज्यका कर न देता हो। तब मंत्री कहेगा कि हाँ! एक नग्न दिगम्बर मुनि हैं जिनके पास कुछ भी वस्तु नहीं है, वे बिल्कुल नग्न-दिगम्बर ही होते हैं; तब राजा कहेगा कि खाते तो होंगे न? जब वे खायें उनके आहारमेंसे एक पहला ग्रास ले लेना—ऐसा हुक्म राजा करेगा, इससे जब मुनिराज गृहस्थके यहाँ आहार लेने जायेंगे तब राजाके नौकर आयेंगे और जब गृहस्थ मुनिके हाथमे पहला ग्रास रखेगा कि राजाका नौकर उसे उठा लेगा, इससे मुनिको अन्तराय हो जायेगा और वे बिना आहार ग्रहण किये ही चले जायेंगे, पश्चात् मुनि जान लेंगे कि अब पंचमकालका अन्त आ चुका है—ऐसा जानकर मुनि उपवास करेंगे और समाधिमरण करके देवगतिको प्राप्त होंगे, और देवोंमेंसे कोई देव आकर राजाको मार डालेगा और वह मरकर नरक गतिमे जायेगा। मुनि देवसे मनुष्यका एक भव धारण करके उसी भवमे मुक्ति प्राप्त करेंगे।

व्यवहारसे ऐसा कहा जाता है कि यथा राजा तथा प्रजा, परन्तु वास्तवमें राजाके आत्माके गुण-दोष राजाके साथ व्याप्त होते हैं और प्रजाके उसके साथ।

जिसप्रकार प्रजाके गुण-दोषोंका व्याप्य-व्यापक प्रजाके साथ होनेके कारण स्वभावसे ही (प्रजाके अपने भावसे ही) उन गुण-दोषोंकी उत्पत्ति होनेसे—यद्यपि उन गुण-दोषोंको राजाको व्याप्य-व्यापकभावका अभाव है, तथापि 'उनका उत्पादक राजा है'—ऐसा उपचार किया जाता है।

राजाके गुण-दोषोंका और प्रजाके गुण-दोषोंका कुछ भी सम्बन्ध नहीं है, तथापि राजाको प्रजाके गुण-दोषोंका उत्पादक कहना सो उपचार है। जिसप्रकार लोकमें कहते हैं कि पिताकी शिक्षा पाये हुए

लड़के पिता जैसे ही होते हैं; परन्तु पिताकी शिक्षासे लड़के सुधरे हैं—ऐसा कहना व्यवहार है। वास्तवमें लड़कोंमें ही शिक्षा लेनेकी शक्ति थी इससे बुद्धिमान हुए हैं, बापका मात्र निमित्त हुआ। बाप और लड़के—सब सबके गुण-दोष अपने अपनेमे ही व्याप्त होते हैं, बापके गुण-दोष लड़केमें और लड़केके बापमें व्याप्त नहीं होते, बाप मरकर नरकमें जाये और लड़का स्वर्गमें तथा बाप स्वर्गमें जाये और लड़का नरकमें अथवा तो दोनों स्वर्गमें जायें या दोनों नरकमें—इसलिये बाप और लड़केके गुण-दोषोंका कोई मेल नहीं है।

बाप लड़केका या लड़का बापका—कोई किसीका कुछ नहीं सुधार सकता। स्वतः भाव अवश्य करता है कि लड़का अच्छी शिक्षा पा जाये तो अच्छा, उसके लिये अलग पैसा भी रख दे, मकान बनवा दे, पढ़नेके लिये रुपयोंकी व्यवस्था कर दे, अच्छी शिक्षा पाया हुआ लड़का हो तो ब्याह भी अच्छी जगह हो जाये—ऐसे भाव करे परन्तु स्वत' परका कुछ नहीं कर सकता। यदि बाप शिक्षा दे सकता हो तो कई लड़के शिक्षा देने पर भी नहीं सुधरते, इसलिये जो सुधरता है वह अपने ही शक्ति द्वारा सुधरता है और जो नहीं सुधरता वह अपनेसे ही नहीं सुधरता; उसमें तेरा कोई भी कारण नहीं है। स्वत. अपने द्वारा सुधरे तब सामनेवालेको मात्र निमित्त कहा जाता है; परन्तु वास्तवमे कोई किसीका कुछ नहीं कर सकता; लड़कोंको स्वयं जो बात जमती है उसे मानते हैं, तब तू कहता है कि मेरा कहना माना; वह मात्र भ्रांति है। जो अपनेको पसंद आये· रुचिकर दिखे वही सब मानते हैं, परन्तु वास्तवमे कोई किसीका नहीं मानता।

उसी प्रकार प्रजाके गुण-दोष राजामे व्याप्त नहीं होते और राजाके गुण-दोष प्रजामें व्याप्त नहीं होते, राजाके गुण-दोषोंका प्रजामें अभाव है और प्रजाके गुण-दोषोंका राजामें अभाव है; राजाके गुण-दोष राजामें है और प्रजाके प्रजामे; तथापि जैसा राजा वैसी प्रजा—वैसा कहना वह उपचार है। राजा अच्छा हो और प्रजा भी अच्छी हो तो वह प्रजा अपने कारण अच्छी होती है और राजा अच्छी

हो तथा प्रजा भी अधर्मी हो तो प्रजा अपने कारण अधर्मी होती है—राजाके कारण नहीं। जैसा राजा हो वैसी ही प्रजा होती है—ऐसा कोई नियम नहीं है, राजा अच्छा हो और प्रजा भी अच्छी होती है, राजा गुणी होता है और प्रजा दोषी होती है, राजा दोषी हो और प्रजा गुणी होती है, राजा दोषी होता है और प्रजा भी दोषी होती है—इसप्रकार चौभंगी है। इसलिये राजा जैसी प्रजा कहना मात्र उपचार है।

उसीप्रकार पुद्गल द्रव्यके गुण-दोषोंका और पुद्गलद्रव्यका व्याप्य-व्यापकभाव होनेके कारण स्वभावसे ही (पुद्गलद्रव्यके अपने भावसे ही) उन गुण-दोषोंकी उत्पत्ति होनेसे यद्यपि उन गुण-दोषोंको और जीवको व्याप्य-व्यापकभावका अभाव है तथापि—'उनका उत्पादक जीव है'—ऐसा उपचार किया जाता है।

जो आठ कर्म बँधते हैं उनका व्याप्य-व्यापकपना पुद्गल द्रव्यमे ही है, आठ कर्म बाँधनेकी शक्ति पुद्गल द्रव्यमें ही है, वह कर्मकी अवस्था आत्मा नहीं कर सकता। जिस प्रकार यह शरीर आत्मासे पृथक् वस्तु है उसीप्रकार कर्म भी आत्मासे पृथक् वस्तु है, आत्मा स्वतः अज्ञान-मिथ्यात्व और राग-द्वेषादिके विकारी भावोंको करता है, उन विकारी भावोंका निमित्त पाकर जड़ रजकणोंमे कर्मरूप अवस्था अपने आप ही होती है—इतना निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, उस स्वतंत्र निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध पर एकत्वबुद्धि करनेके कारण आत्मा कर्म करता है—ऐसा कहा जाता है परन्तु वह उपचार-कथन है अर्थात् वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है।

आत्माकी अवस्थामे जितनी शक्तिवाले राग-द्वेष होते हैं उसी प्रमाणमे नवीन कर्म बंधते हैं, वे अपनी स्वतंत्रतासे बंधते हैं, परमाणुओंमे भी अनन्त शक्ति है इसलिये वह अपने आप कर्मरूप परिणमित होते हैं, कर्म आत्माको खींचते हैं और आत्मा कर्मोंको खींचता है—ऐसा नहीं है, परन्तु आत्मा भी स्वतन्त्र वस्तु है और पुद्गल भी स्वतंत्र वस्तु है, जब आत्मामे राग-द्वेषके भाव होते हैं तब कर्मका

निमित्त होता है और पुद्गल कर्मरूप बंधता है तब आत्माके राग-द्वेषके भावोंका निमित्त होता है—ऐसा निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है। लोहचुम्बकमें ऐसी शक्ति है कि वह लोहेको खींचता है और लोहेमें खिचानेकी शक्ति है; यदि लोहेमें खिचनेकी शक्ति न हो और लोहचुम्बक ही उसे खींचता हो तो उसे लकड़ीको भी खींचना चाहिये; इसलिये लोहेमे ऐसी योग्यता है कि चुम्बकका निमित्त उपस्थिति पाकर वह खिच जाता है।

प्रश्न:—आत्माको दूसरी गतिमें तो कर्म ही खींच ले जाते हैं न?

उत्तर—दूसरी गतिमें जानेकी आत्माकी अपनी योग्यता है, अपनी क्रियावतीशक्तिकी योग्यताके कारण आत्मा दूसरी गतिमे जाता है; कर्म आत्माको नरकमें ले जाते हैं या स्वर्गमें ले जाते हैं—ऐसा कहना सो उपचाररूप व्यवहार है; आत्मा स्वतः अपने शुभाशुभभावोंकी योग्यताके कारण नरक या स्वर्गमे जाता है। लोग कहते हैं कि लड़की और गायको जहाँ ले जाओ वहाँ चली जाती है, उसीप्रकार जैसे आत्माने कर्म बांधे हो तदनुसार अपनेको भी जाना पड़ता है; परन्तु यह सब कथन उपचारसे है। आत्मा कर्मसे दबा हुआ नहीं है, अपनी योग्यताके कारण वह मनुष्य, तिर्यंच और स्वर्ग-नरकमे जाता है।

आत्मा पुद्गलकर्मकी क्रिया नहीं करता, आत्मा अपनी ज्ञान-क्रिया करता है; ज्ञानका साक्षीपना—उदासीनपना वह ज्ञानका सत्कार्य है। मैं अपनेरूप होनेवाला हूँ परन्तु पररूप होनेवाला नहीं हूँ—ऐसी श्रद्धा और ज्ञान करके ज्ञानमें स्थिर रहना वह ज्ञानका सत्कार्य है; परके कार्यरूप न होना और अपने कार्यरूप होना वह ज्ञानका सत्-कार्य है।

राजा प्रजाके गुण-दोषोंका उत्पादक है—ऐसा व्यवहारसे कहा जाता है परन्तु वास्तवमें राजा प्रजाके गुण-दोषोंका उत्पादक नहीं है। अच्छे राजासे प्रजा भी अच्छी होती है—ऐसा कहना मात्र उपचार है; अच्छे राजाके कारण प्रजा अच्छी नहीं होती परन्तु प्रजा स्वतः

अपनेसे ही अच्छी होती है। उसीप्रकार पुद्गलकर्मके गुण-दोषोंको आत्मा नहीं करता, आत्मा अपने भावोंको करता है। पुद्गलकर्मको नहीं करता तथापि पुद्गलकर्म आत्माने किये-ऐसा कहना मात्र उपचार है।

अब आगेकी गाथाकी सूचनारूप काव्य कहते हैं:—अमृतचन्द्राचार्यदेवने गाथाके साथ कलशकी सन्धि की है।

(वसंततिलका)

जीवः करोति यदि पुद्गलकर्म नैव,
कस्तर्हि तत्कुरुत इत्यभिशंकयैव।
एतर्हि तीव्ररयमोहनिवर्हणाय
संकीर्त्यते शृणुत पुद्गलकर्मकर्तृ ॥ ६३ ॥

अर्थ:—'यदि जीव पुद्गलकर्मको नहीं करता, तो उसे कौन करता है?' ऐसी आशंका करके, अब, तीव्र वेगवाले मोहका (कर्ता-कर्मपनेके अज्ञानका) नाश करनेके लिये पुद्गलकर्मका कर्ता कौन है वह कहते हैं, उसे (हे ज्ञानके इच्छुक पुरुषो!) तुम सुनो।

शिष्य पूछता है कि आठ कर्मोंको मैं करता नहीं हूँ, उसे मैं परिवर्तित नहीं करता तो उन्हें कौन करता है? यदि आत्मा आठ कर्मोंकी अवस्थाको न करे तो कर्म कैसे बंधे-वह कहिये? प्रभो! हम कर्मोंको नहीं जानते थे, शास्त्रोंने कहा कि कर्म हैं, तब हमने जड़ कर्मोंको जाना; और आप तो कहते हैं कि तू जड़ कर्मोंका रचयिता नहीं है, तो उनका रचनेवाला कौन है? पुद्गलकर्मका कर्ता कौन है वह कहिये? इसप्रकार शिष्य आशंका करता है। आचार्यदेव कहते हैं कि—'शृणुत' अर्थात् सुनो! रागादि और परमें कर्ताबुद्धि वही तीव्र मोह है और उस तीव्र मोहका नाश करनेके लिये हे ज्ञानके इच्छुक पुरुषो! तुम सुनो! अंतरमें क्या गड़बड़ होती है उसे सुनो! तीव्र वेगवाले मोहका नाश करनेके लिये पुद्गलकर्मका कर्ता कौन है—वह कहते हैं ॥ १०८ ॥

पुद्गल कर्मका कर्ता कौन है वह अब कहते हैं:—

सामण्णपच्चया खलु चउरो भण्णंति बंधकत्तारो ।
मिच्छत्तं अविरमणं कसायजोगा य बोद्धव्वा ॥ १०९ ॥
तेसिं पुणो वि य इमो भणिदो भेदो दु तेरसवियप्पो ।
मिच्छादिट्ठीआदी जाव सजोगिस्स चरमंतं ॥ ११० ॥
एदे अचेदणा खलु पोग्गलकम्मुदयसंभवा जम्हा ।
ते जदि करेंति कम्मं ण वि तेसिं वेदगो आदा ॥ १११ ॥
गुणसण्णिदा दु एदे कम्मं कुव्वंति पच्चया जम्हा ।
तम्हा जीवोऽकत्ता गुणा य कुव्वंति कम्माणि ॥ ११२ ॥

सामान्यप्रत्ययाः खलु चत्वारो भण्यंते बंधकर्तारः ।
मिथ्यात्वमविरमणं कषाययोगौ च बोद्धव्याः ॥ १०९ ॥
तेषां पुनरपि चायं भणितो भेदस्तु त्रयोदशविकल्पः ।
मिथ्यादृष्ट्यादिः यावत् सयोगिनश्चरमांतः ॥ ११० ॥
एते अचेतना खलु पुद्गलकर्मोदयसंभवा यस्मात् ।
ते यदि कुर्वंति कर्म नापि तेषां वेदक आत्मा ॥ १११ ॥
गुणसंज्ञितास्तु एते कर्म कुर्वंति प्रत्यया यस्मात् ।
तस्माज्जीवोऽकर्ता गुणाश्च कुर्वंति कर्माणि ॥ ११२ ॥

सामान्य प्रत्यय चार, निश्चय बंधके कर्ता कहे ।
--मिथ्यात्व अरु अविरमण, योगकषाय ये ही जानने ॥ १०९ ॥
फिर उनहिंका दर्शा दिया, यह भेद तेर प्रकारका ।
--मिथ्यात्व गुणस्थानादि ले, जो चरमभेद सयोगिका ॥ ११० ॥
पुद्गलकरमके उदयसे, उत्पन्न इससे अजीव वे ।
वे जो करें कर्मों भले, भोक्ता भि नहिं जीवद्रव्य है ॥ १११ ॥

परमार्थसे 'गुण' नामके, प्रत्यय करें इन कर्मको ।
तिससे अकर्त्ता जीव है, गुणथान करते कर्मको ॥ ११२ ॥

अर्थः—चार सामान्य प्रत्यय* निश्चयसे बन्धके कर्ता कहे जाते हैं —मिथ्यात्व, अविरमण तथा कषाय और योग (यह चार) जानना। और फिर उनका, यह तेरह प्रकारका भेद कहा गया है—मिथ्यादृष्टि (गुणस्थान)से लेकर सयोग केवली (गुणस्थान) तकका। यह (प्रत्यय अथवा गुणस्थान) जो कि निश्चयसे अचेतन हैं, क्योंकि पुद्गल-कर्मके उदयसे उत्पन्न होते हैं, वे यदि कर्म करें तो भले करें; उनका (कर्मोंका) भोक्ता भी आत्मा नहीं है। जिससे यह 'गुण' नामके प्रत्यय कर्म करते हैं उससे जीव तो कर्मका अकर्ता है और 'गुण' ही कर्मोंको करते हैं। जीव अज्ञानसे ही आस्रवको जीव मान लेता है जो अनात्मा है उसका कर्ता-भोक्ता बनता है वह जीव नहीं है जीव तो रागादिका अकारक है।

सामान्य प्रत्यय अर्थात् आस्रव भगवानने चार कहे हैं; आस्रव अर्थात् कर्मबन्धके कारण-मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग यह चार। शुभाशुभरागका स्वामित्व होना, पुद्गलमें सुखबुद्धि होना वह भ्रांति है—मिथ्यात्व है, मैं किसीका कल्याण करता हूँ और कोई मेरा कल्याण करता है—ऐसी मान्यता मिथ्यात्व है, आत्मा अखण्ड ज्ञायक-मूर्ति है उसे भूलकर जो शरीर है सो मैं हूँ—वाणी मैं हूँ, मन मैं हूँ, शुभाशुभ परिणाम मैं हूँ—ऐसी मान्यता सो मिथ्यात्व है; परवस्तुमें आसक्ति सो अविरति है, परवस्तुमे प्रीतिका अत्यागभाव सो अविरति है, क्रोध-मान-माया-लोभ वह कषाय है, आत्मप्रदेशोंका कम्पन सो योग है,—यह चार प्रकार कर्म बन्धके कारण है और इनका विशेष भेद तेरह प्रकारका है, मिथ्यात्व गुणस्थानसे लेकर सयोगकेवली (गुणस्थान) तकके आस्रव पुद्गल करता है। यह तेरह गुणस्थान पुद्गलकर्मके उदयसे उत्पन्न होते हैं वह अचेतन है; वे कर्म करें तो भले करें किन्तु उन द्रव्यकर्म-भावकर्मोंका कर्ता-भोक्ता और स्वामी भी आत्मा

* प्रत्यय = कर्मबन्धके कारण अर्थात् आस्रव।

नहीं है—आत्मा तो अकर्ता है। कषाय और योगके चार प्रकार हैं और उनके विशेष प्रकार तेरह हैं वे सभी जड़ हैं। मिथ्यात्व, सासादन, मिश्र, अविरति, देशविरति, प्रमत्तसंयत, अप्रमत्तसंयत, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्मसांपराय, उपशांतमोह, क्षीणमोह, सयोगकेवली-यह तेरह गुणस्थान कर्मके निमित्तकी अपेक्षा रखते हैं इसलिये जड़ हैं। भगवान आत्मा तो अखण्ड ज्ञायकमूर्ति है।

शिष्यने प्रश्न किया था कि प्रभो! कर्मोंका कर्ता कौन है? शिष्य पूछते-पूछते यहाँ तक आया है कि शरीरादिकी क्रिया तो आत्मा नहीं करता परन्तु सूक्ष्म कर्मों और रागादि भाव आस्रवोंकी अवस्था भी आत्मा नहीं करता, तब फिर उसे कौन करता है? आचार्यदेवने ऐसा उत्तर दिया है कि चैतन्यमें भेद करना वह तेरा स्वरूप नहीं है तू तो अखण्ड ज्ञायकमूर्ति है। कर्म, चार द्रव्यास्रव और तेरह गुणस्थानों द्वारा बँधते हैं, वह बँधन भी अल्पकाल रहेगा क्योंकि वह तेरा अभेद स्वरूप नहीं है,—भेदविज्ञान द्वारा-ऐसी आचार्यदेवने संधि की है।

आचार्यदेवने कहा कि वास्तवमे राजा प्रजाके गुण-दोषोंका उत्पादक नहीं है, उसीप्रकार आत्मा वास्तवमें कर्मोंका उत्पादक नहीं है तो कर्मोंका उत्पादक कौन है? चैतन्यराजाके साथ कर्म बंधते हैं उनका कर्ता कौन है? ऐसी उसे तीव्र जिज्ञासा हुई है तो अब कहते हैं कि शुद्ध नयके विषयभूत तेरा आत्मा शुद्ध है, तेरे आत्मामें किंचित् दोष नहीं है—ऐसी प्रथम श्रद्धा कर! तेरा आत्मा अखण्डानन्द है ऐसी एकबार श्रद्धा कर! अपने स्वभावका वास्तवमें तू कर्ता है, अन्य कोई नहीं। तू अपने अनन्तगुणोंके पिण्डस्वरूप चैतन्यस्वभावरूप ज्ञानमात्रका कर्ता है-ऐसा यदि एकबार भी तुझे यथार्थरूपसे जम गया तो अल्पकालमें तेरी मुक्ति है।

भाई! चैतन्य आनन्दमें रागादिका, कर्मोंका, कर्ता-भोक्ताका भेद करना, वह तेरा स्वरूप नहीं है। आचार्यदेव शिष्यसे कहते हैं तू मिथ्यात्व अवस्थामें स्थित है तथापि मिथ्यात्वादि आस्रव तेरा स्वरूप नहीं है;

और उसके वादका श्रावकत्व, मुनित्व इत्यादि भेद तेरा वास्तविक अखण्ड स्वरूप नहीं है—ऐसी एकबार श्रद्धा कर! परमार्थकी पूछता हो तो हम कहते हैं कि रागादिका अकारक नित्य स्थायी अभेद स्वरूपकी श्रद्धा कर।

शिष्यने उल्लसित होकर पूछा कि आठ कर्म रजकणोंका कर्ता आत्मा नहीं है तो कौन है? शिष्यको उसे समझनेकी आकांक्षा हुई है। आचार्यदेव कहते हैं कि तू कर्मका कर्ता नहीं है; तेरा अखण्ड स्वरूप कर्मका कर्ता नहीं है परन्तु तेरह गुणस्थान कर्मके कर्ता हैं। तेरे स्वरूपमें भ्रान्ति तीनकालमें भी नहीं है; यदि तेरे ध्रुव स्वरूपमें भ्रान्ति हो तो वह कभी दूर नहीं होगी इसलिये तू तो निर्विकल्प विज्ञानघन-वीतराग है—ऐसी एकबार तो हाँ कह! श्रद्धामें अन्य सब छोड़ दे! रख दे एक ओर! जिसे सत्समागममें आकर समझनेकी जिज्ञासा हुई है उसे आचार्यदेव समझाते हैं। तेरा ज्ञानस्वभाव कहीं जड़कर्मकी अवस्था होनेमें निमित्त होगा? आत्मा ज्ञाताशक्तिवाला तत्त्व है वह परमार्थदृष्टिसे-यथार्थदृष्टिसे-निश्चयदृष्टिसे जड़कर्मोंको नहीं करता।

आठ कर्मोंकी अवस्था होनेमें जड़ कारण है,—चैतन्य कारण नहीं है। तेरह गुणस्थानोंको यहाँ पर जड़ कहा है और वे तेरह गुणस्थान जड़के कर्ता हैं—ऐसा कहा है। यथार्थदृष्टिकी-द्रव्यदृष्टिकी यह बात है। एक ओर चैतन्यदल और दूसरी ओर जड़दल—इस प्रकार दो भाग कर दिये हैं। एकरूप त्रैकालिक चैतन्यस्वभाव आत्मा है उसमें संसार-आस्रवको उत्पन्न करनेकी योग्यता नहीं है अतः एक ओर राम (चैतन्य-मात्र जीवतत्त्व) दूसरी ओर सारा ग्राम (आस्रवतत्त्व)।

वास्तवमें पुद्गलद्रव्य ही एक पुद्गलकर्मका कर्ता है; उसके विशेष-मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग, बंधके सामान्य हेतु होनेसे चार कर्ता हैं, उन्हींको भेदरूप किये जानेसे (अर्थात् उन्हींके भेद किये जानेसे), मिथ्यादृष्टिसे लेकर सयोगकेवली तकके तेरह कर्ता हैं। अब, जो पुद्गलकर्मके विपाकके प्रकार होनेसे अत्यन्त अचेतन हैं—ऐसे यह

तेरह कर्ता ही मात्र व्याप्य-व्यापकभावसे पुद्गलकर्मको यदि कुछ करें सो भले करें; इसमें जीवको क्या आया? (कुछ भी नहीं।)

भ्रांति, आसक्ति, कषाय और योग—वे नवीन बंधके सामान्य अर्थात् संक्षेपसे हेतु हैं—कारण हैं। जड़का कारण जड़ होता है। यहाँ विकारी परिणामोंको भी जड़ कह दिया है। हेतु अर्थात् निमित्त; नवीन आठ कर्म बाँधनेके संक्षेपसे चार निमित्त कारण है और विशेष-प्रकारसे तेरह कारण हैं; तेरहों गुणस्थान चैतन्यका कर्तव्य नहीं है, जड़का कर्तव्य है,—ऐसा यहाँ कह दिया है। कारण कि जीवका स्वरूप-लक्षण चेतना है, आस्रवका लक्षण मिथ्यात्वादि है अतः दोनों भिन्न स्वरूप होनेसे कर्ता-कर्मपना नहीं है, अज्ञानवश अपनेको आस्रव तत्त्व मानता है वह कर्ता मानता है।

गुणस्थानकी व्याख्यामें चौदहों गुणस्थान आ जाते हैं, परन्तु चौदहवें गुणस्थानमें कर्म नहीं बन्धते इससे यहाँ तेरह गुणस्थान लिये हैं। उन तेरह गुणस्थानोंमें अनुक्रमसे मिथ्यात्व-अव्रत-कषाय और योगकी अपेक्षा है। जिस गुणकी पर्याय प्रगट हो वह तो चैतन्यका अपना स्वतत्त्व है, परन्तु उस क्षणिक पर्याय जितना सम्पूर्ण चैतन्यका स्वरूप नहीं है। उस पर्याय पर लक्ष डालनेसे राग आता है, भेद पड़ते हैं, और शुद्धनयके विषयभूत निज अखण्ड चैतन्य पर दृष्टि डालनेसे वीतरागपर्याय प्रगट होती है, इसलिये यहाँ द्रव्यदृष्टि-अभेददृष्टि करानेकी बात है।

अपूर्ण पर्यायके साथ राग जुड़ा होता है, उस अपेक्षासे गुणस्थानको भी जड़ कह दिया है परन्तु वास्तवमें कहीं गुणस्थानकी पर्याय जड़ नहीं है। तेरहवें सयोगीकेवली गुणस्थानमें भी अपूर्ण पर्याय है—अकम्पपना प्रगट नहीं हुआ है, योगका कम्पन हो रहा है इससे उपचारसे सयोगीकेवली गुणस्थानको जड़ कह दिया है; परन्तु वह कहीं वास्तवमें जड़ नहीं है; वह तो आत्माकी बहुत गुणोंकी निर्मल पर्याय है परन्तु जो योगका कम्पन है वह विकारी है; जड़ निमित्तके संपर्कसे होनेवाला भाव भी जड़ है, विकार जड़ है इसलिये गुणस्थान भी जड़

है—वैसा आचार्यदेवने कह दिया है; तेरह गुणस्थानोंके भंग कर्मके निमित्तसे पड़ते हैं, कर्म जड़ हैं इसलिये उस अपेक्षासे गुणस्थानको जड़ कहा है। अपूर्ण-पूर्ण पर्यायके भंग शुद्ध द्रव्यदृष्टिमें नहीं हैं, शुद्ध अखण्ड निरपेक्ष वस्तुमें अपूर्णत्व और पूर्णत्वकी अपेक्षा लागू नहीं होती, वह सब अपेक्षाएँ पर्यायदृष्टिसे हैं। अपूर्ण पर्याय पर लक्ष डालनेसे राग आता है, निम्नदशामें अपूर्ण पर्यायके साथ राग होता है, इससे ऐसा कहा है कि गुणस्थान कर्मको करते हैं; परन्तु वास्तवमें गुणस्थान कर्मको नहीं करते, किन्तु जो राग शेष रहा है वह कर्मबन्धमें जड़कर्म निमित्त होता है। राग चैतन्यकी विकारी अवस्था है, वह अपने पुरुषार्थकी मन्दतासे होता है, परन्तु वह चैतन्यका वास्तविक स्वभाव नहीं है, विपरीत स्वभाववाला-परोन्मुखताका भाव है। मिथ्यात्व-रागादि आस्रवतत्त्व हैं, वह अपना चैतन्यभाव नहीं है इसलिए रागादिको जड़ कह दिया है, और गुणस्थानके विकल्पको भी इस प्रकार जड़ कहा है। तेरहों गुणस्थानके भंग कर्मकी अपेक्षासे पड़ते हैं इसलिये उन सबको जड़ कह दिया है। आत्मा सदा ज्ञातास्वरूप है, रागादि आस्रव स्वरूप नहीं है, आठ कर्मोंके बाँधनेमें सम्यग्दृष्टि जीव निमित्त नहीं है, मिथ्यादृष्टि अपनेको निमित्त कर्ता मानता है।

शिष्य मिथ्यात्व गुणस्थानमें स्थित है, तथापि आचार्यदेव कहते हैं कि मिथ्यात्वसे लेकर तेरहों गुणस्थान जड़ हैं जीव नहीं हैं। शिष्य मिथ्यात्व गुणस्थानमें स्थित है तथापि 'वह अवस्था जड़ है, तेरा ध्रुवरूप चैतन्यद्रव्य उससे पृथक् है—ऐसा भान कर'—ऐसा आचार्यदेव कहते हैं। जो जागृत हुआ है उसकी यह बात नहीं है, परन्तु जो अभी जागृत नहीं हुआ है परन्तु मात्र संतकी जिज्ञासा हुई है कि आत्मा क्या है? उसे समझाते हैं कि तेरा आत्मा पर-जड़का निमित्तरूपसे भी कर्ता नहीं है किन्तु तेरह गुणस्थान कर्मके कर्ता हैं।

जिसे जड़से पृथक् होनेकी जिज्ञासा है उसे समझाते हैं कि मिथ्यात्व, अव्रत, कषाय और योग तेरे स्वभावमें नहीं हैं, वे एक क्षणपर्यंत हैं, वे अल्पकाल तक भले हों परन्तु यदि तू आत्माका निःशंक

भान करके उसमें स्थिर हो जा तो क्षणभरमें दूर हो जायेंगे।

यह तेरहों कर्ता व्याप्य-व्यापकभावसे पुद्गलकर्मको कुछ भी करें तो भले करें उसमें जीवको क्या आया? यहाँ गुणस्थानके साथ शेष रहे जो कषाय और योगकी पर्याय है वह चैतन्यकी अवस्थामें होती है परन्तु वह चैतन्यका स्वभाव नहीं है, वह जड़की ओरका भाव है इससे उसे जड़ कह दिया है; इससे तेरह कर्ता व्याप्य-व्यापकभावसे पुद्गलकर्मको करते हैं—ऐसा कहा है, और वे अत्यन्त अचेतन हैं—ऐसा आचार्यदेवने कहा है। कषाय और योगके परिणाम होनेमें पुराने कर्मोंका निमित्त है इससे पुराना कर्म फैलकर नवीन कर्मको बाँधता है, इसप्रकार पुराने और नवीन कर्मोंका व्याप्य-व्यापकपना है। कषाय और योगके निमित्तसे नवीन कर्म बँधते हैं और कषाय तथा योगके परिणाम होनेमें पुराने कर्मोंका निमित्त है; इसप्रकार पुराने और नवीन कर्मोंमें व्याप्य-व्यापकता है; पुराने कर्मकी अवस्था किंचित् बढ़कर नवीन कर्म बँधता है। पुराने कर्मकी अवस्था किंचित् बढ़कर नवीन कर्म बँधे तो भले बँधे, परन्तु उसमें जीवको क्या आया? कुछ भी नहीं जीव तो अकर्ता है।

शिष्यने ज्ञानीके निकट सुना कि आत्मा परसे निराला है, वह कर्मका कर्ता नहीं है, तो फिर शिष्य पूछता है कि-यह नवीन कर्म बन्ध होता है इसका कारण क्या है? श्रीगुरु उससे कहते हैं कि पुराना कर्म किंचित् बढ़कर नवीन कर्म बन्धता है।

शिष्यको अन्तरंगमें जिज्ञासा हुई है कि—नवीन कर्म बन्धनेमें आत्माका हाथ नहीं है, नवीन कर्मकी अवस्था होनेमे आत्मा युक्त नहीं होता,—ऐसा आप कहते हो तो फिर नवीन कर्म तो बन्धता है उसका क्या किया जाये? शिष्यकी समझनेकी जिज्ञासा हुई है; अभी भ्रांति दूर नहीं हुई है, तथापि समझनेका इच्छुक है; अतः श्रीगुरु कहते हैं कि जो नवीन कर्म बन्धते हैं वे पुराने कर्मोंकी जाति बढ़नेसे बन्धते हैं, उनके बन्धनेमें कर्मका कारण है—तेरा द्रव्यस्वभाव कारण नहीं है। यह बात जिसे अन्तरमें जमती है उसे यथार्थ समझमें आता है।

अज्ञानी मानता है कि मैं नवीन कर्म होनेमें निमित्त हूँ, परन्तु

ज्ञानीकी दृष्टि पलट जाती है; परके ऊपर लक्ष न करे-विकार पर लक्ष न करे—खण्ड पर लक्ष न करे परन्तु अखण्ड पर लक्ष करे तो तेरहों गुणस्थान अचेतन हैं। वे कर्मोंको करें तो भले करें परन्तु उसमें तेरा किंचित् हाथ नहीं है, पुरुषार्थकी मन्दता-अपूर्ण पर्याय भी तेरे अखण्ड पूर्ण स्वभावकी अपेक्षासे परमे जाते हैं; वह हैं तो चैतन्यकी पर्यायें परन्तु उनमें कर्मकी अपेक्षा आती है इसलिये उन्हें पर कहा है, मात्र सम्पूर्ण-परिपूर्ण निर्मल चैतन्यदल आचार्यदेवने कहा है, अपूर्ण-विकारी पर्यायको गौण करके जड़ कह दिया है, यह वस्तु दृष्टिकी बात है। इस गाथामे पर्यायदृष्टिको गौण करके द्रव्यदृष्टिकी मुख्यतासे बात है। निमित्त-नैमित्तिकका व्यवहार पर्यायमें है उसे सामने रखनेसे अर्थात् उस पर्याय भेदके सन्मुख दृष्टि रखनेसे असली वस्तुस्वभावकी महिमा और श्रद्धान नहीं होगी, जैसे आँखकी आड़में तृण रखनेसे सामनेवाली वस्तु ठीक नहीं दिखती।

शुद्ध नयके विषयभूत चैतन्यमें विकार नहीं है इसलिये विकार जड़के घरका है, तू तो नित्य अखण्ड पूर्ण ज्ञायक है—वैसी दृष्टि कर। पश्चात् अल्पकाल तक कर्म बंधें तो भले बंधे, परन्तु उसमें तेरी दृष्टिको अड़चन नहीं है; चैतन्यकी अखण्ड दृष्टिमे ऐसा बल है कि अल्पकालमें राग-द्वेषकी पर्याय हटाकर स्थिरतामें वृद्धि करके क्रमश मुक्ति पर्याय प्रगट होगी।

आठ नवीन कर्मोंको, पुराने कर्म करें तो भले करें—ऐसा आचार्यदेवने कहा है, उसका अर्थ ऐसा नहीं लेना कि पुराने कर्म नवीन कर्मोंको ज्योंके त्यों करते ही रहते हैं, संतान प्रवाहकी संधि चलती ही रहती है और भी नहीं छूटती-ऐसी बात नहीं है, यहाँ तो इस अपेक्षासे बात है कि दो द्रव्य पृथक् हैं—ऐसी दृष्टि कर। स्वसन्मुख होकर दो द्रव्योंके पृथक्त्वकी दृष्टि करे तो क्रमशः स्थिरता बढ़कर कर्म छूट ही जायेंगे।

शिष्यने पूछा कि प्रभो! यह आठ कर्म बंधते हैं उन्हें कौन बांधता है? आत्मा कर्म बांधता नहीं है, ऐसा आप कहते हैं, परन्तु

आठ कर्म बँधते तो हैं? श्रीगुरु कहते हैं कि देख भाई! तेरह गुणस्थान अत्यंत अचेतन–जड़ हैं; उन गुणस्थानोंमें जो कषाय और योग विद्यमान है वह विकारी पर्याय है उसमे पुराने कर्मोंका निमित्त है इसलिये वह पुराने कर्म नवीन कर्मोंको करते हैं। गुणस्थानके भंग पड़नेमें कर्मकी अपेक्षा है, उतना मात्र आत्माका परिपूर्ण अखण्ड स्वरूप नहीं है, वह गुणस्थानकी पर्याय खण्डवाली है, उस पर लक्ष डालनेसे राग आता है। उसके खण्ड होनेमें कर्मके सद्भाव और अभावकी अपेक्षा है। कर्म जड़ है इसलिये उनके निमित्तसे पड़नेवाले गुणस्थान भंगी भी जड़ हैं। उन तेरह गुणस्थानोंके साथ विद्यमान जो कषाय और योग हैं वे कर्मोंको बाँधते हैं–इसप्रकार वे तेरह गुणस्थान कर्मोंके कर्ता हैं कषाय और योगमें पुराने कर्मोंका निमित्त है इसलिये पुराने कर्म बढ़कर नवीन कर्म बँधते हैं।

हे शिष्य! तू अपने ज्ञानस्वभाव पर लक्ष रख, वह तेरे हाथकी बात है; तेरा स्वभाव कर्मके संयोगसे, भ्रांतिसे, अज्ञानसे, कषायसे, योगसे पर है—ऐसे अपने द्रव्यस्वभाव पर दृष्टि डाल तो तेरह गुणस्थानोंका विकार–भेद जड़ है, अपने अखण्ड स्वभावको लक्षमें ले तो निमित्तरूपसे भी तू कर्ता नहीं है—ऐसा सिद्ध हुआ।

जड़की अवस्था आत्मा नहीं करता और आत्माकी अवस्था जड़ नहीं करता; वास्तवमें वे तेरह भेद जड़ हैं उन विकार भेदोंका कर्तृत्व छुड़ानेके लिये ऐसी बात की है। ऐसा नहीं कहा है कि वे तेरह विकार तुझमें होते रहें और तेरी पर्यायमे कुछ भी हानि नहीं है—यह तात्पर्य नहीं हैं। यहाँ द्रव्यदृष्टि करना है, तथापि अवस्थामे जो विकार होता है, अवस्था अपूर्ण है वह लक्ष्यमें रखना, यदि वह लक्ष न हो तो द्रव्य-दृष्टि भी मिथ्या है। दृष्टिके साथ अपूर्ण–विकारी पर्यायका ज्ञान भी होता है; यदि प्रमाण ज्ञान हो तभी दृष्टि सच्ची है।

अब यहाँ तर्क है कि "पुद्गलमय मिथ्यात्वादिका वेदन करता हुआ (भोगता हुआ) जीव स्वतः ही मिथ्यादृष्टि होकर पुद्गलकर्मको करता है।"

शिष्य पूछता है कि भगवान्! यदि आत्मा मिथ्यात्वादि तेरह गुणस्थानोंको नहीं करता है तो फिर यह मिथ्यात्वादि, हर्ष–शोक इत्यादि भावोंका भोक्तृत्व दिखाई देता है—उसका क्या? समाधानमें कहा है कि वास्तवमें यह प्रश्न अविवेक है कारण कि मिथ्यात्वादि आस्रवको वेदे उसे हम जीव नहीं कहते एक ओर चेतन द्रव्यदृष्टि और दूसरी ओर पुद्गल द्रव्यदृष्टि है आस्रवका निमित्त-नैमित्तिक भेद पुद्गलमे है।

शिष्य जिज्ञासु होकर पूछता है, समझनेका इच्छुक होकर पूछता है कि यदि उन भावोंका कर्ता आत्मा नहीं है तो उसके वेदनमे शांति आना चाहिये न? कर्तृत्वका भाव छूट गया तो भोक्तृत्वके वेदनमे शांति होना चाहिये न? पहला प्रश्न शिष्यका कर्तृत्वका था अर्थात् परका अकर्ता होनेका था, स्वभावका कर्ता होनेका था। अब यह दूसरा प्रश्न भोक्तृत्वका है अर्थात् परभावोंका भोक्तृत्व छूटकर स्वभावका वेदन करनेकी ओरका है; इससे पूछता है कि आठ कर्मोके बन्धनमें आत्माकी निमित्तरूपसे उपस्थिति भी नहीं है तो आत्माको शांतिका वेदन होना चाहिये। यह अज्ञानीका तर्क है परन्तु सत्की ओर ढलनेके लिये है।

शिष्य कहता है कि प्रभो! उन मिथ्यात्वादि भावोंको जड़ कहा है, परन्तु उनका वेदन तो आत्माको होता है। यदि वे जड़ हों तो आत्माको उनका वेदन कैसे हो? यदि मैं विकाररूप, मिथ्यात्वरूप, राग-द्वेषकी अवस्थारूप होनेवाला न होऊँ तो यह जो विकारका वेदन मेरी अवस्थामें होता है यह क्या है? भोक्ताके भावको कौन करता है?

श्रीगुरु कहते हैं कि हे भाई! तेरा यह तर्क वास्तवमे अविवेक है, क्योंकि आस्रवोंके साथ जीवके व्याप्य–व्यापक भावका अभाव होनेसे आत्मा निश्चयसे पुद्गल द्रव्यमय मिथ्यात्वादिका भोक्ता भी नहीं है, तो फिर पुद्गल कर्मोंका कर्ता तो होगा ही कहाँसे? हे भाई! तुझे पृथक् करना नहीं आता है इसलिये तुझे ऐसा लगता है कि मिथ्यात्वादि भावोंका वेदन मैं करता हूँ—वह तेरा अविवेक है; आत्मा वास्तवमें

कर्ता भी नहीं है और भोक्ता भी नहीं है। हर्ष-शोकके भावोंका वेदन आत्माके स्वभावमें नहीं है क्योंकि भाव्य जो विकार है। वह आस्रव तत्त्व है उसका ध्रुवस्वभावमे अभाव है; विकारी भावोंका वेदन स्वभावमें नहीं है तो फिर भोक्तृत्व कहाँसे होगा? यहाँ ध्रुव वस्तु-दृष्टिकी बात है, अवस्थादृष्टिसे अज्ञानरूपसे करे और भोगे उसे अनात्मा कहते हैं उसकी बात इस गाथामेंसे निकाल दी है। परोन्मुखता वाला भ्रांतिका भाव और राग-द्वेषका भाव वह सब भाव आत्मामें नहीं हैं, द्रव्यदृष्टिसे आत्मा उनका कर्ता-भोक्ता नहीं है, परन्तु अज्ञान अवस्थासे कर्तृत्व-भोक्तृत्व माना है कि परको मैं करता हूँ और मैं भोगता हूँ। हर्ष-शोकको मै करता हूँ और मैं भोगता हूँ परन्तु एकरूप ज्ञायक-स्वभावकी दृष्टि और ज्ञान अवस्था होनेसे विकारी भावोंका कर्तृत्व और भोक्तृत्व छूट जाता है।

शिष्यने पूछा था कि यह जो हर्ष-शोकका वेदन होता है उसका क्या समझना? उसका श्री गुरुने उत्तर दिया है कि भोक्तृत्व अज्ञानसे भासित होता है, परन्तु वास्तवमें आत्मा भोक्ता नहीं है तब फिर कर्ता तो होगा ही कहाँसे? भाव्य-भावकभावका अभाव होनेसे परके भोक्तृत्वकी बुद्धि छूट जाती है, पश्चात् अल्प अस्थिरता शेष रहती है वह गौण है उसे यहाँ नहीं लिया है।

पुद्गलद्रव्यमय चार सामान्य प्रत्ययोंके भेदरूप तेरह विशेष प्रत्यय जो कि 'गुणस्थान' शब्दसे कहे जाते हैं (अर्थात् जिनका नाम गुणस्थान है) वे ही केवल कर्मोको करते हैं, इससे जीव पुद्गल कर्मोका अकर्ता है 'गुणस्थान' ही उनका कर्ता है, और वह 'गुणस्थान' तो पुद्गलद्रव्य ही है, इससे ऐसा सिद्ध हुआ कि पुद्गल कर्मोका कर्ता पुद्गल द्रव्य ही है।

मोह और योगके कारण गुणस्थानके चौदह प्रकार होते हैं, वह आत्माका अखण्ड स्वरूप नहीं है, मोह और योग विकारी पर्यायें हैं—आत्माका स्वभाव नहीं है। अपने पुरुषार्थकी मन्दतासे

परोन्मुखताका भाव है इसलिये वह परका है, जड़का है इससे जड़ उसका कर्ता है। मोह और योगसे कर्म बँधते हैं तथा वे मोह और योग जड़के निमित्तसे होते हैं इसलिये उन्हें जड़ कहा है। इसप्रकार जड़कर्मका कर्ता जड़ है। पुराना कर्म कुछ बढ़कर नवीन कर्म बँधता है, पुरुषार्थकी मन्दता इत्यादि पर्यायें कर्मकी अपेक्षा रखती हैं इसलिये वह आत्माका अखण्ड स्वरूप नहीं है; है तो चैतन्यकी पर्यायें परन्तु कर्मकी अपेक्षा रखती हैं इसलिये उन्हें पर कह दिया है। एक ओर पूर्ण शुद्ध चैतन्यदल और दूसरी ओर सम्पूर्ण पुद्गलका दल—इसप्रकार दो भाग कर दिये हैं।

गुणस्थानके प्रकार, भंग-भेद वे सब अखण्ड चैतन्यस्वरूपमें नहीं है, पर अपेक्षितदृष्टिसे—पर्यायदृष्टिसे—भंगदृष्टिसे गुणस्थानके प्रकार चैतन्यकी पर्यायमें हैं अवश्य, परन्तु अखण्ड परिपूर्ण वस्तुदृष्टि उन्हें स्वीकार नहीं करती। अखण्ड परिपूर्ण वस्तुमें यदि वास्तवमें अपूर्णत्व हो तो वस्तुका परिपूर्ण वस्तुत्व सिद्ध नहीं होता। पर्यायदृष्टिसे अपूर्णत्वके और पूर्णत्वके भंग हैं अवश्य, परन्तु निरपेक्षदृष्टि उन्हें स्वीकार नहीं करती। एकमें तेरह प्रकार पर्यायदृष्टिसे हैं अभंगदृष्टिमें भंगदृष्टि गौण है। एक समयमें परिपूर्ण स्वभावरूप अपना असली स्वरूपका स्वामित्व और उसमें ही एकत्वका अनुभव करनेसे—"मैं विकारी भावोंका कर्ता—भोक्ता नहीं हूँ"—यह बात जिसे जम गई है उसके भव और भवका कारण नहीं रहते, पश्चात् अल्प अस्थिरता रहती है परन्तु वह खिर जाती है है, क्रमशः स्थिरताकी वृद्धि करके अल्पभवोंमें मुक्ति प्राप्त करेगा। जिसे यह बात रुची—जमी है उसके कर्मका कर्तृत्व-भोक्तृत्व छूट जाता है और उससे कर्मबंधपना भी दूर हो जाता है, और स्वतः श्रद्धा—ज्ञान—चारित्रकी वृद्धि करके मुक्ति पर्याय प्रगट करता है। जिसे यह बात नहीं जमती उसके पर्याय बुद्धिकी आड़में असली स्वरूप नहीं सूझता और कर्मका कर्तृत्व नहीं छूटता और उससे कर्म बन्धन भी उसको बना रहता है।

शास्त्रमें प्रत्ययोंको बन्धका कर्ता कहा गया है। गुणस्थान भी

विशेष प्रत्यय ही हैं, इससे यह गुणस्थान बन्धके कर्ता हैं अर्थात् पुद्गलकर्मके कर्ता हैं। पुनश्च, मिथ्यात्वादि सामान्य प्रत्यय अथवा गुणस्थानरूप विशेष प्रत्यय अचेतन पुद्गलद्रव्यमय ही हैं; इससे ऐसा सिद्ध हुआ कि पुद्गलद्रव्य ही पुद्गलकर्मका कर्ता है—जीव कर्ता नहीं है। जीवको पुद्गलकर्मका कर्ता मानना अज्ञान है।

यहाँ शुद्धदृष्टिको लक्षमें लेकर बात की है। पराश्रयकी दृष्टि हटानेके लिये आस्रव और आत्माका भेदज्ञान करके असली तत्त्वमें दृष्टि कराना है, और परमें—विकारमें कर्ता-कर्मका तीव्र मोह कैसे मिटे वह समझाया है। कर्मके निमित्तसे जितने भंग-भेद पड़ते हैं वे आत्माके नहीं हैं—ऐसी अन्तर अभेददृष्टिसे यहाँ बात ली है, ऐसी अभेददृष्टिका ज्ञान करके, श्रद्धा करके स्थिरता करना सो मुक्तिका उपाय है। पर्यायदृष्टिसे गुणस्थान आत्माकी पर्यायमें होते हैं, परन्तु द्रव्यदृष्टिसे कर्मके निमित्तसे होनेवाले भंग कर्मोंके हैं—ऐसा कहा है ॥ १०९–११२ ॥

पुनश्च, जीवका और प्रत्ययोंका एकत्व नहीं है—ऐसा अब कहते हैं:—

जह जीवस्स अणण्णुवओगो कोहो वि तह जदि अणण्णो
जीवस्साजीवस्स य एवमणण्णत्तमावण्णं ॥ ११३ ॥
एवमिह जो दु जीवो सो चेव दु णियमदो तहाऽजीवो ।
अयमेयत्ते दोसो पच्चयणोकम्मकम्माणं ॥ ११४ ॥
अह दे अण्णो कोहो अण्णुवओगप्पगो हवदि चेदा ।
जह कोहो तह पच्चय कम्मं णोकम्ममवि अण्णं ॥ ११५ ॥

यथा जीवस्यानन्य उपयोगः क्रोधोऽपि तथा यद्यनन्यः ।
जीवस्याजीवस्य चैवमनन्यत्वमापन्नम् ॥ ११३ ॥
एवमिह यस्तु जीवः स चैव तु नियमतस्तथाऽजीवः ।
अयमेकत्वे दोषः प्रत्ययनोकर्मकर्मणाम् ॥ ११४ ॥

अथ ते अन्यः क्रोधोऽन्यः उपयोगात्मको भवति चेतयिता ।
यथा क्रोधस्तथा प्रत्ययाः कर्म नोकर्माप्यन्यत् ॥ ११५ ॥

उपयोग ज्योंहि अनन्य जीवका, क्रोध त्योंही जीवका ।
तो दोष आवे जीव त्योंहि अजीवके एकत्वका ॥ ११३ ॥
यों जगतमें जो जीव वे हि अजीव भी निश्चय हुवे ।
नो कर्म प्रत्यय, कर्मके एकत्वमें भी दोष ये ॥ ११४ ॥
जो क्रोध यों है अन्य, जीव उपयोगआत्मक अन्य है ।
तो क्रोधवत् नोकर्म, प्रत्यय, कर्म भी सब अन्य हैं ॥ ११५ ।

अर्थ.—जिस प्रकार जीवको उपयोग अनन्य अर्थात् एकरूप है उसीप्रकार यदि क्रोध भी अनन्य हो तो इस प्रकार जीव और अजीवमें अनन्यपना आ गया। ऐसा होनेसे, इस जगतमे जो जीव है वही नियमसे उसीप्रकार अजीव सिद्ध हुआ; (दोनोंका अनन्यपना होनेमें यह दोष आया) प्रत्यय, नोकर्म और कर्मके एकत्वमे अर्थात् अनन्यत्वमें भी यही दोष आता है। अब यदि (इस दोषके भयसे) तेरे मतमें क्रोध अन्य है और उपयोगस्वरूप आत्मा अन्य है तो जैसा क्रोध वैसे प्रत्यय, कर्म और नोकर्म भी आत्मासे अन्य ही हैं।

जिसप्रकार जीवका उपयोग जीवके साथ अनन्य अर्थात् एकरूप है, जीव और उसका ज्ञानस्वभाव तन्मयरूपसे एक स्वभावसे एकाकार है उसीप्रकार क्रोध-मान-माया-हर्ष-शोकादि विकारीभाव भी यदि जीवके साथ अनन्य अर्थात् एकरूप हो तो आत्मा और जड़ पुद्गल-दोनों एक हो गये। जिसप्रकार ज्ञानस्वभाव आत्माका है उसीप्रकार क्रोधादि भाव भी हों तो जिसप्रकार ज्ञानस्वभाव आत्मासे पृथक् नहीं होता उसीप्रकार क्रोधादिभाव भी न छूटे। उसीप्रकार प्रत्यय अर्थात् आस्रव और नोकर्म अर्थात् शरीरादिक और आठ प्रकारके द्रव्यकर्म, वे सभी यदि ज्ञानस्वभाव जैसे अनन्य अर्थात् एकरूप हो तो वे भी कभी आत्मासे पृथक् न हो; इसलिये जिसप्रकार क्रोधादि भाव

आत्मासे भिन्न हैं, वैसे ही कर्म-नोकर्म-प्रत्यय आदि भी आत्मासे भिन्न हैं—ऐसा जानना।

जिसप्रकार जीवकी उपयोगमयताके कारण जीवसे उपयोग अनन्य है, उसीप्रकार जड़ क्रोध भी अनन्य है—ऐसी यदि प्रतिपत्ति की जाये (माना जाये) तो चिद्रूप और जड़की अनन्यताके कारण जीवको उपयोगमयताकी भाँति जड़-क्रोधमयता भी आ जाये। ऐसा होनेसे तो जो जीव वही अजीव सिद्ध हो—इसप्रकार अन्य द्रव्योंका लोप हो।

आत्मा ज्ञाता-दृष्टा स्वरूपसे अनन्य है, उसीप्रकार यदि क्रोध भी आत्मासे अनन्य हो तो जीवको जड़ता सिद्ध हुई। क्रोधादि विकार होते तो चैतन्यके परिणाममें ही हैं, किन्तु वे जड़के निमित्तसे होते हैं इसलिये जड़ हैं—ऐसा यहाँ कहा है। क्रोधकी यदि आत्माके साथ अनन्यता मानें तो विकारीभाव और अविकारी भाव-दोनों एक हो जायें, क्रोध क्षणिक एक समय पर्यंतका है और आत्मा त्रिकाली है, इसलिये वह एक समय जितने विकारी भावरूप नहीं होता। यदि क्रोधके समय क्रोधरूप ही हो जाये, मानके समय मानरूप ही हो जाये, शुभभावके समय शुभभावरूप और अशुभभावोंके समय अशुभभावरूप ही हो जाये तो आत्मा जड़ हो जाये।

विकारी भाव चैतन्यकी पर्याय है परन्तु वह आत्माका स्वभावभाव नहीं है, जड़के निमित्तसे होनेवाला भाव है इसलिये जड़ है। यदि आत्मा विकारीभावोरूप हो जाये तो आत्मा भी जड़ हो जाये, परन्तु वैसा नहीं होता। अज्ञानीको क्रोधके समय जागृति नहीं रहती उस अपेक्षासे वह जड़ है, क्रोधादि आस्रवोंमे कर्त्ताबुद्धि-एकता बुद्धिवाले आत्माकी जागृतिका नाश होता है और आस्रवोंमे ज्ञान नहीं है उस अपेक्षासे अज्ञानीको जड़ कहा है परन्तु वास्तवमें अज्ञानी जड़ नहीं हो जाता। स्व-परको जाने सो चेतन, स्व परको न जाने वह अचेतन अत क्रोधादि आस्रव अचेतन जड़ है चेतनसे भिन्न है।

आत्मा तो विशाल जागृतिस्वरूप है, जागती ज्योति है। क्रोध उस जागृतिको रोकता है। यदि क्रोध जितना ही आत्मा हो जाये

तो जागृति और अजागृति दोनों एक हो जायें, जो एक हो जाये वह पृथक् किस प्रकार होगा ? क्रोध, मान, माया, लोभ आत्माकी जागृतिको रोकनेवाले हैं और चैतन्यस्वरूप भगवान आत्मा तो अपनी जागृतिका विकास करनेवाला है।

लोग कहते हैं कि यह तो आप ऊँची-ऊँची पूर्णिमा जैसी बातें करते हैं। अरे भाई! तुझे वस्तुस्थितिकी खबर नहीं है, तूने सत्का श्रवण नहीं किया है, और आग्रहमे फँस गया है इससे तुझे उच्च पूर्णिमा जैसी बातें लगती है, किन्तु यह तो दोजकी बातें है पूर्णिमाकी नहीं। पूर्णताकी बात हो तो उसमे तो जानकर-मानकर स्थिर होना आता है, जानने, माननेकी बात दोजकी है और चारित्रमें स्थिर होनेकी बात पूर्णिमाकी बात है।

शुद्धनयके विषयभूत आत्मामें पुण्य-पापके भाव नहीं, वास्तवमें आत्मा तो निर्विकारी परिपूर्ण शुद्धस्वरूप है—ऐसी जो अखण्डदृष्टि सो निश्चयनय और अवस्थामे पुण्य-पापके भाव होते हैं—ऐसा जो ज्ञान सो व्यवहारनय है।

जीवोंने अनादिसे विपरीत मान्यता पकड रखी है, इससे वे कहते हैं कि व्यवहारसे-पराश्रयसे-निश्चय प्रगट होता है, परन्तु वह बात बिल्कुल मिथ्या ही है। शुभभाव तो पराश्रय है—व्यवहार है और शुभभावोंका अर्थ है आस्रवरूप मलिन भाव, विकारी भाव,—इनसे अविकारी आत्मा प्रगट होगा? कभी प्रगट नहीं होगा, असली स्वभावका आलम्बनसे ही व्यवहारका नाश और निश्चय स्वभाव प्रगट होता है। व्यवहार अर्थात् विकारी भाव. उन विकारी भावोंका नाश अखण्ड स्वभावकी दृष्टि ज्ञान और स्वरूप एकाग्रता द्वारा होता है इसप्रकार अविकारी भाव प्रगट होता है, विकारीभाव व्यवहार हैं और उन्हें जानना व्यवहारनय है। व्यवहारनयके अनेक भंग हैं।

आत्माके यथार्थ स्वरूपकी बात सुननेसे (सत्स्वरूपकी बात सुननेसे) अरुचि हो तो वह अनन्तानुबन्धी क्रोध है, यह बात सुनकर ऐसा लगे

कि अरे! ऐसी बात, ऐसी रूखी बातें,—ऐसी अरुचि हो वह अनन्तानुबन्धी क्रोध है। आत्मा परसे निराला है, वह बात अज्ञानीको रूखी लगती है, परन्तु भाई! वह रूखी बात नहीं है, अत्यन्त रसमय है; आत्माके जिज्ञासुओंको, हितके वांछकोंको यह बात रसमय प्रतीत होती है, उन्हें तो अलौकिक स्वरूपकी बातकी ही उत्कण्ठा रहती है, उसीमे उन्हें रुचि और उमंग होती है।

✓ परसे निराली, निरपेक्ष वस्तु स्वतः अपनेमें है, बाह्यमे कहीं भी नहीं है, शरीरमे नहीं है, विकारमें नहीं है। व्यवहारमें निश्चय नहीं है, लोग व्यवहार-व्यवहार कह रहे हैं, परन्तु चैतन्यका व्यवहार चैतन्यमे होगा या जड़मे? चैतन्यमें ही होगा। व्यवहारनय तो उसे कहा जाता है कि अखण्ड द्रव्यस्वभावको स्वीकार करनेके पश्चात्, प्रतीतिमें लेनेके पश्चात् अल्पविकारी अवस्था रहती है उसे जान लेना वह व्यवहारनय है।

आत्माकी निर्मल आनन्दरूप पर्याय आत्मद्रव्यमेंसे ही प्रगट होती है; आत्मा और उसकी पर्याय-दोनों अभेद हैं, इसलिये निर्मल पर्याय प्रगट होनेका आधार द्रव्य स्वतः है, परन्तु परवस्तु कहीं उसका आधार नहीं है।

जो ऐसा मानते हैं कि हम बाह्यसे कुछ करें तो धर्म प्रगट हो; इसका अर्थ तो यह हुआ कि मैं तो एक शक्तिहीन निर्बल वस्तु हूँ; मुझमें कुछ भी सामर्थ्य नहीं है परवस्तु हो तो मेरी पर्याय प्रगट हो-ऐसा माननेवालोंको आत्माके प्रति अरुचि है वह अनन्तानुबंधी क्रोध है, अनन्तसंसारमें परिभ्रमण करनेका भाव अभी उसके विद्यमान है।

✓ आत्मा तो चिद्रूप है, जानने-देखनेके, स्वभाववाला है, उसे क्रोधके साथ अनन्यपना है—ऐसा माननेसे चिद्रूपको क्रोधपना आ जायेगा, विकारीपना आ जायेगा, इसलिये क्रोधरूप विकारीभाव और चिद्रूपता-दोनों पृथक्-पृथक् हैं।

आत्मामें क्रोध नहीं है, मान नहीं है, विकार नहीं है—ऐसा मनन करता रहे और कहता रहे तो लाभ होगा? नहीं होगा। परन्तु चिद्रूप आत्माका जैसा स्वरूप है वैसा जाने; प्रतीति करे और अनुभव करे तो लाभ

हो, निम्न भूमिकामें शुभपरिणाम आते हैं, देव-गुरु-शास्त्रकी ओर बहुमान आता है, पूजा-भक्ति-स्वाध्याय करता है परन्तु वह समझता है कि-इन समस्त निमित्तोंसे रहित मेरा स्वरूप है, ऐसा ज्ञान हो तो देव-गुरु-शास्त्रको निमित्तरूप कहा जाता है। ऐसे निराले आत्माका ज्ञान हो तो देव-गुरु-शास्त्रको निमित्तरूप कहा जाता है। स्वतः अपने पुरुषार्थसे समझे तब देव-गुरु-शास्त्रको निमित्त कहा जाता है। देव-गुरु-शास्त्रसे ही मुझे लाभ होगा, धर्म होगा-ऐसा माने तो उसे देव-गुरु-शास्त्र निमित्तरूप भी नहीं हैं; निमित्तको निमित्तरूपसे स्वीकार करे तो निमित्त हुआ कहा जाये परन्तु निमित्तको वास्तविक कर्ताके रूपसे स्वीकार करे तो निमित्त स्वतः ही उपादान हो गया, निमित्त कहाँ रहा?

देव-गुरु-शास्त्रकी ओर उन्मुखताका भाव शुभभाव है, उस शुभभावसे सम्यग्ज्ञान नहीं होता परन्तु शुभभावोंका अस्वीकार करनेसे सम्यग्ज्ञान होता है।

यहाँ सच्ची दृष्टिका वर्णन किया है, सच्ची दृष्टि होनेके पश्चात् देव-गुरु-शास्त्रकी भक्तिमें युक्त हुए बिना जीव नहीं रहता, अशुभ रागको दूर करनेके लिये जीव शुभरागमें युक्त होता है, दया, पूजा, भक्ति इत्यादिके शुभपरिणाम आये बिना नहीं रहेंगे। उन शुभ-परिणामोंसे धर्म होगा वैसा नहीं मानना चाहिये, यदि वैसा माने तो विपरीत दृष्टि और सीधी दृष्टिमें क्या अन्तर हुआ? इसलिये तत्त्वदृष्टि-के पश्चात् शुभभाव आयें परन्तु उनसे लाभ नहीं मानना चाहिये। महाव्रतादिके शुभभाव भी आते हैं परन्तु उनसे मोक्षमार्गरूप धर्म नहीं मानना स्वावलंबनके बलसे सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रकी निर्मल पर्याय जितने-जितने अंशमें प्रगट हो उसीको धर्म मानना, शुभभाव तो विकारी भाव हैं उनसे तो पुण्यबंध होता है परन्तु धर्म नहीं मानना, व्रत और महाव्रतादिके शुभपरिणामोंको व्यवहारसे आदरणीय माने परन्तु निश्चयसे नहीं।

अनादिकालसे स्वभावकी अरुचि होनेसे यह बात सुनने पर अज्ञानीको ऐसा लगता है कि अरे रे! हमारा सभी कुछ उड़ाये देते हैं, परन्तु भाई! इसमें तो सम्पूर्ण चैतन्यस्वभावका आश्रय करना कहा जाता है, अनन्त पुरुषार्थ करना कहा जाता है। चैतन्यस्वभावकी पहिचान करने पर अनन्त पुरुषार्थ करना शेष रहता है। क्या धर्म कहीं बाहर कूदनेसे प्रगट होता होगा या अन्तर्दृष्टि करनेसे? परन्तु अज्ञानीको तो ऐसा ही हो गया है कि मैं अनन्त गुणोंका पिण्ड आत्मा ही नहीं हूँ। और मेरा आधार जैसे कोई अन्य पदार्थ है!—ऐसा हो गया है! ज्ञानी तो समझता है कि मेरा आधार मैं स्वतः ही हूँ, अपने आधारके बिना अन्य किसीसे मुझे धर्म होता ही नहीं। सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टिके अंतरंगमें अनन्त गुना अन्तर होता है; बाह्य क्रिया कदाचित् समान दिखाई दे किन्तु अन्तरंगमें अन्तर रहता है।

आत्माका अनन्त स्वावलम्बी स्वरूप है, उसे सुननेसे ही ऐसा लगे कि यह तो निश्चयाभास है ऐसी तत्त्वज्ञानके प्रति अरुचि हो तो वह अनन्तानुबन्धी क्रोध है। आत्माने यदि स्वत अपने स्वभावका खून किया है तो इसी एक भावसे! निश्चय अर्थात् यथार्थ;—ऐसे यथार्थ स्वभावकी अरुचि हुई इससे "केवली भगवानके आगे भी कोरा रह गया"।

निश्चयाभासका स्वरूप शुष्कतामें जाता है, परन्तु जो विपरीत अभिप्राय रहित होकर यथार्थ स्वावलम्बी निश्चयस्वरूपको समझा है स्वसन्मुख हुआ है उसकी निर्मल पर्याय बढ़ती जाती है। कुछ मन्द प्रयत्न हो तो अशुभ-परिणामोंसे बचनेके लिये शुभपरिणामोंमें युक्त होता है परिपूर्ण स्वावलम्बी तत्त्व पर दृष्टि रखकर स्वसन्मुखताका पुरुषार्थ करता हुआ शुद्ध निर्मल पर्यायको बढ़ाता जाता है, बीचमें शुभराग आये बिना नहीं रहता। निश्चय अर्थात् यथार्थ;—ऐसे यथार्थ स्वभावको जिसने स्वसन्मुखता द्वारा जाना उसका अन्तर-परिणमन पलट जाता है। निश्चयाभासी शुद्ध स्वरूपकी बातें करता रहता है परन्तु उसे शुद्ध स्वरूप पर दृष्टि नहीं है, भावभासन नहीं है, निर्मल पर्यायको बढ़ानेका पुरुषार्थ वे कैसे करेंगे?

जो क्रोध है सो आत्मा है—ऐसा हो जाननेसे आत्मा पृथक् नहीं रहता, क्रोध स्वत ही आत्मा हो गया, इससे वैसी मान्यतामें तो आत्मा जड़ है यह हुआ। जिस प्रकार क्रोध जड़ है वैसे ही प्रत्यय (आस्रव) कर्म और नोकर्म–शरीरादि वे सभी जड़ हैं।

मुझमे विकार नहीं है–ऐसा कहनेका तात्पर्य यह नहीं है विकार भले ही होते रहें, परन्तु 'मैं निरपेक्ष वस्तु अनादि अनन्त हूँ, स्वाधीन हूँ, शुद्ध हूँ, पूर्ण ज्ञानस्वभाव हूं'–ऐसी प्रतीति हुई कि वहाँ विकारका आदर नहीं रहेगा, जहाँ विकार भावोका आदर नहीं है, वहाँ राग–द्वेषरूप विकार भाव बढ़ेंगे या घटेंगे? घटेंगे ही। अपने ध्रुव अविकारी स्वभावका आदर हुआ उसकी स्वभावपर्याय बढ़ेगी, जिस ओरका आदर हुआ रुचि हुई उस ओरको पुरुषार्थ ढलेगा और पर्याय बढ़ेगी ही। जिसने अपनेको परसे पृथक् माना और जाना उसके विकार (–अशुद्धता) टालनेका ही बल आता है परन्तु जिसने विकार भावोंको (शुभाशुभ रागको) अपना माना है, विकार और निर्मल आत्माका पृथक् भेद नहीं जाना है उसके विकार भावोंको दूर करनेका और स्वभावपर्यायको बढ़ानेका बल आयेगा कहाँसे? कहां स्थिर रहकर विकार भावोंको दूर करेगा? जैसे अंधेरा हटाना नहीं पड़ता–किन्तु उसके स्थानमें प्रकाश करते ही अंधेरा उत्पन्न ही नहीं होता इसप्रकार स्वभावकी अस्तिमें रहकर विकार भावोंकी नास्ति की जा सकती है, परन्तु विकारमें स्थिर रहकर विकारको किस प्रकार टाला जा सकता है?

✓ क्रोध भी अन्य है, यदि ऐसा है तो राग–द्वेष, हर्ष–शोक, रति–अरतिके भाव भी चैतन्य भावसे अन्य हैं—आत्माके नहीं हैं और आस्रवों, कर्म, नोकर्म भी सब अन्य हैं, आत्मामें नहीं हैं, क्योंकि उनके जड़त्वमे अन्तर नहीं है, जिन भावोंसे तीर्थंकर नाम कर्मका बंध होता है वे भाव भी आत्मासे अन्य हैं।

सत्यको मिथ्या कौन कहता है? असत्य (असत् दृष्टिवाला), परन्तु सत्यको सत्य दृष्टिवाला तो मिथ्या कहता नहीं है, केवलज्ञानी भी सत्यको

मिथ्या नहीं कहते; सत्यको सत्य सच्चा ही कहते हैं परन्तु जिसके हृदयमें असत्य है वह सत्यको मिथ्या कहता है। सत्य बात नहीं जमती इसलिये खलबलाहट हो जाती है। किसीको ऐसा लगे कि इसमें अकेला निश्चय ही आता है परन्तु अकेला निश्चय कहाँ आया? क्या, यह सब व्यवहार नहीं है? भेद करके समझे वह व्यवहार नहीं है? गुणस्थान अनुसार-आंशिक भेद-विकल्प हो, राग-द्वेष हो, उन सबका ज्ञान करना वह व्यवहार ही है, निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्धको जानना, हेय-उपादेयका स्वरूप जानना, साध्य-साधकभावको जानना, वह सब व्यवहार ही है।

निश्चय अर्थात् यथार्थ, व्यवहार अर्थात आरोप। जो आरोप है वह अनारोप नहीं हो सकता। राग-द्वेषके भाव जड़ हैं—ऐसा कहनेसे लोग थरथरा उठते हैं परन्तु चैतन्यके स्वभावमें राग-द्वेष नहीं हैं, वे अजाग्रत भाव हैं चैतन्यकी जागृतिको रोकनेवाले हैं उस अपेक्षासे उन्हें जड़ कहा जाता है। परन्तु राग-द्वेषके भाव कहीं जड़कर्म नहीं करा देते; स्वतः जब विपरीत पुरुषार्थमें युक्त होता है तब, राग-द्वेष होते हैं, अपनी पर्यायमें होते हैं उस अपेक्षासे व्यवहारसे चैतन्यके भी कहलाते हैं। राग-द्वेष मेरे हैं, मैं करता हूँ,—ऐसी दृष्टि तो जीवोंको अनादिसे है ही, इसलिये उस बुद्धिको छुड़ानेके लिये और द्रव्यस्वभावकी ओर दृष्टि कराने लिये यहाँ दृष्टिकी प्रधानतासे बात की है। असली स्वभावको ग्रहण करनेवाली द्रव्य-दृष्टि हुए बिना धर्मका प्रारम्भ और भवका अभाव होना असम्भव है। द्रव्यस्वभावमें राग-द्वेष नहीं हैं इसलिये वे आत्माके नहीं हैं, इसलिये जैसा वस्तुका असली स्वभाव है वैसा स्वरूप सुनकर जिसे झल्लाहट होती है निश्चयका विरोध करते हैं वह आत्माकी बात सुनने योग्य नहीं है।

निश्चय (—यथार्थ) रागको बंधका कारण मानना यथार्थ ही है। जिन भावोंसे तीर्थंकर नामकर्मका बंध होता है वे भाव भी विकारी भाव हैं—बंधभाव हैं, जड़भाव हैं,—ऐसी बात सुननेसे लोगोंमें थरथराहट होती है; परन्तु भाई! जरा ठहर तो सही! सुन तो ले! क्या गुणों द्वारा बंध होता है? यदि गुणोंसे बंध होता हो तो वह कब

छूटेगा? इसलिये जिन भावोंसे तीर्थंकर नामकर्मका बंध होता है वे भाव भी विकारी भाव हैं। दृष्टिका विषय जो सम्पूर्ण चैतन्यदल है उसे एक बार दृष्टिमें ला तो सही! उस सम्पूर्ण चैतन्यदलको लक्ष्यमें लिये बिना अन्तरंगसे तू क्या प्रगट करेगा? कहाँ जायेगा।

तीर्थंकर नामकर्मका बंध किसे होता है? रागका एक अंश भी आदरणीय नहीं है—ऐसी मान्यता होनेके पश्चात् ज्ञानी अभी पूर्ण वीतराग नहीं हुआ है इससे पुरुषार्थकी कमजोरीसे प्रशस्तराग आ जाता है परन्तु रागको अंशमात्र भी आदरणीय नहीं माना है, तथापि कोई ज्ञानीको उस जातिका प्रशस्तराग आ जानेसे तीर्थङ्कर नामकर्मका बंध होता है, अज्ञानीको तीर्थङ्कर नामकर्मका बंध हो–ऐसा प्रशस्त राग नहीं आता, क्योंकि उसने परसे भिन्न स्वतंत्र आत्माको नहीं जाना है और रागको आदरणीय माना है इससे उसे तीर्थङ्कर नामकर्मका बंध नहीं होता। परन्तु ज्ञानीको ही तीर्थङ्कर नामकर्म बँधता है।

जिस भाव द्वारा तीर्थङ्कर नामकर्म बँधता है उस जातिका उच्च प्रशस्त भाव भी जड़ भाव है। कोई कहेगा कि अरे! ऐसे उच्चभावको जड़ भाव कहा जाता है? परन्तु जिस भावसे चैतन्यकी जागृति रुकती है उसे जड़ न कहें तो क्या कहा जाये? जो चैतन्यकी जागृतिको रोकता है वह मुक्तिसाधक–स्वभावभाव नहीं होता परन्तु विरुद्ध प्रकारका (–बंधसाधक) विकारी भाव ही होता है और वह भाव द्रव्यदृष्टिसे जड़ ही है।

कोई कहे कि ऐसी बातसे तो भगवानकी भक्ति भी उड़ जायेगी। अरे भाई! देव–गुरु–शास्त्रकी भक्ति, पूजा, प्रभावनादिके शुभभाव जैसे ज्ञानीके होते हैं वैसे अज्ञानियोंको नहीं होते।

तीर्थङ्कर पद, चक्रवर्तीपद, बलदेवपद,—वे सभी पद सम्यग्दृष्टि जीवोंको ही बँधते हैं, क्योंकि ज्ञानीको ऐसा भान है कि मेरा निर्मल आत्मस्वभाव ही आदरणीय है, उसके अतिरिक्त रागका एक अंश या पुद्गलका एक रजकण भी आदरणीय नहीं है। ऐसी प्रतीति होनेसे, अभी

सम्पूर्ण वीतराग नहीं हुआ है इससे रागका भाग आता है उसमें उच्चप्रकारका राग आनेसे तीर्थंकर, चक्रवर्ती आदि पदवियाँ बँधती हैं। धर्म भी ज्ञानीको होता है और उच्च पुण्य भी ज्ञानीको होता है, अज्ञानीको आत्माके स्वभावकी खबर नहीं है, इससे उसे धर्म भी नहीं है और उच्च पुण्य भी नहीं है। ऐसी स्वाश्रयतत्त्वकी बात सुनकर यदि अंतर स्वानुभवसे वीतराग ज्ञानस्वभावी अपने ज्ञायकतत्त्वका विश्वास करे तो सिद्ध गति है, नहीं तो निगोद गति है। तत्त्वके आदरसे सिद्ध गति है और अनादरसे निगोद गति है; सिद्ध गतिमें जाते हुए बीचमें एक-दो भव हों उनकी यहाँ गिनती नहीं है और निगोदमें जाते हुए बीचमें अमुक भव हों उन्हें भी नहीं गिना है, क्योंकि त्रस पर्यायमें ठहरनेका काल थोड़ा है और निगोदका काल अनन्तगुना है। तत्त्वके अनादरका फल निगोद और आदरका फल सिद्ध गति है।

प्रथम सच्चे हितके लिये, ज्ञानीके पास श्रवण करना चाहिये और सत् स्वरूपका अपूर्व आदर होना चाहिये। असली-निश्चय तत्त्वका आदर होनेसे रुचि बढ़ती है और रुचिमें वृद्धि होनेसे अन्तरोन्मुखताका पुरुषार्थ होता है, परन्तु यदि सत् श्रवण करते समय आदर न हो तो उसकी रुचि भी कहाँसे बढ़ेगी और बिना रुचिके पुरुषार्थ कहाँसे होगा?

ज्ञानीके पुण्य परिणाम और अज्ञानीके पुण्य परिणामोंमें भी अन्तर है। अज्ञानीकी दृष्टि और ज्ञानीकी दृष्टिका किसी प्रकार मेल नहीं बैठता। अज्ञानीकी सम्पूर्ण दृष्टि भेद-पराश्रयमें-परमें है और ज्ञानीकी सम्पूर्णदृष्टि स्वमें है। दोनोंकी दृष्टिमें उदय-अस्त जितना अन्तर है, अज्ञानीके जो भाव होते हैं वे सब अज्ञानमय-जड़मय हैं और ज्ञानीके समस्त भाव ज्ञानमय हैं, जागृतिस्वरूप हैं। आत्माके भान बिना चौरासी लाखके अवतार धारण करे वह कहीं आत्मा कहलाता है? अरे, शुभरागकी क्रियारूप आस्रवतत्त्वको धारण करे वह भी आत्मा नहीं है आत्मा तो अनन्तगुणमूर्ति, आनन्दका पिंड अबन्ध ज्ञानस्वभावी है, उसमें ही दृष्टि लगाकर उसका स्वाद ले और उसमें लीन हो उसे आत्मा कहा जाता है। चतुर्थ गुणस्थानवर्ती जीव जघन्य अन्तरात्मा है।

शुभरागको हितकर माने वह रागादिको करने योग्य अर्थात् भला मानता है, अपना मानता है, राग-द्वेषको अपना माना तो वे दूर कहांसे होंगे? दोषका काल एक समय है और गुणोंका काल त्रिकाल है. विकारका एक समय गया और दूसरा आया वह भी चला गया परन्तु वस्तु तो सम्पूर्ण रही, इसलिये वस्तुमें विकार नहीं होता परन्तु पर्यायमें होता है। यदि चैतन्यवस्तुमें रागादि विकार होता हो तो आत्मा जड़ हो जाये, भिन्न द्रव्यका लोप हो, ऐसा महान दोष आता है। भेदज्ञान द्वारा अवगुणका नाश होकर गुणकी पर्याय प्रगट होती है वह आत्माके स्वभावमेंसे प्रगट होती है।

एक जीव अनन्तकाल पूर्व सिद्ध परमात्मा हुआ और दूसरा अनन्त-काल पश्चात्,—इसमें पश्चात् सिद्ध होनेवालेकी शक्ति क्या कम हो जाती है? नहीं होती। पश्चात सिद्ध परमात्मदशा प्रगट करने वालेकी ध्रुवशक्ति यदि घट जाती हो तो वह आवेगी कहांसे? अर्थात् प्रत्येक आत्माकी द्रव्य-गुणरूप ध्रुवशक्ति अनन्तकाल तक एक समान और एक ही प्रकारकी है उसमें अन्तर नहीं पडता। अनन्तकाल पूर्व सिद्ध होनेवाले और अनन्तकाल पश्चात सिद्ध होनेवाले—दोनों आत्माओंकी शक्ति समान ही है। प्रत्येक आत्मा वस्तुरूप अनादि अनन्त-अखण्डरूपसे जैसे की वैसी है।

जहांसे विपरीत मानता है उसी जगह खोज कर तो वही सीधा मानना भी है। सीधी मान्यता करके विपरीत मान्यताको छोड़! अखण्ड चैतन्यतत्त्वकी रिद्धि-समृद्धिकी खबर नहीं है इससे बाह्यदृष्टिसे मानता है कि मैं इतना हूँ, वर्तमान संयोग विकार और अल्पज्ञान जितना हूँ, परन्तु आत्मा इतना नहीं है। आत्मा शरीरादिसे, शुभाशुभपरिणामोंसे रहित ज्ञानादि अनन्त शक्तिसे परिपूर्ण तत्त्व है।

संयोग दृष्टिसे देखनेवाला अपने असली स्वरूपको देख नहीं सकता। जो घीका घड़ा है वह घीमय नहीं है परन्तु मिट्टीमय है, वैसे ही वर्णादिवाला जीव है वह ज्ञानमय है किन्तु वर्णादिवाला नहीं है।

विकारी पर्याय और शरीर हैं अवश्य परन्तु वह आत्माका असली स्वभाव नहीं है। निमित्त और रागादिके भेदको जानना सो व्यवहार है वह स्वतःमें नहीं है—वैसा निषेध करना सो निश्चय। आत्मा स्वतः अनन्तगुणोंका पिण्ड अखण्ड द्रव्य है—वैसी प्रतीति करना और स्वतः परस्वरूप नहीं है पराश्रय और भेदरूप नहीं है इसप्रकार निषेध करना सो निश्चय है ॥ ११३-११५ ॥

अब सांख्यमतके अनुयायी शिष्यके प्रति पुद्गलद्रव्यका परिणाम-स्वभावपना सिद्ध करते हैं (अर्थात् सांख्यमती प्रकृति-पुरुषको अपरिणामी मानता है, उसे समझाते हैं)

अब कोई एकान्त ले जाये तो उसे समझाते हैं। कोई कहता है कि राग-द्वेष-क्रोधादि जड़के हैं; मेरे आत्मामें वे नहीं हैं, मेरा आत्मा तो शुद्ध है इसलिये अब मैं चाहे जैसे राग-द्वेष करूँ तो भी डर नहीं है क्योंकि वे तो जड़के हैं। उससे आचार्यदेव कहते हैं कि भाई! हम तुझसे वस्तुदृष्टिकी बात करते हैं, उसमें तूने यह अड़ंगा क्या लगाया! वस्तुदृष्टिसे आत्मा पवित्र निर्मल है, परन्तु यदि अवस्थामें भी मलिनता न होती हो तो कौन निषेध करेगा? अपनी भूलके कारण अपनी अवस्थामें मलिनता होती है, इससे उसका निषेध किया जाता है। सांख्यमतका अनुयायी शिष्य प्रकृतिको अपरिणामी मानता है उसे समझाते हैं:—

जीवे ण सयं बद्धं ण सयं परिणमदि कम्मभावेण।
जदि पोग्गलदव्वमिणं अप्परिणामी तदा होदि ॥ ११६ ॥
कम्मइयवग्गणासु य अपरिणमंतीसु कम्मभावेण।
संसारस्स अभावो पसज्जदे संखसमओ वा ॥ ११७ ॥
जीवो परिणामयदे पोग्गलदव्वाणि कम्मभावेण।
ते सयमपरिणमंते कहं णु परिणामयदि चेदा ॥ ११८ ॥

अह सयमेव हि परिणमदि कम्मभावेण पोग्गलं दव्वं
जीवो परिणामयदे कम्मं कम्मत्तमिदि मिच्छा ॥ ११९॥

णियमा कम्मपरिणदं कम्मं चिय होदि पोग्गलं दव्वं।
तह तं णाणावरणाइपरिणदं मुणसु तच्चेव ॥ १२०॥

जीवमें स्वयं नहिं बद्ध, अरु नहिं कर्मभावों परिणमे ।
तो वो हि पुद्गलद्रव्य भी, परिणमनहीन बने अरे! ॥११६॥

जो वर्गणा कार्माणकी, नहिं कर्मभावों परिणमे ।
संसारका हि अभाव अथवा सांख्यमत निश्चित हुवे! ॥११७॥

जो कर्मभावों परिणमावे जीव पुद्गल द्रव्यको ।
क्यों जीव उसको परिणमावे, स्वयं नहिं परिणमत जो? ॥११८॥

स्वयमेव पुद्गलद्रव्य अरु, जो कर्मभावों परिणमे ।
जीव परिणमावे कर्मको, कर्मत्वमें-मिथ्या बने ॥ ११९ ॥

पुद्गलदरव जो कर्मपरिणत, नियमसे कर्म हि बने ।
ज्ञानावरणइत्यादिपरिणत वोहि तुम जानो उसे ॥ १२० ॥

अर्थ:—यह पुद्गलद्रव्य जीवमें स्वयं नहीं बंधा है और कर्मभावरूप स्वयं परिणमित नहीं होता—ऐसा यदि माना जाये तो वह अपरिणामी सिद्ध होता है; और कर्मवर्गणाएँ कर्मभावरूप परिणमित न होनेसे संसारका अभाव सिद्ध होता है अथवा सांख्यमतका प्रसंग आता है।

पुनश्च, यदि ऐसा माना जाये कि जीव पुद्गलद्रव्योंको कर्मभावरूप परिणमित करता है तो यह प्रश्न उठता है कि जो वर्गणाएँ स्वतः परिणमित नहीं होतीं उन्हें चैतन्य आत्मा कैसे परिणमित कर सकता है? अथवा, यदि ऐसा माना जाये कि पुद्गलद्रव्य अपने आप ही कर्मभावरूप

परिणमित होता है, तो ऐसा कहना मिथ्या सिद्ध होता है कि—जीव कर्मको अर्थात् पुद्गलद्रव्यको कर्मरूप परिणमित करता है।

इसलिये जिसप्रकार नियमसे कर्मरूप* परिणमित हुआ पुद्गलद्रव्य कर्म ही है उसीप्रकार ज्ञानावरणादिरूप परिणमित हुआ पुद्गलद्रव्य ज्ञानावरणादि ही जानो।

आत्माके साथ रहनेवाली आठ कर्मोंकी मिट्टी अर्थात् जड़कर्मोंकी जो अवस्था होती है वह न मानी जाये और पुद्गल कर्मरूप परिणमित नहीं हुआ ऐसा माने तो वह अपरिणामी सिद्ध होता है तथा संसारका अभाव सिद्ध होता है और उससे सांख्यमतका प्रसंग आता है। जो कर्मकी अवस्थाको नहीं मानते उनके मतमे ऐसा आया कि काँटा और विष—ऐसी पुद्गलकी कोई अवस्था ही नहीं है, इसप्रकार पुद्गल अपरिणामी है, परन्तु वैसा कहनेवालेकी बात विल्कुल मिथ्या है। काँटा और विष कोई मूलद्रव्य नहीं हैं परन्तु परमाणुकी पर्यायें हैं, परमाणुमे कर्मरूप परिणमित होनेकी शक्ति है। यदि परमाणु कर्मरूप परिणमित न होते हों तो संसारका अभाव सिद्ध हो और आत्माका मोक्ष सिद्ध हो, इस प्रकार आत्मामे विकार नहीं है और विकार नहीं है अतः संसार भी नहीं है। यदि परमाणुकी अवस्था कर्मरूप होती ही न हो तो आत्मामें संसारका निमित्तकारण कौन है? संसारका उपादानकारण तो आत्माका अशुद्ध भाव है परन्तु उस अशुद्धभावके होनेमें जड़कर्म निमित्त है। और विकार न हो तो उसका अभाव करके मोक्ष किसका किया जाये? इस प्रकारसे तो संसार और मोक्ष दोनोंका अभाव सिद्ध हो। कर्मकी उपस्थितिका निमित्त विकारमें है परन्तु स्वभावमें उसके अस्तित्वका निमित्त नहीं है। यदि विकारमें भी निमित्त न हो तो विकार ही न हो, इसलिये भाई! यदि परमाणु कर्मरूप न होते हों तो संसारका अभाव हो जाये।

---

* कर्म = कर्ताका कार्य, जैसे कि–मिट्टीका कार्य घड़ा है।

कोई यह कहे कि पुद्गलद्रव्य अपने आप परिणमित नहीं होता किन्तु जीव उसे कर्मरूप परिणमित करता है। परन्तु भाई! जिस वस्तुमें स्वतःसे ही कर्मरूप परिणमित होनेकी शक्ति नहीं है, अथवा स्वतः अपनेसे कर्मरूप परिणमित नहीं होती उसे दूसरा कैसे परिणमित कर सकता है? इसलिये सिद्ध होता है कि पुद्गलद्रव्य अपने आप ही कर्मभावरूप परिणमित होता है। जीव कर्मको अथवा पुद्गलद्रव्यको कर्मरूप परिणमित करता है—ऐसा कहना मिथ्या सिद्ध होता है। कर्मरूपके विकारी परिणाम कर्म नहीं कराता किन्तु स्वतः परिणमित होता है तब होते हैं। वह आत्मामें नहीं है, और आत्मा जड़में नहीं है, जो जिसमें नहीं है वह उसे कैसे बदलेगा—परिणमित करेगा? इसलिये पुद्गलद्रव्य ही स्वतः कर्मरूप परिणमित होता है। इसप्रकार नियमसे कर्मरूप परिणमित हुआ पुद्गलद्रव्य कर्म ही है, इसीप्रकार ज्ञानावरणादिरूप परिणमित हुआ पुद्गलद्रव्य ज्ञानावरणादि ही है।

पुद्गलकी कर्मरूप अवस्था आत्मा नहीं करता; भिन्न वस्तु भिन्न-वस्तुकी अवस्था नहीं करती। मिश्रीको खबर नहीं होती कि मैं जीभ पर जाऊं तो गलूं, और पत्थर पर गिरूं तो नहीं गलूं, परन्तु उसमें बदलनेकी शक्ति है इससे स्वतः परिवर्तित होती है, इसीप्रकार पुद्गलद्रव्यमें कर्मरूप परिणमित होनेका स्वयं सामर्थ्य है, स्वतः कर्मरूप परिणमित होता है—आत्मा उसे परिणमित नहीं करता।

आचार्यदेवने पहले कहा था कि—क्रोध, मान, माया, लोभ तेरे आत्माका स्वभाव नहीं है, यह विकारी वृत्तियाँ आत्माके अन्तर-वस्तु नहीं हैं। वे होती तो आत्माकी पर्यायमें हैं, परन्तु क्षणिक हैं, संयोगी भाव हैं इससे उन्हें जड़का कहा था। इससे कोई ऐसा समझ जाये कि क्रोध, मान, माया, लोभादि सब जड़के हैं—ऐसा आपने कहा है, तो वे भले रहें, हमें उन्हें टालना नहीं है। अब हम चाहे जैसे वर्ते विषय सेवें, लंपटता करें तो कोई हानि नहीं है? अरे मूर्ख! मर जायेगा! चला जायेगा नरक-निगोदमें! ऐसी उत्तम स्वभावकी बात

स्वच्छन्दी होनेके लिये नहीं कही है; पुण्यभावोंको छोड़कर पापभावोंमें जानेके लिये नहीं कही है, परन्तु वे विकारी भाव तेरा स्वभाव नहीं हैं—वैसी श्रद्धा करनेको कहा है क्योंकि त्यों विषय-विकार और गृद्धिभाव करता रहे—इसके लिये आचार्यदेवने यह बात नहीं कही है, परन्तु उन भावोंको दूर करनेके लिये बात की है। नित्य-स्वभाव विरुद्ध मिथ्यात्व रागादि विकारीभाव हैं वे आस्रव तत्त्व हैं वे तुझमें नहीं हैं, इसलिये तू ध्रुव स्वभावदृष्टिका पुरुषार्थ करके उन विकारी भावोंका नाश कर, इस प्रकार उन विकारी भावोंको नष्ट करनेके लिये स्वभाव-दृष्टि बतलाई है· परन्तु उन्हें रखने और स्वच्छन्दी होनेके लिये नहीं कहा है। यदि अज्ञानभावसे स्वत· तू राग-द्वेपके भाव न करता हो तो संसार किसका? और यदि संसार अवस्था न हो तो मुक्तिका उपाय कहाँ रहा? वह कुछ भी नहीं रहता· इसलिये तेरे ध्रुवस्वभावमें राग-द्वेष आदि भाव नहीं हैं—ऐसी दृष्टि कर। यह कहनेका तात्पर्य है। संसार और मोक्ष दोनों पर्यायें आत्माकी अवस्थामें होती हैं; वे दोनों पर्यायें भी एक साथ नहीं होतीं—जब संसारपर्याय होती है तब मोक्षपर्याय नहीं होती और जब मोक्षपर्याय हो तब संसारपर्याय नहीं होती। आत्मामें अनादिकी संसारपर्याय है, इसलिये आत्माके स्वभावको पहिचान कर स्वभावदृष्टि करके उसमे स्थिर हो तो मोक्षपर्याय प्रगट हो और संसारपर्यायका अभाव तो जाये। संसारपर्यायका अभाव करनेके लिये स्वभावदृष्टिकी बात की है।

यदि पुद्गलद्रव्य जीवमें स्वयं न बँधकर कर्मबन्धरूप स्वयं परिणमित न हो तो वह अपरिणामी ही सिद्ध हो। ऐसा होनेसे संसारका अभाव हो। क्योंकि पुद्गलद्रव्य कर्मरूप परिणमित न हो तो जीव कर्मरहित सिद्ध हो, फिर संसार किसका?

आठ कर्म यदि स्वयं परिणमित न हों तो वह अपरिणामी सिद्ध हों। उनमें परिवर्तित होना सिद्ध न हो तो उससे वे कूटस्थ सिद्ध होंगे, और इससे संसार भी सिद्ध नहीं होगा।

परमाणुमें परिणमित होनेकी शक्ति न हो तो वह परिवर्तित न हो, अर्थात् एक ही रूप रहे, इससे आत्मामें विकारका निमित्त न हो। विकार होनेमें निमित्त न हो तो विकार भी न हो और विकार न हो तो संसार भी न हो, संसार न हो तो स्वभाव और मोक्ष हो।

पुद्गलद्रव्यकी स्थूल अवस्था दृष्टिगोचर होती है। अफीमके परमाणु स्वतंत्रतया परिणमित होते हैं। लकड़ी पानीमें नहीं डूबती यह पुद्गलद्रव्यका परिणमन है। लोहेका छोटा सा टुकड़ा पानीमें डाला जाये तो यह डूब जाता है यह भी पुद्गलद्रव्यका परिणमन है। परमाणु जब लकड़ीकी अवस्थारूप हुए तब नहीं डूबते परन्तु लोहेकी अवस्थारूप हुए तब डूबते हैं। अनेक परमाणु एकत्रित हुए इसलिये डूबते हैं और कम परमाणु इकट्ठे हों तो नहीं डूबते—ऐसा नहीं है। लोहेके टुकड़ेमें कम परमाणु हैं तथापि वह डूब जाता है और लकड़ीमें बहुत परमाणु हैं तब भी तैरती है। यह सब परमाणुओंकी अवस्था है। परमाणुका अर्थ है अन्तिमसे अन्तिम सूक्ष्म रजकण, उसमें कभी तरनेकी अवस्था होती है और कभी डूबनेकी। इसीप्रकार परमाणुमें कर्मरूप परिणमित होनेकी शक्ति भी है, इससे वह स्वयं कर्मरूप परिणमित होते हैं।

कर्म अपने आप परिणमित होते हैं उन्हें अन्य कोई परिणमित नहीं करता। यहाँ जो ऐसा तर्क किया जाये कि—"जीव पुद्गलद्रव्यको कर्मभावरूप परिणमित करता है इससे संसारका अभाव नहीं होता," तो उसका निराकरण दो पक्षोंसे किया जाता है.—क्या जीव स्वयं अपरिणमित पुद्गलद्रव्यको कर्मभावरूप परिणमित करता है या स्वयं परिणमित होनेवालेको ? प्रथम तो, स्वयं अपरिणमित पुद्गलद्रव्यको परके द्वारा परिणमित नहीं किया जा सकता, क्योंकि (वस्तुमें) जो शक्ति स्वतः (अपनेसे ही) न हो उसे अन्य कोई कर नहीं सकता, (इसलिये प्रथम पक्ष असत्य है।) और स्वयं परिणमित होनेवालेको तो पर (अन्य) परिणमित करनेवालेकी अपेक्षा नहीं होती, क्योंकि

वस्तुकी शक्तियाँ परकी अपेक्षा नहीं रखती, (इसलिए दूसरा पक्ष भी असत्य है।) इससे पुद्गलद्रव्य स्वयमेव परिणमन स्वभाववाला है।

आत्मा स्वयं जिस द्रव्यमें परिवर्तित होनेकी शक्ति हो उसे परिवर्तित करेगा या जिसमें परिवर्तनशक्ति न हो उसे? परमाणु यदि स्वयमेव परिवर्तित न होते हों तो आत्मामें शक्ति नहीं कि उन्हे पलट सके? जिस वस्तुमे परिवर्तन शक्ति न हो उसे दूसरा द्रव्य परिणमन नहीं दे सकता अर्थात् उसे पलट नहीं सकता। और यदि पुद्गलद्रव्य अपने आप ही परिवर्तित होता है, उसमे स्वत. ही परिवर्तनशक्ति है; तो फिर उसमे आत्माने क्या किया? क्योंकि जो स्वत ही परिणमित होता है उसे दूसरेने परिणमित किया, वह कहना मिथ्या सिद्ध होता है। वस्तुकी शक्तियाँ परकी अपेक्षा नहीं रखतीं।

आत्मामे राग-द्वेषका जो विकारी दोष होता हैं वह परमाणु नहीं है परन्तु आत्माका अरूपी भाव है, चैतन्यका अरूपी चिदाभास है। क्रोध आत्मा करता है, कर्म नहीं कराता· विपरीत पुरुषार्थसे जीव स्वत. करता है और सम्यग्पुरुषार्थसे स्वत. टाल सकता है। लाखों तीर्थंकर या केवलियोंके निकट बैठा हो, परन्तु यदि स्वयं न बदले तो कोई उसे बदल नहीं सकता। इस गाथामें कर्म अपने आप परिणमित होते हैं—ऐसी बात है, और इसके पश्चात् आत्माके ओरकी गाथा आयेगी वहाँ कहेंगे कि विकार आत्मा करता है, कर्म विकार नहीं कराते। पहले ऐसा कहा था कि आत्मामें संसार नहीं है, वह द्रव्यदृष्टिकी मुख्यतासे पर्यायको गौण करके कहा था, परन्तु अवस्थादृष्टिसे संसार तुझमे है, तेरी पर्यायमे है। तेरी पर्यायमे ससार न हो तो उसे दूर करना नहीं रहता—ऐसा आगेकी गाथाओंमे कहेंगे।

पुद्गलकर्म अपने आप स्वय परिणमित होता है; परद्रव्य उसे परिणमित नहीं करता: वस्तुकी शक्तियाँ परकी अपेक्षा नहीं रखती। लोहेमेसे लकड़ी क्रमश परमाणुकी अवस्था बदलकर होती है—वह परमाणुकी अपनी शक्ति है। परमाणु स्वतंत्रतया बदलकर लोहेमेंसे

लकड़ी होती है और लकड़ीसे लोहा भी परमाणुओंके स्वतंत्ररूपसे बदलनेसे होता है। किसी भी वस्तुमें परिवर्तित होनेकी जो शक्ति है वह परकी अपेक्षा नहीं रखती, यदि परकी अपेक्षा रखे तो वस्तु पराधीन हो जाये। किसीको ऐसा विचार हो कि परवस्तुका निमित्त तो है न? निमित्त मात्र होता है, परन्तु वह किसी द्रव्यको बदल नहीं देता—परिणमित नहीं कर देता। वस्तु किसीकी अपेक्षा नहीं रखती, द्रव्यकी पराधीनता नहीं किन्तु स्वाधीनता है, निमित्त मात्र उपस्थित होता है परन्तु परवस्तुको वह बदल नहीं देता। वस्तुस्वरूप जैसा है वैसा ही समझे तो सम्यग्ज्ञान हो जाये। शरीरका बदलना, हिलना-डुलना इत्यादि कार्यका कर्ता पुद्गल द्रव्य है कारण कि-पुद्गलद्रव्य स्वतः परिणमित होकर उसरूप होता है, आत्मा उसे नहीं कर देता। आठ कर्म अपने आप ही परिणमित हो रहे हैं; जो स्वतःसे ही बदलता हो उसे दूसरा बदलता है—ऐसा कहना मिथ्या है। निमित्त होता अवश्य है परन्तु वस्तुपरकी अपेक्षा नहीं रखती, स्वतः परिणमित होती रहती है।

पुद्गलद्रव्य परिणमन स्वभाववाला स्वयमेव है। ऐसा होनेसे जिसप्रकार घड़ेरूपमें परिणमित हुई मिट्टी ही स्वतः घड़ा है वैसे ही, जड़ स्वभाववाले ज्ञानावरणादि कर्मरूप परिणमित हुआ पुद्गलद्रव्य ही स्वतः ज्ञानावरणादि कर्म है। इसप्रकार पुद्गलद्रव्यका स्वतंत्र परिणामस्वभावपना सिद्ध हुआ।

घड़ेका कर्ता कुम्हार है—ऐसा कहना यथार्थ नहीं है, क्योंकि वस्तुकी शक्ति परकी अपेक्षा नहीं रखती। मिट्टीमें बदलनेकी शक्ति है, घड़ा होनेमें मिट्टी स्वतः ही सन्मुख हो रही है, मिट्टी स्वतः परिणमित होकर घड़ा होता है। उसीप्रकार ज्ञानावरणादि पुद्गलकर्मरूप पुद्गलों स्वतः परिणमित होकर होते हैं, तेरा तत्त्व पृथक् है और उसका तत्त्व पृथक् है; प्रत्येक द्रव्य पृथक् है, इसप्रकार पुद्गलद्रव्यका परिणाम-स्वभावपना सिद्ध हुआ।

अब इस अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं:—

(उपजाति)

स्थितेत्यविघ्ना खलु पुद्गलस्य
स्वभावभूता परिणामशक्तिः ।
तस्यां स्थितायां स करोति भावं,
यमात्मनस्तस्य स एव कर्ता ॥ ६४ ॥

अर्थ:—इसप्रकार पुद्गलद्रव्यकी स्वभावभूत परिणमनशक्ति निर्विघ्न सिद्ध हुई। यह सिद्ध होनेसे, पुद्गलद्रव्य अपने जिस भावको करता है उसका वह पुद्गलद्रव्य ही कर्ता है।

पुद्गलद्रव्यमें स्वभावरूपसे परिणमित होनेकी अर्थात् स्वभावरूप परिवर्तित होनेकी शक्ति निर्विघ्नतया सिद्ध हुई। पुद्गलद्रव्यमें परिणमित होनेकी अर्थात् अवस्थासे अवस्थान्तर होनेकी शक्ति स्वतंत्र है, उसे परिणमित होनेमें कोई बीचमें विघ्न नहीं कर सकता। जो ऐसा कहते हैं कि हम हो तो जड़का कार्य हो, वैसा कहनेवालेसे कहते हैं कि निःशंकतया पुद्गलद्रव्यकी शक्ति निर्विघ्न सिद्ध हुई, परमाणुमात्र अपनी एक पर्यायसे दूसरी पर्यायको स्वयं बदलता है, परमाणु स्वतः ही एक अवस्थासे परिणमित होकर दूसरीमे उत्पन्न होता है उसकी अवस्था होनेमे उसीका कारण है, किसी परका कारण नहीं है—ऐसा निश्चित् होनेसे पुगलद्रव्य अपने भावोंको करता है, उन भावोंको वह स्वतः ही कर्ता है।

अब जीवका परिणामीपना सिद्ध करते हैं:—

ण सयं बद्धो कम्मे ण सयं परिणमदि कोहमादीहिं।
जइ एस तुज्झ जीवो अप्परिणामी तदा होदी ॥ १२१ ॥
अपरिणमंतह्मि सयं जीवे कोहादिएहि भावेहिं।
संसारस्स अभावो पसज्जदे संखसमओ वा ॥ १२२ ॥

पोग्गलकम्मं कोहो जीवं परिणामएदि कोहत्तं ।
तं सयमपरिणमंतं कहं णु परिणामयदि कोहो ॥१२३॥
अह सयमप्पा परिणमदि कोहभावेण एस दे बुद्धी ।
कोहो परिणामयदे जीवं कोहत्तमिदि मिच्छा ॥१२४॥
कोहुवजुत्तो कोहो माणुवजुत्तो य माणमेवादा ।
माउवजुत्तो माया लोहुवजुत्तो हवदि लोहो ॥१२५॥

नहिं बद्धकर्म, स्वय नहीं जो क्रोधभावों परिणमे ।
तो जीव यह तुझ मतविषै, परिणमनहीन बने अरे ॥१२१॥
क्रोधादिभावों जो स्वयं नहिं जीव आप हि परिणमे ।
संसारका हि अभाव अथवा सांख्यमत निश्चित हुवे ॥१२२॥
जो क्रोध–पुद्गलकर्म–जीवको, परिणमावे क्रोधमें ।
क्यों क्रोध उसको परिणमावे जो स्वयं नहिं परिणमे ॥१२३॥
अथवा स्वयं जीव क्रोधभावों परिणमे–तुझ बुद्धिसे ।
तो क्रोध जीवको परिणमावे क्रोधमें–मिथ्या बने ॥१२४॥
क्रोधोपयोगी क्रोध, जीव, मानोपयोगी मान है ।
मायोपयुत माया अवरु लोभोपयुत लोभ हि बने ॥१२५॥

अर्थ—सांख्यमतके अनुयायी शिष्यके प्रति आचार्यदेव कहते हैं कि हे भाई! यह जीव स्वयं कर्ममे नहीं बंधा है, और स्वयं क्रोधादिभावरूप परिणमित नहीं होता—ऐसा यदि तेरा मत हो तो वह (जीव) अपरिणामी सिद्ध होता है। और जीव स्वतः क्रोधादिभावरूप परिणमित न होनेसे संसारका अभाव सिद्ध होता है अथवा सांख्यमतका प्रसंग आता है।

पुनश्च, पुद्गलकर्म जो क्रोध है वह जीवको क्रोधरूप परिणमित करता है—ऐसा तू मानता है तो यह प्रश्न होता है कि जो स्वत

परिणमित नहीं होता ऐसे जीवको क्रोध कैसे परिणमित कर सकता है? अथवा यदि आत्मा अपने आप क्रोधभावरूप परिणमित होता है—ऐसी तेरी बुद्धि हो तो क्रोध जीवको क्रोधरूप परिणमित करता है—ऐसा कहना मिथ्या सिद्ध होता है।

इसलिये यह सिद्धान्त है कि क्रोधमे उपयुक्त (अर्थात् जिसका उपयोग क्रोधाकारमे परिणमित हुआ है ऐसा) आत्मा क्रोध ही है, मानमे उपयुक्त आत्मा मान ही है, मायामे उपयुक्त आत्मा माया है और लोभमे उपयुक्त आत्मा लोभ है।

यदि आत्मा स्वत' ही राग-द्वेषमे विकार भावसे स्वयं परिणमित होकर न होता हो, क्रोध, मान, माया, लोभ, राग-द्वेषरूप आत्मा स्वत' परिणमित होकर न होता हो तो जीव अपरिणामी सिद्ध होता है और आत्माकी अवस्थामें विकार हुए विना संसार किसका? संसार आत्माकी विकारी अवस्था है यदि वह आत्मामे न होती हो तो संसार ही न हो और संसार न हो तो मोक्ष भी न हो।

कोई कहे कि क्या किया जाये भाई! कर्मका ऐसा तीव्र उदय हो धन्धेमे सच्चा-झूठा तो करना पड़ता है। परन्तु वैसा कहनेवालेकी वात बिल्कुल मिथ्या है। यदि तू क्रोधादिमे परिणमित न हो तो क्या जड़ तुझे बलात् क्रोधादिमे लगाता है? यदि जड़ तुझे क्रोधादिमे परिणमित करे तो जड़ चैतन्यके परिणामका कर्ता हुआ इससे दो द्रव्य एक हो गये। परतु ऐसा वस्तुका स्वभाव है ही नहीं, आत्मा स्वत ही क्रोधादि विकाररूप परिणमित होता है उस समय जड़कर्म निमित्तरूप होते हैं।

सांख्यमत आत्माको बिल्कुल शुद्ध मानता है, अवस्थाको मानता ही नहीं। पूर्वकी कितनी ही गाथाओंमे ऐसी वात आई थी कि आत्मा शुद्ध है और क्रोधादि जड़ है, परन्तु इस गाथामे अवस्थाकी वात की है, क्योंकि कोई शुष्क ऐसी वात न ले जाये कि अपनेको तो ऐसे के ऐसे विषय-कषाय करना चाहिये, क्योंकि आत्मा तो शुद्ध है, इसलिये

चाहे जैसे विषयादिमे वर्तन करें तो भी कोई हानि नहीं है। वैसी शुष्कता न होनेके लिये आचार्यदेव समझाते हैं कि क्रोध, मान, माया, लोभ इत्यादि विकारी भाव तेरे आत्माकी अवस्थामे होते है। एकबार कहा कि क्रोधादि तेरे नहीं हैं और फिर कहते हैं कि क्रोधादि तेरी अवस्थामे होते है। क्रोधादि भाव तेरे स्वरूपमे नहीं हैं—ऐसा कहा वह ध्रुव शक्तिरूप वस्तु सम्यक्श्रद्धाका विषय है। सम्यक्श्रद्धा परिपूर्ण अखण्ड द्रव्यको स्वीकार करती है, वह अपूर्ण, पूर्ण या विकारी पर्यायको स्वीकार नहीं करती, परन्तु श्रद्धाके साथ रहता हुआ ज्ञान परिपूर्ण अखण्ड द्रव्यको जानता है और अपूर्ण, पूर्ण एवं विकारी पर्यायको भी जानता है, तथा वह जानता है कि मलिनता मेरे पुरुषार्थकी अशक्तिसे होती है। इसप्रकार अवस्थाको बतलानेके लिये यहाँ अवस्थादृष्टिसे कहा है अवस्थामे मलिनता है अवश्य, नहीं हो—ऐसा नहीं है। यदि अवस्थाको मलिन न माने तो ज्ञान मिथ्या सिद्ध होता है, पुरुषार्थकी अशक्तिसे स्वत' यदि विकारी अवस्थारूप परिणमित न हो तो मलिनता न हो, जड़कर्म मलिनता नहीं करा देते। यदि जड कर्म मलिनता करायें तो संसारी जीवोंके साथ कर्म स्थायी ही हैं वे तो मलिनता कराते ही रहेंगे और तुझे शुद्ध होनेका प्रसंग ही नहीं आयेगा, परन्तु कर्म आत्माको क्रोधादिभावरूप परिणमित नहीं करते, स्वत विकारी अवस्थारूप परिणमित हो तो क्रोधादि कषाय होते हैं। इसप्रकार क्रोध, मान, विषय, कषाय इत्यादि अपने ही कारणसे हैं, इससे यह बात मिथ्या सिद्ध होती है कि जड़कर्म जीवको क्रोधादि भाव कराते हैं। इसलिये त्रिकाली नियम है कि जिसका उपयोग क्रोधाकारसे परिणमित हुआ है ऐसा आत्मा क्रोध ही है, मानमे युक्त आत्मा मान ही है, मायामे लगा हुआ आत्मा माया ही है और लोभमे लीन आत्मा लोभ ही है।

आत्माका असली स्वरूप तो शुद्ध है, पवित्र है, परन्तु पुरुषार्थकी अशक्तिसे अपने स्वरूपसे च्युत होकर—स्वरूपमे स्थिर न रहकर अरुचि, पश्चाताप, क्रोध, मानादिमें युक्त हो जानेसे अपनी अवस्थामे

वे मलिन भाव होते हैं। वह विकारी पर्याय आत्मासे पृथक् नहीं है—ऐसी अभेद अपेक्षासे कह दिया है कि आत्मा क्रोध ही है।

कर्म क्रोध कराते हैं वैसा भी नहीं है और आत्मामें क्रोध प्रविष्ट हो जाता है वह भी ठीक नहीं है। जब स्वतः क्रोधरूप अवस्थामें परिणमित होता है तब अवस्थामें क्रोध होता है, परन्तु सम्पूर्ण आत्मा क्रोधरूप नहीं हो जाता। यदि सम्पूर्ण आत्मा क्रोधरूप हो जाये तो क्रोध दूर कैसे हो?

संसारी जीव ऐसा मानते हैं कि मैं क्रोध करूँ तो संसारकी व्यवस्था चले, घरके आदमी, लड़के और नौकर-चाकरोंको धमकी दिखाऊँ तो वे सुधरें। देखो! यह विपरीत अभिप्राय! धमकी तू दिखाये, क्रोध तू करे और सामनेवाला सुधर जाये यह कैसे हो सकता है? यदि तेरी सच्ची सलाहसे सामनेवाला सुधरता हो तो तेरे क्रोधादि भावोंसे उसे विगड़ना चाहिये; क्योंकि सिद्धान्त तो एक ही होता है। परन्तु तेरी वह बात मिथ्या है; तेरे शुभाशुभ भावोंसे भावोंका फल तुझको ही है, सामनेवालेका सुधरना-विगड़ना उसके हाथकी बात है, उसकी अवस्थाकी व्यवस्था उसके कारणसे होती है। तू मानता है कि नौकर-चाकरों पर दवाव रखूँ तो काम हो—वह बात विल्कुल मिथ्या है, तुझसे सामनेवाला नहीं दवता किन्तु तू स्वत अपने क्रोधसे दवा है, सामनेवालेका सुधरना-विगड़ना उसके कारणसे है। सब द्रव्य स्वतन्त्र हैं, कोई किसीको सुधार नहीं सकता, स्वत. जब अपने द्वारा सुधरे तब सामनेवालेको निमित्त कहा जाता है। परन्तु अज्ञानी जीव मान बैठता है कि मुझसे सुधरा और मुझसे विगड़ा; किन्तु वास्तवमे अपनेसे ही विगड़ा या सुधरा है। समस्त द्रव्य स्वतन्त्र हैं, जो जिसको अनुकूल हो वह करता है, कोई किसीका किंचित भी नहीं कर सकता।

यह जीव स्वयं कर्ममे न बँधकर क्रोधादिभावरूप स्वयमेव परिणमित न हो वह वास्तवमें अपरिणामी ही सिद्ध हो। ऐसा होनेसे संसारका अभाव होगा।

यदि जीव स्वयं कर्ममें न बँधा हो अर्थात् भावबन्धनमें न बंधा हो, जीवमें बँधनेका विकारभाव न हो अर्थात् स्वतः राग-द्वेषके विकार-भावरूप न होता हो तो वास्तवमे आत्मा अपरिणामी सिद्ध हो अर्थात् कर्म विकारभावमे आत्माको परिणमित करें परन्तु आत्मा स्वतः विकार-भावरूप न परिणामे तो आत्मा अपरिणामी सिद्ध हो।

आत्मा विकाररूप होता है और विकारका नाश भी करता है तथा स्वभावभावरूप भी प्रगट होता है, उसमें आत्मा स्वयं-अपने आप परिवर्तित होता है। राग-द्वेष और शुभाशुभ वृत्तिओंकी अवस्थारूप यदि आत्मा स्वत परिणमित न हो तो संसारका अभाव हो, विकारमें आत्मा विल्कुल ही न हो तो आत्माका मोक्ष हो जाये।

यदि यहाँ ऐसा तर्क किया जाये कि "पुद्गलकर्म जो क्रोधादिक हैं वे जीवको क्रोधादिभावरूप परिणमित करते हैं इससे संसारका अभाव नहीं होता" तो उसका निराकरण दो पक्षोंसे किया जाता है— पुद्गलकर्म जो क्रोधादिक हैं वे स्वयं अपरिणमित जीवको क्रोधादि-भावरूप परिणमित करते हैं या स्वयं परिणमित होनेवालेको? प्रथम स्वयं अपरिणमितको पर द्वारा परिणमित नहीं किया जा सकता, क्योंकि (वस्तुमें) जो शक्ति स्वत न हो उसे कोई अन्य प्रगट नहीं कर सकता। और स्वयं परिणमित होनेवालेको तो पर (अन्य) परिणमित करनेवालेकी अपेक्षा नहीं होती, क्योंकि वस्तुकी शक्तियाँ परकी अपेक्षा नहीं रखतीं। (इसप्रकार दोनों पक्ष असत्य हैं।) इससे जीव स्वयमेव परिणमन स्वभाववाला होता है।

जड़ क्रोध, जड़ कर्म, आत्मा विकाररूपसे न होता हो उसे विकार-रूप करते हैं अथवा आत्मा विकाररूप होता हो उसे विकाररूप करते हैं? उन दोनोंमें किस प्रकारसे वात है?

यदि आत्मा विषय-कषाय, राग-द्वेषादि विकारी भावरूप परिणमित न हो तो अन्य कोई उसे बदल नहीं सकता-परिणमित नहीं कर सकता। जो स्वत' अपने आप बदलता ही नहीं उसे दूसरा कौन

वदल सकता है ? जो अपने आप विकाररूप परिणमित नहीं होता उसे जड़कर्म किस प्रकार विकाररूप परिणमित कर सकते हैं ? और स्वयं अपने आप ही वदलता है, स्वयं ही विकाररूप परिणमित होता हो तो उसे परकी अपेक्षा लागू नहीं होती। पहले कहा कि जिसमें स्वतः परिणमन-शक्ति नहीं है उसे दूसरा कैसे परिणमित कर सकता है ? और दूसरी वार कहा कि यदि स्वयं परिणमित होता हो फिर दूसरेकी अपेक्षाकी आवश्यकता नहीं है। वस्तुकी शक्तियाँ परकी अपेक्षा नहीं रखतीं, स्वयं-अपने आप ही विकाररूप परिणमित होती हैं उसमे परका साथ नहीं है। यह पहली द्रव्य-गुण-पर्यायकी स्वतंत्रता माननेकी व्यवहारशुद्धि बतलाते हैं। कर्म तुझे वलात राग-द्वेप कराते हैं—ऐसी मान्यतासे स्वभावकी शुद्धि नहीं होगी, परन्तु यदि ऐसा माने कि कर्म मुझे राग-द्वेष नहीं कराते, मैं अपने पुरुपार्थकी अशक्तिसे अपनी भूलसे राग-द्वेषमे परिणमित होता हूँ इससे विकार होता है, तो यह अभी व्यवहारशुद्धि है। अंतरंगमें शुभाशुभ परिणामोंसे भी आत्माका स्वरूप पृथक् है—ऐसी द्रव्यदृष्टिकी बात तो अभी बाकी रहती है। यह दोनों तो द्रव्यकी स्वतंत्रताकी वातें हुईं।

जड़ और चेतन्य दोनों स्वतन्त्र-पृथक् पदार्थ हैं, कोई किसीको वदल नहीं सकता। कितने ही लोग कहते हैं कि—जैसे कर्म उदयमे आये वसे ही पुण्य या पापके परिणाम होते हैं, परन्तु वैसा नहीं है। यदि तेरे भावोंमें मन्दकपाय हो तो पूजा-भक्तिके शुभपरिणाम हो और तीव्र कपाय हो तो विपय-कपाय होते हैं, वह सव तेरे ही कारणसे होता हे,—कर्मके कारण नहीं। तेरा वीर्य अधिक विपरीत होगा तो तीव्र राग-द्वेप होंगे और यदि अल्प विपरीत होगा तो मन्द राग-द्वेप होंगे, जिस प्रकार तेरा वीर्य होगा वैसे ही राग-द्वेष होंगे। कर्मका मन्द उदय हो तो मन्द राग-द्वेष होते हैं और तीव्र उदय हो तो तीव्र राग-द्वेप होते हैं—ऐसा वस्तुस्वरूप नहीं है। स्वत तीव्र या मन्द राग-द्वेप करना वह आत्माके हाथकी वात है, कर्म तो निमित्त मात्र हैं। स्वत. जिस प्रकारसे युक्त होता है उस प्रकार राग-द्वेप होते हैं।

चैतन्य स्वयं विकाररूप परिणमित होता है, तथापि जड़ परिणमित करता है ऐसा कहना मिथ्या है। चैतन्य स्वत परिणमित नहीं होता परन्तु जड़ परिणमित करता है वैसा कहना भी मिथ्या है, क्योंकि जो स्वत अपने आप परिणमित नहीं होता उसे अन्य कौन परिणमित कर सकता है ? इसलिये दोनों पक्ष मिथ्या सिद्ध होते हैं। आत्मा विकार करनेमें स्वतंत्र है तो फिर अविकारी आत्मधर्म प्रगट करनेमे तो स्वतंत्र होगा ही, उसमे नवीनता क्या है ? आत्मा विकार परिणाम या अविकार परिणाम करनेमे स्वतंत्र है—ऐसा सिद्ध हुआ।

इस प्रकार जीव स्वयमेव परिणामस्वभाववाला है। ऐसा होनेसे जिसप्रकार गरुडके ध्यानरूप परिणमित हुआ मंत्रसाधक स्वत गरुड़ है उसीप्रकार, जिसका उपयोग क्रोधादिरूप परिणमित हुआ है ऐसा अज्ञानस्वभाववाला जीव ही स्वतः क्रोधादिक है। इस प्रकार जीवका परिणामस्वभावपना सिद्ध हुआ।

आचार्यदेवने गरुड़का उदाहरण दिया है कि जिसप्रकार गरुड़का मंत्रसाधक स्वत गरुड़का ध्यान करनेसे मैं स्वत गरुड़ हूँ—ऐसा अज्ञानतासे मानता बैठता है, वैसे ही जिसका उपयोग क्रोधादिरूप परिणमित हुआ है, ऐसा अज्ञानी जीव स्वतः ही क्रोधादि है। अज्ञानीने क्रोध, मान, माया, लोभ इत्यादिको अपना माना है, इससे उसका उपयोग उनमे अटक गया है अर्थात् एकाकार हुआ है, उससे अज्ञानी जीवको क्रोधमय और मानमय कहा है। राग-द्वेष और शुभाशुभ परिणामोंका कर्ता अज्ञानी है किन्तु ज्ञानी नहीं है, ज्ञानी तो राग-द्वेषके परिणामोंका नाशक है—उत्पादक नहीं है। अज्ञानी राग-द्वेषके परिणामोंका उत्पादक है इससे उसे उसमय कहा है।

आचार्यदेव एक ओर कहते हैं कि चौदह गुणस्थान जड़ हैं और दूसरी ओर कहते हैं कि क्रोध-मान-मायाका विकार आत्माकी पर्यायमे है। जिसके उपयोगकी एकाग्रता विकारमे है वह आत्मा क्रोधरूप है, वह अवस्थादृष्टिसे कहा है।

आचार्यदेवने गरुड़का उदाहरण देकर कहा है कि–गरुड़का ध्यान करनेसे गरुड़रूप हो गया वैसे ही व्यापार–धधावाला व्यापारमय हो जाता है। वकील वकालातमे एकाग्र हो जाता है। एक मनुष्य रुईका व्यापारी था, उसमें वह इतना तल्लीन हो गया कि पानी पीने गया तो वहाँ भी कहने लगा 'रुई' 'पानी' रुईमे इतना एकाग्र हो गया कि पानीके बदले रूई-रूई रटने लगा। उसीप्रकार जिसे क्रोध–मान–माया –लोभादि मैं ही हूँ—ऐसा हो गया है, शुद्ध उपयोग मैं नहीं हूँ किन्तु विकारी उपयोग ही हूँ ऐसा भासित हुआ है वैसे जीवको अवस्था-दृष्टिकी अपेक्षासे भगवानने उसीमय–विकारमय ही कह दिया है। आत्मा स्वतः ही अवगुणरूप परिणमित होता है। जड़ अवगुण कराये ऐसा कभी नहीं बनता।

अब इस अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं:—

(उपजाति)

स्थितेति जीवस्य निरंतराया
स्वभावभूता परिणामशक्तिः ।
तस्यां स्थितायां स करोति भावं
यं स्वस्य तस्यैव भवेत्स कर्ता ॥ ६५ ॥

अर्थः—इसप्रकार जीवकी स्वभावभूत परिणमनशक्ति निर्विघ्न सिद्ध हुई, ऐसा सिद्ध होनेसे, जीव अपने जिन भावोंको करता है उनका वह कर्ता होता है।

आत्माभे स्वत से ही अपना स्वभाव बदलनेकी शक्ति स्वयंसिद्ध है—वह सिद्ध हुआ। अपने परिणमनमे किसीका हाथ नहीं है। सभी अपने अपने भावोंको करते हैं, चैतन्य चैतन्यके भावोंको करता है, परमाणु परमाणुके भावोंको करता है, ज्ञानी ज्ञानभावोंको करता है, अज्ञानी राग-द्वेष करता है, ज्ञानी राग-द्वेषका कर्ता नहीं है, अज्ञानी जड़का कर्ता नहीं है, जड है वह राग-द्वेष भावोंका कर्ता नहीं है—

इस प्रकार तीनों अपने अपने भावोंको करते हैं। वस्तुस्वभावको समझनेसे ही सिद्धि है, अन्य कोई उपाय नहीं है।

आत्मा कर्ता है और उसका कार्य क्या है वह बात यहाँ चलती है। अज्ञानी अज्ञानभावसे राग–द्वेषका कर्ता होता है, ज्ञानी ज्ञानभावसे ज्ञानका कर्ता (होनेवाला) होता है, जड़ परमाणुओंका कर्ता ज्ञानी या अज्ञानी कोई नहीं है, जड़ परमाणु स्वत अपने सामर्थ्यसे परिणमित होकर कार्य करते हैं।

पाँच गाथाओंमे भिन्न-भिन्न स्वतंत्र कार्य बतलाये हैं। अब, कोई ऐसा समझ जाये कि विकारीभाव आत्मा करता है तो ज्ञानी भी विकारीभाव करता है या नहीं? उसे समझाते हैं। अज्ञानीका उपयोग अर्थात् व्यापार स्वभावके अभावरूप है, आत्माके ज्ञानमय उसका व्यापार नहीं है। वर्तमान विकार पर दृष्टि–वह अज्ञानका कार्य है, विकारमे एकाग्र होना वह अज्ञानका कार्य है, त्रिकाल स्वभाव पर दृष्टि ज्ञानका कार्य है, ज्ञानमे एकाग्र होना वह ज्ञानका कार्य है।

हिंसा, झूठ, चोरी, अब्रह्म, दया, दान, पूजा, भक्ति—इन अशुभ और शुभ भावोंको आत्मा करता है–तो ज्ञानी भी इन्हीं भावोंको करता है या अन्य भावोंको?—ऐसा प्रश्न यदि किसीको हो, उसे आगेकी गाथामें समझाते हैं ॥ १२१–१२५ ॥

ज्ञानी ज्ञानमय भावोंका और अज्ञानी अज्ञानमय भावोंका कर्ता है—

जं कुणदि भावमादा कत्ता सो होदि तस्स कम्मस्स ।
णाणिस्स स णाणमओ अण्णाणमओ अणाणिस्स ॥ १२६ ॥

जिस भावको आत्मा करे, कर्ता बने उस कर्मका ।
वो ज्ञानमय है ज्ञानिका; अज्ञानमय अज्ञानिका ॥ १२६ ॥

अर्थ—आत्मा जिन भावोंको करता है उन भावोंरूप कर्मोंका वह कर्ता होता है ज्ञानीको तो वे भाव ज्ञानमय हैं और अज्ञानीको अज्ञानमय ।

आत्मा और उसके गुण नित्य एकरूप रहते हैं, और अवस्था प्रतिक्षण बदलती है, उसमे स्वभाव अवस्थाका कर्ता आत्मा है, परन्तु विकार अवस्थाका कर्ता आत्मा नहीं है। अज्ञानी विकारी अवस्थाका कर्ता होता है। करनेवाला जिस भावमें कर्ता होकर रुकता है उस भवका वह कर्ता होता है और वह भाव उसका कर्म होता है।

ज्ञानीके तो सच्ची श्रद्धा, सच्चा ज्ञान और सच्ची एकाग्रतारूप अवस्था होती है, वह ज्ञानीका कार्य है। क्रोध, मान, माया, लोभादि, विकारी अवस्थाएँ अज्ञानीका कार्य है।

इस प्रकार यह आत्मा स्वयमेव परिणामस्वभाववाला है तथापि अपने जिस भावको करता है उसी भावका (-कर्मपनेको प्राप्त हुए भावका) कर्ता होता है। (अर्थात् वह भाव आत्माका कर्म है और आत्मा उसका कर्ता है)।

भगवान आत्मा स्वत से परिवर्तित होनेके सामर्थ्यवाला है, आत्मा नित्यस्थायी रहकर परिवर्तित होनेके स्वभाववाला है; वह परिवर्तनरूप स्वभाव अर्थात् परिणमनस्वभाव किसी संयोगसे नहीं हुआ है, परसे नहीं हुआ है, विकारसे नहीं हुआ है परन्तु स्वयमेव स्वतः अपनेसे ही अनादि-अनन्त स्वयंसिद्ध है।

परिवर्तनस्वभाववाला है, तथापि जिस भावको—जिस कर्तव्यको प्राप्त है उसीका कर्ता होता है। पहले था वही दूसरे क्षण है-नाश नहीं हुआ है। नाश नहीं होता परन्तु स्थित रहकर परिवर्तित होता है, अवस्थान्तरपनेको प्राप्त होता है।

एक मनुष्य स्वतः क्रोधका भाव बदलकर क्षमाका भाव प्रगट करता है, उसमे मनुष्य तो वहीका वही है, परन्तु पर्याय बदली है। पर्यायकी अपेक्षासे ऐसा कहा जाता है कि दूसरा मनुष्य हुआ, परन्तु द्रव्यकी अपेक्षासे तो क्रोध और क्षमा—दोनों अवस्थाओंमे मनुष्य तो वहीका वही है।

उसीप्रकार आत्मा वस्तु स्वत' स्थायी रहकर परिवर्तन होता

है। उसमें दो प्रकार हैं—ज्ञानी और अज्ञानी, परकी आशा–आश्रय रखकर हो वह अज्ञानी है, मैं दूसरोंका अच्छा–बुरा करूँ और दूसरे मेरा अच्छा बुरा करें—ऐसा जो भाव है वह सब पराश्रितता है, पराधीनता है, स्वाधीनताका विनाश है, स्वभावकी हत्या है। अपने स्वाधीन–स्वतंत्रस्वभावको भूलकर अच्छे–बुरे मानकर इन भावोंमे रुककर उनका कर्ता हो वह अज्ञानी है।

मैं दूसरेके लिये रुकूँ, दूसरा मेरी सहायता करे–ऐसी पराश्रिततामे नहीं रुका, पराधीनतामे स्थिर नहीं हुआ, राग-द्वेषमें नहीं रँगा है, ऐसे ज्ञानीको पराधीनताके कार्य रुककर स्वसन्मुखता सहित जाननेका कार्य रहा। इससे ज्ञानी पवित्र कार्य करता है, निर्मल पर्याय प्रगट करता है और मलिनताको हटाता है—ऐसे उत्तम ज्ञायकभावका कार्य ज्ञानीको करना होता है।

वह भाव ज्ञानीको ज्ञानमय ही है, क्योंकि उसे सम्यक्‌प्रकारसे स्व-परके विवेक द्वारा (सर्व परद्रव्य–भावोंसे भिन्न) आत्माकी ख्याति अत्यन्त उदयको प्राप्त हुई है।

वस्तु बदलती है तथापि उसमें यह खूबी है कि जो जहाँ रुकता है उसका वह कर्ता होता है और वह उसका कर्म (कार्य) होता है। ज्ञानी समझता है कि ज्ञान ही मेरा स्वरूप है, (ज्ञानमें दूसरे अनन्त गुण ले लेना,) मैं ज्ञानका पिण्ड आत्मा हूँ, ज्ञान और आनन्दकी मूर्ति हूँ, स्वरूपका ज्ञान, स्वरूपकी प्रतीति और स्वरूपमे स्थिरता ही मेरा कर्तव्य है, जो शुभाशुभ विकारी भाव हैं वह मैं नहीं हूँ, वह मेरा कर्तव्य नहीं है। ज्ञानीको ऐसा स्व–पर विवेक, आत्माकी ख्याति अर्थात् आत्माकी प्रसिद्धि अन्तरमें उदयको प्राप्त हुई है। लोग बाह्यमे प्रसिद्धि मानते हैं, ख्याति प्राप्त करना चाहते हैं किन्तु वह प्रसिद्धि तो—"आँखोंके अन्धे और नाम नयनसुख" जैसी है। मैं शुद्ध, निर्मल, शांति और पवित्र हूँ—ऐसे स्वभावकी ख्याति ज्ञानीके स्पष्टतया प्रगट-दशामें प्राप्त हुई है। इस समय भले ही केवलज्ञान प्रगट नहीं है परन्तु

पुण्य-पापके एक भी अंशको अपनेरूप स्वीकार नहीं करता—ऐसी ख्याति अत्यन्त प्रगट हुई है।

प्रश्न'—ऐसी अन्तरकी प्रसिद्धि जिनके प्रगट हुई है—ऐसे ज्ञानी खाते-पीते तो है या नहीं ?

उत्तर'—ज्ञानी अमुक भूमिका तक खाते-पीते दिखाई अवश्य देते हैं परन्तु वास्तवमें ज्ञानी खाते भी नहीं हैं, पीते भी नहीं हैं अस्वस्थ भी नहीं होते और स्वस्थ भी नहीं होते। उसीप्रकार अज्ञानी भी खाता-पीता नहीं है और स्वस्थ-अस्वस्थ नहीं होता, परन्तु वह मानता है कि मैं खाता-पीता हूँ, स्वस्थ-अस्वस्थ हूँ—वह उसका अज्ञान है।

परसे पृथक्त्वको विवेकरूपसे जानना उन भावोंका ज्ञानी कर्ता है, विवेक पूर्वक परसे निवृत्तरूपसे स्वरूपमे स्थिर होनेरूप अविकारी भावोंका ज्ञानी कर्ता है, वह भाव ज्ञानीका कर्म (कार्य) है।

अज्ञानी अपनी विवेक शक्ति आत्महितके लिये प्रगट नहीं करता, छुपाता है इसलिये स्वतः अपने स्वरूपको नहीं समझता इससे वह ठग है। आजकलके कितने ही मनुष्य तो यह कहते है कि हमारी कैसी चतुराई है! हम दूसरोंको ठगकर काम निकालते हैं! परन्तु भाई! वास्तवमें कोई किसीको ठग नहीं सकता, अपने भावोंको स्वतः ही ठगता है, वेइमानी तूने की इसलिये तू ही ठगा गया है, जड़ पदार्थ तेरे कभी नहीं होते, तथापि उन्हें तू मेरा-मेरा कहता है इसलिये तू स्वतः ही ठगा गया है। परको अपना मानना वह हानि स्वत से ही अपनेको हुई है। परवस्तुका वदलनेका स्वभाव है इससे वह एकरूप न रहकर पलट जाती है—परिवर्तित हो जाती है। उसके वदलनेसे अज्ञानीको ऐसा होता है कि हाय! हाय! मेरी वस्तु चली गई, वैसा माननेवाला ठग है। जिसने परवस्तुको अपना माना है उसने अपनी वस्तुको अपना नहीं माना है। आत्मामे भी वदलनेका स्वभाव है—आत्मा परिवर्तनस्वभाववाला है, इससे विपरीत मान्यतासे सीधी मान्यता कर सकता है। अज्ञानी पुण्य-पापके भावोंको और परद्रव्य-

परक्षेत्र शरीरादिको अपना मानता है, मैं परसे किस प्रकार भिन्न हूँ — उसका भान नहीं है इसलिये अज्ञानरूप ही उसका कार्य होता है। अज्ञानीके भेदज्ञानकी ज्योति अत्यन्त अस्त हो गई है। जिस भावसे तीर्थंकर नामकर्म बँधे या सर्वार्थसिद्धिके देवका भव मिले वह भाव भी मेरा नहीं है तो फिर स्त्री–बच्चे तो मेरा कैसे होंगे ? किन्तु अज्ञानीको ऐसा भान न होनेसे वह सबको अपना मानता है, क्योंकि उसके भेद-ज्ञानज्योति अत्यन्त अस्त हो गई है।

अज्ञानी ऐसा मानता है कि किसी भाईने अमुक कार्यमे बुद्धिसे काम किया तो उससे लाखों रुपयेका लाभ हुआ, वैसा मानना वह सब व्यर्थ है। और फिर कहता है कि अमुक प्रसगमें सब रुपये जानेवाले थे परन्तु व्यापार बन्द कर दिया इससे टोटा होनेसे बच गया। यह सब मानना अज्ञानता है। अज्ञानी ऐसा मानता है कि वस्तुको मैं हिला–डुला सकता हूँ, वस्तु स्वयं फिरती है ऐसा दिखाई देता है तथापि वह मानता है कि मैं बदलता हूँ, परन्तु भाई! तूने क्या बदला ? तूने अपने विकल्पको बदला है परन्तु परवस्तुको बदलना आत्माके हाथकी बात नहीं है। एक परमाणुको एक क्षेत्रसे दूसरे क्षेत्रमें ले जानेकी शक्ति तीन कालमे किसीकी नहीं है। अरे भगवान! तू तो जड़से पृथक् और राग–द्वेषका नाशक है, उसके बदले ऐसा मानता है कि राग-द्वेषका उत्पादक-परका संग्राहक और परका कर्ता—वह तेरा अज्ञान ही है।

ज्ञानीको स्व-परका भेदज्ञान हुआ है, स्व अर्थात् स्वत: अविकारी चैतन्यमय वस्तु, पर अर्थात् विकारी भाव और जड़ पदार्थ–उनका स्पष्ट भेदज्ञान हुआ है, स्वस्वरूपकी पहिचान करके उसमे लीन हो और परभावोंसे निवृत्त हो। बस, यही मार्ग है, इसके अतिरिक्त अन्य मार्ग नहीं है। ज्ञानी ज्ञानका कर्ता है, अज्ञानीके भेदज्ञान प्रगट न होनेसे वह अज्ञानका कर्ता है ॥ १२६ ॥

ज्ञानमय भावसे क्या होता है और अज्ञानमय भावसे क्या होता है वह अब कहते हैं:—

अण्णाणमओ भावो अणाणिणो कुणदि तेण कम्माणि ।
णाणमओ णाणिस्स दु ण कुणदि तह्मा दु कम्माणि ।१२७।

अज्ञानमय अज्ञानिका, जिससे करे वो कर्मको ।
पर ज्ञानमय है ज्ञानीका, जिससे करे नहिं कर्म वो ॥ १२७ ॥

अर्थ—अज्ञानीके अज्ञानमय भाव है इससे अज्ञानी कर्मोको करता है और ज्ञानीके ज्ञानमय (भाव) है इससे वह कर्मोको नहीं करता ।

आत्माके निर्मल-पवित्र स्वभावका अजान-अज्ञानी रागद्वेष और अज्ञान अवस्थाका कर्ता होता है और वहीं रुक जाता है, ज्ञानीको अपने स्वभावकी पहिचान होनेसे स्वमें लीन होता हुआ वहाँ रुकता है, उसका कर्ता होता है ।

अज्ञानीको, सम्यक्प्रकारसे स्वरूपका विवेक न होनेके कारण भिन्न आत्माकी ख्याति अत्यन्त अस्त हो गई है, इससे अज्ञानमयभाव ही होते हैं ।

सम्यक्प्रकारसे कहकर "सम्यक्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः" यह सब लिया है । उन तीनोंसे अज्ञानी भ्रष्ट हुआ है । आत्मा अनन्त गुणमूर्ति पवित्र निर्दोष है, इसकी प्रसिद्धि जिसके अस्त हो गई है—ऐसे भेदज्ञानकी ज्योति छिप गई है, वैसा अज्ञानी परके कार्य मेरे हैं–यह मानकर वहाँ रुक गया है । राग-द्वेष, शरीर-वाणी-मन वे सभी मेरे हैं और मैं उनमय हूँ, इस प्रकार दोनोंके एकत्वकी मान्यतामे लीन होकर, अपना जो ज्ञानदर्शनमय अनाकुल स्वरूप है उससे भ्रष्ट हुआ है, पर जो राग-द्वेप हैं उनके साथ एक होकर उसे अहङ्कार वर्त रहा है । ज्ञानीके दृढ़ता है तव अज्ञानीको अहङ्कार हो गया है । वास्तवमें, राग है सो आस्रव और बन्ध तत्त्व है, जो राग है सो मै नहीं हूँ वैसे अपने चैतन्यस्वभावकी खवर नहीं है इसलिए जो राग है सो मैं हूँ, द्वेप है वह मैं हूँ, प्रतिकूलता आये तो मुझे अरुचि होती है और

अनुकूलता आये तो राग ही होता है—ऐसा अज्ञानी अपनेको विकारी भावों जितना ही मानता है। राग-द्वेष मेरे स्वभावमेंसे आते हैं, राग-द्वेष मेरा कर्तव्य हैं, मेरा कार्य है, यदि मैं राग-द्वेष न करूँ तो कौन करेगा? इस प्रकार रागी, द्वेषी, क्रोधी, मानी, कपटी, लोभी अपने वीतराग-स्वभावसे च्युत होकर अज्ञानी स्वभावका अजान, बेभान, पुण्य-पापके कार्यको अपना कर्तव्य मानकर उन भावोंका कर्ता होता है। स्थायी वस्तु निर्मल है उसके गुण भी निर्मल हैं। अनन्त जिसका सामर्थ्य है ऐसे स्वभावसे भ्रष्ट हुआ परभावोंका कर्ता बननेसे, अपने स्वभावका ज्ञान, श्रद्धा और उसमे स्थिर होना छोड़ देता है।

अज्ञानी ऐसा मानता है कि हम यहां उपस्थित थे इसलिये यह कार्य अच्छा हो गया, समाप्त हो गया, हमारी दो दिनकी भी अनुपस्थिति हो तो सारा काम बिगड़ जाये। अरे भाई! वह तो बनना बिगड़ना होगा तो वह बनेगा या बिगड़ेगा उसमे किसीका कुछ भी न चलेगा, मात्र अहङ्कार करके तूने अपने भावोंमें हानि पहुँचाई। परकी कोई भी अवस्था उसके कारणसे बनती है, उसे आत्मा नहीं करता, अवस्था ही द्रव्यकी निजशक्तिसे और कर्ता कोई दूसरा हो—यह बिल्कुल असत्य है, उसे कैसे सत्य माना जाये? कोई कहे कि मैंने यह सब एकत्रित किया तब यह प्रसंग निर्विघ्न निपट गया। परन्तु भाई! जो संयोग एकत्रित होना हों उन्हें कोई आत्मा इकट्ठा कर देता है या प्राप्त करा देता है—वह कहना बिल्कुल असत्य ही है। कोई कहे कि मेरा हाथ हलका है इसलिये यह वस्तु अच्छी बनी है वैसा मानना वह सब गपगोले हैं, एक परमाणु जैसे अनन्त परमाणुओंका दल—उसके कपड़े, मकान, कागज, कलम—सभी वस्तुएँ अपने-आप परिणमित होकर होती हैं। अज्ञानी मानता है कि मैं उन्हें करता हूँ उस भावका वह कर्ता होता है।

ज्ञानीको तो सम्यक्प्रकारसे स्व-परके विवेक द्वारा भिन्न आत्माकी ख्याति अत्यन्त उदित हुई है, इससे ज्ञानमय भाव ही होते हैं।

ज्ञानीको तो, मैं परद्रव्य और परभावसे बिल्कुल पृथक् आत्मा हूँ, मेरा स्वरूप चेतनामय है अर्थात् ज्ञाताद्रष्टारूपसे स्थिर हो जाना मेरा स्वरूप है, हाँ और-नहींका किंचित् भी उत्थान होनेरूप भाव मेरा स्वरूप नहीं है, इसप्रकार ज्ञानीके भिन्न आत्माकी प्रसिद्धि अत्यन्त उदयको प्राप्त हुई है—प्रगट हुई है। इसप्रकार धर्मी जीव मोक्षमार्गमे स्थित हुआ, स्वतंत्रताके पथ पर खड़ा हुआ, ज्ञान, ज्ञानकी प्रतीति, ज्ञानकी स्थिरता—उनका कर्ता है, मैं ज्ञाता ही हूँ, द्रष्टा ही हूँ, साक्षीरूपसे रहनेवाला ही हूँ—वैसा जिन्हें भान है उनको ऐसा भाव तीनकाल तीनलोकमे कर्ताबुद्धिसे नहीं होता कि मैंने यह किया और मैंने वह किया मैं दूसरेको समझा सकता हूँ या दूसरा मुझसे समझ जाता है—ऐसी मान्यता ज्ञानीको तीनकाल और तीनलोकमें नहीं होती। वह जानता है कि सामनेवालेकी समझनेकी योग्यता स्वत से ही है। और सामनेवालोंके समझनेकी योग्यतारूप अवस्था उससे ही हुई है।

ज्ञानीको सम्यक्प्रकारसे स्व-परके विवेक द्वारा भिन्न आत्माकी ख्याति अत्यन्त उदयको प्राप्त हुई है, इससे ज्ञानमय भाव ही होते हैं। और उनके होनेसे स्वपरके भिन्नत्वके विज्ञानके कारण ज्ञानमात्र ऐसे स्वत मे सुनिविष्ट (सम्यक्प्रकारसे स्थित) हुआ, पर ऐसे राग-द्वेषसे पृथग्भूतपनेके (भिन्नत्वके) कारण निजरससे ही जिसके अहङ्कार निवृत्त हुआ है—ऐसा स्वत. वास्तवमें मात्र जानता ही है, रागी और द्वेषी नहीं होता (अर्थात् राग-द्वेष नहीं करता), इससे ज्ञानमय भावके कारण ज्ञानी अपनेको पर जो राग-द्वेष है उसरूप न करता हुआ कर्मोंको नहीं करता।

ज्ञानीको स्व-परके विवेकी ज्ञान द्वारा भेदज्ञानकी ज्योति प्रगट हुई है इससे स्वपरके भिन्नत्वके विज्ञानके कारण ज्ञानमात्र ऐसे अपने स्वरूपमें स्थित होता है। ज्ञानी जानता है कि पर और मैं त्रिकाल भिन्न हूँ, परका और मेरा किसी कालमें मेल नहीं है, इसप्रकार ज्ञानीको स्व-परकी बिल्कुल भिन्नता प्रतिभासित हुई है। अज्ञानमे "स्व-परके

एकत्वपनेके कारण” ऐसा आचार्यदेवने कहा था और यहाँ ज्ञानीको “भिन्नत्वके बोधके कारण” ऐसा कहा है। अज्ञानी स्वभावसे भ्रष्ट हुआ है इससे पुण्य और पापके कार्य मेरे हैं—ऐसा मानकर वहाँ रुक रहा है और ज्ञानी अपने स्वभावमे सुनिविष्ट अर्थात् सम्यक्प्रकारसे स्थिर हुआ है और पर ऐसे राग-द्वेष अर्थात् पुण्य-पापके परिणामोंसे पृथग्भूतपनेके कारण मैं पृथक् हूँ, मेरा स्वरूप जाननेके अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं है—ऐसा विवेक ज्ञानीके वर्तता है। जाननेमें दर्शन-ज्ञान-चारित्रादि अनन्तगुण साथ ही आ जाते हैं। अज्ञानी परको अपना मानकर अहंकाररूप प्रवर्तता है और ज्ञानीको स्वभावमे स्थित होनेसे निजरस प्रगट हुआ है और उस निजरसके प्रगट होनेसे अहंकारका सहज ही त्याग हो गया है। हाँ और ना के जो-जो विकल्प उठते हैं वे कोई भी मेरे नहीं हैं, वे परिणाम पुरुषार्थकी अशक्तिसे आते हैं परन्तु वह मेरा स्वरूप नहीं है, ज्ञानीको स्वभावका ज्ञान, स्वभावकी प्रतीति और स्वभावका आचरण प्रगट हुए होनेसे, जो पर है सो मैं हूँ—ऐसी अहंबुद्धि सहज निवृत्त हो गई है।

ज्ञानीको अपने स्वभावसे सुख है, अज्ञानी ऐसा मानकर सुख मानता है कि दूसरे मुझे अच्छा कहें, बड़ा कहें। बाह्यकार्योंमे कोई पूछने न आये तो भी अपने आप सलाह देता रहता है और दूसरा न माने तो उसे दुःख होता है। ज्ञानीको तो यदि सामनेवाला पूछने आये और न माने तो भी उसका सुख नहीं जाता। नासमझ अज्ञानीको तो ऐसा लगता है कि पहले मेरे पिताजी थे तब बड़प्पन था अब आदर कम हो गया है, पहले तो सब हमारी बात मानते थे अब कोई नहीं सुनता। अरे भाई! वे माने तो उनके कारणसे और न मानें तो उनके कारणसे, तेरा मानना तुझमे है और सामनेवालेका मानना उसमे है। ज्ञानी समझते हैं कि मेरा किसीने नहीं माना है और मैंने किसीका नहीं माना है, मैंने न तो किसीको सलाह दी है और न किसीकी सलाह ली है, मेरा बडप्पन न तो किसीने पहले रखा है और न वह किसी दिन दूर ही हुआ है। ज्ञानीको शांतरसका अनुभव

होनेसे परका अहंकार निवृत्त हुआ है। जो बात स्वतःको बैठती है, अनुकूल पड़ती है उसीको सब मान रहा है अर्थात् स्वतः अपनेको ही मान रहा है, परका माना-वह कहना उपचार है।

प्रत्येक आत्मा स्वयं स्वतंत्ररूपसे अपने स्वभावका कर्ता और उसमें स्थिरता करनेवाला है, परका कुछ भी नहीं कर सकता। तीर्थङ्करदेव जो अनन्त वीर्यकी मूर्ति हैं वे भी परका कुछ नहीं कर सके तो फिर पामरकी क्या शक्ति है। व्यर्थका मिथ्याभिमान अज्ञानी करता है। अज्ञानी कहता है कि दूसरोंको ऐसी नेक सलाह दूँ कि वे माने बिना न रहें। परन्तु भाई! निश्चयसे या व्यवहारसे किसी भी प्रकार एक द्रव्य दूसरे द्रव्यका कुछ भी नहीं कर सकता। सामनेवाला दूसरेका कहा मानता है वह स्वयं स्वतंत्ररूपसे मानता है, जो बात रुचे वही मानता है। कोई बलात् उसे नहीं मनवा देता, मात्र अज्ञानीको ऐसी भ्रांति है कि मैं परको मनवा देता हूँ। चैतन्यके ज्ञान-श्रद्धानसे जो भ्रष्ट हो गया है उसे अहंकार हुए विना नहीं रहता।

ज्ञानीको स्व-परका विवेक होनेसे-परसे पृथक्त्वकी श्रद्धा और ज्ञान होनेसे, श्रद्धा-ज्ञान और निजरसका अनुभव होनेसे परके अहं-कारसे निवृत्त हुआ है—ऐसा स्वयं वास्तवमे जानता ही है, जानने-देखनेके अतिरिक्त आत्माका अन्य कर्तव्य नहीं है। ज्ञानी साक्षीरूपसे रहता हुआ रागी-द्वेषी नहीं होता अर्थात् राग-द्वेषका कर्ता नहीं होता। सभी द्रव्य बिल्कुल पृथक्-पृथक् स्वतंत्र है, सबके स्वभावपिण्ड स्वतंत्र-भिन्न हैं। ज्ञानी केवल जानता ही है, अल्प राग-द्वेष होता है उसे भी जानता है। ज्ञानीके अनन्तानुबंधी कषाय दूर हो गया है और जो अल्प राग-द्वेष होते हैं उनका वह कर्ता नहीं होता इससे ज्ञानी रागी-द्वेषी नहीं होता। चारित्र दोषसे जो अल्प राग-द्वेष होता है वह गौण है। अनुकूलताके रागमे और प्रतिकूलताके द्वेषमे ज्ञानी नहीं अटकता, इससे अपनेसे पर ऐसे विकारी भावोंको न करता हुआ कर्मोंको भी नहीं करता। आचार्यदेवने ऐसी स्पष्ट-सरल और सुगम टीका की है कि बालक भी यदि ध्यान रखे तो उसे भी समझमे आने जैसी बात

है। आचार्यदेवके कथन की शैली इतनी सरल है कि वस्तुस्वरूपका रहस्य स्पष्ट समझमें आ जाये। प्रत्येक गाथामें ऐसी ही सरल रीति है।

क्रोधादिक मोहनीयकर्मकी प्रकृतिका उदयमें जुड़नेसे—चैतन्यके उपयोगमें राग-द्वेषकी कलुषिताका स्वाद आनेसे, वही मैं हूँ—इस प्रकार राग-द्वेषमें अहंबुद्धि करता हुआ, स्व-परका भेदज्ञान न होनेसे अज्ञानी अपनेको रागी-द्वेषी करता है, अपने स्वभावमें नहीं—ऐसे निमित्ताधीन भावोंको अपना बनाकर उन्हींका कर्ता होता है और उस प्रकार अज्ञान-भावसे कर्मबन्ध होता है।

ज्ञानीको स्व-परका भेदज्ञान होनेसे वह ऐसा जानता है कि जो, मात्र शुद्ध परकी उपाधिसे रहित ज्ञानमात्र शुद्धोपयोग है वही मैं हूँ, वही मेरा स्वरूप है, जो राग-द्वेष है वह मेरा स्वरूप नहीं है आस्रव तत्त्व है—उस प्रकार राग-द्वेषमें अहंबुद्धि न करता हुआ ज्ञानी अपनेको रागी-द्वेषी नहीं बनाता, (राग करने योग्य है हितकर है ऐसा कभी नहीं मानता)—मात्र ज्ञाता ही रहता है इससे वह कर्मोंको नहीं करता। इस प्रकार स्वभावका भान होनेसे शुभाशुभरागका स्वामी न होनेसे विकारभाव नहीं होते—और नवीन कर्मबन्ध भी नहीं होता। चारित्र दोषसे, अपनी कमजोरीसे अल्प रागादि होते हैं वह ज्ञानके ज्ञेय हैं उसे हेयरूप जानता है।

जड़के परिणाम जड़से होते हैं और आत्माके परिणाम आत्मासे। ज्ञानभावसे ज्ञान अवस्था होती है और अज्ञानभावोंसे अज्ञान अवस्था होती है। अज्ञानी राग-द्वेषकी अवस्था करता है और ज्ञानी जाननेकी।

अब, आगेकी गाथाओंके अर्थकी सूचनारूप काव्य कहते हैं—

(आर्या)

ज्ञानमय एव भावः कुतो भवेद् ज्ञानिनो न पुनरन्यः।
अज्ञानमयः सर्वः कुतोऽयमज्ञानिनो नान्यः॥ ६६॥

अर्थ—यहाँ पर प्रश्न है कि ज्ञानीके ज्ञानमय ही भाव क्यों होते

हैं और अन्य (अज्ञानमय) नहीं होते ? और अज्ञानीके क्यों सर्व भाव अज्ञानमय ही होते हैं, अन्य (ज्ञानमय) नहीं होते ?

धर्मी जीवके समस्त भाव धर्ममय ही क्यों होते हैं, ऐसा शिष्यका प्रश्न है। ज्ञानी युद्धभूमिमे खड़ा हो, तथापि उसका कार्य आत्मभावमय ही है, जहाँ रुचि है वहाँ वर्तता है—युद्धका कार्य ज्ञानीका नहीं है, धर्मी जीव युद्धमें या व्यापारादिमे कहीं भी स्थित नहीं है परन्तु आत्मामे स्थित है। अज्ञानीके सब भाव अधर्ममय क्यों होते हैं और ज्ञानीके सब भाव धर्ममय क्यों हैं ? ऐसा शिष्यका प्रश्न है ॥ १२७ ॥

इसी प्रश्नके उत्तर स्वरूप गाथा कहते हैं—

णाणमया भावाओ णाणमओ चेव जायए भावो ।
जम्हा तम्हा णाणिस्स सव्वे भावा हु णाणमया ॥ १२८ ॥
अण्णाणमया भावा अण्णाणो चेव जायए भावो ।
जम्हा तम्हा भावा अण्णाणमया अणाणिस्स ॥ १२९ ॥

ज्यों ज्ञानमयको भावमेंसे ज्ञानभाव हि उपजते ।
यों नियत ज्ञानी जीवके सब भाव ज्ञानमयी बनें ॥ १२८ ॥
अज्ञानमयको भावसे, अज्ञानभाव हि ऊपजे ।
इस हेतुसे अज्ञानिके, अज्ञानमय भाव हि बने ॥ १२९ ॥

अर्थः—कारण कि ज्ञानमय भावोंमेसे ज्ञानमय ही भाव उत्पन्न होते हैं इससे ज्ञानीके सर्व भाव वास्तवमे ज्ञानमय ही होते है। और कारण कि—अज्ञानमय भावोंमेसे अज्ञानमयभाव ही उत्पन्न होते हैं इससे अज्ञानीके भाव अज्ञानमय ही होते हैं।

शिष्यने प्रश्न किया है कि धर्मीको तो प्रतिक्षण धर्म ही होता रहता है, और अधर्मीको प्रतिक्षण अधर्म ही होता रहता है वह किस प्रकार ?

ज्ञानीको 'मैं निर्मल चैतन्यस्वरूप हूँ' वैसा भान है, उसकी दृष्टि सभी प्रवर्तनोंमे स्वभाव पर ही है इससे ज्ञानी चाहे जैसे संयोगोंमे खड़ा हो तथापि उसके सभी भाव ज्ञानमय ही होते हैं। ज्ञानी व्यापारादिमें बाह्यसे लगा हुआ दिखाई दे परन्तु वास्तवमे वह उनमे लगा हुआ नहीं है, परन्तु स्वभावमे स्थिति है, क्योंकि उसकी दृष्टि स्वभावोन्मुख ही है। राग-द्वेषके विकारसे पृथक् आत्मस्वभाव उसके ज्ञानमे वर्त रहा है और उसमे अंशत: स्थिर भी हुआ है, तथा स्थिरताका प्रयत्न भी चल रहा है। जो शुभाशुभ परिणाम आते हैं उन्हें स्वभावकी दिशामे स्थित रहकर साक्षीरूपसे जानता ही रहता है इससे ज्ञानीके समस्त भाव ज्ञानमय ही हैं।

अज्ञानी धर्म श्रवण करने बैठा हो परन्तु उसकी दृष्टि विपरीत है "परसे भला-बुरा हो सकता है—पर है सो मैं हूँ" ऐसी परके साथ एकत्वबुद्धि विद्यमान है, इससे अज्ञानी चाहे जिस संयोगमें स्थित हो तथापि उसके समस्त भाव अज्ञानमय है, धर्म श्रवण करके अपने अपूर्व स्वभावका निर्णय करे वह बात अलग रह जाती है। धर्मी-अधर्मीका माप बाह्य प्रवर्तनसे नहीं होता।

ज्ञानी चाहे जैसे बाह्य प्रसंगोंमें स्थित हो तथापि प्रतिक्षण स्वभावकी वृद्धि ही करता है, बाह्यके अनुकूल-प्रतिकूल संयोगोंमे ज्ञानीको उदासीन भाव रहता है, ज्ञानमयभाव, पवित्रतामयभाव, स्वभावमयभाव, चाहे जिस कालमे, चाहे जिस सयोगमे, चाहे जिस क्षेत्रमें भी धर्मीके पवित्रतामय ही होते हैं, वह भाव नहीं छूटता, उसका विरह नहीं होता, स्थायी रहता है। चाहे जिस कालमे और संयोगमे उसे दृष्टिका विरह नहीं होता; किसी भी स्थानपर-जैसे, मंदिरमे बैठा हो तभी धर्म होता है ऐसा नहीं है, परन्तु दुकानमें या घरमे कहीं भी धर्म होता रहता है। किन्तु ऐसा सुनकर कोई ऐसा मान ले कि हम घरमें या भोग-विलासमें रहें तो क्या बाधा है हमारा भाव शुद्ध है तो वह स्वच्छन्दी-पापमे रुचिवाला ही है।

अज्ञानीके अज्ञानमयदृष्टि है इससे पोच्छग या रजोहरण या

मोरपिंछसे यत्नाचाररूपसे वर्त रहा हो तो भी अधर्म होता है और ज्ञानीके ज्ञानमय दृष्टि होनेसे वह व्यापारमें हो युद्धमें हो तथापि उसे धर्म होता है। व्यापारसे ज्ञानीको धर्म नहीं होता परन्तु उसकी दृष्टि स्वभावमें स्थित है उसके द्वारा धर्म होता है।

कहीं मेला भरा हो, उसमे अछूत–भंगी आदि एकत्रित हुए हों और इधर-उधर घूम रहे हों, और कभी एक आसन पर ब्राह्मण भंगीके साथ बैठ गया हो तो उनमे उनका संयोग मिल जाने मात्रसे ही कहीं ब्राह्मण भंगी हो जायेगा? उसे शंका भी नहीं होती कि मेरी जाति ब्राह्मणकी है उससे हटकर मैं भंगी हो गया या होऊँगा? उसे तो नि शंकता ही है कि मैं तो ब्रह्मण ही हूँ। मेला देखने आया इससे इनमे मिल गया हूँ भंगी हो गया हूँ ऐसा नहीं है, परन्तु मेरी जाति तो ब्राह्मण ही है। ज्ञानीको नरकका आयुष्य पहले बन्ध गया हो, तो अपनी उस प्रकारकी योग्यतासे तो नरकमें भी जाता है तथापि वह अपनी जातिको नहीं भूलता उसके अपने स्वावलम्बी दृष्टि और सुखकी तृप्ति वर्तती है इससे परमें कहीं भी सुख–दु खकी बुद्धि नहीं होती, उसका ज्ञानमय भाव वढ़ता ही जाता है। देखो भाई! वह स्वच्छन्दकी बात नहीं है, जैसे विषय कषायका सेवन करे किन्तु हानि नहीं है—ऐसा नहीं कहा है। ज्ञानीको अल्पराग है इससे गृहस्थाश्रममे स्थित है, परन्तु जो दृष्टि है उससे तो धर्म ही होता है। जो राग है वह अपना अपराध है उसे पुरुपार्थ द्वारा दूर करके मुनित्व लेकर स्थिरतामे वृद्धि करके क्रमश' केवलज्ञान प्राप्त करना है।

ज्ञानीको अल्प अस्थिरता होती है परन्तु अज्ञानीकी अपेक्षा उसके अंतरंगमे भारी अन्तर हो गया है चौरासी लाखके परिभ्रमणमेसे जिसकी वृत्ति उठ गई है, परपदार्थोमेंसे अपनेपनकी बुद्धि हट गई है, परमेंसे सुखबुद्धि चली गई है, अल्प अस्थिरताके कारण कुछ रागकी वृत्ति रही है; शरीर, मन, वाणीके विकल्पोसे रहित चैतन्यपिण्ड हूँ, त्रिकाल ज्ञाता-दृष्टा स्वरूप हूँ—ऐसा ज्ञान और प्रतीति ज्ञानीके वर्तते ही रहते हैं, ऐसी दशामे ज्ञानीके अपनी भूमिकाके योग्य जो बाह्यकार्य

होता हो तथापि ज्ञानभाव बढ़ता ही जाता है। ज्ञानीके जो चाहे बाह्य-कार्य होता हो इसका तात्पर्य यह नहीं है कि वह अयोग्य अनीतिके आचरणमे वर्तता हो। ज्ञानीके विषय–कषायके अयोग्य अनीतिके आचरण होते ही नहीं। चाहे जो बाह्यकार्य होता हो उसका अर्थ यह है कि ज्ञानी अपनी यथायोग्य पदवीके अनुसार राज्य, युद्ध, स्त्री, कुटुम्बादि गृहस्थाश्रमके कार्योमें स्थित हो तो भी परसे भिन्नत्वकी प्रतीति और ज्ञान वर्तते ही रहते हैं इससे ज्ञानमयभाव बढ़ता ही जाता है।

जो चौदह ब्रह्माण्डके भावोंका और परमाणुओंका स्वामी होता है वह अज्ञानी है। ऐसे अज्ञानीके व्रत, तप, पूजा, भक्ति इत्यादि सभी अज्ञानमय हैं, वह चाहे जहाँ स्थित हो वहाँ विकार भावोंको अपना मानता हुआ निर्विकारी स्वभावको भूलकर मात्र अज्ञानमयभावोंकी ही उत्पत्ति करता है, विकार और उसके फल–स्त्री, कुटुम्बादि समस्त बाह्य-सयोगोंका कर्ता बनकर खड़ा है क्योंकि उसकी दृष्टि परके ऊपर है, इससे उसके समस्त भाव अज्ञानमय हैं, वस्तुस्थिति क्या है, उसके दर्शन बोधसे अजान है इससे अज्ञानताका उलंघन न करता हुआ विकार भावोंको करता ही रहता है। असंग, निर्मल स्वभाव पर जिसकी दृष्टि नहीं है उसकी दृष्टि मलिनता और संयोग पर है इससे मलिनताकी ही उत्पत्ति करता है, चाहे जैसे संग–प्रसंगमे आये वहाँ भी वही ग्रहण करता है जिससे अज्ञानकी पुष्टि हो, ज्ञानी सीधी–सच्ची बात कहें तो उसे भी उल्टा मान लेता है, मैं परसे पृथक् तत्त्व हूँ—वैसा परिणमन नहीं है इससे हर प्रसंग पर अज्ञानकी मिठासका ही वेदन करता है, चाहे भगवानकी पूजा–भक्तिमे ही क्यों न बैठा हो।

ज्ञानी चाहे जैसे प्रसंगमें खड़ा हो, तथापि उसके सभी भाव ज्ञानमय है—धर्ममय हैं। दया, पूजा, भक्ति इत्यादि सब कुछ उसके लिये ज्ञानमय है। आत्माकी निर्मल दृष्टिमे जो भाव होते हैं वे सब निर्मल ही होते हैं। ज्ञानी समझता है कि मेरा स्वभाव आनन्दमय है, इससे ज्ञान दर्शन और अन्तररमणताका उल्लंघन न करनेसे ज्ञानी धर्ममय

है, स्वभावके स्वामित्वके अतिरिक्त एक विकल्पका भी स्वामित्व ज्ञानीके नहीं है इससे वहाँ स्वभावकी और पवित्रताकी ही वृद्धि होती है।

वास्तवमें अज्ञानमय भावमेसे जो भी भाव होते हैं वे सब अज्ञान-मयताका उलंघन न करनेसे अज्ञानमय ही होते हैं, इससे अज्ञानीके समस्त भाव अज्ञानमय ही होते हैं। और ज्ञानमय भावमेसे जो भी भाव होते हैं वे सभी ज्ञानमयताका उलंघन न करनेसे ज्ञानमय ही होते हैं इससे ज्ञानीके समस्तभाव ज्ञानमय ही होते हैं।

जिन भावोंसे सर्वार्थसिद्धिका भव मिले उनको भी ज्ञानीके मिठास नहीं है। सर्वार्थसिद्धिका भव मिले वैसे शुभभाव ज्ञानीको आते अवश्य हैं परन्तु उन भावोंका वह ज्ञाता रहता है, उन भावोंकी ज्ञानीको मिठास नहीं है परन्तु समस्त भावोंका वह ज्ञान ही करता है इससे उसके सम्पूर्ण भाव ज्ञानमय ही हैं। जिसे सर्वार्थसिद्धिके भावोंमे मिठास नहीं है उसे कौनसे भावमें मिठास होगी? ज्ञानीके किंचित आर्तध्यान भी हो जाये, किन्तु उसका भी वह ज्ञाता है, आर्तध्यानका नाश करके स्वभावकी ही वृद्धि करता है। ज्ञानी समस्त भावोंमें ज्ञानमयभावका उलंघन न करनेसे उसके सभी भाव ज्ञानमय ही हैं। ज्ञानीका अन्तर परिणमन अज्ञानीसे भिन्न प्रकारका ही होता है।

अज्ञानीके समस्त भाव अज्ञानताका उलघन न करनेसे अज्ञानमय हैं, अज्ञानी परिणमन स्वभावका भान न होनेसे अज्ञानमय है। अज्ञानीके क्रोध, मान, माया, लोभादि सभी अज्ञानमय हैं, उन सभी भावोंमें मिठासको न छोड़नेसे उसके समस्त भाव अज्ञानमय हैं। आत्माका शुद्ध, पवित्र, निर्मल भाव है उसका अज्ञानी कर्ता–भोक्ता नहीं होता परन्तु पुण्य-पापके भावोंका कर्ता–भोक्ता होता है, वे अज्ञानमय हैं, जो चौरासीलाखका मूल है और उसकी पुष्टि करनेवाले हैं।

स्वभावके मार्गसे सत्य आता है और अज्ञानके मार्गसे असत्य आता है, सत्के मार्गसे त्रिकाल सत् आता है और असत् मार्गसे त्रिकाल असत्य आता है। अज्ञानी चाहे जहाँ जाये अथवा चाहे जहाँ स्थित

हो परन्तु मैं जानता हूँ, मैं समझता हूँ, इसकी अपेक्षा मैं अधिक बुद्धिमान हूँ इत्यादि भाव उसे आये विना नहीं रहते। अज्ञानीमें कर्ताबुद्धि साक्षीरूपसे रहनेकी शक्ति नहीं है।

✓ ज्ञानीके चाहे जिस भावमे, चाहे जिस प्रसंगमे साक्षीरूपसे रहनेकी शक्ति है, समस्त भावोंके बीच स्वतः साक्षीरूपसे रह सकता है। अज्ञानीको, चाहे वह कहीं भी हो परके कर्तृत्वके भाव आये विना नहीं रहते। ज्ञानी सबसे अलिप्त है और अज्ञानी सबमें लिप्त है।

वस्तु जैसी है वैसी ही रहेगी, अज्ञानीकी कल्पनासे वस्तु परिवर्तित होनेवाली नहीं है। वस्तु जैसी है उसे वैसा ही रहने दो, कल्पनासे खींचातानी मत करो, कोई वस्तु किसीका कुछ नहीं कर सकती। धर्मका मूल सम्यग्ज्ञान है और अधर्मका मूल अज्ञान है।

ज्ञानीके सम्पूर्ण भाव ज्ञानमय ही होते हैं, ज्ञानीके अन्तरंगकी पवित्रता देखे विना बाह्यसे कल्पना मत करना, उससे ऐसा नहीं समझना कि ज्ञानी अन्धाधुन्ध अन्याय और अनीतिके आचरण करे। ज्ञानीके वे आचरण होते ही नहीं।

ज्ञानी हीरे-जवाहिरातका व्यापार करता हो, तथापि उसकी दृष्टि आत्मा पर ही है। अज्ञानी अनन्तवार त्यागी होकर नव ग्रैवेयक तक गया परन्तु भेदविज्ञान सहित अन्तर्दृष्टि प्रगट किये विना उसके यथार्थ त्याग नहीं हुआ।

यह मनुष्य उच्च जातिका है इसलिये ऊँचा है और यह नीची जातिका है इसलिये नीचा है,—वह परीक्षाकी दृष्टि नहीं है। उच्च-नीच स्थान पर न देखकर उसकी दृष्टि विकार पर है या अविकारी आत्मा पर—उससे माप होता है। दृष्टि सम्यक् हो तथापि अपनी-अपनी भूमिकानुसार ज्ञानीके शुभाशुभ भाव आते अवश्य हैं परन्तु वह स्वच्छन्दी नहीं होता। वह समझता है कि मेरे पुरुषार्थकी मन्दता है इससे यह भाव आते हैं, यदि इसी क्षण वीतराग हुआ जा सकता हो

तो मुझे यह कुछ नहीं चाहिये। प्रतिक्षण ज्ञानीका पुरुषार्थ तो चालू है तथापि पुरुषार्थ मन्द रहता है तब तक वीतराग नहीं हुआ जा सकता। ज्ञानीको आर्तध्यान भी हो जाता है परन्तु वह सब दूर होकर उसके निर्जराकी ही वृद्धि होती है—ज्ञानकी ही वृद्धि होती है। अज्ञानी हजारों रानियों और महान राज्यको त्याग करे त्यागी हुआ हो, पश्चात् बाह्यसे भी इतना अधिक सहन करे कि कोई जला दे तो भी मनसे क्रोध न करे, ऐसा शुभभाव करे कि स्वत भी सन्तुष्ट हो और दूसरे देखनेवाले भी, परन्तु शुभभावोंसे अन्तरका माप नहीं है। बाह्यसे दया पालन करता हो, पूजा करता हो तथापि अज्ञानताके भावका उल्लंघन नहीं करता। जहा तक समस्त शुभाशुभ परिणामोंसे पृथक् आत्मस्वभावका भान नहीं है तब तक वह अज्ञानताका उल्लंघन नहीं करता।

अब कलशरूप काव्य कहते हैं—

(अनुष्टुप्)

ज्ञानिनो ज्ञाननिर्वृत्ताः सर्वे भावा भवन्ति हि।
सर्वेप्यज्ञाननिर्वृत्ता　　भवंत्यज्ञानिनस्तु ते॥ ६७॥

अर्थ—ज्ञानीके सर्व भाव ज्ञानसे उत्पन्न हुए (रचित) होते हैं और अज्ञानीके सर्व भाव अज्ञानसे उत्पन्न हुए (रचित) होते हैं।

ज्ञानीका परिणमन बदल गया है, दृष्टि बदल गई है, दिशा बदल गई है इससे ज्ञानीके सर्व भाव ज्ञानसे रचित होते हैं, धर्मीके सर्व भाव आत्माकी दृष्टिसे उत्पन्न होते हैं। अज्ञानीके सर्व भाव चौरासीके चक्करमे भ्रमण करनेके होते हैं। यहाँ, धर्मीको जो अल्प राग-द्वेष होता है उसकी बात गौण रखी है, वे भाव टालनेके लिये हैं, ज्ञानी उन भावोंका स्वामी नहीं होता, इसलिये ज्ञानीके समस्त भाव ज्ञानरचित ही होते हैं।

किसी मनुष्यको ऐसी प्रतिकूलता आये कि जिससे कोई उसे माँ-बहिन या लड़कीकी गालियाँ दे, तो उन्हे वह अच्छा मानेगा? नहीं मानेगा। हजारोंके बीचमे बैठा हो, सामनेवाला माँ और बहिनकी

गालियाँ देता हो, सब कहें कि देख! यह तुझे कैसी गालियाँ दे रहा है और तू क्यों बैठा है? तब वह कहे कि क्या करूँ? अन्तरमें तो नहीं रुचता है परन्तु प्रतिकूलताका सयोग आ गया है, क्या किया जाये? वह मुझे गालियाँ दे ऐसी भावना तो मैं नहीं भाता हूँ। इसीप्रकार सम्यग्ज्ञानी पुण्य-पापके भाव और संयोगको गालियोंकी भांति मानते हैं। जिस प्रकार उस मनुष्योंको गालियोंकी रुचि नहीं है वैसे ही सम्यग्दृष्टिको पुण्य-पापके भावोंकी रुचि नहीं है, जैसे वह मनुष्य गालियोंकी भावना नहीं भाता उसीप्रकार यह पुण्य-पापके भावोंकी भावना नहीं करता, परन्तु पुरुषार्थकी अशक्तिसे राग-द्वेष होता है। उदयका संयोग भी बनता है, परंतु उसे अपना स्वरूप नहीं मानता, उसमे रुचि या एकत्वबुद्धि नहीं है।

अज्ञानीको तो परका अभिमान है कि मैंने यह छोड़ा, और मैंने यह ग्रहण किया। स्वभावके सत्तास्थलको नहीं जानता और ग्रहण-त्यागके अभिमानसे भरा हुआ है इससे वह त्यागी होने पर भी अत्यागी है। अन्तरसे आसक्ति दूर नहीं हुई है, अन्तरमे आत्माके भान द्वारा स्वरूपमें रमणता करके आसक्तिको दूर नहीं किया है, अन्तरमे अभी सभी आसक्ति है इससे वह त्यागी होने पर भी अत्यागी है।

पुण्य-पापके भाव मेरे स्वभावको—मेरे गुणोंको गाली जैसे हैं वैसा ज्ञानी मानता है, इससे उनका आदर कैसे होगा? गुणी, धर्मात्मा, ज्ञानी पुण्य-पापकी वृत्तिओंको गालीके समान और संयोगोंको उपसर्ग जैसा समझते हैं।

जैसे कोई मनुष्य बहुतसे मनुष्योंके बीच बैठा हो और उसे कोई माँ-बहिनकी गालियाँ देता हो तब, कोई कहे कि भाई! ऐसी गालियाँ तू क्यों सुनता है? कान बन्द कर ले न? तब वह कहता है कि भाई! मुझे जो गालि दे रहा है वह मुझे उपसर्ग आ पड़ा है—ऐसा जानकर शान्ति रखता हूँ, वैसे ही ज्ञानकी अनुकूल-प्रतिकूल संयोग आनेसे उन्हें वह उपसर्ग न मानकर ज्ञेय मानता है, इससे ज्ञानीको चाहे जैसे प्रसंगोंमें ज्ञानभावकी ही वृद्धि होती है, अज्ञानीको अज्ञानभावके कारण

चाहे जिस संयोगमें अज्ञानभावकी ही वृद्धि होती है ॥ १२८-१२९ ॥

अब इस अर्थको दृष्टान्तसे दृढ़ करते हैं :—

कणयमया भावादो जायंते कुंडलादयो भावा ।
अयमयया भावादो जह जायंते तु कडयादी ॥१३०॥

अण्णाणमया भावा अणाणिणो बहुविहा वि जायंते ।
णाणिस्स दु णाणमया सव्वे भावा तहा होंति ॥१३१॥

ज्यों कनकमयको भावमेंसे, कुण्डलादिक ऊपजे ।
पर लोहमयको भावसे, कटकादि भावो नीपजे ॥१३०॥

त्यों भाव बहुविध ऊपजे, अज्ञानमय अज्ञानिके ।
पर ज्ञानिके तो सर्व भावहि, ज्ञानमय निश्चय बने ॥१३१॥

अर्थ:—जिस प्रकार सुवर्णमय भावमेंसे सुवर्णमय कुण्डलादि भाव होते हैं, और लोहमय भावमेंसे लोहमय कड़ा आदि भाव होते हैं, उसीप्रकार अज्ञानीको (अज्ञानमय भावोंमेंसे) अनेक प्रकारके अज्ञानमय भाव होते हैं और ज्ञानीको (ज्ञानमय भावोंमेंसे) सर्व ज्ञानमय भाव होते हैं।

आचार्यदेवने दृष्टान्त दिया है कि सुवर्णमय धातुमेंसे सुवर्णके ही कुण्डल-कंठ इत्यादि गहने होते हैं और लोहेमेंसे कड़ाही, तावड़ी आदि बनते हैं। स्वर्णमेंसे लोहमय गहने नहीं बनते और लोहेसे स्वर्णमय गहना नहीं होता। लोहा तपे तो अग्निकी चिनगारियाँ उड़ती है और स्वर्ण तपे तो चिकना चमकदार होता है। उसी प्रकार अज्ञानी लोहेके समान है, अज्ञान और राग-द्वेषकी चिनगारियाँ उड़ती हैं, इससे चार गतियोंमें उड़-उड़कर फिरता है और ज्ञानी सोनेके समान है, परीषह और उपसर्ग आने पर भी ज्ञातापनाका धैर्य नहीं छोड़ता, किन्तु अपने अनन्तगुणके पिण्डस्वरूप आत्मामें विशेष सावधान होकर

ज्ञान-दर्शन-चारित्रकी एकतामें एकरूप होकर—स्थिरता करके मुक्ति प्राप्त करता है।

अज्ञानीको शुद्ध चैतन्यधातुकी खबर नहीं है इससे पुण्य-पापके परिणामोंके काट-मैलका स्वामी बनता है, वह मेरे हैं और मैं उनका कर्ता हूँ—इस प्रकार सर्व भावोंको अपना मानता है। जिस प्रकार लोहेमेंसे कड़ाही, तावडी इत्यादि होते हैं उसी प्रकार अज्ञानमेंसे सर्व अज्ञानमय भाव ही होते हैं।

अग्निसे सुवर्ण तप्त हो जाये तथापि वह स्वर्णत्वको नहीं छोड़ता, वैसे ही धर्मीको प्रतिकूलताके संयोग आयें तथापि वह धर्मको नहीं छोड़ता।

अज्ञानीको जहाँ प्रतिकूल संयोग आये कि वहाँ वह भय और त्राससे आकुल-व्याकुल हो जाता है परन्तु ज्ञानी धर्मको नहीं छोड़ता, स्वभावकी शांति-समाधिको नहीं छोड़ता। देखो! यह सम्यक्ज्ञान, सम्यक्-दर्शनका माहात्म्य है, अज्ञानमें विवेक नहीं, किन्तु ज्ञानमे विवेक है।

जिस प्रकार परमाणु स्वयं—अपने आप परिणामस्वभाववाला होनेसे, कारण जैसे ही कार्य होते होनेसे स्वर्णमेंसे स्वर्णके ही गहने होते हैं और लोहेमेसे लोहेकी ही वस्तुएँ बनती है, स्वर्णमेसे लोहेकी वस्तु नहीं होती और लोहेमेसे स्वर्णकी वस्तु नहीं बनती। जैसा कारण ही वैसा ही कार्य होता है। चाहे जैसे संयोगमे स्वर्णत्वका उल्लघन न करनेवाले—ऐसे स्वर्णमेसे स्वर्णका ही गहना होता है, जैसा कारण हो वेसा ही कार्य होता है, कारण-कार्य सजातीय होते हैं। लोहा पाँच या दस सेर हो, उसमेसे स्वर्णमय आभूषण नहीं होते और सुवर्ण पांच या दस सेर हो उसमेंसे लोहेकी वस्तु नहीं बनती; स्वर्णके आभूषणोंमे स्वर्णकी ही जाति है और लोहेकी कड़ाही आदिमे लोहेकी ही जाति है सोने पर जङ्ग नहीं चढ़ती परन्तु लोहे पर जंग चढ़ जाती है, चाहे जैसे संयोगोंमें भी लोहत्वका उल्लंघन न करनेवाले लोहेमेंसे कड़ाही आदि लोहेकी ही वस्तु होती है परन्तु स्वर्णमय वस्तु

नहीं होती। आचार्यदेवने कहा है कि-पुद्गल स्वयं परिणामस्वभाव-वाला है, अर्थात् स्वयं परिवर्तित होता है तथापि स्वर्णमेसे लोहा नहीं होता, और लोहेमेसे स्वर्ण नहीं बनता, दोनों पुद्गलद्रव्य हैं तथापि वैसा नहीं होता।

उसीप्रकार जीव स्वयं परिणामस्वभाववाला होने पर भी कारण जैसा ही कार्य होता होनेसे, अज्ञानीको-जो कि स्वत अज्ञानमय भाव है भले ही हजारों शास्त्र जानता हो, महाव्रतादिका पालन करता हो किन्तु उसे—अज्ञानमय भावमेंसे, अज्ञानजातिका उल्लंघन न करनेवाले अनेक प्रकारके अज्ञानमयभाव ही होते हैं परन्तु ज्ञानमय भाव नहीं होते। और ज्ञानीको—जो कि स्वत ज्ञानमय भाव है—उसे ज्ञानमय भावोंमेंसे, ज्ञानकी जातिका उल्लंघन न करनेवाले सर्व ज्ञानमय भाव ही होते हैं; परन्तु अज्ञानमय भाव नहीं होते।

जीव परिणामस्वभाववाला होनेसे जैसे कारण वैसे ही कार्य होते हैं। अज्ञानीको अज्ञान कारण है, इसलिये कार्य भी अज्ञानका ही आता है। उसकी दृष्टि पराश्रय अर्थात् रागादि शरीर, मन, वाणीरूपी काट-मैल पर पड़ी है परन्तु अपने ध्रुव वस्तुस्वभाव पर नहीं है। जीव परिणमनस्वभाववाला होनेसे चाहे जैसा परिणमित होता रहे—वैसा नहीं है, परन्तु जैसी दृष्टि हो वैसा कार्य आता है। अज्ञानीकी दृष्टि परके ऊपर-पराश्रय ऊपर पड़ी है इससे विभाव-परभावमय ही कार्य होते है, जितने परिभ्रमण होने योग्य भाव हैं इससे परिभ्रमणके ही कार्य होते हैं। जिसे राग-द्वेष और परके कर्तृत्वकी मिठास है, उसके अज्ञानजातिका उल्लंघन न करनेवाले अज्ञानमय भाव ही होते हैं परन्तु ज्ञानमयभाव नहीं होते। देखो! इससे यह तात्पर्य निकलता है कि अज्ञानमयभावमेंसे चाहे जैसे भाव करे व्रत, तप करे-शास्त्र पढ़े तथापि ज्ञानभाव नहीं हो सकते।

लोग कहते हैं कि हमे निमित्त चाहिये-व्यवहार-पराश्रय चाहिये, पुण्य-पापके भाव करना चाहिये, ऐसा करते-करते धर्म होगा,

परन्तु ऐसा नहीं हो सकता क्योंकि स्वरूपके आलम्बनके वलसे दृष्टिको वदले विना स्वभावकी निर्मल पर्याय प्रगट नहीं हो सकती। जो विपरीत दृष्टिको न वदले उसे चाहे जैसे शुभराग हो, उच्च संयोग मिलें, साक्षात् चैतन्यमूर्ति तीर्थंकर भगवानका योग प्राप्त हो तथापि वह विपरीत ग्रहण करेगा, धर्मकी वात होती हो तो उसे सुनकर कहेगा कि अकेली आत्माकी ही वात ले वैठे हो, किन्तु कुछ रुपये-पैसेकी वात भी करोगे? इस प्रकार उल्टा ग्रहण करता है। ज्ञानी कहते हैं कि तुम संसारकी वाह्यक्रिया क्या कर सकते हो? मात्र मैं परमें कुछ ग्रहण त्याग करता हूँ ऐसी मिथ्या मान्यताके भाव ही करते हो। परद्रव्यका कोई कुछ कर ही नहीं सकता। ज्ञानी भी मात्र अपना भाव ही करते हैं। क्या अज्ञानी रुपये-पैसेका संग्रह कर सकता है? नहीं, कर ही नहीं सकता। मात्र अपनेमें भाव ही करता है। परद्रव्योंका संग्रह आदि करनेसे नहीं होते और रखनेसे रहते नहीं है। अज्ञानी अज्ञानभावोंका ही मंथन करता रहता है, निरंतर वे ही भाव उसके होते हैं।

ज्ञानी समझता है कि मैं ही अपने स्वरूपसे शरणरूप हूँ, परसे अशरणरूप हूँ, इसलिये परकी ओर रुचि करना मेरा कर्तव्य नहीं है। जिस प्रकार नट अपनी डोरी परसे दृष्टि नहीं चूकता, हजारों मनुष्य देखनेके लिये खडे हों उन पर उसकी दृष्टि नहीं होती परन्तु सिर नीचे पैर ऊपर है, सिर थालीमें रखा है, थाली डोरी पर रखी है इसलिये वह थाली और डोर परसे दृष्टिको नहीं चूकता। पहले खेल प्रारम्भ करते समय पैसेका हेतु होता है परन्तु खेल दिखाते समय उस पर दृष्टि नहीं होती कि मेरा खेल देखकर कौन संतुष्ट होता है और कौन नहीं। उसे तो डोरी पर थालीमें सिर रखकर थाली डोरीसे इधर-उधर न हटे उसपर दृष्टि होती है। उसीप्रकार ज्ञानीको संयोग और संयोगोंकी ओरके पुण्य-पापके भावोंमें-कहीं भी ढलनेकी रुचि नहीं है, एकमात्र अखण्डस्वभाव पर दृष्टि है इससे वह वँधता नहीं है। "त्रैकालिक ज्ञान, दर्शनादि अनन्तगुण और अनन्त पर्यायें ही मेरा

स्वरूप है, उन्हींके साथ मुझे सम्बन्ध है, इसके अतिरिक्त परका और मेरा किसी कालमे कोई सम्बन्ध नहीं है।" ऐसा परसे पृथक्ता, स्वभावकी सामर्थ्यता, विभावकी विपरीतता और द्रव्यकी स्वतंत्रताका ज्ञान वस्तुस्वभावके स्पर्श सहित ज्ञानीको होता है, इससे उसके सम्पूर्ण भाव पवित्र ही होते हैं।

जिस प्रकार कोई स्त्री पानी भरने गई हो, बच्चेको घर पर सुलाया हो, और घर तथा पड़ौसमें भी कोई न हो तो उसे ऐसा लगता है कि कदाचित् लड़का रोयेगा, इससे जल्दी गागर भरकर घर पहुँचूं। वहाँ मार्गमे कोई साहेली मिल गई और वह बात करनेके लिये खड़ी हो गई तो वहाँ वह आधा उत्तर दे-न दे और कहेगी कि बहिन! फिर मिलूँगी; लड़का अकेला घरमें सो रहा है,—इस प्रकार लड़के परसे दृष्टि नहीं हटती। थोड़ा आगे चलो कि दूसरा कोई पीहरके समाचार देने लगा, तो उसे भी कहती है कि भाई! तुम घर पर आना, अभी रुक नहीं सकती, क्योंकि लड़का अकेला सूने घरमे सो रहा है ताला लगाकर आई हूँ। इस प्रकार पीहरके समाचार मिलनेमे भी पुत्रका ध्यान नहीं चूकती। इसीप्रकार धर्मी जीव-ज्ञानी जीव राज्य करता हो, व्यापार करता हो, युद्ध करता हो तथापि अपने स्वभावके ध्येयसे च्युत नहीं होता। धर्मी जीव कोई भी सांसारिक कार्यका राग भाव कर रहा हो परन्तु उन सबमे उसे ऐसा रहता है कि यह मेरा नहीं, यह मेरा नहीं है, मेरा तो नित्य ज्ञातास्वभाव है ज्ञातास्वभाव ही मेरा धन है-स्व है। इस प्रकार अपने ध्रुव स्वभावपर दृष्टि जमी की जमी ही है। जिसप्रकार उस स्त्रीको बाहर कार्य करते हुए भी लड़के परसे ध्यान नहीं हटता उसीप्रकार स्वभाव दृष्टिवंत ज्ञानीको बाह्यकार्य करनेका रागभावके समय भी ज्ञायक-स्वभाव परसे दृष्टि नहीं हटती बाह्यसे अल्प आसक्ति-लीनता दिखाई देती है किन्तु अन्तरसे तो उदासीन! उदासीन है।

लोग ऐसा मानते हैं कि देखो तो! स्त्री पानी भरने गई और बच्चेको तालेमे जेलमें बन्द कर गई, अरे भाई! तू जेल कहता है

तो जेल सही, परन्तु तू यह नहीं जानता कि लड़का मेरा जीवन है? माताका लडकेके प्रति प्रेम तो उसके कार्य परसे दिखाई देता है, क्योंकि उसे एक ही लक्ष है और एक ही डोर है। परन्तु नासमझ विपरीत-दृष्टिसे देखता है और बुद्धिमान सीधी–यथार्थ दृष्टिसे, उसीप्रकार ज्ञानीके बाह्य कार्य देखकर लोग ऐसा कहें कि ज्ञानी होकर लड़ाई कर रहा है, गृहस्थ है व्यापार करता है। अरे भाई! तू 'लडाई कर रहा है' कहता है तो वही सही, और 'स्त्रियोंमे विद्यमान कहे' तो वैसा ही मान ले, परन्तु हमारे अन्तरमे उनके प्रति कितनी अरुचि, कितनी उदासीनता तथा स्वभावकी कितनी रुचि और कितनी लीनता है उसे तू कैसे समझ सकता है? उसे तो हमारा ही हृदय जानता है। अज्ञानीको अज्ञान भावसे खतौनी नहीं छूटती और ज्ञानीको ज्ञानभावसे। ज्ञानमेंसे ज्ञानका ही कार्य आता है और अज्ञानमेसे अज्ञानका ही। जैसे कारण वैसा ही कार्य होता है। जैसे प्रकाश अन्धेरेका काम नहीं करता वैसे निज आत्माके आश्रयसे उत्पन्न होनेवाला सम्यग्ज्ञान ज्ञानका ही कार्य करता है अज्ञानका कार्य नहीं करता।

अज्ञानी कहता है कि वृद्धावस्थामे पैसा गया, लड़का मर गया इत्यादि प्रतिकूलताये आई इससे सहन करना मुश्किल दिखाई देता है, परन्तु यदि जवानीमे गया होता तो सहन कर लेता, इस प्रकार सर्वत्र अज्ञानीकी संयोगों पर ही दृष्टि पड़ी है। ज्ञानी चाहे जैसे संयोगमे हो तथापि उसके सच्चा समाधान और असंयोगी दृष्टि बनी रहती है— निरपेक्ष ज्ञाता–साक्षी स्वभाव पर दृष्टि बनी रहती है। ज्ञानी युद्धमे–व्यापारमें या स्त्री–बच्चोंमे दिखाई दे तथापि उसकी दृष्टि अपने ज्ञानानंदमय स्वभावमे है, अतः परमे कहीं भी एकत्वबुद्धि नहीं होती, अन्तरसे पृथक् ही है तथापि वर्तमान पुरुषार्थकी कमजोरीसे अल्प राग–द्वेष होता है, यदि अल्प राग–द्वेष न हो तो बन्ध न हो, मुनि हो जाये–वीतराग हो जाये, परन्तु वह दशा नहीं है इसलिये अल्प विकार है, पुरुषार्थ लचक खाता है परन्तु दृष्टि तो ध्रुव विज्ञानघन स्वभाव पर ही है। इस प्रकार ज्ञानीको ज्ञानभाव होते हैं और अज्ञानीको अज्ञानभाव।

अज्ञानीको शुभाशुभ भावोंमें आत्मबुद्धि होनेसे, उसके सर्व भाव अज्ञानमय ही हैं। राग-द्वेष होता है वह पर पदार्थकी ओरका भाव है उसमें अज्ञानीको आत्मबुद्धि होनेसे उसके व्रत-तप-पूजादि सब अज्ञानकी भूमिकामेसे उत्पन्न होते हैं इसलिये अज्ञानमय ही हैं; विषकी भूमिकामेंसे विष ही उत्पन्न होता है, विषके वृक्षमेसे विषकी ही उत्पत्ति होती है अमृत उत्पन्न नहीं होता। ज्ञानीके समस्त भाव ज्ञानमय ही हैं, क्योंकि उसे परोन्मुखताके भावोंमे एकत्वबुद्धि नहीं है—इससे उसके सम्पूर्ण भाव ज्ञानमय ही हैं, अमृतके वृक्षसे अमृतकी ही उत्पत्ति होती है विष उत्पन्न नहीं होता।

अविरत सम्यग्दृष्टि (ज्ञानी)के यद्यपि चारित्रमोहके उदयमें जुड़नेसे क्रोधादिक भाव प्रवर्तमान हैं तथापि उसे उन भावोंमे आत्मबुद्धि नहीं है, वह उन्हें परके आलम्बनसे उत्पन्न हुई उपाधिरूप मानता है। क्रोधादिक कर्म उसके उदयमे आकर खिर जाते हैं—आगे ऐसा बन्ध नहीं करता कि जिससे संसार-परिभ्रमणमें वृद्धि हो, क्योंकि (ज्ञानी) स्वतः उद्यमी होकर क्रोधादिभावरूप परिणमित नहीं होता और यद्यपि कर्मोदयकी ओर झुकाव करनेसे कुछ अंशमे रागादि भाव कर्मरूप प्रवर्तता है तथापि ज्ञातृत्वसे च्युत होकर परिणमित नहीं होता। ज्ञानीका स्वामित्व निरंतर ज्ञानमें ही प्रवर्तमान रहता है इससे वह क्रोधादिक भावोंका अन्य ज्ञेयोंकी भाँति ज्ञाता ही है—कर्ता नहीं है। इस प्रकार ज्ञानीके सर्व भाव ज्ञानमय ही हैं।

ज्ञानी पूर्ण आसक्तिसे मुक्त नहीं हुआ है इससे चारित्रदोषसे कुछ उल्टे पुरुषार्थके कारण किंचित् क्रोध, मान, माया, लोभ होते हैं, उनमे वह बाह्यसे वर्तता दिखाई देता है किन्तु उसे निरन्तर पृथक् आत्माका विवेक प्रवर्तमान है इससे उनमे उसे आत्मबुद्धि नहीं है कि यह मेरे हैं और मैं इनका हूँ परन्तु उन्हें वह परकी उपाधि मानता है जो विकारी भाव हैं वे तो आत्माके गुणोंको गाली समान हैं। ज्ञानीको अल्प दोष आता है परन्तु वह खिर जाता है।

नीचेकी भूमिकामे ज्ञानीको अन्तरमेसे पूर्णतया राग-द्वेषकी

निवृत्ति नहीं हुई है परन्तु 'जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि" इस न्यायसे उसे अवगुणोंका व्यय और गुणोंकी पर्यायकी उत्पत्ति तथा वर्तमान एक-समयमें मैं अनन्त गुणोंका पिण्ड हूँ—ऐसी ध्रुवकी दृष्टि होनेसे वस्तु-दृष्टिमेंसे गुणोंकी निर्मल अवस्था ही उत्पन्न होती है, जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि रचती है। पुरुषार्थमें किंचित् मचक आ जाती है परन्तु वास्तवमें अवगुणोंका व्यय होता जाता है और निर्मल पर्यायकी उत्पत्ति होती है एवं अखण्ड वस्तुकी दृष्टि बनी हुई है।

ज्ञानीके ज्ञानदृष्टि प्रगट हुई, आत्माका भान हुआ, इससे अखण्ड-वस्तुकी दृष्टिमें उसकी सृष्टि कैसी होगी? दृष्टि पवित्रताकी है तो सृष्टि भी पवित्रताकी होती है; विकारका व्यय होता जाता है और निर्विकारी पर्यायका ही उत्पाद होता है कुछ अवगुण रह गये हैं वे दूर होनेके लिये ही हैं रहनेके लिये नहीं।

चतुर्थ गुणस्थानवाला सम्यग्दृष्टि युद्धमें खड़ा हो, तथापि "मैं ज्ञायक हूँ, पवित्र हूँ"—ऐसी दृष्टि हुई होनेसे साक्षीरूपसे खड़ा है अर्थात् उसे पवित्रताकी ही उत्पत्ति होती है और अवगुणोंकी पर्यायका व्यय होता जाता है। एक समयमें एक ही अवस्थाकी उत्पत्ति होती है परन्तु अवगुण और गुणोंकी पर्यायकी मिश्रता नहीं है, दो मिलकर एक पर्याय नहीं है, दृष्टि शुद्ध पर है इससे एकमात्र शुद्धका ही उत्पाद है, अल्प अवगुण खिरनेके लिये हैं, धर्मी जीव उद्यमी होकर, धरने योग्य मानकर उनमें युक्त नहीं होता। मैं परिपूर्ण हूँ, निर्मल हूँ, वैसे भानमें अवगुणोंका पुरुषार्थ नहीं है, गुणोंकी पर्यायका उत्पाद करनेका ही पुरुषार्थ है, मात्र दृष्टिके अनुसार ही अवस्था करनेका पुरुषार्थ है।

त्रिलोकीनाथ तीर्थङ्करदेव शान्तिनाथ, कुन्थुनाथ और अरहनाथ भगवान चक्रवर्ति पद पर थे तब वे युद्धमें खडे हों तथापि गुणोंकी अवस्थाका उत्पाद होता जाता है, अवगुणोंकी पर्यायका ह्रास होता जाता है। युद्ध सम्बन्धी भावोंमें युक्त होनेसे वीर्य किंचित् मलिन तो होता है, किंचित् अवगुण भी होते हैं, गुणोंकी हानि भी कुछ होती है, परन्तु वहाँ उसकी भावना नहीं है। जहाँ जिसकी भावना वहाँ उसकी

वृद्धि; जहाँ जिसकी भावना नहीं है वहाँ उसका व्यय है—वृद्धि नहीं है। ज्ञानीको गुणोंकी भावना होती है या अवगुणोंकी? गुणोंकी ही होती है। बस, जहाँ जिसकी भावना वहाँ उसकी वृद्धि। ज्ञानीको अल्प राग है उसे वे उपाधिरूप मानते हैं, उसका स्वामित्व स्वीकार नहीं करते उसे करनेकी भावना और रखनेकी दृष्टि नहीं है तथा उत्पन्न करनेका भाव नहीं है। ज्ञानी कर्मकी जबर्दस्तीसे विकारमें युक्त नहीं होते, कर्म बलात् उन्हें विकारमें प्रवर्तित नहीं करता परन्तु अपना पुरुषार्थ किंचित् मचक खाता है इससे राग-द्वेष होता है, तथापि ज्ञातृत्वसे च्युत होकर राग-द्वेषमें युक्त नहीं होते, उसका स्वामित्व स्वीकार नहीं करते। जिस प्रकार आकाश-पाताल, पत्थर-लकड़ी आदि ज्ञेय ज्ञात होते हैं उसी-प्रकार क्रोधादि भाव ज्ञानीको जाननेमे आते हैं। जिस प्रकार भंगी वणिककी जातिका नहीं उसी प्रकार काम, क्रोधादि आत्माकी जातिके नहीं हैं—वैसा ज्ञानीको देखनेमें आता है। भंगीका लड़का वणिकका उत्तराधिकार नहीं लेता। उसी प्रकार चैतन्यरूपी स्वजातिकी प्रतीति होनेसे, विजातीय काम, क्रोधादि मेरे स्वगुणोंका उत्तराधिकार रखने-वाले नहीं हैं ऐसा धर्मीके देखनेमे आता है। निष्कलंकी स्वभावमें यह कलंकस्वरूप मेरा नहीं है, मैं इसका कर्ता नहीं हूँ, यह मेरा कार्य नहीं है, मेरा कार्य तो ज्ञानमय है—ऐसा ज्ञान ज्ञानीके वर्तता है, ज्ञानीका स्वामित्व निरन्तर ज्ञानमे ही प्रवर्तमान रहता है; पुरुषार्थकी अशक्तिसे अल्प विकार होता है परन्तु उसमे वे ज्ञातृत्वसे च्युत होकर परिणमित नहीं होते इससे ज्ञानीके सर्व भाव ज्ञानमय ही हैं।

अब, आगामी गाथाकी सूचनारूप श्लोक कहते हैं:—

(अनुष्टुप्)

अज्ञानमयभावानामज्ञानी व्याप्य भूमिकाम्।
द्रव्यकर्मनिमित्तानां भावानामेति हेतुताम्॥ ६८॥

अर्थ.—अज्ञानी (अपने) अज्ञानमय भावोंकी भूमिकामे व्याप्त होकर (आगामी) द्रव्यकर्मके निमित्तसे जो (अज्ञानादि)

भाव हैं, उनके हेतुत्वको प्राप्त होता है (अर्थात् द्रव्यकर्मके निमित्तरूप भावोंका हेतु बनता है)।

आत्मा निर्विकारी, स्वसंवेद्य, निर्दोष और पवित्र है। अज्ञानी उसे भूलकर अज्ञानमय भावोंकी भूमिकामें व्याप्त होकर अर्थात् रहकर नवीन कर्म बाँधनेका अज्ञान और राग-द्वेषके भाव करता है, जड़-कर्मका उदय आनेसे स्वतः अज्ञान और राग-द्वेषके भाव करता है वह नवीन कर्मोंका हेतु होता है; पुराने कर्मोंके उदयमें जुड़नेसे उस समय वर्तमान विकारी भावरूप भावोंका कर्ता होता है इससे वे भाव नवीन कर्मोंका कारण बनते हैं ॥ १३१ ॥

यही अर्थ पाँच गाथाओं द्वारा कहते हैं:—

अण्णाणस्स स उदओ जा जीवाणं अतच्चउवलद्धी ।
मिच्छत्तस्स दु उदओ जीवस्स असद्दहाणत्तं ॥ १३२ ॥
उदओ असंजमस्स दु जं जीवाणं हवेइ अविरमणं ।
जो दु कलुसोवओगो जीवाणं सो कसाउदओ ॥१३३॥
तं जाण जोगउदयं जो जीवाणं तु चिट्ठउच्छाहो ।
सोहणमसोहणं वा कायव्वो विरदिभावो वा ॥ १३४ ॥
एदेसु हेदुभूदेसु कम्मइयवग्गणागयं जं तु ।
परिणमदे अट्ठविहं णाणावरणादिभावेहिं ॥ १३५ ॥
तं खलु जीवणिबद्धं कम्मइयवग्गणागयं जइया ।
तइया दु होदि हेदू जीवो परिणामभावाणं ॥ १३६ ॥

जो तत्त्वका अज्ञान जीवके, उदय वो अज्ञानका ।
अप्रतीत तत्त्वकी जीवके जो, उदय वो मिथ्यात्वका ॥ १३२ ॥
जीवका जु अविरत भाव है, वो उदय अनसंयम हि का ।
जीवका कलुष उपयोग जो, वो उदय जान कषायका ॥ १३३ ॥

शुभ अशुभ वर्तन या निवर्तनरूप जो चेष्टा हि का ।
उत्साह करते जीवके वो उदय जानो योगका । १३४ ॥
जब होय हेतूभूत ये तब स्कंध जो कार्माणके ।
वे अष्टविध ज्ञानावरण इत्यादिभावों परिणमे ॥ १३५ ॥
कार्मणवरगणारूप वे जब, बंध पावें जीवमें ।
आत्मा हि जीव परिणाम, भावोंका तभी हेतू बने ॥ १३६ ॥

अर्थ—जीवोंको जो तत्त्वका अज्ञान (वस्तुस्वरूपका अयथार्थ-विपरीत ज्ञान) है वह अज्ञानका उदय है और जीवोंको जो (तत्त्वका) अश्रद्धान है वह मिथ्यात्वका उदय है। पुनश्च, जीवोंको जो अविरमण अर्थात् अत्यागभाव है वह असंयमका उदय है और जीवोंको जो मलिन (ज्ञातृत्वकी स्वच्छतासे रहित) उपयोग है वह कषायका उदय है। और जीवोंको जो शुभ या अशुभ प्रवृत्ति अथवा निवृत्तिरूप (मन-वचन-काया आश्रित) चेष्टाका उत्साह है वह योगका उदय जानो।

यह (उदय) हेतुभूत होनेसे जो कार्मणवर्गणागत (कार्मणवर्गणा-रूप) पुद्गलद्रव्य ज्ञानावरणादि भावरूपमें आठ प्रकारसे परिणमित होता है वह, जब वास्तवमे जीवमे बंधता है तब जीव (अपने अज्ञानमय) परिणामभावोंका हेतु होता है।

आत्माके स्वभावकी ओरका ज्ञान न करके परका ही ज्ञान करना सो अज्ञानभाव है, वह अज्ञानका उदय है।

मैं सुखरूप हूँ—ऐसी प्रतीति न होनेसे परमे सुखवुद्धि होना, परमे अपनेपनकी वुद्धि होना सो मिथ्यात्व है। ऐसी मान्यता होनेमें पूर्वके मिथ्यात्वकर्मके विपाकका निमित्त है। उस उदयकी ओर आत्मा उन्मुख हो तब, भ्रांति होती है, कर्म बलात् कराते हैं ऐसा नहीं है।

परकी आसक्तिसे मुक्त नहीं हुआ—वह अत्यागभाव है अर्थात् अविरतिभाव है, उस अविरतिभावमे कर्मोदयका निमित्त है। उपयोगमे निर्मलता-स्वच्छता नहीं रहती वह कषायभाव है, उस कषाय

भावमें कषाय कर्म निमित्त है। शुभयोगमें या अशुभयोगमें वर्तना अथवा निवृत्य होना अर्थात् शुभमे प्रवर्तन करना और अशुभसे निवृत्व होना, अशुभमे वर्तन करना और शुभसे निवृत्य होना-वह योगका उदय है। आत्माके प्रदेशोका कम्पन है वह योग है, विकार है उसमें कर्मका निमित्त है।

पुराने कर्मोके उदयके विपाकमे स्वयं युक्त हो वह नवीन कर्मबंधका कारण होता है। तत्त्वके अज्ञानरूपसे (वस्तुस्वरूपकी अन्यथा उपलब्धि-रूपसे) ज्ञानमे स्वादरूप होता हुआ (स्वादमे आता हुआ) अज्ञानका उदय है। मिथ्यात्व, असंयम; कषाय और योगके उदय-जो कि (नवीन) नवीन कर्मके हेतु हैं वे, उसमय अर्थात् अज्ञानमय चार भाव हैं।

आत्मा तो शुद्ध पवित्र है परन्तु अवस्थामे विकाररूप परिणमित होते हैं इससे ज्ञान हीन होता है। अल्प ज्ञानका जो स्वाद आता है उसमे ज्ञानावरणीयकर्मके विपाकका फल है। विपरीत ज्ञानका जो स्वाद है वह अपवित्रताका स्वाद है—पवित्रताका नहीं। यहाँ इस गाथामे मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग—उन चारों भावोंको अज्ञानमय कहा है और सम्यग्दृष्टिके वे चारों भाव नहीं हैं—ऐसा कहा है। अज्ञानभावमें चारों स्थित हैं और ज्ञानभावमे चारों नष्ट हो गये हैं। चैतन्यके ज्ञानस्वभावमे स्थिर न हो तो ज्ञानहीन होता है वह अज्ञान-भाव है, चैतन्यके असंग-असंयोगी स्वभावमे स्थिरता न करे और परमे आत्मबुद्धि करके वहाँ लीन हो तो मिथ्यात्व है; स्वरूपकी निवृत्तिमे स्थिर न हो और परकी आसक्तिमें स्थिरता करे वह परका अत्याग भाव अविरति है, स्वभावकी निर्मलतामें न रुके और मलिन उपयोगमे स्थिर हो वह कषाय है; अयोगमे न रुके और कम्पनमे युक्त हो वह योग है। जहाँ आत्माका सम्यग्भान हुआ वहाँ अज्ञान गया, मिथ्यात्व दूर हुआ, उस प्रकारकी अंशत: स्थिरता हुई, उस प्रकारका अर्थात् मिथ्यात्व सम्बन्धी कषाय और योग दूर हो गए, सम्यग्दर्शन हुआ वहाँ सबका अन्त हो गया। चारोंको अज्ञानमयभाव कहा है।

कोई कहेगा कि योग तो केवलीको भी होता है न? केवलीके योग होता है परन्तु वह पर्यायदृष्टिसे बात है। यहाँ तो यह बात की है कि सम्यग्दृष्टिको वस्तुदृष्टि हुई वहाँ सब चला गया।

वस्तुमें अज्ञान नहीं है, भ्रांति नहीं है, अविरति नहीं है, कषाय नहीं है, योग नहीं है। जिस प्रकार वे वस्तुमें नहीं हैं—उसीप्रकार जिन्हें वस्तुदृष्टि हुई है उनके भी वह नहीं हैं। वस्तुदृष्टिवन्तके अज्ञान नहीं है, भ्रांति नहीं है, अविरति नहीं है और योग भी नहीं है। अज्ञानका कर्ता और कार्यपना अज्ञानभावमें होता है, भ्रांतिका कर्ता और कार्यपना अज्ञानभावमें होता है, कषायका कर्ता और कार्यपना अज्ञानभावमे होता है, कम्पनका कर्ता और कार्यपना भी अज्ञानभावमे होता है।

ज्ञानभावमें अज्ञानका कर्ता-कर्मपना नहीं है, भ्रांतिका कर्ता-कर्मपना नहीं है, अविरतिका कर्ता-कर्मपना नहीं है, कषायका कर्ता-कर्मपना नहीं है और योगका भी कर्ता-कर्मपना नहीं है। ज्ञान होने पर वे समस्त अज्ञानमयभाव नहीं होते, ज्ञान होनेके पश्चात् अल्प विकारी भाव होते हैं परन्तु उनका वह कर्ता नहीं होता, स्वामी नहीं होता इसलिये नित्य स्वभावका आश्रय करनेवाला ज्ञान होनेसे वे समस्त अज्ञानमय भाव नहीं होते। स्वभावका भान होनेसे परका कर्ता-भोक्ता होता ही नहीं, यदि कर्ता-भोक्ता हो तो उसे स्वभावकी खबर ही नहीं है। यह सम्पूर्ण वस्तुदृष्टिका विषय है, परिपूर्ण स्वभावसे भरपूर अनन्त गुणोंके पिण्ड आत्मा वस्तुदृष्टिका विषय है। वस्तुदृष्टिमें सम्पूर्ण आता है परन्तु ज्ञान स्व-पर प्रकाशक है इससे वह अपूर्णदशाको भी जानता है और पूर्ण अवस्थाको भी जानता है। वस्तुदृष्टिके साथ जिस ज्ञानकी पर्याय प्रगट होती है वह ज्ञान यथार्थ जानता है। ज्ञान पूर्ण विषयको भी जानता है और जो अल्प विकारी भाव रहा उसे भी जानता है, साधक भावरूप निर्मल पर्यायको भी जानता है और बाधक भावरूप समल पर्यायको भी जानता है, द्रव्यको भी जानता है और अपूर्ण-पूर्ण पर्यायोंको भी जानता है।

दृष्टि होनेके पश्चात् अल्प राग-द्वेष होता है उसे दृष्टि स्वीकार नहीं करती, ज्ञान उसे जानता है परन्तु दृष्टिके अभेद विषयमें भेद नहीं पड़ता; दृष्टिपूर्वकका ज्ञान सच्चा ज्ञान है। ज्ञान, सम्यग्दर्शनके विषयकी परिपूर्णताको भी जानता है और अवस्थाके विभागको भी जानता है।

अज्ञान अर्थात् स्वभावसे च्युत होनेवाला भाव। पहले अज्ञानकी सामान्य बात की पश्चात् चार भेद किये। आत्मा आनन्दमूर्ति है उसमे शांति और सुखका स्वाद न मानकर परमें आनन्द माननेसे ज्ञानमें जो आकुलता होती है वह भ्रमणा है, अपनेमे सुख है उसका लक्ष न करके, परमे सुख है वैसा लक्ष करनेसे परिणामोंमे जो आकुलता होती है वह कलुषिता है, अज्ञान है, यहाँ मुख्यतया सभी बोलोंमें अज्ञानभावको लिया है। आत्माके स्वभावका भान न हो तब विपरीत मान्यताका स्वाद होता है परन्तु स्वभावका स्वाद नहीं होता, तत्त्वश्रद्धाका परिणमन नहीं होता इससे परका आश्रय और पराधीनता दूर नहीं होती इसलिये वह आकुलतारूप है।

तत्त्वके अश्रद्धानरूपसे ज्ञानमे स्वादरूप होनेवाला मिथ्यात्वका उदय है। अविरमणरूपसे (अत्यागभावरूपसे) ज्ञानमे स्वादरूप होनेवाला असंयमका उदय है। कलुष (मलिन) उपयोगरूपसे ज्ञानमे स्वादरूप होनेवाला कषायका उदय है। शुभाशुभ प्रवृत्ति अथवा निवृत्तिके व्यापार-रूपसे ज्ञानमें स्वादरूप होनेवाला योगका उदय है।

विपरीत मान्यताका भाव कलुषित है, भले ही ग्यारह अंगका विकास हो तथापि वह विनाशीक है। वस्तुदृष्टिके लक्ष्यपूर्वक जो विकास हो वह अविनाशी है। ज्ञानीको वर्तमान पर्यायमें मूढ़त्व या अभान नहीं होता, वर्तमान पर्यायमें अस्थिर नहीं होता, अस्थिरतामे आत्मबुद्धि नहीं होती। अस्थिरता उत्पन्न करनेकी भावना नहीं होती और उसे रखनेकी दृष्टि नहीं होती। चारित्रदोषके कारण अल्प अस्थिरता होती है उसे वह हेय और उपाधि मानता है। अल्प कषायभाव होता है— वह अवस्थादृष्टिमे जाती है द्रव्यदृष्टिमे तो वह गौण है। ज्ञानमे दोनों बातें हैं। आत्मा परसे निराला है, उसकी प्रतीतिके बिना, विश्वासके

बिना परका विश्वास होनेसे भ्रमणाका स्वाद आता है; ज्ञानमें जो भ्रमणाका स्वाद आता है उसमें मिथ्यात्वके उदयका निमित्त है।

जितना विषयासक्तिका भाव है वह अत्यागभाव है, आसक्तिरूपसे स्वादमें आनेवाला असंयम है, अज्ञान, मिथ्यात्व, आसक्ति इत्यादिका आकुलतारूप स्वाद है।

लोग कहते हैं न? कि हृदयमें दाह होती है, कलेजेमें जलन होती है, उसमें कहीं सुख नहीं होता। किसीके एक ही पुत्र हो और चार भाई हों, अपने पुत्रका लग्न प्रसंग हो, बड़े भाईके पास अपना कहा न चलता हो, चारों भाई इकट्ठे रहते हों, अपना एक ही पुत्र होनेसे खूब धूमधामसे ब्याह रचाना हो, तब दूसरे भाई कहते हैं कि तेरा एक ही लड़का है इसलिये तू जैसा चाहे कर ले! किन्तु हमारे तो चार-चार लड़के हैं, हम कैसे करेंगे? इस प्रकार भाई न मानते हों, तब देख लो उसके हृदयकी दाह! वह कषायकी दाह है, ऐसे कलुषित परिणाम हैं वह मलिन स्वाद है, आत्मस्वभावसे विपरीत स्वाद है। संसारका बाह्य व्यवहार भी अटपटा है। उसे सुलझाना न आता हो और जहाँ इच्छित कार्य न हो वहाँ एकदम आकुलित हो जाता है। वह सब कषायका स्वाद है। अनुकूलतामें बहुत हर्ष माना होगा तो प्रतिकूलतामें उससे अधिक शोक भी होगा। इसलिये दोनोंकी बलि चढा दे! और आत्माकी ओर उन्मुख हो! आत्माका स्वाद लिये बिना कहीं भी सुख होनेवाला नहीं है।

शुभ परिणामोंकी प्रवृत्ति और अशुभ परिणामोंकी निवृत्ति भी कलुषित भाव है। यहाँ चारों बोलोंमें अज्ञानीकी ही बात ली है। ज्ञानीके अल्प शुभाशुभपरिणाम होते हैं, उनकी यहाँ गिनती नहीं है, उनका वह स्वामी नहीं होता। मेरा यह कर्तव्य है ऐसा नहीं मानता। अज्ञानी शुभाशुभपरिणामोंका स्वामी होता है, शुभाशुभपरिणामों समान ही आत्माको मानता है। शुभभावोंकी प्रवृत्तिमें ऐसा भाव आये कि "मैंने यह किया, मैंने वैसा कर दिया"—वह सब कलुषित भाव है।

कोई कहे कि हमने धर्म कार्य बहुत किये हैं, परन्तु यह खबर नहीं है कि धर्म किसे कहते हैं। शरीरकी क्रिया अथवा शुभ परिणामोंमे धर्म माना है परन्तु शुभभाव तो विकारी भाव हैं, उनमेसे आत्माकी शान्ति कैसे आयेगी? कोई कहे कि रुपये खर्च करें तो शांति आयेगी या नहीं? अरे! लाखों रुपये खर्च करे, तो भी उसमे शांति नहीं मिलेगी, क्योंकि रुपये परवस्तु है, परवस्तुसे आत्मामे शान्ति नहीं आती, शान्ति तो अपने स्वभावमेंसे प्रगट होती है, उसकी श्रद्धा और ज्ञान करने पर शान्ति मिल जायेगी। पुण्य परिणामोंसे अनुकूल संयोग मिलते हैं परन्तु आन्तरिक शान्ति नहीं मिलती। विकारभावोंमेसे स्वाभाविक शांति कहाँसे आयेगी?

जिस प्रकार ताड़का वृक्ष बहुत लम्बा होता है और पत्ते ऊपर-ऊपर छोटेसे होते हैं। वह अपने तल स्थलको भी छाया नहीं देता, इतनी भी छाया नहीं देता कि उसका स्थल सूखनेसे बच जाये, ताड़के स्थल पर चैत्र-वैशाखका तीव्र ताप पड़ रहा हो स्थल सूख रहा हो किन्तु उसके पत्ते उसे छाया नहीं देते और दूसरोंको भी छाया नहीं देते। उसीप्रकार चैतन्यस्वभावके भान बिना शुभपरिणामोंके पत्ते फूटे, परन्तु वे चैतन्यकी मूलको छाया (शान्ति) नहीं देते। शान्ति तो यदि चैतन्य-स्वभावका भान करके उसमे स्थिर हो तो मिले, परन्तु शुभपरिणाम तो ज्ञानी या अज्ञानी-किसीको भी शान्ति नहीं देते क्योंकि वह विकारभाव है, विकारभाव तीन कालमे किसीको शान्ति नहीं देते।

मिथ्यात्व, असयमादिके परिणाम आकुलतारूप हैं, वे सुखरूप नहीं हैं, उनसे बन्ध होता है। यह पौद्गलिक मिथ्यात्वादिके उदय हेतुभूत होनेसे, जो कार्मणवर्गणागत पुद्गल द्रव्य ज्ञानावरणादि भावरूप आठ प्रकारसे परिणमित होता है वह पुद्गलद्रव्य जब जीवमे निबद्ध होता है तब जीव स्वयमेव अज्ञानसे स्वपरके एकत्वके अध्यासके कारण तत्त्व-अश्रद्धानादि अपने अज्ञानमय परिणामभावोंका कर्ता होता है।

एक ही साथ तीन बातें ली हैं—कर्मका उदय, उसमे युक्त होना

और नवीन कर्मबन्ध। जो नवीन कर्म बंधते हैं वे पुराने कर्मोंसे बंधते हैं अर्थात् कर्मका उदय आनेसे जीव अज्ञानभावसे उस ओर युक्त होता है उससे नवीन कर्म बंधते हैं। जो विकारी भाव हैं वे परोन्मुखताके भाव हैं इसलिये वे अज्ञान हैं; अजाग्रत हैं, जड़ हैं, इस प्रकार पुराने कर्म नवीन कर्मोंको बांधते हैं। पुराने कर्मोंका फलित होना, नवीन कर्मोंका बंधना और जीवका अतत्त्वश्रद्धानादिरूपमे परिणमित होना—यह तीनों एक ही समय होते हैं। जीव स्वतः ही अपने परिणामोंका हेतु होता है, स्वयं ही विपरीत पुरुषार्थ द्वारा निमित्तकी ओर युक्त होता है, पुराने कर्म राग-द्वेष नहीं कराते, वे नवीन कर्मोंसे नहीं कहते तू कर्मरूपसे बँध जा? अथवा तू स्वत' उस ओर युक्त हो जा। ज्ञानी पुराने कर्मोंकी ओर युक्त नहीं होता इससे उसके नवीन कर्म नहीं बँधते। यहाँ चारों अज्ञानके बोल लिये हैं। अज्ञानपूर्वक मिथ्यात्व है —ऐसा नहीं, किन्तु वास्तवमे मिथ्यात्वपूर्वक अज्ञान है। कर्मके उदय निमित्तभूत होनेसे, कार्मणवर्गणारूप नवीन पुद्गल स्वयमेव ज्ञानावरणादि कर्मरूपमे परिणमित होते हैं और जीवके साथ बंधते हैं और उस समय जीव भी स्वयमेव अपने अज्ञानभावसे ही अतत्त्वश्रद्धानादि भावोंरूप परिणमित होता है। इस प्रकार अपने अज्ञानमय भावोंका कारण स्वत. ही होता है। मिथ्यात्वादिका उदय होना, नवीन पुद्गलोंका कर्मरूप परिणमित होना तथा बँधना और जीवका अपने अतत्त्वश्रद्धानादि भावोंरूप परिणमित होना—वे तीनों एक ही समयमे होते हैं। कोई किसीका कर्ता नहीं है, सब स्वतंत्रतया-अपने आप ही परिणमित होते हैं, कोई किसीको परिणमित नहीं करता।

यहाँ मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग—चारों बोलोंको अज्ञानमय लिया है; सम्यग्दृष्टिको वे चारों बोल नहीं हैं। आत्माका सम्यग्ज्ञान हुआ वहाँ अज्ञान गया, मिथ्यात्व दूर हुआ, उस-प्रकारकी अंशत स्थिरता हुई, कषाय गया, मिथ्यात्व सम्बन्धी योग गया, इस प्रकार सब चला गया। सम्यग्दर्शन होनेके पश्चात् अल्प कषायादि रह

जायें वह बात यहाँ गौण है क्योंकि वह अवस्थादृष्टिकी बात है। यह बात वस्तुदृष्टिकी है।

सम्यग्दृष्टिकी दृष्टि अखण्ड वस्तु पर है, द्रव्यदृष्टिका विषय सम्पूर्ण-परिपूर्ण द्रव्य है।

द्रव्यदृष्टि-अखण्डदृष्टि, वस्तुकी अपूर्ण, पूर्ण या विकारी पर्यायको स्वीकार नहीं करती। अरे! निर्मल पर्यायको भी स्वीकार नहीं करती, निर्मल पर्याय जितना भी आत्माको नहीं मानती। द्रव्यदृष्टिका विषय तो अखण्ड परिपूर्ण द्रव्य है।

द्रव्यदृष्टिके विषयमें अपूर्ण या पूर्ण पर्यायके भङ्ग नहीं आते, साध्य-साधकके भङ्ग नहीं आते। द्रव्यदृष्टि अखण्ड परिपूर्ण निरपेक्ष द्रव्यको स्वीकार करती है। अपूर्ण, पूर्ण, विकारी पर्यायें हैं अवश्य, उनकी कहीं बिल्कुल नास्ति नहीं है, परन्तु द्रव्यदृष्टिका वह विषय नहीं है—द्रव्यदृष्टि उसे स्वीकार नहीं करती। अपूर्ण, पूर्ण या विकारी पर्यायको ज्ञान जानता है, शुभाशुभ परिणाम एक क्षणपर्यन्त आत्माकी पर्यायमें होते हैं उन्हें सम्यग्ज्ञान जानता है, वह असद्भूतव्यवहारनय है। अपूर्ण निर्मल पर्याय और पूर्ण निर्मल पर्यायको जाननेवाले ज्ञानको सद्भूतव्यवहारनय कहते हैं।

द्रव्य और पर्याय दोनोंको एक साथ जाननेवाला ज्ञान प्रमाणज्ञान है; द्रव्यदृष्टिके बल पूर्वक निर्मल पर्याय बढ़ानेसे ज्ञान सामान्यके साथ एकमेक होता है अर्थात् सामान्य और विशेष दोनों एक होते हैं वह प्रमाणज्ञान है। सामान्यरूप पूर्ण द्रव्य है, निर्मल पर्याय प्रगट होकर सामान्यके साथ एकता होती है वह सामान्य और विशेष दोनोंको एक साथ जानना वह प्रमाणज्ञान है। प्रमाणज्ञान द्रव्यदृष्टिको और अपूर्ण, पूर्ण, विकारी पर्यायको यथार्थतया जानता है।

ज्ञानीके यथार्थद्रव्यदृष्टि प्रगट हुई है, उसके बलमें स्थिरताकी वृद्धि करता हुआ केवलज्ञानको प्राप्त करता है परन्तु जहाँ तक अपूर्ण है, पुरुषार्थकी मन्दता है, स्थिरता अपूर्ण है, शुद्ध स्वरूपमें पूर्णतया स्थिर

नहीं हो सकता—वहाँ तक अशुभपरिणामोंसे बचनेके लिये शुभ-परिणामोंमें युक्त होता है परन्तु उन्हें आदरणीय नहीं मानता। स्वभावमें उनकी नास्ति है इससे दृष्टि उनका निषेध करती है परन्तु अस्थिरताके कारण अशुभपरिणामोंसे बचनेके लिये वे भाव आते हैं, किन्तु ज्ञानीको प्रतिक्षण ऐसी भावना होती है कि यदि इसी क्षण वीतराग हुआ जा सकता हो तो यह शुभपरिणाम भी नहीं चाहिये, तथापि अपूर्णताके कारण वे भाव आये बिना नहीं रहते।

ज्ञानी अशुभ परिणामोंसे बचनेके लिये पुरुषार्थ द्वारा शुभपरिणामोंमें युक्त होता है, किन्तु उन्हें अपना स्वरूप नहीं मानता। उनका स्वामी नहीं होता, करने योग्य है ऐसा नहीं मानता। द्रव्यदृष्टि उनका निषेध ही करती है। ज्ञान स्व-पर प्रकाशक है, द्रव्य और पर्यायको बराबर जानता है, द्रव्यदृष्टिके विषयको और अपूर्ण, विकारी पर्यायको ज्ञान सहजतासे बराबर जानता है। (१) श्रद्धामें पूर्ण स्वरूपकी ही स्वीकृति है इस अपेक्षा अशुभभाव भी निर्जरामें निमित्त है (२) ज्ञान तो प्रमाण होनेसे सबको जैसाका तैसा जानता ही है—(३) चारित्रमें शुभभावको भी विषकुम्भ जहर माना है।

शुभपरिणाम भी धर्मीको आपत्ति एवं बोझरूप प्रतीत होते हैं, उनसे भी वह छूटना ही चाहता है किन्तु वे आये बिना नहीं रहते, वे भाव आये तो भी वह स्वरूपस्थिरता करनेवाला ही है। कभी-कभी बुद्धिपूर्वकसे समस्त विकल्प छूट जाते हैं और स्वरूपमे सहज स्थिरता हो जाती है, उस समय सिद्ध भगवान जैसा अंशत अनुभव करता है, परन्तु सर्वथा स्थिर नहीं हो सकता इससे शुभपरिणामोंमे युक्त होता है।

चतुर्थ भूमिकामें ज्ञानीको व्रतके परिणाम नहीं होते परन्तु सम्यग्दर्शनके आठ अंग होते हैं। निःशंक, निकांक्ष, निर्विचिकित्सा, अमूढ़दृष्टि, उपगूहन, स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना। उन आठ अंगोंका सम्यग्दर्शनके साथ सम्बन्ध होता है परन्तु व्रतका सम्बन्ध चतुर्थ भूमिकामे नहीं है। प्रथम सम्यग्दर्शन होता है और पश्चात् क्रमशः

चारित्रमें स्थिरता हुए बाद केवलज्ञान होता है—ऐसा मोक्षमार्गका क्रम है, इससे ऐसा नहीं समझना कि जब तक उच्च दशा न हो तब तक रागको कम नहीं करना। सम्यग्दर्शन न हो तब तक रागको मन्द न करना—वैसा कहनेका तात्पर्य नहीं है। राग मन्द करनेके लिये ब्रह्मचर्य ले, तीव्र हिंसादिके परिणमन न करे, परस्त्री आदिके रागका त्याग कर सकता है, परन्तु ज्ञान बराबर करना कि वे सहजदशापूर्वकके व्रत नहीं हैं। अन्तरंगमें आत्माके भानपूर्वक स्वरूपरमणताकी वृद्धि होनेसे व्रतके शुभपरिणाम आते हैं—वहाँ सच्चा श्रावकत्व और सच्चा मुनित्व है।

पाँचवीं भूमिकामे स्थिरताकी वृद्धि होनेसे निमित्तरूपसे अणुव्रतादिकके शुभपरिणाम आते हैं और छठवीं भूमिका होने पर महाव्रतके शुभपरिणाम आते हैं वहाँ छठवीं भूमिकामे क्षणमे तो स्वरूपमे स्थिर हो जाता है और क्षणमे उपयोगसे बाहर शुभपरिणामोंमे आता है, क्षणमे निर्विकल्प शुद्धोपयोग, क्षणमे सविकल्प इस प्रकार हजारों बार स्वरूपमे और बाहर आना-जाना करते हैं-ऐसी मुनिओंकी सहज दशा होती है। ऐसी स्थिरताके साथ पंचमहाव्रतके शुभपरिणाम होते हैं, मुनित्व आनेसे शरीरके वस्त्र भी छूट जाते हैं। मुनित्व केवलज्ञान प्रगट करनेका साक्षात् कारण है, अपने गृहस्थ पदके रागके साथ वस्त्रका निमित्त सम्बन्ध है, वस्त्रादिका परिग्रह जहाँ तक न छूटे तब तक मुनिपद नहीं होता और केवलज्ञान नहीं होता, वीतरागता नहीं होती-ऐसा निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है। जहाँतक राग रहे वहाँतक वीतरागता नहीं होती, वस्त्रका राग छूटनेसे वस्त्र भी छूट जाते हैं, राग छूटनेसे रागके निमित्त भी छूट जाते हैं—ऐसा सम्बन्ध है। राग छूट जाये और वस्त्र रह जाये—ऐसा कभी नहीं हो सकता। रागका जड़-मूलसे क्षय न हो वहाँतक केवलज्ञान नहीं होता. केवलज्ञान होते समय नग्न दिगम्बर मुनित्वका बाह्यलिंग होता है और अन्तरंगमे बारम्बार स्वरूपमे झूलते रहते हैं, केवलज्ञानके निकट प्रवर्तन करते हैं।

पाँचवीं भूमिका हो वहाँतक वस्त्र होते हैं और छठवीं भूमिका आनेके पूर्व गृहस्थाश्रम और वस्त्र सब कुछ छूट जाता है। गृहस्थाश्रममे

सम्यग्दर्शन होनेसे, दृष्टिसे तो कृतकृत्य मोक्ष है परन्तु चारित्रदशाकी कमीके कारण स्थिरता अपेक्षा मोक्ष नहीं है, स्थिरतासे मोक्ष तो मुनित्व आनेके पश्चात् जब केवलज्ञान हो तब होता है।

छठवीं भूमिकामे मुनि जब स्वरूपमें स्थिर हो जाते हैं तब अप्रमत्तनामकी सातवीं भूमिका होती है। पुनश्च, जब उपयोग बाह्यमे आये तब किसी किसी समय शास्त्रस्वाध्यायके, उपदेशके, द्रव्य-गुण-पर्यायके विचारके, शिष्योंकी शिक्षा-दीक्षाके, प्रायश्चितादिके शुभपरिणाम आते हैं; कभी-कभी जिनप्रतिमाके दर्शनोंके, स्तुतिके, शास्त्र लिखने इत्यादिके शुभभाव आते हैं, कभी आहार-विहारके परिणाम आते हैं, इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त तो बाहर शुभ उपयोगमें और अन्तर्मुहूर्त स्वरूपमे स्थिर हो जाते हैं इस प्रकार हजारोंबार क्षणमें बाहर और क्षणमे अन्तरमें उपयोग सहित स्वरूपमें झूलते रहते हैं—ऐसी मुनिओंकी दशा होती है।

चतुर्थ भूमिकामे अनन्तानुबन्धी चार कषायके अभाव पूर्वक स्वरूपाचरणचारित्र और सम्यग्दर्शनके आठ अंग होते हैं, पाँचवीं भूमिकामें दो कषाय चौकड़ीके अभावरूप चारित्र सहित, सम्यग्दर्शनके आठ अङ्गों सहित अणुव्रत होते हैं और छठवीं भूमिकामे तीन जातिके कषायके अभावरूप चारित्र और सम्यग्दर्शनके आठ अङ्गों सहित महाव्रतके परिणाम होते हैं—ऐसा नियम है। चतुर्थ भूमिकामे प्रवर्तमान समस्त साधक जीवोंके और पांचवीं भूमिकामें वर्तनेवाले समस्त साधक जीवोंके तथा छठवीं भूमिकामे प्रवर्तित सभी साधक जीवोंके उदयके परिणाम एक समान नहीं होते, रागके परिणामोंमे अन्तर होता है और इससे उस रागके अनुकूल बाह्य निमित्तोंमे भी अन्तर होता है। जैसे-शास्त्रस्वाध्यायके परिणामोंमे शास्त्रका निमित्त होता है और भगवानके दर्शनोंके शुभपरिणामोंमे भगवानका निमित्त होता है। परिणामोंके अनुसार निमित्तका मिलना अथवा न मिलना वह पुण्याधीन होता है और यदि निमित्त मिले तो भगवानके दर्शनोंके परिणामके समय भगवानका निमित्त होता है।

चौथी भूमिकामें सम्यग्दर्शन होनेके पश्चात् जो अस्थिरता रहती है वह अपने पुरुषार्थकी मन्दतासे रहती है; यदि स्वतः पुरुषार्थ द्वारा स्थिरता प्रगट करे तो अस्थिरता दूर हो जाती है, राग-द्वेष दूर हो जाते हैं। अन्तरंग घातिकर्मोका नाश पुरुषार्थके आधारसे होता है। केवलज्ञान प्रगट होने पर घातिकर्म स्वयं दूर ही जाते हैं। केवलज्ञान प्रगट होनेसे चार घातिकर्मोका नाश हो जाता है, तथापि चार अघाति कर्म शेष रहते है। स्वाश्रयका बल बढ़ानेसे गृहस्थाश्रमका राग और उसका संयोग भी छूट जाता है—ऐसा सम्बन्ध है। अमुक सीमाका राग छूटनेसे जिस भूमिकामे जो न हो वैसे घातिकर्मके उदयका संयोग छूट ही जाता है ऐसा सम्बन्ध है, जैसे कि मुनित्व होने पर व्यापार-धन्धा, स्त्री, कुटुम्ब, वस्त्रादि छूट जाते हैं—ऐसा निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, केवलज्ञान होनेसे सर्व प्रकारसे अघाति कर्म दूर हो जाते हैं—ऐसा सम्बन्ध नहीं है, केवलज्ञान हो तथापि अघातिकर्म रह जाते हैं।

✓ गुणपूजा यथार्थ विवेक है—मार्ग है, परन्तु व्यक्तिपूजा मार्ग नहीं है, यथार्थ विवेक नहीं है। जहाँ यथार्थ गुण दिखाई दे वहाँ आदर करना योग्य है, किन्तु जहाँ गुण दिखाई न दें वहाँ आदर करना योग्य नहीं है। अमुक व्यक्तिको ही मानना वह पक्षपात है, ऐसा जैनदर्शनमें है ही नहीं, जैनदर्शनमें गुणपूजा है, व्यक्तिपूजा नहीं है।

कोई कहेगा कि यह सब तो उच्च प्रकारकी बातें हुईं, परन्तु हमें प्रारम्भमे क्या करना चाहिये? वह समझाइये।

प्रथम प्रारम्भमे यथार्थ सत् समझनेकी जिज्ञासा, रुचि करना चाहिये, समझनेमे यदि समय लगे तो धैर्य रखना चाहिये बारम्बार प्रयत्न करते रहना। सत् समझनेके लिये सत् देव, सत गुरु और सत् शास्त्रका बहुमान पूर्वक-भक्ति पूर्वक समागम करना चाहिये—परिचय करना चाहिये। सतकी जिज्ञासा पूर्वक सत्का स्वाध्याय, सत् विचार सत् श्रवण, देव-गुरु शास्त्रका बहुमान करना चाहिये—वह सब यथार्थ वस्तुस्थिति समझनेके लिये साधन हैं, उनकी ओर लक्ष करनेसे

शुभराग आता अवश्य है परन्तु उस शुभरागके साथ जो सत्को समझनेकी ओरका जो यथार्थ वल है—झुकाव है वह स्वतः सत् समझनेका कारण वनता है और शुभरागको हेय माना इसलिये वह दूर हो जाता है। सत् समझनेकी ओर यथार्थ उन्मुखता होनेसे सत्-श्रवण आदिका राग आये विना नहीं रहता। जिसे आत्माके ओरकी रुचि जागृत हुई है उसे विषय-कषायोंके ओरकी रुचि सहज छूट ही जाती है और विषय-कषायोंकी रुचि छूटनेसे अमुक प्रकारसे तीव्र हिंसा छूट जाती है, तीव्र असत्य छूट जाता है, तीव्र चोरी छूट जाती है, परस्त्री सेवनकी लंपटता छूट जाती है। जिसे आत्माकी जिज्ञासा जागृत हुई है वह लंपटता करता हो—ऐसा नहीं हो सकता। जिसके आत्माकी जिज्ञासा जागृत हुई है उसके तीव्र कषाय छूट जाते हैं परन्तु वह आत्माकी यथार्थ पहिचान और स्थिरता पूर्वकके सच्चे व्रत नहीं हैं। सच्चे व्रत तो पांचवीं और छठवीं भूमिकामें आते हैं, चतुर्थ भूमिकामे तो सम्यग्दर्शनके आठ अङ्ग होते हैं, व्रत तो पाँचवें गुण-स्थानमे स्थिरता प्रगट होने पर होते हैं—ऐसा मार्गका क्रम है।

प्रथम सम्यग्दर्शन प्रगट करनेके लिये, आत्माकी यथार्थ पहिचान करनेके लिये सत् श्रवण, देव-गुरु-शास्त्रका वहुमान, सत् विचार इत्यादि होते हैं—वे सत् समझनेके साधन हैं, उन सभी शुभरागोंके साथ यथार्थ सत् समझनेके ओरकी उन्मुखता हो तो पुरुषार्थ द्वारा अवश्य ही सत् समझमे आता है। जिज्ञासाकी भूमिकामे तीव्र विषय-कपायके परिणाम नहीं होते व्रतके शुभ परिणाम आते हैं परन्तु वे सच्चे व्रत नहीं हैं।

चतुर्थ भूमिकामे सम्यग्दर्शन होता है, तवसे शुभाशुभ परिणामोंसे पृथक् निराले आत्माका भान होता है, शुभाशुभ-परिणामोंका स्वामित्व छूट जाता है, परका—शुभाशुभपरिणामोंका कर्तृत्व छूटकर उनका ज्ञाता होता है। कभी-कभी उपयोग वाह्यसे हटकर अन्तरमे लीन होता है तव शुभाशुभ विकल्प भी छूट जाते हैं, अंशत सिद्ध जैसा अनुभव करता है, वुद्धिपूर्वकके विकल्प छूट जाते हैं और

उपयोगस्वरूपमें लीन होता है, अबुद्धिपूर्वकके विकल्प होते हैं परन्तु उन्हें सर्वज्ञ जान सकते हैं छद्मस्थ नहीं जान सकते। केवलज्ञान होनेसे बुद्धिपूर्वकके विकल्प भी छूट जाते हैं।

पुद्गलका परिणमन जीवसे पृथक् है—ऐसा अब प्रतिपादन करते हैं—

कर्म और आत्मा—दोनोंकी अवस्था एक साथ होने पर भी आठ कर्मोंकी अवस्था अपने कारण और आत्माकी अवस्था उसके अपने कारणसे पृथक्-पृथक् होती है। आत्माके राग-द्वेषका निमित्त पाकर जो परमाणु कर्मरूप परिणमित होते हैं उनका कर्ता आत्मा नहीं है, ऐसे सूक्ष्मकर्मस्कन्धोंका जब आत्मा कर्ता नहीं है तब स्थूल स्कन्धोंका कर्ता तो होगा कहाँसे?

प्रश्न—यह आत्मा लकडीको पकड़ सकता है या नहीं?

उत्तर—आत्मा परवस्तुको नहीं पकड़ सकता। दोनोंकी अवस्था एक साथ होने पर भी हाथ हाथमें है और लकडी लकड़ीमें है। उसी-प्रकार आत्माकी अवस्था आत्मामें है और कर्मकी अवस्था कर्ममें है। दोनोंकी अवस्था एक साथ होने पर भी आत्माकी अवस्था प्रतिक्षण आत्मामें और कर्मकी अवस्था प्रतिक्षण कर्ममें होती है, दोनोंकी अवस्था पृथक्-पृथक् होती है।

शरीरके हिलनेकी अवस्था, हाथके हिलनेकी अवस्था आत्मा नहीं कर सकता; आत्मा रागको कर सकता है परन्तु हाथकी अवस्था नहीं कर सकता। और लकड़ीकी अवस्थाको हाथ भी नहीं पकड़ सकता, लकड़ी अपने आधारसे है और हाथ अपने आधारसे है, हाथकी अवस्था हाथमें और लकड़ीकी अवस्था लकड़ीमें है। दोनोंकी अवस्था भिन्न-भिन्न है। कोई कहेगा कि एक द्रव्य दूसरे द्रव्यको नहीं कर सकता किन्तु पर्याय तो कर सकती है न? नहीं, वह बात मिथ्या है। एक द्रव्य तो दूसरे द्रव्यको नहीं कर सकता परन्तु एक पर्याय भी परद्रव्यकी पर्यायको नहीं कर सकती, क्योंकि सर्व द्रव्य द्रव्यसे, गुणसे और पर्यायसे स्वतंत्र हैं।

जो जीव ऐसा नहीं मानते कि आत्माकी अवस्था आत्माके आधारसे होती है वे जीव ऐसा भी नहीं मानते कि समस्त पदार्थोंका आधार वह पदार्थ स्वत' ही है। उसको यह बात नहीं जमती कि लकड़ी, हाथ, शरीरादि समस्त पदार्थोंका आधार मैं नहीं हूँ।

प्रत्येक वस्तु अनादि अनन्त पृथक् है उसमे प्रतिक्षण जो अवस्था होती है उसका आधार वह वस्तु है। आत्माके गुणकी अवस्था आत्माके आधारसे होती है—ऐसी बात जिन्हें नहीं बैठती उन्हें यह भी नहीं जमता कि अन्य पदार्थोंकी अवस्थाका आधार वे वे पृथक्-पृथक् पदार्थ स्वतः ही हैं, जिसे वस्तुकी प्रतीति नहीं है उसे पर्यायकी प्रतीति भी नहीं जमती। वस्तु स्वत अन्य वस्तुसे स्वतन्त्र भिन्न है—ऐसी जिसे प्रतीति नहीं है वह ऐसा मानता है कि अपनी पर्यायका आधार अन्य वस्तु है। वस्तु स्वत त्रिकाल है—ऐसी बात जमे तो यह प्रतीति भी हो जाये कि उसमें प्रतिक्षण जो अवस्था होती है वह उसीमेसे होती है, किन्तु परसे नहीं होती।

पुस्तक पुस्तकमे है और हाथ हाथमे है। शरीर शरीरमे है और आत्मा आत्मामें है। व्यवहारसे पानीका घड़ा कहलाता है, पानी और घड़ा एक क्षेत्रमे स्थित होनेसे पानीका घड़ा कहलाता है परन्तु घड़ा पानीका नहीं वह तो मिट्टीका है।

कोई द्रव्य किसी द्रव्यमे प्रविष्ट नहीं होता, सर्व द्रव्य पृथक्-पृथक् हैं। आत्मामें जब विकारी भाव होते हैं उस समय कर्मकी जो भी अवस्था होती है वह कर्म स्वतः परिणमित होकर होती है, आत्मा उसे परिणमित नहीं कर देता॥ १३२–१३६॥

जीवसे पृथक् ही पुद्गलद्रव्यका परिणाम है—ऐसा अत्र प्रतिपादन करते हैं—

जइ जीवेण सह च्चिय पुग्गलदव्वस्स कम्मपरिणामो।
एवं पुग्गल जीवा हु दो वि कम्मत्तमावण्णा॥ १३७॥

एकस्स दु परिणामो पुग्गलदव्वस्स कम्मभावेण ।
ता जीवभावहेदूहि विणा कम्मस्स परिणामो ॥ १३८॥

जो कर्मरूप परिणाम, जीवके साथ पुद्गलका बने ।
तो जीव अरु पुद्गल उभय ही, कर्मपन पावें अरे ॥ १३७ ॥
पर कर्मभावों परिणमन है, एक पुद्गलद्रव्यके ।
जीवभावहेतुसे अलग, तब, कर्मके परिणाम हैं ॥ १३८ ॥

अर्थः—यदि पुद्गलद्रव्यको जीवके साथ ही कर्मरूप परिणाम होते हैं (अर्थात् दोनों एकत्रित होकर ही कर्मरूप परिणमित होते हैं) ऐसा माना जाये तो इस प्रकार पुद्गल और जीव दोनों वास्तवमें कर्मपनेको प्राप्त हों। परन्तु कर्मभावरूप परिणाम तो मात्र पुद्गलद्रव्यको ही होते हैं इससे जीवभावरूप निमित्तसे रहित ही अर्थात् पृथक् ही कर्मका परिणाम है।

देखो भाई! यह वस्तु प्रथम समझने योग्य है कि प्रत्येक वस्तुकी अवस्था स्वतंत्र होती है। एक ओर आत्मा राग-द्वेष करे और साथ ही कर्मकी अवस्था भी करे—इस प्रकार दो का कर्तापन कभी नहीं हो सकता। यदि कर्मकी अवस्था आत्मा करता है तो उस समय आत्माकी अवस्था क्या हुई? आत्माकी अवस्था भिन्न नहीं रही अर्थात् उसकी अवस्था जड़में गई। शरीरके हिलने-चलनेकी अवस्था होती है उस समय आत्माकी अवस्था होती है या नहीं? यदि शरीरके हिलने-डुलनेकी अवस्था आत्मा करे तो आत्माकी अवस्था क्या रही? शरीरके हिलने-डुलनेकी अवस्था आत्मा करे और रागकी अवस्था भी आत्मा करे—ऐसा नहीं हो सकता, जड़की और विकारी परिणामोंकी दो क्रियाएँ आत्मा नहीं करता। जड़ और आत्मा दोनों साथ होने पर भी दोनोंकी अवस्थाएँ पृथक् हैं, चलनेकी अवस्था जड़की है और रागकी अवस्था चेतनकी है। हिलना-चलना जड़की क्रियावतीशक्तिकी अवस्था है, किसी समय तीव्र गति करे, कभी मन्दगति करे ऐसी क्रियाशक्तिका कार्य स्वतंत्र है।

जड़की अवस्था आत्मामें नहीं होती और आत्माकी अवस्था जड़में नहीं होती। यदि आत्माकी अवस्था जड़में मिल जाये तो आत्मा ही नहीं रहा, आत्मा यदि जड़की अवस्थामें कर्ता है तो उस समय आत्माकी अवस्था क्या है? जड़की हिलने-चलनेकी अवस्था होती है उस समय छद्मस्थको राग होता है तथापि राग और जड़की क्रियाएँ एकरूप नहीं हो जातीं, क्योंकि यदि दोनों एकरूप हो जाये तो आत्माकी अवस्था नहीं रही किन्तु मात्र जड़की अवस्था रही।

कर्म और आत्मा दोनों एकत्रित होकर कर्मकी अवस्थारूप हों तो जीव और पुद्गल-दोनों कर्मपनेको प्राप्त हों, परन्तु कर्मकी अवस्था तो पुद्गलमे होती है और आत्माकी अवस्था आत्मामे होती है। कर्म और आत्मा दोनों साथ-साथ हैं तथापि दोनोंकी अवस्था पृथक्-पृथक् ही है। जड़की क्रिया-अवस्था जड़से और आत्माकी अवस्था आत्मासे है।

कागज पर लिखनेकी क्रिया और रागकी क्रिया-उन दो क्रियाओंको एक द्रव्य नहीं करता। लिखनेकी अवस्था भी आत्मा करे और रागकी अवस्था भी आत्मा करे—इस प्रकार जड़ और चैतन्यकी दो अवस्थाएँ आत्मा नहीं कर सकता, अधिक तो आत्मा रागकी क्रिया करेगा, किन्तु लिखनेकी क्रिया तो पुद्गलद्रव्यकी है। लिखनेकी क्रियाका कर्ता पुद्गल ही है इच्छा आदि तो निमित्तमात्र है। किन्तु वहाँ अज्ञानीको भ्रम हो जाता है कि इच्छा हुई और लिखा जा रहा हूँ इसलिये मैं लिख सकता हूँ; परन्तु भाई! लिखनेकी क्रिया तो पुद्गल द्रव्यकी है, आत्मा तो ज्ञानस्वरूप है। क्या ज्ञानस्वरूप आत्मा लिख सक्ता है? क्या स्याही आत्मामेंसे आती है जो आत्मा लिख सके? इसलिये लिखनेकी क्रिया पुद्गलद्रव्यकी ही है, लिखनेकी और रागकी दोनो क्रियाओंको एकद्रव्य नहीं करता। उसीप्रकार कर्मकी अवस्था भी आत्मा करे और रागकी अवस्था भी आत्मा करे—ऐसा होता है? नहीं होता। वे तो दोनों अवस्थाएँ एक साथ होती हैं इससे संयोग

दृष्टिसे अज्ञानीको ऐसा भ्रम हो गया है कि आत्मा कर्मकी अवस्थाको करता है।

जब सूर्यविकासी कमल खिले तब सूर्योदय होता ही है, परन्तु दोनों अवस्थाएँ एक ही साथ होती हैं, इससे अज्ञानिओंको ऐसा भ्रम हो जाता है कि सूर्यने सूर्यविकासी कमलको विकसित किया। उसी प्रकार नये कर्मकी अवस्था हो तब आत्माकी रागादि अवस्था होती है और जब आत्मामे रागादि अवस्था हों तब कर्मरूप अवस्थाको निमित्त माना जाता है, इस प्रकार एक ही साथ दोनों होनेसे अज्ञानीको ऐसा भ्रम हो जाता है कि आत्माके रागकी अवस्था जड़कर्मने की है और जड़कर्मकी अवस्था आत्माने की है।

यदि पुद्गलद्रव्यको कर्मपरिणामके निमित्तभूत ऐसे रागादि अज्ञानरूप परिणमित हुए जीवके साथ ही (अर्थात् दोनों एकत्रित होकर ही) कर्मरूप परिणाम होता है—ऐसा वितर्क किया जाये तो, जिस प्रकार एकमेक हुए हल्दी और फिटकरी–दोनोंको लाल रङ्गरूप परिणाम होता है, उसीप्रकार पुद्गलद्रव्य और जीव दोनोंको कर्मरूप परिणाम आ जायेगा।

अज्ञानभावरूप परिणमित हुआ जीव नवीन कर्मोके बन्धनमे निमित्त होता है; उसे खबर नहीं है कि "मै पृथक् हूँ" इससे वह कर्मके बन्धनमें निमित्त होता है। ज्ञानीको अखण्ड वस्तुदृष्टि प्रगट होनेसे वह नवीन कर्मोका निमित्तभूत नहीं होता। अल्प अस्थिरताका निमित्त प्राप्त करके नवीन कर्म बन्धते हैं परन्तु वस्तुदृष्टिसे ज्ञानी निमित्तपना स्वीकार नहीं करता। अज्ञानभावरूप परिणमित हुए जीवकी पर्याय कर्मको निमित्तभूत होती है परन्तु जीवकी पर्याय जीवमे और जड़की पर्याय जड़मे होती है, किन्तु जड़–चैतन्य दोनों एकत्रित होकर कर्मकी अवस्था नहीं करते।

हल्दीका पीला रङ्ग और फिटकरीका सफेद रङ्ग–दोनों रङ्ग एकत्रित हों तब एक लाल रङ्ग रहता है, सफेद और पीला रङ्ग नहीं रहता किन्तु तीसरा लाल रंग हो जाता है, उसीप्रकार आत्माकी

रागकी अवस्था और कर्मकी अवस्था-दो अवस्थाएँ एकत्रित हों तो तीसरी मिश्र अवस्था होना चहिये; दो अवस्थाएँ एकत्रित हों तो एक तीसरी अवस्था हो जाती है। आत्मा अज्ञान भावोंको करे और जड़कर्मको करे तो दोनों एकत्रित होकर एक तीसरी अवस्था आना चाहिये; जिस प्रकार हल्दी और फिटकरी एकत्रित होनेसे तीसरा रंग होता है उसीप्रकार। परन्तु वैसा तो नहीं होता। सर्व वस्तुओंके द्रव्य, गुण और पर्याय अपने अपनेमे स्वतन्त्र हैं, यदि एककी अवस्था दूसरीमे आये तो वस्तुका नाश हो जाये। फिटकरी और हल्दी एकत्रित होनेसे तीसरा रंग होता है तथापि सर्व परमाणुओंकी अवस्था अपने अपनेमें स्वतन्त्र है, किसीकी अवस्था किसीमें प्रविष्ट नहीं हो जाती। यदि पुद्गलद्रव्य और जीव दोनोंकी अवस्था एक हो तो पुद्गलद्रव्य और जीव दोनोंको कर्मरूप परिणाम आ जायेगा, परन्तु मात्र पुद्गलद्रव्यके ही कर्मपनेरूप परिणाम होते हैं इससे जीवके रागादि अज्ञानपरिणाम जो कि कर्मके निमित्त हैं—उनसे पृथक् ही पुद्गलकर्मका परिणाम है।

अज्ञानीने ऐसा मान लिया है कि शरीरकी अवस्था मैं करता हूँ और मेरी अवस्था भी मैं करता हूँ, कर्मकी अवस्था मैं करता हूँ और मेरी अवस्थ भी मैं करता हूँ—ऐसा अज्ञानीने मात्र अज्ञानसे मान लिया है, परन्तु किसी अन्य द्रव्यकी अवस्था कोई द्रव्य कर ही नहीं सकता, सभी द्रव्योंकी पर्यायें अपने अपनेमें स्वतन्त्र होती हैं।

लिखनेकी क्रिया पुद्गल करता है उसमें ज्ञान तो मात्र जानता है। ज्ञान तो दूर रहते हुए भी जानता है और निकट रहने पर भी जानता है। दूर रहनेवाला ही ज्ञान कर सकता है और निकट रहनेवाला ज्ञान नहीं कर सकता—ऐसा कुछ भी नहीं है। लिखनेकी क्रियाको केवली ही जानते हैं और निकट रहनेवाला नहीं जानता—ऐसा नहीं है, लिखनेकी क्रियाको निकट रहनेवाला भी जानता है कि यह लिखा जा रहा है। लिखनेका जो राग होता है उसे ज्ञानी ज्ञाता-भावसे जानता है और लिखनेकी क्रियाको भी ज्ञाताभावसे जानता है; परन्तु अज्ञानी ऐसा मानता है कि मैं हूँ इसलिये यह लिखा जा रहा

है—ऐसी विपरीत मान्यता करता है, परन्तु अज्ञानी भी जड़की क्रिया नहीं कर सकता। और एक जीव दूसरे किसी भी जीव-अजीवका कार्य कुछ भी नहीं कर सकता।

यदि पुद्गलद्रव्य और जीव एकत्रित होकर कर्मरूप परिणमित होते हैं—ऐसा माना जाये तो दोनोंको कर्मरूप परिणाम सिद्ध हो। परन्तु जीव तो कभी जड़कर्मरूप परिणमित नहीं हो सकता, इससे जीवका अज्ञानपरिणाम जो कि कर्मको निमित्त है—उससे भिन्न ही पुद्गलद्रव्यका कर्मपरिणाम है।

यदि पुद्गल और जीव दोनों एकत्रित होकर परिणमित हों तो जीव भी जड़की अवस्थाको धारण करे, परन्तु जीव तो कभी जड़कर्मरूप परिणमित हो ही नहीं सकता। बोलनेकी अवस्थाके समय यदि आत्मा और जड़ दोनोंकी अवस्था एकमेक हो जाती हो तो आत्माकी क्या अवस्था रहेगी? कोई कहे कि वाणीमे तो निमित्त होता है न? हाँ, मैं निमित्त कर्ता हूँ वैसा अज्ञानी मानता है, ज्ञानी समझते हैं कि मैं ज्ञाता हूँ, दृष्टिकी अपेक्षासे शरीरादिकी अवस्थामे ज्ञानी निमित्त भी नहीं है। ज्ञानीकी दृष्टि स्वके ऊपर होती है परके ऊपर नहीं होती, इसलिये वे निमित्त नहीं हैं, इसकी अवस्था इसमें और मेरा ज्ञान मुझमें ऐसा ज्ञानी समझते हैं। इच्छाके कारण वाणी नहीं है, वाणी उत्पन्न हो जाय तो इच्छाको निमित्त कहा जाता है परन्तु अज्ञानीको ऐसा भ्रम होता है कि इच्छा होती है और वाणी निकलती है इसलिये मैं वाणी बोल सकता हूँ, मैं वाणी बोलनेका निमित्त कर्ता हूँ। ज्ञानी समझते हैं कि वाणी अपने आप स्वतंत्र परिणमित होती है, मैं इसका कर्ता नहीं हूँ, इच्छा इच्छामे, वाणी वाणीमे, ज्ञान ज्ञानमे स्वतंत्रतया परिणमित होते हैं।

अज्ञानीकी दृष्टि परके ऊपर है इसलिये वह निमित्तरूपसे कर्ता है; हाथसे स्वतंत्र लिखा जाता है वैसा केवलज्ञानी भी जानते हैं और ज्ञानी भी जानते हैं। अज्ञानीको ऐसा लगता है कि मैं हूँ इससे लिखा जा रहा है—इस प्रकार उसने निमित्त कर्तापन स्वीकार किया है।

आचार्यदेवने कर्ता-कर्म अधिकारकी ७६ गाथाओंमे अत्यन्त विस्तार किया है, क्योंकि 'मैं परका कर सकता हूँ' वैसे गूढ़ संस्कार अज्ञानीको पड़ गये हैं ॥ १३७-१३८ ॥

पुद्गलद्रव्यसे पृथक् ही जीवका परिणाम है—ऐसा अब प्रतिपादन करते हैं.—

जीवस्स दु कम्मेण य सह परिणामा हु होंति रागादी ।
एवं जीवो कम्मं च दो वि रागादिमावण्णा ॥ १३९ ॥
एकस्स दु परिणामो जायदि जीवस्स रागमादीहिं ।
ता कम्मोदयहेदूहिं विणा जीवस्स परिणामो ॥ १४० ॥

जीवके करमके साथ ही, जो भाव रागादिक बने ।
तो कर्म अरु जीव उभय ही, रागादिपन पावें अरे ! ॥ १३९ ॥
पर परिणमन रागादिरूप तो, होत है जीव एकके ।
इससे हि कर्मोदयनिमितसे, अलग जीव परिणाम है ॥ १४० ॥

अर्थः—यदि जीवको कर्मके साथ ही रागादि परिणाम होते हैं (अर्थात् दोनों एकत्रित होकर रागादिरूप परिणमित होते हैं) ऐसा माना जाये तो इस प्रकार जीव और कर्म दोनों रागादिपनेको प्राप्त हों; परन्तु रागादिभावरूप परिणाम तो अकेले जीवके ही होते हैं इससे कर्मोदयरूप निमित्तसे रहित ही अर्थात् पृथक् ही जीवका परिणाम है ।

जीव और कर्म दोनों एकमेक होकर रागकी अवस्था करें तो कर्म भी राग हुआ वह जड़रूप नहीं रहा । चलनेकी अवस्था, बोलनेकी अवस्था और रागकी अवस्था—वे दोनों जड़ और चैतन्यकी अवस्थाएँ एकत्रित हो जाती हों तो चलनेको अवस्था ही न रहे सभी अवस्थाएँ रागरूप ही हो जाएँ । परन्तु रागादिभावरूप परिणाम तो मात्र जीवके ही होते हैं इससे कर्मोदयरूप निमित्तसे रहित ही अर्थात् भिन्न ही जीवका परिणाम है ।

यदि जीवको, रागादि–अज्ञानपरिणामके निमित्तभूत जो उदयमें आया हुआ पुद्गलकर्म है उसीके साथ (अर्थात् दोनों एकत्रित होकर ही) रागादि–अज्ञानपरिणाम होते हैं—ऐसा वितर्क किया जाये तो जिस प्रकार एकत्रित हुए हल्दी और फिटकरी दोनोंको लाल रङ्गरूप परिणाम होता है उसीप्रकार जीव और पुद्गलकर्म दोनोंको रागादि अज्ञान परिणाम आ जाये। परन्तु अकेले जीवको ही अज्ञान परिणाम होते हैं।

रागादि–अज्ञानपरिणामोंको निमित्तभूत पुराने कर्म उदयमें आनेसे जीवको रागादिपरिणाम होते हैं अर्थात् दोनों एकत्रित होकर रागादि –अज्ञानपरिणाम होते हैं ऐसा माना जाये तो जड़को भी राग–द्वेष हुआ, जड़की अवस्था चेतनके रागरूप हो तो फिर जड़की अवस्था उस समय क्या रही ? इसलिये जड़की अवस्था उस समय जड़मे ही होती है किन्तु अज्ञानभावसे राग–द्वेष तुझमे हुआ। यदि ऐसा माने कि कर्मके उदयमे मुझे राग–द्वेष होता है तो कर्म ही ने तुझे राग–द्वेष कराया इससे तू पराधीन हुआ; इसलिये तू छूटेगा कहांसे ? परन्तु वस्तुस्वभाव वैसा नहीं है। तेरा पुरुषार्थ तेरे हाथमे है, विकाररूप परिणमित होना भी तेरे हाथकी बात है और स्वभावमे परिणमित होना भी तेरे हाथमें है। जड़कर्म तुझे राग-द्वेष नहीं कराते, परन्तु तू स्वत· अज्ञानभावसे राग-द्वेष करता है तब कर्मका निमित्त उपस्थित होता है।

जीव और पुद्गल दोनों एकत्रित होकर राग-द्वेष करें तो जड़ है वह जीव हो जाये, परन्तु जो जड़ है वह कभी जीव होता ही नहीं। कोई किसीको राग–द्वेष नहीं कराता, स्वत विपरीत वीर्यसे विकारमे युक्त हो तो विकार होता है। कितने ही लोग कहते हैं कि कर्मका उदय हमे राग–द्वेष कराता है—ऐसा मानकर जो स्वच्छन्द प्रवर्तन करते हैं और विषय-कषाय सेवन करते हैं उनसे कहते हैं कि अरे भाई ! कर्मका उदय तुम्हें राग द्वेष नहीं कराता परन्तु तुम स्वत· ही उसरूप परिणमित होते हो, कर्मका उदय तुम्हें विषय–कषाय नहीं करा देता परन्तु तुम्हारी स्वाधीनतासे तुम विपरीत वीर्यसे उसरूप

परिणमित हो रहे हो, इसलिये जैसा है उसीप्रकार आत्माको पहिचानो और समझो।

ज्ञानी स्वच्छन्दताका सेवन नहीं करते, ज्ञानीको पुरुषार्थकी मन्दताके कारण अल्प अस्थिरता होती है परन्तु उसमे उन्हें रुचि नहीं है, अन्तरङ्गसे उदास हैं। रागका एक कण भी मेरा स्वरूप नहीं है, मैं तो उन समस्त भावोंसे निराला शुद्ध चैतन्यद्रव्य हूँ। यदि इसी क्षण वीतराग हुआ जा सकता हो तो मुझे कुछ भी नहीं चाहिये, परन्तु क्या किया जाये? पुरुषार्थकी मन्दतासे कारण पड़ा हुआ हूँ।

अज्ञानी कहता है कि ज्ञानीके बंध नहीं है, ज्ञानी विषय-कषायोंका सेवन करता हो तथापि बंध नहीं है इससे हमको भी आत्माका भान हुआ है परन्तु उदयके कारण विषय-कषायोंका सेवन करते हैं इसलिये हमारे भी बंध नहीं है क्योंकि शास्त्र इन्कार करते हैं। अरे भाई! शास्त्र इन्कार करते हैं कि तेरा भाव इन्कार करता है? शास्त्रकी बात शास्त्रमें रही परन्तु तेरा हृदय क्या कहता है? अन्तरमें तो तन्मयता हो जाती है, अन्तरमें लोलुपता है, अन्तरसे उदासीनता नहीं है, निराले आत्माका भान नहीं रहता, साक्षीपना नहीं रहता और स्वच्छतासे व्यर्थका बचाव करता है।

ज्ञानीके दृष्टिका बल है, आत्मामे आनन्द और समाधिका वेदन करता है, जो अल्प राग होता है वह ध्यानमे है परन्तु पुरुषार्थकी मन्दताके कारण वह राग होता है—वैसा समझते हैं, पुरुषार्थ जरा डगमग हो जाता है परन्तु उसे आदरणीय नहीं मानते, अन्तरङ्गमें उदास हैं। ज्ञानीके तो हृदयसे निकलता है कि यह राग और रागके संयोग वे सब विष्टा हैं, विष हैं, अल्प राग-द्वेष होते हैं उन्हें स्वभाव दृष्टिमे विष्टा ही समझते हैं इससे उनका आदर नहीं है।

अज्ञानी तो स्वच्छन्दतासे विषय-कषायोंमे मग्न रहते हैं और कहते हैं कि हमे बन्ध नहीं है। परन्तु भाई! वैसा मुफ्तका माल मोक्षमार्गमे नहीं है। यदि स्वच्छन्दतासे वर्तन करेगा तो चला जायेगा चौरासीके चक्करमे, अनन्तकाल तक निकलना कठिन हो जायेगा। ऐसे

के ऐसे परिणामोंका सेवन करना और कहना कि हमें चारित्रमोहका उदय है। अरे! उदय है या स्वच्छन्द है? देख तो।

ज्ञानीके काम-क्रोधका अल्प राग होता है, परन्तु उसे वह स्वभाव-दृष्टिसे मल समान ही देखता है, उसका आदर नहीं है, इसलिये वह नवीन कर्मोको निमित्तरूप भी नहीं कहलाता। अल्प अस्थिरताके कारण अल्प बन्ध होता है परन्तु वह अस्थिरताको अपना स्वरूप नहीं मानता, रखने योग्य नहीं मानता, परिपूर्ण स्वभावदृष्टि प्रगट हुई है इसलिये स्वभावदृष्टिसे ज्ञानी नवीन कर्मोको निमित्तरूप भी नहीं है।

अज्ञानीको संयोगसे भला-बुरा मानता है इसलिये यह मुझे इष्ट है या अनिष्ट है ऐसा मान लेता है कि कर्मने मुझे राग-द्वेष कराया है। परन्तु जब कर्मने तुझे राग-द्वेष कराया तब तू कहाँ था? था या नहीं? क्या मर गया था? तेरी अवस्था कहाँ गई थी? तेरी अवस्था अज्ञान भावसे तेरे अधिकारमे थी या नहीं? यदि तू कर्माधीन हो गया हो तो तू पराधीन हुआ, तेरी स्वतंत्रता कहाँ रही? प्रत्येक द्रव्य पर्यायमे भी त्रिकाल स्वतंत्र है, कोई किसीके आधीन नहीं है। प्रत्येक गाथा अपूर्व है, यदि रुचि पूर्वक मनन करे तो छुटकारा हो जाये, नहीं तो पार होना कठिन है।

जीव स्वयं अपनेको भूलता है स्वतंत्रतया कर्मोमें युक्त होता है और कहता है कि कर्मोने मुझे राग-द्वेष कराया है, तेरी वह बात सर्वथा मिथ्या है। यदि पुद्गलद्रव्य अपनी अवस्थाको करे और जीवकी अवस्थाको करे तो दो अवस्थाएँ एक हो जायें और दोनों द्रव्य एक हो जायें, परन्तु दो द्रव्य त्रिकाल त्रिलोकमे एकरूप नहीं होते। कर्मका फल कर्ममें आता है और जो विषय-वासना तुझे होती है वह तेरी अवस्थामें होती है, जड़ तो जानता भी नहीं है, विकारी अवस्थामें रुकना तेरे हाथमें है।

अज्ञानभाव तुझमें होते हैं, कर्म तुझे नहीं कराते। अज्ञानी निमित्तके आश्रयसे हो चला जाता है, पराश्रयसे जो भाव होते हैं उन्हें अपना मान लेता है, ज्ञानी परवश नहीं होता और परभावोंको अपना

नहीं मानता। कर्मके फलके आश्रयसे जो भाव होता है उसमें अज्ञानी अर्पित हो जाता है, इससे वह ऐसा मान लेता है कि कर्म मुझे राग-द्वेष कराते हैं। ज्ञानी शुद्ध निश्चयसे रागको अपना नहीं मानता इसलिये वह ऐसा भी नहीं मानता कि कर्म मुझे राग-द्वेष कराते हैं। परकी अवस्था होती है उसमे ज्ञानी अपना निमित्त नहीं मानते, इससे कर्म भी नहीं बन्धते।

जीव और कर्म दो एकत्रित होकर रागादिरूप परिणमित होते हैं वैसा नहीं है। जिस प्रकार हल्दी और फिटकरी दोनों एकत्रित होकर तीसरा रंग होता है, उसीप्रकार आत्मा और कर्म दोनों मिलकर तीसरी अवस्था होती है—वैसा नहीं है। हल्दी और फिटकरीमे तो सभी परमाणु स्वतंत्र हैं, सबकी अवस्था पृथक्-पृथक् है; मात्र स्थूलरूपसे दो द्रव्योंकी एक तीसरी लाल अवस्था दिखाई देती है परन्तु वास्तवमे वैसा नहीं है। यदि जीव और कर्म एकत्रित होकर रागादि होते हों तो जीव और पुद्गल-कर्म दोनोंको रागादि परिणाम आ जायें, परन्तु अकेले जीवके ही रागादि-अज्ञान परिणाम तो होते हैं, इससे पुद्गलकर्मका उदय जो कि जीवके रागादि अज्ञान परिणामोंका निमित्त है उससे भिन्न ही जीवका परिणाम है, पुद्गलकर्म तो कभी जीवके रागादिरूप परिणमित नहीं हो सकता इससे जीवकी विकारी अवस्था भिन्न है और पुद्गलकर्मकी अवस्था भिन्न है दोनोंकी अवस्था पृथक्-पृथक् है ॥ १३९-१४० ॥

अब अन्तरके परिणाममे नय विभागसे बात करते हैं; मनके आलम्बनसे दो प्रकारके रागके विकल्प होते हैं वह भी पक्ष है—ऐसा अब कहेंगे। मैं बद्ध हूँ और मैं अबद्ध हूँ—ऐसा विकल्प भी पक्ष है, राग है—वैसी सूक्ष्म बात अब कहेंगे।

समस्त वस्तुऍं स्वतंत्र हैं, सबका कर्ता-कर्मपना स्वतंत्र है। परन्तु जब तक जीव ऐसा मानता है कि परकी अवस्था मैं करता हूँ तब तक वह मिथ्यादृष्टि है। १०० वीं गाथामे कहा था कि घटपटका कर्ता अज्ञानी भी नहीं है परन्तु अपनी विभावपर्याय जो योग-उपयोग

है उसका कर्ता अज्ञानी होता है इसलिये निमित्तरूपसे वह घटपटका कर्ता होता है। मैं निमित्तरूपसे घटपटका कर्ता हूँ—ऐसा मिथ्यादृष्टि कुम्हार मानता है; यदि कुम्हार सम्यग्दृष्टि हो तो उसके योग और उपयोग घड़ा होनेमे निमित्तरूप होते अवश्य हैं परन्तु योग और उपयोगका वह कर्ता नहीं है इसलिये वह घड़ा होनेमे निमित्त भी नहीं है। पहले कहा था कि घटपट होनेमे और नवीन कर्म बाँधनेमे ज्ञानी निमित्त नहीं है; अब कहना है कि मनके विषयमे नयके दो पक्ष होते हैं वह भी तेरा स्वरूप नहीं है।

"आत्मामे कर्म बद्धस्पृष्ट हैं या अबद्धस्पृष्ट है"—वह नयविभागसे कहते हैं:—

जीवे कम्मं बद्धं पुट्ठं चेदि ववहारणयभणिदं।
सुद्धणयस्स दु जीवे अबद्धपुट्ठं हवइ कम्मं ॥ १४१ ॥

है कर्म जीवमें बद्धस्पृष्ट, जु कथन यह व्यवहारका।
पर बद्धस्पृष्ट न कर्म जीवमें, कथन है नय शुद्धका ॥ १४१ ॥

अर्थ.—जीवमें कर्म (उसके प्रदेशोके साथ) बन्धा हुआ है तथा स्पर्शित है—ऐसा व्यवहारनयका कथन है और जीवमें कर्म बन्धा हुआ नहीं है, अस्पर्शित है—ऐसा शुद्धनयका कथन है।

आत्मामे कर्म बद्ध है और कर्म बद्ध नहीं है—इन दो पक्षोंका विचार रागमिश्रित है, मात्र निर्विकल्प स्वभावमे-एकाकार स्वभावमे यह दो पक्ष—"ऐसा है" और "ऐसा नहीं है" ऐसा विकल्प नहीं है ऐसे विकल्पका मैं कर्ता हूँ और यह मेरा कार्य है—ऐसा कर्ता-कर्मपना स्वभावदृष्टिमें नहीं है। आत्मा बद्धस्पृष्ट नहीं है ऐसा विचार भी रागमिश्रित है।

स्वभावधर्मसे वस्तु अखण्ड है उसमें मनके निमित्तके विना ज्ञानके दो पक्ष नहीं होते। मैं अबद्धस्पृष्ट हूँ और बद्धस्पृष्ट हूँ—ऐसे रागमिश्रित ज्ञानके दो पक्ष, दो भङ्ग मनके अवलम्बनसे होते हैं, वे

नय पक्षके राग-(विकल्परूप दो पक्ष)-स्वभावकी एकाग्रताका कारण नहीं है, क्योंकि रागमिश्रित विचार स्वभावकी एकाग्रताका कारण कहाँसे होंगे ? स्वभावका अंश स्वभावकी एकाग्रताका कारण है, विभावका अंश स्वभावकी एकाग्रताका कारण नहीं है। खण्डपना, विकल्पपना, वृत्तिपना स्वभावमें नहीं हैं तो फिर वे स्वभावपर्याय प्रगट होनेके कारण भी कहाँसे होंगे ? साधक जीव वस्तुको और पर्यायको-द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक दोनों नयोंके द्वारा जानता है; प्रमाणज्ञानमें दोनों साथ ही ज्ञात होते हैं परन्तु परकी ओर उन्मुखता हो तब एक समय एक ही उपयोग साधक जीवको होता है-या तो अबद्धकी ओर या बद्धकी ओर, उसके साथ दो प्रकारके रागके विकल्प होते हैं वह आत्माका स्वभाव नहीं है। घटपटका कर्ता तो मैं नहीं हूँ परन्तु स्वभावोन्मुख होने पर विचारोंके दो पक्ष होते हैं वह भी राग है। सब ओरसे अपनेको उठाकर अभेद स्वभावमे रखा है, किन्तु आत्मामे ऐसे विकल्प नहीं हैं कि कर्म बद्ध हैं और कर्म बद्ध नहीं हैं। आचार्यदेवने ऐसा कहकर कि "आठ कर्मोका कर्ता नहीं है और बाह्य परद्रव्योंका कर्ता नहीं है"—सब जगहसे उठाया वहाँ आत्मामे कर्म बद्ध हैं और कर्म बद्ध नहीं हैं—ऐसे कर्ताकर्मपनेमे रुका परन्तु वह उसका स्वभाव नहीं है। कहीं सूक्ष्म पक्षमे स्थित रहे उसे भी कर्ताकर्मपना है। स्वभावका भान न करे और ऐसे पक्षमें स्थित रहे तो वह भी पकड़ है।

जीवके और पुद्गलकर्मके एकबन्धपर्यायपनेसे देखने पर उनके अत्यन्त भिन्नताका अभाव होनेसे जीवमे कर्म बद्धस्पृष्ट है—ऐसा व्यवहारनयका पक्ष है। जीवके और पुद्गलकर्मके अनेक द्रव्यपनेसे देखने पर उनके अत्यन्त भिन्नता होनेसे जीवमे कर्म अबद्ध स्पृष्ट है—ऐसा निश्चयनयका पक्ष है।

आत्मामे कर्म निमित्तरूपसे संयोगरूपसे बंधे हुए हैं ऐसा निमित्तके ओरकी अपेक्षासे कहा जाता है वह व्यवहार है। आत्मामें एकक्षेत्रावगाहरूपसे कर्म बन्धे हुए हैं। जिसप्रकार घीका घड़ा कहा

जाता है परन्तु घड़ा घीका नहीं है-मिट्टीका है। इसीप्रकार कर्म आत्मामे बँधे हुए हैं उस ओरका पक्ष लक्षमें लेना सो एक नय है परन्तु वास्तवमें आत्मामे कर्म बँधे हुए नहीं हैं किन्तु निमित्तकी ओरके नयसे कहा जाता है कि कर्म आत्मामे बँधे हुए हैं। आत्मा परसे अबद्धस्पृष्ट है ऐसा दूसरा नय है।

आत्माके शुद्ध स्वभावका-सामान्यस्वभावका-अबद्धस्पृष्टपनेका विषय करनेवाला जो नय है वह निश्चयनय है, वह भी रागमिश्रित है, क्योंकि उसने वस्तुके एक ओरका पक्ष लिया है, वह रागमिश्रित विचारोंमे रुका है—शुभभावोंमे रुका है-मनके योगमे वह रुका है। मैं अबद्धस्पृष्ट हूँ और मैं बद्धस्पृष्ट हूँ—ऐसे दो भङ्ग मनके अवलम्बनसे होते हैं, वे दो विकल्प हैं—राग हैं।

बद्धस्पृष्टके ओरकी दृष्टिसे देखने पर बद्धस्पृष्ट है परन्तु परमार्थसे बंध नहीं है; व्यवहारसे बंध है। यदि बिल्कुल भिन्न हो तो परमार्थका-असंगपनेका प्रगट वेदन हो परन्तु वह नहीं है इसलिये वर्तमान पर्यायमे बद्ध है। विकार है इसलिये निमित्त भी है। यदि पर्यायमे दोष न हो तो निमित्तका संयोग भी न हो, इसलिये जो बद्धस्पृष्ट है वह व्यवहारका पक्ष है, उसमे भी राग है, उस पक्षमे रुकनेसे भी रागमे रुकना होता है।

पर्याय-अवस्थाकी दृष्टिसे आत्मा बंधा हुआ है और भिन्न तत्त्वसे देखने पर आत्मा और कर्ममे अत्यन्त भिन्नता होनेसे जीवमें कर्म अबद्धस्पृष्ट है। पर्यायदृष्टिसे आत्मा बंधा हुआ है—ऐसा विकल्प सो रागकी पकड़ है और वस्तुदृष्टिसे देखने पर आत्मा परसे भिन्न है—ऐसा विकल्प भी पकड़ है।

प्रश्नः—अनादिका शुभाशुभ विकार है इसलिये कैसे टले?

उत्तरः—अनादि तो सन्तान प्रवाहरूपसे है, पलटा हुआ भाव प्रवाहरूपसे अनादि है, पर्याय है, स्थायी वस्तु नहीं है, इसलिये परिवर्तित होता है, वर्तमान एक-एक समयकी अवस्था जितना है, क्षण-

क्षणकी अपेक्षा प्रवाहसे अनादि है, स्थायी वस्तु नहीं है, जो पर्याय है वह बदलती है इसलिये निर्विकार पर्यायको प्रगट करके विकारका नाश हो सकता है।

यह जान लिया कि पराश्रयरूप व्यवहारसे बंध है और स्वाश्रयरूप निश्चयसे बंध नहीं है, परन्तु भाई! निश्चयसे बंध नहीं है वैसा नयपक्षका विचार भी रागमिश्रित है। यहाँ तो सब प्रकारके रागका कर्ताकर्मपना छुड़ाते हैं।

शुद्धनयको निर्विकल्प भी कहा जाता है परन्तु यहाँ विकल्प युक्त नयकी बात है, शुद्धनय निर्विकल्प भी है और विकल्प सहित भी है। अपूर्ण, पूर्ण और विकारी पर्यायको जाननेवाला और सामान्य स्वभावका ज्ञाता निर्विकल्प प्रमाण ज्ञान है। आत्मा सामान्यरूप और विशेष पर्यायरूप भी है, उस सामान्य और विशेषका विकल्प सहित लक्ष करनेवाले ज्ञानको विकल्पवाला प्रमाणज्ञान कहा जाता है।

दो नयोंके पक्षके विचारमे रुकना सो राग है, पक्ष है। कोई जीव नयके पक्षमे न फँस जाये इससे आचार्यदेव समझाते हैं। परद्रव्यका कर्ता नहीं है, कर्मका कर्ता नहीं है इस प्रकार बाह्यसे उठाकर अन्तरङ्ग तक ले गये हैं। कहीं पक्षमे लगा रहे और वस्तुस्वभाव जैसा है वैसा ध्यानमें न आये तो वह नयका पक्ष ज्ञानका फल नहीं है परन्तु विवादका फल है किसी भी पक्षमे स्थित रहे तो उस ज्ञानका फल विवाद हुआ किन्तु स्वभाव नहीं हुआ। मैं भङ्गका कर्ता हूँ और भंग मेरा कार्य है, मैं विकल्पका कर्ता हूँ और वह मेरा कार्य है—वैसे भावोमें स्थित रहे तो वह पक्षमे खडा है, बाह्यमे खड़ा है, परन्तु जो रागमिश्रित पक्षको लाँघ गया वह स्वभावमे स्थित है।

ध्रुव स्वभाव तो एकाकार है, उसमें दो पक्ष डालना सो नयपक्ष है। निर्विकल्प स्वभावमे मैं बद्ध हूँ और मैं अबद्ध हूँ ऐसे दो पक्षका विकल्प करना सो नयपक्ष है। उस पक्षको छोड़कर जो उसका उल्लंघन कर गया है वही समयसार है।

जो आत्मा इन दोनों नयपक्षोंको लाँघ गया है वही समयसार है—ऐसा अब गाथामे कहते हैं:—

कम्मं बद्धमबद्धं जीवे एवं तु जाण णयपक्खं।
पक्खातिक्कंतो पुण भण्णदि जो सो समयसारो॥ १४२॥

हैं कर्म जीवमें बद्ध वा अनबद्ध ये नयपक्ष है।
पर पक्षसे अतिक्रान्त भाषित, वो समयका सार है॥ १४२॥

अर्थ—जीवमे कर्म बद्ध है अथवा अबद्ध है—इस प्रकार तो नयपक्ष जानो। परन्तु जो पक्षातिक्रान्त (अर्थात् पक्षको लाँघ गया) कहलाता है वह समयसार (अर्थात् निर्विकल्प शुद्ध आत्मतत्त्व) है।

रागमिश्रित पक्षमे रुक जाना सो नयपक्ष है। यहाँ निश्चयनयको रागवाला लिया है। चौदहवीं-पंद्रहवीं गाथामे और अनेक जगह राग रहित-निर्विकल्प शुद्ध नय लिया है। सामान्य स्वभाव पर दृष्टि रहे वहाँ पर्याय गौण हो जाती है उसे शुद्धनय कहा है। अपने अखण्ड स्वभावकी ओर उन्मुखताका भाव उसे शुद्धनय कहा है, परन्तु यहाँ रागयुक्त शुद्ध कहा है, भिन्न-भिन्न अपेक्षासे कहा है।

जीवमे कर्म बद्ध अथवा अबद्ध है वह दोनों विकल्प हैं-राग है। वस्तु तो जैसी है वैसी ही है। जहाँ आत्माकी स्वभावदृष्टि हुई वहाँ अनन्त पुरुषार्थ हुआ। सम्यक्‌दृष्टि जानता है कि जो सर्वज्ञ भगवानने देखा है वह तीन कालमे नहीं बदल सकता। उन सर्वज्ञ भगवानका ज्ञान और निर्णय करनेमे अनन्त पुरुषार्थ है।

द्रव्यमें एक समयके पश्चात् दूसरे समयकी क्रमबद्ध पर्याय होती है, उसका यथार्थ—जैसा है वैसा ज्ञान करनेसे समभाव हो गया वही अनन्त पुरुषार्थ है। अन्य अनन्त पदार्थोमे और मेरे पदार्थमे क्रमबद्ध पर्याय होती है—वैसा माना उसमें समभाव आया, अनन्त पुरुषार्थ आया। जो सर्वज्ञने देखा है वह तीन कालमे नहीं बदल सकता, सर्वज्ञका अर्थ है पूर्ण ज्ञान, उस पूर्ण ज्ञानका निर्णय करनेमें अनन्त पुरुषार्थ है,

निर्णय करनेवालेमें अनन्त पुरुषार्थ है, जिसे सर्वज्ञका निर्णय हुआ है उसको अपने आत्माके स्वभावका निर्णय होता ही है। सर्वज्ञ भगवानने पुरुषार्थ द्वारा मोक्ष देखा है, जिसने अपनेमें सर्वज्ञ स्वभावको जाना है उसने सर्वज्ञको जाना ही है। जिस भावसे सर्वज्ञके पूर्ण स्वभावका निर्णय किया और अपने स्वभावका निर्णय किया है उस भावमें (भवका भाव होता ही नहीं) अनन्त संसारका नाश हुआ। परका ऐसा करता हूँ, परका यह करता हूँ, उसे छोड़कर ऐसा ज्ञान किया कि पर्याय क्रमबद्ध होती है वहाँ समता हो गई, परके ग्रहण-त्यागसे रहित ज्ञान और वीर्य स्वभावोन्मुख हुए। सर्व द्रव्योंकी पर्याय अपनी योग्यतासे होती है ऐसे निर्णय होते ही परका अकर्त्ता अर्थात् स्वसन्मुख ज्ञातापन जागृत हुआ, मोक्षपर्याय होने तक पुरुषार्थ पूर्वक क्रमबद्ध पर्यायको सर्वज्ञ भगवानने जाना है। जिसने सर्वज्ञका यथार्थ स्वरूप जाना उसने क्रमबद्ध पर्यायको यथार्थ जाना है।

मैं इस प्रकार किसीका भला या बुरा कर दूँ, अमुक व्यक्तिको आगे बढा दूँ—वैसी मान्यताका हाथ परमेसे अब उठा लिया। जिस प्रकार मैं पराश्रित नहीं किन्तु स्वतंत्र हूँ उसीप्रकार सामनेवाला पदार्थ और सभी पदार्थ स्वतंत्र हैं—ऐसा निश्चित् हुआ वहाँ वीर्य जो परके ग्रहण-त्यागमें अटकता था वह रुक गया और यह जाता कि मैं तो जो हूँ वही हूँ, मुझे परके साथ सम्बन्ध नहीं है। सर्वज्ञस्वभावके सन्मुख दृष्टि और निश्चय हुए बिना क्रमबद्ध पर्यायकी स्वतंत्रता समझमें नहीं आ सकती।

यहाँ दो पक्षोंका अस्वीकार करके निरपेक्ष तत्त्वको बतलाना है। आत्मा कर्मसे बंधा है और आत्मा कर्मसे बंधा हुआ नहीं है—यह दो पक्षोंका विचार रागमिश्रित है, रागमिश्रित विचारके अवलम्बनसे स्वभावका भान हो जाये—ऐसा कभी भी नहीं होता। जो पक्षको उलघ गया है वह पक्षातिक्रान्त है। आत्माके स्वभावको पहले नयसे या निक्षेपसे निश्चित् किया है, पश्चात् अनुभवके समय उस नय-निक्षेपका काम नहीं पड़ता। जिसप्रकार खानेकी एक वस्तु ली उस समय उसे

तराजूसे तौलते हैं परन्तु खाते समय वह तराजू आदि काममें नहीं आते; उसीप्रकार नय-निक्षेपसे पहले वस्तुका स्वभाव निश्चित् किया है पश्चात् अनुभवके समय वह नय-निक्षेप काम नहीं आता। नय-निक्षेपमे विकल्प रहता है, पक्षातिक्रांतमें विकल्पका अभाव है।

पक्षातिक्रांत कहनेका तात्पर्य यह नहीं है कि अपनेको समस्त धर्म समान मानना चाहिये, किसी धर्ममे भेद नहीं पाड़ना चाहिये, सभी मार्ग समान हैं—ऐसा यदि कोई इसका अर्थ ले तो ऐसा अर्थ नहीं लेना है। वस्तुका सत्‌स्वरूप क्या है उसका निर्णय बराबर करना चाहिये; परन्तु यहां तो समस्त वस्तुको परसे निरपेक्ष बतलाना है। रागमिश्रित पक्षको छुड़ानेकी बात है।

यहां पक्ष छोड़नेको कहा है इससे ऐसा नहीं समझना चाहिये कि निर्णय छोडनेको कहा है; क्योंकि राग छोड़नेको कहा है कहीं तत्त्वविचार और निर्णय छोड़नेको नहीं कहा है। आत्माको इस अपेक्षासे बंध है और इस अपेक्षासे बंध नहीं है, इस अपेक्षासे निमित्त है और इस अपेक्षासे नहीं है, इस अपेक्षासे राग है और इस अपेक्षासे राग नहीं है, द्रव्यदृष्टिसे आत्मा परसे निराला परिपूर्ण शुद्धस्वरूप है और पर्यायदृष्टिसे अवस्थामें मलिनता होती है इत्यादि वस्तुस्वभाव जैसा है वैसी ही प्रतीति करके रागसे अतिक्रान्त होकर प्रथम श्रद्धामे मिथ्यापना छोड़ना चाहिये किन्तु ज्ञान और प्रतीति छोडनेको नहीं कहा है। मैं बँधा हुआ हूँ और निर्बन्ध हूँ—ऐसे विचारोंमें रुकनेसे राग होता है, इससे राग छोडकर स्वभावमें स्थिर होनेको कहा है, 'बँधा हुआ हूँ' और 'बँधा हुआ नहीं हूँ' वैसे पक्षसे अतिक्रांत होना कहा है, जो दो भेदोंमे रुक जाता है उसे छुड़ाते हैं।

प्रश्न:—गौतमस्वामीको भगवानके ऊपर राग था इससे रुके थे न?

उत्तरः—यदि निमित्तके ओरकी अपेक्षासे कहें तो कहा जायेगा कि गौतमस्वामीको भगवान पर राग था परन्तु वास्तवमे

पुरुषार्थकी मन्दतासे राग था। परवस्तुके कारण राग नहीं है, निमित्तसे राग नहीं है, द्रव्यमे राग नहीं है, परमार्थ पर दृष्टि है और राग पर दृष्टि नहीं है, पर्यायमे राग होता है उस पर दृष्टि नहीं है। अब, अपनी पर्यायमे पुरुषार्थकी मन्दताके कारण राग है, भगवान पर गौतमस्वामीको राग था—ऐसा निमित्तकी ओरसे कहा जाता है परन्तु वास्तवमें पुरुषार्थकी मन्दताके कारण राग था, भगवानके कारण राग नहीं था। गौतमस्वामी तो अनेक ऋद्धिके धारक, चार ज्ञानके स्वामी, महा समर्थ गणधर थे; वे रागादि तीनों कषायोंका अभाव करके स्वरूपमे अत्यन्त लीन थे परन्तु उनके पूर्ण वीतरागदशा प्रगट नहीं हुई थी इससे अल्प राग था, वह राग भगवानके कारण नहीं किन्तु अपने कारणसे था।

छठवीं भूमिकामें अल्प राग होता है और उस रागके निमित्त देव-गुरु-शास्त्र इत्यादि ही होते हैं, प्रशस्त-रागके निमित्त देव-गुरु-शास्त्र इत्यादि हैं परन्तु उनके कारण राग नहीं है, अपनी वीतरागदशा नहीं हुई है, अपूर्ण भूमिका है इससे राग आये बिना नहीं रहता। राग प्रशस्त नहीं है किन्तु उसके विषय सच्चे देव-शास्त्र-गुरु हैं वे प्रशस्त हैं।

चौथी भूमिकामे ज्ञानी गृहस्थाश्रममे स्थित होता है इससे उसके शुभाशुभ परिणाम आये बिना नहीं रहते, अपनी भूमिका अपूर्ण है इससे गृहस्थाश्रममें है और वह राग परके कारण नहीं किन्तु अपने पुरुषार्थकी मन्दताके कारण है। राग आता है, किन्तु रागकी रुचि नहीं है, भावना नहीं है, स्वामित्व नहीं है, रागमे अपना कर्तव्य नहीं माना है—अखण्ड परिपूर्ण द्रव्य पर दृष्टि है। दृष्टिके साथ जो ज्ञान है वह ज्ञातास्वभावी स्वद्रव्यको जानता है और भूमिकाके योग्य निर्मलपर्याय और रागकी पर्यायको भी जानता है और रागके निमित्तको भी जानता है। जो ज्ञान स्व-परको स्वतंत्र नहीं जानता, जो ज्ञानस्वभावके सामर्थ्यको, रागादि विभावकी विपरीतताको और रागके निमित्तको नहीं जानता वह ज्ञान मिथ्या है, सम्यक् नहीं है।

भक्ति, भक्तिके लिए नहीं है, दूसरोंके लिये नहीं है, किन्तु

स्वतःके लिये है। वास्तवमें अपनी ही भक्ति करता है, परकी भक्ति कोई कर ही नहीं सकता। स्वतःको अपने गुणोंका बहुमान आता है उसका परके ऊपर आरोप करता है, इसका अर्थ ऐसा होता है कि अपने गुणों पर रुचि है अर्थात् वह गुण स्वतः प्रगट करना चाहता है, इसलिये स्वयं अपनी ही भक्ति करता है, अन्यकी भक्ति की—ऐसा उपचारसे कहा जाता है।

समयसारकी स्तुतिमें आता है कि—

"तुं छे निश्चय ग्रन्थ भङ्ग सघला व्यवहारना भेदवा" इसप्रकार स्तुति की जाती है वह उपचारसे है। वास्तवमें उसे वस्तुस्वरूपकी रुचि है इससे भक्ति करता है। वह राग परके कारण नहीं आता परन्तु अपने कारणसे आता है।

कोई यह कहे कि—चौथे गुणस्थानमें आत्माका भान होनेसे विल्कुल राग ही नहीं होता और रागके निमित्त ही नहीं होते, तो वह ज्ञान मिथ्या है। चतुर्थ भूमिकामें अशुभ राग होता है और उसके निमित्त स्त्री, पुत्रादि होते हैं और शुभराग होता है उसके निमित्त देव-गुरु-शास्त्र इत्यादि होते हैं। परन्तु चौथी भूमिकामें विल्कुल राग ही नहीं होता अथवा विल्कुल वीतराग जैसी भूमिका माने तो वह ज्ञान मिथ्या है। चौथी भूमिकामें ज्ञानीके राग आता है परन्तु उसे वह करने योग्य नहीं मानता, परके कारण होता है ऐसा नहीं मानता और अपना स्वभाव नहीं मानता, अखण्ड परिपूर्ण द्रव्य पर उसकी दृष्टि है। यदि रागको अपना स्वभाव माने तो दृष्टि मिथ्या और यदि ऐसा माने कि राग विल्कुल आता ही नहीं तो ज्ञान मिथ्या है। इस गाथामें तो उसे समझाते हैं जो रागमिश्रित परिणाममें ही रुका हुआ है और ऐसा मानता है कि वही मेरा पुरुषार्थ है। साधक अवस्थामें वीर्यकी मन्दतासे चिदानन्दस्वभावमें स्थिर न रह सकनेके कारण बाह्य लक्ष आता है; वहाँ मैं बद्ध हूँ और अबद्ध हूँ,—ऐसे पक्षों रूप विकल्पमें रुकता है उसे भी समझाते हैं। आचार्यदेव ऐसी सूक्ष्मतासे समझाते हैं कि सभी प्रकारके पक्ष छूट जायें किसी भी प्रकारका पक्ष न रहे।

आत्मा अज्ञानभावसे क्या कर सकता है और ज्ञानभावसे क्या कर सकता है? अज्ञानभावमे राग-द्वेषका कर्ता होता है और ज्ञानभावमें ज्ञानका कर्ता होता है।

'जीवमे कर्म बद्ध है'—ऐसा जो विकल्प है, तथा 'जीवमें कर्म अबद्ध है'—ऐसा विकल्प है, वह दोनों नयपक्ष हैं। जो उस नयपक्षका अतिक्रम करता है (उलंघ जाता है, छोड़ता है) वही समस्त विकल्पोंका अतिक्रम करता हुआ स्वत निर्विकल्प, एक विज्ञानघनस्वभावरूप होकर साक्षात् समयसार होता है।

पर्याय अपेक्षा आत्मामें कर्म एकक्षेत्रमे सम्बन्धरूपसे व्याप्त होकर रह रहे हैं—ऐसा शुभ विकल्प नयपक्ष है, और द्रव्य अपेक्षा आत्मामें कर्म बँधे नहीं हैं—ऐसा शुभ विकल्प भी नयपक्ष है। दोनों नयपक्षमे ज्ञानकी अवस्था रागमे पकड़ जाती है। यह दो नयपक्षके पक्ष होते हैं वह स्वभावका कर्तव्य नहीं है। अज्ञानभाव उसका कर्ता होता है और राग उसका कर्तव्य है।

आत्मा ज्ञानस्वभावी है, वह परिणमित हुए विना नहीं रहता अर्थात् अवस्थान्तर हुए विना नहीं रहता। जो वस्तु है वह बिल्कुल कूटस्थ नहीं रहती, वरतु वस्तुरूपसे और गुणरूपसे स्थित रहकर परिवर्तित होती है—ऐसा वस्तुका स्वभाव है।

रागको वदलकर द्वेष होता है, उसमें होनेवाला कर्ता मैं हूँ ऐसा अज्ञानी मानता है। प्रतिक्षण विकारी पर्यायका परिवर्तन तो होता है, परन्तु उसकी श्रद्धामें स्वाश्रयका जोर है या पराश्रयके ऊपर जोर है—उसके ऊपरसे कर्ता-कर्मका नाप होता है। अविकारी स्वभावको भूलकर रागादिमे कर्तापनेका भाव होता है वह उसका अज्ञानभाव है और राग-द्वेष उसका कर्तव्य है।

आत्मा ज्ञानभावसे तो निर्मल अवस्थाका कर्ता है किन्तु चारित्रमें अपने पुरुषार्थकी अशक्तिसे मात्र स्वमे नहीं रहा जा सकता इससे आत्मामे कर्म बद्ध हैं और कर्म बद्ध नहीं हैं—ऐसे विकल्पोंमें रुकता है वह नयपक्ष है, उसे भी समझाते हैं।

स्त्री, कुटुम्ब, व्यापारादिके अशुभपरिणाम तो निकाल दिये, जड़की ओरका स्थूल कर्तृत्व छुड़ाकर यहाँ तो मनके शुभपरिणामों तक ले गये हैं। मात्र मनके शुभविकल्पोंकी बात ली है। कर्म बद्ध हैं और कर्म बद्ध नहीं हैं वे दोनों शुभविकल्प हैं। यद्यपि आत्मा अबद्ध है, शुद्ध है, निरपेक्ष है, परसे निराला है वह पक्ष तो सत्य है परन्तु उस पक्षमें रुकना भी शुभविकल्प है इसलिये रागका पक्ष है। आत्मा बद्ध है वह बात पर्यायदृष्टिसे यथार्थ है परन्तु द्रव्यदृष्टिसे अभूतार्थ है, असत्य है और उस ओरका पक्ष सो राग है। ज्ञानका स्वभाव तो एकरूप ज्ञाता रहनेका है परन्तु ज्ञान पराश्रयसे संक्रमित होता है, निमित्त और रागके आश्रयके बिना ज्ञानमें विकल्पका खण्ड नहीं पड़ता। स्वभावमें परिणति होना-पलटना तो अपना स्वभाव है, परन्तु जब विकारमें परिवर्तित हो तब ज्ञान अस्थिर होता है—रागका आश्रय आता है।

'ऐसा है' और 'वैसा है'—ऐसा नयपक्षके विकल्प करनेका काम एकाकार स्वभावमें नहीं है, ज्ञानका स्वभाव तो सहज एकरूप है, वह जैसा है वैसा ही सहज ज्ञान न मानकर 'ऐसा है' और 'ऐसा नहीं है' वैसी वृत्ति वह कृत्रिम उत्पत्ति है—अपना स्वभाव नहीं है। ज्ञान तो सहज, समवस्थित, यथावत्, एकाकार है; परन्तु आत्मामें कर्म बद्ध है और कर्म बद्ध नहीं हैं—ऐसी वृत्ति सो कृत्रिम है।

अपने स्वभावके आँगनमें आकर नयोंके विकल्प-रागमें रुकता है उसकी यह बात है, बाह्यके कर्तृत्वकी बात नहीं है। शरीरका मैंने कर दिया है, परका मैंने कर दिया है, मैं उपस्थित था इसलिए यह कार्य हो गया, मैं जड़का कर्ता और वह मेरा कार्य—इत्यादि जड़के कर्तृत्वकी बात तो कहीं रह गई, परन्तु स्वभावके आँगनमें आकर 'मैं ऐसा हूँ' और 'मैं ऐसा नहीं हूँ'—ऐसे विकल्पमें रुका इससे एकरूप ज्ञान नहीं रहा—वीतरागभाव नहीं रहा। अबद्ध हूँ वह बात भूतार्थ है—सत्यार्थ है, और बद्ध हूँ वह बात अभूतार्थ है—असत्यार्थ है, परन्तु दो नय दो पक्षका कार्य करते हैं। पर्यायदृष्टिसे उपचारसे

आत्मा कर्मसे बँधा हुआ है वह बात सत्य है परन्तु द्रव्यदृष्टिसे वह बात मिथ्या है।

वस्तुकी बात सूक्ष्म है परन्तु वस्तुका स्वभाव तो जैसेका वैसा है, अनभ्यासके कारण मँहगी मालूम हो किन्तु सहजस्वभावसे मँहगी नहीं है। इसलिये उसे सुननेसे अरुचि नहीं आना चाहिये, अनादर नहीं होना चाहिये।

प्रशस्त रागका पक्ष छूटकर समस्त विकल्पोंका अतिक्रम होता हुआ साक्षात् समयसार होता है।

'आत्मा बद्ध है' और 'आत्मा अबद्ध है'—ऐसे दोनों विकल्पोंसे छूटकर विज्ञानघन होता हुआ साक्षात् समयसार होता है। जिस प्रकार जमे हुए घीमें अँगुली नहीं धँसती उसी प्रकार रागका पक्ष छूटकर ज्ञान निर्भेद्य हो जाता है, मैं शुद्ध स्वरूप हूँ वैसी भेदरूप वृत्ति भी नहीं होती, ऐसा हूँ और ऐसा नहीं हूँ—इस प्रकारका कोई भी विकल्प नहीं रहता, वस्तुस्वरूपसे जैसा हूँ वैसा ही हूँ। इस प्रकार बद्ध-अबद्धके पक्षसे छूटकर ज्ञान ज्ञानरूपसे दृढ़ होता हुआ, ज्ञान ज्ञानमें जमकर, विज्ञानघन होता हुआ साक्षात् समयसार होता है। साक्षात् अर्थात् जो स्वभाव-शक्तिमें था वह पर्यायमे प्रगट हुआ—अनुभवमे आया। अज्ञानभावसे विकल्पका-रागादिका आत्मा कर्ता-कर्मरूप होता था, वह छूटकर अब ज्ञानका कर्ता कर्मरूपसे हुआ।

जो "जीवमे कर्म बद्ध है" ऐसा विकल्प करता है वह "जीवमे कर्म अबद्ध है" ऐसे एक पक्षका अतिक्रम करता है, तथापि विकल्पका अतिक्रम नहीं करता, और जो "जीवमे कर्म अबद्ध है" ऐसा विकल्प करता है वह भी "जीवमे कर्म बद्ध है"—ऐसे एक पक्षका अतिक्रम करता है तथापि विकल्पका अतिक्रम नहीं करता। पुनश्च, जो "जीवमें कर्म बद्ध है और अबद्ध भी है" ऐसा विकल्प करता है वह दोनोंका अतिक्रम न करता हुआ विकल्पका अतिक्रम नहीं करता। इससे जो समस्त नयपक्षका अतिक्रमण करता है वही समस्त विकल्पोंका अतिक्रमण करता है, वही समयसारको प्राप्त करता है—अनुभव करता है।

जो "जीवमें कर्म बद्ध है" ऐसा विकल्प करता है वह "जीवमें कर्म अबद्ध है" ऐसे एक पक्षका उलंघन कर जाता है तथापि रागका उल्लंघन नहीं करता और स्वभावमे स्थित नहीं होता। "जीवमे कर्म अबद्ध है" इस प्रकार जो एक पक्षके रागमे रुक जाता है वह पक्षके विकल्पका उल्लंघन करता है तथापि रागका उल्लंघन न करनेसे स्वभावमें स्थिर नहीं होता। ऐसे शुभ विकल्प आते हैं कि आत्मा कर्मसे बँधा हुआ है और कर्मसे बँधा हुआ नहीं है, जो ऐसे दो पक्षोंका उल्लंघन नहीं करता वह शुभरागके पक्षको नहीं छोड़ता इससे वह समस्त नयपक्षको नहीं उल्लंघता, अतिक्रम नहीं करता और इससे समयसारका अनुभव नहीं करता—आत्माका अनुभवन नहीं करता, परन्तु जो समस्त विकल्पोंका अतिक्रमण करता है—उल्लंघता है वही निर्विकल्प विज्ञानघन समयसारका अनुभव करता है, विकल्प रहित मात्र आत्मस्वभावका अनुभवन करता है, परकी अपेक्षासे रहित निरपेक्ष, सहज, शात, निर्विकल्प स्वरूपका अनुभवन करता है, अनुभव अर्थात् वेदन करता है। सहज आनन्द इत्यादि गुणोंका वेदन करता है, निजरसका स्वाद लेता है, निजस्वादमे लीन हो जाता है उसे समयसारका अनुभव अर्थात् आत्माका अनुभव हुआ कहलाता है। पर निमित्तकी ओरके राग-द्वेषके भंगसे उल्लंघन की गई दशाको बिल्कुल निर्विकल्प कहा जाता है वह निर्विकल्पस्वरूप होकर आत्मस्वभावका अनुभव करती है वह शुद्धतारूपी स्वभाव कर्म है-कार्य है-पर्याय है।

कर्म तीन प्रकारके हैं:—जड़कर्म, अज्ञानकर्म और स्वभावकर्म। जड़की अवस्था जड़मे होती है वह जड़कर्म है, अज्ञानभावसे विकारी भावोंका-शुभाशुभ भावोंका कर्म (कार्य) करता है इसलिये वह अज्ञानकर्म, अज्ञानभावोंसे कर्म करता है इसलिये ज्ञानभावसे भी कर्म करता है, अज्ञान भावसे कर्म नहीं हो तो ज्ञानभावसे भी कर्म नहीं हो, परन्तु अज्ञानभावसे कर्म है इसलिये ज्ञानभावसे कर्म है। कर्ममें फल देनेकी जो शक्ति है वह जड़का कर्म है। स्वभावकर्म तो सिद्धमे भी है, वहाँ भी परिणमन है, प्रति समय परिणमन होता ही रहता है,

स्वभावकार्य होता ही रहता है, सहजरूप निर्मल दशाका कार्य होता ही रहता है इसलिये वहाँ भी कर्म है। अर्थात् निज शुद्धदशारूप कार्य-पर्याय निरन्तर नई नई होती ही रहती है उसे शुद्धभाव कर्म कहा है।

आचार्यदेव सूक्ष्म विकल्पको निकलवाकर स्वभावकार्य प्रगट करनेके लिये कहते हैं। मैं वद्ध हूँ और अवद्ध हूँ—ऐसे शुभ विकल्पका पक्ष भी अपनेको रागमे रोकता है तव फिर अन्य कौनसा पक्ष नहीं रोकेगा? कौनसा पक्ष सहायता करेगा? वाह्यकी वात तो दूर ही कहीं रह जाती है। अतः सव प्रकारके विकल्प रागभाव हैं वाधक ही हैं ऐसा निर्णय किये विना भेदका-व्यवहारका आश्रय छोड़कर स्वाश्रयका अनुभव नहीं कर सकता।

प्रत्येक आत्मा परिपूर्ण है ऐसे पक्षमें रुका वह भी रागका पक्ष है, उसे छोड़कर स्वरूपमे स्थित हुआ वह समयसार-शुद्धात्मा है।

प्रत्येक आत्मा गुण और पर्यायसे पूर्ण है—ऐसा एक नयने ग्रहण किया उसे भी यहाँ पक्ष कहते हैं, तव फिर वाह्यकी स्थूल वात तो कहीं दूर ही रह जाती है।

कोई कहे कि आत्माका कोई कर्ता है, ईश्वर इसका कर्ता है, ईश्वर इसका अधिष्ठाता है, ऐसा जो मानता है वह तो वहुत ही स्थूल अज्ञान-भावका कार्य है, गृहीत मिथ्यात्व है, निश्चयपूर्वकका व्यवहार-मिथ्यात्व है। सत्‌देव, सत्‌गुरु और सतशास्त्र पर जिसे श्रद्धा है उसके गृहीत मिथ्यात्व छूट गया है, परन्तु देव-गुरु-शास्त्र पर ही लक्ष रहा करे तो वह राग है, देव-गुरु-शास्त्र द्वारा कहे गये नयपक्ष पर ही लक्ष रहा करे तो वह मिथ्यात्व है। यह वात सूक्ष्म अगृहीत मिथ्यात्वकी है।

अनादि-अनन्त निगोदमे गृहीत मिथ्यात्व नहीं था। शुभाशुभ-परिणाम सो मैं हूँ, और वह मेरे है वैसी भ्रान्ति थी (उपादानकी अशुद्धताकी भ्रांति थी) उसमे निमित्तके ओरकी नई भ्रांतिको ग्रहण किया अर्थात् असत् देव-गुरु-शास्त्रको सत् माना वैसी भ्रांति हो गई इससे गृहीत मिथ्यात्व हुआ।

अब आँगनमें आया। देव-गुरु-शास्त्रने कहा कि रागके दो पक्ष होते हैं वह तेरा स्वभाव नहीं है। ज्ञान अपूर्ण है—क्षयोपशमज्ञान है इससे मुख्य-गौणमें ढले विना नहीं रहता। ज्ञान अल्प जाने अर्थात् नयकी ओर जाये वहाँ मुख्य-गौण हुए विना नहीं रहता।

जैसा है वैसा अखण्ड स्वभाव लक्षमें न ले तो देव-गुरु-शास्त्रने वस्तुका जो स्वरूप कहा है वह लक्षमें नहीं लिया, सच्चे निमित्त पर श्रद्धा है परन्तु वे जो वस्तुस्वरूप कहना चाहते हैं उस प्रकार ग्रहण नहीं किया और रागके पक्षमें रुका तो अगृहीत मिथ्यात्व है। यहाँ अगृहीत सूक्ष्म मिथ्यात्वके नाशका उपाय बतलाते हैं। रागके दो पक्षोंमें भी नहीं अटकना वैसा कहते हैं।

जिसे सच्चे देव-गुरु-शास्त्रकी श्रद्धा है, जिसे निमित्त सच्चे हैं उसके शुभ परिणाम भी उच्च होते हैं। पंच महाव्रतधारी, नग्न दिगम्बर मुनि हुआ हो और यदि सच्चे देव-गुरु-शास्त्रकी यथार्थ श्रद्धा हो तो नव ग्रैवेयकमें जाये ऐसे उच्च शुभपरिणाम होते हैं परन्तु भवभ्रमणका अन्त नहीं आता। भव-भ्रमण तो सम्यग्दर्शन द्वारा अगृहीत मिथ्यात्व दूर होनेसे आत्मभान हो तभी दूर होता है।

जिसे असत् देव गुरु-शास्त्रकी श्रद्धा है, जिसके निमित्त ही खोटे हैं, उसके शुभभाव भी उच्च नहीं होते, नव ग्रैवेयक जाये वैसे उच्च शुभभाव झूठे निमित्तको माननेवालेके नहीं होते, तब फिर भव-भ्रमण तो दूर होगा ही कैसे?

यहाँ तो कहते हैं कि नयपक्षमें रुकना भी छोड़! एक नय कहता है कि आत्मामें कर्म बद्ध हैं, दूसरा नय कहता है कि आत्मामें कर्म अबद्ध है—यह दो पक्ष तो सत् देव, सत् गुरु और सत् शास्त्रके निकटसे समझा है। इस अपेक्षासे बद्ध है और इस अपेक्षासे अबद्ध है इत्यादि पक्षोंको सत् निमित्तके निकटसे समझा है। जिनके पाससे नयके पक्षोंको समझा है वह कहते हैं कि इन नयके पक्षोंमें क्यों अटका है? अब अपने स्वभावमें लीन हो जा! विकल्प तोड़कर स्वभावमें स्थिर हो!

देव-गुरु-शास्त्रकी ओरके विकल्पोंका आश्रय भी तेरे स्वभावमें नहीं है तो फिर अन्य कौनसा आश्रय स्वभावमें होगा? इसलिये निर्विकल्प विज्ञानघन स्वभावके आश्रय द्वारा विकल्पको तोड़! स्वभावमें स्थिर हो जा।

सत् देव-गुरुके निकटसे नयके पक्षोंको सुना, उन्होंने पक्षातिक्रान्त होनेके लिये समझाया तो फिर उनके कहे हुए नयके पक्षोंमें स्थित रहना भी अच्छा नहीं लगेगा, क्योंकि वे नयके विकल्प सहज स्वभाव नहीं हैं, कृत्रिम हैं, देव-गुरु-शास्त्रकी ओरके विकल्प भी कृत्रिम हैं, सहज स्वभाव नहीं हैं।

प्रथम श्रद्धा करे कि नयपक्षके विकल्पसे रहित मेरा सहज स्वरूप पूर्ण ज्ञानघन एकाकार है—इस प्रकार निःशंक हो, पश्चात् चारित्रके अल्प दोषरूप विकल्प हो तथापि वह विवेकसे आगे ही बढ़नेवाला है, विकल्पको तोड़ेगा और आगे स्वभावमें बढ़ेगा।

किसीने अबंध पक्षको पकड़ा उसने भी रागको ही ग्रहण किया, किसीने बंध पक्षको पकड़ा उसने भी रागको ही ग्रहण किया, दोनोंने रागको ही ग्रहण किया है। द्रव्यदृष्टिसे अबद्ध है और पर्यायदृष्टिसे बद्ध है—ऐसा वस्तुका स्वरूप है तथापि उसके रागमें रुक जाना वह अपना स्वभाव नहीं है। जो पक्षोंको तोड़कर स्वभावमें स्थित होता है वह समयसारको प्राप्त करता है। नयपक्षको छोड़नेसे वीतराग समयसार हुआ जाता है। यह बात सम्यग्दर्शन की है, पूर्ण वीतरागताकी यह बात नहीं है। मेरा वीतराग स्वभाव है ऐसी प्रतीति होनेसे निर्विकल्प वीतराग स्वभावमें स्थित होना सो समयसार है वही सम्यग्दर्शन है।

अब, यदि ऐसा है तो त्यागकी भावनाको वास्तवमें कौन नहीं नचायेगा? नचायेगा अर्थात् कौन परिणमित नहीं करेगा? ऐसा कहकर श्री अमृतचन्द्राचार्यदेव नयपक्षके त्यागकी भावनाके २३ कलशरूप काव्य कहते हैं।

(उपेन्द्रवज्रा)

य एव मुक्त्वा नयपक्षपातं,
स्वरूपगुप्ता निवसंति नित्यम् ।
विकल्पजालच्युतशांतचित्ता--
स्त एव साक्षादमृतं पिबंति ॥ ६९ ॥

अर्थ—जो नयपक्षपातको छोड़कर (अपने) स्वरूपमे सदैव गुप्त होकर रहते हैं वे ही, जिनका चित्त विकल्पजालसे रहित शांत हुआ है—ऐसे होते हुए साक्षात् अमृतका पान करते हैं।

जो सहज आत्मस्वरूपमें गुप्त होकर रहते हैं, स्वसन्मुख होकर स्वरूपमे स्थित होते हैं वे वद्ध-अवद्धके पक्षके रागमे स्थित नहीं रहते, रागके जालको छोड़कर जिनका चित्त शांत हुआ है, वे आत्माके अमृत आनन्दस्वभावका स्वाद लेते हैं आकुलताका अभाव होकर निजरसका स्वाद लेते हैं, नयपक्षके त्यागकी भावनाको नचा करके परिणमित करके आत्माके अमृतको पीते हैं।

वद्ध हूँ और अवद्ध हूँ—ऐसे पक्षमे जो रहते हैं उनके चित्तसे क्षोभ दूर नहीं होता—आकुलता नहीं मिटती, राग दूर नहीं होना। परन्तु वद्ध हूँ और अवद्ध हूँ—वैसे विकल्प भी जिनमे नहीं हैं ऐसे भूतार्थस्वभावको ग्रहण करनेसे ही विकल्प छूटते हैं और तब वीतराग स्वभावमे प्रवृत्ति होती है, आत्माका अतीन्द्रिय आनन्द सुखस्वरूप अनुभवमे आता है, निर्विकल्प वीतरागभावका वेदन होता है। जो वद्ध-अवद्धके विकल्प रहित आत्माका स्वरूप जानते हैं वे निर्विकल्प स्वभावके वेदक होते हैं, अनन्त गुणके पिण्डस्वरूप आत्माका अनुभवन करनेवाले होते हैं। यह बात अपूर्व है, अचिन्त्य और अलौकिक है, इसे समझे विना स्वभावकी महिमा नहीं आती और भवभ्रमणका अभाव नहीं होता। परन्तु जो इस स्वभावको समझे उसीको स्वरूपकी महिमा आती है, वही निजरसका स्वाद लेने वाला होता है, उसीको भवभ्रमणका अभाव होता है।

अब २० कलशोंमें नयपक्षका विशेष वर्णन करते हैं और कहते हैं कि ऐसे समस्त नयपक्षको जो छोड़ता है वह तत्त्ववेदी (तत्त्वका ज्ञाता) स्वरूपको प्राप्त होता है:—

(उपजाति)

एकस्य बद्धो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ,
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव । ७० ॥

अर्थ.—जीव कर्मसे बँधा हुआ है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव कर्मसे बँधा हुआ नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके विषयमे दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी (वस्तुस्वरूपका ज्ञाता) पक्षपात रहित उसके निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है (अर्थात् उसे चित्स्वरूप जीव जैसा है वैसा ही निरन्तर अनुभवमे आता है)।

एक पक्षकी पकड़वाला कहता है कि जीव बँधा हुआ है, दूसरे पक्षकी पकड़वाला कहता है कि जीव बँधा हुआ नहीं है। भगवान आत्मा तो चित्स्वरूप है उसमे ऐसे जो दो पक्ष होते हैं वे रागके पक्ष हैं, रागके भेद हैं। परन्तु जो तत्त्वका अनुभवी है वह इन रागके पक्षोंसे रहित है। मैं ऐसा हूँ या वैसा हूँ उन भावोंको छोड़कर विकल्पको तोड़कर स्वभावमे स्थित हुआ, निर्विकल्पस्वरूप हुआ वह चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है। बद्ध हूँ-और अबद्ध हूँ ऐसे जो विकल्प हैं सो रागका आँगन है। भगवान आत्माका वह आँगन नहीं है जो ऐसा जानता है वह तत्त्ववेदी है—स्वरूपका अनुभवी है—तत्त्वका वेदक है।

इस ग्रन्थमे प्रथमसे ही व्यवहारनयको गौण करके और शुद्धनयको मुख्य करके कथन किया गया है। चैतन्यके परिणाम पर निमित्तके आश्रयसे अनेक होते हैं, उन सबको आचार्यदेव पहलेसे ही गौण कहते आये हैं और जीवको शुद्ध चैतन्यमात्र कहा है। इसप्रकार जीव पदार्थके

शुद्ध, नित्य, अभेद चैतन्यमात्र स्थापित करके, अब कहते हैं कि—जो इस शुद्धनयका भी पक्षपात (विकल्प) करेगा वह भी उस शुद्ध स्वरूपके स्वादको प्राप्त नहीं होगा। अशुद्ध नयकी तो बात ही क्या है ! किन्तु यदि कोई शुद्ध नयका भी पक्षपात करेगा तो पक्षका राग नहीं मिटेगा और इससे वीतरागता नहीं होगी।

इस शास्त्रमे व्यवहारनयको गौण करके, शुद्ध नयको मुख्य करके कथन किया है। कर्मका, रागका, निमित्तका, भेदका विषय करनेवाला ऐसा जो ज्ञान है वह व्यवहारनय है। उस व्यवहारनयका भार इस शास्त्रमे गौण करके कथन किया है। आत्मा अनन्त गुणोंसे शुद्ध है, विकार उसका स्वभाव नहीं है। स्वभावमे मन नहीं, वाणी नहीं, शरीर नहीं है, मात्र शुद्ध अनन्त गुणके पिण्ड स्वरूप आत्मा, इसका विषय करनेवाला ज्ञान सो शुद्ध नय है।

जो अनेक प्रकारसे विकारी भेद हो वह वस्तुका स्वभाव नहीं है, वह तुझमे नहीं है और तू ऐसा नहीं है। राग-द्वेषका क्षणिक विकार होता है वह तुझमे नहीं है, तू तो चिदानन्द मूर्ति है—ऐसा आचार्यदेव पहलेसे ही कहते आये हैं। आत्मा तो चैतन्यमात्रस्वरूप है उसमे विकारका अंश नहीं है, परका मेल नहीं है ऐसा शुद्ध चैतन्यमात्र आत्मा है वह शुद्धनयका विषय है।

आत्मा शुद्ध है—ऐसी शुद्धताकी बात आचार्यदेवने अभी तक कही है, परन्तु यहाँ तो शुद्धनयका विकल्प भी दूर करना है। आत्मा शुद्ध है और आत्मा अशुद्ध है—ऐसे दो विकल्प भी पक्षपात हैं, वे विकल्प छूटे विना स्वरूपमे स्थिर नहीं हुआ जा सकता, इसलिये यहाँ विकल्पोंको तोड़नेकी बात की है।

शुद्ध कहकर अशुद्धताको गौण किया है नित्य कहकर पर्यायको गौण किया है, शुद्धनयको जिस विकल्पसे कहना चाहता है वह विकल्प भी तेरा स्वभाव नहीं है, अखण्ड स्वभावकी ओर उन्मुख होनेके लिये, भंगकी ओरसे उपयोगको उठानेके लिये तू रागकी ओर न देख !

शरीरकी ओर न देख ! निमित्तकी ओर मत देख ! बंध-मोक्षके दो पक्ष होते हैं उन्हें भी गौण करके जो मात्र सहज स्वभाव है उसका आश्रय कर ! विकल्पोंको तोड़नेके लिये अभेदस्वभावका आश्रय करनेको कहा है। जिस प्रकार नदीमें पानीका प्रवाह एकरूप चला आता हो और उसमें बीचमें यदि नाला आ जाये तो एकरूप प्रवाहका भंग पड़ जाता है, उसी प्रकार ज्ञान एकरूप प्रवाहसे स्वभावकी ओर ढलना चाहिये परन्तु बीचमें, रागमें, शरीरमें और निमित्तमे रुकनेसे एकरूप प्रवाहका भंग पड़ता है, इसलिये कहा है कि मात्र ज्ञायक अनन्त गुणोंसे परिपूर्ण है उसका आश्रय करेगा तो निजस्वरूपमें अपूर्ण आनन्दको प्राप्त होगा। परन्तु यदि शुद्धनयके विकल्पमें भी रुक जायेगा तो उस स्वादको नहीं पा सकेगा।

आचार्यदेव कहते हैं कि शुद्धनयके विकल्पमे नहीं रुकना, अशुद्ध-नयकी तो बात ही क्या है? क्योंकि यदि शुद्धनयका भी पक्ष लेगा तो भी राग नहीं मिटेगा और वीतरागता नहीं होगी। पक्षपातको छोड़कर चिन्मात्र स्वरूपमे लीन होनेसे ही समयसारकी प्राप्ति होती है, इसलिये शुद्धनयको जानकर उसका भी पक्षपात छोड़कर शुद्ध स्वरूपका अनुभव करके स्वरूपमे प्रवृत्तिरूप चारित्र प्राप्त करके, वीतरागदशा प्राप्त करना योग्य है।

आत्मा रागी है, द्वेषी है, बँधा हुआ है, शरीर युक्त है—ऐसी दृष्टि जिसके विद्यमान है उसकी बात तो दूर रही ! वह तो शुद्ध स्वरूपके आँगनमें भी नहीं आया, वह तो शुद्धस्वरूपसे विमुख हो गया है, जरा भी स्वसन्मुख नहीं है परन्तु जो आत्माकी शुद्धता और अशुद्धताका यथार्थ ज्ञान करके शुद्धस्वरूपके पक्षके रागमे स्थित है वह भी शुद्धस्वरूपको प्राप्त नहीं हो सकता, आत्माका अनुभव नहीं कर सकता।

अशुद्धनयकी ओरका जो असद्‌भूतव्यवहार है उसके पक्षकी तो बात ही नहीं है, परन्तु जो गुण-गुणीके राग द्वारा भेद होता है वहाँ भी नहीं रुकना। शुद्धताके आँगनमें खड़े-खड़े "मैं ऐसा हूँ—मैं

ऐसा हूँ" ऐसे विकल्प करता हुआ खड़ा रहेगा उसे भी निर्विकल्प स्वादका स्वादन नहीं होगा, वह वहींका वहीं रुक जायेगा, जैसा सहज आत्मस्वरूप है वैसा वीतराग नहीं होगा, इसलिये पक्षपातको छोड़कर एक शुद्ध चिन्मात्र स्वरूपमे लीन होनेसे स्वरूपको प्राप्त किया जाता है। इसलिये शुद्धनयको जानकर, स्वरूपमे लीन होकर पक्षपातको छोड़ना।

आचार्यदेवने शुद्धनयको जानना कहा है, क्योंकि जाने बिना छोड़ेगा क्या? इसलिये आत्मा परसे निराला है—ऐसा बराबर जानकर, अशुद्ध पक्षको गौण करके, शुद्ध स्वरूपको जान। पश्चात् शुद्धके पक्षके रागको छोड़कर स्वरूपमे लीन हो। कषायका प्रवर्तन भी स्वरूपमे नहीं है—ऐसी यथार्थ श्रद्धा करके श्रद्धाका बल लाओ। श्रद्धाके पश्चात् चारित्र-स्थिरता ला। श्रद्धाका विषय सामान्य है, पश्चात् वर्तन ला अर्थात् विशेष ला। "ऐसा हूँ और वैसा हूँ" वह विकल्प छोड़कर स्वरूपमे प्रवर्तन-आचरण चारित्र ला। यदि विकल्प नहीं छूटेगा तो वीतरागस्वभाव नहीं होगा।

जैसा स्वरूप है वैसा प्राप्त करना योग्य है परन्तु पक्षमे स्थित रहना योग्य नहीं है, विकल्पमे स्थित रहना योग्य नहीं है इसलिये स्वभावके आनन्दके प्रवर्तनके लिये विकल्पके भङ्गका त्याग करना चाहिये।

आत्मा पर वस्तुकी अवस्थाको करे और परवस्तु आत्माकी अवस्थाको करे—वह बात यथार्थ नहीं है। आत्मा राग-द्वेषका कर्ता है वह कहना भी सच्चा नहीं है। यहाँ तो उससे भी सूक्ष्म बात है। वस्तुको देखनेके दो पक्ष है वह नय है। एक पर-अपेक्षासे देखनेका पक्ष और एक स्व-अपेक्षासे देखनेका पक्ष। आत्माको कर्मके बँधनकी अपेक्षासे देखना सो व्यवहारपक्ष और अबँध अपेक्षासे देखना सो निश्चय-पक्ष। उन दोनों पक्षोंके विकल्पमे रुकना सो नयपक्ष है, राग है। उन पक्षोंमे स्थित रहनेसे वीतरागदशा प्राप्त नहीं होती इसलिये उन्हें छोड़कर स्वरूपमे लीनता करना योग्य है।

(उपजाति)

एकस्य मूढो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ७१ ॥

अर्थ—जीव मूढ़ (मोही) है, ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव मूढ़ (मोही) नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है । इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके विषयमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं । जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है (अर्थात् उन्हें चित्स्वरूप जीव जैसा है वैसा ही निरन्तर अनुभवमें आता है) ।

जीव मूढ़ है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव मूढ़ नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है । नय अपेक्षाका एक ऐसा पक्ष है कि जीव मूढ़ है और दूसरा पक्ष है कि जीव मूढ नहीं है । अज्ञान भावसे कर्मकी ओर युक्त है, परमें उलझ गया है—ऐसी पर्यायकी अपेक्षासे देखें तो आत्मा मूढ़ है ।

दूसरे नयका पक्ष ऐसा है कि जीव मूढ़ नहीं है । परमार्थ-दृष्टिसे आत्मा मूढ़ नहीं है वह बात यथार्थ है, क्योंकि त्रिकाल ज्ञान-स्वभावी आत्मा कभी भी परमे नहीं उलझता, किन्तु उस ओरका विकल्प सो पक्ष है । परमार्थनयसे आत्मा मूढ़ नहीं है वह बात यथार्थ है परन्तु अज्ञान अपेक्षाकी दृष्टिसे मूढ़ है—वह बात मिथ्या नहीं है, किन्तु वे दोनों नयपक्ष हैं, दोनों नय पक्षोंमे रुकना वह राग है ।

आत्माका वास्तविक हित कैसे हो—वह बात यहाँ की है । अन्य सब टालते–टालते नयपक्ष भी दूर कर देना वैसा आचार्यदेवका उपदेश है ।

आत्मा ज्ञानादि अनन्त गुणोंका पिण्ड है; उसे वर्तमान पर्याय-दृष्टिसे देखें तो मूढ़ है परन्तु त्रिकाल दृष्टिसे देखें तो मूढ़ नहीं है किन्तु उसके ऊपर पक्ष करके रुकना राग है । जो तत्त्ववेदी है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही अनुभवमे आता है । मात्र शुद्ध चैतन्य-

तत्त्व जब अनुभवमें लीन है तब चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है, उसमें ऐसा हूँ और वैसा हूँ ऐसे नयके दो विकल्प नहीं है। उसे तो चित्स्वरूप जैसा है वैसा ही अनुभवमे आता है।

आत्माकी क्षणिक अवस्थामे मूढ़ता भासित होती है परन्तु वस्तु-दृष्टिसे आत्मा मूढ़ नहीं है, कर्मसे उलझा हुआ नहीं है। वह दो नयोंके दो पक्षपात हैं। मैं कर्मसे उलझा हुआ हूँ और मैं कर्मसे पृथक् आत्मा उसमें उलझा हुआ नहीं हूँ—ऐसे दोनों विकल्प वास्तवमे व्यवहार ही हैं परन्तु यहाँ एकको निश्चय कहा है। मैं चैतन्यज्योति कर्ममें न उलझूँ—ऐसा विकल्प वह पक्ष है। परमार्थदृष्टिसे आत्मा नहीं उलझता वह वात यथार्थ है परन्तु ऐसा विकल्प वह राग है इसलिये व्यवहार है।

राजा वन जाये तो मैं राजा हुआ, राजा हुआ-ऐसा कहाँ तक गोखता रहता है? पश्चात् मैं राजा हूँ ऐसा निर्णय ही हो गया। उसीप्रकार परसे भिन्न चैतन्यज्योति आत्मा उलझा हुआ नहीं है—ऐसा भान होनेके पश्चात् विकल्पमे रुका रहे तो स्वानुभव नही होता। नमक खारा है, खारा है, ऐसा कहाँ तक गोखेगा? गोखने रहनेसे नमकका स्वाद आयेगा? नमक-नमक ऐसा सोचते रहनेसे नमक खाया जाता है? नहीं खाया जाता। उसीप्रकार मैं अमूढ़ हूँ, मैं अमूढ़ हूँ वैसा गोखते रहनेसे, उस विकल्पमे रुक जानेसे स्वभावका स्वाद आ जायेगा? नहीं।

अनेक प्रकारके कूड़ा कचरारूप रागके पक्ष दूर करते करते मनके आँगनमे आकर खड़ा रहे और विचार करे कि मैं अमूढ़ हूँ, अमूढ़ हूँ वह भी पक्ष है। आत्मा तो जैसा है वैसा ही है, उसका वेदन करना सो वस्तुस्वभाव है। वस्तुस्वभाव दो पक्षपातसे रहित है। जो तत्त्वका वेदक है उसे चित्स्वरूप जीव निरन्तर चित्स्वरूप ही है—वैसा अनुभवमे आता है।

(उपजाति)

एकस्य रक्तो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ।। ७२ ।।

अर्थ—जीव रागी है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव रागी नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है। इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके विषयमे दो नयोंके दो पक्षपात है। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

एकनयका पक्ष ऐसा है कि जीवमें राग है और दूसरे नयका पक्ष ऐसा है कि जीवमे राग नहीं है। वर्तमान अवस्थामे राग है— इस प्रकार विकल्प करके रुक जाना एक नयका पक्ष है और दूसरा नय कहता है कि स्वभावमें राग नहीं है। राग नहीं है वह नय दृष्टिसे भी भंग पाड़ा है। एक चित्स्वरूपमे दो भंग नहीं हैं। आत्मा रागी नहीं है और अरागी नहीं है, रागी नहीं है अर्थात् वीतरागी है और अरागी नहीं है अर्थात् रागी है—ऐसे विकल्पके दो भंग चित्स्वरूपमे नहीं हैं। चित्स्वरूप तो निरन्तर चित्स्वरूप ही है।

मिठाई लेनेके लिये जाता है तव पूछता है कि मिठाई कितने रुपये सेर है? परन्तु जव खानेके लिये वैठता है तब यह वोलता रहे कि मिठाई कितने रुपये सेर है तो वह मिठाई नहीं खा सकता और न उसका स्वाद ही आता है। सर्वज्ञका स्वरूप भगवानने जैसा कहा है वैसा ही पकड़ते-पकड़ते प्रथम राग तो आता है—विकल्प तो आता है, एक अपेक्षासे (अवस्थामें) राग है और दूसरी अपेक्षासे राग नहीं है—वैसे विकल्प भी आते अवश्य हैं, किन्तु उन विकल्पोंमें ही रुक जाये तो चैतन्यके स्वादका अनुभव नहीं कर सकता। जिस प्रकार पहले मिठाई लेने जाये वहाँ मिठाईका भाव पूछे, अच्छे-बुरेकी परीक्षा करे परन्तु जब मिठाई खाने वैठे तव वह सब छोड़ दे तो मिठाई खा सकता है उसीप्रकार आत्माको जाननेके लिये प्रथम सभी अपेक्षाओंका ज्ञान करे, हित किसमे है और अहित किसमे है—इत्यादि सभी

परीक्षा करके यथार्थ निर्णय करे, परन्तु उस विकल्पमें रुक जाये तो चैतन्यस्वरूपका स्वाद नहीं ले सकता।

आत्मा तो जैसा है वैसा ही है। जिस प्रकार सूर्य तो जैसा है वैसा ही है, परन्तु ऊपरवाला कहे कि सूर्य इस ओर है नीचे वाला कहे कि सूर्य इस ओर है और उसके पार्श्वमें खड़ा हुआ दूसरा कहे कि सूर्य मेरी ओर है, परन्तु सूर्य तो जैसा है वैसा ही है, जहाँ है वहीं है। उसीप्रकार चैतन्यसूर्य तो जैसा है वैसा ही है, परन्तु एक पक्षवाला कहे कि रागी है, दूसरे पक्षवाला कहे कि रागी नहीं है। पर्यायदृष्टिसे और द्रव्यदृष्टिसे दोनों बातें यथार्थ हैं परन्तु वैसे विकल्प चैतन्यसूर्यमें नहीं हैं, उन विकल्पोंसे रहित चैतन्यसूर्य तो जैसा है वैसा ही है, इससे दो पक्षोंका राग छोड़कर आत्मामें एकाग्र हो तो आत्माके स्वभावका आनन्द आये। जो तत्त्ववेदी है वह चित्स्वरूप निरन्तर अनुभव करता है।

(उपजाति)

एकस्य द्वुष्टो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ७३ ॥

अर्थः—जीव द्वेषी है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव द्वेषी नहीं है—ऐसा दूसरा नयका पक्ष है। इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके विषयमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उनको निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

एक नयका पक्ष है कि जीव द्वेषी है, दूसरे नयका पक्ष है कि जीव द्वेषी नहीं है। अनेकोंका ऐसा अभिप्राय होता है कि अपनेको कोई प्रतिकूलता करे तब द्वेष हुए बिना नहीं रहता। जो अपनेको बाधक हो उस पर द्वेष होता ही है—ऐसा माननेवालेके अभिप्रायमें आत्मा द्वेषी ही है—ऐसा हुआ। वह भी एक पक्ष है, दूसरे पक्षवाला ऐसा कहता है कि आत्मामें द्वेष नहीं है। द्वेष वर्तमान समयकी पर्यायमें होता है, त्रिकालदृष्टिसे आत्मामें द्वेष-प्रतिकूलता-अरुचि आदि कुछ है

ही नहीं, परन्तु ऐसे पक्षमें स्थित रहना सो राग है क्योंकि आत्मा तो ज्ञानस्वरूप जैसेका वैसा है। वैसे पक्षरहित आत्माका अनुभव न करके आत्मा द्वेषी नहीं है वैसा पक्ष करना सो राग है।

परमार्थसे आत्मामे द्वेप नहीं है परन्तु व्यवहारसे आत्माकी अवस्थामे द्वेष है। जहाँ तक रागका अंश है वहाँ तक द्वेपका अंश भी है परन्तु आत्माके त्रिकाली मूल स्वभावमें द्वेप नहीं है, किन्तु उस पक्षके विकल्पमें रुकनेसे रागमें अटक जाता है, उसमें ज्ञान संक्रमित होता है, परिवर्तित होता है, इसलिये जो तत्त्वका वेदक है वह पक्षके रागमें न रुककर चित्स्वरूप जीवमे चित्स्वरूप जीवका ही अनुभव करता है।

(उपजाति)

एकस्य कर्ता न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ७४ ॥

अर्थ—जीव कर्ता है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव कर्ता नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है। इस प्रकार चित्स्वरूप जीवमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

एक नयका ऐसा पक्ष है कि जीव कर्ता है और दूसरे नयका ऐसा पक्ष है कि जीव कर्ता नहीं है। अज्ञानभावसे जीव राग-द्वेषका कर्ता है—ऐसा एक नयका पक्ष है, दूसरे नयका पक्ष ऐसा है कि आत्मा राग-द्वेपका कर्ता तो नहीं है। वास्तवमें निर्मल अवस्थाका कर्ता भी व्यवहारसे है। शुद्धात्मा तो जैसा है वैसा ही है, उसमें किसी प्रकारका भेद-विकल्प लागू नहीं होता इससे कर्ता है और कर्ता नहीं है—ऐसे विकल्प सो पक्ष है, वह रागमिश्रित विचार हैं। तत्त्वका ज्ञाता पक्षपात रहित है।

नमक खारा है, ऐसा निश्चित् हो जानेके पश्चात्, यह खारा है, यह खारा है—ऐसा विचार करना नहीं रहता, खारा है यह निश्चित् है फिर विचारना नहीं रहता, और यदि विचार करे तो नमकका स्वाद

नहीं लिया जा सकता, उसीप्रकार आत्माका स्वभाव जान लेनेके पश्चात् आत्मा कर्ता है और कर्ता नहीं है—ऐसा गोखना रहे तो स्वरूपका स्वाद नहीं लिया जा सकता। आत्मा कर्ता है और कर्ता नहीं है—ऐसी उत्थानवृत्ति सो राग है, वह राग आत्माका स्वभाव नहीं है, आत्माका स्वरूप तो रागरहित-वीतराग है।

धर्म आत्माका स्वभाव है। आत्माका भान और प्रतीति करके उसमें स्थित होना वह धर्म है। मैं कर्ता हूँ और मैं कर्ता नहीं हूँ—ऐसे राग-मिश्रित विचार आत्माके स्वभावका कर्तव्य नहीं है, वह तो मनके अवलम्बनका कर्तव्य है। मैं पुण्य-परिणामोंका कर्ता हूँ और मैं पुण्य-परिणामोंका कर्ता नहीं हूँ, मैं स्वभाव अवस्थाका कर्ता हूँ—निर्मल अवस्थाका कर्ता हूँ—ऐसे विकल्प वह राग है—अस्थिरता है। जिस प्रकार पानीको हिलाया जाये तो वह हिलता है, उसीप्रकार विकल्प है वह स्थिर स्वभाव नहीं परन्तु चंचल है। आत्मामे सहज स्वभाव जैसा है वैसा भरा हुआ है, उस एकरूप स्वभावमे विकल्पोंका भेद करना वह चंचलता है। तत्त्ववेदी उन विकल्पोंसे रहित है, चित्स्वरूप आत्माका अनुभवन करता है।

(उपजाति)

एकस्य भोक्ता न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ७५ ॥

अर्थ:—जीव भोक्ता है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव भोक्ता नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके विषयमे दो नयोंके दो पक्षपात है। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

एक नयका पक्ष है कि आत्मा भोक्ता है और दूसरे नयका पक्ष है कि आत्मा भोक्ता नहीं है। शरीरमे बुखार आये तब अरुचि-अरति-ग्लानि करता है और निरोगताके समय राग करता है, उस राग-द्वेष और अज्ञानको ही भोगना होता है। रोग और निरोगताको

कोई नहीं भोगता, परन्तु उसमे राग, द्वेष और अज्ञानभाव ही भोगे जाते हैं। एक नय कहता है कि अज्ञानभावसे हर्ष-शोकका भोक्ता है और ज्ञानभावसे ज्ञानका भोक्ता है, दूसरा नय कहता है कि आत्माको भोक्ता कहना भी व्यवहार है, इसलिये आत्मा भोक्ता नहीं है, वह तो जैसा है वैसा ही है, परन्तु जैसा है वैसा ही है—ऐसा विकल्प भी राग है; जो तत्त्वका ज्ञाता है वह सर्व विकल्पसे रहित चैतन्यस्वरूप आत्माका ही अनुभव करता है।

(उपजाति)

एकस्य जीवो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ७६ ॥

अर्थः—जीव, जीव है—ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव, जीव नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है· इस प्रकार चित्स्वरूप जीवमे दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

नित्य ज्ञान-दर्शनरूप चैतन्य भावप्राणको धारण करना जिसका लक्षण है उस जीवत्वशक्ति द्वारा आत्माको जीव कहा जाता है। एक नयका ऐसा पक्ष है कि जीव जीव है, दूसरे नयका ऐसा पक्ष है कि जीव जीव नहीं है। आत्मा स्वत· है वह वात तो सच्ची है, परन्तु मैं जीव हूँ, मैं जीव हूँ—ऐसा विकल्प है वह रागका पक्ष है। जीव जीव नहीं है अर्थात जीव अपनेरूप है और पररूप नहीं है है वह अपनी अपेक्षासे और नहीं है वह परकी अपेक्षासे—इस प्रकार दो नयोंके दो पक्ष हैं। यहाँ अस्ति-नास्तिकी वात की है। वस्तुस्वभावसे तो आत्मा अपनेरूप है और पररूप नहीं है। वस्तुस्वभाव तो ऐसा ही है परन्तु मैं जीव अपनेरूप हूँ और पररूप नहीं हूँ—ऐसे रागके पक्षमे जो रुकता है उसे आत्माका अनुभव नहीं होता। मालको तोलकर रख देनेसे कहीं खानेका अनुभव नहीं होता, परन्तु जब माल खाये तभी खानेका अनुभव होता है। इसीप्रकार नय द्वारा आत्माको जानकर

रटते रहनेसे कहीं आत्माके निजरसका वेदन नहीं होता परन्तु पक्ष छोड़कर आत्मामें लीन होनेसे आत्माके निजरसका वेदन होता है। ज्ञानस्वरूप आत्मामें रागस्वरूप वृत्तिका उत्थान नहीं है परन्तु आत्माकी विकारी पर्यायमें रागका उत्थान है। रागकी वृत्ति तो आकुलता और दुःखस्वरूप है इसलिए तत्त्वका वेदक ज्ञानी अनाकुल आनन्दमय चैतन्य-स्वरूपमें लीन होकर रागकी वृत्ति तोड़कर आत्माके अपूर्व रसका अनुभव करता है।

(उपजाति)

एकस्य सूक्ष्मो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ७७ ॥

अर्थ—जीव सूक्ष्म है—ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव सूक्ष्म नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है। इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके विषयमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

एक पक्षवाला कहता है कि जीव सूक्ष्म है, सूक्ष्म है वह बात यथार्थ है परन्तु उसके विकल्पमें रुकना वह राग है। वह मन, वाणी या शुभाशुभ परिणामोंसे पकड़में नहीं आता इसलिये सूक्ष्म है। शरीर, मन, वाणी आत्मामें नहीं हैं, वर्ण, गंध, रस, स्पर्श भी आत्मामें नहीं हैं, वर्ण, गंध, रस, स्पर्श रूपी हैं और आत्मा अरूपी है इसलिए सूक्ष्म है। कोई कहे कि श्वास तो आत्माका है न? नहीं भाई! श्वास तो रूपी है और आत्मा अरूपी है इसलिए श्वास स्थूल है और आत्मा सूक्ष्म है। शरीरकी आयु पूर्ण हो जाती है तब श्वास रुक जाती है और शरीर यहीं पड़ा रहता है। सूक्ष्म ज्ञानघन आत्मा देहसे मुक्त होकर दूसरी गतिमें जाता है। शरीर, मन, वाणी, श्वास, वर्ण, गंध, रस और स्पर्श स्थूल हैं और आत्मा सूक्ष्म है, परन्तु सूक्ष्म हूँ, सूक्ष्म हूँ—ऐसे विकल्पमें रुकना वह राग है, इसलिए जो विकल्पको तोड़कर स्वरूपमें स्थित होता है वह आत्माका अनुभव करता है।

दूसरे पक्षवाला कहता है कि–आत्मा स्थूल है, उसके दो प्रकार हैं:—एक प्रकार तो ऐसा है कि, शरीर और इन्द्रियोंके साथ सम्बन्धवाला है इसलिए स्थूल है। दूसरा प्रकार यह है कि—पहाड़ पर खड़ा हो और पच्चीस कोस दूरके पदार्थ ज्ञात होते हैं, इससे आत्मा पच्चीस कोस जितना नहीं हो जाता, परन्तु वह सब ज्ञान जानता है इसलिए आत्मा स्थूल है। केवलज्ञानमे लोकालोक ज्ञात होते हैं इसलिए आत्मा स्थूल है। सब कुछ ज्ञाता होता है उस अपेक्षासे स्थूल है वह बात सच्ची है परन्तु उसके रागके पक्षमे रुकनेसे स्वसन्मुखता नहीं होगी। किसी भी नयके रागमे रुकनेसे स्वरूपका वेदन नहीं आता। गन्नेको चूसना और खीरका स्वाद लेना एक साथ नहीं होता खीरका स्वाद लेना हो तो गन्नेको छोड़ देना पड़ता है, उसीप्रकार मै इस अपेक्षासे स्थूल हूँ और इस अपेक्षासे सूक्ष्म हूँ—वैसे विचारके अवलम्बनसे स्थित होने जाये तो स्थिर नहीं हो सकता; वह छिल्का तो निकाल देने योग्य है। रागके विकल्पके छिलकेको निकाल दे तो वीतरागी खीरका स्वाद आये। स्वसन्मुख होते ही विकल्प विलीन होते हैं उन्हें छोड़ना नहीं पड़ता। यह तो मात्र तत्त्वदृष्टि–सम्यग्दृष्टि–निर्विकल्प श्रद्धा–वीतरागी श्रद्धा चौथे गुणस्थानमे होती है उसकी बात है। रागमिश्रित विचारकी या विकल्पकी यह बात नहीं है। जैसे अंधेरेको हटानेका श्रम वृथा है अतः उसे हटाना नहीं पड़ता किन्तु प्रकाश करते ही वह उत्पन्न नहीं होता, इस प्रकार त्रैकालिक ज्ञातास्वभावकी दृष्टि और अनुभव किया कि रागादिमें कर्तृत्व–ममत्वरूप महा क्लेश उत्पन्न नहीं होगा।

(उपजाति)

एकस्य हेतुर्न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ।। ७८ ।।

अर्थ —जीव हेतु (कारण) है—ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव हेतु (कारण) नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है, इस प्रकार चित्स्वरूप जीवमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी पक्षपातरहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

एक पक्ष कहता है कि आत्मा कारण है और दूसरा पक्ष कहता है कि आत्मा कारण नहीं है। पर्यायदृष्टिसे आत्मा अज्ञानभावसे राग-द्वेषका कारण कहलाता है परन्तु वस्तुदृष्टिसे सम्पूर्ण वस्तु राग-द्वेषका कारण नहीं है, मात्र वस्तुकी अवस्थामे राग-द्वेष होता है, नवीन-नवीन अज्ञानभाव होते हैं वह राग-द्वेषका कारण है। यदि वस्तु राग-द्वेषका कारण हो तो वह कभी दूर नही हो सकता। पर्यायदृष्टिसे आत्मा राग-द्वेषका कारण है वह बात सत्य है, परन्तु उस विकल्पमे रुक जाना वह संसारका कारण है।

यदि आत्माका यथार्थ स्वरूप नहीं जाना और उसमें स्थिर न हुआ तो सिर पर चौरासीका अवतार खडा है, जहाँ कोई शरण नहीं है, कोई सगा-सम्बन्धी नहीं है, दुकान नहीं है, खेत नहीं है, नाम, ठाम, गाम आदि कुछ भी नहीं है—ऐसे कुत्ते, कौवे, गधे आदिके भवोमे चला जायेगा।

कोई कहेगा कि यह सब किससे कहा जा रहा है? प्रभु! तेरी प्रभुता अन्तरङ्ग शक्ति कैसे प्रगट हो यह अपूर्व बात धर्मके जिज्ञासावानको कहते हैं। एकबार श्रद्धासे तो प्रभु हो जा! फिर साक्षात् प्रभु होनेका समय किसी दिन आयेगा, असली स्वभावसे तो सभी प्रभु हैं—वैसी एकबार श्रद्धा तो कर! पश्चात् वर्तमान पर्यायमे जो मलिनता है उसे पुरुषार्थ द्वारा टालकर निर्मल पर्याय प्रगट करके वीतरागता होगी।

यदि इस समय न चेता तो मरकर चला जायेगा चौरासीके चक्करमे! ढूँढ़ने पर हाथ नहीं आयेगा! इस भवमे यदि तत्त्व न समझा तो चौरासीके चक्करमे ढूँढ़ने पर हाथ नहीं आयेगा! जिसप्रकार बिना डोरा पिरोयी हुई सूई कूड़ेमे खो जाती है, उसीप्रकार चौरासीके अवतारमे खो जायेगा। सम्यग्ज्ञानरूपी सच्चा डोरा पिरोया तो चौरासीके कूड़ेमे नहीं खोने पायेगा, किन्तु यदि सम्यग्ज्ञानरूपी डोरा नहीं पिरोया तो जिस प्रकार सुई खो जाती है उसीप्रकार खो जायेगा। आँधीमे

उड़ा हुआ तिनका फिर ढूँढ़नेसे हाथ नहीं आता। इसलिए यथार्थ ज्ञान कर, यथार्थ प्रतीति कर और स्वरूपमें स्थिर हो।

वास्तवमें, मरनेवाला मरकर कहाँ गया, उसे कोई नहीं देखता लेकिन सब अपने स्वार्थको रोते हैं। "हाय-हाय! मेरा इकलौता बेटा हीरा चला गया"—इस प्रकार अपने स्वार्थको रोते हैं। परन्तु लड़केके आत्माका क्या हुआ? वह कहाँ गया? अच्छी गतिमें या दुर्गतिमें? वह कोई नहीं देखता, परन्तु मात्र अपने स्वार्थको ही सब याद करते हैं। सगे, कुटुम्बी सभी मात्र स्वार्थके ही साथी हैं। उसके आत्माका क्या हुआ होगा उसकी किसीको नहीं पड़ी है; यदि उसके आत्माका और उसके भवका विचार करें तो अपना भी इस भवका राग उड़ जाये। भाई! भव-भ्रमणका अन्त करना हो तो आत्माकी पहिचान कर।

आत्मा कारण है और आत्मा कारण नहीं है—ऐसे दो विकल्पोंमें रुकना छोड़कर आत्मामें रुकना वह आत्ममार्ग है। कारण है और कारण नहीं है—वैसे विकल्प छोड़कर स्वरूपस्थित होना वह मार्ग है। प्रथम निश्चय श्रद्धान और पश्चात् विशेष पुरुषार्थ द्वारा, चारित्र द्वारा स्वरूपमे स्थित हो सकते हैं।

लक्ष साधे बिना यदि बाण मारा जाये तो वस्तुको नहीं बेध सकेगा, उसीप्रकार आत्माका यथार्थ स्वरूप दो पक्षोंसे रहित जैसा है वैसी पहिचान न करे, निर्विकल्प प्रतीत न करे तो जड़—चैतन्यकी धाराको बेधकर भेदज्ञान किस प्रकार करेगा? स्थिर किस प्रकार होगा? इसलिए आत्माका जैसा है वैसा परसे निराला पवित्र स्वरूप जानकर, उसकी प्रतीति करके, राग-द्वेषको और आत्माके स्वभावको बेधकर पृथक् करके स्वरूपमे एकाग्र होनेसे आत्माकी शुद्ध पर्याय प्रगट होती है। आत्मा पर्यायसे राग-द्वेषका कारण है और वस्तुदृष्टिसे कारण नहीं है—ऐसे विकल्पमे तत्त्ववेदी नहीं रुकते, उन्हें चित्स्वरूप जीव निरन्तर चित्स्वरूप ही अनुभवमें आता है।

(उपजाति)

एकस्य कार्यं न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ७९ ॥

अर्थः—जीव कार्य है— ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव कार्य नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है, इस प्रकार चित्स्वरूप जीवमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं । जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है ।

एक पक्ष कहता है कि जीवकी अवस्था कार्यरूप है, दूसरा पक्ष कहता है कि कार्यरूप नहीं है; वास्तवमें तो जीवका स्वभाव जैसा है वैसा ही है । विपरीत पुरुषार्थसे आत्मा अज्ञान और राग-द्वेषका कार्य करता है और सीधे पुरुषार्थसे स्वभावकी निर्मल पर्यायका कार्य करता है । इस प्रकार पर्यायदृष्टिसे जीव कार्यरूप है और द्रव्यदृष्टिसे वस्तु त्रिकाल एकरूप है, इस प्रकार पर्यायसे और द्रव्यसे वस्तुका स्वभाव जैसा है वैसा है । कार्यरूप है और कार्यरूप नहीं है—ऐसे विकल्पको छोड़कर अर्थात् स्वसन्मुख होकर तत्त्ववेदी शान्त आनन्दस्वरूप आत्माका अनुभव करते हैं ।

(उपजाति)

एकस्य भावो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ८० ॥

अर्थः—जीव भाव है (भावरूप है) ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव भावरूप नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है । इस प्रकार चित्स्वरूप जीवमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं । जो तत्त्ववेदी पक्षपातरहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है ।

एक नयका पक्ष है कि आत्मा भावरूप है, दूसरे नयका पक्ष है कि आत्मा वैसा नहीं है—भावरूप नहीं है । परकी अपेक्षासे अभावरूप है और अपने रूपसे भावरूप है । पररूपसे अभाव है अर्थात् इस शरीर-रूपसे आत्मा नहीं है, शरीररूपसे भी आत्मा भावरूप हो तो परभवमें

आत्मा जाता है उसके साथ शरीर भी जाना चाहिये; किन्तु वैसा नहीं होता, इसलिये शरीररूपसे भावरूप नहीं है; किन्तु शरीररूपसे आत्माका अभाव है। आत्माका आत्मारूपसे भाव है, इस प्रकार आत्मा भावरूप है और आत्मा परद्रव्य-क्षेत्र-काल और परभाव अपेक्षा अभावरूप है-ऐसे दो विकल्पोंमे रुकना वह राग है। उन दो पक्षोंको छोड़कर अभेद स्वरूपमे रहना वह वीतरागता है। वस्तु तो स्वभावमे जैसी है वैसी है, उसमे भाव-अभावके भंग-भेदके विकल्प नहीं हैं। जो तत्त्ववेदी हैं वे वस्तुस्वरूपका यथावत् वेदन करते हैं।

सूर्योदय हो तब एक कहे कि सूर्य पूर्वमें है और दूसरा कहता है कि पश्चिममे है। पूर्व दिशाकी ओर मुँह करके खड़ा हुआ कहता है कि सूर्य पूर्वमे है, और पश्चिम दिशाकी ओर मुँह करके खड़ा हुआ कहता है कि सूर्य पश्चिममें है, परन्तु सूर्य तो जैसा है वैसा ही है। पूर्व और पश्चिम दिशाके पक्षपातसे जो रहित है वह तो कहता है कि सूर्य तो जैसा है वैसा है। इसीप्रकार चैतन्य तो है वह है, परन्तु चैतन्य है और चैतन्य नहीं है—ऐसे विकल्पमे रुकना वह राग है। चैतन्य नहीं है इससे वस्तु नहीं है—ऐसा नहीं, परन्तु इसके रागमे लीन होना छुड़ाते हैं। वस्तु तो है परन्तु वह पररूपसे नहीं है। सिद्ध सिद्धरूप है परन्तु पररूप नहीं है, इसीप्रकार चैतन्य चैतन्यरूप है परन्तु पररूप नहीं है। इस प्रकार वस्तु तो है—अस्ति तो है परन्तु विकल्प छुड़ाते हैं। यह वस्तु कितने पैसोकी है—ऐसा सोचता रहे तो उस वस्तुको नहीं खाया जा सकता खानेके समय गोखता रहे तो खानेका स्वाद नहीं आ सकता। आत्मा ऐसा है, ऐसा है, ऐसा गोखता रहे तो आत्माका अनुभव नहीं हो सकता। खानेके समय जीभ गोखनेका कार्य करती है या खानेका? गोखनेका ही काम करे तो गोखते समय खाया नहीं जा सकता। इस प्रकार विकल्पसे गोखता रहे कि मैं भावरूप हूँ, मैं भावरूप नहीं हूँ, मैं अपनेसे हूँ और परसे नहीं हूँ ऐसे विकल्पमे रुके तो स्वरूपका स्वाद नहीं ले सकता। जो तत्त्ववेदी है वे आत्माका स्वभाव जैसा है उसका वैसा ही अनुभव करते हैं।

(उपजाति)

एकस्य चैको न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ८१ ॥

अर्थः—जीव एक है—ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव एक नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है, इस प्रकार चित्स्वरूप जीवमे दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं–उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

एक पक्षवाला कहता है कि जीव एक है, गुण और अवस्थासे अनेक होने पर भी वस्तुसे एक है, इसलिए उस अपेक्षासे उसकी बात सत्य है, गुणकी अपेक्षासे और पर्यायकी अपेक्षासे जीवको अनेक भी कहा जाता है, देहसे प्रत्येक आत्मा भिन्न हैं, समस्त आत्मा एकत्रित होकर एक है—ऐसा नहीं है। द्रव्य अपेक्षासे एक है—ऐसी बात कही है, लेकिन प्रत्येक आत्मा पृथक् है। वेदांत कहता है कि सर्वत्र सर्व-व्यापक आत्मा एक ही है, वह बात बिल्कुल मिथ्या है। यहाँ तो ऐसा कहना है कि एक-अनेकके विकल्पमे रुकनेसे आत्माका स्वाद नहीं आता। खीर खाना और उसका वर्णन करना वह एकसाथ नहीं हो सकता, वाणीका विषय और खाना एकसाथ नहीं बन सकता, उसीप्रकार विकल्पका विषय करना और आत्मस्वभावका वेदन करना वह एकसाथ नहीं बन सकता। वाणीमे उपयोग लगाता जाये और भोजनके स्वादमे उपयोग रहे वे दोनों एक साथ नहीं हो सकते, उसीप्रकार विकल्प करता जाये और आत्माके निजरसका स्वाद लेता जाये—वे दोनों एक साथ नहीं बन सकते।

सोना पीला है, चिकना है,—वैसी भेददृष्टिसे देखो तो अनेक कहलाये, परन्तु पीलेपन और चिकनेपनसे सोना पृथक् नहीं होता–ऐसी अभेददृष्टिसे देखो तो एक है, इसीप्रकार गुण और पर्यायके भेदकी ओरसे देखो तो आत्मा अनेक है, परन्तु ज्ञान–दर्शनादि गुण और प्रति-समयकी पर्यायसे आत्मा भिन्न नहीं होता—ऐसी अभेददृष्टिसे देखो तो

आत्मा अपने गुण-पर्यायमें एक है। परन्तु उस एक-अनेकके रटनमे रुका रहे तो स्वरूपकी एकाग्रता नहीं होगी। परन्तु जो तत्त्ववेदी हैं अर्थात् तत्त्वके ज्ञाता हैं वे ऐसे एक-अनेकके विकल्पमे न रुककर आत्माके विज्ञानघन स्वभावमे एकाग्र होकर निजस्वभावका स्वाद लेते हैं। निरन्तर चैतन्यस्वरूप जीवको चैतन्यस्वरूप ही जानते हैं।

(उपजाति)

एकस्य सांतो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ।। ७४ ।।

अर्थ—जीव सांत (अन्तसहित) है—ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव सांत नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है, इस प्रकार चित्स्वरूप जीवमे दो नयोंके दो पक्षपात हैं, जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

एक अभिप्रायवालेका पक्ष है कि आत्मा सात है, और दूसरा कहता है कि सांत नहीं है। एक समयकी अवस्था होती है वह दूसरे समय नहीं होती, दूसरे समय दूसरी अवस्था होती है—उस पर्यायकी अपेक्षासे आत्मा अन्त सहित है—वैसा कहा है। और आत्मा पर्याय जितना नहीं है, एक शरीरमे यदि आत्मा पचास वर्ष तक रहे तो वह पचास वर्ष जितना नहीं है। आत्मा तो अनादि अनन्त अखण्ड, एकरूप त्रिकाल है। परन्तु एक समयकी अवस्था जितना, दस वर्ष जितना या पचास वर्ष जितना नहीं है। आत्माका स्वरूप तो जैसा है वैसा है, परन्तु अन्त सहित हूँ या अन्त रहित हूँ—ऐसे विकल्पोंमे रुकना वह धर्मका कारण नहीं है—धर्म नहीं है। बोलता जाये और खाता जाये वह एक साथ नहीं बनता, इसीप्रकार विकल्पोंमे रुकना और आत्माका अनुभव करना-दोनों एक साथ नहीं होते। ऐसा हूँ और ऐसा नहीं हूँ—ऐसा विकल्प भी अन्तर्जल्प है, उस अन्तर्जल्पमे रुकनेसे आत्माका अनुभव नहीं होता, इसलिये जो तत्त्ववेदी—तत्त्वका ज्ञाता है वह ऐसे विकल्पोंको छोड़कर चित्स्वरूप आत्माका अनुभव करता है।

(उपजाति)

एकस्य नित्यो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव । ८३ ॥

अर्थ—जीव नित्य है—ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव नित्य नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है, इस प्रकार चित्स्वरूप जीवमे दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

एक पक्षवाला कहता है कि आत्मा नित्य है और दूसरे पक्षवाला कहता है कि आत्मा नित्य नहीं है। द्रव्यदृष्टिसे देखने पर आत्मा नित्य है—ध्रुव है, परन्तु ऐसे राग-विकल्पमे रुक जानेसे आत्माका वेदन नहीं होता। वस्तु स्वतः स्थायी रहकर अवस्थासे परिवर्तित होती रहती है, इसलिये अवस्थासे आत्मा अनित्य है। जिस प्रकार सोना स्थायी रहकर अवस्था बदलता रहता है, क्षणमे कड़ा होता है, घड़ीमे कुण्डल होता है, घड़ीमे अँगूठी होता है, सोना एकरूप रहने पर भी अवस्थाएँ बदलती रहती हैं, उसीप्रकार आत्मा एकरूप रहने पर भी समय-समयकी अवस्थाएँ बदलता है।

कोई कहे कि आप तो इसमे नित्य और अनित्य सब निकाले देते हो। नहीं भाई! निकालते नहीं हैं, परन्तु वस्तुका सच्चा स्वरूप जैसा है वैसा समझाते हैं, स्वरूपको नहीं निकालते हैं परन्तु उस ओरके राग-विकल्पको निकाल देनेके लिये कहते हैं।

जिस प्रकार माल लेते समय बाँट-तराजूसे तोलकर माल लेते हैं, परन्तु उसे खाते समय उस मालका स्वाद लिया जाता है, तराजू-बाँट साथमे नहीं लिये जाते, उसीप्रकार प्रथम वस्तुस्वरूपको जाननेके लिए इन सभी पक्षोंसे वस्तुका निर्णय किया जाता है परन्तु अनुभव करते समय उन सभी पक्षोंका राग रखे तो अनुभव न हो इसलिये जो तत्त्ववेदी हैं वे पक्षोंका राग छोड़कर आत्माका स्वाद ले रहे हैं।

(उपजाति)

एकस्य वाच्यो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ।। ८४ ।।

अर्थः—जीव वाच्य (वचनसे कहे जाने योग्य) है—ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव वाच्य (वचनगोचर) नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है, इस प्रकार चित्स्वरूप जीवमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें चित्स्वरूप जीव निरन्तर चित्स्वरूप ही है।

एक कहता है कि जीव वाच्य है और दूसरा कहता है कि वाच्य नहीं है—वे दोनों पक्षपात हैं। एक अपेक्षासे जीव कथंचित् वाणीसे कहा जा सके-ऐसा है, यदि किसी भी अपेक्षासे न कहा जा सके तो केवलज्ञानीकी वाणीमें पदार्थका स्वरूप नहीं आये, इसलिये कथंचित् वचनगोचर है। जैसे कि घीका स्वाद वाणी द्वारा नहीं कहा जा सकता तथापि संकेत द्वारा कुछ बताया जाता है, इसलिये कथंचित् वचनगोचर है।

वाणी द्वारा आत्माका स्वरूप कहा जा सकता है; केवलज्ञानीकी वाणीमे समस्त पदार्थोंका स्वरूप आता है। परमार्थदृष्टिसे पदार्थोंका पूर्ण स्वरूप वाणीमे नहीं आता। जैसे कि घीका स्वाद वाणी द्वारा कहे परन्तु संतोष नहीं होता। जब घी जैसे पदार्थका वर्णन वाणी द्वारा संतोष पूर्वक नहीं हो सकता, तो फिर आत्माका अनुभवरस वाणीसे कैसे कहा जा सकता है? आत्माका अद्‌भुत रस वाणीमें कहनेसे संतोष नहीं होता, इसलिए आत्मा वचनसे अगोचर है। आत्मा वचन अगोचर है और आत्मा वचनगोचर है—वैसा वृत्तिका उत्थान आत्माके स्वरूपमें नहीं है वे दोनों पक्षपात हैं जो तत्त्ववेदी हैं वे उन दोनों पक्षपातोंको छोड़कर चित्स्वरूपका वेदन करते हैं।

एक ओर ऐसा कहा जाता है कि—“जे पद श्री सर्वज्ञे दीठुं ज्ञानमां, कही शक्या नहि ते पण श्री भगवान जो,” और ऐसा भी कहा

जाता है कि-भगवानके शब्दब्रह्ममें सम्पूर्ण स्वरूप आता है। ऐसी बात आये वहाँ अज्ञानीको विरोध भासित होता है परन्तु अपेक्षासे यह दोनों बातें यथार्थ हैं। वस्तुस्वरूपकी बहुत महिमा आये तब ऐसा भी कहते हैं कि—अहो! वस्तुका स्वरूप वाणीसे अगोचर है, जैसे कि—"जे पद श्री सर्वज्ञे दीठुं ज्ञानमां" इत्यादि। और ऐसा भी कहा जाता है कि—शब्दब्रह्म सर्वका प्रकाशक है। वे दोनों नयपक्ष हैं, वस्तुका स्वरूप जैसा है वैसा है इसलिये विकल्पमें नहीं रुकना चाहिए, परन्तु उसे यथावत् समझकर उसका अनुभव करना-वेदन करना। जो तत्त्ववेदी हैं वे निजस्वरूपका यथावत् अनुभव करते हैं।

आत्मा ज्ञानभावसे शुभाशुभ परिणामोंका भी कर्ता नहीं है, दो नयके पक्ष होते हैं उनका कर्तृत्व भी आत्माके नहीं है। दो नयोंके पक्षमें रुकनेसे आत्माका स्वाद नहीं लिया जा सकता।

जिस प्रकार बोलनेवाला मनुष्य बोलते समय खा नहीं सकता, उसीप्रकार विकल्पके समय आत्माका स्वाद नहीं आता। जिस प्रकार गन्ना चूसते समय खीरका स्वाद नहीं लिया जा सकता, उसीप्रकार विकल्प करनेवाला विकल्प करे कि-मैं ऐसा हूँ और वैसा हूँ, इसप्रकार अन्तर्जल्प करता जाये और साथ ही साथ आत्माका स्वाद भी लेता जाये—ऐसा नहीं हो सकता, इसलिये विकल्प छोड़कर स्वरूपका स्वाद लेना।

(उपजाति)

एकस्य नाना न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ८५ ॥

अर्थः—जीव नानारूप है—ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव नानारूप नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है, इस प्रकार चित्स्वरूप जीवमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

एक नयका पक्ष है कि जीव नानारूप अर्थात् अनेकरूप है, और

दूसरे नयका पक्ष ऐसा है कि जीव अनेकरूप नहीं है। अनेक गुण-पर्यायकी दृष्टिसे आत्मा नानारूप है और वह आत्मा गुण-पर्यायके पिण्डरूप एक वस्तु है इसलिये वस्तुदृष्टिसे आत्मा एक है। श्रद्धा, ज्ञान, चारित्र, सुख, वीर्य आदि अनेक गुण हैं इसलिये आत्मा अनेकरूप है, और गुण-पर्यायके पिण्डरूप एक वस्तु है इसलिये एकरूप है।

मैं नानारूप हूँ और नानारूप नहीं हूँ अथवा मैं एकरूप हूँ और एकरूप नहीं हूँ—ऐसे शुभ विकल्पमे रुकना वह सहज अवस्थाकी स्थितिको विघ्नरूप है, ऐसे शुभ विकल्प भी विघ्नरूप हैं, तब फिर दूसरे विकल्पोंकी तो बात ही क्या?

स्वत एक है या अनेक है—इत्यादि विचार प्रारम्भमे आते हैं, मैं ज्ञानस्वरूप हूँ, स्थिरतास्वरूप हूँ—इत्यादि गुणोंका विचार प्रारम्भमे आता है, परन्तु एकाग्र होते समय वह काम नहीं आता, वह विकल्प विघ्नरूप है। जो तत्त्ववेदी हैं वे दो पक्षपातसे रहित हैं, वे तो चैतन्यस्वरूपका वेदन करनेवाले हैं।

८१ वें कलशमें ऐसा कहा है कि—जीव एक है और एक नहीं है, यहाँ ८५ वें कलशमें जीव अनेक है और अनेक नहीं है—ऐसा कहा है। ८१ वें कलशमे एककी अस्तिकी ओरकी बात ली है और यहाँ ८५ वें कलशमे अनेककी अस्तिकी ओरकी बात ली है इतना अन्तर है। जो तत्त्ववेदी हैं वे दोनों पक्षपातोंसे रहित हैं और चित्स्वरूप आत्माका ही वेदन करते हैं।

(उपजाति)

एकस्य चेत्यो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ८६ ॥

अर्थ:—जीव चेत्य (ज्ञात होने योग्य) है—ऐसा एक नयका पक्ष है, और जीव चेत्य नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है इस प्रकार चित्स्वरूप जीवमे दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

एक नयका पक्ष ऐसा है कि जीव ज्ञात होने योग्य है और दूसरे नयका ऐसा पक्ष है कि जीव ज्ञात होने योग्य नहीं है। जीव ज्ञात होने योग्य है—वह बात सत्य है, परन्तु मैं ज्ञात होने योग्य हूँ, मैं ज्ञात होने योग्य हूँ—वैसे विकल्पमे रुक जाये तो स्वभावका स्वाद नहीं आयेगा। मिश्री मीठी है, मीठी है—वैसा रटता रहे तो मिश्रीका स्वाद नहीं आयेगा; किन्तु मिश्री खाये तो उसका स्वाद आये। उसीप्रकार आत्माका स्वभावका रटन करनेसे स्वभावका स्वाद नहीं आता, परन्तु स्वभावका वेदन करे तो स्वभावका स्वाद आये। दो पक्षोंके रागमे रुकेगा तो निर्विकल्प आनन्दस्वरूपका स्वाद नहीं आयेगा।

आत्मा अज्ञानसे दिखाई नहीं देता, इन्द्रियोंसे—मनसे दिखाई नहीं देता, इसलिए एक अभिप्राय ऐसा है कि आत्मा ज्ञात होने योग्य नहीं है, परन्तु आत्मा स्वभावसे ज्ञात होता है इसलिये ज्ञात होने योग्य है, यह बात सत्य है, परन्तु दोनों प्रकारके विकल्पोंमे रुकनेसे निर्विकल्प स्वभावमें भंग पड़ता है। जो तत्त्ववेदी हैं वे निरन्तर चित्स्वरूप जीवका चित्स्वरूप ही अनुभव करते हैं।

(उपजाति)

एकस्य दृश्यो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८७॥

अर्थ—जीव दृश्य है—ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव दृश्य नहीं है—ऐसा दूसरे नयका पक्ष है, इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके विषयमे दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

८६ वें कलशमे ज्ञात होने योग्य कहा और यहाँ अंतर्दृष्टिसे दृश्य होने योग्य कहा, ८६ में विशेष चेतना कही और यहाँ ८७ मे सामान्य चेतना कही है।

परद्रव्यके आश्रयसे, इन्द्रियोंसे या शुभराग द्वारा आत्मा ज्ञात होने योग्य नहीं है, दृष्टिगोचर होने योग्य नहीं है—इस प्रकार विकल्प

करते रहना भी राग है। और आत्मा स्वभावसे ज्ञात होने योग्य, दृष्टि गोचर होने योग्य है—ऐसा विकल्प करते रहना भी राग है। दोनों अपेक्षाओंसे आत्मा जैसा है वैसा जाननेके पश्चात् भी रागमें स्थित रहना कि—आत्मा ज्ञानमूर्ति दृष्टिगोचर होने योग्य है और दृष्टिगोचर होने योग्य नहीं है—यह भी आत्माके स्वभावको विघ्न करनेवाला है, स्वरूपके वेदनको रोकनेवाला है। जो तत्त्ववेदी हैं वे निरन्तर चैतन्यस्वरूपका उपभोग करते हैं।

(उपजाति)

एकस्य वेद्यो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ८८॥

अर्थ:—जीव वेद्य (वेदन होने योग्य, ज्ञान होने योग्य) है—ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव वेद्य नहीं है—ऐसा दूसरा नयका पक्ष है, इस प्रकार चित्स्वरूप जीवमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।

एक पक्ष कहता है कि आत्मा वेदन होने योग्य है, और दूसरा पक्ष कहता है कि वेदन होने योग्य नहीं है। स्वभाव द्वारा-स्व अपेक्षासे आत्मा वेदन होने योग्य है और पर अपेक्षासे-पर इन्द्रियों द्वारा आत्मा वेदन होने योग्य नहीं है। वेदन होने योग्य है और नहीं है—वे दोनों विकल्प हैं, वस्तुका स्वरूप जैसा है वैसा समझकर स्वरूपका वेदन करना ही हितकर है। जो तत्त्ववेदी हैं वे निरन्तर चैतन्यस्वरूपका वेदन कर रहे हैं—अनुभव कर रहे हैं—भोग रहे हैं।

(उपजाति)

एकस्य भातो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥ ८९॥

अर्थ—जीव 'भात' (प्रकाशमान अर्थात् वर्तमान प्रत्यक्ष) है—ऐसा एक नयका पक्ष है, और जीव 'भात' नहीं है—ऐसा दूसरे

नयका पक्ष है, इस प्रकार चित्स्वरूप जीवमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी पक्षपात रहित हैं उन्हें निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है, अर्थात् उन्हें चित्स्वरूप जैसा है वैसा ही अनुभवमें आता है।

एक नयका अभिप्राय ऐसा है कि जीव प्रत्यक्ष है वह बात सत्य है, क्योंकि जीव कहीं स्वयं अपनेसे परोक्ष होता है? नहीं होता। जीव स्वतः ज्ञान द्वारा जाना जा सकता है, इसलिये प्रत्यक्ष है। दूसरे नयका पक्ष ऐसा है कि जीव प्रत्यक्ष नहीं है, इन इन्द्रियोंसे आत्मा ज्ञात नहीं होता इसलिये प्रत्यक्ष नहीं है। आत्मा स्वयं अपने द्वारा ज्ञात होता है परन्तु निम्नदशामें वीचमें मनका निमित्त आता है, जानते हुए मन और इन्द्रियोंका निमित्त आता है इसलिये आत्मा परोक्ष है। परन्तु वीचमें निमित्त आने पर भी ज्ञान ज्ञान द्वारा ही जानता है, इसलिये आत्मा प्रत्यक्ष है।

कितने ही लोग कहते हैं कि आत्मा तो जब केवलज्ञान हो तब प्रत्यक्ष ज्ञात होता है, परन्तु इसी समय प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं होता। अरे भाई! वह वात सम्पूर्णताकी अपेक्षासे सच है परन्तु निम्नदशामे भी अनुभवकी अपेक्षासे आत्मा प्रत्यक्ष है; दूसरे प्रकारसे द्रव्यदृष्टिकी अपेक्षासे स्वरूपप्रत्यक्ष भी है। केवलज्ञान हो तब सकलप्रत्यक्ष कहलाता है—वह सम्पूर्ण पर्याय प्रगट होनेकी अपेक्षासे है। आत्माको जानते हुए क्षयोपशम ज्ञानमे मनका निमित्त आता है इसलिए आत्मा परोक्ष है। इस अपेक्षासे आत्मा प्रत्यक्ष है और इस अपेक्षासे आत्मा प्रत्यक्ष नहीं है—ऐसे विकल्पमे रुकना वह खेद है।

प्रथम आत्माका अनुभव हो तब विकल्प टूट जाता है और स्वरूपमे स्थिर होते हैं, और फिर बाह्य लक्ष आये तब विकल्प आता है, परन्तु उससे स्वरूपका भान नहीं जाता। फिर अपनी पदवीके अनुसार स्वरूपस्थित हो जाते हैं, और फिर बाह्य लक्ष आता है। इस प्रकार साधकदशामे वर्तते रहते है। परन्तु जो विकल्प हैं वह खेद है—दुःखका कारण है।

जिसे स्वरूपका स्वाद लेना हो वह आत्मा प्रत्यक्ष है और प्रत्यक्ष नही है—ऐसा गोखता रहे तो स्वरूपका स्वाद नहीं आयेगा। नमक खारा है, खारा है—ऐसा खाते समय भी गोखता होगा? नहीं गोखता। इसीप्रकार आत्मा शांत-आनन्दस्वरूप है, उसमें स्थिर होना हो तो विकल्प क्या? विकल्प आये वह तो दुःखका कारण है। शरीरका नाम तो जो है वही है, उसमे रटना क्या? उसीप्रकार आत्मस्वरूपका यथावत् निर्णय किया फिर स्थिर होते समय रटना क्या? आत्मा प्रत्यक्ष है और प्रत्यक्ष नहीं है—ऐसा विकल्प दुःखका कारण है, आत्माके निर्विकल्प आनन्दको विघ्नरूप है। एक सेर वेसनमे चार सेर घी डालकर मैसूरपाक अमुक भाईने बहुत अच्छा बनाया है—इस प्रकार मिठाई खाते समय भी मैसूर अच्छा है-अच्छा—ऐसा गोखता रहे तो मैसूर खाया नहीं जा सकता। दूसरे लोग भी कहते हैं कि—छोड़ न भाई, अपनी वातको! खाने दे! इस प्रकार लड्डुओंको खाते समय गोखता रहे तो लड्डू नहीं खाये जा सकते। आत्मा परसे निराला पवित्र है—ऐसा गोखना अनुभवके समय नहीं होता, यदि गोखता रहे तो विकल्प नहीं टूट सकता और निर्विकल्प आनन्दका अनुभव नहीं हो सकता।

आचार्यदेवने २० कलश कहे हैं—बद्ध-अवद्ध, मूढ़-अमूढ़, रागी-अरागी, द्वेषी-अद्वेषी, कर्ता-अकर्ता, भोक्ता-अभोक्ता, जीव-अजीव, सूक्ष्म-स्थूल, कारण-अकारण, कार्य-अकार्य, भाव-अभाव, एक-अनेक, सान्त-अनन्त, नित्य-अनित्य, वाच्य-अवाच्य, नाना-अनाना, चेत्य-अचेत्य, दृश्य-अदृश्य, वेद्य-अवेद्य, भात-अभात इत्यादि नयोंके पक्षपात है। जो पुरुष नयोंके कथनानुसार यथायोग्य विवक्षापूर्वक तत्त्वका—वस्तुस्वरूपका निर्णय करके नयोंके पक्षपातको छोड़ते हैं उन पुरुषोंको चित्स्वरूप जीवका चित्स्वरूपसे अनुभव होता है।

आत्मा व्यवहारसे वॅधा हुआ है और परमार्थसे वॅधा हुआ नहीं है। आत्मा कर्मकी अपेक्षासे, विकारकी अपेक्षासे मूढ़ है परन्तु स्वभावकी अपेक्षासे अमूढ़ है। आत्मा पर्यायकी अपेक्षासे रागी है

परन्तु भूतार्थ वस्तुदृष्टिसे रागी नहीं है। आत्मा पर्यायकी अपेक्षासे द्वेषी है परन्तु वस्तुदृष्टिसे अद्वेषी है। आत्मा अज्ञान अवस्थासे विकारका कर्ता है परन्तु ज्ञान अवस्थासे विकारका कर्ता नहीं है। आत्मा अज्ञान अवस्थासे विकारका भोक्ता है परन्तु ज्ञान अवस्थासे विकारका भोक्ता नहीं है परन्तु स्वभावका भोक्ता है। जीव अपनी अपेक्षासे जीव है और परजीवकी अपेक्षासे जीव नहीं है अर्थात् परपदार्थकी जीवमें नास्ति है। जीव अपनी अपेक्षासे सूक्ष्म है, इन्द्रिय और विकल्पसे पकड़ा जा सके—ऐसा नहीं है, इसलिए सूक्ष्म है। शरीर और इन्द्रियोंके साथ सम्बन्धवाला है इसलिये स्थूल है। आत्मा पर्यायदृष्टिसे, अज्ञान अवस्थासे विकारका कारण कहलाता है परन्तु वस्तुदृष्टिसे पूर्णवस्तु विकारका कारण नहीं है। आत्मा अज्ञान अवस्थासे विकारका कार्य करता है और ज्ञानभावसे स्वभावका कार्य करता है, वस्तुदृष्टिसे सम्पूर्ण त्रिकाली वस्तु कार्यरूप नहीं होती। आत्मा अपने स्वभावकी अपेक्षासे भावरूप है और परसे आत्मा नहीं है इसलिए परकी अपेक्षासे आत्मा अभावरूप है। वस्तुदृष्टिसे आत्मा एकरूप है, गुण और पर्यायकी अपेक्षासे अनेक रूप है अर्थात् एकरूप नहीं है। पर्याय एक समय पर्यन्त की होती है इसलिए पर्यायकी अपेक्षासे आत्मा सांत है अर्थात् अन्त सहित है और त्रिकाली द्रव्यकी अपेक्षासे सांत नहीं है। द्रव्यदृष्टिसे आत्मा नित्य है और पर्यायदृष्टिसे नित्य नही है। आत्मा कथंचित् वाणीसे कहा जा सकता है इसलिए वाच्य है परन्तु परमार्थदृष्टिसे आत्मा वाणी द्वारा नहीं कहा जा सकता इसलिए वाच्य नहीं है। आत्मा गुण-पर्यायकी अपेक्षासे अनेकरूप है परन्तु गुण-पर्यायके एक पिण्डरूप होनेसे वस्तुदृष्टिसे अनेकरूप नहीं है। आत्मा स्वभावसे ज्ञात होने योग्य है इसलिए चेत्य है, परन्तु मन और इन्द्रियोंसे ज्ञात होने योग्य नहीं है इसलिए चेत्य नहीं है। आत्मा स्वभाव द्वारा दृष्टिगोचर होने योग्य है इसलिये दृश्य है परन्तु मन-इन्द्रियसे दृष्टिगोचर होने योग्य नहीं है इसलिए दृश्य नहीं है। आत्मा स्वभावकी अपेक्षासे वेदन होने योग्य है परन्तु इन्द्रियोंसे वेदन होने योग्य नहीं है। आत्मा स्वत· अपने द्वारा

प्रत्यक्ष है परन्तु इन्द्रियोंसे प्रत्यक्ष नहीं है। यह सब नयोंके पक्षपात हैं, उनमें यदि रुका रहे तो स्वभावका अनुभव नहीं होगा, परन्तु वस्तुका स्वभाव जैसा है उसे यथावत् जानकर निर्णय करना पड़ेगा। जाने बिना भी स्वभावका अनुभवन नहीं कर सकेगा और जाननेके पश्चात् भी यदि विकल्पमें रुका रहेगा तो भी स्वभावका अनुभव नहीं हो सकेगा।

प्रथम वस्तुस्वभावका निर्णय बराबर करना पड़ेगा। लोग कहते हैं कि नमक खारा है परन्तु यह नमक है या खारा—इसका निर्णय बराबर करना पड़ेगा। खिचड़ीमें नमक डाला जाता है परन्तु पापड़ी खार नहीं। समझे बिना खिचड़ीमें नमक डालनेके बदले यदि खार डाल देगा तो खिचड़ीका स्वाद बिगड़ जायेगा। यदि पापड़में पापड़ खार डालेगा तो बराबर होगा परन्तु यदि खिचड़ीमें डाला जाये तो खिचड़ी बिगड़ जायेगी—इसलिये यह नमक है या खारा यह बराबर निर्णय करना पड़ेगा, निश्चित किए बिना यदि रसोई करेगा तो बिगड़ जायेगी। उसीप्रकार प्रथम आत्माका स्वरूप जानना पड़ेगा। जगत अनेक प्रकारसे आत्माका स्वरूप कहता है, उसमें सच्चा स्वरूप क्या है उसका अंतरंगसे निर्णय किये बिना विकल्प नहीं छूटेगा, मूढ़ हो जायेगा, क्योंकि वस्तुको समझे बिना दृष्टिको रोकेगा कहाँ? विकल्प छोड़कर अस्तित्वपना कहाँ स्थिर रखेगा? क्योंकि अस्तिपनेका तो भान नहीं है इसलिये मूढ़ हो जायेगा।

दुकान पर माल लेने जाये वहाँ यदि बिना तोला हुआ माल ले तो कम-अधिक आये परन्तु वहाँ ठगाता नहीं है, दुकानदार तोले बिना कहे कि देख! सवा पाँच तोला हो गया, तो ऐसे नहीं मानेगा और कहता है कि तू तो तोलकर दे, तोले बिना माल नहीं लूँगा। अन्तमें दुकानदारको माल तोलकर ही देना पड़ता है—वहाँ तो बिना तोला हुआ माल नहीं लेता और यहाँ आत्मामें परीक्षा किये बिना मोक्षपर्याय प्रगट करने जाये तो वह कहाँसे प्रगट हो? मैं आत्मा कौन हूँ? किस अपेक्षासे शुद्ध हूँ और किस अपेक्षासे अशुद्ध हूँ? किस अपेक्षासे बद्ध

हूँ और किस अपेक्षासे अबद्ध हूँ ? यह शरीर, इन्द्रियाँ, मन मुझसे भिन्न किस प्रकार हैं ? उन सबकी ज्ञान द्वारा तोल किए बिना-परीक्षा किए बिना, यथार्थ निर्णय किए बिना विकल्प छोड़ने जायेगा तो मूढ़ हो जायेगा, क्योंकि आत्माको यथार्थ नहीं जाना है इसलिये ठहरेगा कहाँ जाकर ? मूढ़ हो जायेगा। इसलिये प्रथम आत्माका यथार्थ स्वरूप जानकर, यथार्थ निर्णय करके, परसे भिन्न निराले आत्माका भान करके, विकल्पको छोड़कर स्वरूपमे स्थित होगा तो आत्माके यथार्थ स्वरूपका अनुभव कर सकेगा, स्वरूपमें स्थित होगा वहाँ विकल्प छूट जायेगा और चिदानन्दस्वरूप आत्माका अनुभव करेगा।

जीवमें अनेक साधारण धर्म हैं, परन्तु चित्स्वभाव उसका प्रगट अनुभवगोचर असाधारण धर्म है, इससे उसे मुख्य करके यहाँ जीवको चित्स्वरूप कहा है।

आत्मामे अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, प्रदेशत्व, अगुरुलघुत्व इत्यादि साधारण धर्म हैं, और ज्ञानस्वभाव असाधारण धर्म है। ज्ञानका स्वभाव जाननेका है। जो जिसका स्वभाव हो उसे उसमे उपाधि या भार मालूम नहीं होता। ज्ञानमे पच्चीस-पचास वर्षकी बात याद करता है वह क्या इन्द्रियोंसे याद करता है ? मनसे याद करता है ? नहीं, ऐसा नहीं है, परन्तु ज्ञानस्वभावमेसे याद करता है। पच्चीस-पचास वर्षकी बात यदि जीभसे कहने लगे तो कहते हुए बहुत समय लगेगा और पूरी कह भी नहीं सकेगा, किन्तु यदि ज्ञानसे याद करे तो एक सेकन्डमे याद कर सकता है। ज्ञानस्वभाव अपना स्वतः स्वभाव है इससे याद कर सकता है, और वह ज्ञानस्वभाव प्रगट अनुभवमे आ सकता है। ज्ञानको ध्यानमें लेना हो तो तुरन्त लिया जा सकता है। यह जो याद करनेवाला है वह मैं हूँ, ज्ञाता मैं हूँ—इसप्रकार तुरन्त ही ध्यानमे आये—ऐसा ज्ञानस्वभाव अनुभवगोचर है। ज्ञान-स्वभाव असाधारण है अर्थात् किसी दूसरे द्रव्यमें वह ज्ञानस्वभाव बँटा हुआ नहीं है। एक जीव द्रव्यमें ही ज्ञानस्वभाव है और अस्तित्व आदि साधारण धर्म दूसरे द्रव्योंमे भी हैं। एक ज्ञानको गुण-गुणीकी

अभेददृष्टिसे देखो—सम्पूर्ण द्रव्यदृष्टिसे देखो तो, उसमें अनन्त गुण आ जाते हैं। एक ज्ञानगुणको लक्षमे लेनेसे दूसरे द्रव्योंसे चैतन्यद्रव्य पृथक् होता है। दूसरे साधारण गुणोंको लक्षसे लेनेसे जड़-चैतन्यद्रव्य भिन्न नहीं होते, चैतन्यद्रव्यको जानना हो तो ज्ञानलक्षण द्वारा झटसे पहिचाना जा सकता है, इसलिये ज्ञानगुण असाधारण है।

उपरोक्त २० कलशोंके कथनको अब संक्षिप्त करते हैं:—

(वसंततिलका)

स्वेच्छासमुच्छलदनल्पविकल्पजाला-
मेवं व्यतीत्य महतीं नयपक्षकक्षाम् ।
अंतर्वहिः समरसैकरसस्वभावं
स्वं भावमेकमुपयात्यनुभूतिमात्रम् ॥ ९० ॥

अर्थः—इस प्रकार जिसमे वहुतसे विकल्पोंके जाल अपने आप उठते हैं—ऐसी महान् नयपक्ष कक्षाको (नयपक्षकी भूमिको लाँघकर) (तत्त्ववेदी) अन्तर और वाह्यमे समतारसरूपी एक रस ही जिसका स्वभाव है—ऐसे अनुभूतिमात्र एक अपने भावको-(स्वरूपको) प्राप्त करता है।

प्रथम पदार्थका लक्षण जानकर, बरावर निर्णय करके पश्चात् नयपक्षकी भूमिका लाँघकर आत्माके आनन्द-रसका वेदन करता है। पराश्रित अर्थात् व्यवहार, स्वाश्रित अर्थात् निश्चय, दोनोंकी अलग अलग खतौनी करना चाहिये, व्यवहारको परमार्थमे नहीं डालना है और न परमार्थको व्यवहारमे। परन्तु प्रथम वस्तुका बरावर निर्णय करता है, निर्णय करनेके पश्चात् ऐसी महान् नयपक्षकी भूमिको उल्लंघ जाता है। यहाँ तो वीस नय कहे हैं परन्तु ऐसे तो अनन्तनय हैं प्रथम श्रद्धामे उन सभी नयोंका उल्लंघन करके आत्माका समतारसरूपी एक ही रस जिसका स्वभाव है—ऐसे अपने स्वरूपको प्राप्त करता है।

व्यक्त अर्थात् वाहर है वह पर्याय और अव्यक्त शक्तिरूप अंतरमें है वह वस्तु, द्रव्य तथा पर्यायसे सर्वप्रकारसे आत्मा समतारस-

से परिपूर्ण है। अन्तर और बाह्यमें एक समतारसरूप रस ही जिसका स्वभाव है वह प्रगट होता है। मैं ऐसा हूँ–और मै वैसा हूँ, वैसे विषमभाव आत्माका स्वभाव नहीं है। वैसे विषमभावोंके विकल्प टूटकर आत्माका आनन्दरस प्रगट होता है। आत्मा स्वतः आनन्दरस है। मैं ऐसा हूँ और मैं वैसा हूँ—ऐसी महान नयपक्षकी भूमिका उल्लंघन करके वह रस प्रगट होता है। आत्माके समस्त प्रदेशोंमे आनन्द है, अंतरमे और बाह्यमे अर्थात् आत्माकी पर्यायमे भी आनन्द है और वस्तुमें भी आनन्द है, सम्पूर्ण आत्मा आनन्दरससे परिपूर्ण है।

नमककी डलीमे अन्दर भी खारापन होता है और बाहर भी खारापन होता है उसीप्रकार आत्माके अन्तर्स्वभावमे त्रिकाली आनन्दरस है और वर्तमान व्यक्त पर्यायमें भी वह आनन्दरस झलकता है।

शरीर–वाणी–मन इत्यादि परमाणु मात्र मिट्टी है—धूल है; कर्म भी धूल है, उससे आत्माका वीतराग आनन्दरस भिन्न है, वह आनन्दरस वर्तमान पर्यायमे भी झलक उठता है।

जिस प्रकार बरसातके दिन हों, खूब पानी बरस रहा हो, उस समय बाहर तो पानी होता ही है परन्तु अन्दर भींतमे भी पानीके कण झलकने लगते हैं। गरमीके दिनोंमे शाम तक पत्थर तपते हैं, बाहर भी ताप होता है और पत्थरमें भी उष्णता ओतप्रोत हो जाती है। ठंडके दिनोंमे सभी वस्तुएँ ठंडी हो जाती हैं बाहर भी ठंड और वस्तुमें भी ठंड ओतप्रोत हो जाती है, इसीप्रकार स्वरूपमें लीनताके समय पर्यायमे भी शांति और वस्तुमें भी शांति, आत्माके आनन्दरसमे शांति, शांति और शांति। वस्तु और पर्यायमें ओतप्रोत शांति। रागमिश्रित विचार था वह खेद था, वह छूटकर पर्यायमें और वस्तुमें समता, समता और समता। वर्तमान पर्यायमे भी समता और त्रिकाली वस्तुमें भी समता। इस प्रकार आत्माका आनन्दरस बाह्यमे और अन्तरमे सर्व प्रकारके शान्तरसमय झलक उठता है। इस प्रकार विकल्पजालका उल्लंघन करके आनन्दरसरूपको प्राप्त करता है।

अब, नयपक्षकी भावनाका अन्तिम काव्य कहते हैं:—

(रथोद्धता)

इन्द्रजालमिदमेवमुच्छलत्
पुष्कलोच्चलविकल्पवीचिभिः ।
यस्य विस्फुरणमेव तत्क्षणं
कृत्स्नमस्यति तदस्मि चिन्महः ॥ ९१ ॥

अर्थः—पुष्कल, भारी, चंचल विकल्परूप तरंगों द्वारा उठनेवाले इस समस्त इन्द्रजालको जिसका स्फुरणमात्र ही तत्क्षण भगा देता है वह चिन्मात्र तेजःपुंज मैं हूँ ।

नयोंके विकल्प पुष्कल, महान इन्द्रजाल जैसे हैं। नियमसारमें पद्मप्रभमलधारिदेव कहते हैं कि—हे प्रभु! हे भगवान! आपका नयोंका मार्ग इन्द्रजाल जैसा है। किसी अपेक्षासे निमित्त है—ऐसा कहा जाता है और किसी अपेक्षासे निमित्त नहीं है—ऐसा कहा जाता है, किसी अपेक्षासे रागी है, किसी अपेक्षासे रागी नहीं है—ऐसा कहा जाता है। किसी अपेक्षासे कर्ता है, किसी अपेक्षासे कर्ता नहीं है—ऐसा कहा जाता है। किसी अपेक्षासे नित्य है, किसी अपेक्षासे नित्य नहीं है—ऐसा कहा जाता है। द्रव्य अपेक्षासे नित्य है और पर्याय अपेक्षासे अनित्य है, अज्ञान अपेक्षासे कर्ता है और ज्ञान अपेक्षासे कर्ता नहीं है—इत्यादि नय-भंगका मार्ग इन्द्रजाल जैसा लगता है। जो नहीं समझता वह आकुलित होता है और जो समझता है उसे अलौकिकता लगती है कि अहा हा! यह तो कोई अद्भुत मार्ग है! वस्तुस्वरूपको विरोध रहित यथावत् समझे उसे अलौकिकता लगे विना नहीं रहती।

अज्ञानी कहते हैं कि दो वातें करते हो उसकी जगह एक ही वात करो न? क्षणमें द्रव्य कहते हो और क्षणमें पर्याय कहते हो; उसमेंसे एक वात कुछ भी करो। एक वातका निर्णय तो लाओ! तव ज्ञानी कहते हैं कि भाई! द्रव्य और पर्याय—दोनों तेरा स्वरूप है,

तेरी जो विभावपर्याय होती है उसमें व्यवहारनयसे निमित्तकी अपेक्षा आती है और त्रिकाली स्वभाव अनादि अनन्त है उसमें किसी भी प्रकार निमित्तकी अपेक्षा नहीं आती। इस प्रकार यदि समझे तो सर्व प्रकारसे निपटारा हो जाये—ऐसा है, और न समझे तो हर जगह आकुलित होगा। मन, वाणी और देहके पार भगवान आत्मा है। उसकी विभावपर्यायमें विकल्पका इन्द्रजाल है। जिस प्रकार समुद्रमें पानीकी भारी लहरें उठती हैं, उसीप्रकार विकल्पोंकी भारी चंचल लहरें उठती हैं, उसके स्वभावका स्फुरण होनेसे उन चंचल तरंगोंका नाश करता है। स्वभावका स्फुरण अर्थात् स्वभावज्ञानरूप मनुष्यकी टंकार-वह जहाँ हुई वहाँ इन्द्रजाल जैसे चंचल विकल्प नष्ट हो जाते हैं। श्रीकृष्ण वासुदेवने धनुष्यकी टंकारकी वहाँ पद्मनाभ राजाकी सेना भागी कि, इसके समक्ष अपनेसे नहीं ठहरा जा सकेगा इसलिये भाग चलो! ऐसा कहकर सभी भाग गये। उसीप्रकार चैतन्यमूर्ति ज्ञानानन्द श्रीकृष्ण भगवान आत्मा जागृत हुआ वहाँ अज्ञान और राग-द्वेष नष्ट हो जाते हैं, इस जाज्वल्यमान चैतन्यके समक्ष हम नहीं टिक सकेंगे—ऐसा कहकर वे भाग जाते हैं। श्रीकृष्णरूपी आत्मा अज्ञान और राग-द्वेषका भक्षक है। अग्नि हो वहाँ दीमक खड़ी नहीं रहती, जहाँ अग्नि हो वहाँ दीमक सूख जाती है। इसीप्रकार चैतन्यस्वरूप जाज्वल्यमान ज्योति प्रगट हो, स्वरूपका भान हो—वहाँ विकल्प भस्म हो जाते हैं। ज्ञानाग्नि विकल्पकी नाशक है—भस्म करनेवाली है, ज्ञानका स्फुरण मात्र ही विकल्पोंको भगा देता है। अभी केवलज्ञान नहीं हुआ है, यह तो सम्यग्ज्ञानकी बात है। भगवान आत्माका अन्तर्‌भान होनेसे, उसमें स्थिर होनेसे उन विकल्पोंको तत्क्षण भगा देता है, उसी क्षण विकल्प खड़े नहीं रहते—ऐसा तेजपुंज आत्मा मैं हूँ—ऐसा चित्प्रकाश आत्मा मैं हूँ ॥ १४२ ॥

अब शिष्य पूछता है कि प्रभो! आत्मा किस अपेक्षासे नित्य है और किस अपेक्षासे अनित्य, किस अपेक्षासे बद्ध है और किससे अबद्ध,—इत्यादि नय पक्षोंका बहुतसा स्वरूप आपने समझाया। अब,

इस नयपक्षका जो उल्लंघन कर गया है—उसका क्या स्वरूप है,—वह कृपा करके समझाइये। इस प्रश्नका उत्तर गाथारूपमें कहते हैं:—

दोण्हवि णयाण भणियं जाणइ णवरं तु समयपडिबद्धा।
ण दु णयपक्खं गिण्हदि किंचिवि णयपक्खपरिहीणो ॥१४३॥

नयद्वयकथन जाने हि केवल समयमें प्रतिबद्ध जो।
नयपक्ष कुछ भी नहि ग्रहे, नयपक्षसे परिहीन वो ॥१४३॥

अर्थ:—नयपक्षसे रहित जीव समयसे (आत्मासे) प्रतिबद्ध होता हुआ (चित्स्वरूप आत्माका अनुभव करता हुआ) दोनों नयोंके कथनको केवल जानता ही है परन्तु नयपक्षको किंचित् भी ग्रहण नहीं करता।

मैं ऐसा हूँ और ऐसा हूँ—यह नयपक्ष है। इस नयपक्षसे अतिक्रान्त आत्मा समयमे प्रतिबद्ध अर्थात् लीन हो जाता है। जहाँ स्वसमयमे प्रतिबद्ध होता है वहाँ, ऐसा हूँ और वैसा हूँ—वैसे विकल्प छूट जाते हैं। आत्माके स्वभावका जहाँ वेदन हुआ वहाँ रागके वेदनमे नहीं रुकता, परन्तु नयपक्षको केवल जानता ही है, नयपक्षको किंचित् भी ग्रहण नहीं करता।

जिस प्रकार केवली भगवान विश्वके साक्षीपनेके कारण, श्रुतज्ञानके अवयवभूत—ऐसे जो व्यवहार-निश्चयनयके पक्ष हैं उनके स्वरूपको ही केवल जानते हैं परन्तु निरन्तर प्रकाशमान, सहज, विमल, सकल केवलज्ञान द्वारा सदैव स्वत ही विज्ञानघन हुए होनेसे श्रुतज्ञानकी भूमिकाके अतिक्रान्तपने द्वारा (-श्रुतज्ञानकी भूमिकाका उल्लंघन कर गये होनेसे) समस्त नयपक्षके ग्रहणसे दूर हुए होनेसे, किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करते।

यहाँ श्रुतज्ञानीको केवलज्ञानीकी उपमा देंगे। विकल्प रहित, निर्विकल्प एकाग्रतामे, स्वसन्मुख उपयोगदशामे श्रुतज्ञानी केवली जैसा है—ऐसी उपमा देंगे।

सर्वज्ञ भगवान कैसे हैं? विश्वके साक्षीभूत हुए हैं, स्व-परको जाननेकी शक्ति पूर्ण विकसित हो गई है, परम पूर्णानन्द परमानन्द दशा प्रगट हुई है, परमाणुकी समस्त अवस्थाएँ तथा अनन्त द्रव्योंकी समस्त अवस्थाएँ एक साथ जान रहे हैं। भगवानके श्रुतज्ञानकी अपूर्ण स्थिति नहीं है। भगवान दूसरे पदार्थोंके गुण-पर्यायोंको तथा अपने गुण-पर्यायोंको जान रहे हैं, उसीप्रकार भावश्रुतज्ञानके साथ होनेवाले विकल्पके भेदोंको भी केवल जानते हैं। भगवान स्वतः तो श्रुतज्ञानकी भूमिकाको लाँघ गये हैं परन्तु श्रुतज्ञानकी पर्यायको केवल जानते ही हैं।

श्रुतज्ञानकी भूमिकामें निर्विकल्प अनुभूतिरूप भावश्रुतज्ञानका उपयोग न हो तब आत्मा मुक्त है और आत्मा मुक्त नहीं है—ऐसा विकल्प होता है। व्यवहारनय और निश्चयनय दोनों समान कक्षाके नहीं हैं। यथार्थ निश्चयकी कक्षा ऊँची है परन्तु जहाँ रागके भेद पड़ते हैं वहाँ दोनों पक्षपात हैं। आत्माका भान होनेके पश्चात् भी स्थिर न रह सके तब विकल्प आये बिना नहीं रहते। श्रुतज्ञान अपूर्ण स्थिति है इससे व्यक्त-अव्यक्त विकल्प आये बिना नहीं रहते। पर्यायकी अपेक्षासे अशुद्ध हूँ और स्वभावकी अपेक्षासे शुद्ध हूँ—ऐसा विकल्प आता है परन्तु ज्ञानी उसकी पकड़मे नहीं रुकते।

केवलज्ञानी अपने अनन्त गुण-पर्यायोंको समरस एक प्रकारसे जानते हैं उसीप्रकार दूसरोंको जानते हैं और श्रुतज्ञानकी भूमिकाको लाँघ गये होनेसे नयपक्षको ग्रहण नहीं करते। सकल-पूर्ण केवलज्ञान प्रगट हुआ है, विमल अर्थात् सर्व पर्यायें निर्मल हुई हैं, निरन्तर प्रकाशमान हैं, केवलज्ञानसूर्य पूर्ण उदित हो गया है। जिस प्रकार लाख पँखुड़ियोंवाला कमल विकसित होता है उस समय वह सम्पूर्ण-विस्तृत हो जाता है, उसीप्रकार आत्मामें पूर्ण पर्याय विकसित हो-केवलज्ञानपर्याय खिले तब सम्पूर्ण सर्वज्ञस्वभावरूपी ज्ञान-कमल खिल उठता है। राग या द्वेषकी एक भी वृत्ति नहीं होती क्योंकि राग-द्वेषका क्षय हुआ है; विज्ञानका समूह—विज्ञानका पुंज प्रगट हो

गया है, जिसमें कि दो पक्ष होनेका अवकाश नहीं है; क्योंकि जिसमें दो पक्ष पड़नेका अवकाश है—ऐसी श्रुतज्ञानकी दशाको लांघ गये हैं।

जिस प्रकार केवली भगवान विश्वके साक्षीपनेके कारण, केवलज्ञान प्रगट हुआ होनेसे और श्रुतज्ञानकी भूमिकाको लाँघ गये होनेसे किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करते, उसीप्रकार (श्रुतज्ञानी आत्मा) क्षयोपशमसे जिनकी उत्पत्ति होती है—ऐसे श्रुतज्ञानात्मक विकल्प होने पर भी परका ग्रहण करनेके प्रति उत्साह निवृत्त हुआ होनेसे श्रुतज्ञानके अवयवभूत व्यवहार-निश्चयनय पक्षोंके स्वरूपको ही केवल जानते हैं।

श्रुतज्ञानी अपूर्ण है, क्षयोपशम ज्ञान है इसलिए विकल्प उठेगा, परन्तु वहाँ भी उनके ग्रहणबुद्धि नहीं है। यहाँ श्रुतज्ञानीकी केवलज्ञानीके साथ तुलना करते हैं। केवलज्ञानी नयपक्षको ग्रहण नहीं करते, श्रुतज्ञानीके भी नयपक्षकी ग्रहण बुद्धि नहीं है। केवलज्ञानी समस्त जगतके साक्षी हैं वे नयपक्षके स्वरूपको केवल जानते ही हैं, तो श्रुतज्ञानी भी नयपक्षके दो पक्षोंमें नहीं रुकते, परन्तु उनके साक्षी रहते हैं। केवलज्ञानी और श्रुतज्ञानीमे इतना अन्तर है कि केवलज्ञानीके समस्त ज्ञान विकसित हो गया है और श्रुतज्ञानीके अपूर्ण ज्ञान है।

द्रव्य, गुण और पर्याय, भूत, भविष्यत और वर्तमान, अनन्तकाल व्यतीत हुआ और होगा, तथा वर्तमान है, उसे केवलज्ञानी समरूपसे जानते हैं, तीनकाल और तीनलोकको एक साथ जानते हैं, श्रुतज्ञानकी अपूर्ण दशाको उलंघ गये हैं।

श्रुतज्ञानीके अपूर्ण ज्ञानके कारण ज्ञान संक्रमित होता है—बदलता है। ऐसा हूँ और वैसा हूँ—ऐसे विकल्प आते हैं, एक पक्षसे दूसरा पक्ष बदल जाता है। ध्यानमे है कि यह रागमिश्रित विचार आते हैं, ज्ञान होने पर भी विकल्प आये बिना नहीं रहते। रागमिश्रित विचार है तथापि रागके सथ श्रुतज्ञानका तर्क है, इससे उन्हें श्रुतज्ञानात्मक विचार कहा है। विकल्प उठना है तथापि ज्ञानीके स्वरूपमे सावधानी है, विकल्पमें सावधानी नहीं है। मैं अबद्ध हूँ और मैं बद्ध हूँ—ऐसे

विकल्प उठते हैं तथापि उनके प्रति उत्साह नहीं है, परन्तु एकाग्र होनेके प्रति उत्साह है। मैं शुद्ध हूँ, एक हूँ, ऐसा हूँ और वैसा हूँ— ऐसे विकल्प उठते हैं, परन्तु उनमे वह लीन नहीं हो जाता, उन्हें रखना नहीं चाहता, उनमे उत्साह निवृत्त हुआ है इससे उन्हें पकड़ता नहीं है। जो विकल्प उठे उसे नाश करनेका भाव वर्त रहा है, स्वरूपका उत्साह वर्तता है, स्वरूपमे स्थिर होने—स्वरूपका अनुभव करने— स्वरूपका स्वाद लेनेके समयसे पूर्व वे विकल्प वर्तते अवश्य हैं, पक्ष भी होते हैं परन्तु उनमे उत्साह नहीं है, वहाँ रुकना नहीं है, वहाँ अटक जाना पसन्द नहीं है।

स्वरूपमे स्थित हुआ इससे साधक और सिद्ध दो एक हो गये, विकल्प छूटे इससे भगवान हो गया। विकल्प उठते हैं तब भी उन्हें जानता ही है।

मैं सर्व विकल्पोंसे पृथक् चैतन्य जागृतस्वरूप हूँ—ऐसे चैतन्य-स्वरूपके भानमें ज्ञानदृष्टिको तीक्ष्ण करता हुआ आगे बढता है। ऐसी तीक्ष्ण ज्ञानदृष्टि द्वारा ग्रहण किए गये निर्मल, नित्य उदित, चिन्मय, समयसे प्रतिबद्धपने द्वारा (चैतन्यमय आत्माके अनुभव द्वारा) उस समय (अनुभवके समय) स्वतः ही विज्ञानघन हुआ, श्रुत ज्ञानात्मक समस्त अन्तर्जल्परूप तथा बहिर्जल्परूप विकल्पोंकी भूमिकाके अति-क्रान्तपने द्वारा समस्त नयपक्षके ग्रहणसे दूर हुआ होनेसे किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करता, वह (आत्मा) वास्तवमे समस्त विकल्पोंसे पर, परमात्मा, ज्ञानात्मा, प्रत्यग्ज्योति, आत्मख्यातिरूप अनुभूति मात्र समयसार है।

अपूर्ण ज्ञान है इसलिये निर्मल, नित्य-उदित विशेषण आचार्यदेवने दिया है, केवलज्ञानी पूर्ण हो गये हैं इसलिये सकल विमल निरन्तर प्रकाशमान विशेषण आचार्यदेवने दिया है।

तीक्ष्ण ज्ञानदृष्टिसे ग्रहण किए गये अपने निर्मल, नित्य-उदित चिन्मय आत्माके प्रतिबद्धपने द्वारा (प्रतिबद्धका अर्थ है आत्माकी

लीनतामें राग-द्वेषकी लीनता रहित) चैतन्यके अनुभवके समय स्वतः ही विज्ञानघन हुआ होनेसे किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करता। मैं रागी हूँ या रागी नहीं हूँ—ऐसे विकल्पोंकी भूमिकासे अतिक्रांतपने द्वारा किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करता। केवलज्ञानी श्रुतज्ञानकी भूमिकाके अतिक्रान्तपने द्वारा किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करते और सम्यग्दृष्टि श्रुतज्ञानके समस्त विकल्पोंके नयपक्षके अतिक्रान्तपने द्वारा किसी भी पक्षको ग्रहण नहीं करते। इस प्रकार श्रुतज्ञानी भी अनुभवके समय केवलीके समान है—वैसा आचार्यदेवने कहा है। केवलज्ञानी एक समयमे सब जानते हैं और श्रुतज्ञानी उस प्रकार नहीं जान सकते—उतना अन्तर है। श्रुतज्ञानी समस्त विकल्पोंसे पर, परमात्मा, ज्ञानात्मा, प्रत्यग्ज्योति, आत्मख्यातिरूप आत्माका अनुभवन करते हैं। परमात्माका अर्थ है द्रव्यसे और ज्ञानात्माका अर्थ है गुणसे, प्रत्यग्ज्योति अर्थात् प्रथग्ज्योति ऐसे अनुभूति मात्र समयसाररूपका सम्यग्दृष्टि अनुभवन करते हैं—स्वसंवेदन करते हैं—स्वाद लेते हैं।

१४३ वीं गाथा पुनः लेते हैं

१४३ वीं गाथामे नयपक्षकी बात आई है। आत्मा कर्मोसे बद्ध है और कर्मबद्ध रहित है—उन दो अपेक्षाओंके भंगमे रुकना वह नयपक्ष है। आत्मा समल है या विमल है, एक है या अनेक है—इत्यादि भंगके पक्षोंमे रुकना वह पक्ष है। परके कर्ताकी ओर नहीं, शरीरकी ओर नहीं, वाणीकी ओर नहीं—उसमे तो कहीं रुकना ही नहीं, परन्तु तू रागवाला है और रागवाला नहीं है—वैसे भंगके पक्षोंमे रुकना—वह भी तू नहीं है, तू तो सहजात्मस्वरूप, अभेद, एकाकार ज्ञानघन वस्तु है—उसमें न रुककर, मैं ऐसा हूँ और वैसा हूँ, वस्तुसे एक हूँ और गुणोंसे अनेक हूँ—वैसे रागकी पकड़मे ही रुक जाना वहाँ सहज स्वरूपका वेदन नहीं है परन्तु रागका पक्ष है। तब शिष्य पूछता है कि प्रभो! उस पक्षातिक्रांतका अर्थात् जो पक्षका उलंघन कर गया है उसका क्या स्वरूप है? शिष्य जिज्ञासासे पूछता है कि—प्रभो! उस

पक्षका उल्लंघन करके जिसे आत्माका अनुभव हो उसका क्या स्वरूप है—वह मुझे समझाइये! उसके उत्तररूप १४३ वीं गाथा है।

निर्विकल्प अनुभवके समयकी यह बात है, स्वरूपमें एकाग्र हो तब मैं ऐसा हूँ या वैसा हूँ वैसा विकल्प भी वहाँ नहीं होता। किसकी भाँति? केवली भगवानकी भाँति। जिस प्रकार केवली भगवानको विश्वके साक्षीपनेके कारण 'मैं केवली हूँ, मैं दूसरोंको उपदेश देता हूँ'—वैसा विकल्प नहीं होता, केवलज्ञानसे सब कुछ जानते अवश्य हैं परन्तु विकल्प नहीं होता। नारकीको नारकी रूपसे जानते हैं, देवको देवरूपसे जानते हैं, मनुष्य तिर्यँच इत्यादि सम्पूर्ण विश्वको जैसा है वैसा प्रत्यक्षरूपसे जानते हैं। सम्पूर्ण विश्वमें कुछ भी शेष नहीं रहता, समस्त पदार्थोंको केवली भगवान प्रत्यक्ष जानते हैं। समस्त पदार्थ, प्रत्येक पदार्थके सम्पूर्ण गुण, एक-एक गुणकी समस्त पर्यायें, उन सबको प्रत्यक्ष साक्षीभूतरूपसे एक साथ जानते हैं। श्रुतज्ञानके अवयवभूत अर्थात् अंशभूत जो निश्चय-व्यवहारनयोंके पक्ष हैं, उनके स्वरूपको केवलज्ञानी केवल जानते ही है, मुझे केवलज्ञान हुआ, मैं सिद्ध हुआ, पहले मैं सिद्ध नहीं था, पहले शक्तिरूपसे शुद्ध था, और अब पर्याय भी शुद्ध हो गयी—वे सभी नयपक्षोंके विकल्प केवलज्ञानीके नहीं होते, केवलज्ञानके द्वारा उन नयपक्षोंको जानते हैं। कोई कहे कि केवलज्ञानीके दया तो होती है न? नहीं, बिल्कुल दया नहीं होती क्योंकि दया राग है, राग दूर होने पर ही वीतरागता प्रगट होती है, राग दूर हो तभी वास्तविक तत्त्व कहलाता है, केवलज्ञानीके रागका अंशमात्र भी नहीं होता।

इस समय महाविदेह क्षेत्रमें श्री सीमंधर भगवान तेरहवे गुण-स्थानमें केवलज्ञानी रूपसे विराजमान हैं, भंगजालरूप जो नयपक्ष हैं उनके स्वरूपको केवल जानते ही हैं, सर्व विश्वके साक्षीरूप, केवल-ज्ञानी रूपसे वर्तमानमें विराज रहे हैं। इस समय इस क्षेत्रमें सर्वज्ञ-वीतरागताका विरह है, इस भरतक्षेत्रमें जब भगवान महावीर विचर रहे थे तब वे भी तेरहवीं भूमिकामें थे, इस समय वे सिद्ध भगवानके रूपमें

विराज रहे हैं। श्री सीमंधर भगवान इस समय महाविदेहक्षेत्रमें विराज रहे हैं, वे केवलज्ञानी भगवान निरन्तर प्रकाशमान एक धारावाही सहज स्वरूपसे हैं, अब कहीं प्रयत्न करके उन्हें उपयोग नहीं लगाना पड़ता, सहजपरिणमन दशा है, इसलिए केवलज्ञानीके उपयोग नहीं है—वैसा कहा जाता है। केवलज्ञान विमल है उसमे किसी भी प्रकारका मल नहीं है, सकल केवलज्ञान द्वारा सदैव स्वत ही विज्ञानघन होता हुआ स्वरूपाकार ज्ञानबिम्ब हो गया है, इससे श्रुतज्ञानकी भूमिकाके अतिक्रान्तपने द्वारा अर्थात् निम्नभूमिकामे मैं ऐसा हूँ और वैसा हूँ—वैसा अपूर्ण ज्ञानमें होता है, वैसी अपूर्ण ज्ञानकी मर्यादाका उलंघन कर गये हैं, केवलज्ञानमे सब कुछ ज्ञात हो गया है इससे वहाँ रागका विकल्प नहीं होता। अपूर्ण ज्ञानमे ऐसा होता है कि मैं द्रव्यसे ऐसा हूँ और पर्यायसे ऐसा हूँ, परन्तु केवली भगवान उस अपूर्ण ज्ञानकी भूमिका लाँघ गये हैं अतः नयपक्षसे दूर हैं, किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करते। रागका भी नाश हो गया है और अपूर्ण ज्ञानका भी नाश हो गया है, वीतरागता और पूर्ण ज्ञान वर्त रहा है।

जिस प्रकार केवली भगवान अपूर्ण ज्ञानको लाँघ गये होनेसे नयपक्षको ग्रहण नहीं करते, उसी प्रकार निम्नदशामे यथार्थ प्रतीति हो जानेके पश्चात् श्रुतज्ञानी आत्माको, क्षयोपशमसे उत्पन्न होनेवाले श्रुत-ज्ञानात्मक विकल्प उत्पन्न होने पर भी परका ग्रहण करनेके प्रति उसका उत्साह निवृत्त हुआ है।

निर्विकल्प स्थिरताके समय भी सूक्ष्म वृत्ति पड़ी है, यदि सूक्ष्म वृत्ति भी टूट जाये और पूर्ण स्थिरता हो जाये तो वीतरागता प्रगट हो, परन्तु यह तो अपूर्ण ज्ञान है इससे अनुभवके समय भी विकल्प उठते अवश्य हैं, किन्तु वे तो अबुद्धि पूर्वकके विकल्प है, वे विकल्प इतने सूक्ष्म हैं कि उन्हें केवलज्ञानी जान सकते हैं छद्मस्थ स्वयं उन्हें नहीं जान सकता।

भगवान विश्वके साक्षीभूत होनेसे केवल जानते ही हैं, उनके सूक्ष्मतया भी विकल्प वृत्ति नहीं होती, और निम्न भूमिकामे अल्पज्ञान

होनेसे निर्विकल्प ध्यानके समय, स्वरूपके ध्यानके समय रागके कारण ज्ञान अबुद्धिपूर्वक संक्रमित अवश्य होता है, अबुद्धिपूर्वक विकल्प भी आते हैं परन्तु छद्मस्थसे वे पकड़े नहीं जाते। विकल्प पकड़मे नहीं आते उन्हें अबुद्धिपूर्वक कहा जाता है। निर्विकल्प ध्यानमेसे बाहर आये तब बुद्धिपूर्वकके विकल्प होते हैं अर्थात् बुद्धिसे पकड़मे आयें—ऐसे विकल्प होते है, तथापि स्वानुभवके समय उन विकल्पोंको ग्रहण करनेमे उत्साह निवृत्त हुआ है, साक्षीरूपसे वह विकल्पको जानता रहता है, पुरुषार्थकी मंदताके कारण अस्थिरता है इससे विकल्प आते अवश्य हैं परन्तु उन विकल्पोंको ग्रहण करनेका उत्साह नहीं होता।

श्रुतज्ञानी श्रुतज्ञानके अवयवभूत व्यवहारनिश्चयनय पक्षोंके स्वरूपको केवल जानते ही हैं, जिसप्रकार केवली भगवान जानते हैं उसीप्रकार यह भी विकल्पोंका ज्ञाता ही है। ज्ञानका स्वभाव स्व-परको जाननेका होनेसे स्व-परको जानता है, परन्तु उन विकल्पोंको ग्रहण करनेकी ओरका उत्साह निवृत्त हुआ है, ज्ञान ज्ञानका ही कार्य करता है, विकल्प उठते हैं, परन्तु उस ओर उत्साह नहीं है।

प्रश्न.—अनुभवके साथ अबुद्धिपूर्वकके विकल्पको जान सकता है?

उत्तर:—अनुभवके समय अबुद्धिपूर्वकके विकल्पको नहीं जान सकता। यदि जाने, तब तो बुद्धिपूर्वकका विकल्प हो गया, फिर अबुद्धिपना कहाँ रहा? इसलिए निर्विकल्प ध्यानी अबुद्धिपूर्वकके विकल्पको नहीं जान सकता। केवलज्ञानी जान सकता है कि इस आत्माके सूक्ष्म विकल्प है परन्तु उसे स्वत'को उसकी खबर नहीं है। वह तो अपने स्वरूपमे ही लीन है। सातवीं भूमिकामे मुनिको भी अनुभवके समय अबुद्धिपूर्वकके विकल्प आते अवश्य हैं परन्तु उन्हें वह पकड़ नहीं सकते, उन विकल्पोंको पकड़नेके लिए उपयोग सूक्ष्म होना चाहिये और यदि उपयोग इतना अधिक सूक्ष्म हो तो केवलज्ञान हो जाये। निर्विकल्प ध्यानके समय यदि अबुद्धिपूर्वक विकल्प न हो तो कषाय न हो और कषाय न हो तो अपूर्ण ज्ञान न हो और अपूर्ण ज्ञान

न हो तो सर्वज्ञ हो अर्थात् उस समय केवलज्ञानी हो जाये, परन्तु वैसा तो नहीं होता इससे अबुद्धिपूर्वक विकल्प है परन्तु उसकी स्वरूपध्यानीको खबर नहीं है, वह तो अपने स्वसंवेदनमे लीन है।

आचार्यदेवने केवली भगवानकी वातमें कहा है कि निरन्तर प्रकाशमान, सहज, विमल, सकल केवलज्ञानके द्वारा नयपक्षको ग्रहण नहीं करते। और यहाँ सम्यग्ज्ञानीकी वातमे कहा है कि तीक्ष्ण ज्ञान-दृष्टिसे ग्रहण किया गया निर्मल, नित्य-उदित चैतन्य है उसमे प्रतिवद्धपने द्वारा नयपक्षको ग्रहण नहीं करता। इस प्रकार दोनोंके विशेषणोंमे अन्तर है, क्योंकि केवलज्ञान पूर्ण ज्ञान है और श्रुतज्ञान अपूर्ण है।

मैं परसे निराला, आनन्दमय, निर्मल आत्मा हूँ वैसी तीक्ष्ण सूक्ष्म-दृष्टि द्वारा निर्मल, नित्य-उदित चैतन्यमें प्रतिवद्धपनेको प्राप्त हुआ है। निम्नदशामे पुरुषार्थ है इससे तीक्ष्ण-सूक्ष्मदृष्टि द्वारा निर्मल, नित्य-उदित आत्मामे प्रतिवद्धपनेको प्राप्त हुआ है—वैसा कहा है।

नित्य-उदितका अर्थ है स्थायी उदित—ऐसे चैतन्यमे लीनता प्राप्त की है। केवलज्ञानीकी वातमे कहा है कि—सदा विज्ञानघन हुआ है और यहाँ सम्यग्ज्ञानीकी वातमें निर्विकल्प हुआ होनेसे जितने समय तक निर्विकल्प आनन्दमे रहे उतने समय तक स्वत ही विज्ञानघन हुआ होनेसे आत्मख्यातिरूप, अनुभूतिमात्र समयसारको वेदता है—ऐसा कहा है।

केवलज्ञानीकी वातमें आचार्यदेवने कहा है श्रुतज्ञानकी भूमिकाके अतिक्रान्तपने द्वारा वे किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करते, और यहाँ सम्यग्ज्ञानीकी वातमें अन्तर्जल्प और वाह्यजल्परूप विकल्पोंकी भूमिकाके अतिक्रान्तपने द्वारा समस्त नयपक्षको ग्रहण नहीं करता।

केवलज्ञानमें किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करता और यहाँ निर्विकल्प उपयोगमे किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करता-वह वात दोनोंमे समानरूपसे ली है।

श्रुतज्ञानी निर्विकल्प उपयोगके समय साधकरूप है और केवलज्ञानी तो पूर्ण हो गये हैं परन्तु निर्विकल्प उपयोगके समय श्रुतज्ञानी भी केवलज्ञानी समान हैं।

सम्यग्ज्ञानीको निर्विकल्प उपयोगके समय सर्वथा ज्ञान नहीं जमा है, क्योंकि जब निर्विकल्पतामेंसे बाहर आता है तब पुनः विकल्प उठते हैं। यदि निर्विकल्प-उपयोगके समय ज्ञान बिल्कुल जम गया हो तो केवलज्ञान हो जाये, परन्तु वैसा नहीं होता; इसलिए निर्विकल्प उपयोगके समय अबुद्धिपूर्वक विकल्प होते हैं इससे उपयोग बाहर आनेसे बुद्धिपूर्वकके विकल्प आते हैं। उपयोग बाहर आये और विकल्प आये तब भी उसे ज्ञायकका भान रहता है, ज्ञायकका भिन्न परिणमन रहता है। पृथक् भान रहने पर भी घरके कामकाज, व्यापार-धन्धेके, दया, दान, पूजा, भक्तिके विकल्प आते हैं, परन्तु उनकी यहाँ बात नहीं है, यहाँ तो निर्विकल्प अनुभवकी बात है।

आचार्यदेव कहते हैं कि वास्तवमें वह श्रुतज्ञानी आत्मा निर्विकल्पताके समय समस्त पक्षोंसे पर है, इससे परमात्मा है। देखो! यहाँ श्रुतज्ञानीको परमात्मा कहा है, श्रुतज्ञानीके अपूर्ण पर्याय है तथापि उस अपेक्षाको गौण करके जो आत्माकी उत्कृष्ट स्थिरता है उसके स्वानुभूतिरूपी मालका यह नमूना है, इससे उसे परमात्मा कहा है। यह किसकी बात हो रही है? यह चौथे गुणस्थानवालेकी बात है, चौथे गुणस्थानवालेको आचार्यदेवने परमात्मा कहा है।

स्वरूपमें लीन हुए श्रुतज्ञानी आत्माको आचार्यदेवने ज्ञानात्मा कहा है, स्वतः आत्मा तो है; परन्तु ज्ञान उपयोगको परोन्मुखतासे हटाकर अपने आत्मामें लीन किया है, इसलिए उसे ज्ञानात्मा कहा। स्वरूपमें लीन हुआ वहाँ प्रत्यग्ज्योति हुआ—निर्मल ज्योति हुआ, आत्माकी ख्याति हुई, ईश्वरके दर्शन हुए अपनी प्रसिद्धि हुई, आत्मसाक्षात्कार हुआ। ऐसा अनुभूति मात्र आत्मा साक्षात् समयसार हुआ।

वस्तुका ऐसा अचिंत्य और अद्भुत स्वभाव है। धर्म किसे कहा जाये—उसकी तो अभी खबर ही नहीं है तो खबरके बिना उस ओरका

प्रयत्न होगा कहाँसे? यथार्थ श्रवण किए बिना समझमे नहीं आता और समझे बिना लक्ष्में नहीं आता। जिसे आत्माका कल्याण करना हो उसे वस्तुस्वरूप समझना ही होगा।

भावार्थ—जिस प्रकार केवली भगवान सदैव नयपक्षके स्वरूपके साक्षी हैं, उसी प्रकार श्रुतज्ञानी भी 'ऐसा हूँ और वैसा हूँ'—वैसे पक्षसे छूट जाते हैं तब विकल्पोंसे रहित होकर शुद्ध चैतन्यमात्र भावका अनुभव करते हैं, और समस्त नयपक्षोंके स्वरूपके ज्ञाता-दृष्टा हो जाते हैं।

एक नयका सर्वथा पक्ष ग्रहण करे कि रागी ही हूँ अथवा रागी नहीं हूँ, दोनोंमेसे किसी भी एक पक्षका ग्रहण करे तो वह पक्षपात है और मिथ्यात्वसे मिला हुआ राग है। व्यवहारनयको जाने अवश्य परन्तु व्यवहारनयको आदरणीय माने तो वह पक्ष है और मिथ्यात्वके साथ मिला हुआ राग है। बन्धको जाने तो अवश्य परन्तु आदरणीय माने तो एकान्त पक्ष हुआ। अकेला शुद्ध स्वभाव माने और बन्धको न माने तो वह भी एकान्त पक्ष है, मिथ्यात्वके साथ मिला हुआ राग है।

यदि आत्मा अवस्थामे भी पूर्ण हो गया हो तो विकल्प कैसे उठे? विकल्प उठता है वह असद्भूतव्यवहार है। विकल्परूप अशुद्ध अवस्था है वह व्यवहार है और आत्माका शुद्ध स्वरूप है वह निश्चय है। भेद है वह व्यवहार है और अभेद है वह निश्चय है। उन दोनोंको मुख्य-गौण रूपसे जानना वह नय है। शुद्ध द्रव्यकी प्रतीतिके विषयका बल और द्रव्यदृष्टिका ज्ञान तथा पर्यायका ज्ञान हो तो स्वभावकी साधनाका पुरुषार्थ जागृत होता है, द्रव्यदृष्टिके विषयके बल बिना द्रव्यदृष्टि और पर्यायदृष्टि—दोनों नयोंका ज्ञान सच्चा नहीं होता और दोनों नयोंके ज्ञान बिना द्रव्यदृष्टिके विषयका बल यथार्थ नहीं होता, इसलिए दोनोंमेसे यदि कोई भी एक न हो तो पुरुषार्थ जागृत नही होता।

निमित्तको न जाने तो ज्ञान मिथ्या है, और निमित्त तथा मैं दोनों एक हैं—वैसा माने तो श्रद्धा मिथ्या। एक कहे कि आत्मामें मलिन पर्याय ही नहीं है, आत्मा बिल्कुल शुद्ध ही है—इस प्रकार पर्याय रहित वस्तुको माने तो ज्ञान मिथ्या है, और अकेला व्यवहार अर्थात् पर्याय ही माने, निश्चय वस्तुको न माने तो वस्तुके बिना निर्मल पर्याय होगी कहाँसे? इसलिए मात्र पर्यायको माननेवालेका ज्ञान भी मिथ्या है। ज्ञान दोनों पक्षोंका होना चाहिए, यदि दोनों पक्षोंका ज्ञान हो तो हेय और उपादेयको जानकर स्वसन्मुख हो।

व्यवहार जानने योग्य है, परन्तु आदरणीय एक निश्चय वस्तु ही है। यदि व्यवहारसे लाभ माने तो व्यवहार स्वत. ही निश्चय हो गया। व्यवहारके आश्रयसे सम्यग्दर्शनादि नहीं होते, क्योंकि व्यवहार पराश्रय है, पराश्रयसे स्वाश्रय कैसे प्रगट होगा? गुण–पर्यायके भेदरूप व्यवहारके आश्रयसे भी निर्मल पर्याय कैसे प्रगट हो? अभेदके आश्रयसे स्वभाव-पर्याय प्रगट होती है परन्तु भेदके आश्रयसे स्वभावपर्याय प्रगट नहीं होती। स्वाश्रय सो निश्चय स्वभाव है इसलिए स्वाश्रयसे स्वभावपर्याय प्रगट होती है—वह वास्तविक स्थिति है।

ज्ञानी स्वभावदृष्टिसे रागादिका कर्ता नहीं है, तथापि पुरुषार्थकी अशक्तिसे राग होता है उसे जानना वह व्यवहारनय है। झुकना चाहिये अपने पूर्ण स्वभावकी ओर और ज्ञान करना चाहिए द्रव्य पर्याय दोनोंका। जो अवस्थामे राग न हो तो फिर वहाँसे पीछे हटना क्या? और स्वभाव अविकारी न हो तो फिर सन्मुख होना किसमे? स्वभाव अविकारी है उस ओर उन्मुख होता है और पर्यायमे विकार है उस ओरसे विमुख होता है, इसलिये निश्चयनयका विषय ध्रुवस्वभाव है और व्यवहारनयका विषय पर्याय–वे दोनों नय ज्ञान करने योग्य हैं और आदरणीय एक निश्चय-नय ही है।

कोई ऐसा माने कि मै मात्र शुद्ध हूँ, अवस्थामे न राग है और न विकल्प हैं—वैसा एकान्त माने वह भी मिथ्यात्व है, और जो द्रव्य स्वभावको न समझे और मात्र व्यवहार–व्यवहार करता रहे उसे सच्चे

व्यवहारका ज्ञान होगा ही कहाँसे ? इसलिए व्यवहारकी पकड़वाला भी मिथ्यात्वी है ।

अपने आप समयसार वांचे तो समझेगा क्या ? व्यवहार और निश्चयका स्वरूप क्या है वह तो समझ नहीं सकता और कहता है कि, इसमे तो दोनों नय आते हैं, परन्तु उस बातके लिये अस्वीकार कौन करता है ? ज्ञान तो, दोनोंका करने योग्य है परन्तु उनमें आदरणीय कौन सा है ? भेद या अभेद ? व्यवहारकी ओर लक्ष करनेसे विकल्प होता है, राग होता है, भेद पड़ता है, भंग पड़ते हैं; परन्तु निर्मल अभेद शुद्धस्वभाव है उस पर लक्ष करनेसे—उस ओर उन्मुख होनेसे पर्याय निर्मल होती है, शुद्धता बढ़ती है, राग दूर होता है, विकल्प छूटते हैं, इसलिये आदरणीय तो एक निश्चयनय है, उन्मुख होने योग्य निश्चयनय है और ज्ञान करने योग्य व्यवहार-निश्चय दोनों हैं ।

एक पक्षको सर्वथा ग्रहण करे कि आत्मामे राग नहीं है, द्वेष नहीं है—इत्यादि कोई भी मलिनता नहीं है, तो आचार्यदेव कहते हैं कि— ऐसी झूठी बात तू लाया कहाँसे ? तेरी पर्यायमे मलिनता वर्तमानमे हो रही है, मलिनतामे निमित्त भी सन्मुख हैं उनका ज्ञान तो कर.. . अवस्थामे जो मलिनता है उसे जानकर छोड़, निश्चय एकरूप शुद्ध स्वभाव है उसे जान करके आदर, मलिनताको जाने बिना मलिनताको दूर करनेका पुरुषार्थ नहीं होगा, दोनो पक्ष समझे बिना जो एक ही ओर खींचातानी करे वह मिथ्यादृष्टिका राग है ।

एक नयका सर्वथा पक्ष ग्रहण करे तो वह मिथ्यात्वके साथ मिला हुआ राग है और प्रयोजनके वश एक नयको प्रधान करके उसका ग्रहण करे तो मिथ्यात्वके अतिरिक्त मात्र चारित्रमोहनीयका राग है ।

प्रयोजनवशका अर्थ है आवश्यकताके कारण । जैसे कि कोई कर्मको न मानता हो तो उसे कहते हैं कि भाई ! यह विकार होता कहाँसे है ? इत्यादि अशुद्ध पर्यायके ओरकी, बात की उस समय रागको स्थापित करते हैं और वस्तुस्वभावको गौण करते हैं । और कोई

द्रव्यस्वभावको न माने, मात्र पर्यायको ही माने, निमित्तको ही माने तब उससे कहते हैं कि द्रव्यस्वभाव ही मूल वस्तु है, द्रव्यस्वभावके बिना निर्मल पर्याय कहाँसे आयेगी? निमित्तका और पर्यायका तो ज्ञान करने योग्य है—इस प्रकार एक नयको मुख्य करके प्रयोजनवश कहे तो मिथ्यात्व नहीं परन्तु चारित्रमोहका राग है।

निगोदका आत्मा सिद्ध समान है तथापि निगोदमे और सिद्धमें जो अन्तर है वह पर्यायका है, निगोदसे लेकर सिद्ध तक बीचमे जितनी न्यूनाधिक विकासकी अवस्था है वह सब व्यवहार है।

पहला पक्ष तो सर्वथा एक नयको ग्रहण करके एकान्त मानता है, इसलिये मिथ्यात्व है और दूसरा पक्ष प्रयोजनवश व्यवहार या निश्चयको मुख्य-गौण करता है—वह मिथ्यात्वरहित चारित्रमोहनीयका राग है। तीसरे पक्षमे, स्वरूपमे स्थिर हो तब राग नहीं है—वीतराग जैसा ही है, जब नयपक्षको छोड़कर वस्तुस्वरूपको मात्र जाने ही—तब उस समय श्रुतज्ञानी भी केवलीकी भाँति वीतराग जैसा ही होता है—ऐसा जानना चाहिए। चौथे, पाँचवें और सातवे गुणस्थानमे आत्मानुभवके समय नयके रागको छोड़कर श्रुतज्ञानी भी वीतराग जैसा ही होता है, वीतराग नहीं परन्तु वीतराग जैसा ही—ऐसा कहा है। भावार्थमे भी टीका जैसी संधि की है, अत्यन्त स्पष्टीकरण किया है। यदि बराबर ध्यान पूर्वक पढ़ें तो सब समाधान हो जायें—ऐसा है। ऐसी उच्च वस्तु महा भाग्य बिना सुननेको नहीं मिलती।

वह आत्मा ऐसा अनुभव करता है—वह कलशमे कहते है—

(स्वागता)

चित्स्वभावभरभावितभावा-
भावभावपरमार्थतयैकम्
बंधपद्धतिमपास्य समस्तां
चेतये　समयसारमपारम् ॥ ९२ ॥

अर्थः—चित्स्वभावके पुंज द्वारा ही अपने उत्पाद-व्यय और ध्रौव्य अनुभवमें आते हैं (किये जाते हैं)—ऐसा जिसका परमार्थ-स्वरूप होनेसे जो एक है—ऐसे अपार समयसारको मैं, समस्त बन्ध पद्धतिको दूर करके अर्थात् कर्मके सम्पर्कसे होनेवाले सर्व भावोंको छोड़कर अनुभव करता हूँ।

चित्स्वभावके पुंज द्वारा अपने उत्पाद, व्यय और ध्रुव अनुभवमे आते हैं। अहो! उत्पाद, व्यय और ध्रुवस्वरूप आत्माका अनुभव हो ऐसा आचार्यदेव बतलाते हैं। इसमे अचिंत्य स्वरूप द्रव्य है वह आचार्यदेवने बताया है। ज्ञानस्वभावके पुंज द्वारा अर्थात् ज्ञानस्व-भावके समूह द्वारा अपने उत्पाद, व्यय और ध्रुवभाव अनुभवमें आते हैं। उत्पाद निर्मल है, व्यय भी निर्मल और ध्रुव भी निर्मल है—तीनों निर्मल हैं। ऐसा जिसका परमार्थस्वरूप निर्मल होनेसे जो एक है, उत्पाद, व्यय और ध्रुव तीन प्रकारसे होने पर भी जो एक है, अपार है, असीम है,-ऐसे असीम सामर्थ्यवाले अपार समयसारका मैं अनुभव करता हूँ, कर्मके उत्पाद-व्ययसे होनेवाले सर्व भावोंको छोडकर मैं अनुभव करता हूँ। जब लिखनेकी ओर लक्ष हो तब आत्मा अनुभवमें नहीं आता, परन्तु जब आत्मामे स्थित होता है तब आत्मा अनुभवमे आता है।

निर्विकल्प अनुभव होनेसे, जिसके केवलज्ञानादि गुणोंका पार नहीं है—ऐसे समयसाररूपी परमात्माका अनुभव ही वर्त रहा है, 'मै अनुभव करता हूँ'— ऐसा विकल्प भी जहाँ नहीं होता।

जिसके अनन्तानन्त गुणोंका पार नहीं है, ऐसे समयसाररूपी परमात्माका अनुभव जब वर्तता है तब, मैं अनुभव करता हूँ—एकाग्र हुआ हूँ—ऐसा विकल्प भी नहीं होता। ज्ञान वर्त रहा है, वेदन वर्त रहा है परन्तु विकल्प वहाँ नहीं है,—ऐसा पक्षातिक्रान्तका स्वरूप है। अब कर्ता-कर्मकी अंतिम गाथा रही है। जो पक्षातिक्रान्त है वही समयसार है-ऐसा अब कहेंगे।

क्रमबद्ध पर्यायमें स्वसन्मुखतारूप पुरुपार्थ आदि पांच समवाय

पक्षातिक्रान्त ही नियमसे समयसार है। सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान ही समयसार है। सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र तीनों पुरुपार्थसे प्रगट होते हैं। चैतन्यके एक क्षणके पुरुपार्थकी उग्रतामे पुरुपार्थ, स्वभाव, काल, नियति और कर्म-पांचों समवाय आ जाते हैं। वस्तुके ऊपर यथार्थ दृष्टि हुई वह पुरुपार्थ द्वारा हुई—वह पुरुपार्थ। १। उस पुरुपार्थके द्वारा जो स्वभाव था उसमेंसे पर्याय प्रगट हुई—वह स्वभाव। २। जिस समय पर्याय प्रगट हुई वह स्वकाल अर्थात् काल। ३। और पुरुपार्थ द्वारा जो पर्याय क्रमबद्ध होनेको थी वह हुई वह नियति। ४। और पुरुपार्थसे स्वभाव प्रगट होनेके समय जो कर्मका अभाव हुआ वह कर्म। ५। चार समवाय अस्तिरूपसे चैतन्यमे आ जाते हैं और अन्तिम कर्मका अभाव वह नास्तिपरिणमनरूपसे चैतन्यमे आ जाता है।

आत्माकी पर्याय प्रगट होनेमें पाँचों कारण होते हैं, उन सबमे पुरुपार्थ मुख्य है। जैसी वीर्यकी उग्रता या मंदता होती है उसीप्रकार कार्य आता है। जो पुरुपार्थ करे उसे दूसरे चारों कारण आ जाते हैं। जो पुरुपार्थको स्वीकार नहीं करता उसे एक भी कारण लागू नहीं पडता। सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र सब पुरुपार्थसे ही प्रगट होते हैं।

सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान ही समयसार है; उसके साथ आंशिक चारित्र होता है, परन्तु मुख्यतया तो यहाँ सम्यग्दर्शन और ज्ञानकी ही बात ली है। उनके साथ आंशिक चारित्र होता है और पश्चात् क्रमशः पूर्ण चारित्र प्रगट होता है। सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानके बिना चारित्र प्रगट ही नहीं होता, इसलिये यहाँ सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानकी बात मुख्यतया ली है।

पक्षातिक्रान्त ही समयसार है—ऐसा नियमसे सिद्ध होता है—ऐसा अब कहते हैं:—

सम्मद्दंसणणाणं एसो लहदित्ति णवरि ववदेसं।
सव्वणयपक्खरहिदो भणिदो जो सो समयसारो।१४४।

सम्यक्त्व और सुज्ञान की, जिस एकको संज्ञा मिले।
नयपक्ष सकल विहीन भाषित, वो समयका सार है॥ १४४॥

अर्थ—जो सर्व नयपक्षोंसे रहित कहा गया है वह समयसार है; इसीको (समयसारको ही) केवल सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान—ऐसी संज्ञा (नाम) मिलती है। (नाम पृथक् होने पर भी वस्तु एक ही है)।

यह गाथा बहुत उच्च है। यह गाथा तो कर्ताकर्मकी बहुत-बहुत बात करते-करते और परके और रागादिकके साथ कर्ताकर्मभावको छोड़ना कहते-कहते आई है। परन्तु लोग कहते हैं कि हमें यह समझमें नहीं आता इसलिये दूसरा कुछ करनेके लिए कहो। परन्तु भाई! पाप करना तो कोई कहता ही नहीं, अशुभ भावकी अपेक्षा शुभभावोंमें रुके वह ठीक है, परन्तु प्रथम स्वभावको समझना चाहिये, क्योंकि स्वभावके भान द्वारा विकारका अन्त आता है। शुभभाव विकार है, विकारसे स्वभाव समझमें नहीं आता किन्तु ज्ञान द्वारा समझमें आता है। शुभभावसे पुण्यबन्ध होता है परन्तु भवका अंत नहीं आता। शरीरकी क्रिया मैं कर सकता हूँ, विकारकी क्रिया मैं कर सकता हूँ—वह बात तो दूर रही, परन्तु यह तो आँगनमें आकर मैं शुद्ध हूँ और मैं शुद्ध नहीं हूँ—ऐसे दो पक्षोंके रागमें रुकेगा वहाँ तक विकार दूर नहीं होगा और जिसमें राग बिल्कुल नहीं है उसको ग्रहण किये बिना निर्विकल्प स्वभावकी प्राप्ति नहीं होगी, सहज स्वभावकी प्राप्तिके बिना वीतराग नहीं होगा और वीतरागताके बिना मुक्ति नहीं होगी। प्रथम सहज ज्ञान-स्वरूपका निर्णय करनेके लिये मैं बद्ध हूँ और मैं अबद्ध हूँ—ऐसे विचार आते अवश्य हैं, निर्णय करनेके लिए विचारोंका मंथन आता अवश्य है, और वैसा करनेसे उसकी प्रतीति हो वह तो ज्ञानकी पर्याय है, परन्तु साथमें जो राग है वह विकार है। अपूर्ण ज्ञानमें विचार होता है और विचारके साथ राग होता है, इसलिये उस अपूर्ण ज्ञानकी पर्याय जितना आत्माका अखण्ड स्वरूप नहीं है, आत्मा तो परिपूर्ण ज्ञानसामर्थ्यसे भरपूर है, वर्तमानमें ही अपार सामर्थ्यसे परिपूर्ण—ऐसे आत्मा पर

लक्ष करनेसे निर्मल पर्याय प्रगट होती है। आत्माकी परिपूर्ण दृष्टिमें अपूर्ण पर्याय आदरणीय नहीं है। स्वरूपमें स्थित होनेसे रागमिश्रित विचार छूट जाते हैं, जब तक रागमिश्रित विचारोंमे रुकता है तब तक स्वरूपका स्वाद नहीं ले सकता। साधक-दशामे रागमिश्रित विचार आते अवश्य हैं, परन्तु स्वरूपका अनुभव करते समय वे विचार छूट जाते हैं। अशुभ परिणामोंसे बचनेके लिये रागमिश्रित शुभ विचारोंमें रुकता अवश्य है, परन्तु स्वरूपके अनुभवके समय वे विचार भी छूट जाते हैं।

कोई कहेगा कि हमे सच्चा वस्तुस्वरूप समझनेका क्या काम है? हम तो व्यवहार–शुभभाव करते रहेंगे। परन्तु भाई! शुभभावोंसे पुण्य होगा–संयोग मिलेंगे परन्तु वे संयोग और शुभभाव तो अजागृत भाव हैं वे मरणके समय जागृति किस प्रकार रखायेंगे?

मरते समय कुछ भी भान नहीं रहेगा, असाध्य हो जायेगा। नित्य जागृत स्वभावका भान नहीं है, शुद्ध धर्मकी खबर नहीं है— उसका फल तो मूढ़ता ही आयेगा न? शुभाशुभ भाव करे उसके फलमें संयोग मिलते हैं अर्थात् बाह्य संयोग मिलते हैं, परन्तु उसके फलमे आत्माकी जागृति नहीं मिलती, क्योंकि शुभभाव तो विकार है, और विकारका फल संयोग मिलता है, परन्तु यदि आत्माके शुद्ध स्वभावका भान किया हो तो आत्मामेसे आत्माकी जागृति रहे। सारे जीवन भर शुभभाव किए हों परन्तु मरण समय असाध्य हो जाता है क्योंकि देहसे आत्माको पृथक् स्वीकार नहीं किया है, देहाध्यास नहीं तोड़ा है, शुभराग करने योग्य मानता है, शुभाशुभ परिणामोंसे भिन्न आत्माको स्वीकार नहीं किया है, परके साथ एकत्वबुद्धि है इससे मूढ़ हो जाता है। परसे भिन्न आत्माका यदि भान हो तो परसे पृथक् रहकर आत्माकी जागृति रख सकता है। जिसे भिन्न चिदानन्द आत्माका भान नहीं है वह जीवित होते हुए भी असाध्य है और मरते समय भी असाध्य हो जाता है। मैं चिदानन्द आत्मा ज्ञानस्वभावी हूँ, मै शरीर-रूप नहीं हूँ, वचनरूप, मनरूप, शुभाशुभ विकाररूप मै नहीं हूँ—ऐसा

पृथक् आत्माका जिन्हें भान नहीं है वे सब असाध्य हैं। इसलिये आचार्यदेव कहते हैं कि—यह जो सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान कहलाता है—उसका भान कर, उसे प्रगट कर! और वे कहते हैं कि जो सर्व नयपक्षोंसे रहित कहा गया है वही समयसार है, और इसी समयसारको केवल सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान कहते हैं। नाम भिन्न हैं तथापि वस्तु एक है।

आत्मा परसे भिन्न, शुद्ध-पवित्र, ज्ञानमूर्ति है—ऐसा निर्णय करके उसमे स्थित हुआ उसीको सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान कहते हैं। नाम भिन्न हैं तथापि वस्तु एक ही है। मैं शुद्ध हूँ या अशुद्ध हूँ, बद्ध हूँ या अबद्ध हूँ—ऐसे पक्षोमे लगा रहे, तथापि उन पक्षोंके छूट जाने पर अनन्त गुण-पर्यायकी मूर्ति चैतन्यस्वरूपमे स्थित होनेसे मात्र अकेला आत्मा रह जाये वही सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान है।

जो वास्तवमें समस्त नयपक्षों द्वारा खण्डित न होनेसे जिसका समस्त विकल्पोंका व्यापार रुक गया है-ऐसा है—वह समयसार है। वास्तवमें इस एकको ही केवल सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानका नाम मिलता है। (सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान समयसारसे भिन्न नहीं—एक ही हैं।)

जो समस्त नयपक्षों द्वारा खण्डित होता था,—मैं शुद्ध हूँ, मैं एक हूँ, और गुण तथा पर्यायसे अनेक भी हूँ—ऐसे विकल्पोंसे खण्डित होता था, रागमिश्रित पक्षसे स्वरूपका भंग हो जाता था,—वह जब समस्त नयपक्षोंके विकल्पोंको पुरुषार्थसे रोक देनेसे खण्डित नहीं हुआ-तब अखण्डित हुआ। समस्त विकल्पोंका व्यापार रुक गया है और अपने अखण्डित स्वरूपका अनुभव करता है वही समयसार है, वही सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान है, सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान समयसारसे पृथक् नहीं हैं।

यह केवलज्ञानीकी बात नहीं परन्तु चौथे गुणस्थानकी बात है, सम्यग्दृष्टि और सम्यग्ज्ञानीकी बात है।

रागके विकल्पसे खण्डित होता था वह स्वरूपका निर्णय करके स्वरूपमे स्थित हुआ–वहाँ जो खण्ड होता था वह रुक गया और मात्र आत्मा अनन्त गुणोंसे भरपूर आनन्दस्वरूप रह गया। मैं शुद्ध हूँ, मै अशुद्ध हूँ, मैं बद्ध हूँ और मैं अबद्ध हूँ—ऐसे विकल्पोंसे छूट गया और अकेला आत्मतत्त्व रह गया—उसका नाम सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान है, और वही समयसार है। समयसार यह पृष्ठ या अक्षर नहीं हैं, यह पृष्ठ तो जड़ हैं। आत्माके आनन्दमें लीनता वह समयसार है। स्वरूपका बराबर निर्णय करके विकल्प छूट जायें, पश्चात् अनन्तगुणसामर्थ्यसे भरपूर मात्र आत्मतत्त्व रहा वही समयसार है।

कोई कहेगा कि यह तो आप परमात्माकी बात करते हो, केवलज्ञानीकी बात करते हो। परन्तु भाई! यह तो एक अंशकी बात है, मात्र बानगीकी बात है, अभी पूरा करना तो शेष रहा है, इससे अनन्तगुना पुरुषार्थ शेष रहा है। अभी पूर्ण स्थिरता प्रगट नहीं हुई है, पूर्ण वीतरागरूप स्थिरता तो आंशिक स्थिरतामे वृद्धि करते–करते होती है। यह तो मात्र अंश प्रगट हुआ है, अभी श्रावकत्वकी स्थिरता, मुनित्वकी स्थिरता, केवलज्ञानकी स्थिरता–वह सब शेष हैं। यह तो मात्र चौथी भूमिकाकी बात है। ऐसा निर्विकल्प अनुभव होनेके पश्चात् राजपाट करे, गृहस्थाश्रममे हो, तथापि परसे निराले आत्माका भान उसके वर्तता रहता है इससे वह ज्ञाता रहता है, इसलिए वह आत्मामे रहा है परन्तु गृहस्थाश्रममें नहीं रहा है। निर्विकल्प अनुभव सदैव नहीं रहता, अंतर्मुहूर्त रहता है, पश्चात् राज्य, व्यापारादि विकल्प उठते हैं परन्तु उनका वह कर्ता नहीं होता, स्वरूपका पृथक् भान रहता है। व्यापार, धन्धा, राजपाट करते समय भी कभी-कभी स्वरूपमे उपयोग स्थिर होता है, परन्तु चौथा गुणस्थान है इसलिये विशेष स्थिरता नहीं होती।

स्वयं जातिका वणिक हो, परन्तु जब बालक हो तब किसानके घर भी जाता है और वह खाने–पीनेको दे तो खाता–पीता है, क्योंकि उसे खबर नहीं होती कि मैं वणिक हूँ। और जब बड़ा हुआ तब खबर

हुई कि मै वणिक हूँ, मुझे किसानके यहाँ नहीं खाना-पीना चाहिये, वह पानी पीनेसे अपवित्र हो जाऊँगा—ऐसा बड़े होने पर ध्यान आता है और वृद्ध होने पर तो सभी प्रकारके व्यवहारका ध्यान आ जाता है। उसी प्रकार अनादि अज्ञानसे मैं कौन हूँ और पर कौन है—इसकी खबर न होनेसे परका अभिमान करता है, पर मेरा है और मैं परका हूँ, पर मेरा कर सकता है और मैं परका कर सकता हूँ—इस प्रकार बालभावसे अज्ञानका भोजन-पान करता है, परन्तु जहाँ भान हुआ कि मैं परसे निराला, निर्विकल्प चैतन्यज्योति आत्मा हूँ, मै परका कुछ नहीं कर सकता और न पर मेरा ही कुछ कर सकता है—ऐसा भान हुआ कि वहाँ जवान हुआ—वह जवानीकी चाल है। यह चौथी भूमिकाकी बात है, सम्यग्दर्शनकी बात है, यह आत्मजागृतिकी बात है, अभी स्थिरता शेष है, अंशतः स्वरूपाचरणचारित्र प्रगट हुआ है, परन्तु अभी पाँचवीं और छठवीं-सातवीं भूमिकाकी स्थिरता प्रगट नहीं हुई है अर्थात् अभी चारित्र प्रगट नहीं हुआ है, क्रमानुसार पाँचवीं-छठवीं-सातवीं भूमिकाकी स्थिरता प्रगट करके आगे बढ़कर वीतराग हो-केवलज्ञान प्रगट करे वह वृद्धपना है। इस १४४ वीं गाथामें तो सम्यग्दर्शनकी बात है, आत्माके अनुभवकी बात है, पूर्ण स्थिरताकी बात नहीं है।

सम्यग्दर्शन प्रगट करनेके लिये—आत्माका अनुभव करनेके लिये प्रथम क्या करना चाहिये वह आचार्यदेव कहते हैं। प्रथम श्रुतज्ञानके अवलम्बनसे ज्ञानस्वभाव आत्माका निर्णय करना चाहिये।

प्रथम क्या करना चाहिए वह आचार्यदेवने कहा है। प्रत्येक जीव सुखकी इच्छा करता है, किन्तु पूर्ण सुख किसने प्रगट किया है? वैसा पूर्ण पुरुष कौन है? उसकी पहिचान करना चाहिये, और उस पूर्ण पुरुषने सुखका स्वरूप क्या कहा है—उसे जानना चाहिए। उस सर्वज्ञ पुरुषके कहे हुए वाक्य—वह आगम है। इसलिए प्रथम आगममें सुखका स्वरूप क्या कहा है उसे जानकर उसका अवलम्बन करके, ज्ञानस्वभाव आत्माका निर्णय करना चाहिये निर्णय है वह पात्रता है और आत्मा-

का अनुभव उसका फल है। इस गाथामें पात्रता और उसका फल-दोनों बताये हैं। ऐसा निर्णय करनेकी जहाँ रुचि हुई वहाँ अन्तरमें कषायका रस मंद पड़ ही जाता है। तत्त्वविचार द्वारा कषायका रस मंद पड़े बिना इस निर्णय पर नहीं पहुँचा जा सकता। प्रथम श्रुतज्ञानका अवलम्बन करना—ऐसा कहकर आचार्यदेवने सच्चा आगम क्या है? उसका कहनेवाला पुरुष कौन है? इत्यादि सभी निर्णय करनेको कह दिया है, सच्चे देव-गुरु-शास्त्र कौन हैं? इन सबका निर्णय आ जाता है। ज्ञानस्वरूप आत्माका निर्णय करनेमें सच्चे देव-गुरु-शास्त्रका निर्णय करना आदि सब एकसाथ आ जाता है।

प्रथम श्रुतज्ञानका अवलम्बन करना कहकर आचार्यदेवने उसमें बहुत-बहुत समाविष्ट किया है। सच्चे देव-गुरु-शास्त्र और मिथ्या देव-गुरु-शास्त्रको पहिचानकर उसका निर्णय करना कि यह सच्चे हैं और यह मिथ्या हैं। जिस आगममें एक द्रव्य दूसरे द्रव्यका कुछ भी कर सकता है—ऐसा कहा हो वह आगम सच्चा नहीं कहलाता, उसे कहनेवाला गुरु भी सच्चा नहीं है, ऐसा बतलानेवाला देव भी सच्चा नहीं है, लेकिन दोनों तत्त्व भिन्न हैं, प्रत्येक तत्त्व स्वाधीन हैं, कोई तत्त्व किसी तत्त्वके आधारसे नहीं है, कोई तत्त्व किसी तत्त्वका कुछ भी करे तो तत्त्व पराधीन हो जाये परन्तु ऐसा तो बनता नहीं है। प्रत्येक तत्त्व स्वाधीन है। एक तत्त्व दूसरे तत्त्वका कुछ नहीं कर सकता—ऐसा वस्तुका स्वरूप बतानेवाला देव भी सच्चा है, गुरु भी सच्चा है और शास्त्र भी सच्चा है—ऐसी पहचान करके देव-गुरु-शास्त्र कथित जो आत्माका स्वरूप है उसका विचार करके अपने द्वारा, श्रुतज्ञानके अवलम्बन द्वारा ज्ञानस्वभाव आत्माका निश्चय करना चाहिये। वह निश्चय ऐसा अपूर्व करना कि जिस निश्चयके फलमें आत्माका अनुभव हो, केवलज्ञान हो, केवलदर्शन हो और अनन्त गुण प्रगट हों। आगम द्वारा, सद्गुरु द्वारा निर्णय करना उस निर्णय करनेमें रागका अंशतः अभाव होकर निर्णय होता है, परन्तु निर्णयके समय बुद्धिपूर्वकके सर्व विकल्प नहीं छूट जाते, स्वभावमें स्थित नहीं हो जाता, परन्तु जब निर्णय करता है उस समय भी

आत्मासे आत्माका निर्णय करता है । मन और रागकी गौणता करता है, आत्माको अधिक करता है और रागको गौण करता है—अर्थात् अंशतः रागसे मुक्त होकर स्वतः अधिक होकर आत्मासे आत्माका निर्णय करता है । परन्तु जब स्वरूपमे स्थिर हो जाता है तब बुद्धिपूर्वकके विकल्प छूट जाते हैं—बुद्धिपूर्वकका मनका निमित्त छूट जाता है और चिद्रूप-चिदानन्दमें उपयोग लीन होता है ।

जो आगम आत्माका ज्ञानलक्षण न बताये किन्तु विकार-लक्षण बताए, पराधीन लक्षण बताये-वह आगम मिथ्या है, निमित्त ही उपादान है—ऐसा बताये वह आगम मिथ्या है । यदि निमित्त कार्य कर देता हो तो निमित्त निमित्तरूप नहीं रहा परन्तु उपादान हो गया; निमित्त मात्र उपस्थितिरूप हो तो निमित्त कहलाये । यदि निमित्त उपादानका कार्य कर देता हो तो वह (निमित्त) उपादान हो गया, परन्तु निमित्तरूप नहीं रहा । सूर्य कमलको नहीं खिला देता, परन्तु जब कमल खिले तब सूर्यकी उपस्थिति होती ही है—ऐसा सम्बन्ध है । जो शास्त्र आत्माका स्वाधीन लक्षण बतलाए वह शास्त्र सच्चा है, वह स्वाधीन स्वरूप बतानेवाला देव भी सच्चा है और वैसा स्वाधीन स्वरूप बतानेवाला गुरु भी सच्चा है ।

आचार्यदेव कहते हैं कि प्रथम श्रुतज्ञानका अवलम्बन लेना, श्रवण-मनन करना और सत्समागम करना । आगमके आधारसे ज्ञानस्वभाव आत्माका निश्चय करना । जीवोंको रुचि नहीं है, यदि रुचि हो तो पुरुषार्थ किए बना नहीं रहे । अरे ! आत्माकी रुचि कर ! मरण समय कौन शरण होगा ? भेड़-बकरीकी तरह मरण हो वह कहीं मरण कहलाता है ? लखपती या करोडपती हो, सैंकड़ों आदमी पास खड़े हों फिर भी मर जाता है, वहां कौन शरण है ? घोर वेदनामें असाध्य होकर मर जाता है, उस समय कौन शरण है ? यदि आत्माकी जागृति होगी तो वह साथ आयेगा । प्रथम आत्माकी सच्ची जिज्ञासा करे, सत्य कहाँ है उसे खोजे, सच्चा देव कौन है ? सच्चा गुरु

कौन है? सच्चा शास्त्र कौन है? उन्हें शोधे, और वे जो बता रहे हैं उसका निर्णय करनेके लिये समय निकाले, फिर निर्णय करे कि मैं परसे निराला, स्व-परका ज्ञाता, अनन्त गुणमूर्ति आत्मा हूँ। यह राग-द्वेष मेरा स्वभाव नहीं है, परका अच्छा-बुरा करना मेरा स्वभाव नहीं है, परका कर्ता होना मेरा स्वभाव नहीं है, परका स्वामित्व रखना मेरा स्वभाव नहीं है, मै तो 'ज्ञानस्वभावी आत्मा हूँ', स्व-परका ज्ञायक हूँ, किन्तु किसी भी प्रकार परका कर्ता नहीं हूँ—ऐसा निर्णय प्रथम श्रुतज्ञानसे करना चाहिए।

प्रथम सच्चा निर्णय किए बिना निर्विकल्प अनुभव नहीं होता। सत् स्वरूप प्रगट करनेमें सच्चे देव, गुरु और शास्त्रका निमित्त आया। सच्चे पुरुषार्थसे सच्चे निर्णयका निमित्त भी आया, वह अन्तरका निमित्त हुआ, सच्चा निर्णय कारण हुआ और पश्चात् अनुभव आया। सच्चा निश्चय करनेके पश्चात् भी आत्माकी प्रगट प्रसिद्धिके लिये, आत्माकी शांति और आनन्दके वेदनके लिए अन्तरोन्मुख किस प्रकार होता है—वह आचार्यदेव कहते हैं। इस टीकाका भाव बहुत ऊँचा है। जब आत्माकी प्रगट प्रसिद्धि करना हो तब परकी प्रसिद्धि छोड़ना चाहिये। आत्माके अनुभवके उपभोगके लिये सच्चा निर्णय करनेके पश्चात् स्वोन्मुख किस प्रकार होता है—वह आचार्यदेव कहते हैं।

सच्चा निश्चय करनेके पश्चात्, आत्माकी प्रगट प्रसिद्धिके लिए, पर प्रसिद्धिके कारण जो इन्द्रियों द्वारा और मन द्वारा प्रवर्तमान बुद्धियाँ हैं उन्हें मर्यादामें लाकर जिसने मतिज्ञान-तत्त्वको (मतिज्ञानके स्वरूपको) आत्मसम्मुख किया है—ऐसा, तथा नानाप्रकारके नयपक्षोंके आलम्बनसे होनेवाले अनेक विकल्पों द्वारा आकुलता उत्पन्न करनेवाली श्रुतज्ञानकी बुद्धिओंको भी मर्यादामें लाकर श्रुतज्ञान तत्त्वको भी आत्मसम्मुख करता हुआ, अत्यन्त विकल्प रहित होकर, तत्काल निजरससे ही प्रगट होने वाला, आदि-मध्य-अन्त रहित, अनाकुल, केवल, एक सम्पूर्ण विश्वके ऊपर मानों तैरता हो—ऐसे अखण्ड प्रतिभासमय, अनन्त, विज्ञानघन,

परमात्मारूप समयसारका जब आत्मा अनुभवन करता है उसीसमय वह सम्यक्-रूप दिखाई देता है (श्रद्धामे आता है) और ज्ञात होता है, इससे समयसार ही सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान है।

आत्मा आनन्दमूर्ति–आनन्दका रसकंद है, इन्द्रियों और मन द्वारा प्रवर्तमान बुद्धि–वह परकी प्रसिद्धिका कारण है-परकी प्रसिद्धि करने वाले हैं; इन्द्रिय और मन द्वारा प्रवर्तित जो बुद्धि है वह परके ऊपर लक्ष करने वाली है, पर लक्ष्यमे स्त्री, कुटुम्ब, देव, गुरु, शास्त्र-सब आ जाते हैं, वह सब परकी प्रसिद्धि है। पाँचों इन्द्रियों और मनकी ओर प्रवर्तित जो बुद्धि है, उसे पर लक्ष्यमे जानेसे रोके और आनन्द-सागर आत्माकी ओर उन्मुख करे वह आत्मारूपी आनन्दके हिमालयमे प्रविष्ट होनेकी सीढ़ियों पर चढ़ रहा है।

परपदार्थोकी प्रसिद्धिके कारण इन्द्रियाँ और मन हैं, उनसे प्रवर्तित जो बुद्धि है उसे स्वोन्मुख करके मतिज्ञानको अर्थात् मतिज्ञानके व्यापारको आत्मसन्मुख किया है। कैसी अद्भुत सरस वात ली है! किसी वलवान योगमे अद्भुत शैलीसे अद्भुत गाथाकी रचना हुई है कितना उत्तम सिद्धान्त दिया है! कि मैं ज्ञानस्वभावी आत्मा हूँ—ऐसा निश्चय करके प्रगट पर्यायमें आनन्द लानेके लिये, परकी ओर—पाँच इन्द्रियों और मनकी ओर झुकते हुए भावको स्वभावोन्मुख किया है। उपयोग परोन्मुख होता है उसे स्वोन्मुख कर लेना,—इस प्रकार मतिज्ञानके व्यापारको आत्मसन्मुख किया।

उपयोग मन और इन्द्रियोंकी ओर लगा हो तव आत्मा दिखाई नहीं देता, परन्तु उस समय वाह्य पदार्थ लक्षमे आते हैं, इससे समझ लेना चाहिये कि अभी उपयोगकी लीनता परकी ओर है, मतिज्ञानके व्यापारका योग परकी ओरसे छूटकर आत्मस्वभावमे हो तव आत्मस्वभाव लक्षमे आता है। मैं ज्ञानस्वभावी आत्मा हूँ—ऐसा निर्णय करके उपयोग परकी ओरसे छूटकर स्वभावोन्मुख होता है और आत्मामे लीन होता है, तव आत्माका अनुभव होता है।

अब श्रुतज्ञानको आत्मसन्मुख करते हैं। अनेक प्रकारके नयपक्षके अवलम्बनसे होनेवाले अनेक प्रकारके विकल्प, जो कि—बद्ध, अबद्ध, शुद्ध, अशुद्ध, एक, अनेक इत्यादि नयपक्ष हैं, जो आकुलताको उत्पन्न करनेवाले हैं, उनमे प्रवर्तित जो ज्ञानका व्यापार है उसे रोककर श्रुतज्ञानके व्यापारको स्वोन्मुख करता है। यहाँ आत्माके आनन्दकी बात लेना है, इससे आकुलताको उत्पन्न करनेवाले नयपक्ष—ऐसा कहा है। मतिज्ञानका व्यापार परकी ओर भी सामान्य है और स्वकी ओर भी श्रुतज्ञानकी अपेक्षासे सामान्य है, श्रुतज्ञानके व्यापारमे अनेक तर्कणायें होती हैं—इससे यदि श्रुतज्ञानका व्यापार परकी ओर जाये तो विकल्पके भंग-भेद आते हैं, शुद्ध, अशुद्ध, बद्ध, अबद्ध, इत्यादि नयपक्षके विकल्प होते हैं और वे आकुलताको उत्पन्न करनेवाले हैं, और उस श्रुतज्ञानका व्यापार यदि अन्तर्स्वभावोन्मुख हो तो विकल्पतरंग टूटकर आनन्दतरंग उठती है, शांतिके झरने झरते हैं, समाधिका स्वाद आता है।

मैं आत्मा शुद्ध हूँ, अशुद्ध हूँ, बद्ध हूँ, मुक्त हूँ, नित्य हूँ, अनित्य हूँ, एक हूँ, अनेक हूँ—वैसी रागकी वृत्ति भी दुःखदायक है, आकुलता-रूप है,—वैसे अनेक प्रकारके श्रुतज्ञानके भावोंको मर्यादामे लाकर, मैं ऐसा हूँ और वैसा हूँ—ऐसे विचारोंको पुरुषार्थ द्वारा रोककर, परोन्मुख होते उपयोगको स्वोन्मुख करके, नयपक्षके रागके भंगको आत्माके स्वभावरसके भान द्वारा दूर करके, श्रुतज्ञानको भी आत्मसन्मुख करता है उस समय अत्यन्त विकल्प रहित होकर तत्काल निजरससे प्रगट होनेवाले आदि-मध्य-अन्त रहित आत्माके परम आनन्द अमृतरसका वेदन करता है। आदि-मध्य-अन्त रहित अर्थात् आत्माका प्रारम्भ नहीं है इससे अन्त भी नहीं है, तब फिर जिसे प्रारम्भ और अन्त न हो उसका मध्य क्या होगा? आत्मा अनादिसे वहीका वही है, अखण्डा-नन्द अनन्तगुणोंका पिण्ड, आदि-मध्य-अन्त रहित आत्मवस्तु है।

प्रथम, आत्माका यथार्थ निर्णय करके पश्चात् पर प्रसिद्धिका जो कारण है—ऐसी इन्द्रिय और मन द्वारा प्रवर्तती बुद्धि, उसे मर्यादामे

लाता है। पश्चात् उस मतिज्ञानके व्यापाररूप बुद्धिको अर्थात् मतिज्ञानके व्यापारको आत्मसन्मुख करता है और अनेक प्रकारके नयपक्षके अवलम्बनसे—अनेक प्रकारके विकल्पोंसे आकुलता उत्पन्न होती है—ऐसी श्रुतज्ञानकी बुद्धिको भी मर्यादामें लाकर श्रुतज्ञानको भी आत्मसन्मुख करता है। इस प्रकार दोनों ज्ञानके व्यापारको आत्मसन्मुख करके अत्यन्त विकल्परहित होता है। उसी क्षण आत्मस्वभाव निजरससे प्रगट होता है, आदि-मध्य और अन्त रहित आत्माका अनुभव करता है, विकल्पोंका एकत्व छूट जानेसे केवल एकरूप, सम्पूर्ण विश्वके ऊपर मानों तैरता हो—ऐसा आत्माका अनुभव करता है। तैरता अर्थात् विश्वके ऊपर मानो अलग-असंग होकर तैरता हो ऐसा अखण्ड प्रतिभासमय आत्माका अनुभव करता है। विकल्पमें रुकता था वहाँ खण्ड पड़ता था, वह छूट जानेसे अखण्ड प्रतिभासमय आत्माका अनुभव करता है। अनन्त गुणोंकी पर्यायें जिसमें एक साथ उछल रही हैं—ऐसे अनन्त गुणस्वरूप आत्माका अनुभव करता है, विज्ञानघन-स्वभाव आत्माका अनुभव करता है। विकल्पकी ओर ज्ञान जुड़ता था तब अस्थिर होता था, अब ज्ञान जम गया। जिसमें विकल्प प्रविष्ट नहीं हो सकता—ऐसे निविड़ ज्ञानरूप अर्थात् विज्ञानघनरूप आत्माका अनुभव करता है। ऐसे परमात्मारूप समयसारका आत्मा जब अनुभव करता है, उसीसमय आत्मा सम्यक्त्वरूप दिखाई देता है (श्रद्धामे आता है) वह समयसार ही सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान है। वही भगवानके दर्शन हैं, वही ईश्वरके दर्शन हैं—वही परमात्माके दर्शन हैं। उसीसमय आत्माके यथार्थ दर्शन होते हैं और यथार्थ श्रद्धामें आता है।

अनन्त गुण-पर्यायसे परिपूर्ण जो तत्त्व है उसे अपूर्ण, विकारी और पूर्ण पर्यायकी अपेक्षाके बिना लक्षमें लेना वह द्रव्यदृष्टि है, वही यथार्थदृष्टि है। उस दृष्टिपूर्वक मतिज्ञान और श्रुतज्ञानके व्यापारको आत्मसन्मुख किया वह व्यवहार है, प्रयत्न करना वह व्यवहार है, स्वोन्मुख होना वह व्यवहार है। इन्द्रियाँ और मनकी ओर रुकनेवाला

ज्ञान, अल्प विकसित ज्ञान, उस ज्ञानके व्यापारको स्वोन्मुख करना वह व्यवहार है। सहज शुद्धपारिणामिकस्वभाव एकरूप है। परिपूर्ण तत्त्वमें साध्य-साधकके भंग नहीं पड़ते। तत्त्व यदि अपूर्ण हो तो साध्य-साधकके भंग पड़ते हैं, परन्तु तत्त्व तो परिपूर्ण है, तथापि पर्यायमें अपूर्णता है। विकार है इसलिये प्रयास करना रहता है, साधक अवस्था रहती है। पर्यायदृष्टिमें साध्य-साधकके भी भंग पड़ते हैं। परिपूर्ण तत्त्वदृष्टि होने पर भी पर्यायमें अपूर्णता होनेसे बीचमें साधक अवस्था आये बिना नहीं रहती। पर्यायदृष्टिसे अपूर्णता है, विकार है, उसे तत्त्व-दृष्टिके बल पूर्वक दूर करके निर्मल करता है और अनुक्रमसे पूर्ण निर्मलता प्रगट करता है। यथार्थदृष्टि होनेके पश्चात् साधक अवस्था बीचमें आये बिना नहीं रहती। आत्माका भान करके स्वभावमें एकाग्र होता है तभी परमात्मारूप समयसारका अनुभव करता है, आत्माके अपूर्व आनन्दका अनुभव करता है, आनन्दके झरने झरते हैं।

कोई कहे कि—ऐसा आनन्द हो तो बाहरसे उछल पड़े न? अरे भाई! यह कहीं संसारके हर्षकी बात नहीं है। यह तो अकषाय, निराकुल आनन्दकी बात है। हर्ष करना तो आकुलता है। यह तो सहज आनन्दकी बात है, आत्माके सहज आत्मस्वभावकी बात है। आनन्दकी बात आये वहाँ लोगोंको ऐसा लगता है कि कुछ बाहरसे उछलना तो चाहिए न? परन्तु अरे भाई! आनन्दका वेदन करता हूँ—ऐसा विकल्प भी राग है, आकुलता है। आनन्दका तो सहज वेदन होता है और जागृत स्वरूप ज्ञानमें ज्ञात होता है। जागृत आत्मा उसे जानता है—उसका वेदन करता है। आत्माका सुख अन्तरमें है, वह बाह्यमें रूपी पदार्थमें, इन्द्रियोंमें, या शरीरमें नहीं उछल पड़ता। आत्माके आनन्दका वेदन आत्मामें होता है, बाहर उछलकर नहीं आता।

आत्मा ज्ञानघन है, जब तक उसका निश्चय न हो तब तक श्रुतज्ञानका अभ्यास करना, और निश्चय होनेके पश्चात् एकाग्रताका अभ्यास करना,—ऐसा प्रयत्न करनेसे परमात्मारूप समयसारके दर्शन होते हैं।

सच्चे देव-गुरु-शास्त्रका निर्णय करके, आत्मा क्या है उसका निर्णय करना चाहिए। मतिज्ञान और श्रुतज्ञानके पर्यायके भेद जितना आत्मा नहीं है, परन्तु सामान्य ज्ञानमात्र—अखण्ड ज्ञानमात्र आत्मा है। ज्ञातारूपसे जानना ही आत्माका स्वरूप है, परका कुछ भी करना आत्माका स्वरूप ही नहीं है। जिसने परका कर्तृत्व स्वीकार किया है उसने आत्मस्वभावका सच्चा निर्णय नहीं किया है। परका अकर्ता, स्वभावका कर्ता, स्व-पर ज्ञायक—ऐसे आत्माका यथार्थ निर्णय करनेके पश्चात् आगे बढ़ा जा सकता है। देवको जाने, गुरुको जाने, धर्मको जाने, पुण्य-पापके भावोंको जाने, नव तत्त्वोंमेंसे अकेले पृथक् आत्माको जो जाने उसने आत्माका सच्चा निश्चय किया है। ऐसा निश्चय करनेके पश्चात् प्रगट अनुभव करनेके लिये इन्द्रियों और मनमें प्रवर्तमान बुद्धिको मर्यादामें लाकर फिर आत्मसन्मुख करना चाहिए। दुःख इत्यादिके जो भाव होते हों उन्हें प्रथम मर्यादामें लाये और पश्चात् ज्ञानको आत्म-सन्मुख करे। मैं शुद्ध हूँ, मैं अशुद्ध हूँ, मैं बद्ध हूँ, मैं अबद्ध हूँ—ऐसे विकल्पोंको छोड़कर मात्र एक आनन्दमूर्ति आत्मा रह गया, उसका अनुभव करे वह परमात्माके दर्शन हैं, वही सम्यग्दर्शन है। यह बारहवें गुणस्थानकी बात नहीं है। आचार्यदेवने टीकामें 'सम्यग्दृश्यते'—ऐसा शब्द रखा है, इसलिए श्रद्धाकी बात है, चौथे गुणस्थानकी बात है। जब परमात्मारूप समयसारका आत्मा अनुभव करता है, उसी समय श्रद्धामें आता है। पश्चात् बाह्यमें लक्ष आये तब विकल्प आते हैं, परसे भिन्न ज्ञायकका भान रहता है, श्रद्धा रहती है परन्तु उपयोग बिल्कुल आत्मामें जमा हुआ नहीं होता। जब आत्माके स्वभावमें स्थित होता है तब परमात्मारूप आत्माका साक्षात् अनुभव करता है। यह सम्यग्दर्शन आत्माका है, शुभरागका नहीं—घर, वस्त्रादिका नहीं है। जिसे सच्ची जिज्ञासा जागृत हुई हो और जो पुरुषार्थ करे—वह प्रगट कर सकता है।

जिसे आत्माका हित करना हो उसे प्रथम आगमका अभ्यास

करके आत्मस्वभावका सच्चा निर्णय करना चाहिए। सर्वज्ञ परमात्मा कौन है? उनकी वाणी कैसी है?—उसका निर्णय करना चाहिये। सच्चे गुरु कैसे होते हैं? सच्चे शास्त्र कैसे होते है?—उसका निर्णय करना चाहिये और देव-गुरु-शास्त्र द्वारा कहे गये आत्मस्वभावका निर्णय करना चाहिए। संसारमे भी पहले तो परीक्षा ही करते हैं न? चाहे जिस वस्तुको लेने जाये वहाँ परीक्षा करके माल लेते हैं। उसी प्रकार आत्मस्वभावका भी यथार्थ निर्णय करना पड़ेगा। आत्मा ज्ञान-स्वरूप है—ऐसा कहनेमे आनन्द, बल, स्थिरता आदि सभी गुण आ जाते हैं। ज्ञानगुण और आत्माकी अर्थात् गुण–गुणीकी अभेददृष्टिसे देखो तो ज्ञानमात्र आत्मा कहनेमे समस्त गुण आ जाते हैं।

मै ज्ञानमात्र आत्मा हूँ—ऐसा निश्चय करके पश्चात् स्वोन्मुख होता है। पाँच इन्द्रियाँ और मनकी ओर जो मतिज्ञानका व्यापार प्रवर्तित होता था उसे ज्ञानमात्रमे मिला देता है। पाँच इन्द्रियाँ और मन जब तक बाह्यमे काम करते हैं तब तक राग है। कान द्वारा शास्त्रके शब्द सुने, आँख द्वारा प्रतिमाजीके दर्शन करे—वह सब इन्द्रियोंका विषय है, वह सब राग है। निर्विकल्प अनुभवके समय वह राग छूट जाता है। बाह्य पदार्थोमें जो लक्ष है उसे छोड़कर आत्मोन्मुख होना, ज्ञान, शब्द, रस, रूप इत्यादिको ज्ञेय करते हुए उसे स्व–ज्ञेयोन्मुख करना, इन्द्रियोंसे जो बोध होता है—उसे स्वभावोन्मुख करना, इन्द्रियोंसे जो ज्ञान होता है उसे ज्ञानमात्रमे मिलाना, अकेले ज्ञानस्वभावमें लीन करना चाहिए। उसीप्रकार श्रुतज्ञानको भी स्वभावसन्मुख करना चाहिए। मैं बद्ध हूँ या अबद्ध हूँ, शुद्ध हूँ या अशुद्ध हूँ—ऐसे विकल्पोंमें रुकना वह राग है यह विकल्प मिटाकर श्रुतज्ञानको स्वोन्मुख करना, स्वमे लीन होना। स्वमे लीन होनेसे समस्त विकल्प छूट जाते हैं और अखण्ड प्रतिभासमय आत्माका अनुभव होता है, निर्विकल्प आनन्दका अनुभव होता है। यह धर्म है, धर्मका उपाय है। इसके बिना जो भी व्रत और चारित्र हैं वे सभी बालव्रत, बालतप और बालचारित्र हैं।

संसारमें जीव दुःखका वेदन कर रहे हैं। यदि सुख हो तो परपदार्थकी इच्छामात्र न हो। यदि आनन्द प्रगट हो तो परकी इच्छा ही न हो; सुखकी इच्छा होती है इसलिए वे दुःखी हैं। वास्तविक सुख आत्मामें है, उसके प्रगट होने पर दुःख दूर होते हैं। प्रथम आत्मस्वभावका निर्णय करके पश्चात् उसमें लीन हो तो आत्माके अपूर्व आनन्दका अनुभव हो। इसलिये यदि सुखकी आवश्यकता हो तो पुरुषार्थ करके, विकल्प तोड़कर आत्मामें लीन होना, उससे अपूर्व आनन्दका अनुभव होगा। वही सम्यग्दर्शन है, वही सम्यग्ज्ञान है और वही समयसार है। सम्यग्दर्शन (—सम्यक्त्व) गुण आत्माका ही है इसलिए आत्मामें होता है, बाहर नहीं। सम्यग्दर्शन घर तथा वस्त्रादिमें नहीं किन्तु आत्मामें है। सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान पृथक् वस्तुएँ नहीं हैं। यहाँ सम्यग्दर्शन प्रगट करनेका कितना अच्छा उपाय बतलाया है। यही प्रथम उपाय है।

बालक, युवक या वृद्ध—सभीको करने योग्य तो यही है। सत्यशरण यही है, अन्य कोई शरण नहीं है। मैं ज्ञानस्वभाव हूँ—ऐसा निर्णय करके, उसमें स्थित होना, स्थित होकर आत्माका अनुभव करना ही मोक्षका उपाय है, दूसरा कोई मोक्षका उपाय नहीं है। इतनी भक्ति करना या इतनी दया करना—वह मोक्षका उपाय है—ऐसा आचार्यदेवने नहीं कहा है, परन्तु सच्ची प्रतीति करके उसमें स्थित होना, उसे आचार्यदेवने मोक्षका उपाय कहा है। सच्चा समझनेके पश्चात्, सम्यग्भान होनेके पश्चात्, जबतक अपूर्ण है तबतक शुभपरिणाम आयेंगे, वह भक्ति भी करेगा, दया, दान, पूजा, भक्तिके परिणाम आयेंगे, परन्तु वह मोक्षका उपाय नहीं है। बीचमें आते अवश्य हैं, परन्तु वह आगे जानेका मार्ग नहीं है। सच्चे ज्ञानके बिना आत्मा उत्तर नहीं देता। सच्चा स्वरूप समझे बिना भव-बन्धनकी बेड़ी नहीं टूटती। कदाचित् पुण्य-परिणाम करेगा तो करोड़पतिके घरमें जन्म लेगा परन्तु उससे क्या हुआ? वह सब तो धूलके समान है। उससे कहीं भव-बन्धनका अभाव नहीं हुआ। भव-बन्धनका अभाव तो सच्चे स्वरूपकी प्रतीति

करके उसमें स्थिरता करनेसे ही होती है, और वही सम्यग्दर्शन तथा सम्यग्ज्ञान है। उसके अतिरिक्त अन्य कोई सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान नहीं है।

अब इस अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं.—

(शार्दूलविक्रीडित)

आक्रामन्नविकल्पभावमचलं पक्षैर्नयानां विना
सारो यः समयस्य भाति निभृतैरास्वाद्यमानः स्वयम्।
विज्ञानैकरसः स एष भगवान्पुण्यः पुराणः पुमान्
ज्ञानं दर्शनमप्ययं किमथवा यत्किंचनैकोऽप्ययम् ॥ ९३ ॥

अर्थः—नयोंके पक्षोंसे रहित, अचल निर्विकल्प भावको प्राप्त करता जो समयका (आत्माका) सार प्रकाशित करता है—वह यह समयसार (शुद्ध आत्मा)–जो कि निभृत (निश्चल, आत्मलीन) पुरुषों द्वारा स्वयं आस्वाद्यमान है (स्वाद लिया जाता है, अनुभवन किया जाता है) वह—विज्ञान ही जिसका एक रस है—ऐसा भगवान है, पवित्र पुराणपुरुष है। ज्ञान कहो या दर्शन–वह यही (समयसार) है; अधिक क्या कहा जाये? जो कुछ है वह यह एक ही है—(मात्र पृथक्–पृथक् नामोंसे कहा जाता है)।

देखो तो! यह कलश कितना ऊँचा है! कितना सरल है! यह तो अभी निम्नदशाकी बात है, धर्मके प्रारम्भवालेकी यह बात है, चतुर्थ भूमिकावालेकी यह बात है। जिन लोगोंने यथार्थ तत्त्व न सुना हो उन्हें ऐसा लगता है कि यह तो बहुत उच्च कक्षाकी बात है, परन्तु भाई! तुझे अपनी महिमा नहीं जमी है, अपना माहात्म्य तुझे नहीं आया है, इससे ऐसा लगता है।

प्रश्नः—अपना माहात्म्य स्वय करता है या भगवानका?

उत्तरः—वास्तवमें स्वयं अपने स्वभावका माहात्म्य करता है। भगवानका माहात्म्य करता है—वैसा कहना वह व्यवहार है। शुभराग

आता है इससे सामनेवाले निमित्त पर आरोप करके माहात्म्य करता है, इसलिये ऐसा कहा जाता है कि भगवानका माहात्म्य करता है, परन्तु जिसे आत्माका माहात्म्य हो उसीको सच्चा भगवानका माहात्म्य आता है। अपने आत्माके माहात्म्य-महिमाकी जिसे प्रतीति हुई है और आत्माकी पूर्णताकी तीव्र आकांक्षा जिसे जागृत हुई है—उसीको पूर्ण सर्वज्ञ वीतरागके प्रति सच्ची भक्ति आती है, बहुमान और अन्तरसे उत्साह उसीको आता है।

जीवोंको अपना माहात्म्य ही नहीं आता, अपना मकान यदि अच्छा बना हो तो उसका माहात्म्य आता है, दूसरोंको भी वह मकान माहात्म्यसे दिखाता है, घरमें कोई अच्छी वस्तु हो तो दूसरोंको बतलाता है। अरे भाई! उस धूलके चित्रका तो तुझे माहात्म्य है, परन्तु तेरा चित्र अन्दर कैसा है उसका कुछ माहात्म्य है या नहीं? अपने चैतन्य भगवानका अपनेको जबतक माहात्म्य न आये तबतक किसी प्रकार कल्याण नहीं हो सकता।

यहाँ इस कलशमें कहते हैं कि शुद्ध, अशुद्ध, बद्ध, अबद्ध, निर्मल, समल इत्यादि नयोंके विकल्प आते हैं उनसे रहित, अचल, असंख्यप्रदेशी, चैतन्यमूर्ति आनन्दघन आत्मा, निर्विकल्प भावको प्राप्त होता हुआ जो समयका सार है उसे प्रकाशित करता है। राग-द्वेषके जो विकल्प हैं वह आत्माका सार नहीं है। शुभाशुभ विकल्पोंसे रहित, आकुलता रहित, निर्विकल्पस्वरूप, अमृत-आनन्दमय आत्माका अनुभवन करनेमें समयका सार प्रकाशित होता है। वह समयका सार कैसे पुरुषों द्वारा आस्वाद्यमान है? निश्चल, आत्मलीन पुरुषों द्वारा आस्वाद्यमान है, अचञ्चल पुरुषों द्वारा स्वयं आस्वाद्यमान है, धीर पुरुषों द्वारा वह आस्वाद्यमान है। वह अनुभव किसके वशसे होता है? जो स्वरूपमें स्थित हैं और धीर हैं-वैसे पुरुषोंके वशसे आत्मस्वरूप आस्वाद्यमान है।

जैसे किसी लम्बे सूतमें गाठ लग गई हो, तब उस गाठको निकालनेके लिए कितना धीर होना चाहिये, उसी प्रकार अनन्तकालकी भ्रान्तिकी गाठ निकालनेके लिए तो भारी धैर्य होना चाहिए। अनन्त

गुण-पर्यायका पिण्ड आत्मा वीर पुरुषों द्वारा अनुभवमे आता है। जिसप्रकार मणिदीप चाहे जैसे पवनके झोंकोंसे भी नहीं हिलता, उसीप्रकार चाहे जैसे बाह्य संयोगोंमे भी न डिगें—ऐसे अचल, आत्मलीन पुरुषों द्वारा आत्मरस आस्वाद्यमान है। यह विज्ञान ही एक जिसका रस है, अचिंत्य और अपूर्व जिसका आत्मरस है—ऐसा भगवान आत्मा है, वह पुराणपुरुष है, प्राचीनसे प्राचीन है—नवीन प्रगट नहीं होता, उसे ज्ञान कहो, दर्शन कहो, चारित्र कहो, सत् कहो, शान्ति कहो, आनन्द कहो वह यह समयसार ही है। जैसे सोनेको पीला कहो, चिकना कहो, भारी कहो—जो कुछ कहो वह सोना ही है, उसीप्रकार आत्माके संवेदनमे आचार्यपद कहो, उपाध्यायपद कहो, मुनिपद या सम्यक्पद—जो कुछ कहो वह यह एक ही है, चारित्र, आराधना, समाधिमरण, वीर्य, अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, सिद्ध और अरिहन्तपद भी यही है।

विकल्पको पद नहीं कहा जाता। विकल्पको अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय नहीं कहा जाता। विकल्पको सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान नहीं कहा जाता। स्वरूपानुभवमे ही यह समस्त पद आते हैं। अनुभवके अतिरिक्त यह पद क्या कहीं बाहर होगा? बाहरसे पद दिया जाता है वह व्यवहार है, परमार्थसे इसीमें समस्त पद आ जाते हैं। अनुभव अंशत पूर्णता तक बढ़ता अवश्य है लेकिन सभी पदोंमें अनुभव तो यही है। अधिक क्या कहें? जो कुछ है वह यही है, उसे स्वभाव कहो, अनुभव कहो, साक्षात्कार कहो या साक्षात् प्रभुके दर्शन कहो—जो कुछ कहो वह सब यही है। अधिक क्या कहें? जो कुछ कहो वह यह एक ही है, मात्र पृथक्-पृथक् नामसे कहा जाता है।

अब विशेष कहते हैं कि प्राप्तकी प्राप्ति है, कहीं अप्राप्तकी प्राप्ति नहीं है। सत् तो है ही परन्तु उसका लक्ष हट गया था, स्वभावमेसे च्युत हो गया था, मान्यतामे फेर आ गया था—वह ज्ञानमें आ मिलता है, भूल हुई थी उसे टालकर उपयोग आत्माके साथ मिल जाता है। वस्तु तो जैसी ही है वैसी है, परन्तु पर्याय स्वभावमें आ मिलती है।

यह आत्मा ज्ञानसे च्युत हुआ था, वह ज्ञानमें ही आ मिलता है—ऐसा अब कहते हैं:—

(शार्दूलविक्रीडित)

दूरंभूरिविकल्पजालगहने भ्राम्यन्निजौघाच्च्युतो,
दूरादेव विवेकनिम्नगमनान्नीतो निजौघं बलात् ।
विज्ञानैकरसस्तदेकरसिनामात्मानमात्मा हरन्
आत्मन्येव सदा गतानुगततामायात्ययं तोयवत् ॥ ९४ ॥

अर्थ:—जिस प्रकार पानी अपने समूहसे च्युत हुआ दूर गहनवनमे वह रहा हो उसे दूरसे ही ढालवाले मार्ग द्वारा अपने समूहकी ओर बलपूर्वक ढाला जाता है। पश्चात् वह पानी, पानीको पानीके समूहकी ओर खींचता हुआ प्रवाहरूप होकर अपने समूहमें आ मिलता है, उसीप्रकार यह आत्मा अपने विज्ञानघन स्वभावसे च्युत होकर प्रचुर विकल्पजालके गहनवनमे दूर भ्रमण करता था, उसे दूरसे ही विवेकरूपी ढालवाले मार्ग द्वारा अपने विज्ञानघन स्वभावकी ओर बलपूर्वक मोड़ा गया। केवल विज्ञान-घनके ही रसिक पुरुषोंको जो एक विज्ञानरसवाला ही अनुभवमें आता है—ऐसा वह आत्मा, आत्माको आत्मामें खींचता हुआ (ज्ञान ज्ञानको खींचता हुआ प्रवाहरूप होकर) नित्य विज्ञानघन स्वभावमे आ मिलता है।

आचार्यदेव अब दृष्टान्त देते हैं—जैसे पानी अपने समूहसे च्युत हुआ अर्थात् पानीके प्रवाहकी धारा कहीं उल्टी-सीधी निकल गई, फिर वह गहनवनमे फिरता रहता है और यदि ढालू मार्ग मिल जाये तो ढालवाले मार्गमे चला जाता है और पानीमे मिल जाता है। दूरसे ही ढालू मार्गमें बलपूर्वक मोड़ा जाये अर्थात् ढालू मार्ग हो उसमे थोडी लकीर बनाये तो पानी पानीमे जाये, पानी पानीके बलसे, पानीको, पानीके समूहकी ओर खींचता हुआ पानीमे जाकर मिलता है। ढालू मार्गमे पानी ढले और फिर पीछेका पानी वेग देता है अर्थात् धकेलता है इससे पानी प्रवाहरूप होकर पानीमें जाकर मिल जाता है।

इसीप्रकार आत्मा विज्ञानघनसे च्युत हुआ है और विकल्पजालके गहनवनमे भ्रमण करता है,—ऐसा कहकर आचार्यदेव यह कहते हैं कि—आत्मा बिल्कुल शुद्ध नहीं है, अवस्थामे भूल है। यदि अवस्थामे भूल न हो तो यह संसार किसका? यदि अवस्थामे भूल न हो तो अवस्थामे मलिनता होगी ही कैसे? इसलिये आत्माने भूल की थी, उससे विमुख होता है। आत्माका स्वभाव तो ज्ञान–आनन्दका कन्द है, विकल्पजाल आत्माका स्वभाव नहीं है, आत्मा विज्ञानघन, अरूपी ज्ञान-आनन्दकी मूर्ति है। ऐसे स्वभावसे च्युत होकर भ्रांतिमे और राग–द्वेषकी वृत्तिओमे भ्रमण करता है: शरीर, इन्द्रियाँ, शुभाशुभविकल्प-यह सब मैं ही हूँ—इस प्रकार भ्रान्ति द्वारा विकल्पजालके गहनवनमे फिरता है प्रचुर विकल्प-जालमे फँसा रहता है।

स्त्री, पुत्र, कुटुम्बादिके लिए कुछ कर दूँ—ऐसा अज्ञानी मानता है, परन्तु परका कुछ नहीं कर सकता और व्यर्थका अभिमान करता रहता है, चाहे जितने धक्के खाए लेकिन विकल्पजालसे नहीं निकलता। मकड़ी जिसप्रकार जालमे फँसती है उसीप्रकार यह तृष्णाके जालमे उलझता है। अपने विज्ञानघनस्वभावसे च्युत हुआ प्रचुर विकल्पजालके गहनवनमे दूर भ्रमण करता था। जिसप्रकार पानी अपने क्षेत्रको छोड़कर दूर गया था, उसीप्रकार आत्मा अपना क्षेत्र छोड़कर दूर नहीं गया है परन्तु स्वभावसे दूर गया है, नयके विकल्पमे, पुण्य-पापके विकल्पजालमे दूर भ्रमण करता है। अनन्त भव कीड़े–मकोड़े, नारकी, देव इत्यादिके किए तथापि विकल्पजालका अन्त नहीं आया। मनुष्य भवमे आया परन्तु यदि आत्माका भान नहीं किया तो पूरी आयु बीत जाने पर भी विकल्पोंका अन्त नहीं आता, विकल्पजाल नहीं टूटता, परन्तु जहाँ स्व–परका विवेक किया वहाँ स्वरूपमे जा मिलता है और विकल्पजाल टूट जाता है।

दूरसे ही विवेक किया अर्थात् विकल्पोंमें नहीं मिला, विकल्प हैं अवश्य परन्तु स्वसे पृथक् ऐसे विकल्पोंका भेदज्ञान करके विकल्पोंको गौण किया। मैं शुद्ध हूँ, ज्ञायक हूँ, आनन्दघन हूँ,—इसप्रकार स्व–

परका विवेक करके स्वोन्मुख हुआ और विकल्पोंसे विमुख हुआ।

विवेक किया अर्थात् अपनेको पकड़ा, परन्तु अभी स्थिरता नहीं हुई, सम्यग्ज्ञान हुआ है। प्रारम्भमें आगमका ज्ञान करता था तभीसे विवेक प्रगट करनेका प्रयत्न करने लगा है। प्रथमसे ही विवेक प्रगट करनेका प्रयत्न करना वह मार्ग है। प्रयत्न द्वारा यथार्थ विवेक प्रगट करके जो विकल्पोंके गहनवनमें रुका था उसे, मैं ज्ञानस्वरूप हूँ, परसे पृथक् हूँ—इसप्रकार परसे पृथक् करनेके ढालू मार्गकी ओर मोड़ने हैं, बलसे अपनेमें विवेक करके मोड़ते हैं। 'बलसे'—ऐसा कहनेमें आचार्यदेवका तात्पर्य यह है कि तेरे पुरुषार्थसे कार्य होता है।

यहाँ पानीका दृष्टान्त लागू होता है। पानी पत्थरोंको तोड़ डालता है, उसीप्रकार सम्यग्ज्ञान भावकर्म और द्रव्यकर्मरूपी पत्थरोंको तोड़ डालता है। जैसा पानीका प्रवाह है वैसा ही ज्ञानका प्रवाह है, जो ज्ञान परसन्मुख दूर रहता था उसे स्वसन्मुखतासे स्वरूपमें नजदीक प्रवाहित किया जा सकता है।

विज्ञानघन स्वभावकी ओर बलपूर्वक मोड़नेमें आया अर्थात् अपने पुरुषार्थसे तू ज्ञानस्वभावकी ओर उन्मुख हुआ, ज्ञानस्वभावरूप हुआ। तेरे पुरुषार्थके बिना कोई भी ऐसा नहीं है जो तुझे विज्ञानघन स्वभावका स्वाद दे, यदि ज्ञानकी दिशा अपने स्वभावसन्मुख कर तो तेरा स्वाद तुझे अनुभवमें आयेगा।

विज्ञानघनके रसिकको विज्ञानघनमें ही शांति है, उसीमें रस है, उसीमें लीन होता है वह उसीका अनुभव करता है और प्रयत्न भी उसीका करता है। ऐसा आत्मा आत्माको आत्मामें खींचता हुआ (ज्ञान ज्ञानको खींचता हुआ प्रवाहरूप होकर) नित्य विज्ञानघन स्वभावमें आ मिलता है।

जिसके पास पूँजी नहीं होती वह प्रथम तो मिट्टीकी कुण्डियोंमें चने, मूँगफली आदि थोड़ीसी चीजें रखकर उनका व्यापार करता है, ऐसा व्यापार करते-करते एक वर्षमें दो सौ रुपये बढ़ते हैं, थोड़ी पूँजी हो जाती है, और फिर वह पूँजी बढ़ाता रहता है, इसीप्रकार प्रथम

आगम द्वारा और श्रीगुरुके उपदेश द्वारा विवेक प्रगट करनेका प्रयत्न करे, प्रयत्न करते-करते विवेक प्रगट होता है। विवेक प्रगट होने पर विकल्प और मैं दोनो पृथक् हैं—ऐसा भेदज्ञान करके, विकल्पोंको गौण करके, यह मेरा नहीं है, मेरा नहीं है—इसप्रकार परभावोंका अस्वीकार करते हुए वलसे ज्ञान-उपयोगको स्वोन्मुख करता है। प्रथम तो पुरुषार्थ करके वलसे स्वोन्मुख करता है, ओर फिर तो वेग आत्माकी ओर जमा कि आत्मा आत्माको आत्मामे खींचता हुआ आत्मामे आकर मिल जाता है, फिर तो पूँजी पूँजीको वढाती है, उसीप्रकार आत्मामे जमा कि वहाँ निजस्वरूपका उपयोग करता है और वुद्धिपूर्वकसे विकल्प छूट जाते हैं। इसप्रकार साधकदशामें वृद्धि होते-होते वीतराग होने तक स्थिरता वढ़ती जाती है, और फिर पूँजी पूँजीको वढ़ाती है।

प्रारम्भमे छोटा व्यापार करे अर्थात् आगम द्वारा और श्रीगुरुके उपदेश द्वारा विवेक प्रगट करनेका प्रयत्न करे और विवेक प्रगट होनेके पश्चात् तो पूँजीसे पूँजी वढ़ती जाती है।

पुरुषार्थ द्वारा यथार्थ विवेक, यथार्थ प्रतीति प्रगट करके जो यह सत्, यह अस्ति, यह ज्ञान है सो मैं हूँ, यह विकल्प-राग मैं नहीं हूँ, यह आकुलता मैं नहीं हूँ—इसप्रकार अस्वीकार करता, ध्रुवस्वभावमे परकी नास्ति स्वीकार करता और अपने सत्स्वरूपमे अपनी अस्ति स्वीकार करता हुआ ढालवाले मार्गमे ज्ञान ज्ञानको खीचता हुआ ज्ञानमे आ मिलता है।

जिसप्रकार पानीको ढाल मिला कि वह दौड़ता है, आगेका पानी खींचता है और पीछेका पानी उसे धकेलता है, इसप्रकार जाकर पानी पानीमें मिल जाता है; इसीप्रकार आत्मामें ढालवाला मार्ग (नीचा नहीं किन्तु ढाल अर्थात् सीधा रास्ता, विवेकरूपी ढाल) अर्थात् विवेकका सीधा मार्ग हो गया, विवेको ज्ञान स्थिर होता हुआ अर्थात् ज्ञान ज्ञानको खींचता हुआ प्रवाहरूप होकर सदैव विज्ञानघन स्वभावमे आ मिलता है।

स्वभावकी ओर झुकता हुआ, स्वभावका बहुमान करता हुआ, स्वभावोन्मुख होता हुआ, परसे भेदज्ञान करता हुआ, स्व-परका विवेक करता हुआ,—स्व-परको पृथक् करता हुआ ज्ञान-उपयोग भगवान आत्मामें मिल जाता है, बढते-बढ़ते नित्य विज्ञानघनस्वभावमे पूर्ण होता है।

आचार्यदेवने यहाँ किसी ऐसी शैलीसे रचना की है कि-प्रथम आगमज्ञान कर, पश्चात मैं ज्ञानस्वभावी आत्मा हूँ-ऐसा निश्चय कर, पश्चात् अनुभव कर—ऐसा क्रम इसमे दिया है। देखो, इसमे काल या कर्म बाधा देते हैं,—आदि कुछ नहीं आया, मात्र पुरुपार्थ ही आया है।

आत्मा परका माहात्म्य होनेसे मिथ्यात्वके मार्ग द्वारा स्वभावसे बाहर निकलकर, विकल्पोंके मार्गमें भ्रमण करता था, उसे वहाँसे पृथक् करनेके विवेकवाले मार्ग द्वारा स्वयं अपनेको खींचता हुआ, रागका संगठन तोड़ता, स्वयं ही अपने स्वभाव द्वारा स्वभावमे स्थिरता करता हुआ विज्ञानघन स्वभावमे आ मिलता है, स्वयं विज्ञानघन होता है वहाँ विकल्प छूट जाते हैं।

अब कर्ताकर्म अधिकारका उपसंहार करते हुए, कुछ कलशरूप काव्य कहते हैं, उनमे प्रथम कलशमे कर्ता और कर्मका संक्षिप्त स्वरूप कहते हैं:—

(अनुष्टुप्)

विकल्पकः परं कर्ता विकल्पः कर्म केवलम् ।
न जातु कर्तृकर्मत्वं सविकल्पस्य नश्यति ॥ ९५ ॥

अर्थ—विकल्प करनेवाला ही केवल कर्ता है और विकल्प ही केवल कर्म है (अन्य कोई कर्ता-कर्म नहीं है,) जो जीव विकल्प सहित है उसका कर्ता-कर्मपना कभी नाशको प्राप्त नहीं होता।

इस शरीरकी, वाणीकी क्रिया मुझसे होती है, शुभाशुभ विकल्पका कर्ता मैं हूँ—ऐसा जो मानता है वही कर्ता है, वही उसका

कर्ता होता है और जो शुभाशुभ वृत्ति हुई वह उसका कर्म है। वही कर्ता-कर्मपना है, दूसरा कोई कर्ता-कर्मपना नहीं है।

कर्ताका अर्थ है होनेवाला, और जो हुआ वह उसका कर्म है। राग-द्वेष मेरा कर्तव्य है—ऐसा मानकर जो रुकता है वह उसका होनेवाला होता है अर्थात् कर्ता होता है और राग-द्वेष उसका कर्तव्य होता है, उसमेंसे उसे चौरासीके अवतार फलते हैं परन्तु धर्म नहीं फलता।

अज्ञानी कहता है कि मैं शरीरको अच्छा कर देता हूँ, शरीरको रखता हूँ। अरे! ऐसा किया होता तो बहुत अच्छा हो जाता, तुमने मेरा कहना माना होता तो बढ जाते, परन्तु भाई! तू चाहे जितना कर, तो भी जिसे बढ़ना होगा वह बढ़ जायेगा, वह तेरे हाथकी बात नहीं है। किसीसे किसी दूसरेका कुछ हो सकता है—ऐसा माननेवाला अज्ञानी है। जिस परमाणुकी जिस समय जो अवस्था होना है वह हुए बिना नहीं रहेगी, परन्तु अज्ञानी मानता है कि यह मुझसे होती है।

विकल्पका कर्ता अज्ञानी होता है और विकल्प उसका कार्य होता है। शरीरका, इज्जतका, पैसेका, मकानका—किसी भी परद्रव्यका आत्मा कुछ नहीं कर सकता। अज्ञानी विपरीत मान्यतासे अहंकार करता है कि मैं परका कर सकता हूँ—ऐसा माननेवालेका जीवन व्यर्थ है। आत्माका तो ज्ञाता-दृष्टा स्वभाव है। अकेले ज्ञानस्वभावमें करना, छोड़ना-ऐसा कोई कर्तव्य नहीं आता, अकेले साक्षी स्वभावमें क्या आये? कुछ नहीं आता, मात्र साक्षीपना ही आता है। अज्ञानी ऐसा मानता है कि अमुकका ऐसा किया होता तो ऐसा हो जाता, दो दिन पहले और आ जाता तो तुझे एक हजार रुपया दिला देता, लेकिन किसकी हिम्मत है कि किसीको एक पाई भी दिला दे! इसलिये कोई किसी अन्यका कुछ नहीं कर सकता। पाठमें कहा है कि जहाँ तक

विकल्प भाव है वहाँ तक कर्ता-कर्म भाव है, वह विकल्प अज्ञानभाव-सहितका लेना चाहिए।

जो करता है वह करता ही है, और जो जानता है वह जानता ही है—ऐसा अब कहते हैं:—

(रथोद्धता)

यः करोति स करोति केवलं
यस्तु वेत्ति स तु वेत्ति केवलम्।
यः करोति न हि वेत्ति स क्वचित्
यस्तु वेत्ति न करोति स क्वचित्॥ ९६॥

अर्थः—जो करता है वह केवल करता ही है, और जो जानता है वह केवल जानता ही है। जो करता है वह कभी जानता नहीं है और जो जानता है वह कभी करता नहीं है।

करै करम सोई करतारा, जो जानै सो जाननहारा;
जो करता नहिं जानै सोई, जानै सो करता नहिं होई॥

(समयसार नाटक कर्ता-कर्म-क्रिया द्वार, ३३)

अज्ञानभावसे आत्मा कर्ता होता है और ज्ञानभावसे जानता है। जो करनेवाला है वह ज्ञाता नहीं है, और जो ज्ञाता है वह करनेवाला नहीं है। शरीर, कुटुम्ब, मकान इत्यादिका मैं कर देता हूँ—ऐसा माननेवाला कर्ता ही है और वह अकेला अज्ञानभाव है, ज्ञानीको अल्प राग-द्वेष होता है तथापि वह ज्ञाता ही है, कर्ता नहीं है। द्रव्य-दृष्टिके विषयमें कर्तापना है ही नहीं, अल्प राग-द्वेष होते हैं, तथापि वह कर्ता नहीं है मात्र ज्ञाता ही है।

ज्ञानीने किंचित् मात्र भी शरीरादि जड़का और राग-द्वेषादिका नहीं किया है, मात्र ज्ञाता ही रहता है। किंचित्मात्र भी परका कर्ता हो तो वह ज्ञाता नहीं है और ज्ञाता है वह एक अंश भी परका

कर्ता नहीं होता, मात्र ज्ञाता ही रहता है। एक अंश भी परका कर्ता होनेवाला मात्र कर्ता ही है, क्योंकि ज्ञाता पृथक् नहीं रहता। कभी भी मुझसे जड़की क्रिया हुई—ऐसा ज्ञानीको कभी भासित नहीं होता। ज्ञानी रागका कर्ता नहीं होता परन्तु पुरुषार्थकी मन्दतासे अस्थिरता हो जाती है, विकारमें युक्तता हो जाती है, लेकिन ज्ञानी तो ज्ञानका ही कर्ता है, विकारका कर्ता तो कभी भी होता ही नहीं।

जो करता है उसे कर्ता ही भासित होता है, परन्तु मैं पृथक् हूँ—वैसा भासित नहीं होता। चलनेकी, बोलनेकी, काम करने आदि पर पदार्थकी क्रियाएँ मुझसे होती हैं—ऐसा माने वह कर्ता है, क्योंकि परपदार्थकी क्रिया कोई तीनकाल-तीनलोकमें कर ही नहीं सकता। जो कर्ता है वह कर्ता ही है, जो ज्ञाता है उसे करनेका कुछ भी अभिप्राय नहीं है, वह तो सभी प्रसंगोंमें मात्र ज्ञाता ही रहता है।

इसीप्रकार करनेरूप क्रिया और जाननेरूप क्रिया-दोनों भिन्न हैं—ऐसा कहते हैं:—

(इन्द्रवज्रा)

ज्ञप्तिः करोतौ न हि भासतेऽन्तः
ज्ञप्तौ करोतिश्च न भासतेऽन्तः।
ज्ञप्तिः करोतिश्च ततो विभिन्ने
ज्ञाता न कर्तेति ततः स्थितं च ॥ ९७ ॥

अर्थ—करनेरूप क्रियाके अन्दर जाननेरूप क्रिया भासित नहीं होती और जाननेरूप क्रियाके अन्दर करनेरूप क्रिया भासित नहीं होती; इसलिये ज्ञप्तिक्रिया और 'करोति' क्रिया दोनों भिन्न हैं,—इससे ऐसा सिद्ध हुआ कि जो ज्ञाता है वह कर्ता नहीं है।

करनेरूप क्रियाके अन्दर जाननेकी क्रिया भासित नहीं होती। और जाननेरूप क्रियाके अन्दर करनेरूप क्रिया भासित नहीं होती। अज्ञानभावसे मैं परका करता हूँ-वैसा भासित होता है, परन्तु मैं ज्ञाता

हूँ, कर्ता नहीं हूँ—वैसा भिन्नत्व नहीं रहता और इसीसे भिन्नत्व भासित भी नहीं होता। करनेरूप क्रियामें जहाँ हो वहाँ कर्मपना ही भासित होता है। पुण्य-पापकी, हिंसा-दयाकी जितनी वृत्तियाँ उठती हैं उन सबका मैं कर्ता हूँ और वह मेरा कार्य है—ऐसा अज्ञानीको भासित होता है, अपने ज्ञातास्वभावकी खबर नहीं है, इससे करनेरूप क्रियामें एकमेक होनेसे उसे ज्ञातारूप क्रिया भासित नहीं होती। ज्ञानीको शरीरकी क्रिया, रागकी क्रिया होती अवश्य है, परन्तु मैं उससे पृथक् ज्ञाता हूँ—वैसा पृथक्त्वका उसे भान रहता है इससे वह ज्ञाता है, परन्तु कर्ता नहीं है। जिस क्षण रागकी और शरीरादिकी क्रिया होती है उसी क्षण पृथक् रहता है, ज्ञाता रहता है किन्तु कर्ता नहीं होता।

ज्ञाता, ज्ञातामे एकाग्र हुआ वह उसकी ज्ञप्तिक्रिया है। मैं शुद्ध चिदानन्द आत्मा हूँ—वैसी प्रतीति की और उसका ज्ञान करके उसमें एकाग्र हुआ वह ज्ञानक्रिया है—ज्ञप्तिक्रिया है। उस ज्ञप्तिक्रियामे—मैंने पूजा की, भक्ति की, व्रत किये—वैसा कर्तृत्व भासित नहीं होता। ज्ञानका ज्ञान किया अर्थात् ज्ञाताका ज्ञान किया, पूजा-भक्तिके, व्रतादिके जो-जो विकल्प आते हैं उन ज्ञेयोंका ज्ञान किया। पूजा-भक्तिके जो-जो निमित्त आते हैं उनका संबंध-ज्ञान किया,—इस प्रकार सबका ज्ञान किया, परन्तु निमित्तका कुछ कर सकता हूँ—वैसा भासित नहीं होता, मात्र ज्ञानकी ही क्रिया भासित होती है।

जाननेकी क्रियामें, परका मैं कर सकता हूँ—वैसा भासित नहीं होता। जड़का तो कर ही नहीं सकता, परन्तु रागका भी नहीं कर सकता। जड़का तो मैं कभी नहीं कर सकता परन्तु रागका कर सकता हूँ—ऐसा ज्ञानीको भासित नहीं होता। जड़का तो नहीं कर सकता, लेकिन रागका भी नहीं कर सकता—ऐसा ज्ञानीको भासित होता है। यह धर्मी और अधर्मीकी क्रियाकी बात है। धर्मीकी ज्ञप्तिक्रिया है और अधर्मीकी करोति-

क्रिया है, दोनों भिन्न हैं। अज्ञानीको परका मैं कर सकता हूँ—ऐसी करोतिक्रिया है। उस करोतिक्रियामें ज्ञानक्रिया भासित नहीं होती और ज्ञानीको ज्ञानकी एकाग्रक्रियामें—ज्ञप्तिक्रियामें करोतिक्रिया भासित नहीं होती। "ज्ञानक्रियाभ्याम् मोक्ष"—कहा जाता है वहाँ ज्ञान अन्तरका और क्रिया बाहरकी–ऐसा नहीं समझना चाहिये, किन्तु ज्ञान अन्तरका तो शान्तिरूप क्रिया भी अन्तरकी ही होती है—यह "ज्ञानक्रियाभ्याम्" का अर्थ है।

'मैं पर द्रव्यको करता हूँ'—ऐसा जब आत्मा परिणमित होता है तब तो कर्त्ताभावरूप परिणमन–क्रिया करता होनेसे अर्थात् 'करोतिक्रिया' करता होनेसे कर्ता ही है, और जब 'मैं पर द्रव्यको जानता हूँ'—ऐसा परिणमित होता है तब ज्ञाताभावरूप परिणमित होनेसे अर्थात् ज्ञप्तिक्रिया करता होनेसे ज्ञाता ही है। यह अन्तर-परिणमनकी बात है। जब कर्तापनेका परिणमन हो तब ज्ञातापना भासित नहीं होता और जब ज्ञातापनेका परिणमन हो तब कर्तापना भासित नहीं होता। शरीरकी, रागकी, वाणीकी अवस्था मैं करता हूँ मैं बोलता हूँ, खाता हूँ, पीता हूँ—ऐसा अन्तरमें भासित होता है तब मैं जानता हूँ, जानता हूँ—ऐसा भासित नहीं होता—वह अज्ञानीकी करोतिक्रिया है। पुण्य–पापरहित ज्ञातामे एकाग्र हो, ज्ञातामें निर्मल परिणति हो, ज्ञाताकी ज्ञातामे निर्मल परिणति हो तब यह ज्ञप्तिक्रिया है। यह साधककी बात है, केवलीकी बात नहीं है। मैं जानता हूँ, जानता हूँ—ऐसा परिणमन होता है–वह ज्ञप्तिक्रिया है; और अज्ञानी मैं करता हूँ, मैं करता हूँ—ऐसा परिणमित होता है—वह करोति-क्रिया है।

यहाँ कोई पूछता है कि अविरति सम्यग्दृष्टि आदिको जब तक चारित्रमे पुरुषार्थकी कमजोरी है तब तक वे कषायरूप परिणमित होते हैं तो उन्हें कर्ता कहा जाता है या नहीं?

समाधानः—अविरत सम्यग्दृष्टि आदिको श्रद्धा–ज्ञानमें पर-

द्रव्यके स्वामित्वरूप कर्तृत्वका अभिप्राय नहीं है। चारित्रमें च्युतिके अनुसार कषायरूप परिणमन है वह उदयकी वलजोरीसे है; उसके वे ज्ञाता हैं, इससे अज्ञान सम्बन्धी कर्तृत्व उनके नहीं है। निमित्तकी वलजोरीसे होनेवाले परिणमनका फल किंचित होना है वह संसारका कारण नहीं है। जिस प्रकार वृक्षकी जड़ काट देनेके पश्चात् वह वृक्ष कुछ समय रहे या न रहे—प्रतिक्षण उसका नाश ही होता जाता है—वैसा यहाँ समझना चाहिये। ज्ञातास्वभावके सम्वन्धसे तो रागादि होते नहीं, किन्तु परद्रव्यके साथ सम्बन्ध करता है उतना विभावके वलको हटानेके लिये परका जोर कह दिया है।

चौथे गुणस्थानमें आत्माकी पहिचान तो है, ज्ञायकस्वरूपकी निःशंक प्रतीतिके साथ अनन्तानुवन्धीके राग-द्वेष छूटकर स्वरूपाचरणचारित्र प्रगट हुआ है परन्तु अप्रत्याख्यानावरणीय और प्रत्याख्यानावरणीयके राग-द्वेषकी निवृत्ति नहीं हुई है, स्वरूपाचरणचारित्र प्रगट हुआ है परन्तु अभी अस्थिरता वनी है उस अस्थिरताका निमित्त चारित्रमोह है। यहाँ प्रश्न यह उठता है कि-पांडव, रामचन्द्र, भरत चक्रवर्ती आदि संसारमें थे तव उन्हें अल्प राग तो था, तथापि उस रागके वे कर्ता थे या नहीं?

उत्तरः—अविरत सम्यग्दृष्टिको राग है परन्तु उसका स्वामित्व नहीं है। स्वतः परके अधिकारमें नहीं हो जाता और ऐसा भी नहीं मानता कि पर मेरे अधिकारमें हो जाता है। परका ज्ञाता रहता है। पुरुषार्थकी मन्दतासे अस्थिरता होती है उसका ज्ञाता रहता है।

चौथी भूमिकामें राजपाट, स्त्री, कुटुम्ब सव कुछ होता है; ज्ञानी उनका स्वामी नहीं होता। वह मेरे आश्रित वस्तु है इसलिए जैसा उसे चलाऊँगा वैसी चलेगी-वैसी मान्यता ज्ञानीके नहीं होती। कषायरूप अल्प परिणमन है; यदि वह न हो तो केवलज्ञान हो जाये। उस अल्प कषायके परिणमनको—'उदयकी वलजोरी' कहा है।

प्रश्न—उदयकी वलजोरी क्यों ली है?

उत्तर:—दृष्टिका बल अखण्ड, शुद्ध, चिदानन्द पर है—उस दृष्टिके कथनसे 'उदयकी बलजोरी' ली है। पुरुषार्थ हीन है वह बात यहाँ नहीं लेना है, क्योंकि पुरुषार्थ हीन है वह पर्याय है, दृष्टिके विषयमें अखण्ड शुद्ध द्रव्य है, पुरुषार्थकी हीनतारूप पर्याय उसके विषयमें नहीं है, इससे वह बात यहाँ नहीं ली है। क्रोध-मानादि अल्प कषायकी अवस्था होती तो आत्मामे है, परन्तु वह उदयकी बलजोरीसे है—वैसा कहा है, क्योंकि श्रद्धाके विषयमें अखण्ड पूर्णता है, क्षणिक विभावपर्याय उस श्रद्धाका विषय नहीं है इससे उदयकी बलजोरी कही है। ज्ञानीको श्रद्धा-ज्ञानमे परका स्वामित्व, संबंध नहीं है, परन्तु अवस्थामे कषायका संबंध है, लेकिन अवस्था दृष्टिका ध्येय नहीं है, दृष्टिका विषय नहीं है। एकरूप शुद्ध अखण्ड द्रव्य है वह दृष्टिका विषय है। पर्यायके भंग, रागके भंग दृष्टिमें नहीं हैं, दृष्टिके साथ जो ज्ञान है वह ज्ञान अखण्ड और खण्ड, अभंग और भंग-दोनोंको जाननेका कार्य करता है।

पुरुषार्थकी अशक्ति, राग और रागके निमित्त—बाह्य संयोग, वह सब दृष्टिका विषय नहीं है, इसलिए वे सब परके हैं—ऐसा कहकर उदयकी बलजोरी कही है।

ज्ञान दो कार्य करता है, दर्शनके विषयको भी ज्ञान जानता है और अवस्थाको भी ज्ञान जानता है। ज्ञानमे वस्तुदृष्टिकी मुख्यता करके, अवस्थादृष्टिको गौण करके उस अपेक्षासे यहाँ उदयकी बलजोरी कही है। वस्तुदृष्टिमे पर्यायका विषय नहीं है तथापि पुरुषार्थकी अशक्तिसे उसमे युक्त हो जाता है, परन्तु युक्त होनेकी भावना नहीं है। इसी क्षण यदि वीतराग हुआ जाता हो तो यह कुछ भी नहीं चाहिए-भावना तो स्वरूपमे लीन होनेकी ही रहती है।

चौथे, पाँचवें और छट्ठे गुणस्थानवालेको ज्ञाता कहा है, रागादिका कर्त्ता नहीं कहा, ज्ञाता ही कहा है। ज्ञानीके अल्प कषाय होती है परन्तु उसका वह ज्ञाता ही रहता है। ज्ञानी स्वभाव और परभावको जानता है, उसके परद्रव्यका स्वामित्व नहीं है इसलिए

वह कर्ता नहीं है—ज्ञाता है। मलिन अवस्थाकी भावना नहीं है इसलिए भी कर्ता नहीं है—ज्ञाता है। ज्ञानी मानता है कि मेरी शान्ति और आनन्द मुझमें हैं, पुण्य-पापके जो विकल्प उठते हैं वे मेरे अमृत-आनन्दकी हत्या करते हैं, इसलिये ज्ञानीको उन पुण्य-पापके विकल्पोंकी भावना नहीं होती परन्तु आत्माके अमृत-आनन्दकी भावना होती है।

एक मनुष्य पचास चमारोंके बीच बैठा हो और चमार उसे बुरी-बुरी गालियाँ दे रहे हों, तब कोई उससे कहे कि—क्यों भाई! तुझे यह गालियाँ अच्छी लग रही हैं, इसीसे तू इनके बीचमे बेठकर सुन रहा है? तब वह मनुष्य कहे कि अरे! भाई ऐसी गालियाँ कैसे अच्छी लगेंगी? बिलकुल अच्छी नहीं लगतीं, लेकिन क्या करूँ? मेरी निर्बलता है, यहाँसे उठकर जानेकी मेरी शक्ति नहीं है, इसलिये विवश हूँ, यदि लब्धि प्रगट हुई होती तो उड़ जाता, इसीप्रकार ज्ञानीको कषायकी अल्प परिणति होती है परन्तु उसे वह गालीके समान मानता है; पुरुषार्थकी निर्बलताके कारण राग-द्वेष होते हैं। अल्प राग-द्वेष होते हैं इससे ऐसा नहीं समझना कि राग-द्वेष अच्छे लगते हैं परन्तु निर्बलतासे होते हैं। ज्ञानी समझते हैं कि जितने अंशमे यह कषायकी परिणति होती है उतना ही मेरा अमृतस्वरूप लुटता है, मेरे स्वरूपको हानि होती है। यह राग-द्वेषरूप परिणति मेरे स्वरूप-को कलंकरूप है। चौथे गुणस्थानमें तीन कषायोंकी चौकड़ी है, पाँचवें गुणस्थानमे दो कषायें हैं, छठवेंमे एक कषाय है। चौथेमें भले ही तीन कषायें होती हैं तथापि उनसे भव (ससार) नहीं बढ़ते और न भव बिगड़ते ही हैं। सम्यक्त्वीको जिस परिणामसे आयुष्यका बंध हो उससे वैमानिक देवका भव बाँधता है, और यदि देवमे हो तो ऊँचा मनुष्य होता है। ज्ञानीके एक-दो भव हों वे भी अच्छे ही होते हैं, इसलिये चौथे, पाँचवें, छठवें गुणस्थानमे अल्प कषाय हो उससे अल्प बन्धन होता है परन्तु उससे भव बढ़ें या बिगड़े-वैसा बंधन नहीं होता।

श्रेणिक राजाको सम्यक्त्वी होनेसे पूर्व आयुष्य बँधा हुआ था, इससे वे नरकमे गये हैं, लेकिन सम्यग्दर्शन होनेके पश्चात् तो नरकका आयुष्य बँधता ही नहीं। सम्यग्दर्शन होनेके पश्चात् तो श्रेणिक राजाको इस प्रकारके शुभ परिणाम आये कि जिनसे तीर्थंकर गोत्रका बँध हुआ, —इससे अगले भवमें तीर्थंकर होना है।

जिस प्रकार वृक्षकी जड काट देनेके पश्चात् कुछ वृक्ष थोड़े समय हरे रहते हैं और फिर सूखते हैं और कुछ तो तुरन्त ही सूख जाते हैं। कई वृक्ष ऐसे देखनेमे आते है कि गिरे और तुरन्त सूख जाते हैं और कई वृक्ष ऐसे भी होते हैं कि जड़ कटने पर अमुक काल तक हरे रहते हैं लेकिन वे प्रतिक्षण सूखते ही रहते हैं। ताड़ वृक्षका स्वभाव ऐसा होता है कि उसे अमुक स्थान पर सूई चुभी तो पूरा वृक्ष तुरन्त सूख जाता है, उसीप्रकार सम्यग्दृष्टि जीवको मिथ्यात्वका मूल नाश हुआ होनेसे किसीको एकाध-दो भव होते हैं और किसीको तो मिथ्यात्व दूर हुआ कि उसी भवमें केवलज्ञान होता है। जिसे एकाध-दो भव शेष रहते हैं उसे सम्यग्दर्शन हुआ तबसे क्षण-प्रतिक्षण मलिन पर्यायोंका नाश होता जाता है और क्षण-प्रतिक्षण निर्मल पर्यायकी उत्पत्ति होती जाती है तथा दृष्टि ध्रुवस्वभाव पर है। यह सम्यग्दर्शनकी महिमा है।

जिसकी दृष्टि परके ऊपर है वह अज्ञानी है, उसके निर्मल पर्यायका नाश है और मलिन पर्यायकी क्षण-क्षण उत्पत्ति है। ध्रुव-स्वभाव तो अन्दर पड़ा है, वह नाश नहीं हो सकता? परन्तु उस पर दृष्टि नहीं है, दृष्टि परके ऊपर ही है इसलिये वह अज्ञानी है। ज्ञानीको चिदानन्द, चैतन्यमूर्ति आत्माका भान होनेसे वह राजपाट, स्त्री, कुटुम्बादिमें रहता हो तथापि परका स्वामी नहीं होता, अन्तरसे उदास है, वैरागी है, परमेसे अनन्त रस कम हो गया है, स्वमे अनन्त रस बढ़ गया है, अनन्त रुचि बढ़ गई है, पूर्ण स्वभावकी बात सुनते ही रोम-रोम उल्लसित हो जाता है, पूर्ण स्वभावको साध लिया है—ऐसे १८ दोष रहित सर्वज्ञदेव और पूर्ण स्वभावके साधक गुरुके प्रति उसे

अनहद भक्ति उछलती है। पुरुषार्थकी निर्बलताके कारण अल्प कषाय है इससे अल्प शुभाशुभ भाव होते हैं परन्तु उन भावोंसे भव बढ़ते नहीं और भव बिगड़ते नहीं हैं; किंचित् बंधन होता है, प्रतिक्षण निर्मल पर्याय बढ़ती जाती है, बढते-चढ़ते अनुक्रमसे अल्पकालमे केवलज्ञान प्राप्त करके सिद्धदशाका वरण करता है। यह सर्व सम्यग्दर्शनकी बात है।

पुन इसी बातको दृढ़ करते हैं—

(शार्दूलविक्रीडित)

कर्ता कर्मणि नास्ति नास्ति नियतं कर्मापि तत्कर्तरि
द्वंद्वं विप्रतिपिध्यते यदि तदा का कर्तृकर्मस्थितिः।
ज्ञाता ज्ञातरि कर्म कर्मणि सदा व्यक्तेति वस्तुस्थिति-
र्नैपथ्ये बत नानटीति रभसा मोहस्तथाप्येष किम् ॥ ९८ ॥

अर्थ—कर्ता निश्चयसे कर्ममे नहीं है, और कर्म भी निश्चयसे कर्तामें नहीं है—इस प्रकार यदि दोनोंका परस्पर निषेध किया जाता है तो कर्ता-कर्मकी स्थिति क्या? (जीव-पुद्गलके कर्ता-कर्मपना नहीं हो सकता) इस प्रकार ज्ञाता सदा ज्ञातामे ही है और कर्म सदा कर्ममे ही है—ऐसी वस्तुस्थिति प्रगट है तथापि अरे!! नेपथ्यमे यह मोह क्यों अत्यन्त जोरसे नाच रहा है? (इस प्रकार आचार्यको खेद और आश्चर्य होता है।)

कर्ता निश्चयसे कर्ममें नहीं है। भगवान आत्मा जड़मे प्रविष्ट नहीं हो जाता। भगवान आत्मा अरूपी है वह बदलकर रूपी नहीं होता, उसीप्रकार कर्म अरूपी भगवान आत्मामे नहीं है, कर्म बदलकर भगवान आत्मामे प्रविष्ट नहीं हो जाते; इस प्रकार दोनोंका परस्पर निषेध किया जाता है।

कोई कहे कि आत्मा, आत्माका करे और परका न करे तब तो एकान्त हो जाये? परन्तु भाई! आत्मा, आत्माका करे और परका

भी करे तो दोनों द्रव्य एक हो गये वही एकान्त है, और आत्मा, आत्माका करे तथा परका कुछ भी न करे—वही सच्चा अनेकान्त है। "एक वस्तुमे वस्तुपनेको उत्पन्न करनेवाली प्रसिद्ध करनेवाली परस्पर दो विरुद्ध शक्तियोंका प्रकाशन करना-उसका नाम अनेकान्त है।" आत्मा, आत्माका करे और परका कुछ भी न करे-उसमे परस्पर दो विरुद्ध शक्तियोंका प्रकाशन करना है, उसका नाम अनेकान्त है। अनेकान्तमे अस्ति-नास्ति दो धर्म हैं। आत्माके अस्ति-नास्ति धर्म आत्मामे हैं और जड़के अस्ति-नास्ति धर्म जड़मे हैं। आत्मा अपना करे वह अस्ति और परका कुछ भी न करे वह नास्ति,-वही सच्चा अनेकान्त है। आत्मा अपना भी करे और परका भी करे तब तो स्वयं और पर दोनों एक हो गये; इसलिये वह तो एकान्त है। अपना करे और परका न करे—उसीमें परस्पर विरुद्ध शक्तियोंका प्रकाशन है—वही सच्चा अनेकान्त है।

यदि कर्ता और कर्म पृथक् हैं तो फिर उनकी स्थिति क्या है? यदि दोनोंका परस्पर निषेध किया जाता है तो ज्ञाता सदा ज्ञातामे ही है और कर्म सदा कर्ममें ही है—ऐसी स्थिति प्रगट है—त्रिकाल प्रगट है, और जो समझे उसे प्रगट होती है। जिसे पृथक्त्वका भान हुआ उसे परका स्वामित्व नहीं है, परका कर्तृत्व नहीं है। उदय उदयमें है और आत्मा आत्मामे है, राग रागमे है और आत्मा आत्मामे है—ऐसी पृथक्-पृथक् वस्तु है, तथापि नेपथ्यमे मोह क्यों नाच रहा है? वस्तुमें त्रिकाल कर्ताकर्मपना नहीं है तथापि अज्ञानी कर्ताकर्मपना क्यों मान रहे हैं? विपरीत मान्यता और मोह क्यों जोरसे नाच रहे हैं?—उसका आचार्यदेवको खेद और आश्चर्य है। अरे प्रभु! तू परमे नहीं है और पर तुझमे नहीं है। भाई! तुझे यह क्या हुआ? माता-पिता लड़केसे कहते हैं कि भाई! तुझे यह परका संग कहाँसे लग गया है? उसीप्रकार आचार्यदेव कहते हैं कि भाई! तुझे यह क्या हो गया है? जागृतस्वरूप चैतन्यमे यह मोह क्यों नाच रहा है? ज्ञान,

ज्ञानमे है, ज्ञानमें राग-द्वेष नहीं आते और राग-द्वेपमें ज्ञान नहीं आता। भगवान आत्मा जडरूप नहीं होता और जड भगवान आत्मारूप नहीं होता। फिर भी यह मोह क्यों नाच रहा है? इस प्रकार आचार्यदेवको खेद और आश्चर्य होता है।

आठ कर्मोको आत्मा करता है—वह घीका घड़ा जैसी बोलनेकी रीति है। घीका घड़ा कभी नहीं होता, घड़ा तो मिट्टीका है। घी घीमें है और घडा घड़ेमे है, एक-दूसरेके एकक्षेत्रावगाह सम्बन्धसे उपचारसे घीका घड़ा कहा जाता है। उसीप्रकार ज्ञानावरणीयकर्मने ज्ञानको रोका है-वैसा कहना भी मात्र उपचार है। अपनी परिणमनशक्ति हीन हुई तब ज्ञानावरणीयको निमित्त कहा जाता है। जीव पुद्गलमे नहीं है और पुद्गल जीवमे नहीं है—दोनो द्रव्य पृथक् है तब फिर उन्हें कर्ताकर्मपना कैसे हो सकता है। तीनकाल और तीनलोकमे आत्मा कर्ममे नहीं है और कर्म आत्मामें नहीं है। शरीर और आत्मा एक नहीं हैं, किन्तु दोनों पृथक् हैं। यदि दोनों एक हों तो कभी पृथक् नहीं हों। दोनों एकक्षेत्रमें स्थित हैं इससे उपचारसे कहा जाता है कि शरीरमे आत्मा है, परन्तु आत्मा, आत्मामे है और शरीर, शरीरमे है-दोनों पृथक् हैं। इससे एक-दूसरेके कर्ता-कर्मपना नहीं है, तथापि अज्ञानीके मोह नाच रहा है।

आत्मामें कर्म नहीं है और कर्ममें आत्मा नहीं है। जड़, जड़मे है और आत्मा, आत्मामें है। जड़का कर्ता आत्मा नहीं है, और जड़ आत्माका कर्म नहीं है, तब फिर यह मोह क्यों नाच रहा है? इसका आचार्यदेवको खेद और आश्चर्य होता है।

जड़ आत्माका कुछ नहीं कर सकता। यदि कर सकता हो तो जहाँ पर सिद्ध भगवान विराजमान हैं वहाँ भी जड़ है, इससे उन्हें भी बन्ध होना चाहिए? लेकिन ऐसा नहीं है; स्वय विपरीत मान्यतासे मानता है कि मैं जड़का कर सकता हूँ और जड़ मेरा कर सकता है,—वह मान्यता बन्धका कारण है। आत्मा जड़का कर्ता नहीं है और जड़ आत्माका कर्म नहीं है—तब फिर यह मोह क्यों नाच रहा है?

और यदि मोह नाचता है तो भले नाचे, तथापि वस्तुस्वरूप तो जैसा है वैसा ही है—ऐसा कहते हैं:—

(मन्दाक्रान्ता)

कर्ता कर्ता भवति न यथा कर्म कर्मापि नैव
ज्ञानं ज्ञानं भवति च यथा पुद्गलः पुद्गलोऽपि ।
ज्ञानज्योतिर्ज्वलितमचलं व्यक्तमंतस्तथोच्चै-
श्चिच्छक्तीनां निकरभरतोऽत्यंतगंभीरमेतत् ॥ ९९ ॥

अर्थ—अचल, व्यक्त और चित्शक्तियोंके (ज्ञानके अविभाग-प्रतिच्छेदोंके) समूहके भारसे अत्यन्त गम्भीर यह ज्ञानज्योति अंतरंगमे उग्ररूपसे इस प्रकार जाज्वल्यमान हुई कि—आत्मा अज्ञानमें कर्ता होता था वह अब कर्ता नहीं होता और अज्ञानके निमित्तसे पुद्गल कर्मरूप होता था वह कर्मरूप नहीं होता। तथा ज्ञान, ज्ञानरूप ही रहता है और पुद्गल, पुद्गलरूप ही रहता है।

आत्मा अचल है। मैं जड़का कर्ता और जड़ मेरा कर्म—ऐसा अज्ञानी मानता था परन्तु वस्तुस्थिति जैसी है वैसी है; उल्टा माने तो उससे कहीं वस्तुमें विगाड़ नहीं होता। मात्र पर्यायमें बिगाड़ है। शरीरकी अँगुलीमें बिगाड हो, सड़ जाये तो वह सड़ा हुआ भाग आगे बढ़ता जाता है, उसीप्रकार आत्माकी पर्यायमे क्षणिक बिगाड़ हुआ है वह विगाड़ आत्मामे आगे बढ़ जाये वैसा नहीं है। आत्मा तो आनन्दघन निर्मलस्वभावी है उसे राग-द्वेष और मिथ्यात्व-मोहकी पर्याय नहीं हिला सकती। आत्मा अचल है उसे मिथ्यात्व-मोहकी पर्याय नहीं हिला सकती। आत्मा द्रव्यसे तो अचल है, परन्तु जब सम्यग्ज्ञान हुआ तबसे पर्यायसे भी वह अचल है।

आत्मा द्रव्यसे तो व्यक्त है ही, परन्तु आत्माका भान हुआ तबसे वह पर्यायसे भी व्यक्त हुआ जहाँ भान हुआ, वहाँ वस्तु तो ज्यों की त्यों ही है—ऐसा ज्ञात हुआ। वस्तु तो जैसी की वैसी ही है;

पर्याय व्यक्त हुई वहाँ ज्ञात हुआ कि अहो! मैं तो जैसा हूँ वैसा ही हूँ। इस प्रकार अनन्त गुणपिण्ड आत्माका अनुभव हुआ। चित्शक्तियोंके समूहके भारसे अत्यन्त गम्भीर यह ज्ञानज्योति अन्तरङ्गमें उग्ररूपसे इस प्रकार जाज्वल्यमान हुई कि अज्ञान अवस्थामे परका कर्ता होता था वह रुक गया, मिथ्यात्वमोहके विकारके कारण नवीन कर्म बँधते थे वे रुक गये। मैं मन नहीं, वाणी नहीं, शरीर नहीं, विकार नहीं, कोई पर नहीं हूँ—ऐसा जहाँ भान हुआ वहाँ ज्ञान तो ज्ञान ही रह गया, ज्ञान तो ज्ञानकी अवस्थारूप हो गया और पुद्गल, पुद्गलरूपमे रह गया। अज्ञानके निमित्तसे पुद्गलकर्मरूप होता था वह अब नहीं होता। अज्ञान अवस्थामें कर्ममे निमित्तरूपसे कर्ता होता था वह अब कर्ता नहीं होता। अज्ञान अवस्थामें निमित्त-नैमित्तिकरूपसे कर्तृत्व मानता था वह ज्ञान अवस्था होनेसे छूट गया, मिथ्यात्वमोह छूट जानेसे उसके कारण—उसके निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्धसे जो कर्म बँधते थे वे रुक गये। यहाँ चारित्रमोहकी बात गौण है। अज्ञान अवस्थाके कारण विकार होता था और उसके निमित्तसे पुद्गलकर्मरूप होता था, उस कर्मका उदय आनेसे आत्मा उसमें विपरीत पुरुषार्थ द्वारा युक्त होता था इससे नवीन कर्म बँधते थे; इस प्रकारका निमित्त-नैमित्तिक भाव होता था वह सम्यग्ज्ञान होने पर रुक गया।

आत्मा अजीवका कर्ता है और अजीवका उसका कर्म है—ऐसा अज्ञानी मानता था। जीव और अजीव दोनों कर्ता-कर्मका वेश धारण करके एक होकर रङ्गभूमिमे उपस्थित हुए थे, उन्हें सम्यग्ज्ञानने यथार्थ पहिचान लिया। दोनों एक वेश धारण करके रङ्गभूमिमे आये थे उन्हें सम्यग्ज्ञानने लक्षणसे यथार्थ पहिचान लिया। प्रज्ञाछैनी द्वारा छेदकर पृथक् किया। मैं तो आत्मा हूँ, और यह जड़ है—ऐसा भान होनेपर दोनों पृथक् हो गये। सम्यग्ज्ञानने जाना कि यह एक नहीं किन्तु दो हैं—ऐसी पहिचान होनेसे वे वेश छोड़कर रङ्गभूमिसे बाहर निकल गये। जिस प्रकार बहुरूपियेको जबतक कोई न पहिचान ले तबतक वह चेष्टाएँ करता रहता है, परन्तु जहाँ पहिचान हुई कि—अरे! यह तो

अपने ही गाँवका भांड है! ऐसा जान लिया कि वहाँ वह हँसकर अपना रूप प्रगट कर देता है और चेष्टाएँ छोड़कर चल देता है। उसीप्रकार जहाँ आत्माका भान हुआ वहाँ ज्ञान ज्ञानरूपसे रहता है और पुद्गल कर्म पुद्गलरूप हो जाता है, तथा कर्ताकर्मपना छूट जाता है ॥ १४४ ॥

जीव अनादि अज्ञान वसाय विकार उपाय वणै करता सो,
ताकरि बंधन आन तणूं फल ले सुख-दुःख भवाश्रमवासो;
ज्ञान भये करता न बने तब बन्ध न होय खुलै परपासो,
आतममाँहिं सदा सुविलास करै सिव पाय रहै नित थासो।

जीव अनादिसे स्वरूपका अज्ञान और राग-द्वेषका विकार उत्पन्न करके कर्ता होता था इससे बन्धन होता था और उसके कारण चौरासीके आश्रममे वसकर सुख-दुःख भोगता था। जब आत्माका भान होता है तब परका कर्ता नहीं होता परन्तु मात्र ज्ञाता ही रहता है, इससे बन्धन नहीं होता, परकी पाँस (बन्धन) छूट जाती है और अपने आनन्दमे सदा विलास करता है एवं मोक्षमे जाता है। मोक्षपर्याय प्रगट होनेके पश्चात् अनन्तकाल तक स्वरूप सुखमें स्थित रहता है। जैसा स्वभाव प्रगट हुआ वैसा स्थायी रहता है—नित्य रहता है।

यह कर्ताकर्मकी रचना कुन्दकुन्दाचार्यदेवके द्वारा किसी अद्‌भुत प्रकारसे हुई है। सम्पूर्ण भरतक्षेत्रमे समयसारके इस कर्ताकर्म अधिकार जैसा अधिकार अन्यत्र कहीं नहीं है। और फिर उसमे अमृतचन्द्राचार्यदेवने टीका करके तो 'सोनेमे सुगन्ध' जैसा कार्य कर दिया है। सोना और सुगन्ध एकमेक हो गये हों वहाँ फिर क्या कमी होगी? जो आत्मजिज्ञासु होंगे वे इस अमूल्य वाणीको समझेंगे, और उनका कल्याण हुए विना नहीं रहेगा।

[—इस प्रकार समयसार शास्त्र पर परम पूज्य श्री कानजी स्वामीके प्रवचनोंका दूसरा कर्ताकर्म अधिकार पूर्ण हुआ]।

★

—: शास्त्रोंका अर्थ करनेकी पद्धति :—

व्यवहारनय स्वद्रव्य-परद्रव्यको तथा उनके भावोंको तथा कारण-कार्यादिकको किसीको किसीमे मिलाकर निरूपण करता है, और ऐसे ही श्रद्धानसे मिथ्यात्व है, इसलिये उसका त्याग करना चाहिये। और निश्चयनय उन्हींका यथावत् निरूपण करता है तथा किसीको किसीमें नहीं मिलाता, और ऐसे ही श्रद्धानसे सम्यक्त्व होता है, इसलिये उसका श्रद्धान करना चाहिये।

प्रश्न.—यदि ऐसा है तो जिनमार्गमें दोनों नयोंका ग्रहण करना कहा है, उसका क्या कारण?

उत्तर—जिनमार्गमें कहीं तो निश्चयनयकी मुख्यता सहित व्याख्यान है, उसे तो "सत्यार्थ ऐसा ही है"—ऐसा जानना, तथा कहीं व्यवहारनयकी मुख्यतासे व्याख्यान है उसे "ऐसा नहीं है किन्तु निमित्तादिकी अपेक्षासे यह उपचार किया है"—ऐसा जानना, और इस प्रकार जाननेका नाम ही दोनों नयोंका ग्रहण है। किन्तु दोनों नयोंके व्याख्यानको समान सत्यार्थ जानकर "इस अनुसार भी है और इस अनुसार भी है"—ऐसे भ्रमरूप प्रवर्तनसे तो दोनों नयोंको ग्रहण करना नहीं कहा है।

प्रश्नः—यदि व्यवहारनय असत्यार्थ है तो जिनमार्गमे उसका उपदेश किसलिये दिया गया? एक निश्चयका ही निरूपण करना था?

उत्तर—ऐसा ही तर्क श्री समयसारमे किया है। वहाँ यह उत्तर दिया है कि—जिस प्रकार किसी अनार्य-म्लेच्छको म्लेच्छभाषा विना अर्थ ग्रहण करानेके लिये कोई समर्थ नहीं है, उसीप्रकार व्यवहारके विना परमार्थका उपदेश असम्भव है, इसलिये व्यवहारका उपदेश है। और उसी सूत्रकी व्याख्यामें ऐसा कहा है कि—इस प्रकार निश्चयको अंगीकार करानेके लिये व्यवहार द्वारा उपदेश देते हैं, किन्तु व्यवहारनय है वह अंगीकार करने योग्य नहीं है। (—श्री मोक्षमार्ग प्रकाशक)